सियाराम ही उपाय, सियाराम ही उपेय

श्री वचनभूषण



प्रचारकः श्री श्री वैकुण्ठाचार्य बुक ट्रस्ट (निर्माणाधीन)



जो भगवान को प्रिय है वही पुण्य है और जो उनको अप्रिय है वही पाप है।

श्रीवचनभूषण सू. १५०

भागवतापचार ज्ञान अनुष्ठान आदि सकल गुणों को दबा कर विनाश पर्यन्त कर देता है।

श्रीवचनभूषण सू. २१०

।। अस्मद् गुरुभ्यो नमः।। ।।श्रीमते रामानुजाय नमः।।

सियाराम ही उपाय, सियाराम ही उपेय

श्रीमल्लोकाचार्य स्वामी अनुगृहीत

श्रीवचनभूषण

श्रीमद् वरवरमुनीन्द्र प्रणीत व्याख्या अनुसार भाषाटीका

लोकाचार्याय गुरवे कृष्णपादस्य सूनवे।
संसारभोगिसन्दष्टजीवजीवातवे नमः।।

संसार रूपी सर्प से डसे हुए जीवों को जिलाने वाले, पुनः जीवन प्रदान करने वाले, श्रीकृष्णपाद स्वामी जी के सुपुत्र, श्रीलोकाचार्य स्वामी जी को नमस्कार करता हूँ।

(बेहतर समझने के लिए संस्कृत संस्करण भी उपलब्ध है)
(Sanskrit Edition is also available which is strongly recommended for better understanding)

प्रचारक : श्री श्री वैकुण्ठाचार्य बुक ट्रस्ट (निर्माणाधीन)

।। अस्मद् गुरुभ्यो नमः।। ।। श्रीमते रामानुजाय नमः



सियाराम ही उपाय, सियाराम ही उपेय

पुस्तक प्राप्ति स्थानः

1. श्री बालक स्वामीजी (स्वामी श्रीमधुसूदनाचारीजी)
   श्री श्री अनन्त श्री विभूषित श्रीवैकुण्ठाचार्यजी महाराज
   श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर, चिलबिला, माधोगंज-230143, प्रतापगढ़ (उ.प्र.)

2. श्री श्री अनन्त श्री विभूषित श्रीवैकुण्ठाचार्यजी महाराज
   श्री राम मन्दिर, रघुनाथपुर-841504, सीवान (बिहार)

3. श्री श्री अनन्त श्री विभूषित श्रीसीतारामाचार्यजी महाराज
   श्री वैकुण्ठ मण्डप, कोलकाता

4. श्री श्री त्रिदण्डी जीयर स्वामीजी श्रीदेवनारायणाचार्य जी महाराज
   श्रीवैकुण्ठनाथ जी दिव्यदेश, श्रीवृन्दावन धाम, जिला-मथुरा (उ.प्र.)

5. श्रीमत्परमहंसेत्यादि श्री श्री कलियन् रामानुज जीयर स्वामीजी महाराज
   श्री वानमामलै मठ, नांगुनेरी-627108, तिरुनेलवेलि (तमिलनाडु)

6. श्रीमान् बाबुलालजी बूबना
   171-बी, न्यू अलीपुर, ब्लोक-जी, कोलकाता-700053

7. श्रीमान् ब्रह्मदत्तजी बागड़ोदिया
   21, विजया विलास, ऊमर पार्क, वार्डन रोड़, मुम्बई-400036

8. श्रीमान् माधवजी खेमका
   283, साइडेनहेम्स रोड, नेहरू टिम्बर मार्केट, चेन्नई-600112

समर्पण : 200/-

प्रकाशक : श्री श्री वैकुण्ठाचार्य बुक ट्रस्ट (निर्माणाधीन) के लिए
श्रीमान् अनिल नारायण, एस-87, पंचशील पार्क, नई दिल्ली-110017

।। अस्मद् गुरुभ्यो नमः।। ।। श्रीमते रामानुजाय नमः।।

सियाराम ही उपाय, सियाराम ही उपेय

३०वें श्री तोताद्रिपीठाधिपति श्रीमत्परमहंसेत्यादि
जगद्गुरु श्री श्री कलियन् वानमामलै रामानुज जीयर् स्वामीजी

Place : NANGUNERI
Date : 10.1.08

।। मङ्गलाशासन -पत्रम् ।।

अयि भोः भगवद्रामानुजसिद्धान्तानुसारिणः श्रीवैष्णवसम्प्रदायानुयायिनश्च विपश्चिदपश्चिमाः महानुभावाः, इदमधुनास्माकं समेषामपि परमामोदास्पदं, यदस्मद्गुरुपरम्परारत्नावल्यां अनितरसाधारणवैभवेन देदीप्यमानेन श्रीलोकाचार्यमहागुरुणा विरचितस्य अनुत्तमरहस्यग्रन्थस्य **''श्रीवचनभूषण''** शुभसंज्ञस्य गैर्वाण्यां एवं हिन्दीभाषायाञ्च क्रमशो विवर्तेन व्याख्ययाच सार्धं प्रकाशनं श्रीवैकुण्ठाचार्यगोष्ठी निधिन्यास द्वारा विरच्यत इति।

श्रीमल्लोकाचार्यगुरुवरेण विरचितेषु अष्टादशरहस्य ग्रन्थरत्नेषु इदं **'श्रीवचनभूषण'** नामकं रत्नमेव सर्वश्रेष्ठ मनर्घञ्च राराजत इति श्रीवैष्णवसाम्प्रदायिका अन्तर्वाण्यग्रेसराः सम्यग् जानन्ति। इदं **''वचनभूषणदिव्य शास्त्र'' मिति** प्रथितं प्रकाशते तमाम्। भगवद्रामानुज स्वामिनोऽपरावतारतया सम्मान्यमानः अस्मत्सम्प्रदायस्यानुपमाचार्यवर्यः **''विशदवाक्शिखामणिः'' श्रीवरवरमुनीन्द्रस्वामी** एतस्य महाग्रन्थस्य महिम्ना मुषितचित्तः स्वीय–उपदेशरत्नमालाग्रन्थे श्लोकसप्तकेन इदंरहस्यग्रन्थस्य अनितर–साधारणं गौरवं प्रकटीकरोति। यदि कश्चित् श्रीवैष्णव इमं रहस्यग्रन्थं गुरुमुखात्सम्यगध्येति, न स्यात्कोऽपि साम्प्रदायिकसूक्ष्मविषयोऽज्ञात इत्यत्र न कोऽपि विशयः। संस्कृतवाणीसमालिङ्गितया परममनोहरया द्राविडीवाण्या विरचितस्य श्रीलोकाचार्यमहागुरोरस्य ग्रन्थस्य विपुला व्याख्या विशदवाक्शिखामणिना श्रीरम्यजामातृयोगीन्द्रेण विरचिता निस्समा बाभाति। द्राविडी वाणीमजानतां

श्रीवैष्णवसज्जनानां ''**श्रीवचनभूषण**'' दिव्यशास्त्रस्य समग्राणामपि अर्थविशेषाणां ज्ञानोत्पादानकामैः विद्वद्वरेण्यैः **श्रीरामप्रपन्नाचार्यवर्यैः** संस्कृतभाषया समुत्कृष्टः अनुवादः कृतः विलसति। प्रत्येक चूर्णाया अर्थ-भावविशेषप्रकाशनं श्लोकैरपि यद्वा कृतमस्ति, प्रशंसनीयं तद् बाभाति। व्याख्याटीकापि हिन्द्यामेतैरेव विरचिता विलसतीत्यपि समूह्यते। ग्रन्थान्ते प्रदत्तेन श्लोकद्वयेनेदं विज्ञायते यत् श्रीहयग्रीवाचार्य नाम्ना महानुभावेन श्रीमदयोध्यायां तथा श्रीबृन्दावनधाम्निच श्रीमठद्वयं संस्थाप्य निजयशस्सन्तानरूपिणौ श्रीगोपालाचार्य श्रीरामप्रपन्नाचार्यौ नियुक्तौ इति। कस्मिन् काले – कियन्ति वा हायनानि समतीतानि अद्य यावत् इति न प्रतीयते। एते द्वे श्रीमठेऽधुना किंनामधेयाभ्यां व्यवह्रियेते इत्यत्रापि विषये विचारणा कर्तव्या। श्लोके प्रत्युक्तपदैरेतदपि ज्ञायते यत् निजाग्रजेभ्यः विद्वद्वरेभ्यः श्रीगोपालाचार्येभ्यः शास्त्राधीतिनो व्यभानेते श्रीरामप्रपन्नाचार्या इत्यपि। श्रीरामप्रपन्नाचार्याणां गैर्वाण्यां वाण्यां पाण्डित्यं परमप्रशंसनीयं चकास्ति। एवंमहिमाशालिनोऽस्य श्रीवचनभूषणदिव्यशास्त्रस्य ससंस्कृतव्याख्यस्य पृथक्तया पुस्तकमुद्रापणं प्रकाशनं, अथच हिन्दी टीका सहितस्यापि पार्थक्येन प्रकाशनं, एवं सूत्रमात्राध्ययनलाघवाय मूलग्रन्थप्रकाशनमिति प्रकाशनत्रयं क्रियमाणमस्ति सभक्तिश्रद्धं श्रीवैकुण्ठाचार्य गोष्ठी निधिन्यासद्वारा। एतद्द्वारा पूर्वं **श्रीवचनभूषण–क्रोडपत्रनाम्ना** प्रश्नोत्तरपरिपाटीमवलम्ब्य पुस्तकप्रकाशनं कृतमस्ति। अस्माभिरामुखलेखनमपि तदर्थं विरचितं प्रकाशितञ्च विद्यते। अधुनात्र मुख्योऽयं विषयः परिगणनीयोऽस्ति यदेतद्ग्रन्थतल्लजं पिपठिषुभिः सज्जनैः अवश्यं सम्प्रदायरीत्या सामान्य'तनियन्' पद्यानां अथ च तदनन्तरं विशिष्ट 'तनियन्' पद्यानाञ्च अनुसन्धानं कर्तव्यमिति।

इदम्महाकैङ्कर्यं कृतवतः श्रीसुदर्शन बागड़ोदिया–तत्स्वसृ श्रीमती जयश्री बिन्दल–श्रीरमा नारायण प्रभृतिभ्यः परमशुभानि मङ्गलानि हार्दमाशास्महे, सम्प्रार्थयामहे च तेषामुत्तरोत्तरं कैङ्कर्याभिवृद्ध्यर्थं सकलसौभाग्यावाहत्यर्थञ्च दिव्यदम्पत्योः चरणनलिनयुगलमूले। शुभं भूयात्सर्वदा सर्वथा सर्वत्र।।

धनुर्मासस्य पञ्चविंशं सुदिनम्–
''**ओरुत्तिमकनाय्**'' पद्यदिनम्।।
श्रीतोदाद्रिदिव्यदेशः।।

इत्थं लोकहिताकाङ्क्षी
श्रीतोदाद्रिदिव्यदेश – श्रीमठीयोयतिः

अवशिष्टाःकतिपयप्रधानविषयाः – अत्रास्माकं दिव्यमठीय पुस्तकालये, इतरत्र च समुपलभ्यमानेषु पुस्तकेषु मुद्रितेषु प्राचीनेषु अर्वाचीनेषुच, अथ च तालकोशेषु, अस्मिन् श्रीवचनभूषणदिव्यरहस्यग्रन्थे आहत्य **४६३** चूर्णा एव (सूत्राण्येव) दरीदृश्यन्ते। गोष्ठीनिधिन्यास द्वारा धुना प्रकाश्यमाने पुस्तके **४८०** सूत्राणि निर्दिष्टानि दृश्यन्ते। अवकाशाभावात् विषयेऽस्मिन्विचारकार्यं न वयं कर्तुं पारयामः। अत्रत्यपुस्तकेषु प्रथमप्रकरणे–११४ चूर्णाः; द्वितीय–२४३ यावत् – (१२९ सूत्राणि); तृतीये–३८० यावत् (१३७ सूत्राणि); चतुर्थे–४६३ यावत् (८३ सूत्राणि) इति संख्यापरिस्थितिं वयं पश्यामः। अस्मदीयाः प्रियाः आत्मबन्धवः! अस्य मङ्गलाशासनस्य लेखनमद्य श्रवणनक्षत्रयुक्ते यदृच्छया भगवत्कृपया सुदिने सम्भवति, यतः दिनमिदं श्रीलोकाचार्यगुरोः मासिकशोभन नक्षत्रयुतं विलसति। यादृच्छिकमिमं संयोगं वयमधुना भाग्यवशात्प्राप्नुमः।।

श्री वरदराज भगवान

गुरु परम्परा का ध्यान करो ए भाई
जेहि भजन किए बैकुण्ठनगर मिलि जाई
श्री वरदराज भगवान लिए अवतारी
जेहि विदित भयो जगनाम प्रलोकाचारी
जो किए ग्रन्थ निर्माण वचन श्री भूषण
जेहि देखत ही कटि जाय जीव का दूषण

श्री श्री सीतारामाचार्य जी महाराज
भजनावली पृ.७५

श्री लोकाचार्य स्वामीजी महाराज

कैंकर्य न करने पर भगवान को उपाय और उपेय बनाने का अधिकार ही न रहेगा।

श्रीवचनभूषण सू. ३०२

अनन्य प्रयोजन हो कैंकर्य करने से ही स्वरूप उज्ज्वल होगा।

श्रीवचनभूषण सू. ३०५

।। अस्मद्गुरुभ्यो नमः।। ।।श्रीमते रामानुजाय नमः।।

सियाराम ही उपाय, सियाराम ही उपेय

श्रीवचनभूषणम्

सामान्य 'तनियन्' पद्य

श्रीशैलेशदयापात्रं धीभक्त्यादिगुणार्णवम्।
यतीन्द्रप्रवणं वन्दे रम्यजामातरं मुनिम्।।

रम्यजामातृ योगीन्द्र पाद रेखामयं सदा।
तदायत्तात्मसत्तादिं रामानुजमुनिं भजे।।

लक्ष्मीनाथसमारम्भां नाथयामुनमध्यमाम्।
अस्मदाचार्यपर्यन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम्।।

यो नित्यमच्युतपदाम्बुजयुग्मरुक्म-
व्यामोहतस्तदितराणि तृणाय मेने।
अस्मद्गुरोर्भगवतोऽस्य दयैकसिन्धो
रामानुजस्य चरणौ शरणं प्रपद्ये।।

माता पिता युवतयस्तनया विभूतिः
सर्वं यदेव नियमेन मदन्वयानाम्।
आद्यस्य नः कुलपतेर्वकुलाभिरामं
श्रीमत्तदङ्घ्रियुगलं प्रणमामि मूर्ध्ना।।

भूतं सरश्च महदाह्वय भट्टनाथ
श्रीभक्तिसार कुलशेखर योगिवाहान्।
भक्ताङ्घ्रिरेणु परकाल यतीन्द्रमिश्रान्
श्रीमत्पराङ्कुशमुनिं प्रणतोऽस्मि नित्यम्।।

विशेष 'तनियन्' पद्य

लोकगुरुं गुरुभिः सह पूर्वैः कूरकुलोत्तमदासमुदारम्।
श्रीनगपत्यभिरामवरेशं दीप्रशयानगुरुं च भजेहम्॥

लोकाचार्याय गुरवे कृष्णपादस्य सूनवे।
संसारभोगिसन्दष्टजीवजीवातवे नमः॥

लोकाचार्यकृपापात्रं कौण्डिन्यकुलभूषणम्।
समस्तात्मगुणावासं वन्दे कूरकुलोत्तमम्॥

नमः श्रीशैलनाथाय कुन्तीनगरजन्मने।
प्रसादलब्ध परमप्राप्य कैङ्कर्यशालिने॥

लोकाचार्य पदाम्भोज राजहंसायितान्तरम्।
ज्ञानवैराग्यजलधिं वन्दे सौम्यवरं गुरुम्॥

श्रीजिह्वावदधीशदासममलमशेषशास्त्रविदम्।
सुन्दरवरगुरुकरुणाकन्दलितज्ञानमन्दिरं कलये॥

पुरुषकारवैभवं च साधनस्य गौरवं
तदधिकारिकृत्यमस्य सद्गुरूपसेवनम्।
हरिदयामहेतुकीं गुरोरुपायतां च यो
वचनभूषणेऽवदज्जगद्गुरुं तमाश्रये॥

साङ्गाखिल द्रविड संस्कृतरूपवेद-
सारार्थसंग्रह महारस वाक्यजातम्।
सर्वज्ञ लोकगुरु निर्मितमार्यभोग्यं
वन्दे सदा वचनभूषणदिव्यशास्त्रम्॥

आकण्ठोत्कण्ठवैकुण्ठप्रियाणां कण्ठभूषणम्।
गुरुणा जगतामुक्तं व्याप्तं वचनभूषणम्॥

लोकाचार्यकृते लोकहिते वचनभूषणे।
तत्वार्थदर्शिनो लोके तन्निष्टाश्च सुदुर्लभाः॥

जगदाचार्यरचिते श्रीमद्वचनभूषणे।
तत्वज्ञानं च तन्निष्ठां देहि नाथ यतीन्द्र मे॥

।। अस्मद् गुरुभ्यो नमः।। ।। श्रीमते रामानुजाय नमः ।।



सियाराम ही उपाय, सियाराम ही उपेय

श्रीमद्वरवरमुनीन्द्र प्रणीत श्रीवचनभूषण व्याख्या उपोद्घात

अष्टाक्षरी मंत्र सकल वेदों का सार है। उसमें प्रणव, नमः और नारायणाय ये तीन पद हैं। प्रणव पद से अनन्यार्ह शेषत्व, नमः पद से अनन्य शरणत्व, नारायणाय पद से अनन्य भोग्यत्व, ये तीनों चेतनों के आकार बतलाये हैं। ये तीनों आकार नित्य, मुक्त और बद्ध चेतनों को समान हैं। सदा नित्य विभूति में रहकर ज्ञानसंकोच रहित, निरन्तर भगवदनुभवानन्द से तृप्त नित्यसूरियों के सदृश योग्यता वाले ये संसारी चेतन भी हैं तथापि अनादि प्रकृति संबंध से अज्ञानान्धकार को प्राप्त हो, अनादि अविद्या से सम्पादित पुण्य पाप रूप कर्मानुगुण देव, मनुष्य, तिर्यक्, स्थावर योनियों में बारंबार जन्म लेकर देह ही को आत्मा मानना, अपने को स्वतंत्र मानना और अपने को अन्यशेष मानना इत्यादि गड्ढों में गिरकर तदनुगुण फल और साधनों में प्रवृत्त हो परमात्मा से अलग हो प्राप्तशेषी परमप्राप्य और प्रापकभूत सर्वेश्वर से अत्यन्त विमुख हो गर्भ, जन्म, बाल्य, यौवन, वार्द्धक्य, मरण और नरक रूप सात अवस्थाओं में निरन्तर विस्तृत विविध असंख्यात दु:खों को भोगते हैं। इन संसारी चेतनों में से किसी एक को जायमान काल भगवत्कटाक्ष से रजोगुण तमोगुण दब सात्विक गुण बढ़ मोक्ष में रुचि होने पर भी उपाय और पुरुषार्थ के ज्ञान बिना मोक्ष की प्राप्ति नहीं होती है अतएव उन साधनों और पुरुषार्थों को शास्त्रों द्वारा जानना चाहिये। शास्त्रों में प्रधान वेद है। वह अनन्त होने से अर्थ निर्णय करना अशक्य है। तादृश वेदपारंगत और परमात्मा को प्रत्यक्ष देखने वाले व्यासादि परमऋषियों से प्रणीत वेद व्याख्यान रूप स्मृतीतिहास पुराणों में विद्वानों के बिना औरों को अर्थ ज्ञान अशक्य है, ऐसा विचार परमात्मा संसारी चेतनों के उज्जीवन के लिये आप ही आचार्य होकर अष्टाक्षरी, द्वय मंत्र और चरम श्लोक रूप रहस्य त्रय को प्रकट किये हैं। वह रहस्य त्रय अत्यन्त कठिन होने के कारण अज्ञान शून्य और सकल वेदशास्त्रों के तात्पर्यों को करतलामलकवत् साक्षात् करने वाले श्रीपरांकुश परकाल आदि दिव्यसूरियों ने द्राविड भाषा में उस दुर्लभ मंत्रार्थ को प्रकाश किया है। इन प्रबन्धों के अर्थ को मन्दमति लोग नहीं समझ

सकते हैं। जिन्हें रुचि होती है वे तो अर्थज्ञान बिना नष्ट ही हो जायेंगे ऐसा विचार दिव्यसूरियों के निर्हेतुक कटाक्ष से दिव्यज्ञान को प्राप्त हुए सत्संप्रदायसिद्ध सकलशास्त्र निपुण और परम दयालु श्रीनाथमुनि प्रभृति पूर्वाचार्य लोगों ने उन प्रबंधों के अर्थों को सुलभतया मन्दमति लोग भी समझ सकें इसलिये सरल रूप से व्याख्यान और उपदेश किया है।

वैसे ही संसारी चेतनों के दु:ख को न सहने वाले और परम कृपालु श्रीलोकाचार्य स्वामीजी ने भी उनके उज्जीवन के लिये बहुत प्रबन्ध बनाये हैं। आचार्यपरंपरा प्राप्त अति श्रेष्ठ रहस्य अर्थों को भविष्यत् चेतनों को जनाने के लिये परमात्मा से स्वप्न में प्रेरित हो श्रीवचनभूषण नामक इस प्रबंध को बनाये हैं।

श्रीकाञ्चीपुरी के वरदराज भगवान ने अपनी निर्हेतुक कृपा से मणपाक्कि ग्राम वासी किसी एक स्वामी पर विशेष कटाक्ष कर उपायभूत अर्थ विशेषों को स्वप्न में उपदेश किया और कहा कि, 'तुम दोनों नदियों के बीच अर्थात् श्रीरङ्गजी में वास करो और भी अनेक अर्थों को सुस्पष्ट रूप से हम कहेंगे' इस बात को सुनकर वे महात्मा श्रीरङ्गजी में आकर श्रीरङ्गनाथ भगवान की सेवा में तत्पर हो पहले अपने को कहे गए अर्थों को गुप्ततया अनुसंधान करते हुए एकान्त में एक मन्दिर में वास करने लगे। इस मन्दिर के पास ही श्रीलोकाचार्य स्वामी भी अपने शिष्यों के साथ जाकर रहस्यार्थ उपदेश करते रहे, वहाँ पर पहले से ही रहने वाले मणपाक्कि ग्राम वासी स्वामीजी उन अर्थों को सुनकर विस्मित हो श्रीलोकाचार्य स्वामीजी के चरणों में प्रणाम कर 'वे वरदराज भगवान आप ही हैं क्या?' ऐसे पूछे। श्रीलोकाचार्य स्वामीजी के पूछने पर 'वरदराज भगवान इन ही अर्थों को मुझसे कहे थे और श्रीरङ्गजी में जाकर वास करो मैं इन अर्थों को विशदरूप से कहूँगा' इस बात को सुनकर श्रीलोकाचार्य स्वामीजी संतुष्ट हो उनको भी अपनी शिष्यकोटि में मिला लिये, पश्चात् श्रीरङ्गनाथ भगवान ग्रामवासी स्वामी से इन अर्थों की रक्षा के लिये ग्रन्थरूप से बनाने को लोकाचार्य स्वामीजी से कहो, ऐसा कहे थे।

ग्रामवासी महात्मा ने इस बात को श्रीलोकाचार्य स्वामीजी से विज्ञापन किया, पश्चात् प्रबंधरूप से श्रीलोकाचार्य स्वामीजी इस श्रीवचनभूषण नामक ग्रंथ को बनाये। जैसे रत्नमय भूषण को रत्नभूषण कहते हैं वैसे ही पूर्वाचार्यों के वचनमय होने से और अनुसंधान करने वालों को उज्ज्वल करने से 'श्रीवचनभूषण' ऐसा इस ग्रंथ का नाम हुआ। इस ग्रंथ में 'वेदार्थो निश्चेतव्य:' इस सूत्र से 'तस्मात् स पूर्वपतित:' इस सूत्र तक आगे कहे जाने वाले अर्थों का निर्णय करने से प्रबंधोपोद्घात जानना। 'इतिहास श्रेष्ठ' यहाँ से 'प्रपत्त्युपदेशश्चैतदर्थं कृत:' यहाँ तक अपराधी चेतनों के सर्व अपराधों को सर्वेश्वर से क्षमा कराकर रक्षा करने वाली पुरुषकारभूता लक्ष्मीजी का वैभव, तादृश पुरुषकार को भी अधिक मानने वाले उपाय भूत ईश्वर का वैभव भी कहे गये हैं। 'प्रपत्ते:' इत्यादि से 'एकान्ती व्यपदेष्टव्य:' इत्यन्त इस उपाय स्वीकार रूप प्रपत्ति को देश काल नियमों की अपेक्षा नहीं है। विषय नियम, आश्रय विशेष, इस प्रपत्ति को साधन मानने से होने वाला दोष, प्रपत्ति का स्वरूप और अंग आदि को कह कर प्रपत्तव्य ही उपाय हैं ऐसा सिद्धान्त करने से पूर्वोक्त उपाय शेष होने से भी उपाय प्रकरण जानना। इस उपाय प्रकरण में 'प्राप्ते: प्रसन्न स एव' इत्यन्त

प्रधान प्रकरण है, आगे प्रासंगिक प्रकरण है।

'उपायस्य' इत्यादि 'उपेयविरोधिनश्च स्यु:' इत्यन्त इस उपाय से उपेय को प्राप्त होने वाले किसी एक चेतन के उपायोपेयाधिकार के प्रधानापेक्षित उपायांतर त्याग हेतु और त्याज्योपादेयों को विस्तार पूर्वक कहने से अधिकारी निष्ठा क्रम कहा जाता है। 'स्वेन हितोपदेशकरणसमये' इत्यादि 'प्रीतिरुपकारस्मृतिश्च वर्तितव्ये' इत्यन्त हितोपदेश के समय में स्वाचार्य पारतन्त्र्य आदि सदाचार्य लक्षण, सच्छिष्य लक्षण, इन दोनों के वर्तन प्रकार और दुष्ट मन को दूर करने वाले आचार्य के विषय में शिष्य की उपकार स्मृति कहे जाने से सिद्धोपायनिष्ठ अधिकारी का स्वाचार्यानुवर्तन क्रम कहा जाता है। 'स्वदोषानुसंधानं भयहेतु:' इत्यादि 'निवर्तकज्ञानमभयहेतु:' इत्यन्त इस अधिकारी के अद्वेषादि प्राप्तिफल कैंकर्य पर्यन्त के फलों का हेतु और स्वकर्मभय निवर्तक भगवन्निर्हेतुक कृपा का प्रभाव कहा जाता है। 'स्वतंत्रमुपायत्वेन स्वयं यदा स्वीकरोति' इत्यारभ्य आगे के सब ही वाक्य परम वैदिक वेद तात्पर्यभूत चरम पर्व निष्ठा कही जाती है। 'वेदार्थो निश्चेतव्य:' इत्यारभ्य चरमपर्व में समाप्त होने से इस प्रबंध में चरम प्रकरण से कहे जाने वाले अर्थ वेद का ही तात्पर्य हैं ऐसा सिद्ध होता है।

श्रीगीता के चरमश्लोक सदृश इस प्रबंध के चरम प्रकरण को जानना। उसमें चेतन साध्य उपायों का उपदेश करते हुए स्वस्वातंत्र्य से डरे हुए अर्जुन को उन उपायों का निषेध कर सिद्धोपाय का उपदेश किये हैं। इस श्रीवचनभूषण में सिद्धोपाय को कहते हुए ईश्वर स्वातंत्र्य से डरे हुए अधिकारी को प्रथमपर्व का निषेध कर चरमपर्व का उपदेश किये हैं। इस प्रकार छ: प्रकरणों से छ: अर्थों का प्रतिपादन करते हैं।

क्र.	सूत्र	प्रकरण
		छ: प्रकरण
१.	१–२५	प्रबंधोपोद्घात
२.	२६–८३	लक्ष्मीजी का वैभव, उपाय वैभव, प्रपत्ति निरपेक्ष उपाय
३.	८४–३२७	अधिकारी निष्ठा क्रम
४.	३२८–३८४	सदाचार्य लक्षण, सच्छिष्य लक्षण, आचार्यानुवर्तन क्रम
५.	३८५–४२३	भगवन्निर्हेतुक कृपा वैभव
६.	४२४–४८०	चरम पर्व निष्ठा
		नौ प्रकरण
१.	१–२५	उपोद्घात
२.	२६–११९	उपाय
३.	१२०–१४६	उपायान्तर दोष
४.	१४७–२४८	सिद्धोपाय निष्ठ वैभव
५.	२४९–३२७	प्रपन्न दिनचर्या
६.	३२८–३४०	सदाचार्य लक्षण
७.	३४१–३८४	सच्छिष्य लक्षण
८.	३८५–४२३	भगवन्निर्हेतुक विषयीकार
९.	४२४–४८०	चरम प्राप्य प्रापक

अथवा नव प्रकरणों से नव अर्थों का प्रतिपादन करते हैं। इस पक्ष में प्रथम प्रकरण पहले के तरह समझना। 'प्रपत्ते:' इत्यादि 'भगवद्विषयप्रवृत्तिरुचिता' इत्यन्त पूर्व प्रकरणोक्त उपाय के शेष होने से उपाय प्रकरण समझना। 'प्रापकांतरपरित्यागस्य' इत्यादि 'तस्मात्सुखरूपा भवति' इत्यन्त उपायान्तरों के दोषों का प्रकरण समझना। इस प्रकरण में प्रपत्तिरूप उपाय को विलक्षण कहना प्रासंगिक है। 'अयं तं प्राप्तुमिच्छति चेत्' इत्यादि 'गोपीकापि प्राप्तवती' इत्यन्त सिद्धोपाय निष्ठों का वैभव प्रकरण जानना 'एवं सर्व प्रकारेण' इत्यादि 'उपेयविरोधिनश्च भवंति' इत्यन्त प्रपन्न दिनचर्या

प्रकरण 'स्वेन हितोपदेशकरणसमये' इत्यादि 'चेतनानां रुच्यागतत्वात्' इत्यन्त सदाचार्य लक्षण प्रकरण 'शिष्य' इत्यादि 'उपकारस्मृतिर्वर्तितव्या' इत्यन्त सच्छिष्य लक्षण प्रकरण 'स्वदोषानुसंधानम्' इत्यादि 'निवर्तकज्ञानमभयहेतु:' इत्यन्त भगवन्निर्हेतुक विषयीकार प्रकरण, 'स्वतंत्र' इत्यादि आगे सब ही चरम प्राप्य प्रापक प्रकरण इन दोनों क्रमों का अनुसंधान कर, 'फलदात्री' 'श्रीमहालक्ष्मी' ये दो गाथा प्रकट हुई हैं। इससे दोनों प्रकार भी सुसंगत हैं।

यह प्रबंध दीर्घशरणागतिरूप सहस्रगीति के सदृश द्वयमंत्र का विवरण है। तथाहि सहस्रगीति में प्रथम तीन शतक से द्वयमंत्र के उत्तरखंडार्थ को, आगे के तीन शतक से पूर्वखंडार्थ को कहकर उससे आगे चार शतक से तादृश उपाय के उपयोगी गुणों को आत्मात्मीय वस्तुओं में अपने संग राहित्य परमात्मा और आत्मा के बीच वर्तमान निरुपाधिक संबंध को, अपनी प्रार्थना के अनुसार प्राप्ति प्रकार का प्रतिपादन किये हैं। इसी प्रकार इस श्रीवचनभूषण प्रबंध में पहले पुरुषकार के अनन्तर इस उपायाधिकारी की निष्ठा को कहने से द्वयमंत्र का पूर्वखंडार्थ कहा गया है। प्रपत्ति अधिकारी की निष्ठा को कहने के समय उपायाधिकार के अपेक्षित विषय को उत्तर खण्डार्थ से कहा है।

आगे प्रबंधशेष से प्रपत्ति उपदेशक आचार्य के विषय में इस चेतन को अवश्यापेक्षित प्रतिपत्ति और अनुवर्तन प्रकार को इस प्रपति में महा विश्वास हेतुभूत भगवान की निर्हेतुक कृपा के प्रभाव को और द्वयमंत्र में कहे हुए उपाय और उपेयों के चरमावधि को कहकर पूर्ण करने से इस प्रबंध को सहस्रगीति के समान ही जानना।

नव अर्थों के प्रतिपादन पक्ष में पूर्वखंड में 'प्रपद्ये' इस क्रियापद से कहा गया स्वीकार उपायान्तर परित्यागपूर्वक होने से इस प्रबंध में कही गयी दिनचर्या पूर्वोक्त महाविश्वासशाली अधिकारी में रहने से सदाचार्य लक्षण द्वयोपदेष्टृ आचार्य में ही है ऐसा कहने से द्वय विवरण हुआ।

इस प्रकार द्वय विवरणरूप इसमें जैसे द्वयार्थ है वैसे और रहस्यद्वय रूप अष्टाक्षरी चरमश्लोकों के अर्थ भी संग्रह रूप से कहे गये हैं। तथाहि—'अहमर्थस्य' इत्यारभ्य 'दास इति हि' इत्यंत स्वरूपप्रयुक्त कैंकर्य ही प्रधान है ऐसा कहने से प्रणवार्थ कहा गया है। 'स्वयत्ननिवृत्ति:' इत्यादि से और 'स्वस्य स्वेनैव विनाशकरणं नाम' इत्यारभ्य 'एवं सर्वप्रकारेण' इससे पहले के ग्रंथ से भी नम: शब्दार्थ कहा गया। 'पर प्रयोजनप्रवृति:' इत्यादि से 'उपेयस्य बालस्वामिवत्' इत्यादि से और 'कैंकर्य भक्तिमूलं' इत्यादि से भी नारायणाय पद का अर्थ कहा गया है। 'अज्ञानेन' इत्यादि से और 'प्रापकान्तरपरित्यागस्य' इत्यादि से भी उपायान्तर परित्याग को सहेतुक कहने से चरम श्लोक में त्याज्य और त्याग प्रकार को कहने वाले पदद्वय के अर्थ कहे गये हैं। 'अस्या: स्वरूपं' इत्यादि से और 'प्राप्तेरुपायस्तदिच्छा' इत्यादि से भी 'मामेकं शरणं' इन पदों का अर्थ कहा गया है। 'तमयं' इत्यारभ्य 'स्वातंत्र्य प्रयुक्तं पारतंत्र्यं प्रबलं' इत्यंत सर्व पापों को दूर कर अंगीकार करने वाले ईश्वर का स्वातंत्र्य और 'कृपाफलमवश्यमनुभाव्यं इति' फल सिद्धि का नियम से होना कहे जाने से चरम श्लोक के उत्तरार्ध का अर्थ कहा गया है।

श्रीमद्वरवरमुनीन्द्र प्रणीत श्रीवचनभूषण व्याख्या उपोद्घात समाप्त

।। श्रीमल्लोकाचार्य स्वामिने नम:।।

।। श्रीमद् वरवरमुनये नम:।।

अनुक्रमणिका

क्र.	प्रकरण	सू.	पृ.
	प्रथम प्रकरण (भगवत् विषय परिग्रह, इतर विषय परित्याग)		
१.	वेदार्थ निर्णय	१–४	१
२.	पुरुषकार वैभव	५–१६	७
३.	उपाय वैभव	१७	२०
४.	पुरुषकार और उपाय: साधारण वैभव	१८–८३	२४
५.	अधिकारी शोधन	८४–११९	५७
	द्वितीय प्रकरण (सिद्धोपाय परिग्रह, इतर उपाय परित्याग)		
१.	उपायांतरदोष	१२०–१३८	७६
२.	सिद्धोपायाधिकार	१३९–१४६	८४
३.	सिद्धोपायनिष्ठ वैभव	१४७–२४८	८८
४.	प्रपन्न दिनचर्या	२५८	१३४
	तृतीय प्रकरण		
१.	प्रपन्न दिनचर्या	२५९–३२७	१३९
२.	सदाचार्य लक्षण	३२८–३४०	१७१
३.	सच्छिष्य लक्षण	३४१–३८४	१७६
४.	भगवन्निर्हेतुक विषयीकार	३८५–३९९	१९०
	चतुर्थ प्रकरण		
१.	निर्हेतुक कृपा वैभव	४००–४२३	१९५
२.	चरम प्राप्य प्रापक	४२४–४८०	२११
	सूचिका		२३९
	सूत्र क्रमणिका		२५१

जो भगवल्लाभ का हेतु हो वह उपादेय है, जो अलाभ का हेतु हो वह त्याज्य है।

श्रीवचनभूषण सू. २१४

अहंकार शेषत्व को दबाता है और भगवान को दूर करता है।

श्रीवचनभूषण सू. २५८

१. वस्तव्य, २. वक्तव्य, ३. जप्तव्य, ४. परिग्राह्य, ५. परित्याज्य, ६. कर्तव्य, इनको जान इनमें निष्ठित होना चाहिये।

श्रीवचनभूषण सू. २८९

।। अस्मद् गुरुभ्यो नमः।। ।। श्रीमते रामानुजाय नमः ।।

सियाराम ही उपाय, सियाराम ही उपेय

श्रीवचनभूषण

।। अथ प्रथमं प्रकरणम् ।।

।। वेदार्थनिर्णयप्रकरण।।

वेदार्थो निश्चेतव्यः स्मृतीतिहासपुराणैः ।।१।।

वेदार्थ को स्मृति–इतिहास–पुराणों से निश्चय करना चाहिये ।।१।।

''वेदार्थ'' इति– प्रमाता पुरुष प्रमाण से ही प्रमेय का निश्चय करता है। तादृश प्रमाण प्रत्यक्षादि रूप से ८ प्रकार के हैं। इन प्रमाणों में 'प्रत्यक्षमेकं चार्वाकः' इस उक्ति के अनुसार प्रत्यक्ष एक ही को प्रमाण मानने वाले बाह्य कुदृष्टियों की अपेक्षा प्रत्यक्ष, अनुमान और आगम रूप तीन प्रमाणों को मानकर इन ही तीन प्रमाणों में शेष पाँच प्रमाणों को भी वैदिक लोग अंतर्गत करते हैं। उनमें प्रत्यक्ष प्रमाण इन्द्रियों से ग्रहण किये जाने वाले पदार्थों में, अनुमान प्रत्यक्ष सिद्ध व्याप्तिज्ञानानुगुण किसी किसी अप्रत्यक्ष विषय में और शास्त्र रूप प्रमाण को इन्द्रियागोचर वस्तुओं में प्रमाण मानते हैं।

वेद में कर्ता आदि नहीं होने से उसको मुख्य प्रमाण, तदितर प्रमाणों को वेदाधीन प्रमाण मानते हैं। स्वतः प्रमाण वेद ही को प्रबल प्रमाण मानने वाले परमवैदिक होने से इस प्रबंध में स्वयं अपने कहे हुए सब अर्थ वेदप्रतिपाद्य हैं ऐसा जनाने के लिए पहले वेद को प्रमाणतया मानकर उसके अर्थ के निश्चय करने के क्रम को 'वेदार्थ' इस वाक्य से कहते हैं।

जैसे ईश्वर सर्वदोष रहित और कल्याण गुणाकर होने से संपूर्ण पदार्थों में श्रेष्ठ हैं वैसे पुरुष निर्मित न होने से और नित्य होने से वेद सब प्रमाणों में श्रेष्ठ हैं। वेद पुरुष निर्मित नहीं इत्यादि **'वाचा विरूपनित्यया'** 'हे विरूप नित्यवाणी से' (ईश्वर को जान सकते हैं) इत्यादि श्रुति और जिस वेद से संपूर्ण भूतों की उत्पत्ति ज्ञात होती है ऐसे उत्पत्ति–नाश रहित इस वेदरूप दिव्य विद्या को आदि सृष्टि में परमात्मा ने प्रकट किया इत्यादि स्मृति से कहा जाता है।

जैसे ईश्वर सर्वदोष रहित और कल्याण गुणाकर होने से संपूर्ण पदार्थों में श्रेष्ठ हैं वैसे पुरुष निर्मित न होने से और नित्य होने से वेद सब प्रमाणों में श्रेष्ठ हैं।

इन श्रुति–स्मृतियों से वेद का नित्यत्व कहे जाने से वेद का पुरुष निर्मित नहीं होना सिद्ध हुआ। इससे ही भ्रांति, वंचना, भूल और अशक्ति रूप इन चार दोषों की संभावना मात्र से रहित है। इस कारण इस वेद से परे कोई शास्त्र नहीं है।

'सत्यं सत्यं पुन: सत्यमुद्धृत्य भुजमुच्यते।
वेदशास्त्रात्परं नास्ति न दैवं केशवात्परम्।।'

इस कारण 'वेद शास्त्र से परे शास्त्र नहीं एवं केशव से परे देवता नहीं इस बात को मैं भुज को उठाकर बार–बार सत्य कहता हूँ' ऐसा इतिहास वेत्ता और पौराणिकों ने एक स्वर से कहा है।

इन संपूर्ण माहात्म्यों का विचार कर ही **'तेजसातिशयिता श्रुति:'** 'तेजोऽधिक श्रुति' ऐसा श्रीशठकोप सूरि जी अनुग्रह किये हैं। उनके अनुयायी परम आप्त श्रीपराशर भट्टार्य भी **'आदौ वेदा: प्रमाणं'** 'प्रथम प्रमाण वेद ही हैं' ऐसा कहे हैं।

इसको जानने की इच्छा वाले आस्तिकों को अपने अर्थ का प्रकाश करने से **'वेदयतीति वेद:'** इस व्युत्पत्ति के अनुसार इसको 'वेद' कहते हैं। एवंभूत वेद, प्रतिपाद्य अर्थ भेद से दो भागों में विभक्त है। वह भागद्वयरूप वेद इस सूत्र में उभयभाग का सामान्य बोधक 'वेद' शब्द से कहा जाता है।

'अर्थ' यह पद पूर्वभाग से कहे हुए कर्म और उत्तर भाग से कहे हुए ब्रह्म को कहता है। पूर्व मीमांसा का प्रारंभ **'अथातो धर्म जिज्ञासा'** और उत्तर मीमांसा का प्रारंभ **'अथातो ब्रह्म जिज्ञासा'** से है।

इस कारण दोनों भागों का प्रतिपाद्य आराधन रूप कर्म और आराध्य रूप ब्रह्म है। **'स आत्मा अङ्गान्यन्या देवता:'** 'वह आत्मा है और अन्य देवता अंग हैं' इस सूक्ति से अग्नि इंद्रादि सकल देवता भगवान के शरीरभूत हैं ऐसा कहे जाने से कर्म का भगवदाराधनत्व सिद्ध हुआ।

इस आकार को जानकर अग्नि इन्द्रादि देवतांतर्यामी के समाराधनरूप से अनुष्ठान करने वालों में इसका भगवदाराधनत्व सुस्पष्ट है। जो लोग इस आकार को नहीं जानकर उन उन देवता मात्र को उद्देश्य कर कर्मानुष्ठान करते हैं वह कर्म भी वस्तुगत्या भगवदाराधन में अंतर्गत होता है। जो लोग पितर देवता ब्राह्मण और अग्नि की आराधना करते हैं वे भी सर्वभूतों के अंतर्यामी विष्णु की ही आराधना करते हैं ऐसा कहा गया है।



'येप्यन्यदेवताभक्तायजंते श्रद्धयान्विता:।
तेपि मामेव कौंतेय यजंत्यविधिपूर्वकम्।।'

'हे अर्जुन! जो लोग अन्य देवताओं के भक्त हो श्रद्धापूर्वक आराधन करते हैं वे भी विधि रहित मेरी ही उपासना करते हैं' ऐसा स्वयं श्रीकृष्ण भगवान कहे हैं। इस कारण सर्व प्रकार से भी कर्म का भगवदाराधनत्व सिद्ध होता है।

इस प्रकार आराधनरूप कर्म और आराध्यरूप ब्रह्म इन दोनों के जानने पर त्याज्य उपादेयरूप सकल अर्थ को जान सकते हैं इसलिए भाग द्वय प्रतिपाद्य कर्म और ब्रह्म हैं ऐसा कहा गया है।

सो कैसे? ऐसी आकांक्षा में; कर्म, बुभुक्षुओं को ऐश्वर्य साधनरूप, मुमुक्षुओं में भक्तों को उपासना का

कर्म, बुभुक्षुओं को ऐश्वर्य साधनरूप, मुमुक्षुओं में भक्तों को उपासना का अंग रूप और प्रपन्नों को कैंकर्य रूप होता है।

अंग रूप और प्रपन्नों को कैंकर्य रूप होता है। इस प्रकार कर्म के स्वरूप को जानने पर अनंत स्थिर फल वाले ब्रह्म की प्राप्ति की कामना वाले उपासकों को उपासना के अंग रूप से कर्म उपादेय होता है और ऐश्वर्यार्थियों को उपादेय रूप ऐश्वर्य साधनाकार से त्याज्य है ऐसा जान सकते हैं। उपायांतर रहित प्रपन्नों को यह कर्म साधनयोग्य प्रयोजन के अभाव से कैंकर्य द्वारा उपादेय होता है और उपासकों को उपादेयरूप उपासनांग–त्वाकाररूप से त्याज्य है ऐसा जान सकते हैं।

जब ब्रह्म को जानना चाहते हैं तब उनके स्वरूप, रूप, गुण और विभूतियों को जानना आवश्यक होने से उनके विभूतिरूप चेतन–अचेतन का स्वरूप जाना जा सकता है। उस विभूति में ज्ञानानंद लक्षण चेतन के स्वरूप वैलक्षण्य द्वारा आया हुआ कैवल्यवेष जाना जा सकता है। ब्रह्म के शेषित्व और प्राप्यत्व इन दोनों को जानने पर भगवदनुभवादि को पुरुषार्थतया जान सकते हैं। ब्रह्म के उपास्यत्व और शरण्यत्व इन दोनों को जानने से ब्रह्म की प्राप्ति और साधनविशेष जाने जा सकते हैं। भगवान के शरीरतया परतंत्रभूत आत्मस्वरूप को जानने पर ऐश्वर्यादि साध्यान्तर, भक्त्यादि साधनांतर की त्याज्यता, ब्रह्म की अपरिमित भोग्यता और अनन्यसाध्यता जानी जाती है।

ऐसा होने से ही वेद के भागद्वय प्रतिपाद्य आराधनरूप कर्म और आराध्यरूप ब्रह्म हैं ऐसा कहना असंगत नहीं है। 'वेद का पूर्वभाग भगवान के पूजन विधि के प्रतिपादन में समाप्त होता है और उत्तर भाग भगवान की चेष्टा, गुण और विभूतियों के जनाने में और तद्द्वारा भगवान के चरणारविन्द की प्राप्ति में समाप्त होता है ऐसा श्रीपराशरभट्टार्य स्वामीजी कहे हैं।

''भागद्वय प्रतिपाद्य अर्थों का निश्चय करना'' माने 'कर्म के स्वरूप, अंग, फल आदि और ब्रह्म के स्वरूप, रूप, गुण, विभूति आदि को संदेह वैपरीत्य बिना निश्चय करना'।

निश्चय करने के वक्त सकलशाखा प्रत्ययन्याय और सकलवेदान्त प्रत्ययन्याय इन दोनों से कर्तव्य है।

उनमें ''सकलशाखा प्रत्ययन्याय'' माने 'एक वाक्य में एक अर्थ को कहने पर उसके अंगोपांगादियों को साक्षात् जानने के लिए और शाखाओं में सर्वत्र विचार कर उनमें कहे जाने वाले अर्थों में ज्ञान पैदा होकर उन अर्थों के अन्योन्य विरोधों को नाश कर अपने अभिमत अंगी के साथ मिलने योग्य को मिलाना'।

'सकलवेदांत प्रत्ययन्याय' माने 'एक वेदान्त में एक वाक्य एक अर्थ को कहने पर और वेदान्तों में विचार कर उनमें कहे जाने वाले अर्थों को अन्योन्य विरोध नहीं होने के लिए विषय विभाग कर अपने अभिमत अर्थों के साथ मिलने योग्य को मिलाना'।

यह काम महामति महर्षियों के सिवा औरों के लिये अशक्य होने से इतिहास पुराणरूप उपबृंहण लेकर ही निर्णय करना है। इस हेतु से उस अर्थ के निर्णय करने वाले स्मृति आदि को कहते हैं; **'स्मृतीतिहासपुराणैरिति'** स्मृतीतिहास पुराणों से इति।

''स्मृति'' माने 'आप्त मनु, अत्रि, विष्णु, हारीत और याज्ञवल्क्य आदिकों से निर्मित धर्मशास्त्र'। ''इतिहास'' माने 'पूर्ववृत्तप्रतिपादक श्रीमद्रामायण महाभारतादि'। ''पुराण'' माने 'सृष्टि, प्रलय, राजवंश, राजचरित्र और मन्वंतर इनका प्रतिपादन करने वाले ब्राह्म, पाद्म, वैष्णव आदि'।

वेदार्थ का इनसे निश्चय करना, इस नियम की उक्ति, इनके बिना अपनी बुद्धि से निश्चय करने पर अल्पज्ञ पुरुष को विपरीत ज्ञान होकर वेद कालुष्यहेतु होगा, ऐसा समझ कर की गयी है। यह नियम, इतिहास पुराणों से वेद के अर्थ का निश्चय करे, नहीं तो हमको अपार्थ कर वंचना करेगा इस तरह वेद अल्पज्ञ से डरता है; ऐसा बार्हस्पत्य स्मृति और महाभारत में कहा है।

इस उपक्रम वाक्य प्रक्रिया से पुरुषकार वैभव से लेकर आचार्याभिमान पर्यंत इस प्रबंध में इनसे कहे जाने वाले संपूर्ण वेदार्थ उपबृंहण अर्थात् इतिहास पुराणों को लेकर ही निश्चय करते हैं ऐसा भान होता है। इस बात को उन उन अर्थों के कहने के स्थलों में स्पष्टतया जान सकते हैं।

तथा च इस सूत्र से सकल प्रमाणों में वेद ही प्रबल प्रमाण है, उसके अर्थ निर्णय करने का क्रम यह है ऐसा कहा गया।

इन उपबृंहणों में किससे किस वाक्य का अर्थ निश्चय करना चाहिये इस जिज्ञासा में कहते हैं;

स्मृत्या पूर्वभागार्थो निर्णीयते, अन्याभ्यां द्वाभ्यामुत्तरभागार्थो निर्णीयते ।। २।।

स्मृति से पूर्व भागार्थ का निश्चय करते हैं, शेष दोनों से उत्तर भागार्थ का निश्चय करते हैं ।।२।।

जैसे व्याख्येय (व्याख्या करने योग्य) वेद का प्रतिपाद्य अर्थों के भेद से ही भागों का भेद हुआ वैसे ही उपबृंहण (व्याख्यानों) का प्रतिपाद्य विशेष से भेद होता है। उनमें स्मृति पूर्वभाग का व्याख्यान रूप, इतिहास आदि उत्तर भाग का व्याख्यान रूप बनाया गया है। उन उन उपबृंहणों को लेकर ही उस उस भाग का अर्थ निश्चय किया जाता है।

इस हेतु से आचार व्यवहार और प्रायश्चित्तादियों का प्रतिपादन करने वाले धर्मशास्त्रों से कर्म प्रतिपादक पूर्वभाग का अर्थ निश्चय किया जाता है। भगवत्स्वरूप रूप गुण विभूति चेष्टितों का प्रतिपादन करने वाले इतिहास और पुराणों से ब्रह्म प्रतिपादक उत्तर भाग का अर्थ निश्चय किया जाता है।

इस प्रकार उभयविध उपबृंहणों से उभय भागार्थ का अर्थ निश्चय करना; माने अध्ययन नहीं किये हुए और शाखाओं का प्रतिपादन करने वाले इनसे अध्यापन की हुई शाखाओं के अर्थों का अपेक्षित विशेषों के साथ निश्चय करना।

स्मृतियों में ब्रह्म का प्रतिपादन और इतिहासों में कर्म का प्रतिपादन होने पर भी स्मृतियों में ब्रह्मप्रतिपादन कर्मों के ब्रह्माराधनरूपत्व को जनाने के लिए एवं इतिहासों में कर्म प्रतिपादन कर्मों के उपासनांगत्व को जनाने के लिए कहा है; अतएव ऐसा कहना असंगत नहीं।

'प्राय: धर्मशास्त्र से पूर्वभाग का अर्थ पूर्ण होता है, इतिहास पुराणों से वेदांतार्थ पूर्ण होता है' ऐसा कहा है।

अनयोरुभयोर्मध्ये इतिहास: प्रबल: ।। ३।।

इन दोनों में इतिहास प्रबल है ।।३।।

उत्तरभाग उपबृंहणभूत इतिहास पुराणों में तारतम्य है या नहीं इस जिज्ञासा में कहते हैं;

एक भाग का प्रतिपादन करने वाले दो उपबृंहणों में यह प्रबल है ऐसा दिखाना आवश्यक समझकर कहते हैं; इन दोनों में इतिहास प्रबल है। श्रेष्ठ भाग के उपबृंहण होने से आई हुई तुल्यता वाले इन दोनों में

प्रामाण्य की अपेक्षा होने पर पुराणापेक्षया इतिहास का प्राबल्य है।

''पुराणापेक्षया इतिहास का प्राबल्य'' माने 'परिग्रहातिशय, मध्यस्थता और कर्ता की आप्ततमता' है।

इनमें ''परिग्रह'' माने 'शास्त्रपरिग्रह'। 'वेद से वेद्य परमात्मा दशरथ के पुत्ररूप से जन्म लेने पर वह वेद वाल्मीकि महर्षि द्वारा साक्षात् रामायण रूप से हुआ।' 'जिन व्यासजी ने वेदरूप समुद्र को बुद्धिरूप मंथनदण्ड द्वारा मथकर जगत हित के लिए महाभारतरूप चंद्रमा को उत्पन्न किया।' 'वेदरूप पर्वत से निकलने वाले, कुधर्मरूप वृक्षों को उखाड़ने वाले, व्यास वाक्य रूप जलप्रवाह से भूमि रजोरहित की गयी।' 'मनुष्य तीव्र औषध की तरह गहनशास्त्र से डरता है, इस कारण शास्त्र का सारभूत यह भारत काव्यरूप से किया गया।' 'बुद्धिमानों को विष्णु, वेद, विद्वान, गुरु और ब्राह्मणों में कल्याणकारी भक्ति भारत से ही होती है।' इत्यादि से पुराण की अपेक्षा इतिहास प्रशंसित है।

वेद से वेद्य परमात्मा दशरथ के पुत्ररूप से जन्म लेने पर वह वेद वाल्मीकि महर्षि द्वारा साक्षात् रामायण रूप से हुआ।

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के विषय में जो महाभारत में है सो अन्यत्र भी है। जो इसमें नहीं है सो कहीं भी नहीं है। इसलिये महाभारत को पंचम वेद भी कहते हैं।

''मध्यस्थता'' माने 'पूर्वकाल में ब्रह्मा से जिस कल्प में जो जो पुराण कहा गया उस उसका माहात्म्य उसके स्वरूप से वर्णन किया जाता है'। ऐसे सर्वपुराणों के प्रवर्तक ब्रह्मा ने जिस कल्प में गुणत्रय में जो गुण अधिक होता है उस गुण के अनुसार देवता के माहात्म्य को पुराणों में कहा है। *इस कारण पुराण पक्षपाती होते हैं*, ऐसा न होकर लौकिक वैदिक सर्व अर्थों के निर्णय करने में प्रवृत्त होने से इतिहास किसी विषय में भी पक्षपाती नहीं है।

''कर्ता की आप्ततमता'' माने 'प्रबंधकर्ता का यथार्थ दर्शन समर्थ और यथादृष्टार्थवादी होना'।

'अब इतिहास पुराणों में इतिहास प्रबल है' कहने का कारण 'उनका बहुत लोगों के परिग्रह करने से, सर्वत्र मध्यस्थ हो भूतकाल के अर्थ का प्रतिपादन करने से, वचन सौंदर्य से और कर्ता के आप्ततम होने से' ऐसे प्रारम्भ कर परिग्रहातिशय से पुराण की अपेक्षा इतिहास का प्राबल्य तत्वनिर्णय ग्रन्थ में उय्यक्कौंडाराचार्य ने सामान्यरीति से कहा है।

'महाभारत परिग्रह अतिशय से श्रेष्ठ होता है', ऐसे आरम्भ कर 'हे पाण्डव! धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के विषय में जो इस भारत में है सो अन्यत्र भी है। जो इसमें नहीं है सो कहीं भी नहीं है।' 'लौकिक वैदिक सकल अर्थों के निश्चय करने में प्रवृत्त होने से, किसी विषय में पक्षपाती न होने से पुराणों की अपेक्षा भारत प्रबल है' ऐसा सहस्रनाम भाष्य में श्रीपराशर भट्टार्य प्रतिपादन किये हैं।

इतिहास की प्रबलता का समाधान करते हैं;

तेन स पूर्वं भवति ।।४।।

उससे वह पहले कहा गया है ।।४।।

उससे प्रबल होने से 'इतिहास और पुराण पाँचवाँ' और 'इतिहास और पुराणों से' ऐसा श्रुति स्मृतियों में दोनों को इकट्ठा कहने के समय इतिहास पुराण के पहले कहा गया।

द्वंद्वसमास में अल्प स्वर वाला या श्रेष्ठ वाचक पद पहले होता है। यहाँ पर अल्प स्वर वाला नहीं होने पर भी श्रेष्ठ होने से इतिहास पहले कहा गया।

इस श्रेष्ठता का कारण उसका प्राबल्य है। अथवा 'स्मृतीतिहास पुराणों से' इति भागद्वय उपबृंहणों को इकट्ठा कहने के समय 'इतिहासाश्च पुराणानि च इतिहास पुराणानि, स्मृतयश्च इतिहासपुराणानि च स्मृतीतिहासपुराणानि' इति लोकाचार्य स्वामीजी के विवक्षित होने से अल्प स्वर वाले पुराण के पहले इतिहास के कहने के तात्पर्य को 'इन दोनों में' इत्यादि से कहते हैं।

तथा च वेदार्थ निर्णय उपबृंहणों से ही करना चाहिए, उनमें पूर्व भाग और उत्तर भाग के उपबृंहण ये हैं, उत्तर भागोपबृंहण इतिहास पुराणों में इतिहास प्रबल है, ऐसा कहने से आगे लोकाचार्यस्वामीजी से कहे जाने वाले अर्थों के प्रमाण दिखाये हैं।

वेदार्थ निर्णय प्रकरण समाप्त



पुरुषकार उपाय वैभव

- जीव जब माता के उपदेश को सुन कर पाप श्रृंखला नहीं छोड़ता, अपने पापों की पोटली बाँधे रखना चाहता है तब माता उस पर अद्भुत कृपा करती हैं। उसकी दुर्बुद्धि नष्ट हो जाती है और सद्बुद्धि आ जाती है। भगवान के न्याय कोष में दण्ड भी है, तथा दया भी है। अपराधी जीव जब भगवान के समक्ष आता है, तब माता प्रभु को समझा कर उसकी वकालत करके भगवान का जीव के प्रति प्रेम और वात्सल्य बढ़ाती हैं। इस वकालत को शास्त्र में पुरुषकार कहते हैं। **पुरुषकार करना माता महालक्ष्मी का विलक्षण वैभव है।**

- **भगवान निरपेक्ष उपाय हैं। वे ही उपाय एवं रक्षक हैं।**

।। पुरुषकार वैभव प्रकरण।।

प्रथम वेदार्थ इत्यादि से वेद तदर्थ समग्र तदुपबृंहणों को कहकर वेद का भाग–विभाग और उसका उपबृंहण विभाग किये हैं, तो भी चेतनों के उज्जीवन के लिए अपेक्षित अर्थों को कहने में प्रवृत्त होने से, वे अर्थ पूर्व भाग से जानने के योग्य न होकर उत्तर भाग से जानने के योग्य होने से, पूर्व भाग में मुमुक्षु के ज्ञातव्य अंश उत्तर भागार्थ स्वरूप, उपाय और पुरुषार्थ के प्रतिपादन करने के स्थलों में तत्तदनुगुण त्याज्योपादेय कथन द्वारा जनाने के योग्य होने से, उत्तर भागार्थ निर्णय में प्रवृत्त हुए। उसमें भगवत्स्वरूप, रूप, गुण, विभूति और भगवदुपासनादियों का विस्तार पूर्वक प्रतिपादन करने के स्थलों में सारासार विवेक पूर्वक तात्पर्यार्थों का संग्रह कर संशय और विपरीत ज्ञान बिना चेतनों के ज्ञान का विषय होने के लिए कहते हैं।

उसमें पहले उत्तरभागोपबृंहणरूप इतिहास पुराणों में प्रबलतया कहे हुए इतिहासों में श्रीरामायण की प्रबलता को प्रकट करते हुए तत्प्रतिपाद्य विशेष को कहते हैं;

इतिहासश्रेष्ठेन श्रीरामायणेन कारागृहवासकर्त्र्या वैभव उच्यते ।।५।।

इतिहास श्रेष्ठ श्रीरामायण से कारागार वास कर्त्री का वैभव कहा जाता है ।।५।।



श्रीरामायण की इतिहास श्रेष्ठता 'वाल्मीकि महर्षि को ब्रह्माजी आसन दिये हैं। ब्रह्माजी की अनुज्ञा पाकर वे आसन में बैठे हैं।' इति सर्वलोक पितामह ब्रह्मा से संभावित होकर श्रीवाल्मीकि महर्षि श्रीरामायण को बनाने से, 'इस रामायणरूप काव्य में आपकी एक भी बात असत्य नहीं होगी' ऐसा ब्रह्माजी के अनुग्रह करने से इसमें कहे हुए सभी अर्थ सत्य होने से,

'जहाँ तक रामायण की कथा का लोक में प्रचार रहेगा' इति सकल लोकपरिगृहीत होने से, अन्य इतिहासों की अपेक्षा श्रीरामायण ही प्रबल प्रमाण होता है। इस विषय को मध्यश्रीवीथि भट्टार्य तत्वत्रय प्रबंध के प्रमाणाधिकार में कहे हैं और 'वेदवेद्य परम पुरुष' इस वचन से सर्वस्मात्पर सर्वेश्वर के संसारी चेतनों की रक्षा के लिए मनुष्य रूप से अवतीर्ण होने पर, सब प्रमाणों से उत्कृष्ट वेद, उस अवतार के गुण चेष्टितों के प्रतिपादन द्वारा श्रीरामावतार के आश्रयणरुचि को संसारियों में उत्पादन कर रक्षा करने के लिए, श्रीरामायण रूप से अवतीर्ण हुआ ऐसा कहे जाने से इसकी श्रेष्ठता सिद्ध हुई!

सूत्र में महालक्ष्मी नहीं कह कर 'कारागार में वास करने वाली' ऐसा कहने का अभिप्राय लक्ष्मीजी की अतिशय दया को प्रकट करने के लिए है। देवदेव दिव्य महिषीरूप अपने वैभव को, कारागार वासरूप नीचता को भी न देखकर देवस्त्रियों को कारागार वास से मुक्त कराने के लिए आप ही कारागार में वास करना दया का ही कार्य है। बालक के कूप में गिरने पर उसके संग कूदकर निकालने वाली माता के सदृश इस संसार में गिरे हुए चेतन को निकालने के लिये आप स्वयं जन्म लेकर इसके दु:खों को भी आप ही भोगकर रक्षा करने से निरुपाधिक मातृत्व संबंध से होने वाले अवधि रहित वात्सल्य गुण का प्रकाशक है।

इस गुणाधिक्य को प्रकट करने के लिए ही

परमाचार्यभूत श्रीशठकोप सूरि 'क्रूर कारागार में वास करने वाली प्रसिद्ध शुकवाणी' ऐसा कहे हैं। उनकी दिव्य सूक्ति ही लोकाचार्य स्वामीजी के इस प्रकार कहने का कारण है।

कारागार वास की नीचता कर्म मूल होने से ही होती है। आश्रित देवस्त्रियों को कारागार वास से मुक्त कराने के लिए अपने अनुग्रह से स्वयमेव कारागार में वास करना उत्कर्षता का ही हेतु है। संसारियों के समान गर्भ में वास कर जन्म लेना 'बहुत जन्म लेकर तेजस्वी होते हैं' ऐसे, सर्वेश्वर के तेजस्कर होने का कारण कर्म निबंधन बिना, अनुग्रह मूल होने से ही है। ऐसा होने पर यह भी अनुग्रह मूल होने से लक्ष्मीजी को तेजस्कर होता है। ***इसको रावण के बलात्कार से आया हुआ समझने वाले लक्ष्मीजी की शक्ति को न जानने वाले क्षुद्र हैं। 'शीतल हो' ऐसा कहने वाली 'नष्ट हो' ऐसा नहीं कह सकती थीं क्या?***

तस्मात् यह कारागार वास अपने अनुग्रह से पर रक्षणार्थ करने से यह ही इनके दयादिगुणों का प्रकाशक है ऐसा समझकर श्रीलोकाचार्य 'कारागार में वास करने वाली' कहे हैं। सम्पूर्ण श्रीरामायण इनके वैभव को कहता है, इस बात को 'महाकाव्य श्रीरामायण संपूर्ण सीताजी का महत्चरित्र है' ऐसा वाल्मीकि भगवान ने स्वयमेव कहा है। 'श्रीमद्रामायण भी आपके चरित्र का प्रतिपादन करने से जीता है' ऐसा भट्टार्य स्वामी कहे हैं।

अनंतर महाभारत के प्रतिपाद्य को कहते हैं;

श्रीमहाभारतेन दौत्येन गतवतो वैभव उच्यते ।।६।।

श्रीमहाभारत से दौत्य करने वाले का वैभव कहा जाता है ।।६।।

'कृष्णद्वैपायनं व्यासं विद्धि नारायणं प्रभुम्।
को ह्यन्यो भुवि मैत्रेय महाभारतकृद्भवेत्।।'

'कृष्णद्वैपायन श्रीव्यासजी को स्वयं प्रभु नारायण समझो, हे मैत्रेय! भूमि में भारत को करने वाला और कौन होगा?'

'एवंविधं भारतं तु प्रोक्तं येन महात्मना।
सोयं नारायणः साक्षाद् व्यासरूपी महामुनिः।।'

'इस प्रकार के भारत को जिस महात्मा ने कहा वे व्यासरूपी महामुनि साक्षात् नारायण ही हैं।' इस प्रकार भगवदावेशावतार, **'स होवाच व्यासः पाराशर्यः'** 'वे पराशर के पुत्र व्यास महर्षि कहते हैं' ऐसे आप्ततमतया प्रसिद्ध श्रीवेदव्यास भगवान ने **'वेदानध्यापयामास महाभारतपंचमान्'** 'पाँचवें वेद महाभारत के साथ वेदों को पढ़ाया' इस उक्ति के अनुसार पंचम वेदतया रचा है और अनेक पुराण प्रशस्त महाभारत भी श्रीरामायण के सदृश ही प्रबल प्रमाण है। इस विषय को मध्यश्रीवीथि भट्टार्य स्वयं कहे हैं और पराशर भट्टार्य श्रीसहस्रनाम भाष्योपोद्घात में 'श्रीरामायण के सदृश महाभारत प्रमाण है' ऐसा कहे हैं।

सर्वेश्वर न कहकर 'दूतकृत्य करने वाले' ऐसा कहना उनके आश्रित पारतंत्र्य गुण को प्रकाश करने के लिए है। देवदेवरूप अपनी महिमा और क्रियमाण व्यापार की नीचता को भी न देखकर पांडवों के लिए कंठ में पत्र बाँधकर दूतकृत्य करना प्रणत पारतंत्र्यरुचि के परवश होकर ही है। इनका यह आश्रयण सौकर्यापादक स्वभाव वात्सल्यादि सर्वगुणों का प्रकाशक है। इस



गुणाधिक्य में विद्ध होकर ही 'फलाने का दूत ऐसा कहा गया' इति। 'छत्रपति राजाओं के बीच में जाने वाले दूत' ऐसा परकालसूरि कहे हैं। वह श्रीसूक्ति श्रीलोकाचार्य स्वामी के कहने का मूल है, कहे हुये को कहना ही इन आचार्यों की श्रेष्ठता है। *दूतकृत्य की नीचता कर्म मूल होने से ही है, इच्छा से आश्रित विषय में किये जाने वाले समस्त नीचकृत्य उत्कर्ष का ही मूल है।* **'स उ श्रेयान् भवति जायमान:'** 'वह परमात्मा जन्म लेते हुए श्रेष्ठ होता जाता है' इस तरह परार्थ जन्म लेने से तेज बढ़ता है ऐसा श्रुति प्रतिपादन करती है, इससे परार्थ स्व इच्छा से क्रियमाण समग्र कृत्य इनको तेजस्कर है। इनके दूतकृत्य को निहीन समझने वाले ज्ञानहीन हैं।

कारण ज्ञानियों में श्रेष्ठ 'यह कौन सा गुण है' ऐसे मोहित हो गये हैं। ऐसे सौशील्य गुण के उत्कर्ष को प्रकट करने के लिए लोकाचार्य स्वामी 'दूतकृत्य करने वाले' ऐसा कहे हैं। संपूर्ण महाभारत श्रीकृष्ण के उत्कर्ष को कहने में तत्पर होने से महाभारत कथा के प्रारंभ में 'भगवान व्यासजी को नमस्कार करता हूँ, जिनके अनुग्रह से मैं इस नारायण कथा को कहता हूँ' ऐसा कहे हैं।

तथा च इन दो प्रबंधों से प्रधानप्रतिपाद्य वस्तु को प्रकट किये हैं।

उपबृंहण द्वारा वेदांत तात्पर्य का निष्कर्ष कर 'उज्जीवन के उपयुक्त' अर्थों को कहने के लिए उपक्रम किये हैं। उसमें इन सूत्रों से वेदांत के कौन से अर्थ कहे गये हैं ऐसी आकांक्षा में कहते हैं;

एतद्द्वाभ्यां—पुरुषकारवैभव उपायवैभवश्चोक्त: ।।७।।

इन दोनों से पुरुषकार वैभव और उपाय वैभव कहे गये हैं ।।७।।



कारागार में वास करने वाली सीताजी का वैभव, दूतकृत्य करने वाले श्रीकृष्ण जी का वैभव, इन दोनों से अपराधभूयिष्ठ चेतनों के आश्रयण योग्य होने के समय अखिल जगन्मातृत्वरूप संबंध से और कृपादि गुणों से बीच में एक पुरुषकार की अपेक्षा बिना आश्रयण करने के योग्य हो अपराधों को देखकर कुपित होकर **'क्षिपामि, न क्षमामि'** ऐसा कहने वाले ईश्वर के हृदय का शोधन कर उन चेतनों को अंगीकार करने वाली पुरुषकार भूता महालक्ष्मी का वैभव, अंगीकारानंतर लक्ष्मी द्वारा स्वयमेव चेतनों के दोष को दिखाने पर भी 'हमारे दास ऐसा नहीं करेंगे' ऐसा प्रतिवाद कर खुद दृढ़ होकर रक्षा करने वाले उपायभूत नारायण का वैभव भी कहा गया।

लक्ष्मीजी का पुरुषकारत्व और ईश्वर का उपायत्व ये दोनों दोनों के असाधारण गुण हैं ऐसा समझाने के लिए पुरुषकार और उपाय ऐसा कहे हैं। इस विषय को;

'संसार में अध: पतित जंतुओं को हमारी प्राप्ति के लिए महर्षि लोग लक्ष्मी को पुरुषकार बताते हैं, हमारा भी यही मत है इसका और लक्षण नहीं'। इति।

'अहं मत्प्राप्त्युपायो वै साक्षाल्लक्ष्मीपति: स्वयम्।
लक्ष्मी: पुरुषकारेण वल्लभा प्राप्तियोगिनी।।
एतस्याश्च विशेषोयं निगमांतेषु शब्द्यते।।'

'स्वयं लक्ष्मीपति मैं अपनी प्राप्ति के लिए उपाय हूँ मेरी प्रिया लक्ष्मी प्राप्ति कराने वाली है, इनका यह

वैभव वेदांतों में कहा गया'। इति।

'आकिंचन्यैकशरणाः केचिद्भाग्याधिकाः पुनः।
मत्पादांभोरुहद्वंद्वं प्रपद्य प्रीतमानसाः
लक्ष्मीं पुरुषकारेण वृतवंतो वरानन।
मत्क्षमां प्राप्य सेनेश प्राप्यप्रापकमेव माम्।
लब्ध्वा कृतार्थाः प्राप्यंते मामेवानन्यमानसाः।।'

'आकिंचन्य ही शरण है जिनको ऐसे भाग्याधिक लोग लक्ष्मी को पुरुषकारतया वरण कर हमारी क्षमा के विषय हो और हमको प्राप्य प्रापक समझकर कृतार्थ हो हम ही को प्राप्त होते हैं'। ऐसा भगवत् शास्त्र में आप ही कहे हैं।

अन्यदेवियों और सूरि प्रभृति तदीयों को लक्ष्मीजी के संबंध द्वारा ही पुरुषकारता है। इनके सदृश स्वतः सिद्ध नहीं। इस कारण से ही 'इनके संबंध से ही अन्य देवियों, सूरियों, गुरुओं को पुरुषकारत्व है, स्वतःसिद्ध पुरुषकारत्व नहीं', ऐसा दीप संग्रह में जीयर (वेदांति) कहे हैं। उपायत्व 'कृष्ण ही सनातन धर्म हैं' इति सनातन धर्मतया कहे जाने वाले श्रीकृष्ण को स्वतःसिद्ध है। ***तदीयों को तत्संबंध द्वारा ही उपायत्व है।*** तस्मात् महालक्ष्मी का पुरुषकारत्व और ईश्वर का उपायत्व निरूपक धर्म है ऐसा कहने में असंगत नहीं। इस अर्थ को प्रकट करने के लिए ही श्रीलोकाचार्य स्वामीजी इस प्रकार कहे हैं।

इस प्रकार उपबृंहणरूप दोनों प्रबंधों से प्रतिपाद्यमान पुरुषकारत्व और उपायत्व को उपबृंहणभूत वेदांत में कहाँ कहा है ऐसी आकांक्षा में; कठवल्ल्युपनिषत्सिद्ध द्वयमंत्र के पूर्व वाक्य में दोनों को अच्छी तरह से कहा है।

इस चेतन का दोनों के साथ संबंध समान होने पर ईश्वर के समाश्रयण में लक्ष्मीजी का पुरुषकारतया क्यों आश्रयण करें इस आकांक्षा में कहते हैं; मातृत्व प्रयुक्त वात्सल्याधिक्य से भगवान की तरह काठिन्य और मार्दव ये दोनों इकट्ठे न होकर, केवल मार्दवगुण मात्र होने से, चेतनों के दुःख को न देख सकने की स्वभाव वाली होने से, विमुखों को भी अभिमुख बनाने के लिए कृषि करने वाली होने से, अपराधियों को भी निर्भीक हो चरणों में गिराने योग्य होने से, पुरुषत्व प्रयुक्त काठिन्य के साथ पितृत्व प्रयुक्त हितपरत्व वाले अपराधों को गिनकर दंड देने वाले, अपराधियों को सामने जाने में डराने वाले ईश्वर को उचितोपायों से सब अपराधों को भुलाकर मिलाने वाली होने से, अपराध स्वभाव वाले ये चेतन ईश्वर का आश्रयण करने के समय लक्ष्मीजी को पुरुषकारतया आगे करते हैं।

अनंतर पुरुषकार के गुणों को विस्तार पूर्वक कहने की इच्छा से पहले पुरुषकारत्व के अवश्यापेक्षित गुणों को कहते हैं;

पुरुषकारत्वसमये कृपा पारतंत्र्यमनन्यार्हत्वं चापेक्षितम् ।।८।।

पुरुषकार होने के समय कृपा, पारतंत्र्य और अनन्यार्हत्व अपेक्षित हैं ।।८।।

''पुरुषकार होने के समय'' माने 'पुरुषकार होने के स्थल में'। ''कृपा'' माने 'परदुःखासहिष्णुता'। ''पारतंत्र्य'' माने 'पराधीनता'। ''अनन्यार्हत्व'' माने 'ईश्वर को छोड़कर अन्य विषय के योग्य न होना'। ये तीनों गुण

पुरुषकार को कैसे अवश्यापेक्षित हैं इस प्रश्न पर कहते हैं; चेतन के संसार में पाते हुए दु:ख को देख न सहकर ईश्वर के साथ इनको मिलाने का यत्न करने के लिए कृपा की आवश्यकता है। स्वतंत्र को वश करने के समय अनुवर्तन की आवश्यकता होने से पारतंत्र्य अपेक्षित है। 'हमसे व्यतिरिक्त किसी विषय के अर्ह न हो हमारा अतिशय करने वाली होने से हमारे कार्य को ही कहती है' ऐसा विचार जैसा कहेगी वैसा करने के उपयुक्त होने से अनन्यार्हत्व चाहिए। इस कारण ये तीनों गुण पुरुषकारत्व के अवश्यापेक्षित हैं।

ईश्वर की कृपा की अपेक्षा लक्ष्मीजी की कृपा की श्रेष्ठता कैसे? इस आकांक्षा में कहते हैं; ईश्वर निरंकुश स्वतंत्र, निग्रहानुग्रह दोनों को करने वाले, चेतनों के कर्मों को तोलकर टुकड़े टुकड़े कर भुगाने वाले होने से उनकी कृपा स्वातंत्र्य से डूबकर किसी–किसी दशा में प्रकट होती है। लक्ष्मीजी अनुग्रहैक स्वभाव वाली होने से, इनकी कृपा का तिरस्कार करने वाले स्वातंत्र्यादिगुण न होने से, सदा एक प्रकार रहती है। इस कारण इनकी कृपा अवधिरहित है। संबंध में जैसा भेद है वैसा ही कृपा में भेद है। ऐसी रहने से ही इनका आश्रयण करने वालों को और किसी पुरुषकार की अपेक्षा नहीं है।

ईश्वर के विषय में इनके पारतंत्र्य, अनन्यार्हत्व ये दोनों स्वरूप प्रयुक्त मात्र नहीं किंतु **'ह्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यौ'** 'भूमिदेवी लक्ष्मी दोनों आपकी पत्नी हैं' इति **'विष्णुपत्नी'** 'विष्णु की पत्नी' इति कहे जाने वाले पत्नीत्व से आये हुए, **'अहंता ब्रह्मणस्तस्य साहमस्मि सनातनी'** 'मैं उस ब्रह्म की सदा की अहन्ता हूँ' इति, **'श्रीवत्सवक्षा नित्यश्री:'** 'लक्ष्मीजी से चिह्नित वक्ष वाले' 'नित्यश्री' इति कहे जाने वाले स्वरूप निरूपकत्वादि से होने वाले अनन्यत्व से भी आये हुए हैं। ऐसा रहने से ही और सर्व चेतनों को मिथुन शेषत्व है लक्ष्मीजी को तो नारायण का ही शेषत्व है। इस अव्यवधान संबंध से ही इनको ईश्वर के वशीकार में पुरुषकार की अपेक्षा नहीं है।

इन तीनों गुणों में से कृपागुण **'श्रीञ् सेवायां'** इस धातु से होने वाले श्री शब्द में श्रीयते इस कर्मणि व्युत्पत्ति से सिद्ध होता है। पारतंत्र्य अनन्यार्हत्व ये दोनों 'श्रयते' इस कर्तरि व्युत्पत्ति से नित्ययोग वाचक मतुप् से भी सिद्ध होते हैं।

इन कृपादि तीनों गुणों को सबको जनाने के लिए आप ही प्रकट की हैं। इस वैभव को श्रीरामायण में इनके विषय में कहे हुए तीनों विश्लेषों से दिखाते हैं;

लक्ष्म्या: प्रथमविश्लेष: स्वकृपाप्रकाशनार्थम् ।। ९ ।।

सीताजी का पहला विश्लेष अपनी कृपा को प्रकट करने के लिए हुआ ।।९।।

'परमात्मा देवरूप धारण करने पर लक्ष्मीजी देवीरूप धारण करती हैं, मनुष्यरूप धारण करने पर मनुष्यरूप धारण करती हैं, यह लक्ष्मी अपने रूप को विष्णु के रूप के सदृश बनाती है।'

नायक सर्वेश्वर के उस उस अवतार के सदृश शरीर को धारण कर अवतार लेने वाली होने से, **'राघवत्वे भवेत्सीता'** 'रामरूप लेने पर सीताजी हुई हैं' इस उक्ति के अनुसार चक्रवर्ती श्रीकुमार होने पर तदनुरूप आप श्रीजनकराज नंदिनी हो दण्डकारण्य में बिराजने पर रावणकर्तृक विश्लेष के बहाने से पहले रामजी से विश्लेष पाकर लंका को पधारना **'देव्या कारुण्यरूपया'** 'करुणारूपिणी देवी से' इति तद्‌गुण सारत्व न्याय से करुणागुण ही आप हैं ऐसा कहने के योग्य अपनी परमकृपा को प्रकट करने के लिए, यह

अर्थ है।

यह कैसे? इस आकांक्षा में कहते हैं; देवस्त्रियों को कारागार से मुक्त कराने के लिए आपके कारागार में वास करने के समय, अपने को रातदिन डराती हुई काट खाने वाली क्रूर राक्षसियों के, रावण की पराजय और रामजी की जीत को स्वप्न में देखने वाली त्रिजटा के वाक्य सुनकर, अत्यन्त भीत हो कम्पायमान दशा में 'तुम लोगों की मैं रक्षा करूँगी' 'आपसे पीड़ित दशा में मैं रहती हूँ ऐसे मत डरो' ऐसा अभय प्रदान करने से, वह उक्तिमात्र न होकर रावण वधानंतर शुभ वृत्तांत सुनाने को आये हुए मारुति इन राक्षसियों को चित्रवध करने के लिए मुझे सौंप दो ऐसा कहने पर उनके साथ वाद विवाद कर 'राजाश्रित अतएव राजवश्य लोगों को' इत्यादि से उनके दोषों को गुणतया दिखाकर 'दुर्बल हो मैं सबको सहती हूँ' 'अन्यों के दु:ख देखकर सहने का कठिन चित्त हमारा नहीं है' 'गुणज्ञ पुरुष को अपराधियों के ऊपर कृपा करनी चाहिए, अपराध के बिना कोई नहीं है' **'कार्यं करुणमार्येण न कश्चिन्नापराध्यति'** ऐसा कहकर मारुति को दयावान बनाकर अविच्छिन्न प्रकार से अपनी पहली प्रतिज्ञा के अनुसार तत्काल अपराधी राक्षसियों की रक्षा करने से भी अपनी कृपा को प्रकट की हैं।

मध्यमविश्लेष: पारतंत्र्यप्रकाशनार्थम् ।।१०।।

मध्यम विश्लेष पारतंत्र्य को प्रकट करने के लिए हुआ।।१०।।

मध्यम विश्लेष; लौटकर रामजी के साथ श्री अयोध्या में विराजते हुए गर्भावस्था में 'हे जानकी! हमको पुत्र लाभ उपस्थित हुआ है तुम क्या इच्छा करती हो वह सब कहो' इति। तुमको वांछित क्या ऐसा पूछने पर;

'हे राघव! गंगातीरवर्ती पुण्यप्रद तपोवनों को देखने की इच्छा करती हूँ और फलमूल भोजन करने वाले पुण्यात्मा ऋषिलोगों के चरणतलों में वास करने की इच्छा करती हूँ' 'फलमूल का आहार करने वाले पुण्यकीर्ति वाले ऋषिलोगों की सन्निधि में एक रात्रि तो भी वास करूँगी यही मेरी परम कामना है।' ऐसे अपने वन वास करने की इच्छा को निवेदन करने पर उसके लिए भेजने वाले की तरह लोकापवाद को दूर करने के लिए श्रीरामचन्द्रजी कर्तृक अरण्य को विदा करना।

इस विश्लेष का प्रयोजन; श्रीरामचन्द्रजी के अंत: पुर में रखने पर या अरण्य में छोड़ने पर भी एकरूप से उन श्रीरामजी की इच्छा के अनुवर्तन के योग्य स्वपत्नीत्व से प्राप्त पारतंत्र्य का प्रकाश करना है।

गंगा के तीर पहुँचने पर बालस्वामी (लक्ष्मणजी) अत्यंत दु:खित हो श्रीरामजी के परित्याग करने के अभिप्राय को श्रीजानकीजी से निवेदन करने पर इस बात को जान अत्यंत प्रलाप कर; 'हे लक्ष्मण! स्वामी से प्राप्त यह रघुसंतान स्वामी के वंश में तिरस्कृत न हो इसलिए ही मैं प्राणों को गंगाजी के प्रवाह में परित्याग नहीं करती हूँ।' ऐसा सीताजी कही हैं।



श्रीराम के वंश की रक्षा के लिये मैं जीऊँगी

इससे विश्लेषदु:ख की अधिकता से मरण अपेक्षित होने पर भी ऐसा नहीं कर सकीं। श्रीरामजी की इच्छा का अनुवर्तन कर अपने प्राणों को बचाकर रखने से पारतंत्र्य गुण प्रकट हुआ ऐसा जानना, औरों के लिए जीने वाले परतंत्र चेतनों को प्राणत्याग की अपेक्षा होने पर भी त्याग नहीं कर सकते। 'प्रबल पापिष्ठा मैं स्त्री होने से मरण प्रकार को नहीं जानती' ऐसा श्रीशठकोपसूरि भी नायिका अवस्था में कहे हैं।

प्रथम विश्लेष में दस महीने के भीतर संपूर्ण दु:ख का अनुभव करने वाली सीताजी कहती हैं; 'स्त्री का पति ही देवता, बंधु और गति है, अत: प्राणों के व्यय से भी पति का प्रिय करना चाहिए।' इस प्रकार अपनी उक्ति के अनुसार पति के चित्त का अनुवर्तन करना हमारा स्वरूप है। ऐसी पारतंत्र्यबुद्धि से ही अनेक वर्ष पर्यंत दु:ख को सहन करती रहीं। इस प्रकार इस मध्यम विश्लेष में अपनी पराधीनता को प्रकाश कीं।

अनंतरविश्लेषोऽनन्यार्हत्वप्रकाशनार्थम् ।।११।।

तीसरा विश्लेष अनन्यार्हत्व प्रकाश करने के लिए हुआ ।।११।।

तीसरा विश्लेष; वाल्मीकि महर्षि के आश्रम से लौटकर स्वामी की सन्निधि में रहने पर विश्लेष पाकर जन्मगृह (पृथ्वी) में प्रवेश करना।

इस विश्लेष का प्रयोजन; **'अनन्या राघवेणाहं'** 'सूर्य का साथ प्रभा जिस तरह नहीं छोड़ती उसी तरह श्रीरामचन्द्र का साथ मैं नहीं छोड़ती' **'अनन्या हि मया सीता'** 'हमारा साथ सीता नहीं छोड़ती' इस तरह उभय सम्मत अपने अनन्यत्व प्रयुक्त अनन्यार्हत्व को सबों के जानने योग्य प्रकाश करना है।

तथाहि; श्रीरामजी अश्वमेध याग करने पर श्रीवाल्मीकि भगवान की आज्ञा से कुश लव के रामायण का गान करने पर श्रीरामजी सुनकर अपनी सन्निधि में बुलाकर बड़े-बड़े ज्ञानी लोगों के साथ उनके गान को सुनने के समय उन दोनों को सीताजी के पुत्र जानकर सीताजी को स्मरण कर सीताजी शुद्धा हों तो शीघ्र इस सभा में आकर प्रतिज्ञा पूर्वक अपनी शुद्धता को प्रकट करें ऐसा दूत के द्वारा श्रीरामजी के वाल्मीकिजी और सीताजी को जनाने पर, वैसे ही श्रीवाल्मीकि भगवान को आगे कर उस महासभा में श्रीरामजी की सन्निधि में आकर संकोच से एक स्थान पर खड़े होने पर श्रीवाल्मीकि भगवान; 'सीताजी शुद्धा हैं' ऐसे बहुत प्रकार से कहते भये। श्रीरामजी सुनकर, सीताजी शुद्धा हैं इस बात को मैं भी जानता हूँ, महर्षि का वचन ही बहुत कुछ है, तो भी लोकापवाद दूर करने के लिये इस सभा में एक प्रतिज्ञा की आवश्यकता है ऐसा अभिप्राय प्रकट किये। अनंतर;

'काषाय वस्त्र धारिणी सीताजी आये हुए सभी सदस्यों को देख पृथ्वीतल को देखती हुई हाथ जोड़ इस बात को कही थीं।'

'यदि मैं श्रीरामजी के अतिरिक्त और किसी का मन से भी चिंतन न की हूँ तो भूमिदेवी मुझे स्थान देंगी।' 'यदि मन वचन और काय से श्रीराम का ही मैं समर्थन की हूँ तो भूमिदेवी मुझे स्थान देंगी।' 'श्रीराम के अतिरिक्त और किसी को भी मैं नहीं जानती यह बात सत्य हो तो भूमिदेवी मुझे स्थान देंगी।' इस प्रकार सभा में शपथ करने पर;

'इस प्रकार जानकीजी के शपथ करने पर अत्यद्भुत, दिव्य, उत्तमोत्तम, सर्व रत्न विभूषित और बड़े पराक्रमी नागगणों द्वारा मस्तकों से धृत सिंहासन भूमि से प्रकट हुआ, उस सिंहासन में भूमिदेवी सीताजी का स्वागत



कर भुजाओं से आलिंगन कर बैठाई। उस सिंहासन में बैठ कर पाताल में प्रवेश करती हुई सीताजी के ऊपर विच्छेद रहित पुष्पवृष्टि देवताओं ने की।'

इस प्रकार कहने से इस विश्लेष में सीताजी अपने अनन्यार्हत्व को प्रकाश कीं।

तथाच इस अवतार में *सीताजी के विषय में कहे हुए तीनों विश्लेषों का हेतु कृपादि तीनों गुणों का प्रकाश करना है, ऐसा न हो तो कभी न छोड़ने वाली, कर्म के वश कभी न होने वाली सीताजी को कर्मवश्यों की तरह अलग होने का हेतु नहीं है।*

अपने पुरुषकारत्व उपयोगी गुण को और पुरुषकारत्व को प्रकट करने के लिए ही यह अवतार है, इस कारण 'सीतावतार के मूल जिन कृपादिगुणों को कहते हैं वे भी इस रंगनायकी में हैं' ऐसा भट्टर स्वामी कहे हैं।

इस प्रकार चेतन के विषय में अनुग्रह करने का हेतु कृपा और ईश्वर को वश करने का हेतु पारतंत्र्य और अनन्यार्हत्व इन तीनों गुणों को स्वयं ही प्रकाश करना, शास्त्रों में श्रवण करने की अपेक्षा अनुष्ठान पर्यंत देखकर लक्ष्मीजी को पुरुषकारतया आश्रयण करने वालों की रुचि और विश्वास होने के लिए ही है। एवंभूत गुण वाली सीताजी की पुरुषकारता कहाँ दीखती है इस आकांक्षा में कहते हैं;

संश्लेषविश्लेषयोरुभयोश्च पुरुषकारत्वं भासते ।।१२।।

संश्लेष और विश्लेष इन दोनों में पुरुषकारत्व भासता है ।।१२।।

''पुरुषकारत्व'' माने 'घटकत्व'। वह घटकत्व परमात्मा के साथ रहने की दशा (संश्लेष) और परमात्मा से अलग रहने की दशा (विश्लेष) में भी भासता है।

संश्लेष दशा में;

'स भ्रातुश्चरणौ गाढं निपीड्य रघुनंदनः।
सीतामुवाचातियशा राघवं च महाव्रतम्।।'

वन को जाने के समय श्रीरामजी हमको (बालस्वामी) छोड़ जाते हैं ऐसा जान, मुझे भी संग ले जाना चाहिए ऐसा समझ; ''वे महा यशस्वी लक्ष्मणजी भ्राता के चरणों में गिर सीताजी और दृढ़व्रत रामजी से कहते भये।'' इस उक्ति के अनुसार शरणागति करने के समय और पंचवटी पहुँचने पर 'जल और छाया के प्रदेश को देखकर पर्णशाला बनाओ' ऐसा रामजी के कहने पर 'मेरे सिर में स्वातंत्र्य को रखने से श्रीरामजी हमको छोड़ दिये' ऐसे दु:खित हो। इस प्रकार श्रीरामजी के कहने पर लक्ष्मणजी हाथ जोड़ सीताजी के सामने श्रीरामजी से कहते भये,

'परवानस्मि काकुत्स्थ त्वयि वर्षशतंस्थिते।
स्वयं तु रुचिरे देशे क्रियतामिति मां वद।।'

'हे राघव! आपकी सत्ता जहाँ तक रहेगी वहाँ तक मैं परतंत्र हूँ, आप ही अपने इच्छित सुंदर स्थान को दिखाकर मुझे बनाने की आज्ञा दीजिए।' इस उक्ति के अनुसार अपने पारतंत्र्य को पाने के लिए हाथ जोड़ खड़े हो अपेक्षा करने के समय सीताजी को पुरुषकारतया आगे कर अपने अपेक्षित को लक्ष्मणजी पाये हैं।

असुरप्रकृति जयंत काकरूप धारण कर सीताजी के विषय में अकृत्य करने को प्रवृत्त होने पर; 'रोषविशिष्ट पंचमुख सर्प के साथ कौन खेलता है?' इस तरह

श्रीरामजी उस पर क्रुद्ध हो शिरश्छेदन करने के लिए ब्रह्मास्त्र का प्रयोग किये।

'वह पिता (इन्द्र), देवता और महर्षियों से परित्यक्त हो तीनों लोक में घूमकर अन्त में श्रीरामजी की ही शरण में आया।' 'वे दयासागर सर्वरक्षक श्रीरामजी शरणागत भूमि में गिरे हुए वध करने योग्य उस जयंत काक की अपनी कृपा से रक्षा किये।' 'उस समय श्रीजानकी अपने आगे भूमि में गिरे हुए उस वायस के सिर को श्रीरामजी के चरणारविन्दों में लगाती भयी।' प्राण छूटने का भय करने वाले उस वायस को देख दयार्द्रचित्त हो जानकीजी 'रक्षा करो! रक्षा करो!' ऐसा अपने स्वामी से कहती भयीं। 'अनंतर कृपासागर श्रीरामजी ने अपने हाथ से उस काक को उठा दया से देखते हुए रक्षा की।'

ऐसे श्रीरामायण और पद्मपुराणों में कहे हुए प्रकार से सीताजी के पुरुषकार से श्रीरामजी रक्षा किये, इस कारण संश्लेष दशा में पुरुषकारत्व का भान होता है।

विश्लेष दशा में भी;

'हे रावण! जिस कारण तुम्हारी बुद्धि आचारभ्रष्ट और विपरीत है उस कारण मैं समझती हूँ कि इस तुम्हारी लंका में सत्पुरुष नहीं हैं या होने पर भी तुम उनका अनुवर्त्तन नहीं करते हो।' इत्यादि से विपरीत बुद्धि रावण को स्वामी के चरणारविन्द में मिलाने के लिए उपाय सोची थीं।

रावण वधानंतर राक्षसियों का चित्रवध करने के लिए उद्युक्त हुए मारुति के प्रति;

'पापानां वा शुभानांवा वधार्हाणां प्लवंगम।
कार्यं करुणमार्येण न कश्चिन्नापराध्यति।।'

'हे वानर! पापी हो, पुण्यात्मा हो या वध के अर्ह हो, उनके ऊपर श्रेष्ठ पुरुष को दया करनी चाहिए,

कोई भी पुरुष अपराध से मुक्त नहीं है।' ऐसा हनुमानजी से दयाजनक वचन कह श्रीसीताजी क्षमा करवाई हैं। इस कारण विश्लेषदशा में भी पुरुषकारत्व जाना जाता है। हनुमानजी के 'अपराधानुसार दण्ड देने के लिए राक्षसियों को हमारे सुपुर्द करो' ऐसा कहने पर सीताजी ने उनके साथ विवाद कर राक्षसियों की रक्षा की।

'हे मात:! हे मैथिलि! तात्कालिक अपराधी राक्षसियों की मारुति से रक्षा कराने वाली आपकी कृपा की अपेक्षा शरणागत काकासुर और विभीषण की रक्षा करने वाले श्रीरामजी की कृपा लघु होती है, वह आपकी निर्हेतुक कृपा अत्यंत महापापी मादृश जनों को सुखी करे।' इस बात को श्रीपराशरभट्टार्य भी कहे हैं।

राक्षसियों की रक्षा करने में पुरुषकारत्व कैसे भान होता है, इस शंका में कहते हैं; बलात्कार के बिना मारुति का अनुसरण कर क्षमा कराने से पुरुषकारत्व भान होता है। स्वयं श्रीलोकाचार्य स्वामी भी मुमुक्षुपडि में 'हनुमानजी से क्षमा कराने वाली, अपने वचनानुसार चलने वाले स्वामी से क्षमा कराती हैं इस बात में क्या कहना।' ऐसा मारुति के विषय में पुरुषकारत्व को कहे हैं।

इस कारण संश्लेष और विश्लेष दोनों दशाओं में लक्ष्मीजी का पुरुषकारत्व भान होता है। इस अर्थ को कहने के समय राक्षसियों की मारुति से सीताजी ने पुरुषकार हो रक्षा की, इस उदाहरण को देने में कोई दोष नहीं।

इन दोनों दशाओं में इनका पुरुषकार प्रकार कैसा? इस शंका में कहते हैं;

संश्लेषदशायामीश्वरं वशीकरोति, विश्लेषदशायां चेतनं वशीकरोति ।।१३।।

संश्लेष दशा में ईश्वर को वश करती हैं, विश्लेष दशा में चेतन को वश करती हैं ।।१३।।

''ईश्वर को वश करना'' माने 'अपराध ही को देखकर 'क्षिपामि', 'न क्षमामि' ऐसे कहने वाले ईश्वर के स्वातंत्र्य को हटाकर अंगीकार करने को उन्मुख बनाना', ''चेतन को वश करना'' माने 'अकृत्यकारी और भगवद्विमुख इस चेतन के दोषों को दूर कर आश्रयण करने को अभिमुख कराना'।

तथाच इस प्रकार अंगीकार के विरोधी स्वातंत्र्य गुण को हटाकर अंगीकार के उपयुक्त कृपादि गुणों को प्रकट कराने से, आश्रयण विरोधी विमुखता को हटाकर आश्रयण रुचि को उत्पादन करने से, 'शृ हिंसायाम्', 'शॄ विस्तारे' इन धातुओं से निष्पन्न हुए श्री शब्द में शृणाति, शृणाति, इन दोनों व्युत्पत्तियों के अर्थ इस स्थल में भान होते हैं। 'सभी दोषों का नाश करती हैं, गुणों से जगत का विस्तार करती हैं।' ये दोनों व्युत्पत्तियाँ यद्यपि चेतन के विषय में होने पर भी ईश्वर के विषय में भी यह न्याय भान होता है, इस कारण ऐसा कहना असंगत नहीं।

दोनों को किस उपाय से वश करती हैं इस शंका में कहते हैं;

उभयोर्वशीकरणमुपदेशेन ।।१४।।

दोनों को उपदेश से वश करती हैं ।।१४।।

ईश्वर वशीकरण; 'इस चेतन के अपराधों को गिनकर आप इसको हटाकर कपाट बंद किये तो इस चेतन का और कोई रक्षक है क्या? आपके साथ इसके विद्यमान संबंध को देखने पर 'संबंध को हम दोनों तोड़ नहीं सकते।' इस गोदादेवी के वचनानुसार जलपूर्ण घट को फोड़ने से भी दूर नहीं होगा, इस अपनी वस्तु का प्राप्त होना मालिक आपका ही फल है। चेतनों को वश करने के लिए सामने सर्वत्र संचार करने वाले आपको हम क्या कह सकती हैं? रक्षा की अपेक्षा से आये हुए इस चेतन की रक्षा न करें तो आपके सर्वरक्षकत्व का भंग न होगा क्या?' 'अनादिकाल से हमारी आज्ञा को न मानकर हमारे क्रोध का लक्ष्य होने वाले इस चेतन के अपराध के अनुगुण दंड न दे क्षमा कर अंगीकार करने पर शास्त्र मर्यादा नष्ट हो जायेगी ऐसा आपके हृदय में भान होता है, इस चेतन की रक्षा न कर अपराधानुगुण दंड देने से आपके कृपादिगुण कैसे जीवेंगे? दंड न देने से शास्त्र नहीं जीवेगा, रक्षा न करने पर कृपादि नहीं जीवेंगे, क्या करूँ! ऐसा मत डरो; शास्त्र को आपके विमुखों के विषय में, कृपादियों को आपके अभिमुखों के विषय में करने से दोनों ही जीवेंगे। ऐसा होने पर इनकी रक्षा करो' लक्ष्मीजी ऐसा उपदेश कर ईश्वर को वश करती हैं। इस उपदेश क्रम को श्रीलोकाचार्य स्वामीजी के परंदपडि रहस्य में आच्चान्पिल्लै के परंद रहस्य में भी विस्तारक्रम से देख सकते हैं।

'हे जननी! परिपूर्ण पापी चेतन के विषय में हित

करने के लिए पिता की तरह आपके पति कदाचित कुपित होते हैं, उस समय आप 'यह क्या हुआ? इस जगत में निर्दोष कौन है?' ऐसे उचित उपायों से ईश्वर को भुलाकर इस चेतन को अपनाती हो, इस कारण आप हम लोगों की माता होती हो।' इस तरह अपराध से परिपूर्ण चेतन के विषय में हितैषी सर्वेश्वर के हृदय में 'कोप का प्रकार और उस अवस्था में कोप का कारण क्या है?' इस तरह माता जी के द्वारा पूछने पर भगवान कहते हैं कि इसने सभी प्रकार के अपराध किये हैं। इस पर माता जी पूछती हैं कि 'क्या कोई शर्करौदन अर्थात् मीठे भात में पत्थर-कंकड़ ढूँढता है? इस जगत में अपराध रहित कोई नहीं हैं।' इस तरह के उचित उपायों से जीवों के अपराधों को विस्मृत कराकर श्रीमहालक्ष्मी जी स्थित हैं। ऐसे उपदेश से ईश्वर को वश करने के प्रकार को श्रीपराशरभट्टार्य ने कहा है।

अवतारदशा में भी 'प्राणसंशय प्राप्त हुए वायस की रक्षा करो! रक्षा करो!' ऐसा पति से कहती भयी। ऐसे वाचामगोचर महापराध करने वाले काक का वध करने के लिए प्रयोग किये हुए ब्रह्मास्त्र को एक नेत्र से तृप्त करा भगवान श्रीरामजी ने रक्षा की यह इनके उपदेश से ही, ऐसा पद्मपुराण में कहा है।

जीव वशीकरण; चेतन को देखकर 'तुम्हारे अपराधों की अधिकता को देखने पर तुमको कहीं पद रखने को भी स्थान नहीं, निरंकुश स्वतंत्र ईश्वर एक-एक अपराधों को गिनकर दंड देंगे इस अनर्थ से बचने की इच्छा हो तो उनके चरणों में सिर झुकाओ और कोई उपाय नहीं, अपराध से परिपूर्ण मुझको वे दंड न दे अंगीकार करेंगे क्या? ऐसे मत डरो। आभिमुख्य मात्र से सब अपराधों को क्षमाकर तुमको भोग्यतया स्वीकार करने के उपयुक्त गुणों से वे पूर्ण हैं इसलिये तुम सुखी होना चाहो तो ईश्वर का आश्रयण करने का विचार करो', ऐसे उत्तम हितोपदेश से लक्ष्मीजी चेतन को वश करती हैं।

यह कहाँ देखे हैं इस आशंका में कहते हैं; पापिष्ठ दुर्मार्गप्रवृत्त रावण को उद्देश्य कर; 'हे रावण! तुम्हारी लंका को बचाने की इच्छा हो और घोर वध को न चाहो तो उस पुरुषोत्तम का आश्रयण करो।' 'वे शरणागति रूप धर्म को जानने वाले और शरणागत वत्सल हैं, यदि जीने की इच्छा है तो उनके साथ मित्रता कर लो' 'स्वामी के साथ मित्रता कर लेना ही तुमको उचित है, यह न बने तो रास्ते में लूटने वालों को भी पृथ्वी में पाँव को स्थिर रखकर ही लूटना चाहिए, तुमको रहने के लिए एक स्थान की अपेक्षा हो तो उनका आश्रयण करो उनके बिना कोई स्थल नहीं है।' 'दीन हो शत्रु के चरण में गिर बचने की अपेक्षा मरना ही अच्छा है, ऐसा समझते हो क्या? तब भी चित्रवध न कर समीचीन वध करने के लिए भी उनका आश्रयण करना चाहिए।' 'ऐसे अपराधी मुझको वे अंगीकार करेंगे क्या? ऐसे मत डरो, अभिमुख होने वालों के पूर्व अपराधों को देख कर क्रुद्ध होने की नीचता उनमें नहीं है, वे पुरुषोत्तम हैं शरणागति को परम धर्म जानते हैं और शरणागत चेतन के दोष को न देख भोग्य मानने के लिए वात्सल्य गुण उनमें है यह सर्वत्र प्रसिद्ध है, इसलिए जीने की इच्छा हो तो तुमको उनके साथ संबंध रखना चाहिए' ऐसे डराकर रावण को उपदेश की हैं। रावण के रामजी का आश्रयण न करने का कारण सीताजी के उपदेश की न्यूनता नहीं किन्तु उसके प्रबल पाप ही हैं।

इस प्रकार चेतन और परमात्मा दोनों को उपदेश द्वारा वश करने से 'श्रुश्रवणे' इस धातु से निष्पन्न श्रीशब्द में श्रृणोति, श्रावयति, इन व्युत्पत्तियों में 'श्रावयति' इस व्युत्पत्ति का अर्थ कहा गया। 'श्रावयति' यह ईश्वर विषयतया ही पूर्वाचार्यों के ग्रंथों में देखा जाता है तो भी तत्वदीप ग्रंथ में अथवा विमुखों को भी

भगवदाश्रयणोपदेश को करना, 'वे शरणागत धर्मज्ञ और शरणागत वत्सल हैं तुमको जीने की इच्छा हो तो उनका आश्रयण करो' 'ऐसा रावण को उपदेश करने से' इस तरह जीयर स्वामी चेतन के विषय में भी कहे हैं। इस प्रबंध में भी चेतन के विषय में कहने से कुछ विरोध नहीं!

इस उपदेश से चेतन और ईश्वर में क्या फलेगा इस आशंका में कहते हैं;

उपदेशेनोभयोरपि कर्मपारतंत्र्यं नश्यति ।।१५।।

उपदेश से दोनों का कर्म पारतंत्र्य जाता रहेगा ।।१५।।

इस प्रकार दोनों को तत्तदनुगुण क्रियमाण लक्ष्मीजी के उपदेश से पुण्य पापों के वश में खींचे जाकर भगवद्विमुख हो संचार करने वाले चेतन का कर्म पारतंत्र्य और चेतन कृत कर्म को प्रधान समझ उसके अनुगुण फल देंगे ऐसे इसके रक्षण से विमुख होने वाले ईश्वर का कर्म पारतंत्र्य ये दोनों निवृत्त होते हैं।

चेतन का कर्म पारतंत्र्य अनादि अचित् संबंध द्वारा होने वाले अज्ञान से हुआ है, ईश्वर का कर्म पारतंत्र्य निरंकुश स्वातंत्र्य कार्यभूत अपने संकल्प से आया हुआ है। इन दोनों के कर्म पारतंत्र्य अनादि होने पर भी मातृत्व संबंध से चेतन को आप्त और महिषीत्व संबंध से ईश्वर को अभिमत होने वाली लक्ष्मीजी के चेतन और ईश्वर को आर्द्रचित्त हो आश्रयण और अंगीकार के अभिमुख होने के लिए क्रियमाण उपदेश से निवृत्त होने में बाधक नहीं।

इस उपदेश से चेतन और ईश्वर कर्म पारतंत्र्य से नहीं हटेंगे तो लक्ष्मीजी क्या करेंगी इस आकांक्षा में कहते हैं;

उपदेशेनानिवर्तने चेतनं कृपया वशीकरोति, ईश्वरं सौंदर्येण वशीकरोति ।।१६।।

उपदेश से नहीं लौटने पर चेतन को कृपा से वश करती हैं, ईश्वर को सौंदर्य से वश करती हैं ।।१६।।

चेतन के न लौटने का कारण; अनादिकाल से 'किसी एक व्रत का अवलंबन कर अलग होता है' इस वचन के अनुसार भगवद्विमुख और विषयांतर प्रवण होने से आये हुए दुर्वासनादि हैं। ईश्वर के न लौटने का कारण; अपराधानुगुण इस चेतन की शिक्षा करूँगा ऐसी इच्छा से अपनी स्थिति को नहीं छोड़ने के योग्य निरंकुश स्वातंत्र्य है। इन हेतुओं से दोनों के अपने उपदेश से स्व स्व कर्म पारतंत्र्य से नहीं लौटनेपर;

''चेतन को कृपा से वश करना'' माने 'हा! हा! इसकी दुर्बुद्धि निवृत्त हो अनुकूल बुद्धि हो' ऐसी उसके विषय में लक्ष्मीजी से की जाने वाली परमकृपा के द्वारा पापबुद्धि नष्ट हो भगवदभिमुख होने के योग्य करना।

''ईश्वर को सौंदर्य से वश करना'' माने 'हाँ जी! जाइये तुम्हारा यही काम है' ऐसा कह उपदेश को न मानने पर नेत्रों को घुमाना, चोली को ढीला करना इत्यादि से अपना सौंदर्य दिखा उनको पागल बना अपनी बात को काट न सकें ऐसा कर अंगीकारोन्मुख बनाना।

तथाच 'पुरुषकार होने के समय' (सू. ८) से लेकर यहाँ तक (सू. १६) पुरुषकारत्व के उपयुक्त गुणविशेषों को, उन गुणों को आप ही प्रकाश करने के प्रकार को, संश्लेष और विश्लेष इन दोनों में क्रियमाण पुरुषकार को और उस पुरुषकार के प्रकारों को कहे हैं।

पुरुषकार वैभव प्रकरण समाप्त

।। उपाय वैभव प्रकरण।।

कृपादि गुणों को प्रकट की हैं ऐसा कहने से श्रीरामायण में कहे हुए पुरुषकार वैभव का प्रतिपादन किये, आगे महाभारत में कहे हुए उपाय वैभव को कहते हैं;

अज्ञातार्थान् साकल्येन ज्ञापयित्वाचार्यकृत्यस्य पुरुषकारकृत्यस्योपायकृत्यस्य च स्वेनैव स्वोपर्यारोपितत्वान्महाभारत उपायवैभव उक्तः ।।१७।।

अज्ञात अर्थों को पूर्णतया जनाकर आचार्य कृत्य, पुरुषकार कृत्य और उपाय कृत्य को आप ही अपने ऊपर आरोपण कर लेने से महाभारत में उपाय वैभव कहा गया ।।१७।।

अज्ञात अर्थ को जनाना आचार्य कृत्य है ईश्वर कृत्य नहीं इसलिए ही 'हमारे उत्पादक माता और पिता होकर' इस तरह प्रियकरत्व हितकरत्व रूप मातृपितृ कृत्यों को आपने ही हमारे विषय में किया है इस उपकार का अनुसंधान कर अनंतर आचार्य के कर्तव्य विशेष उपकार को भी आपने ही किया है ऐसा कहने वाले श्रीशठकोप सूरि 'अज्ञात अर्थों को जनाने वाले' ऐसा कहे हैं। इस स्थल में लोकाचार्य स्वामीजी का यह वाक्य उस दिव्यसूक्ति का सूचक है।

''अज्ञात अर्थों को पूर्णतया जनाना'' माने 'तत्वविवेक से लेकर प्रपत्ति पर्यंत अर्जुन को पूर्व अज्ञात संपूर्ण अर्थों को जनाना'। देह को आत्मा समझकर, देहसंबंधी बंधुओं में स्नेह के अयोग्य युद्ध स्थल में स्नेह करने वाले अर्जुन को प्रकृति और आत्मा के स्वभाव को कह प्रबुद्ध करना आवश्यक होने से;

'मैं भूतकाल में था, तुम और ये राजा लोग भी थे और हमलोग सभी इसके बाद होंगे।' (२.१२)

'इस देह में जीवात्मा को जैसे कौमार यौवन और जरा अवस्था प्राप्त होती हैं वैसे ही अन्य देह की प्राप्ति भी होती है इस विषय में बुद्धिमान मोहित न होगा।' (२.१३)

इत्यादि से प्रकृति और आत्मा के विवेक, आत्मा और परमात्मा के विवेक रूप तत्वज्ञान को,

'नित्य, अविनाशी और प्रमाणों से अपरिच्छिन्न आत्मा के ये देह नश्वर हैं इसलिए हे अर्जुन! युद्ध करो।' (२.१८)

'यह उत्पत्ति शून्य सदा रहने वाला पुराना है। चेतन कदाचित् न जन्मता है न मरता है। पहले हुआ था पीछे होगा ऐसा नहीं कह सकते। शरीर का नाश होने पर भी जीव का नाश नहीं होता।' (२.२०)

'जैसे मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्याग कर नूतन वस्त्रों को पहनता है वैसे ही जीर्ण शरीरों को छोड़ कर आत्मा अन्य नवीन शरीरों को लेता है।' (२.२२)

इत्यादि से आत्मा के नित्यत्व और देह के अनित्यत्व को पहले उपदेश कर, अर्जुन के स्वातंत्र्य भ्रम को दूर करने के लिए;

'भूमि, जल, अग्नि, वायु, आकाश, अहंकार, महत् और प्रकृति ये आठ हमारे अचेतन शरीर हैं।' (७.४)

'जिस जीव रूप हमारे शरीर से जगत धारण किया जाता है वह पूर्वोक्त शरीर से श्रेष्ठ समझो।' (७.५)

इस वचन के अनुसार चेतन अचेतन दोनों का शरीरी हो;

'सबके हृदय में मैं वास करता हूँ मेरे से ही स्मरण, ज्ञान और विस्मृति होते हैं।' (१५.१५)

'परमात्मा संपूर्ण भूतों के हृत्प्रदेश में रहते हैं, माया से सर्वप्राणियों को यंत्र में चढ़ाकर घुमाते

हैं।' **(१८.६१)**

इस तरह उक्त प्रकार सर्वजनहृदयस्थ सकल प्रवृत्ति निवृत्तियों को कराना रूप अपनी नियमन शक्ति को एवं सर्वनियंता और सर्वस्मात्पर होकर रहते हैं इतना ही नहीं किंतु;

'साधुओं की रक्षा, दुष्टों का विनाश और धर्म के स्थापन के लिए प्रतियुग में अवतार लेता हूँ।' **(४.८)**

ऐसे अवतार प्रयुक्त अपने सौलभ्य को,

'संपूर्ण प्राणियों के विषय में मैं समान हूँ, मुझे प्रिय और अप्रिय कोई नहीं।' **(९.२९)**

इस तरह आपका सब ही आश्रयण कर सकते हैं, इस समता को भी,

'प्रकृति के सत्व, रज, तमो गुणों से किये जाने वाले संपूर्ण कर्मों के प्रति अंहकार से मोहित यह चेतन मैं करता हूँ ऐसा मानता है।' **(३.२७)**

इस प्रकार अहंकार के दोष को,

'इस बुद्धिमान चेतन द्वारा इंद्रियों को रोकने का यत्न करने पर भी इंद्रियगण मन का मथन कर बलात्कार से अपने वश कर लेते हैं।' **(२.६०)**

इस प्रकार इंद्रियों के प्राबल्य को,

'हे अर्जुन! चंचल मन को रोकना अशक्य है इसमें संशय नहीं।' **(६.३५)**

ऐसे इंद्रियों की अपेक्षा मन की प्रबलता को दिखाये हैं। ऐसे आश्रयण विरोधियों को,

'उन इंद्रियों और मन को रोक कर हमारे विषय में लगाना चाहिए, जिसके वश में इंद्रियाँ हैं उसका ज्ञान स्थिर होता है।' **(२.६१)**

'चंचल अतएव अस्थिर मन जिस जिस विषय में चरता है उस उस विषय से रोक आत्मा के वश में लाना चाहिए।' **(६.२६)**

ऐसे आश्रयणोपकरण बाह्य और आंतर इंद्रियों को अपने वश में लाने के प्रकार को,

'हे अर्जुन! आर्त (नष्ट धन को चाहने वाला), जिज्ञासु (आत्मा को चाहने वाला), अर्थार्थी (नूतन ऐश्वर्य को चाहने वाला) और ज्ञानी (हमें चाहने वाला) ये चारों सुकृति लोग हमारा भजन करते हैं।' **(७.१६)**

ऐसे आश्रयण करने वाले अधिकारियों के चार प्रकार को,

'इस लोक में देव प्रकृति व आसुर प्रकृति नाम से दो प्रकार के प्राणियों की सृष्टि होती है, देव प्रकृति (दैवी संपत्) मोक्ष के लिए होती है आसुर प्रकृति (आसुरी संपत्) संसार के लिए होती है।' (१६.५, ६)

अपनी आज्ञाऽनुवर्तन करने वाले देवता हैं और आज्ञा उल्लंघन करने वाले असुर हैं इस प्रकार देवासुर विभाग को,

'हे कुरुश्रेष्ठ! हमारी विस्तृत विभूति का अंत नहीं है इसलिए प्रधान और शुभ विभूतियों को मैं कहूँगा।' **(१०.१९)**

ऐसे आरंभ कर इस विभूति में समस्त पदार्थों के वाचक शब्द हममें पर्यवसित होते हैं, शरीरभूत इन विभूतियों में अपने व्याप्ति प्रकार को,

'तुमको दिव्य चक्षु देता हूँ हमारी नियमन शक्ति को देखो' **(११.८)**, इस तरह दिव्य चक्षु को देकर,

'हे देव! आपके देह में संपूर्ण देवताओं, समस्त प्राणी समूह तथा चतुर्मुख ब्रह्मा, ब्रह्मा की गोद में बैठे हुए महादेव को, देदीप्यमान सब ऋषियों और देदीप्यमान सर्पों को मैं देखता हूँ।' **(११.१५)**

इत्यादि से अपने विश्वरूप को देखकर कहें जैसा करने से अपने भक्तों को दिव्यज्ञान दे अपने प्रकारों को दिखाते हैं, इस बात को,

‘हमारे विषय में मन लगाओ, हमारे भक्त बनो, हमारी आराधना करो और हमको नमस्कार करो इस प्रकार आत्मा को हमारे अधीन कर आश्रयण करोगे तो हमको ही प्राप्त होओगे।’ **(९.३४)**

इस प्रकार परत्व और सौलभ्य युक्त अपने चरणारविंदों में प्राप्ति रूप परम पुरुषार्थ के उपायभूत कर्म ज्ञान सहित भक्ति को,

‘हमारी ही शरण में आने वाले इस माया से तरते हैं।’ **(२.६०)**

‘उस आदि पुरुष का ही आश्रयण करता हूँ।’ **(१५.४)**

‘हे अर्जुन! संपूर्ण भाव से उस परमात्मा की ही शरण जाओ’, **(१८.६२)** इस रीति से भक्त्यंग प्रपत्ति को, चरम श्लोक से उस भक्तिरूप उपाय करने को अशक्य समझ कर सोचने वालों को सहज और स्वरूपानुरूप उपाय प्रपत्ति ही है इस बात को भी स्वयं श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जनाया है।

इस तरह अज्ञात सब अर्थों को जनाने से आचार्य कृत्य को स्वयं भगवान ने ही किया है।

अनंतर पुरुषकार कृत्य रक्षकभूत सर्वेश्वर का नहीं किंतु लक्ष्मीजी का कृत्य है;

‘संसार में अध: पतित प्राणियों को हमारी प्राप्ति के लिए लक्ष्मीजी पुरुषकार हैं ऐसा परमर्षि लोग दिखाये हैं हमारा भी वही मत है और दूसरा इसका लक्षण नहीं है।’ इत्यादि से लक्ष्मीजी पुरुषकार हैं इस प्रकार पांचरात्र में भगवान ही कहे हैं।

अर्जुन को तत्वज्ञानोत्पादन करने के लिए आचार्य कृत्य को अपने ऊपर श्रीकृष्ण ने लिया परंतु पुरुषकार कृत्य को अपने ऊपर लेने का प्रयोजन क्या? बिना पुरुषकार अंगीकार क्यों नहीं किया इस शंका में कहते हैं; अंगीकार करने के लिए पुरुषकार की आवश्यकता है। इस उपाय को जैसे पुरुष की अपेक्षा है वैसे ही पुरुषकार की अपेक्षा भी है, इन दोनों की आवश्यकता को उपाय स्वीकार रूप द्वयमंत्र के पूर्व वाक्य में प्रथम और चरम पदों से देख सकते हैं।

श्री शब्द से पुरुषकार को, प्रपद्ये इस उत्तम पुरुष से अधिकारी को भी कहते हैं। इस कारण चेतन ईश्वर को उपायतया आश्रयण करने के समय अपने अपराध के भय से लक्ष्मीजी को पुरुषकारतया आगे करने से वह लक्ष्मी चेतन के अपराध से हुए ईश्वर कोप को शांत कर मिलावे तो ईश्वर स्वीकार करते हैं इस क्रम को छोड़कर चेतन के अपराधानुसार अपने हृदय के कालुष्य को आप ही क्षमा कर इसको अंगीकार किये हैं ऐसा करने के समय चेतन की प्रार्थना के बिना स्वयं करने से पुरुषकार कृत्य को आप ही अपने ऊपर लिये हैं।

अनंतर उपाय कृत्य अपना ही होते हुए उस कृत्य को अपने ऊपर लेना माने ‘हमारा उपाय आप ही होओ’ ऐसा इस चेतन के प्रार्थना करने पर ईश्वर को कार्य करना उचित है इस प्रकार न कर हम ही इस चेतन का उपाय हो अनिष्ट निवृत्ति आदि को करेंगे ऐसा अपने ऊपर लेना। ‘हम ही को उपाय मानो सब पापों से तुमको मुक्त करूँगा’ **(१८.६५)** इस उक्ति से जान सकते हैं।

'उपायभाव और उपेयभाव आपके स्वरूप हैं गुण नहीं' इस प्रकार से कहे जाने वाले ईश्वर का उपाय कृत्य आगंतुक नहीं है। उभय लिंग विशिष्टता से उपायत्व और उपेयत्व ये दोनों स्वत: सिद्ध हैं।

अथवा उपेयभूत आपको उपाय करने से उपाय कृत्य अपने ऊपर लिये हैं ऐसा भी अर्थ करते हैं। यह अर्थ दूध जैसे औषध होता है वैसे यह परमात्मा सर्वत्र उपायभूत होने से, अर्जुन के लिए उस वक्त विशेषपूर्वक नहीं किया हुआ होने से 'उपाय' ऐसे इस वस्तु को निर्देश कर उसका वैभव कहने का प्रकरण होने से इस स्थल में उचित नहीं! इस कारण पहले कहा अर्थ ही ठीक है।

आचार्य कृत्य को अपने ऊपर लेने पर;

'कार्पण्य दोष द्वारा मैं मेरे स्वभाव से अलग हो धर्म के विषय में मोहित चित्त वाला हो आपसे पूछता हूँ, जो हमको श्रेयकर हो वह आप निश्चय कर कहिए, मैं आपका शिष्य और प्रपन्न हूँ, आप हमारा शासन कीजिए' (२.७) अर्जुन के ऐसे प्रार्थना करने पर आचार्य कृत्य को अपने ऊपर लिया यही कहने का अभिप्राय है, पुरुषकार कृत्य को अपने ऊपर लेने पर अन्य कृत्य को अपने ऊपर लेना और उसका बिना प्रार्थना किये अपने ऊपर लेना भी विवक्षित होने से, अपने कृत्य को अपने ऊपर लेने पर बिना प्रार्थना ही लिये हैं यह अर्थ विवक्षित होने से 'आप ही अपने ऊपर लेने से' यह तीनों कृत्यों में यथोचित अन्वित होता है।

आचार्य के अज्ञात ज्ञापन करने पर, लक्ष्मीजी पुरुषकार करने पर यह चेतन ईश्वर को उपायतया आश्रयण करता है तो इस चेतन के अनिष्ट को दूर करना और इष्ट प्रदान करना उचित है ऐसा न कर आप ही तीनों कृत्यों को अपने ऊपर लेना वैभव ही है। इस विषय का प्रतिपादन करने से महाभारत में उपाय वैभव कहा गया।

उपाय वैभव प्रकरण समाप्त

।।पुरुषकार और उपाय : साधारण वैभव प्रकरण।।

इस प्रकार पुरुषकार और उपाय दोनों के असाधारण वैभव कहे गये। अब दोनों के साधारण वैभव को कहते हैं;

पुरुषकारस्योपायस्य च वैभवो नाम दोषं गुणहानिं च दृष्ट्वा अनुपेक्षणमात्रं विनांगीकारस्य तयोरेवोपदात्वेन स्वीकारः ।।१८।।

पुरुषकार और उपाय का वैभव माने दोष और गुणहानि को देख उपेक्षा न कर अंगीकार करने के लिए उनको ही भेंट मानना ।।१८।।

उस उस के असाधारण वैभव कहने से पुरुषकार और उपाय को पृथक्–पृथक् लेकर कहे हैं, अब इस सूत्र में दोनों के साधारण वैभव को कहने से 'पुरुषकार' ऐसा इकट्ठा लेते हैं, दोनों के असाधारण वैभव कहने के स्थल में 'दोनों को वश करना' इत्यादि में शाब्दतया पुरुषकार स्वरूप और 'उपायकृत्य को आप ही अपने ऊपर लेने से' इति आर्थतया उपाय स्वरूप भी कहा गया। यहाँ उभय स्वरूप कथन पूर्वक वैभव को कहते हैं;

उपेक्षा न करने के हेतु दया और क्षमा हैं। भेंट समझने का हेतु वात्सल्य है।

''दोष'' माने 'अकृत्य करणादि निषिद्धानुष्ठान', ''गुणहानि'' माने 'विहित को न करना'। इन दोनों को 'मन वचन और काय से' इत्यादि चूर्णिका से श्रीरामानुज स्वामीजी कहे हैं।

'इसको करो' 'इसको मत करो' ऐसा विधि निषेध स्वरूप शास्त्र भगवान की आज्ञा रूप है। 'श्रुति और स्मृति हमारी ही आज्ञा है' ऐसा प्रभु आप ही कहे हैं। एवंभूत शास्त्र में निषिद्ध को कर विहित को न करना ही अनादि काल 'क्षिपामि', 'न क्षमामि' ऐसे भगवन्निग्रह का विषय होने का कारण है। ''इन दोनों को देख उपेक्षा न कर'' माने 'आश्रयणोन्मुख चेतन गत इन दोनों को देख 'यह चेतन हमको नहीं चाहिए' ऐसा कह उसका परित्याग न कर केवल अंगीकार करना मात्र नहीं प्रत्युत उन दोष और गुणहानि को उपहार समझना'।

उपेक्षा न करने के हेतु दया और क्षमा हैं। भेंट समझने का हेतु वात्सल्य है। गोमूत्रादि लगे हुए स्थल में घास न खाने वाली गौ अपने योनिप्रदेश से निकले हुए वत्स



के ऊपर के मल को भोग्यतया जैसे आदर से चाटती है वैसे आश्रितों के दोष को भगवान भोग्यत्वेन स्वीकार करते हैं। इस गुण के सदृश और कोई गुण नहीं। इस कारण से ही 'सदृश रहित गुणवान्' ऐसा श्रीशठकोप सूरिजी कहे हैं। श्रीरामानुज स्वामीजी भी 'अपार कारुण्य सौशील्य वात्सल्य' ऐसा और गुणों के साथ

वात्सल्य गुण के सदृश और कोई गुण नहीं।

वात्सल्यगुण को कह 'आश्रितवात्सल्यैकजलधे' ऐसे पृथक् वात्सल्यगुण की प्रशंसा किये हैं। यह वात्सल्य गुण मातृत्व संबंध से ईश्वर की अपेक्षा लक्ष्मी में अधिकतया रहता है। इस कारण दोनों अपने अपने अंगीकार करने के समय इस चेतन के दोष और गुण हानि को भेंट समझकर अंगीकार करते हैं।

इस प्रकार पुरुषकार और उपाय, दोष और गुणहानि के रहते हुए अंगीकार क्यों करते हैं? वे दोनों निवृत्त होने पर ही अंगीकार करेंगे ऐसा समझकर रहेंगे तो क्या दोष होगा? इस आकांक्षा में कहते हैं;

उभयमप्युभयमपि निवृत्तं स्यादिति तिष्ठति यदि—उभयोरप्युभयमपि प्रसज्येत् ।।१९।।

दोनों दोनों निवृत्त हो ऐसा मानने पर दोनों को दोनों होंगे ।।१९।।

''दोनों'' माने 'पुरुषकार और उपाय'। ''दोनों निवृत्त हो ऐसा रहने पर'' माने 'इस चेतन को अंगीकार करने के समय इसके दोष और गुणहानि ये दोनों निवृत्त होने चाहिये ऐसा समझ कर आश्रयण उन्मुख इस चेतन को अंगीकार न करना'। ''ऐसा रहने पर दोनों को दोनों होंगे'' माने 'पुरुषकार और उपाय इन दोनों को दोष और गुणहानि दोनों होना'। यह कैसे इस आकांक्षा में कहते हैं;

''दोष का होना'' माने **'त्वं माता सर्वलोकानां देवदेवो हरिः पिता'**। 'आप सब लोगों की माता और देवदेव हरि पिता हैं' **'अखिलजगन्मातरम्'** 'अखिल जगन्माता को' **'पितासिलोकस्य चराचरस्य'** 'लोक का पिता हो' इन वचनानुसार सकल चेतनों के निरुपाधिक माता और पिता होने से इस चेतन के सत्कर्म असत्कर्म दोनों अपने ही हैं जैसा संबंध रहने पर इस चेतन के दोषादि को देख अंगीकार न करने से तादृश निरुपाधिक संबंध की हानि होगी। ''गुणहानि होना'' माने 'इस चेतन के दुःख को देख दया न करने से, इसके दोष को भोग्यतया स्वीकार न करने से कृपा वात्सल्य आदि गुणों की हानि होना'।

अथवा ''दोष और गुणहानि'' माने 'अकृत्य को करना और कृत्य को न करना'। ''पुरुषकार का अकृत्यकरण'' माने 'ईश्वर से भी दोष को छिपाने वाली आप दोषादि के निवृत्त न होने पर अंगीकार न करूँगी ऐसा मानकर रहना'। ''कृत्याकरण'' माने 'इस चेतन के दोषादि को न देख स्वीकार कर ईश्वर के साथ मिलाना अपने इस कृत्य को न करना'।

''ईश्वर का अकृत्यकरण'' माने 'संसारी चेतनों की नीचता को देख उनका त्याग न करके स्वाभाविक संबंध रूप हेतु से अद्वेषादि गुणों को उत्पादन करने के लिये सन्मुख घेरते हुए संचार करने वाले सर्वभूत सुहृद, आपके इस चेतन को अंगीकार करने के समय इसके दोषादि निवृत्त न होने से अंगीकार न करूँगा, ऐसा समझ रहना'। ''ईश्वर का कृत्याकरण'' माने 'इस चेतन के दोषादि को न देख इसको स्वीकार कर स्वकृत्य रूप अनिष्ट निवृत्त्यादि न करना'।

यह चेतन के विषय में कहा हुआ अकृत्य करणादि के सदृश शास्त्र दृष्टि से नहीं कहा जाता है परंतु लक्ष्मीनारायण के स्वभाव को देखकर कहा है। विमुख चेतनों के भी दोष और गुण हानि को भेंट मानकर स्वयं स्वीकार करने के स्वभाव वाले इन दोनों को, अभिमुख चेतनों के अंगीकार करने के समय दोषादि निवृत्त हो ऐसा रहना असंभव होने से इन दोनों में

दोष और गुणहानि आने का अवकाश नहीं। तथापि ऐसा कहना—इस अर्थ स्वभाव के न जानने वाले चेतनों के आश्रयणोन्मुख चेतनगत दोष और गुणहानि निवृत्त होना चाहिए ऐसा न रह उन दोष और गुणहानि के साथ ही अंगीकार करना इन दोनों के अवश्य कर्तव्य हैं; ऐसा जनाने के लिए।

इस प्रकार दोषादि नष्ट न होने पर अंगीकार न करेंगे ऐसा रहे तो लक्ष्मी और नारायण को दोषादि होवेंगे ऐसा कह अनंतर चेतन दोषादि न होने से ही हमको अंगीकार किये हैं ऐसा माने तो इस चेतन को दोष और गुणहानि होवेंगे इस बात को नीचे कहते हैं;

उभयमपि निवृत्तमिति स्थितावस्योभयमपि प्रसज्येत् ।। २०।।

दोनों निवृत्त हुए ऐसा मानें तो इस चेतन को दोनों होते हैं ।।२०।।

''दोनों निवृत्त हुए ऐसा मानना'' माने 'इतने दिन हमको अंगीकार न करने वाले आज अंगीकार किए इसका कारण हमारे दोषादि दुर्गुण निवृत्त होना ही है, इससे मैं दोष रहित हूँ ऐसा समझ रहना'! ''ऐसा मानने पर चेतन को दोनों होते है'' माने 'अकृत्यकरण और कृत्याकरण इन दोनों का होना'। 'यह कैसे?' इस आकांक्षा में कहते हैं; हमारे दोष और गुणहानि दोनों निवृत्त होने से ही अनादि काल से अंगीकार न करने वाले आज अंगीकार किये हैं, ऐसा समझना इस अधिकारी को अकृत्य है इसको करने से अकृत्यकरण रूप दोष होता है। 'नीच हूँ' 'कोई गुण नहीं है' 'मर्यादारहित हूँ' 'जान वा न जान' 'आज्ञा का उल्लंघन करने वाला' इत्यादि प्रकार से हमारे दोष और गुणहानि आज पर्यंत किंचित् भी निवृत्त न हुए ऐसा होने पर भी दोषादि को भेंट समझकर हमको अंगीकार किये हैं ऐसा अनुसंधान करना कृत्य है, इसको नहीं करने से कृत्याकरणरूप दोष आता है।

इस प्रकार पुरुषकार और उपाय अर्थात् लक्ष्मी और नारायण दोषादियों को भेंट समझकर कहाँ अंगीकार किये हैं इस आकांक्षा में उन उनके अंगीकार पाये हुए राक्षसियों और अर्जुन को बताते हैं। इनके दोषों को दिखाने से ही वह सिद्ध होगा ऐसा समझकर प्रथम राक्षसियों के दोष को दिखाते हैं;

राक्षसीनां दोषः प्रसिद्धः ।। २१ ।।

राक्षसियों के दोष प्रसिद्ध हैं ।।२१।।

एकाक्षी एककर्णी प्रभृति सात सौ राक्षसियाँ परहिंसा प्राप्त होने पर, पाप स्वभाव वाली, दस महीने एक रीति से, अपने खाने तक को छोड़ने वाली सीताजी को तर्जन भर्त्सन कर पीड़ा दी हैं। ''इनका दोष प्रसिद्ध है'' माने 'श्रीरामायण का प्रचार जिस देश में है उस देशवासी सभी जानते हैं'। एवंभूत राक्षसियों को देख **'राजसंश्रयवश्यानां'** 'राजा (रावण) के आश्रित अतएव राजा के वश्य' **'पापानां वा शुभानां वा'** 'पापी हो या पुण्यवंत हो' ऐसे दोष को ही गुणतया प्रतिपादन कर हनुमानजी से विवाद कर रक्षा की हैं। इससे दोष ही को भेंट मानकर अंगीकार करना प्रसिद्ध हुआ।



गुणहानि को न कहने का कारण दोष ही को भेंट मानने वाले गुणहानि को भेंट मानेंगे इसमें कहना ही क्या? ''इन राक्षसियों की गुणहानि'' माने 'विच्छेद बिना निरंतर सीताजी को दु:ख देने के समय ये भी हमारे सदृश स्त्री हैं इनको दु:ख देना उचित नहीं, ऐसे भूलकर भी कृपा न करना'। 'हम तुम लोगों की रक्षा करेंगी' इस बात के अनंतर अहो! ऐसे हमलोगों की रक्षा करने की प्रतिज्ञा की हैं इनको दु:ख देना उचित नहीं ऐसा समझकर कृपा करना उचित होने पर भी दु:ख ही देती रहीं।

इस तरह के दोष अर्जुन में नहीं हैं और गुण भरे हैं तो भी इनमें दोष क्या? इस शंका में उनके दोषों को दिखाते हैं;

जितेंद्रियेषु मस्तकस्यास्तिकाग्रेसरस्य 'केशवस्यात्मा' इति कृष्णस्य धारकस्यार्जुनस्य दोषः क इति चेत् — बंधुषु स्नेहः कारुण्यं वधभीतिश्च।।२२।।

जितेंद्रियों में प्रधान, आस्तिकाग्रेसर, 'केशव के आत्मा' ऐसे कृष्ण के धारक अर्जुन का दोष क्या? ऐसी शंका में — बंधुओं के ऊपर स्नेह, करुणा और वधभीति ये दोष हैं ।।२२।।

''जितेंद्रियों में'' माने 'उस उर्वशी का शरीर आभरण का आभरण और अलंकार का अलंकार, उपमान का उपमान है'। इस वचनानुसार सौंदर्यवती उर्वशी स्वयं आकर ऊपर गिरने पर भी मातृत्व संबंध को कह प्रणाम कर हट गया है, इस कारण इंद्रियजय करने वालों में अर्जुन से अधिक और कोई नहीं है।

''आस्तिकाग्रेसर'' माने 'धर्म अधर्म परलोक चेतन ईश्वर आदि के प्रतिपादक शास्त्रों को प्रमाण मानने वालों में प्रधान होना'।

''केशव के आत्मा'' माने 'अर्जुन केशव की आत्मा है कृष्ण अर्जुन की आत्मा है' ऐसे परस्पर प्राणभूत होने से अर्जुन के विश्लेष को कृष्ण नहीं सह सकते, इस प्रकार अभिमत विषय होने से ''अर्जुन का दोष क्या'' है? यही शंका का अभिप्राय है।

अब अर्जुन के दोषों को कहते हैं;

इनमें *स्नेह और करुणा अस्थान में होने से दोष हुए हैं। वधभीति स्वधर्मरूप युद्ध में अधर्म बुद्धि करने से हुई है, इसलिए यह भी दोष मानी जाती है।* यामुनाचार्य स्वामीजी; 'अस्थान में स्नेह, करुणा और धर्म में अधर्म बुद्धि से व्याकुल हुए अर्जुन को' ऐसा कहे हैं। 'धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में युद्ध करने की इच्छा से मिले हुए।' ऐसी युद्ध इच्छा से दोनों तरफ की सेना आ खड़े होने पर युद्ध करना आवश्यक है ऐसा होने पर भी; ''हे कृष्ण! मैं विजय, राज्य और सुख को नहीं चाहता। हे गोविंद! राज्य, जीवन से हमको क्या प्रयोजन? जिनके लिए हम राज्य, भोग और सुख को चाहते हैं वे युद्ध में धन और प्राणों को छोड़कर खड़े हैं इस तरह इनका संहार कर हम कैसे जी सकते हैं?'' इस तरह बंधुओं के ऊपर स्नेह करना अपने क्षत्रियधर्म के विरुद्ध होने से निषिद्ध है।

'अर्जुन ने युद्ध करने के लिए उपस्थित समस्त बंधुओं को देख अत्यंत कृपा से युक्त हो सोचते हुए इस बात को कहा।' *ऐसे युद्ध के समय किया हुआ कारुण्य याग में पशुहिंसा करने में करुणा करने की तरह निषिद्ध है।* 'हे जनार्दन! कुलक्षय करने से होने वाले दोष को देखते हुए हम लोग इस पाप से हटने को क्यों नहीं जानते।' ऐसे आरंभ कर; 'राज्यसुख के लोभ से अपने बंधुओं को मारने के लिए उद्यत हुए हम लोग

महत्पाप करने को तैयार हुए हैं यह खेद की बात है।' इत्यंत स्वधर्मवर्णरूप वध में अधर्म बुद्धि से की हुई भीति भी दोष ही है।

ये सभी दोष अप्रधान हैं इनसे भी अधिक प्रधान दोष और है ऐसा कहते हैं;

द्रौपदीपरिभवं दृष्ट्वा स्थितिः कृष्णाभिप्रायेण प्रधानदोषः ।।२३।।

द्रौपदी के परिभव को देखते रहना श्रीकृष्ण के अभिप्राय से प्रधान दोष है ।।२३।।

पहले द्रौपदी के दुर्योधनादि कर्तृक परिभव को देखते हुए भी द्यूत में अपनी हार को याद कर धर्मभीति से सहने पर भी;

'हे गोविन्द! हे पुण्डरीकाक्ष! शरणागता मेरी रक्षा करो।' ऐसे श्रीकृष्ण के चरण में शरणागति करने के बाद द्रौपदी के परिभव करने पर भगवदाश्रितों के अन्यलोग कर्तृक परिभव को देखकर समर्थ हो तो रोकना चाहिए, असमर्थ हो तो दु:खित हो हट जाना चाहिए, ऐसी विशेष शास्त्र की मर्यादा को विचार कर या अपने विषय में श्रीकृष्णजी का स्नेह और पक्षपात आदि का स्मरण कर उनकी शरणागता द्रौपदी अपमानित होने पर देखते रहे तो श्रीकृष्ण के मुख को कल मैं कैसे देख सकूँगा इति वा शीघ्र उद्यत होकर रोकना उचित है ऐसा न कर पहले के माफक मुख विकार रहित रहा है यही अर्जुन में सब दोषों से प्रधान दोषतया श्रीकृष्णजी समझते हैं। इसलिए 'श्रीकृष्णाभिप्राय से प्रधान दोष' ऐसा श्रीलोकाचार्यस्वामी भी कहे हैं। दोष का प्राधान्य क्रौर्य से ही है। *भागवतापचाररूप दोष और दोषों के माफक नहीं 'न क्षमामि' ऐसा भगवान भी कहे हैं।*

भगवदाश्रितों के अन्यलोग कर्तृक परिभव को देखकर समर्थ हो तो रोकना चाहिए, असमर्थ हो तो दु:खित हो हट जाना चाहिए।

इस दोष की प्रधानता का उपपादन करते हैं;

पांडवानां च निरसनस्य प्राप्तौ स्थापनं द्रौपदीमंगलसूत्रार्थम् ।। २४।।

पांडवों का भी निरसन करना उचित होने पर भी उनकी रक्षा करना द्रौपदी के मंगलसूत्र के लिए है।।२४।।

'पांडवों का भी' कहने से परिभव करने वाले दुर्योधनादियों के सदृश परिभव को देखने वाले पांडव भी निरसन करने योग्य हैं ऐसा अभिप्राय है। ''निरसन करना उचित होने पर भी रक्षा करना'' माने 'इनके अपराधों का उचित दंड शिरश्छेद होने पर भी जीवित रखना'। ''द्रौपदी के मंगलसूत्र के लिए'' माने 'उनके अभिमत मंगलसूत्र नहीं टूटने के लिए'। बिखरे केश न देख सकने वाले शून्य कंठ को नहीं देख सकते हैं।



इससे आश्रितों का परिभव करने वालों के बराबर

उस परिभव को देखते रहने वाले भी निरसन करने योग्य हैं, वे लोग यदि आश्रित लोगों के अवर्जनीय संबंध वाले हों तो उनके लिए परमात्मा से रक्षित होवेंगे ऐसा जानना।

फिर इस प्रकार निग्रह के पात्र अर्जुन के लिये नीचकृत्य कर परमात्मा क्यों परम रहस्य का उपदेश किये हैं? ऐसी आकांक्षा में कहते हैं;

अर्जुनस्य दौत्यसारथ्यकरणं प्रपत्त्युपदेशकरणं चैतदर्थम् ।। २५।।

अर्जुन का दौत्य सारथ्य कर प्रपत्त्युपदेश करना द्रौपदी के लिए हैं ।।२५।।

''दौत्य करना'' माने 'असत्य संबंध को कहते हुए जाकर बुद्धि भेद कर युद्ध कराने के लिए', ''सारथ्य करना'' माने 'आयुध नहीं लेना ऐसा कहने से आयुध न होने वाले चाबुक को हिलाकर भारत युद्ध में सारी सेना को भूमि में गिराने के लिए है', ''प्रपत्त्युपदेश करना'' माने 'युद्ध न करूँगा' ऐसा कहने वाले अर्जुन को आपके वचनानुसार करूँगा ऐसा कहवा कर युद्ध में प्रवृत्त करने के लिए है। यह सब करना—शरणागता द्रौपदी के संकल्पानुसार दुर्योधनादियों का नाश कर द्रौपदी के केश बाँधने के लिए ही हैं।

तथा च अर्जुन के विषय में किये हुए दौत्य आदि तीनों द्रौपदी के लिए किये हैं ऐसा समझना। 'पांडवों का' (सू. २४) से एतत्पर्यंत (सू. २५) पूर्वोक्त प्रधान दोष का क्रौर्य कहा गया।

तथाच इस प्रकार अस्थान स्नेहादि और आश्रित परिभव देखते रहना रूप महादोष अर्जुन में होने पर भी;

'हे अर्जुन! तुम हमारे प्रिय हो और दृढ हो इसलिए तुम्हारे हित को, सब रहस्यों में श्रेष्ठ हमारे उत्तम वचन को सुनो।' **(४.३)**

'हमारे में मन को लगाओ, हमारे भक्त होओ, हमारी आराधना करो, हमको प्रणाम करो, हम ही को प्राप्त होओगे। तुम हमारे प्रिय हो, मैं प्रतिज्ञा करता हूँ। **(१८.६५)**

ऐसा अर्जुन के ऊपर प्रीति से कहे हैं। इस कारण इनके दोषों को भेंट समझकर अंगीकार किये हैं।

गुणहानि नहीं कहना; दोष ही भेंट होने पर गुणहानि का भेंट होना कैमुत्यसिद्ध है। इसकी गुणहानि 'इस कारण हे अर्जुन! युद्ध करो' ऐसा गीता के द्वितीय अध्याय के प्रारंभ में कहने के वक्त ही 'आपके वचनानुसार मैं करूँगा' ऐसा उद्यत होकर अपने कृत्य युद्ध को न करना, श्रीकृष्ण की शरणागता द्रौपदी के परिभव को हम देखते रहे ऐसा स्वल्प अनुताप भी मन में न होना आदि।

दौत्य सारथ्य कर प्रपत्त्युपदेश करना द्रौपदी के वास्ते हो तो 'अर्जुन के दोष को भेंट मानकर स्वीकार किया' ऐसा कहना असंगत है, इस आकांक्षा से कहते हैं;

द्रौपदी के कार्यार्थ अर्जुन को उद्देश्य कर सब कुछ करने पर इनके दोषों को देख मुखविकार रहित संतोषपूर्वक करने से, विरोध नहीं। अर्जुन को उद्देश्य कर आचार्यकृत्यों को अपने ऊपर लेने के समय उनके दोष को भेंट मान, सारथी हो अभिन्नरूप से मिलना इत्यादि होने से 'अज्ञात अर्थों को' इत्यादि से आश्रयण सौकर्यापादक वात्सल्यादि गुण सूचित हैं। यहाँ पर 'दौत्य सारथ्य करना' इससे; 'हमको जानते हो और शत्रुओं को जानते हो, अर्थ को जानते हो भाषण करने को जानते हो, हे कृष्ण! जो जो

हमारा हित है वही सुयोधन से कहो।' इस वचनानुसार कार्य और अकार्य को जानने वाले आपके गये बिना कार्य सिद्ध न होगा ऐसा समझ पांडवों की रक्षा करने के लिए दौत्य करना, आयुध नहीं लेना ऐसा कहने पर सारथ्यकृत्य में प्रवृत्त हो रथ के चक्र से शत्रुओं का नाश करना भी सूचित होने से आश्रित कार्यापादक ज्ञानशक्त्यादि गुण सूचित हैं। 'प्रपत्त्युपदेश करना' ऐसा कहने से चरमश्लोक के 'माम्' 'अहम्' इन पदों से कहे जाने वाले उभयविध गुण भी सूचित हैं। इस कारण पुरुषकार वैभव कहने के स्थल में 'श्रीमत्' पद का अर्थ जैसे प्रकटित हुआ वैसे उपाय वैभव कहने के स्थल में नारायण पद का अर्थ भी सूचित हुआ। उपायत्व कहने से 'चरणौ शरणम्' इनका अर्थ सूचित हुआ।

तथाच 'इतिहास श्रेष्ठ' (सू. ४) ऐसे प्रारंभ कर यहाँ तक (सू. २५) श्रीरामायण और महाभारत में कहे हुए पुरुषकार और उपाय के वैभव उन उनके स्वरूपों के साथ विशदतया कहे गये हैं।

छः संगति में प्रथम प्रकरण और नौ संगति में प्रथम प्रकरण समाप्त हुआ।*

पूर्वोक्त उपाय का स्वीकाररूप 'प्रपत्त्युपदेश करना' इस प्रसंग से प्रस्तुत प्रपत्ति के प्रकार को विस्तारपूर्वक कहते हैं, उसमें प्रथम अर्जुन को प्रपत्त्युपदेश करने के समय युद्धस्थल में कालविशेष को न देख स्नानादि नियम रहित अर्जुन को उपदेश कैसे किये, प्रपत्ति के लिए देश काल आदि का नियम नहीं है क्या? ऐसी शंका में कहते हैं;

प्रपत्तेर्देशनियमः कालनियमः प्रकारनियमोधिकारिनियमः फलनियमश्च नास्ति ।।२६।।

प्रपत्ति का देशनियम, कालनियम, प्रकारनियम, अधिकारीनियम और फलनियम भी नहीं है ।।२६।।

''प्रपत्ति'' माने 'भगवान को उपायतया स्वीकार करना', ''देशनियम'' माने 'पुण्यदेशों में करना अन्यदेशों में न करना', ''कालनियम'' माने 'बसंतादिकालों में करना और कालों में न करना', ''प्रकारनियम'' माने 'स्नान पादप्रक्षालन पूर्वक करना अन्य प्रकार से न करना', ''अधिकारीनियम'' माने 'त्रैवर्णिक कर सकते, अत्रैवर्णिक नहीं कर सकते ऐसा नियम होना', ''फलनियम'' माने 'दृष्टादृष्टफलों में अमुक फल का साधन होना और फल का साधन न होना'। देशकाल साद्गुण्य वैगुण्य हेतु से होने वाले अतिशय और अनतिशय रहित होने से तीर्थ में स्नान करने के समय शुद्ध हो वा अशुद्ध हो सभी जैसे स्नान कर सकते हैं वैसे शुद्ध अशुद्ध विभाग बिना प्रपत्ति करने के योग्य होने से, वर्णाश्रमानुरूप न हो स्वरूपानुरूप होने से चेतनों की रुचि अनुसार फलों का साधन होने से पूर्वोक्त नियम इसको नहीं है।

'यह प्रपत्ति जातिभेद, कुल, आश्रम, शमदमादि, कर्मानुष्ठान, देश, काल और बाल्यादि अवस्थाओं को नहीं चाहती है।'

ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, स्त्री और अवांतरजाति ये सभी सबके सृष्टिकर्ता परमात्मा की प्रपत्ति कर सकते हैं, ऐसा प्रपत्ति का देश काल प्रकार अधिकारी नियमाभाव भारद्वाज संहिता में कहा है।

'प्रपत्ति को कहीं भी और उपायों की तरह परापेक्षा नहीं है। प्रपत्ति सर्वदेश में सर्वकाल में सब लोगों को सर्वाभीष्ट फल देती है।' ऐसे फल नियमाभाव को सनत्कुमार संहिता में कहा है।

ये नियम न होने पर भी और कोई नियम इस प्रपत्ति का है क्या? इस आकांक्षा में कहते हैं;

* श्री वरवरमुनि उपोद्घात

विषयनियम एवास्ति ।।२७।।
विषय नियम ही है ।।२७।।

''विषय नियम'' माने 'अमुक विषय में कर्तव्य ऐसा नियम' ही इसका है। ये सब बातें श्रीलोकाचार्य स्वामी स्वयं आगे कहेंगे।

इस प्रपत्ति के ये नियम नहीं हैं तो और किसके ये सब नियम हैं? इस आकांक्षा में कहते हैं;

कर्मण: पुण्यक्षेत्रं वसंतादिकाल: शास्त्रोक्तास्तत्तत्प्रकारास्त्रैवर्णिका इत्येते सर्वे व्यवस्थिता: ।।२८।।
कर्म का पुण्यक्षेत्र, वसंतादि काल, शास्त्रोक्त तत्तत्प्रकार और त्रैवर्णिक ऐसे ये सब व्यवस्थित हैं ।।२८।।

''कर्म'' माने 'ज्योतिष्टोम यागादि'। ''पुण्यक्षेत्र'' माने 'शास्त्रों में पवित्रतया कहे जाने वाले देश'। ''वंसतादि'' माने 'आदि शब्द से ग्रीष्म, शरत्, शुक्लपक्ष, कृष्णपक्ष, पूर्वाह्न, अपराह्न आदि कालों को जानना'। 'प्रतिवसंत में अग्नि संबंधी याग करें' इत्यादियों से कालनियम कहा गया। ''शास्त्रोक्त तत्तत्प्रकार'' माने 'शौच, आचमन, स्नान, व्रत, जप आदि रूप से तत्तत्कर्मानुगुण शास्त्रविहित तत्तत्प्रकार हैं'। उपनयन संस्कार पूर्वक वेद के अधिकारियों को ही वैदिक कर्माधिकार होने से 'त्रैवर्णिक' ऐसा कहा। यह गृहस्थत्व, कृष्णकेशित्व और वेदवेदांगयुक्तत्व को भी दिखाता है। ''व्यवस्थित हैं'' माने 'नियमेन कर्तव्य हैं'।

प्रपत्ति को इनमें से कुछ भी आवश्यक नहीं है, ऐसी की हुई प्रतिज्ञा का उपपादन करने के लिए प्रवृत्त हो पहले देश काल नियमाभाव को कहते हैं;

'स एष देश: कालश्च' इत्युक्तत्वादस्या देशकालनियमो नास्ति ।।२९।।
'वही यह देश और काल है', ऐसा कहने से इसको देश काल नियम नहीं है।।२९।।

'बद्धवैर पापी रावण से विभीषण अदेश और अकाल में प्राप्त हुआ है इसलिये सर्वथा संदेह करने के योग्य है।' ऐसा प्रथम श्रीजाम्बवान् और सुग्रीव श्रीरामजी से विज्ञापन किये थे। इस पक्ष का दूषण करने वाले हनुमान; 'वह विभीषण अदेश और अकाल में प्राप्त हुआ है इस विषय में मुझे कुछ कहने की इच्छा है उसको आप सुनिये।'

'स एष देश: कालश्च भवतीह यथातथा।
पुरुषात्पुरुषं प्राप्य तथा दोषगुणावपि।।'

'जैसे वही देश और वही काल होता है वैसे एक पुरुष से दूसरे पुरुष को प्राप्त हो दोष और गुण होते हैं।' 'रावण में दोष देख और आपमें पराक्रम देख



विभीषण का आगमन उचित है और उसकी बुद्धि के अनुगुण भी है।'

रावण से अपमानित हो अपनी नीचता को आगे कर शरण लिया हुआ विभीषण सूरि अदेश और अकाल में आया है ऐसा आपके मंत्रियों से कहा गया इस पक्ष में हमको कहने की इच्छा होती है। विभीषण जिस देश और काल में आया है, उसके आगमन का वह देश यही है, वह काल यही है इस बात को यथामति मेरे विज्ञापन करने पर आप श्रवण करेंगे। तथाच तामस प्रकृति होने से परहिंसा को ही देह यात्रा मानने वाले रावण की अपेक्षा सत्वोत्तत होने से पररक्षण ही को देह यात्रा मानने वाले आपको प्राप्य समझकर, वैसे ही रावण को नहीं छोड़ने पर उसके अकृत्य का सहकारी हो उसके प्रातिकूल्य के साथ मैं नष्ट हो जाऊँगा ऐसे इस दोष को भी, धर्मात्मा आपके साथ मिलने पर उसका फल आपके चरणों में कैंकर्य प्राप्त हो उज्जीवित होना रूप गुण को भी विचार कर, वैसे ही आपके हृदय में दुःख हो ऐसे अत्यंतापराधी रावण की दुष्टता को, दुरात्माओं को अनायास नाश करने में समर्थ आपकी वीरता को भी देखने पर विशेषज्ञ विभीषण का यह आगमन उचित है और न्याय में चलने वाली उसकी बुद्धि के अनुरूप भी है ऐसा हनुमानजी ने कहा है।

तथाच इस प्रकार शुद्ध भाव वाले 'विभीषण शरण है' कह आये हुए देश कालों में दोष नहीं देखना चाहिए, उस विभीषण का आगमन ही देश और काल है ऐसे शरणागति धर्मज्ञ हनुमान के निर्णय करने से प्रपत्ति को देश काल नियम नहीं यह सिद्ध हुआ।

यह प्रपत्त्यनुष्ठान द्वयमंत्र के प्रथम पद में देख सकते हैं ऐसा कहते हैं;

अयमर्थो मंत्ररत्ने प्रथमपदे द्रष्टव्यः ।।३०।।

यह अर्थ मंत्ररत्न के प्रथम पद में स्पष्ट है ।।३०।।

सकलोपनिषत्सार सर्वाधिकार शीघ्रफलप्रद सर्वेश्वर के अत्यंत अभिमत होने से सब मंत्रों में उत्कृष्टतया 'द्वयरूप मंत्ररत्न से' ऐसे मंत्ररत्न नाम से द्वयमंत्र प्रसिद्ध है। उस वैभव को जनाने के लिए द्वय ऐसा न कह 'मंत्ररत्न' कहा है। उसके प्रथम पद में मतुप् का अर्थ पुरुषकार और उपाय का नित्यसंबंध है, उसका प्रयोजन; किसी देश किसी काल में किसी संसारी चेतन को भगवत्समाश्रयण की रुचि उत्पन्न हो तो **'चंचलं हि मनः कृष्ण'** 'मन चंचल है' **'स्थितप्रकारेणातिष्ठन्मनः'** 'स्थितप्रकार में मन नहीं रहता' ऐसे झंझामारुत के सदृश घूमने वाले मनरूप क्षेत्र में अंकुरित क्षणभंगुर रुचि नष्ट होने के पहले रुचि उत्पत्ति क्षण में आश्रयण करने के योग्य होना। इस कारण से प्रपत्ति का देश काल नियमाभाव है ऐसा उस पद में स्पष्ट मालूम होता है।

प्रकार नियम अभाव को दिखाते हैं;

प्रकारनियतिर्नास्तीत्यर्थः सर्वत्र द्रष्टुं शक्यते ।।३१।।

प्रकार नियम अभाव को सर्वत्र देख सकते हैं ।।३१।।

''सर्वत्र देख सकते हैं'' माने 'प्रपत्ति करने वाले और सुनने वाले सब लोगों में देख सकते हैं'। वह कहाँ देखे हैं? इस आकांक्षा में पूर्व प्रस्तुत विषयों में दिखाते हैं;

द्रौपदी स्नाता न खलु प्रपत्तिमकरोत्, अर्जुनो नीचमध्येऽमुमर्थमशृणोत् ।। ३२।।
द्रौपदी स्नान नहीं करके प्रपत्ति की है, अर्जुन नीचों के बीच में इस अर्थ को सुना है ।।३२।।

''स्नान नहीं कर प्रपत्ति की है'' माने 'दु:शासन से खिंची हुई सभा में आने के समय'; 'मैं रजस्वला और एक वस्त्र हूँ। हमें सभा में नहीं ले जा सकते हो। वहाँ बड़ों के सामने खड़ी होने योग्य नहीं हूँ।' ऐसे, अपवित्र द्रौपदी स्नान के बिना ही प्रपत्ति की है, इस कारण प्रपत्ति का अनुष्ठान करने वालों को शुद्ध हो प्रपत्ति करना इस नियमाभाव को दिखाये हैं।

नीचों के बीच में इस अर्थ को सुना है, इस वाक्य में नीच माने 'महावैभव को न जानने वाले ही नीच हैं' ऐसे परकालसूरि से कहे हुए परमात्मा के विमुख और हेय चेतन हैं। 'विष्णुभक्ति रहित यति (संन्यासी) भी श्वपच (चांडाल) से नीच है' 'षड्गुण (अध्ययन, अध्यापन, यजन, याजन, दान और प्रतिग्रह) विशिष्ट कमलनाभ के पादारविंदयुगल से विमुख ब्राह्मण की अपेक्षा चांडाल को श्रेष्ठ मानना।' ऐसे भगवद्विमुखों को चांडाल से नीच कहा है। तदुपरि शरणागता द्रौपदी का परिभव कर शरणागत पांडवों के विषय में बुराइयाँ करने से 'उसी वक्त चांडालता को प्राप्त होता है' इस वचनानुसार सब ही कर्म चांडाल इकट्ठे हुए हैं। 'नीचों के बीच में' ऐसा कहने से नीच स्पर्श से अर्जुन को हुई अशुद्धि नीच समीप में हुई जानना। इससे प्रपत्ति का श्रवण नीचों के बीच में नहीं करना चाहिए इस नियम का अभाव दिखाये हैं।

इसका प्रयोजन कहते हुए अर्थ को समाप्त करते हैं;

तस्माच्छुध्द्यशुद्धी उभे अपि न संपाद्ये, स्थितप्रकारेणैवाधिकारी भवति ।। ३३।।
इस कारण शुद्धि और अशुद्धि को नहीं देखना स्थित प्रकार से अधिकारी होता है ।।३३।।

इससे अनुष्ठान दशा में और श्रवण दशा में ये दोनों (द्रौपदी और अर्जुन) ऐसा करने से ''शुद्धि और अशुद्धि को नहीं देखना'' माने 'प्रपत्ति करने के समय अशुद्ध को शुद्धि की अपेक्षा न करना, शुद्ध को अशुद्धि की अपेक्षा न करना'। पूर्वोक्त दोनों अशुद्ध दशा में प्रपत्ति में संबंध रखने से अशुद्धि की अपेक्षा करें क्या? ऐसी शंका न होने के लिए अशुद्धि को नहीं देखना कहा है।

''स्थित प्रकार से अधिकारी होता है'' माने 'प्रपदन काल में अशुद्ध या शुद्ध जैसा रहा है वैसा ही प्रपत्ति का अधिकारी होता है'। द्रौपदी और अर्जुन प्रपत्त्यनुष्ठान प्रपत्तिश्रवण दशाओं में तदंगतया शुद्धि की अपेक्षा जैसे नहीं किये वैसे ही अशुद्धि की भी अपेक्षा नहीं किये हैं, स्थित प्रकार से अधिकारी हुए हैं।

इस अर्थ के विषय में आप्तवचन का स्मरण कराते हैं;

अत्र वेल्वेट्टिप्पिल्लै इत्यस्य कलिवैरिदासोक्ता वार्ता स्मर्तव्या ।। ३४।।
इस स्थल में वेल्वेट्टिप्पिल्लै से कलिवैरिदासजी की कही वार्ता का स्मरण करें ।।३४।।

वेल्वेट्टिप्पिल्लै द्वारा 'श्रीरामजी समुद्र के शरण लेने पर पूर्वमुख आदि नियम विशिष्ट हो शरणागति किये हैं इसलिए इतरोपायों की तरह प्रपत्ति को भी किसी नियम की अपेक्षा है क्या'? ऐसा कलिवैरिस्वामीजी से पूछने पर 'श्रीरामजी में देखा हुआ नियम इस उपाय का स्वाभाविक नहीं, उपाय स्वीकार करने वाले श्रीरामजी के स्वभाव से आया है।'

श्रीरामजी को 'राजा राघव समुद्र की शरणागति

करें' ऐसा विभीषण सूरि उपदेश किये हैं, वह विभीषण सूरि स्वामीजी के शरण में जाने पर समुद्र में स्नान कर आया है ऐसा नहीं दीखता है। इससे यह तात्पर्य है कि स्वामी इक्ष्वाकुवंश्य और आचार प्रधान होने से अपने नियमों के साथ शरणागति किये हैं, यह विभीषण राक्षसजातीय होने से स्थितप्रकार से शरणागति किया है, इसलिए योग्य को अयोग्यता की अपेक्षा नहीं स्थितप्रकार से अधिकारी होते हैं, ऐसी कलिवैरिस्वामीजी की वार्ता है।

अनंतर अधिकारी नियमाभाव का उपपादन करने की इच्छा से तज्जिज्ञासु कर्तृक प्रश्न का अनुवाद करते हैं।

अधिकारिनियमाभावः कथमिति चेत् ।। ३५।।

अधिकारी नियम का अभाव कैसा? ।।३५।।

उसका उत्तर देते हैं;

धर्मपुत्रादयः द्रौपदी काकः कालियः श्रीगजेंद्रः श्रीविभीषणः स्वामी बालस्वामी एतत्प्रभृतयः शरणंगता इत्यधिकारिनियमो नास्ति ।। ३६।।

धर्मपुत्रादि, द्रौपदी, काकासुर, कालिय, श्रीगजेन्द्र सूरि, श्रीविभीषणसूरि, श्रीरामजी और लक्ष्मण प्रभृति शरणागति करने से अधिकारी नियम नहीं है ।।३६।।

द्रौपदी के सहित पाँचों पांडव जनार्दन श्रीकृष्णजी की शरण में गये हैं। **'द्रौपद्या सहिताः सर्वे नमश्चक्रुर्जनार्दनम्'** ऐसे क्षत्रिय जाति धर्मपुत्रादि,

'शंखचक्रगदापाणे! द्वारकानिलयाच्युत!।
गोविंद! पुंडरीकाक्ष! रक्ष मां शरणागताम्।।'

'हे शंखचक्रगदापाणे! हे द्वारकावासिन्! हे अच्युत! हे गोविन्द! हे पुंडरीकाक्ष! शरणागता मेरी रक्षा करो' ऐसी स्त्री जाति द्रौपदी,

'स पित्रा च परित्यक्तः सुरैश्च समहर्षिभिः।
त्रीन् लोकान् संपरिक्रम्य तमेव शरणंगतः।।'

'वह पिता, देवता, महर्षियों से तिरस्कृत हो तीनों लोक में भ्रमण कर उन श्रीरामजी की ही शरण में गया।' ऐसा देवरूप को छिपाकर महापराधी काकासुर,

'सोहं ते देवदेवेश नार्चनादौ स्तुतौ न च।
सामर्थ्यवान् कृपामात्र मनोवृत्तिः प्रसीद मे।।'

'हे देवदेवेश! आपकी अर्चना और स्तुति आदि करने में मैं समर्थ नहीं हूँ केवल निर्हेतुक कृपा से मेरे ऊपर अनुग्रह करो।' ऐसा तिर्यक् जातीय प्रतिकूल कालिय,

'परमापदमापन्नो मनसाचिंतयद्धरिम्।
स तु नागवर: श्रीमान् नारायणपरायण:।।'

'परम आपदा को प्राप्त हो श्रीनारायणपरायण श्रीगजेंद्रसूरि मन से श्रीहरि का स्मरण करता भया।' इस प्रकार तिर्यक् जातीय अनुकूल श्रीगजेंद्रसूरि,

'सोहं परुषितस्तेन दासवच्चावमानित:।
त्यक्त्वा पुत्रांश्च दारांश्च राघवं शरणंगत:।।'

'मैं उस रावण से कठोर वचन सुन दास की तरह अपमानित हो पुत्र और दाराओं को छोड़कर श्रीराघव की शरण में आया हूँ।' इस प्रकार राक्षस जातीय विभीषणसूरि,

'बाहुं भुजगभोगाभमुपधायारिसूदन:।
अंजलिं प्राङ्मुख: कृत्वा प्रतिशिश्ये महोदधे:।।'

'सर्प के सदृश बाहु को मस्तक के नीचे रख शत्रुनाशक श्रीरामजी पूर्वाभिमुख हो हाथ जोड़ समुद्र की शरण लिये।' ऐसे सर्वरक्षक श्रीरामजी,

'स भ्रातुश्चरणौ गाढं निपीड्य रघुनंदन:।
सीतामुवाचातियशा राघवं च महाव्रतम्।।'

वे लक्ष्मण भ्राता के चरणों का गाढालिंगन कर सीता और श्रीरामजी से कहते भये, ऐसे नित्यविभूति में सदा अनुचर हो कैंकर्य करने वाले श्रीलक्ष्मणजी भी,

प्रभृति कहने से;

'सोहं त्वां शरणमपारमप्रमेयं संप्राप्त: परमपदं यतो न किंचित्।
संसारश्रमपरितापतप्तचेता: निर्वाणे परिणतधाम्नि साभिलाष:।।'

संसारश्रमरूप ताप से तप्तचित्त आनंदलक्षण मुक्ति को चाहते हुए *'अपार उपमारहित आपकी शरणागति करता हूँ आपकी अपेक्षा परमपद कोई चीज नहीं।'* ऐसा मुचुकुन्द,

'मूढोयमल्पमतिरल्पविचेष्टितोयं
क्लिष्टं मनोस्य विषयैर्न मयि प्रसंगि।
इत्थं कृपां कुरु मयि प्रणतेऽखिलेश!
त्वां स्तोतुमंबुजभवोपि हि देव नेश:।।'

'यह मूढ़ अल्पमति और अल्पचेष्टित है इसका मन विषयों से क्लेशित हुआ हमारे में नहीं लगा ऐसा समझ हे अखिलेश! प्रणत मेरे ऊपर कृपा करो आपकी स्तुति करने में ब्रह्मा भी समर्थ नहीं।' ऐसा क्षत्रबंधु,

'भगवंतं प्रपन्ना सा भगवंतमवाप सा।'

'भगवान की शरण में गई वह भगवान को प्राप्त हुई।' ऐसी माधवी,

'तं प्रभिन्नशिरोग्रीवमास्येभ्य: स्रुतशोणितम्।
विलोक्य शरणं जग्मुस्तत्पत्न्यो मधुसूदनम्।।'

'टूटे हुए शिर और कंठ वाले मुखों से गिरते हुए रक्त वाले उस कालिय को देख उसकी पत्नी श्रीकृष्णजी की शरण में गयी। ऐसी कालियपत्नी,

'प्रणामप्रवणा नाथ! दैत्यसैन्यपराजिताः।
शरणं त्वामनुप्राप्ताः समस्ता देवतागणाः।।'

हे नाथ! दैत्य सैन्य से पराजित हो प्रणाम करते हुए संपूर्ण देवता समूह आपकी शरण में आये हैं। ऐसे इंद्रादि देवता,

'राक्षसैर्वध्यमानानां वानराणां महाचमूः।
शरण्यं शरणं याता रामं दशरथात्मजम्।।'

'राक्षसों से मारी जाकर बानरों की महासेना रक्षक दशरथ कुमार श्रीरामजी की शरण में गयी।' ऐसी श्रीवानरसेना इत्यादि।

सब ही के शरणागति करने से प्रपत्ति का अमुक ही अधिकारी है ऐसा कोई नियम नहीं, रुचि विशिष्ट सभी अधिकारी हैं।

अनंतर फलनियमाभाव कैसा? इस प्रश्न का अनुवाद करते हैं;

फलनियमाभावः कथमिति चेत् ।। ३७।।

फल का नियम अभाव कैसा? ।।३७।।

उसका उत्तर देते हैं;

धर्मपुत्रादीनां फलं राज्यं, द्रौपद्याः फलं वस्त्रं, काककालिययोः फलं प्राणः, श्रीगजेंद्रस्य फलं कैंकर्यं, श्रीविभीषणस्य फलं रामप्राप्तिः, स्वामिनः फलं समुद्रतरणं, बालस्वामिनः फलं रामानुवृत्तिः ।। ३८।।

धर्मपुत्रादियों का फल राज्य, द्रौपदी का फल वस्त्र, काक और कालिय का फल प्राण, श्रीगजेंद्रसूरि का फल कैंकर्य, श्रीविभीषणसूरि का फल श्रीराम प्राप्ति, श्रीरामजी का फल समुद्रतरण और लक्ष्मणजी का फल श्रीरामानुवृत्ति है ।।३८।।

पहले अधिकारी नियमाभाव के लिये दिखाये हुए धर्मपुत्रादि प्रपन्नजन राज्यार्थ, वस्त्रार्थ, प्राणार्थ, कैंकर्यार्थ, श्रीरामप्राप्त्यर्थ, समुद्रतरणार्थ और रामानुवृत्यर्थ प्रपत्ति करने से प्रपत्ति का फल नियम नहीं ऐसा दिखाया गया।

इस प्रकार 'प्रपत्ति को देश कालादि नियमापेक्षा नहीं है' इस प्रतिज्ञा का उपपादन किये हैं। अब विषयनियम ही है इस प्रतिज्ञा का उपपादन करते हैं।

विषयनियमो नाम — गुणपूर्तिमत एव विषयत्वम् ।। ३९।।

विषयनियम माने गुणपूर्तिमान ही विषय हैं ।।३९।।

गुणपूर्तिमान ही विषय हैं; परत्वादि पाँचों में सौलभ्यादि गुणपूर्तिवाले ही विषय हैं।

तादृश गुणपूर्ति किसमें है? इस आकांक्षा में 'गुणपूर्ति अर्चावतार में' ऐसा कहते हैं;

गुणपूर्तिरर्चावतारे ।। ४०।।

गुणपूर्ति अर्चावतार में है ।।४०।।

'अर्चावतार के विषय में मैं भी उद्देश्य से गुणों को कहा हूँ सैंकड़ों वर्षों तक कहने पर भी पूर्णतया नहीं

कह सकता।' ऐसे स्वत: सर्वज्ञ सर्वेश्वर भी अर्चावतार की गुणपूर्ति नहीं कह सकते हैं।

ये गुणपूर्ति वाले अर्चावतार ही प्रपत्ति के अनुरूप विषय हैं, इस अर्थ को प्रपन्नजनकूटस्थों के अनुष्ठान से दिखाते हैं;

दिव्यसूरयो बहुस्थलेषु प्रपत्तिं चार्चावतारेऽकुर्वन् ।।४१।।

दिव्यसूरिगण बहुस्थलों में प्रपत्ति अर्चावतार में किये हैं ।।४१।।

अज्ञाननिवृत्ति मत्यानंद को प्राप्त होने से परत्वादि सबको करतलामलकवत् देखने वाले सूरिगण प्राप्य त्वराधिक्य से बहुबार प्रपत्ति करने के समय बहुस्थलों में अर्चावतार के विषय में ही प्रपत्ति किये हैं और स्थलों में कहीं कहीं किये हैं।

तथाहि सूरियों में प्रधान श्रीशठकोपसूरि 'उपायतया आप अपने चरणों को ही मुझको दिये हैं।' 'उन ही चरणों को शरणतया स्वीकार करने वाले।' 'हमारे स्वामी के चरणों में क्षेम को प्राप्त हुए कुरुकापुरी के शठकोप।' 'आपके चरणों के नीचे सम्यक् प्रवेश किया हूँ।' ऐसे बहुस्थलों में अर्चावतार में ही प्रपत्ति किये हैं। 'जन्मप्रकार' इस एक ही दशक में कृष्णावतार में शरणागति किये हैं।

परकालसूरि भी 'नैमिशारण्यवासिन्! स्वामिन्! दास आपके चरणों को प्राप्त हुआ।' 'परिमलपूर्ण श्री वेंकटनायक! नीच मैं आपका आश्रयण किया हूँ।' कावलंवाडि दिव्यदेश में वर्तमान हे कृष्ण ! उपाय आप ही हो ।' 'समुद्रवर्ण निविडोद्यान श्रीरङ्गवासिन् ! आपके चरणयुग्म को प्राप्त हूँ।' इस प्रकार अर्चावतार में ही प्रपत्ति किये हैं। और सूरियों का भी प्रपत्ति अनुष्ठान अर्चावतार में ही है, इस बात को उनके प्रबंधों में देख सकते हैं।

इस प्रकार इन सूरिगण द्वारा प्रपत्ति करने के वक्त परत्वादि सबके रहते हुए भी अर्चावतार में प्रपत्ति करने का कारण अर्चावतार की गुणपूर्ति ही है। उस गुणपूर्ति को प्रमाण सहित कहते हैं;

'पूर्णम्' इत्युक्तत्वात्सर्वे गुणाः पुष्कलाः ।।४२।।
'पूर्ण' ऐसा कहने से सब गुण पूर्ण हैं ।।४२।।

'पूर्ण का पूर्ण लेकर पूर्ण ही बचता है' सब पूर्ण है,

'पूर्णमदः पूर्णं इदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।।'

ऐसा श्रुति के कहने से सब गुण पूर्ण हैं— आश्रयण सौकर्यापादक गुण आश्रित कार्यापादक गुण ऐसे विभाग बिना सकल कल्याणगुण इस विषय में पूर्ण हैं।

ऐसा हो तो 'वासुदेव आप पूर्ण हो' इस परत्व की अपेक्षा अर्चावतार की अधिकता कौन सी है ? इस आकांक्षा में कहते हैं;

प्रपत्तेरपेक्षिताः सौलभ्यादयोन्धकारव्याप्ते गृहे दीपवत्प्रकाशंतेत्र ।।४३।।
प्रपत्ति के अपेक्षित सौलभ्य आदिगुण अंधकार विशिष्ट घर में दीपक के सदृश अर्चावतार में प्रकाशते हैं ।।४३।।

''प्रपत्ति के अपेक्षित'' माने 'उपायतया स्वीकार करने के समय अपेक्षित'। ''सौलभ्यादि'' माने 'देखकर आश्रयण करने के लिये सौलभ्यगुण, परत्व देख नहीं हटने के लिये सौशील्यगुण, कार्य करेंगे ऐसे विश्वास के लिये स्वामित्वगुण, दोष को देख न डरने के लिये वात्सल्यगुण'। 'उपमारहित गुणवाले' इत्यादि से इन चार गुणों को ही श्रीशठकोपसूरि कहे हैं।

''अंधकारविशिष्ट घर में दीपक के सदृश अर्चावतार में प्रकाशते हैं'' माने 'परत्व में ये संपूर्णगुण होने पर भी परम साम्यापन्न नित्यमुक्तों को दर्शन देने का स्थल होने से दिवादीपक के सदृश प्रकाश रहित होते हैं'। अर्चावतार स्थल में अति नीच संसारियों को दर्शन देने से अंधकार में दीपक की तरह अत्युज्ज्वल हो प्रकाशते हैं। जहाँ विषय है वहाँ ही गुण प्रकाशते हैं। वहाँ रहने वाले भी शीलादि गुणों का अनुभव करने के लिये यहाँ आते हैं। सौलभ्य को पहले कहने का कारण; देखकर आश्रयण करने के लिये सौलभ्य ही प्रपत्ति का प्रधानापेक्षित है ऐसा जनाने के लिये।

'ये गुण यहाँ प्रकाशते हैं' इसका उपपादन करते हैं;

पूर्तिं स्वातंत्र्यं च त्यजन् सन् स्वानादर्तॄन् स्वयमाद्दत्य स्थितस्थलम् ।।४४।।
पूर्ति और स्वातंत्र्य को छोड़ अपना अनादर करने वालों का आप आदर करते हुए स्थित स्थल हैं ।।४४।।

''पूर्ति'' माने 'अवाप्त समस्त कामत्व'। ''उसको छोड़ना'' माने 'इस चेतन के द्वारा समर्पित वस्तु से तृप्त हो जैसे सापेक्ष होना'। ''स्वातंत्र्य'' माने 'स्वरूपादि अपने अधीन होना'। ''उसको छोड़ना'' माने 'आश्रितों के अधीन स्वरूप और स्थिति वाले होना'।

'अर्चक की इच्छा से महातेजस्वी भक्तवत्सल भगवान स्वीकार करते हैं तथा अर्चक की इच्छा से स्नान, पान और यात्राओं को जगत्पति करते हैं। स्वतंत्र होते हुए भी जगन्नाथ परतंत्र की तरह रहते हैं। सर्वशक्ति होते हुए जगद्धाता अशक्त की तरह रहते हैं' ऐसा कहा है। 'संपूर्ण अपनी स्थिति को अर्चक के अधीन करते हैं' ऐसा भट्टार्यस्वामी कहे हैं। अपनी इच्छा बिना इन दोनों को छोड़ने में दूसरा हेतु नहीं है ऐसा समझाने के लिये 'पूर्ति और स्वातंत्र्य को छोड़' ऐसा कहते हैं।

भगवान के पाँच स्वरूप

- अन्तर्यामी स्वरूप: सर्वत्र विद्यमान, पर एक प्यासे व्यक्ति को भूमि खोद कर जल निकालने जैसे अत्यन्त दुष्कर।
- विभव स्वरूप: प्यासे व्यक्ति को श्रीराम, श्रीकृष्ण प्रवहन्नदी (बारिश की नदी के) जल के समान अवतार काल में ही सुलभ। आज प्राप्त होना अत्यन्त कठिन।
- व्यूह स्वरूप: प्रकृति के अन्दर होते हुए भी क्षीर सागर के जल के समान प्यासे व्यक्ति को दुर्लभ।
- पर स्वरूप: विरजा नदी के आवरण जल की तरह प्यासे व्यक्ति को तुरन्त प्राप्त होना अत्यन्त कठिन।
- अर्चावतार: पास की नल से मिलने वाले स्वच्छ, शीतल और मधुर जल की तरह प्यासे व्यक्ति को सदैव सुलभ।

''अपना अनादर करने वालों का आप आदर करते हुए स्थित स्थल'' माने *'आपके इस प्रकार सुलभ होने पर दुर्लभ सुलभ हुआ ऐसा समझ अत्यादर करना चाहिये ऐसा न कर उस सौलभ्य के कारण ही उपेक्षा करने वाले संसारियों को छोड़ नहीं सकना इतना ही नहीं किंतु संसारी चेतन बिना रह नहीं सकने का स्थल अर्चावतार है'*। पूर्ति और स्वातंत्र्य को छोड़ रहने से सौलभ्य और सौशील्य, अपना अनादर करने वालों का आप आदर करने से स्वामित्व और वात्सल्य भासते हैं।

यद्वा; पूर्ति... इत्यादि इस संपूर्ण वाक्य से गुणचतुष्टय में प्रधान भूत सौलभ्यगुण को ही कहते हैं। उस निर्वाह में; अर्चावतार के सौलभ्यातिशय को दिखाते हैं ऐसे वाक्य की संगति समझना। नेत्र के विषय हो नित्य संनिधि करते हैं इतना ही नहीं किंतु *सर्वप्रकार परिपूर्ण निरंकुश स्वतंत्र अपने को सापेक्ष और परतंत्र बना अनादर करने वाले संसारियों का आदर करते हुए रहने की अपेक्षा अधिक सौलभ्य नहीं है।*

'अध: पतित चेतनों के लिये ऐसे पाँच प्रकार से मैं हूँ। पूर्व पूर्व की अपेक्षा उत्तरोत्तर श्रेष्ठ है, जगत के मालिक सौलभ्यगुण से उत्तरोत्तर सुलभ होते हैं।'

ऐसे परत्वादि पाँचों में सौलभ्य होते हुए भी पूर्वपूर्व की अपेक्षा उत्तरोत्तर में सौलभ्य अधिक है ऐसा आप ही कहने से सौलभ्य की सीमाभूमि अर्चावतार ही है।

परत्वादि दुर्लभ हैं अर्चावतार सुलभ हैं इसको दृष्टांत द्वारा दिखाते हैं;

भूगतजलवदंतर्यामित्वम्, आवरणजलवत्परत्वम्, क्षीरार्णववद् व्यूह:, प्रवहन्नदीवद्विभव:, तत्र स्थिता ह्रदा इवार्चावतार: ।।४५।।

भूगतजल के सदृश अंतर्यामित्व, आवरण जल सदृश परत्व, क्षीराब्धिवत् व्यूह, बहने वाली नदी की तरह विभव हैं, उन नदियों में ह्रदों के सदृश अर्चावतार हैं ।।४५।।

प्यासे को देशांतर में न जाकर स्थितस्थल में होने पर भी खनित्रादि से खोदे बिना पीने को दुर्लभ भूगत जलवत् देखकर आश्रयण करेंगे ऐसी अभिलाषा वालों के हृदय में विराजने पर भी 'नेत्र के गोचर नहीं हो' ऐसे नेत्र का विषय न हो अष्टांगयोगरूप यत्न से देखने के योग्य अंतर्यामित्व,

प्यासे को 'अंडवहीर्गत आवरण जलवत्' 'बाहर कारणतया स्थित अपरिच्छेद्य पूर्णामृत' ऐसे लीलाविभूति से परे रहने वाले परत्व,

वैसे अतिदूर में न हो, अंडांतर्गत होने पर भी चेतन को दुष्प्राप्य क्षीराब्धि के सदृश 'क्षीराब्धि में आपके शयन सौंदर्य को सुने हैं' ऐसा सुनने के ही योग्य, जा देखने को दुर्लभ व्यूह,

समीप में होते हुए तत्काल वर्तमान लोगों को आश्रयण करने के योग्य, पश्चात्कालीन चेतन के लिये दुर्लभ, बहती हुई नदी सदृश 'भूमि में अवतार लिये हो' ऐसे भूमि में अवतीर्ण हो संचार करते हुए तत्कालवर्ती चेतनों के आश्रयण करने के योग्य पश्चात्कालवर्तियों के दुर्लभ विभव,

पूर्वोक्त के सदृश न हो प्यासे को जल पान करा तृप्त कराने वाले प्रवहन्नदियों में जल भरे हुए ह्रद जैसे चेतन को देश, काल, करण आदि से दूर न हो मंदिर और गृहों में सर्वत्र एक प्रकार से सबके नेत्रों के गोचर हो 'पश्चात्कालवर्ती लोगों के भी आश्रयण करने योग्य

तेजोरूप' अर्चावतार, 'भूमि के दिव्यदेशों में और कुटी कुंजों में' ऐसे बहुस्थलों में सन्निधि करते हुए रहने की स्थिति को स्मरण कर ह्रदों की तरह ऐसा बहुवचन से कहे हैं। अवतार के संपूर्ण गुण अर्चावतार स्थलों में परिपूर्ण होने से, अवतारविग्रहों को अर्चारूप से बहुस्थलों में स्वीकार कर रहने से 'प्रवहन्नदी के ह्रद' ऐसा कहे हैं।

इस प्रकार आश्रयण रुचि वालों को आश्रयण करने को सुलभ होना इतना ही नहीं किंतु रुचि को उत्पादन करना आदि कृत्य भी इस अर्चावतार के हैं, ऐसे इसके वैभव को कहते हैं;

अयं च शास्त्रैर्वशीकरणायोग्यानां विषयांतरेषु निमज्य विमुखानां चेतनानां वैमुख्यं दूरीकृत्य रुचिमुत्पादयति, रुच्युत्पत्तावुपायो भवति, उपायपरिग्रहे कृते भोग्यो भवति ।।४६।।

ये शास्त्रों से शिक्षित न हो विषयांतरों में मग्न हो विमुख होने वाले चेतनों के वैमुख्य को दूर कर रुचि उत्पादन करते हैं, रुचि होने पर उपाय होते हैं, उपाय स्वीकारानंतर भोग्य भी होते हैं ।।४६।।

''ये'' माने 'प्रकृत सौलभ्य आदि गुण विशिष्टता का उद्देश्य कर अर्चावतार का परामर्श करते हैं'।

''शास्त्रों से शिक्षित न होना'' माने 'हितानुशासन करने वाले श्रुति स्मृत्यादि शास्त्र अरुचि होने के लिये इतर विषयों के दोषाधिक्य का, रुचि होने के लिये भगवद्विषय के गुणाधिक्य का उपदेश करने पर भी उससे इतर विषयों को छोड़ भगवद्विषय का आश्रयण अशक्य होना'। दुर्वासना का बल उपदेश को निरर्थक कर देता है। 'सहस्र-जन्मों में लोग जिस बुद्धि की भावना करते हैं उसी बुद्धि को पाते हैं, उपदेश निरर्थक है।' ऐसा कहा है।

दुर्वासना का बल उपदेश को निरर्थक कर देता है।

अर्चावतार
- **सर्वप्रकार से सुलभ हैं**
- **समस्त गुण संपूर्ण हैं**
- **रुचिजनक हैं**
- **अपना अनादर करने वालों का आदर करने वाले हैं**
- **अपनी प्राप्ति के लिये खुद ही उपाय हैं**
- **अत्यंत भोग्य होने से स्वयं उपेय हैं।**

''विषयांतरों में मग्न हो विमुख होना'' माने 'घुंघुरालंकृत पाद, काले और दीर्घ नेत्र वाली स्त्रियों में मग्न हो धर्म को भूल इंद्रियों के भोग्य भोगों को बढ़ाकर', 'वक्रकेश वाली युवतियों के विषय में आशा को बढ़ा यथेष्ठ संचार करते हुए' 'अत्यंत युवतियों के मत्स्य सदृश नेत्ररूप पाश में बद्ध और निमग्न मुझको' 'इस उक्ति के अनुसार इतर विषय में अत्याशा से जिस किसी का अवलंबन कर अलग होने के व्रत को ऊपर लेकर भगवद्विषय का आश्रयण करने को अंगीकार न करना'।

इस प्रकार के ''चेतन के वैमुख्य को दूर कर रुच्युत्पादन करना'' माने 'आओ ऐसा कह हृदय में प्रवेश कर अपने विषय में आदर को बढ़ाने वाले सुंदर' 'ऐसे सौंदर्यादियों से चित्त का अपहार कर अपने को नहीं देखेंगे ऐसा रहने वाले चेतनों की स्थिति का नाश कर निर्निमेष देखने योग्य बनाना'।

''रुचि होने पर उपाय होना'' माने 'इस प्रकार

अपने वैलक्षण्य को देखने से अपना नित्यानुभव करना, ऐसी रुचि होने पर उपाय दिखाने के समय 'आपके चरणों को ही उपायतया दिये हो' ऐसे संसारनिवृत्ति पूर्वक अपनी प्राप्ति के लिये आप ही उपाय होना'।

''उपायस्वीकारानंतर भोग्य होना'' माने 'अपने को उपायतया स्वीकार करने पर फल सिद्धि के लिये

परमपद जाने पर्यंत प्रतीक्षा न कर 'सुंदर श्रीरङ्गनाथ, हमारे अमृतवत् भोग्यभूत, स्वामी को देखने वाले नेत्र और को देख नहीं सकते हैं।' 'श्रीमान् सुंदरबाहु भगवान हमारे मधु, क्षीर और इक्षुरस खंड हैं।' इन वचनों के अनुसार अत्यंत भोग्य होने से स्वयं फलभूत होना'।

तथाच प्रपत्ति को गुणपूर्ति वाले ही विषय हैं, तादृश गुणपूर्ति अर्चावतार में है, इस कारण सूरिगण अर्चावतार में ही प्रपत्ति किये हैं, इस विषय में सब गुण पुष्कल हैं, विशेष रूप से प्रपत्ति के अपेक्षित गुण अच्छी तरह से अर्चावतार में ही प्रकाशते हैं, यह अपने निरपेक्षतादियों को छोड़ अपना अनादर करने वालों का आप आदर करते हुए रहने का स्थल है, परत्वादि एक एक प्रकार से दुर्लभ हैं ये सर्वप्रकार से सुलभ हैं, इतना ही नहीं, यह विषय रुचिजनक और उपायोपेय भी हैं ऐसा प्रतिपादन किये हैं।

इससे उपायोपेय दोनों आप ही हो, स्वेतर विषय विरक्तिपूर्वक स्वविषय में रुचिजनक, सर्वसुलभ, अपने स्वातंत्र्यादियों को छोड़ अपना अनादर करने वालों का आप आदर करते हुए, प्रपत्ति के अपेक्षित गुणों से उज्ज्वल, समस्त गुण संपूर्ण और प्रपन्नजन कूटस्थों के उपाय वरण विषय भी होने वाले अर्चावतार ही प्रपत्ति का नियमेन विषय है; तात्पर्य होता है।

'प्रपत्ति का देशनियम' (सू. २६) इत्यारभ्य यहाँ तक (सू. ४६) उपायवरणात्मिका प्रपत्ति के देश कालादि नियमाभाव और विषयनियम भी दिखाये हैं।

इस प्रकार विषय विशेष को दिखाने के पश्चात् भगवच्छास्त्र (पांचरात्र) में सिद्ध अधिकारी विशेषों को भी दिखाना उचित समझ अधिकारी विशेष को दिखाते हैं;

अत्र प्रपत्तिकर्तारोऽधिकारिणस्त्रयः ।।४७।।

इसमें प्रपत्ति करने वाले अधिकारी तीन हैं ।।४७।।

सौलभ्यादि गुणपूर्ति से प्रपत्ति के नियत विषय इस अर्चावतार में प्रपत्ति करने वाले अधिकारी प्रपदन हेतु के भेद से तीन प्रकार हैं।

वे कौन हैं इस आकांक्षा में कहते हैं;

अज्ञाश्च ज्ञानाधिकाश्च भक्तिपरवशाश्च ।।४८।।

अज्ञ, ज्ञानाधिक और भक्तिपरवश ।।४८।।

''अज्ञ'' माने 'भगवत्प्राप्ति के लिये साधनानुष्ठान के उपयुक्त ज्ञानरहित लोग'। अज्ञान कहने से अशक्ति को भी जानना। 'प्रापकांतर को छोड़ने में अज्ञान और अशक्ति नहीं हैं' ऐसा आगे लोकाचार्य स्वामी ही कहते हैं।

''ज्ञानाधिक'' माने 'कर्माद्यनुष्ठान करने में ज्ञान और शक्ति होने पर भी भगवदत्यंत परतंत्रभूत अपने स्वरूप को यथार्थ देखने से 'उपायांतर स्वरूप विरुद्ध है' ऐसा समझ छोड़ने के उपयुक्त ज्ञानपूर्ति वाले'।

''भक्तिपरवश'' माने 'किसी एक भी उपाय का अनुष्ठान करने में अशक्त भगवत्प्रेमातिशय से शिथिल होने वाले'।

इस प्रकार इन अज्ञानादि द्वारा प्रपत्ति करने वाले अमुक हैं ऐसा जान सकते हैं क्या? इस आकांक्षा में कहते हैं;

अज्ञानेन प्रपन्ना अस्मदादयो, ज्ञानाधिक्येन प्रपन्नाः पूर्वाचार्याः, भक्तिपारवश्येन प्रपन्ना दिव्यसूरयः ।।४९।।

अज्ञान से प्रपन्न अस्मदादि, ज्ञानाधिक्य से प्रपन्न पूर्वाचार्य, भक्तिपरवशता से प्रपन्न दिव्यसूरिगण ।।४९।।

''अज्ञान से प्रपन्न'' माने 'इतर उपाय अनुष्ठान करने के लिये ज्ञानादि न होने से अनन्यगति हो भगवत् चरणों में भरन्यास करने वाले'। ''अस्मदादि'' माने 'स्वनैच्यानु–संधान से मंदाधिकारियों के साथ अपने को भी मिलाकर कहते हैं'।

''ज्ञानाधिक्य से प्रपन्न'' माने 'उपायांतर स्वरूप नाशक है ऐसा समझ काँपें वैसे स्वरूप याथात्म्य दर्शन से होने वाली ज्ञानपूर्ति से अनन्यगति हो स्वरूपानुरूप भगवान में भरन्यास करने वाले'। ''पूर्वाचार्य'' माने 'नाथ यामुन यतिवर आदि'।

''भक्तिपरवशता से प्रपन्न'' माने 'भगवत्प्रेमाधिक्य से 'पाँव स्तब्ध होते हैं, मन गल जाता है, नेत्र घूमते हैं' चित्रलिखित की तरह हाथ पाँव नहीं हिलते हैं' इन वचनानुसार शिथिल करण होने से साधनानुष्ठान करने में असमर्थ अनन्यगति हो

भगवत् चरणों में भरन्यास करने वाले'। भक्ति परवश साधनानुष्ठान नहीं कर सकते इस विषय को *'आपको देखने की अभिलाषा में डूबा हुआ मैं किसी के भी योग्य नहीं'* 'आपको छोड़ मैं और किसको स्वीकार कर सकता हूँ?' इन दो गाथाओं में श्रीशठकोपसूरि सुस्पष्ट कहे हैं।

इस प्रकार अज्ञानादियों में एक एक ही को इनके प्रपत्ति करने में हेतुतया कहने का कारण अमुक है ऐसा कहते हैं;

एवमुक्तिराधिक्यमपेक्ष्य ।।५०।।

इस प्रकार कहने का कारण अधिकता है ।।५०।।

अज्ञानाशक्ति, स्वरूपयाथार्थ्यज्ञान और भगवद्भक्ति इन तीनों में अज्ञानी, ज्ञानी और भक्तिपरवश इन तीनों का संबंध रहते हुए भी एक एक ही इनके प्रपत्ति करने के हेतुतया कहना—इनमें एक एक ही इन अधिकारियों में अधिकतया रहने से। इससे – अज्ञानियों में ज्ञान, भक्ति ये दोनों अल्प हो अज्ञान ही अधिक है। ज्ञानाधिकों में अज्ञान और भक्ति ये दोनों अल्प हो ज्ञान ही अधिक है। भक्तिपरवशों में अज्ञान अत्यल्प हो स्वरूपज्ञान पूर्ण होने पर भी प्रेम ही कूलंकष है। इस कारण सब सब में होने पर भी अल्पापेक्षया अधिक ही प्रपत्ति करने का कारण होता है ऐसा समझना।

इस योजना में एक न्यूनता है; अज्ञाननिवृत्ति पूर्वक अत्यानंद को प्राप्त हुए सूरियों को भी अल्प अज्ञान है ऐसा मानना आवश्यक होने से। तब कैसी योजना करें ? इस आकांक्षा में कहते हैं; अधिकता है इसको अनुसंधान में मिला योजना करने से विरोध नहीं है।

''इस प्रकार'' माने 'अज्ञानाशक्ति, स्वरूपयाथात्म्यज्ञान और भगवद्भक्ति रूप इन तीनों का अनुसंधान तीनों अधिकारियों में किसी न किसी प्रकार होने पर भी एक एक ही इनके प्रपत्ति करने के हेतुतया कहना'—इनमें एक एक में इन अधिकारियों की अधिकता ज्ञात होने से।

तात्पर्य यह है कि अनन्यगति हो प्रपन्न होने के लिये अज्ञानादि त्रयानुसंधान तीनों को होने पर भी अज्ञानादि तीनों में जो अधिक है उसी को अपने अपने लिये अनन्यगति हो प्रपत्ति करने के हेतुतया अनुसंधान करने से यही मुख्य माना जाता है। इनमें अज्ञानियों को अज्ञानानुसंधान स्वरस है। प्रामाणिक ज्ञानाधिकों को अज्ञान की सवासनानिवृत्ति असंभव होने से अज्ञानानुसंधान संगत है। भक्तिपरवश अज्ञाननिवृत्ति मत्यानंद को प्राप्त होने से अज्ञानानुसंधान केवल नैच्यानुसंधान प्रयुक्त जानना।

इन अज्ञानादि तीनों का कारण बताते हैं;

एतत्त्रयं च तत्वत्रयमवलंब्यागच्छति ।।५१।।

ये तीनों तीन तत्वों को अवलंबन कर होते हैं ।।५१।।

तीन तत्वों को अवलंबन कर होते हैं;

साधनानुष्ठान में अज्ञानाशक्तियों का कारण कर्म निमित्तभूत अचित्संसर्ग होने से, अज्ञान—अचित्संबंध को अवलंबन कर होता है।

अज्ञानः अचित् सम्बन्ध को अवलम्बन कर होता है।
ज्ञानाधिक्यः आत्म तत्व को अवलम्बन कर होता है।
भक्तिपरवशताः भगवत् तत्व को अवलम्बन कर होती है।

इतर साधन को स्वरूपविरुद्ध समझ परित्याग करने के लिये ज्ञानपूर्ति का कारण मध्यम पद (नमः) में कहे जाने वाले आत्म याथात्म्य दर्शन होने से ज्ञानाधिक्य—आत्मतत्व को अवलंबन कर होता है।

किसी एक साधन को भी क्रम से अनुष्ठान नहीं कर सकने का कारण शिथिलता है। तादृश शिथिलता का मूल भक्तिवृद्धि का कारण 'भक्ति को समुद्र सदृश बढ़ाने वाले मेघ सदृश विग्रह' इस वचनानुसार भगवद्विग्रह का सौंदर्य होने से, भक्ति परवशता – भगवत्तत्व को अवलंबन कर होती है।

तीनों अधिकारियों का अज्ञानादि तीनों में संबंध

होने पर भी एक एक ही को प्रपत्ति करने के कारणतया कहना 'अधिकता है' ऐसा पहले कहा है, इस प्रकार एक अधिकारी में इन तीनों का होना कहाँ देख सकते हैं? इस आकांक्षा में कहते हैं;

'किमहं कुर्यां' इत्यत्रैतत् त्रयमप्यस्ति ।।५२।।

'मैं क्या कर सकता हूँ' इस स्थल में ये तीनों हैं ।।५२।।

भगवान अपनी आर्ति देख कृपा न करने पर उनकी प्राप्ति के लिये किंचित् साधनानुष्ठान की अपेक्षा है ऐसा भगवान का अभिप्राय समझ उपायान्तरानुष्ठान के लिये योग्यता रहित अज्ञानी मैं क्या कर सकता हूँ? 'हम आपको ज्ञान दिये हैं' ऐसा भगवान के कहने पर, 'आपके दिये हुए ज्ञान से हमारे स्वरूप को परतंत्र जान साधनानुष्ठान के अयोग्य समझ रहने वाले हम क्या कर सकते हैं? स्वरूप के उचित न होने पर भी आपकी प्राप्ति का कारण हो तो उस साधनांतर को भी कर सकते यदि ज्ञानमात्र दिये होते तो किंतु ऐसा न कर भक्ति रूपापन्न ज्ञान को देने से किसी एक साधन का भी क्रम से अनुष्ठान नहीं कर सके तादृश भक्ति परवश मैं क्या कर सकता हूँ?' ऐसे ये तीनों श्रीशठकोपसूरी में रहने से उनमें देखना।

तब ये तीनों शठकोपसूरि के प्रपत्ति करने के कारण होते हैं क्या? इस आकांक्षा में कहते हैं;

तत्रैकमवलंब्य वर्तते ।।५३।।

वहाँ एक को अवलंबन कर रहती है ।।५३।।

''वहाँ'' माने 'श्रीशठकोपसूरि में'। प्रपत्ति— अज्ञानाशक्ति ज्ञानाधिक्य और भक्ति परवशता इन तीनों में मुख्यतया 'भक्तिपरवशता को अपने हेतुतया अवलंबन कर रहती है'।

इन तीनों हेतुओं से होने वाली प्रपत्तियों में मुख्य कौन है? इस आकांक्षा में कहते हैं;

मुख्या सैव ।।५४।।

मुख्य वही है ।।५४।।

भक्तिपरवशता द्वारा प्रपत्ति करने पर प्राप्यवस्तु में रुचि निरातंक परिपूर्ण होने से वही मुख्य है।

इन तीनों अधिकारियों के विषय में प्रमाण है क्या? इस आकांक्षा में पहले भट्टार्यस्वामीजी कर्तृक श्लोक का उदाहरण देते है;

'अविद्यात:' इति श्लोके एतत् त्रयमप्युक्तम् ।।५५।।

'अविद्यात:' इस श्लोक में ये तीनों प्रपत्तियाँ कही गयीं हैं।।५५।।

सामान्य जन 'अविद्या (अज्ञान) से परमात्मा की प्रपत्ति करते हैं। ज्ञानीलोग समर्थ होने पर भी परमात्मा की प्रपत्ति करते हैं। सूरि भक्ति की अधिकता से परमात्मा की प्रपत्ति करते हैं। ये तीनों अधिकारी जगत में और किसी उपाय को नहीं देखते हैं। इन तीनों के भगवान ही उपाय और उपेय हैं। ऐसा जितंते नामक मंत्र के रहस्य को शौनक भगवान व्याख्यान किये हैं।'

इस श्लोक का अर्थ जितंते व्याख्यान उपोद्घात में प्रपत्ति के अधिकारी अज्ञ, सर्वज्ञ और भक्तिपरवश तीन प्रकार के हैं ऐसा भट्टार्य कहे हैं। ''अज्ञ'' माने

'भगवल्लाभ के लिये ज्ञानशक्ति रहित'। ''सर्वज्ञ'' माने 'देशकाल वस्तुओं से परिच्छेद रहित वैभव वाले सर्वेश्वर ऐसा समझ रहने से परमात्मा साधनांतरों से साध्य नहीं ऐसा मानने वाले'। ''भक्तिपरवश'' माने 'ज्ञानशक्ति होने पर भी क्रम से अनुष्ठान नहीं कर सकने वाले'। ये तीनों भगवान को छोड़कर और उपायों को नहीं जानते हैं। इनको उपाय और उपेय रूप से सर्वेश्वर ही हैं ऐसा जितंते नामक मंत्र रहस्य का व्याख्यान सर्वज्ञ शौनकमुनि किये हैं। यह हमारा भाग्य ही है ऐसे भट्टार्य विद्ध होते हैं ऐसा श्रीमत्कृष्णस्वामी कहे हैं। 'ज्ञानाधिक्य से प्रपन्न' (सू. ४९) इस स्थल में स्वरूप याथात्म्यज्ञान प्रपत्ति के हेतुतया कहा गया। पूर्वोक्त श्लोक में भगवान और किसी उपाय से प्राप्त नहीं हो सकते ऐसा समझना प्रपत्ति के हेतुतया कहा गया। तथाच दोनों को ज्ञानाधिकों के अनन्यगतित्व पूर्वक प्रपत्ति करने के हेतुतया जानना।

सर्वेश्वर परमात्मा साधनान्तरों से साध्य नहीं हैं।

अनंतर इस अर्थ के विषय में अखिलजगन्माता आप्ततमा महालक्ष्मी से लक्ष्मीतंत्र में कहे हुए वचन को दिखाते है;

'इदं शरणमज्ञानाम्' ।। ५६।।
'यह अज्ञों को उपाय है' ।।५६।।

'यह अज्ञों को उपाय है, यही ज्ञानियों को भी उपाय है, यह पार होने की इच्छा और भगवदनुभव में त्वरा वालों को उपाय है।'

इस श्लोक में 'इदं' शब्द से शरणागति को कहते हैं;

'उपाय और अपाय से रहित मध्यम स्थिति को आश्रयण करने वाली शरणागति श्रेष्ठ और संसार समुद्र को तराने वाली है।' ऐसा लक्ष्मीतंत्र में कहने से इसमें अज्ञ सर्वज्ञ स्पष्टतया कहे जाने से आगे भक्तिपरवशों को कहते हैं समझना। ''पार होने की इच्छा वाले'' माने 'शीघ्र अनिष्टनिवृत्ति के लिये त्वरा वाले'। ''भगवदनुभव में त्वरा वाले'' माने 'परिपूर्ण भगवदनुभव को पाये बिना धारण नहीं कर सकने वाले'। ये दोनों भक्ति की अधिकता से होते हैं। भक्ति परवशता उपायान्तरानुष्ठान में अशक्ति का कारण और अनिष्टनिवृत्ति इष्टप्राप्ति में त्वरा करने में भी कारण होती है। इस श्लोक में विलंब नहीं सहने के आकार को कहते हैं। पहले अशक्ति के कारणतया कहा, उसका यह कैसे प्रमाण हो सकता है? इस आकांक्षा में कहते हैं; अधिकारी तीन प्रकार के हैं ऐसा दिखाना इस स्थल में अपेक्षित होने से यह प्रमाण हो सकता है। 'अविद्या' से इस श्लोक में, ज्ञानाधिक्य के कारणतया कहा हुआ और पूर्वोक्त ये दोनों अलग होने पर भी अधिकारी तीन प्रकार के हैं इसमें प्रमाणतया जैसे लिया है वैसे ही यह भी जानना।

तथाच प्रपत्त्यधिकारी तीन प्रकार के हैं इसमें प्रमाण दिखा, इन तीन प्रपत्तियों में भक्तिपरवशता के कारण की जाने वाली प्रपत्ति ही मुख्य है ऐसा पहले कहे हैं। एवं भूत प्रपत्तिनिष्ठ अधिकारी का उस निष्ठा को छोड़ भगवल्लाभ के लिये स्वयत्न में लगना, सर्वेश्वर आने पर उनकी उपेक्षा करना इत्यादि का कारण क्या?

इस आकांक्षा में कहते हैं;

भक्तावस्थाभेदोत्पत्तावियं नष्टा भवति ।।५७।।

भक्ति के अवस्थाभेद होने पर यह (प्रपत्ति) नष्ट होती है ।।५७।।

''भक्ति के अवस्थाभेद होना'' माने 'करणों की शिथिलता से स्वयत्न में असमर्थ हो सर्वेश्वर ही को उपायतया विश्वास कर उनके आगमन की प्रतीक्षा करना रूप अवस्थापर्यंत न हो नेत्र घूमने पर किसी एक प्रकार से उनको अब ही प्राप्त होवेंगे ऐसी अतिमात्र त्वरावस्था होना'। ''यह (प्रपत्ति), तादृशावस्था होने पर प्रपत्ति नष्ट होना'' माने 'मैं क्या करूँ' ऐसा स्वप्रयत्न में संबंध छोड़ भगवान के ऊपर अपना भार रख निर्भर होने की अवस्था नष्ट होना।

इस प्रकार प्रपत्ति निष्ठा को नाश करने वाली भक्ति के अवस्थाभेद को कहते है;

स्वमलंकारयति धारयति च ।।५८।।

अपने को अलंकृत कराती है, धारण कराती है ।।५८।।

''अपने को अलंकृत कराना'' माने 'कंठभूषण धारण करती है' इस वचनानुसार परमात्मा के आगमन

के लिये अलंकृत कराना। भगवल्लाभ के लिये स्वयत्न में लगाना। इससे मडल ग्रहण करना इत्यादि में लगाना भी सूचित होता है। ''धारण करना'' माने 'अर्धक्षण भी उसके विश्लेष में धारण नहीं कर सकने से उसके आगमन के लिये स्वयत्न में लगाने वाली वही भक्ति उसके आने पर विलंबरोष से 'जाओ हे पूर्ण!' 'हमारी गोष्ठी में मत आना' ऐसे उसकी उपेक्षा कर हटाकर धारण करने योग्य बनाना।' तथाच इन दोनों से 'मैं क्या करूँ' 'इसके बाद धारण नहीं कर सकता हूँ' ऐसी स्थिति को नाश करती है समझना। इसलिये प्रपत्तिनिष्ठा नष्ट हो स्वप्रवृत्त्यादि में लगने का कारण भक्ति का अवस्था भेद समझना।

'अपने को अलंकृत कराती है, धारण कराती है' ऐसे भगवान के आगमन के लिये यत्न करना, उसके आने पर उसकी उपेक्षा करना इस प्रकार परस्पर विरुद्ध स्वभावों को उत्पन्न करती है ऐसा कह, अनंतर केवल भगवद्विषय में ही नहीं किंतु भगवत्संबंधी वस्तुओं के विषय में भी भक्ति का अवस्थाविशेष परस्पर विरुद्ध स्वभावों का उत्पादन करता है ऐसा दिखाते है;

एतौ स्वभावविशेषौ कल्याणगुणेष्वपि, श्रीशरेष्वपि श्रीनामस्वपि वेणुनादे च द्रष्टुं योग्यौ ।।५९।।

ये स्वभावविशेष कल्याणगुण, बाण, श्रीनाम और श्रीवेणुगान में भी देखे जाते हैं ।।५९।।

''ये स्वभावविशेष''—पूर्वोक्त से भिन्न स्वभावविशेष हैं। वे कौन हैं? इस शंका में कहते हैं; अनुभाव्य विषय एकरीति होने पर भी उसका अनुभव करने वाले इन सूरियों को धारकतया बाधकतया भान होते हैं।

''कल्याणगुणों में'' माने 'गोविंद के गुणगान कर प्राण की रक्षा करती हूँ' इति धारकतया; 'प्रबल पापी मुझको बाधक गुण वाले' ऐसे बाधकतया भी कहने से कल्याण गुणों के विषय में; 'बाणों का प्रयोग करने वाले शीतल कमलनेत्र के बिना मेरा मन झुकता नहीं' ऐसे धारकतया; 'बाण ही क्रूर हो पीड़ा करते हैं' ऐसे बाधकतया भी कहने से बाणों के विषय में; 'श्रिय:पति के नाम को गाने पर सुन अज्ञानी शुक को हाथ जोड़ प्रणाम किया' ऐसे धारकतया; 'कृष्ण के नामों को ही कह कर मार दिये हो' ऐसे बाधकतया भी कहने से श्रीनामों के विषय में; 'हमारे लिये ही एक दिन आ बजाने को तुम्हारे वेणु को स्वर नहीं आता है' ऐसे धारकतया; 'उसका मधुर स्वर वेणु मारता है' ऐसे बाधकतया कहने से श्रीवेणुगान के विषय में भी देख सकते हैं।

''सदा एकरीति से भोग्यभूत कल्याणगुणादि धारकतया और बाधकतया भान होना'' माने 'अनुभव करने वाले इन सूरियों के प्रेमस्वभाव विशेषों से ही हैं न कि गुणादियों के स्वरूप भेद से'। इस कारण भक्त्यवस्था भेद से होने वाले स्वभावविशेष पूर्वोक्त वस्तुओं के विषय में भी देख सकते हैं। गुणादियों को धारकत्वेन भोग्यत्वेन कहने के स्थल में एक ही सूरि की वार्ता न होने पर भी सब सूरि लोग एक स्वभाव वाले होने से सबकी भक्ति भगवत्प्रसादलब्ध होने से और तादृश परभक्ति के स्वभाव विशेष को दिखाना ही यहाँ पर अपेक्षित होने से विरोध नहीं !

'बाण ही अतिक्रूर हो बाधक होते हैं' ये हारने वालों के वचन हैं इसको 'बाणों का प्रयोग करने वाले' इसके प्रतिकोटितया कैसे कह सकते हैं? इस आकांक्षा में कहते हैं; 'राम की विजय अपना इष्ट होने से तादृश विजय के लक्ष्य हो हारने वाले राक्षसों की दशा उत्पन्न हो, महिषीदशा उत्पन्न होने पर जैसे बात करते हैं वैसे अपने को भूल राक्षसों के वचनों से विजय को कह अनुभव करते हैं ऐसा परकालसूरि की सूक्ति का व्याख्यान करने वाले कहे हैं। इस कारण अपने प्रेम स्वभाव से, तादृशावस्था विशिष्ट होने पर बाणों का बाधकपना अपने को भान हो कहने से, विरोध नहीं है।

अथवा 'अपने को अलंकृत कराती है धारण कराती है' इन दोनों से सर्वेश्वर आने तक धारण नहीं कर यत्न में लगाना, आने पर प्रणयरोष से निकाल कर धारण करना यही पहले कहे गये हैं। इस प्रकार विरुद्ध स्वभावों को एक ही वस्तु उत्पन्न करता है यह विषय अन्य वस्तुओं में देख सकते हैं क्या? इस आकांक्षा में कहते हैं;

ये स्वभाव विशेष 'गोविंद के गुण गान कर' इत्यादि पूर्वोक्त प्रकार एक दशा में धारकतया और एक दशा में बाधकतया कहने के योग्य उनको धारण और बाधन रूप विरुद्ध स्वभावों को उत्पन्न करने वाले कल्याणगुणों में भी देख सकते हैं ऐसा समझना।

तथा च 'प्रपत्ति को' (सू. २६) से आरंभ कर यहाँ तक प्रपत्ति वैभव, उसका विषय वैभव, उसके अधिकारियों की त्रिविधता, त्रिविधप्रपत्ति में भी भक्तिपरवशता के कारण की जाने वाली प्रपत्ति की मुख्यता, उसका कारण भक्त्यवस्थाभेद से होने वाली प्रपत्ति का भंग और उस अवस्थाभेद से उत्पन्न होने

वाले अनुभवों को भी कहे हैं।

'धर्मपुत्रादि' (सू. ३६) से आरंभ कर पूर्वोक्त अधिकारियों में इस प्रपत्ति को साधन मानकर अनुष्ठित दीखने से और कर्म ज्ञान भक्ति प्रपत्ति इन उपायों के साथ कहे जाने से,

'ऐश्वर्यार्थी को जो ऐश्वर्य साधनांतरों से नहीं प्राप्त होता है, मुमुक्षु को पुनरावृत्ति रहित जो कैवल्य कर्म ज्ञान भक्ति योगों से नहीं प्राप्त होता है, उस उस अधिकारी को वह वह पुरुषार्थ प्रपत्ति से ही प्राप्त होता है और परमात्मा पुरुषोत्तम भी प्रपत्ति से ही प्राप्त होता है।' ऐसे,

'यह अज्ञों को उपाय है' ऐसे भी शास्त्रों में प्रपत्ति को साधनतया कहे जाने से भी उपायतया जानने योग्य होने से उपायभाव को हटाने के लिये तदनुगुण हेतुओं को विस्तारपूर्वक कहते हैं। उसमें पहले इस प्रपत्ति को उपाय मानने पर होने वाले दोष को दिखाते हैं;

इयंदृष्टाचेत् पितुः पुत्रेण लेखनस्वीकारवद्वर्तते ।।६०।।

इसको देखने पर पिता से पुत्र के लिखवाने के सदृश है ।।६०।।

''इसको देखने पर'' माने 'इस चेतन के सर्वेश्वर विषय में क्रियमाण प्रपत्ति को उपाय बुद्धि से देखने पर'। यद्वा 'ईश्वर द्वारा अपनी रक्षा करने के कारणतया इस चेतनकर्तृक प्रपत्ति का निरूपण करने पर'—ऐसा भी अर्थ हो सकता है। ''पिता से पुत्र के लिखवाने के सदृश है'' माने 'उत्पादक होने से हितैषी हो अपनी अज्ञानदशा में भी अपनी रक्षा करने वाले पिता से पुत्र अपनी ज्ञानावस्था में 'हमारी आपको रक्षा करनी चाहिये' ऐसा लिखवाने पर दोनों के संबंध में जैसे दोष लगेगा वैसे सत्ता के कारणभूत सर्वदशा में रक्षक अकारवाच्य सर्वेश्वर के साथ मकारवाच्य जीवात्मा के संबंध में दोष लगेगा'। ''लिखवाना'' माने 'रक्षक के नाम को अपने छाती में लिखवाना'।

ऐसा हो तो इसका स्वरूप क्या ? इस आकांक्षा में कहते हैं;

अस्याः स्वरूपं स्वासहिष्णुत्वम् ।।६१।।

इसका स्वरूप अपने को न सहना ।।६१।।

''इसका स्वरूप'' माने 'प्रपत्ति का असाधारण आकार'। ''अपने को न सहना'' माने 'उपाय स्वीकार रूप अपने को उपायतया न सहना'। ऊपरी आकार को छोड़ यथार्थ निरूपण करने पर अपने में उपायत्व बुद्धि करने के योग्य न होना। यद्वा ''अपने को न सहना'' माने 'उपायतया प्रसिद्ध अपने को न सहना'। इस अर्थ में भी अपने में उपायत्व बुद्धि करने के योग्य न होना यही अर्थ होता है।

चरम श्लोक में इसको अंगसहित विधान करने से 'जो जो अंगसहित होता है वह वह साधन होता है' वह न्याय यहाँ पर न होगा क्या? इस शंका में अंग के स्वरूप को दिखाने पर वह न्याय यहाँ न लगेगा ऐसा विचार कर कहते हैं;

अंगं स्वव्यतिरिक्तासहिष्णुत्वम् ।।६२।।

अंग अपने से व्यतिरिक्त को न सहेगा ।।६२।।

''अपने से व्यतिरिक्त को न सहेगा'' माने 'स्वीकाररूप अपने को छोड़ चेतन प्रवृत्तियों में किसी को भी न

सहना'। *साधनरूप सकल प्रवृत्तियों का सवासना त्याग ही इसका अंग होता है।* 'जो जो अंग सहित होता है' इस स्थल में जो प्रवृत्तिरूप अंगसहित हैं उनको साधनतया कहते हैं। वैसा न हो इस प्रपत्ति का अंग निवृत्तिरूप होने से यही इसके उपायत्वाभाव को दिखाता है ऐसा तात्पर्य समझना।

इसके अनुपायत्व को दृढ़ करने के लिये सिद्ध और साध्य उपायों के प्रकारों को कह उन दोनों की अपेक्षा इसकी श्रेष्ठता को कहते हैं;

उपायः स्वं सहते। उपायांतरमुभयमपि सहते। इयमुभयमपि न सहते ।।६३।।

उपाय अपने को सहेगा। उपायांतर दोनों को सहेगा। यह प्रपत्ति दोनों को न सहेगी ।।६३।।

''उपाय अपने को सहेगा'' माने 'सिद्धोपायभूत सर्वेश्वर इष्ट प्राप्ति अनिष्ट निवृत्ति इन दोनों को स्वयं करने से अपने को उपाय माने तो सह सकेगा'। **'उपायोपेयत्वे तदिह तव तत्वं न तु गुणौ'** 'उपायत्व और उपेयत्व ये दोनों आपका स्वरूप है गुण नहीं' ऐसे उपेयत्व की तरह उपायत्व ईश्वर का स्वरूप है।

'ये च वेदविदा विप्रा ये चाध्यात्मविदो जनाः।
ते वदंति महात्मानं कृष्णं धर्मं सनातनम्।।'

'जो ब्राह्मण वेद को जानते हैं और जो आत्मा को जानते हैं वे महात्मा कृष्ण को सनातन धर्म कहते हैं।'

'शरण्यं शरणं च त्वामाहुर्दिव्या महर्षयः।
अमृतं साधनं साध्यं संपश्यंति मनीषिणः।।'

'देवता और महर्षिगण आपको रक्षक और उपाय जानते हैं। ज्ञानी लोग नाशरहित मोक्ष, उपाय और उपेय जानते हैं।' ऐसा कहा है। 'अपने को सहेगा' इतना ही कहने से अपने से व्यतिरिक्त को नहीं सहना अर्थ सिद्ध होता है। यह सिद्धोपाय और किसी सहायता को नहीं सहता है। इसलिये ही 'आनुकूल्यसंकल्पादि उपायांग न हो धान्य कूटने से पसीने की तरह स्वभावसिद्ध होते हैं।' इस अर्थ को परंदपडि रहस्य में श्री लोकाचार्यस्वामी ही कहे हैं।

''उपायांतर दोनों को सहेगा'' माने 'सिद्धोपाय से व्यतिरिक्त साध्योपाय स्वपारतंत्र्य ज्ञान रहित स्वयत्नपर लोगों को मोक्ष साधनतया शास्त्र में कहे जाने से अपने में उपायत्वबुद्धि को सहेगा और आप सिद्ध होने के लिये प्रवृत्ति रूप अंग की अपेक्षा करने से स्वव्यतिरिक्तों को भी सहेगा'। **'भक्त्यालभ्यस्त्वनन्यया'** 'अनन्य भक्ति से प्राप्त होने योग्य हैं' 'ज्ञान और कर्मों से जिनका मन निर्मल हुआ है उनको अनन्य भक्ति से सर्वेश्वर प्राप्त होते हैं।' 'हजारों जन्मों में कर्म और ज्ञानयोगों से जिनके पाप दूर हुए हैं उनको कृष्ण में भक्ति होती है।' ऐसा कहा है।

''दोनों को न सहेगी'' माने 'सिद्धोपाय स्वीकाररूप निवृत्ति साध्य अधिकारी विशेषण और स्वरूप से अभिन्न यह प्रपत्ति दोनों को न सहेगी' अर्थात् 'चेतनों की प्रवृत्ति और अपने में उपायत्वबुद्धि इन दोनों को न सहेगी'। इस कारण सिद्ध और साध्य उपायों से भिन्न यह प्रपत्ति उपाय नहीं हो सकती है।

इस प्रकार यह प्रपत्ति उपाय न हो तो फलसिद्धि के लिये इस चेतन के पास भी कुछ होना आवश्यक नहीं है क्या? इस आकांक्षा में कहते हैं;

फलस्यात्मज्ञानमप्रतिषेधश्चैवापेक्षितः ।। ६४।।

फल के लिये आत्मज्ञान और अप्रतिषेध ही अपेक्षित हैं ।।६४।।

''फल के लिये'' माने 'फल सिद्धि के लिये'। ''आत्मज्ञान'' माने 'स्वस्वरूपज्ञान, तदेकशेषत्व तदेकरक्ष्यत्व ज्ञान'। ''अप्रतिषेध'' माने 'निरुपाधिक रक्षक सर्वेश्वर के रक्षा करने पर न रोकना, अपने रक्षण में अपने संबंध को छोड़ना'। 'ही' कहने से इन दोनों के अतिरिक्त और किसी की अपेक्षा नहीं। चरमपद (आय) में कहे जाने वाले फल के लिये प्रथमपद (प्रणव) में कहे जाने वाले आत्मज्ञान और मध्यमपद (नमः) में कहे जाने वाले अप्रतिषेध भी अपेक्षित हैं।

इस प्रकार न हो फल के लिये इस चेतन को भी कुछ करना चाहिये ऐसा मानने पर क्या दोष होगा? इस शंका में कहते हैं;

अन्यथा बंधस्य पूर्तेश्च न्यूनता स्यात् ।। ६५।।

ऐसा न हो तो संबंध और पूर्ति में दोष लगेगा ।।६५।।

''ऐसा न हो तो'' माने 'फल के लिये चेतन को भी कुछ करना चाहिये ऐसा समझने पर'। ''संबंध और पूर्ति में दोष लगना'' माने 'इस चेतन के रक्षण को अपना फल मानने के योग्य परमात्मा के निरुपाधिक शेषित्वरूप संबंध में, इस चेतन की प्रवृत्तियों में किसी की भी अपेक्षा न करने वाले निरपेक्षोपायत्व में भी दोष लगना'।

तथापि अनंत क्लेशों के स्थानभूत संसार सागर में डूब व्याकुल होने वाले इस चेतन से अपनी आपदा को जानने पर आपत्सखा ईश्वर को स्वकर्तृक प्रपत्ति से वश कर उनके अनुग्रह से इस आपदा को हटाना आवश्यक नहीं है क्या? इस शंका में कहते हैं;

आपदं दूरीकुर्म इति भ्रमित्वा तद्वर्धनाद् व्यावृत्तिरेवापेक्षिता ।। ६६।।

आपदा को हटा लेते हैं ऐसे भ्रांत हो उसका उत्पादन न कर लेना ही अपेक्षित है ।।६६।।

सर्वेश्वर के चरणों में प्रपत्ति कर संसाररूप आपदा को हटा लेते हैं ऐसा समझ अपने क्रियमाण प्रपत्ति से तदेकपारतंत्र्यरूप स्वरूप की हानि रूप आपदा का उत्पादन न कर लेना ही अपेक्षित है। एक आपदा का परिहार करने में प्रवृत्त हो और एक आपदा का संपादन न कर *इस चेतन के स्वयत्न से निवृत्त होने पर सर्वेश्वर आप ही रक्षा करेंगे* यह तात्पर्य है।

तथापि 'रक्ष्यभूत चेतन की अपेक्षा की प्रतीक्षा करते हैं' ऐसे रक्षकभूत सर्वेश्वर रक्ष्यभूत इस चेतन की अपेक्षा की प्रतीक्षा करते हैं कहने से सर्वेश्वर कर्तृक रक्षा के लिये इस चेतन की अपेक्षा भी अपेक्षित है, ऐसी शंका में कहते हैं;

रक्षणायापेक्षिता रक्ष्यत्वानुमतिरेव ।। ६७।।

रक्षण के लिये अपेक्षित 'रक्ष्य हूँ' ऐसी अनुमति ही है ।।६७।।

निरुपाधिक रक्षक सर्वेश्वरकर्तृक रक्षण के लिये इस चेतन में अपेक्षित 'तुम हमारे रक्ष्य हो' ऐसा कहने पर 'नहीं हूँ' ऐसा न कह अपने रक्ष्यत्व को अंगीकार करना ही अपेक्षित है। 'रक्ष्यभूत चेतन की अपेक्षा की

प्रतीक्षा करते हैं' इस वाक्य में अपेक्षा का अर्थ रक्ष्यत्वानुमति ही है। 'याचना प्रपत्ति है' 'प्रार्थना की बुद्धि' इस वचनानुसार उपाय स्वीकार का अप्रतिषेध द्योतक है यही लोकाचार्य स्वामीजी कहे हैं।

इस प्रकार अनुमति की अपेक्षा कर रक्षा करेंगे तो यह अनुमति कैसे साधन न होगी? इस शंका में कहते हैं;

सर्वेषामुपायानां साधारणत्वाच्चैतन्यकार्यत्वात्प्राप्तिदशायां चानुवर्तमानत्वात्स्वरूपातिरेकित्वाभावाच्चाचिद्व्यावृत्तवेषः साधनीकर्तुं न शक्यते ।।६८।।

सब उपायों के साधारण होने से, चैतन्यकार्य होने से, प्राप्तिदशा में भी अनुवर्तमान होने से, स्वरूपातिरेकी न होने से, अचिद्व्यावृत्ति वेष को साधन नहीं कर सकते हैं ।।६८।।

भोगमोक्षोपायों में किसी एक उपायानुष्ठान के योग्य चेतन से 'तुम इस उपाय का अनुष्ठान करो' ऐसा कहने पर 'वैसा ही करूँगा' ऐसा अनुमति पूर्वक उसमें प्रवृत्त होना आवश्यक होने से सब उपायों के साधारण होना। इससे किसी स्थान में भी इस अनुमति का अधिकारी विशेषणत्व बिना फल साधनत्व न होना दिखाया गया।

''चैतन्यकार्य होना'' माने 'रक्ष्यत्व चेतनाचेतन साधारण होने पर भी ज्ञान शून्य होने से उस आकार को जानने की योग्यता रहित अचेतन की तरह न हो ज्ञानाश्रय होने से उस रक्ष्यत्व आकार को जानने के योग्य इस चेतन की अनुमति इसका ज्ञान कार्य होना'। इससे यह *अनुमति चेतन के स्वभाव से हुई है अतएव साधन कोटि में न गिनी जायगी।*

''प्राप्तिदशा में अनुवर्तमान होना'' माने 'उपाय दशा मात्र में न हो उपेय दशा में भी सर्वेश्वर के व्यामोहानुगुण क्रियमाण विनियोग विशेषों में अपनी इच्छा के अनुसार दास को विनियोग कर लीजिये ऐसी अनुमति इस चेतन में वर्तमान होना'।

''स्वरूपातिरेकी न होना'' माने 'शेषीकर्तृक व्यापारों में सहायभूत होना'। शेषत्वपारतंत्र्य का कार्य होने से यह अनुमति स्वरूप से अलग न हो स्वरूप ही होना। इससे साधन हो तो स्वरूपातिरेकी होना चाहिये ऐसा तात्पर्य है।

''अचिद्व्यावृत्तवेष'' माने 'ज्ञातृत्व द्वारा ज्ञानशून्य अचित् से भिन्न आत्मा का आकार'। यहाँ ''वह आकार'' माने 'ज्ञान का कार्य अनुमति ही है'। ''इसको साधन नहीं कर सकते'' माने 'इस प्रकार यह साधन नहीं ऐसा सिद्ध करने वाले हेतु बहुत होने से इस अनुमति को साधनतया कल्पना नहीं कर सकते'।

ऐसा हो तो अचित् से विलक्षण होने का प्रयोजन क्या है? इस आकांक्षा में कहते हैं;

अचिद्व्यावृत्तेः प्रयोजनमुपाय उपकारस्मृतिरुपेये प्रीतिश्च ।।६९।।

अचित् से विलक्षण होने का प्रयोजन उपाय में उपकार स्मृति और उपेय में प्रीति ये दोनों हैं ।।६९।।

''उपाय में उपकार स्मृति'' माने 'हमारे दुष्ट मन को नाश किये हो' 'आदरपूर्वक सेवा करने वाले मन को दिये हो' इस प्रकार सिद्धोपायभूत सर्वेश्वर के अपने विषय में किये हुए उपकारों का अनुसंधान करना। ''उपेय में प्रीति'' माने 'उनके चरणों में

अचेतन से विलक्षण होने का प्रयोजन उपाय में उपकार स्मृति और उपेय में प्रीति ये दोनों हैं।

स्वक्रियमाण कैंकर्यों में 'संतोषपूर्वक कैंकर्य कर' ऐसी प्रीति और तद्द्वारा सर्वेश्वर को होने वाली प्रीति को देख अपने में होने वाली प्रीति।'

इस प्रकार इस चेतनगत एक भी उपाय न होने पर इसको उनकी प्राप्ति में उपाय क्या है? इस शंका में कहते हैं;

'त्वन्मनसा किमैच्छ:' इत्युक्तप्रकारेण प्राप्तेरुपायस्तदिच्छा ।।७०।।

'तुम्हारे मन से क्या विचार किये हो' इत्युक्त प्रकार प्राप्ति का उपाय उनकी इच्छा है ।।७०।।

इस चेतनगत फल का एक भी उपाय न होने से, 'तुम्हारे मन से क्या विचार किये हो' ऐसे हाथ से छूटी हुई वस्तुओं की रक्षा करने में तत्पर 'आपके मन से क्या विचार किये हो' ऐसा हित चाहने वाले उनकी इच्छा ही उपाय है समझ जैसे सूरि अनुसंधान किये हैं वैसे उनकी प्राप्ति का उपाय सर्वज्ञ सर्वशक्ति प्राप्त और परमदयालु सर्वेश्वर की चेतनोज्जीवन के लिये क्रियमाण इच्छा ही है ऐसा तात्पर्य समझना।

वह इच्छा उनको कब होती है इस शंका में कहते हैं;

सा च सदा वर्तते ।।७१।।

वह सदा रहती है ।।७१।।

''सदा'' माने 'इस चेतन के किसी एक व्रत का अवलंबन कर परमात्मा से अलग हो संचार करने के काल में और समाश्रयण रुचि होने के काल, सर्वकाल में भी रहती है'।

तब यह इच्छा आज तक फलीभूत क्यों नहीं हुई? इस आकांक्षा में कहते हैं;

सा फलति—अस्य चिंता निवृत्ता चेत् ।।७२।।

वह इच्छा फलीभूत होती है — इसकी इच्छा निवृत्त होने पर ।।७२।।

उनकी इच्छा इसका कार्य करती है इसकी स्वरक्षणचिंता हटने पर। इस अर्थ में विश्वास होने के लिये वेदांति के वचन को कहते हैं;

अंतिमकालस्य शरणं तदानीं शरणं किमिति चिंतानिवृत्तिरिति यतिरवोचत्।।७३।।

'अंतिमकाल का रक्षक—अब रक्षक कौन ऐसी चिंता न करना ही' ऐसा वेदांति कहे हैं ।।७३।।

वेदांति अपने आश्रित एक श्रीवैष्णव के व्याधिग्रस्त होने पर उसको देखने के लिये गये। तब वह श्रीवैष्णव 'दास को अंतिमकाल में रक्षकभूत एक उपाय बताइये' ऐसा पूछने पर 'अंतिमकाल में रक्षक—हमारा अब रक्षक कौन है? ऐसी स्वरक्षणचिंता का न होना ही' इस वार्ता का स्मरण करना अर्थात् चेतनकर्तृक चिंता नष्ट होने पर ही ईश्वर की इच्छा सफल होती है यह तात्पर्य है।

प्रापक ईश्वर हो तो भी प्राप्त होने वाला और प्राप्ति से संतुष्ट होने वाला यह चेतन ही है, तब इस चेतन की चिंता को प्रत्यक्ष हटाना उचित है क्या? इस शंका में कहते हैं;

प्राप्ता च प्रापकश्च प्राप्तेः प्रसन्नश्च स एव ।।७४।।

प्राप्ता, प्रापक और प्राप्ति से संतुष्ट होने वाला भी वही है ।।७४।।

जब इस चेतन ने स्वकर्तृक उपाय को छोड़ ईश्वर ही उपाय हैं ऐसा निश्चय किया है तब प्राप्त होना, प्राप्त होने पर संतुष्ट होना ये दोनों चेतन के नहीं, उपायभूत ईश्वर के ही होते हैं। इस कारण 'प्राप्त होने वाला, प्रापक और प्राप्ति से संतुष्ट होने वाला भी वही है' ऐसे समाप्त करते हैं।

''प्राप्ता ईश्वर होना' माने 'आत्मा चीज है मालिक ब्रह्म है' ऐसे 'स्वतः सिद्ध स्वस्वामित्व संबंध द्वारा चीज को प्राप्त होने वाले मालिक की तरह इस आत्मा को प्राप्त होने वाले आप ही हैं'।

''प्रापक वह है'' माने 'इस चेतन को प्राप्त होने के समय प्राप्ति का उपाय सर्वज्ञत्व, सर्वशक्तित्व, सत्यसंकल्पत्वादि गुणविशिष्ट और निरंकुशस्वतंत्र आप ही हैं'।

''प्राप्ति से संतुष्ट होने वाले भी वे ही हैं'' माने 'चीज के लाभ से तद्भोक्ता स्वामी जैसे हृष्ट होता है वैसे इस चेतन की प्राप्ति के लिये मैं भाग्यवान हुआ हूँ ऐसे हृष्ट होने वाले आप ही हैं'।

''ये तीनों वे ही हैं'' ऐसा कहने से 'इन तीनों में एक भी चेतन के साथ संबंध नहीं रखता है' ऐसा जानना। 'प्राप्त होने वाले और प्रापक ये दोनों वे ही हैं' कहने से इस चेतन का स्वयत्न में संबंध नहीं है, 'प्राप्ति से संतुष्ट होने वाले वे ही हैं' कहने से इस चेतन का स्वप्रयोजन में संबंध नहीं है ये दोनों सिद्ध होते हैं।

तब इस चेतन के ज्ञातृत्व कार्यभूत कर्तृत्व भोक्तृत्व वाला होने से स्वयत्न स्वप्रयोजनों के योग्य होते हुए भी इन दोनों की निवृत्ति कैसे होती है? इस शंका में कहते है;

स्वयत्ननिवृत्तिः पारतंत्र्यफलं, स्वप्रयोजननिवृत्तिः शेषत्वफलम् ।।७५।।

स्वयत्ननिवृत्ति पारतंत्र्य फल है, स्वप्रयोजननिवृत्ति शेषत्व फल है ।।७५।।

ज्ञातृत्व के कारण कर्तृत्व होते हुए भी भगवत्प्राप्ति के लिये आप ''अपने यत्न को छोड़ कर रहना'' माने 'अपना स्वरूप और स्थिति परमात्मा के अधीन हैं' ऐसा इस पारतंत्र्यज्ञान का कार्य है। वैसे ही भोक्तृत्व होते हुए भी उनको आनंदित करना छोड़ अपने आनंदित न होना रूप स्वप्रयोजन निवृत्ति परमात्मा के अतिशय को बढ़ाना ही अपना स्वरूप है ऐसा इस शेषत्वज्ञान का कार्य है। इससे पारतंत्र्य और शेषत्व ये दोनों आत्मा के स्वरूप होने से इन आकारों को जानने पर ये दोनों (स्वयत्न निवृत्ति और स्वप्रयोजन निवृत्ति) स्वयमेव होते हैं।

स्वयत्न निवृत्ति पारतंत्र्य फल है,
स्वप्रयोजन निवृत्ति शेषत्व फल है।

इस प्रकार स्वयत्न स्वप्रयोजनों में संबंध न हो तो इस चेतन के प्रयत्न और चैतन्य के प्रयोजन क्या? इस शंका में कहते हैं;

परप्रयोजनप्रवृत्तिः प्रयत्नफलं, तद्विषयप्रीतिश्चैतन्यफलम् ।।७६।।

परप्रयोजन प्रवृत्ति प्रयत्न का फल है, परमात्मा के विषय में प्रीति चैतन्य का फल है ।।७६।।

'मैं सब करूँगा' 'विच्छेदरहित कैंकर्य करना' 'आपही का हम कैंकर्य करेंगे' इन वचनानुसार परमात्मा का

प्रयोजन मान की जाने वाली कैंकर्य रूप प्रवृत्ति इसके प्रयत्न का फल है। 'नित्यकिंकर हो हृष्ट करूँगा' इत्युक्त प्रकार परमात्मा के हर्ष के लिये चेतनकर्तृक कैंकर्य से अत्यंत हृष्ट परमात्मा के विषय में प्रीति इस चेतन के अचिद्भिन्नत्व रूप चैतन्य का प्रयोजन है। 'सीढ़ी हो आपके प्रवालाधर को देखूँगा' ऐसा कहे हैं। इससे पारतंत्र्य शेषत्वों से फलित स्वयत्न स्वप्रयोजन निवृत्ति वाले चेतन के प्रयत्न चैतन्यों के पारतंत्र्य शेषत्वानुगुण प्रयोजन कहे गये हैं।

परप्रयोजन प्रवृत्ति प्रयत्न का फल है, परमात्मा के विषय में प्रीति चैतन्य का फल है।

शेषत्वादि और ज्ञातृत्वादि आत्मा के धर्म होने पर शेषत्वादि को प्रधान मान ज्ञातृत्वादि को उसके अनुगुण योजना करने का हेतु क्या? इस शंका में कहते हैं;

अहमर्थस्य ज्ञानानंदौ तटस्थौ दास्यं ह्यंतरंगनिरूपकम् ।।७७।।

अहमर्थ का ज्ञानानंदादि जैसे तटस्थ कहे जाँय वैसे दास्य ही अंतरंग निरूपक है ।।७७।।

''अहमर्थ'' माने 'प्रत्यक्तत्व होने से 'अहं' ऐसा जानने और व्यवहार करने योग्य आत्मवस्तु'। 'ज्ञानानंदमय आत्मा है'। 'ज्ञानानंदलक्षण स्वरूप अणुमात्र है'।

ऐसे ज्ञानानंदों से आत्मवस्तु का निरूपण करते हैं। ''जैसे तटस्थ कहे जाँय'' माने 'बहिरंगनिरूपक समझ बाह्याकार कहे जाँय'। ''दास्य'' माने 'शेषत्व', यह ''अंतरंगनिरूपक'' माने 'भगवत्स्वरूप के विशेषणतया शेषभूत होकर ही सत्ता वाले होने से पहले शेषत्व को लेकर निरूपण कर अनंतर अन्य आकारों से निरूपण करने योग्य होना'। ''इससे निरूपक'' माने 'एक वस्तु को अन्य वस्तु से अलग करने वाला है'। दास्य ईश्वर से अलग करता है। ज्ञानानंद अचित् से अलग करता है। इस प्रकार ये दोनों निरूपकधर्म वस्तु के अपेक्षित होने पर भगवत् प्रकारतया सत्ताविशिष्ट वस्तु को अचित् से अलग करने वाले ज्ञानानंद जैसे बाहर के दल हों वैसे प्रकारत्व से आया हुआ शेषत्व ही अंतरंग निरूपक होता है। 'ही' इससे इस अर्थ में प्रमाण प्रसिद्ध है समझना।

सकल आत्मा परमात्मा के स्वत: सिद्ध दास हैं, उनका बद्धावस्था में और मोक्षावस्था में भी अन्य लक्षण नहीं है।

प्रथम शेषत्व को लेकर आत्मवस्तु का निरूपण कर अनंतर ज्ञानानंदलक्षण ज्ञानगुणक और अचित् से भिन्न है ऐसा कहना चाहिये। इस अर्थ का तीसरे पद (मकार) से निरूपण करने वाला प्रणव, समस्त वस्तु सर्वेश्वर के प्रकार हैं इस अर्थ का निरूपण करने वाला नारायण पद आदि इसमें प्रमाण हैं।

'सकल आत्मा परमात्मा के स्वत: सिद्ध दास हैं। उन आत्माओं का बद्धावस्था में और मोक्षावस्था में भी अन्य लक्षण नहीं है।' इत्यादि प्रमाण भी हैं। शठकोपसूरि 'दास के भीतर रहने वाले' कहे हैं। श्रीगोष्ठीपूर्ण के चरणों में कूरेश छ: महीने शुश्रूषा कर, महानिधिरूप से यही अर्थ प्राप्त किये हैं। अभिप्राय यह है कि शेषत्व अंतरंगनिरूपक होने से शेषत्व से निरूपित आत्मस्वरूप के विशेषण ज्ञातृत्वादियों को शेषत्वानुसार योजना करनी चाहिये।

यह शेषत्व स्वरूपनिरूपक हो तो आत्मा जब से है तब से रहना चाहिये ऐसा न हो अब ही होने से, लौकिक जन इसको आगंतुक कहने से यह दास्य आत्मा को बीच में आया है इस शंका में कहते है;

इदं चागंतुकं न भवति ।।७८।।

यह आगंतुक नहीं है ।।७८।।

''यह'' माने 'प्रकृत दास्य'। ''आगंतुक नहीं है'' माने 'स्वभावसिद्ध है'।

'स्वोज्जीवनेच्छा यदि ते स्वसत्तायां स्पृहा यदि।
आत्मदास्यं हरेः स्वाम्यं स्वभावं च सदा स्मर।।'

'तुमको अपने उज्जीवन में इच्छा हो तो, अपनी सत्ता में रुचि हो तो, आत्मा का दास्य और हरि का स्वामित्व, ये दोनों स्वभावसिद्ध समझो।' 'हम भी आपके पुराने दास हैं' ऐसा भी कहा है।

तब आगंतुक किसको कहते हैं? इस शंका में, इस शेषत्व के विरोधियों को कहते हैं ऐसा प्रतिपादन करते हैं;

स्वातंत्र्यमन्यशेषत्वं चागंतुके ।।७९।।

स्वातंत्र्य और अन्यशेषत्व ये दोनों आगंतुक हैं ।।७९।।

''स्वातंत्र्य'' माने 'मैं अपने लिये हूँ ऐसा रहना'। ''अन्यशेषत्व'' माने 'भगवदन्यविषयों में दास्य करना'। ''ये दोनों आगंतुक हैं'' माने 'इस चेतन के अविद्यादि कारण से आये हुए हैं'।

ये इस शेषत्व के विरोधी हैं इसका उपपादन करते हैं;

शेषत्वविरोधि स्वातंत्र्यं, तच्छेषत्वविरोधि तदितरशेषत्वम् ।।८०।।

शेषत्व का विरोधी स्वातंत्र्य है, परमात्मा के शेषत्व का विरोधी तदितरशेषत्व है ।।८०।।

''शेषत्व का विरोधी स्वातंत्र्य है'' माने 'जब यह चेतन 'मैं मेरे लिये हूँ' ऐसा समझता है तब किसी एक विषय में भी शेषत्व न होने से स्वातंत्र्य शेषत्व को रोकता है'।

''परमात्मा के शेषत्व का विरोधी तदितरशेषत्व'' माने 'स्वातंत्र्य नष्ट हो शेषत्व को अंगीकार करने पर भी भगवद्व्यतिरिक्त विषयों में एक का अपने को शेष मानना, यह निरुपाधिक शेषी परमात्मा के शेषत्व को रोकता है'।

'यह आगंतुक नहीं' इस अर्थ को स्पष्ट कहते हैं;

अहंकाररूपमालिन्यनिवर्त्तने आत्मनोऽविनश्यन्नाम दास इति हि ।।८१।।

अहंकाररूप लेप को पोंछने पर आत्मा का स्वतः सिद्ध नाम 'दास' ही है ।।८१।।

अहंकार—देहात्माभिमान और स्वातंत्र्य ऐसे दो प्रकार का है उनमें यहाँ पर स्वातंत्र्य को कहते हैं। ''लेप'' कहने से उस 'अहंकार का तिरोधायकत्व और आगंतुकत्व भासता है'। ''उसको पोंछना'' माने 'सदाचार्य उपदेशादियों से वासना सहित छुड़ाना'। ''आत्मा का स्वत:सिद्ध नाम दास'' माने 'आगंतुक जाति, वर्ण, आश्रमादियों से आकर नष्ट होने वाले नामों की तरह न हो आत्मा रहने तक अनुवर्तन करने वाला नाम 'दास' ऐसा है'। 'ही' कहने से इस अर्थ में प्रमाण प्रसिद्ध है। **'दासभूताः स्वतः'** 'स्वत:सिद्ध दास हैं' **'आत्मदास्यं'** 'आत्मा का दास्य' इत्यादियों को यहाँ प्रमाण समझना। इस कारण स्वातंत्र्यादि आगंतुक है दास्य स्वत:सिद्ध है ऐसा कहने में दोष नहीं।

वह कैसे? ग्रामकुलादियों से होने वाला नाम ही व्यवहार में चलता है इस शंका में कहते हैं;

ग्रामकुलादिप्रयुक्तं नामानर्थहेतुः ।।८२।।

ग्रामकुलादियों से होने वाला नाम अनर्थ का हेतु है ।।८२।।

ग्रामकुलादि से कहे जाना अहंकार जनक होने से स्वरूप हानि रूप अनर्थ को करता है। इस कारण उन नामों से यह चेतन नहीं कहा जाना चाहिये।

पूर्वोक्त अर्थ का प्रमाण दिखाते हैं;

'एकांती व्यपदेष्टव्यः' ।।८३।।

'एकांती कहा जाता है' ।।८३।।

'एकांती व्यपदेष्टव्यो नैव ग्रामकुलादिभिः।
विष्णुना व्यपदेष्टव्यस्तस्य सर्वं स एव हि।।'

'एकांती ग्राम कुलादियों से नहीं कहा जाता है, विष्णु से ही कहा जाता है कारण उसके ग्राम कुल आदि सब विष्णु ही हैं', इससे भगवदेकपर चेतन ग्राम कुलादि संबंधों से नहीं कहा जाता है। उसके ग्राम कुलादि सब भगवान ही हैं।

'प्राप्ता' (सू. ७४) इत्यादि वाक्य से इस चेतन के स्वयत्न निवृत्त्यादि भान होने से इनका कारण अमुक है, एवंभूत प्रयत्न और चैतन्य के प्रयोजन, शेषत्वादि के प्राधान्य का हेतु आत्मस्वरूप का अंतरंग निरूपक दास्य है, यह स्वाभाविक है, इसके विरोधी आगंतुक हैं, विरोधी दूर होने पर आत्मा का दास्य ही नित्यनिरूपक है, ग्राम कुल आदियों से यह नहीं कहा जाता है, इस अर्थ में प्रमाण इत्यादि भी कहे हैं। 'अतः स्वयत्न निवृत्ति' (सू. ७५) इत्यादि वाक्य से लेकर यहाँ तक प्रासंगिक समझना।

एवं इस प्रकरण से प्रपत्ति का देशादिनियम नहीं, विषयनियम ही है, वह विषय अमुक है, उस विषय का वैलक्षण्य, उस विषय में प्रपत्ति करने वाले अधिकारियों का वैलक्षण्य, उसमें प्रपत्ति करने वाले अधिकारी तीन प्रकार के हैं, प्रपत्ति को उपाय मानने से होने वाला दोष, प्रपत्ति के स्वरूपादि, जिस विषय में प्रपत्ति करते हैं वही विषय उपाय है इत्यादि कहे गये हैं।

पुरुषकार और उपाय साधारण वैभव प्रकरण समाप्त



अधिकारी वैभव

उपाय के लिये

- सीताजी
- द्रौपदी
- तिरुक्कण्णमंगैयांडान्

के सदृश रहना चाहिये।

उपेय के लिये

- श्रीलक्ष्मणजी
- श्रीजटायु
- पिल्लैतिरुनरैयूररैयर्
- चिंतयंती

के सदृश रहना चाहिये।

श्रीवचनभूषण सू. ८४

।।अधिकारी शोधन प्रकरण।।

अनंतर अधिकारी का शोधन करते हैं। उपाय उपेय के वास्ते होने से, 'उपेय में प्रीति' 'परप्रयोजन के लिये प्रवृत्ति प्रयत्न का फल है, उस विषय में प्रीति चैतन्य का फल है' ऐसा उपेयाधिकार भी पूर्व प्रसक्त होने से, द्वय में निष्ठावान अधिकारी को दोनों अपेक्षित होने से, उपाय और उपेयाधिकारों में इस चेतन को अमुक अमुक प्रकार से रहना चाहिये इस अर्थ को उपाय और उपेय में निष्ठा वालों का दृष्टांत दे कहते हैं;

उपायस्य जानकीवत् द्रौपदीवत् तिरुक्कण्णमंगैयाण्डान्वत् वर्तेत। उपेयस्य बालस्वामिवत् महाराजवत् पिल्लैतिरुनरैयूररैयर्वत् चिंतयंतीवच्च वर्तेत ।।८४।।

उपाय के लिये सीताजी, द्रौपदी और तिरुक्कण्णमंगैयांडान् के सदृश रहना चाहिये, उपेय के लिये श्रीलक्ष्मणजी, श्रीजटायु, पिल्लैतिरुनरैयूररैयर् और चिंतयंती के सदृश रहना चाहिये ।।८४।।

''उपाय के लिये'' माने 'उपाय का अधिकारी होने के समय अथवा उपायाधिकार के लिये'। वैसे ही 'उपेय के लिये' भी इसको समझना।

उनके सदृश रहना चाहिये, इसके अभिप्राय को दिखाने के लिये उनके अनुष्ठानों को दिखाते हैं, उनमें सीताजी और द्रौपदी के अनुष्ठानों को दिखाने के लिये पहले दोनों के वैलक्षण्य को कहते हैं;

जानक्या द्रौपद्याश्च तारतम्यं शक्तिश्चाशक्तिश्च ।।८५।।

सीताजी और द्रौपदी के वैलक्षण्य शक्ति और अशक्ति हैं ।।८५।।

'वह उनके अनुरूप है' ऐसे रहने वाली सीताजी, 'मेरी रक्षा करो' ऐसा कहने वाली द्रौपदी इन दोनों में वैलक्षण्य 'शीत हो जाओ' ऐसा कह अग्नि को जैसे पानी बनायीं वैसे 'जल जाओ' ऐसे विरोधी वर्ग को भस्म कर अपनी रक्षा करने की शक्तिमती होना। स्वयत्न से विरोधियों को हटा अपनी रक्षा कर लेने का विचार करने पर भी द्रौपदी का तदनुगुण शक्ति का अभाव वाली होना।

पूर्वोक्त कर्तृक व्यापार को कहते है;

जानकी स्वशक्तिमत्यजत्, द्रौपदी लज्जामत्यजत्, तिरुक्कण्णमंगैयाण्डान् स्वव्यापारमत्यजत् ।।८६।।

सीताजी ने अपनी शक्ति छोड़ दी, द्रौपदी ने लज्जा छोड़ दी, तिरुक्कण्णमंगैयाण्डन् ने अपने व्यापार को छोड़ दिया ।।८६।।

''अपनी शक्ति को छोड़ना'' माने 'अपने पति श्रीराम ही रक्षा करेंगे हमारी शक्ति से स्वयं रक्षा कर

लेना हमारे पारतंत्र्य स्वरूप का नाशक है ऐसा समझ अपनी शक्ति से कार्य नहीं लेना';

'असंदेशात्तु रामस्य तपसश्चानुपालनात्।
न त्वा कुर्मि दशग्रीव! भस्म भस्मार्हतेजसा।।'

'हे रावण! श्रीरामजी की आज्ञा न होने से पारतंत्र्यस्वरूप का पालन करने से भस्म करने के योग्य निज तेज से तुझे भस्म नहीं करती हूँ।' ऐसा सीताजी कही हैं।

''लज्जा छोड़ना'' माने 'दुःशासन की सभा के बीच में मानभंग करने पर लज्जावती हो आप अपने हाथ से न रोक कर दोनों हाथों को ऊपर उठाना'। ज्ञानाधिक होने से सीताजी स्वामी ही रक्षक हैं ऐसे विश्वास कर अपनी शक्ति को छोड़ सकी थीं, उतना ज्ञान नहीं होने पर भी *महत् आपद दशा में श्रीकृष्ण ही रक्षक हैं ऐसे महाविश्वास पूर्वक महासभा के बीच में द्रौपदी का लज्जा छोड़ना ही दुष्कर कार्य है।*

''तिरुकण्णमंगैयांडान् अपने व्यापार को छोड़ दिये'' माने 'स्वरक्षण हेतुभूत स्वव्यापार को छोड़ दिये'। एक भृत्य के कुत्ते को अन्यभृत्य के मारने पर उसको न सहकर मारने वाले से युद्ध कर और उसको मार आप भी मर गया इस व्यापार को देख तिरुक्कण्णमंगैयाण्डान् 'एक क्षुद्र चेतन ने अपने अभिमत कुत्ते के लिये जान दे दी तो परम चेतन सर्वेश्वर के अभिमान में अंतर्भूत होने पर वह क्या न करेगा' ऐसा विचार स्वरक्षण व्यापारों को छोड़ उस कुत्ते की तरह अपने को मानकर उसी समय तिरुक्कण्णमंगै दिव्यदेश में जा भक्त जीवन नामक भगवान के द्वार में लोटते भये। यह बात प्रसिद्ध है।

अब उपेयाधिकारियों में प्रधान श्रीलक्ष्मण भगवान के प्रकार को विस्तार पूर्वक कहते हैं;

क्षुधिता यथा पक्वमन्नं भोक्तव्यं पच्यमानं च भोक्तव्यमिति वदंति तथा स्वामिनि वनं गच्छति बालस्वामी विश्लेषे धारणाभावं पुरस्कृत्य कैंकर्यं कर्तव्यं सकलविधकैंकर्यं च कर्तव्यं प्रेरणा च कर्तव्येत्यवोचत्। पुरप्रवेशानंतरं वने एकांते स्वयंपाके उदरवर्धनात् सह भोक्तुमक्षमः एकहस्ते श्रीमच्छ्वेतच्छत्रमन्यहस्ते श्रीमच्छ्वेतचामरं च धृत्वा कैंकर्यमकरोत् ।।८७।।

जैसे क्षुधातुर लोग पाक किये हुए और किये जाने वाले अन्न को भी पावेंगे ऐसा कहते हैं वैसे अरण्य जाने के समय श्रीलक्ष्मणजी ने राम विश्लेष में धीरज को छोड़ मैं सर्व प्रकार का कैंकर्य करूँगा आपकी प्रेरणा भी चाहिये ऐसी प्रार्थना की है, अनंतर चतुर्दश वर्ष के बाद अयोध्या में प्रवेश करने पर अरण्य में एकांत में अपने स्वयंपाक से पेट को बढ़ाने से पंक्ति में भोजन करने को असमर्थ हो एक हाथ से श्वेतछत्र अपर हस्त से श्वेत चामर को भी धारण कर सेवा किये हैं ।।८७।।

जैसे क्षुधातुर अपनी क्षुधा की अधिकता से इसके पहले पाक किया हुआ अन्न, इस वक्त पकता हुआ अन्न सभी हम पावेंगे ऐसा मनोरथ करते हैं वैसे श्रीरामजी के अरण्य जाने के वक्त 'बाल्य से ही स्नेह करने वाले' श्री लक्ष्मणजी अयोध्या से निकलने के पहले संग जाने का प्रयत्न करने पर तुम न जाओ ऐसा राम के निषेध करने पर,

'कुरुष्व मामनुचरं वैधर्म्यं नेह विद्यते।
कृतार्थोहं भविष्यामि तव चार्थः प्रकल्पते।।'

'हमको आप अनुचर बनाओ इसमें कोई अधर्म



नहीं मैं कृतार्थ होऊँगा आपका भी प्रयोजन सिद्ध होगा', गंगा के पार पहुँचने पर लक्ष्मणजी को छोड़ने के लिये फिर भी रामजी बहुत कहे तो,

'न च सीता त्वया हीना न चाहमपि राघव!।
मुहूर्तमपि जीवावौ जलान्मत्स्याविवोधृतौ।।'

'आपको छोड़कर सीता और मैं दोनों जल से बिछुड़ी मछलियों की तरह क्षण भर भी नहीं जी सकते' ऐसा भी कहने से, विश्लेष में धारणासामर्थ्य को आगे कर मुझे अनुचर बना लो ऐसा कहने के बाद, 'धनुष को चढ़ाकर खनती और टोकरी लेकर आपको रास्ता बताते हुए आपके सामने जाऊँगा, प्रतिदिन आपके लिये कंदमूल फलों को लाऊँगा, तपस्वी लोगों के स्वादु आहार जो कुछ हैं उन सबको लाऊँगा' ऐसा कहने से शेषत्वानुगुण कैंकर्य करना चाहिये इस तरह प्रार्थना कर तदनंतर,

'भवांस्तु सह वैदेह्या गिरिसानुषु रंस्यते।
अहं सर्वं करिष्यामि जाग्रतः स्वपतश्च ते।।'

'आप सीताजी के साथ पर्वत प्रदेशों में जब विचरेंगे तब मैं सोते और जागते हुए आपके सर्व प्रकार के कैंकर्य को करूँगा' इस प्रकार कहने से, *उस कैंकर्य में अमुक ही कैंकर्य करूँगा ऐसे नियम को छोड़ सर्वप्रकार के कैंकर्य की प्रार्थना किये हैं।* पंचवटी में जब गये तब श्रीरामजी जल और छाया युक्त एक प्रदेश को देख पर्णशाला बनाओ ऐसा लक्ष्मण से कहने पर, 'इस प्रकार रामजी से कहे गये लक्ष्मणजी हाथ जोड़ सीता के सम्मुख श्रीरामजी से यह कहते भये।' ऐसे अपने सिर में स्वातंत्र्यरूप भार को जब रक्खे हैं तब मुझको छोड़ दिये इस प्रकार विकृत हो सीताजी को आगे कर हाथ जोड़,

'परवानस्मि काकुत्स्थ! त्वयि वर्षशतं स्थिते।
स्वयं तु रुचिरे देशे क्रियतामिति मां वद।।'

'हे राघव! आप जब तक रहेंगे तब तक मैं परतंत्र हूँ इसलिये आप ही अपने इच्छित देश में पर्णशाला बनाने की मुझे आज्ञा दीजिये।'

इस तरह से कहने पर *कैंकर्यरूप कार्य में जैसे स्वातंत्र्य रूप दोष न लगे वैसे आपके इच्छित कैंकर्यों में मुझको आज्ञा मिले ऐसी प्रार्थना किये।* श्रीअयोध्या को प्रत्यावृत्त हो और अभिषिक्त होने पर, अपने साथ कैंकर्य करने वाले न होने से अरण्य में आप ही सर्वविध कैंकर्य कर आशा को बढ़ाने से, अकेले स्वयंपाक से उदर को बढ़ाने वाला जैसे पंक्ति में भोजन नहीं कर सकेगा वैसे श्रीभरतसूरि आदियों की तरह आप भी एक कैंकर्य कर तृप्त न हो एक हाथ में

श्वेत छत्र और दूसरे हाथ में श्वेत चामर धारण कर एक ही काल में दो कैंकर्य किये हैं।

यह वृत्तांत श्रीरामायण में नहीं है। 'छत्र और चामर हाथ में ले लक्ष्मणजी श्रीरामजी का अनुगमन करते भये' यह वचन श्रीरामायण का नहीं है क्या? इस शंका में कहते हैं; अरण्य को जाने के पहले श्रीअभिषेक के लिये अलंकृत हो अपने दिव्यांत:पुर से निकल चक्रवर्ती के श्रीगृह को जाने के लिये रथ में बैठ श्रीरामजी के जाने के समय लक्ष्मणजी का यह वृत्तांत अयोध्याकाण्ड में कहा गया। वह इस स्थल में संगत नहीं। तब श्रीलोकाचार्यस्वामी किस आधार से ऐसा कहे हैं? इस शंका में कहते है; पद्मपुराण की रीति से कहते हैं;



'अनंतर उस पुण्यदिन और शुभलग्न में श्रीरामजी के अभिषेक के लिये लोग मंगल मनाते भये' ऐसे आरंभ कर विस्तारपूर्वक कहते हुए;

'तीक्ष्ण तपस्या वाले ऋषिलोग चतुर्वेदमय शुभ वैष्णव सूक्तों को जपते हुए मंत्र से पवित्र जलों से जगत्पति श्रीरामचन्द्रजी का शुभाभिषेक करते भये। उस शुभलग्न में आकाश में देवताओं के नगारे बजते भये, चारों तरफ पुष्पवृष्टि हुई और सीताजी के साथ श्रीरामजी दिव्य वस्त्र, भूषण और दिव्य गंध अनुलेप और दिव्य नानाविध पुष्पों से अलंकृत हो वेदपारंगत ऋषियों के बीच में शोभते भये'।

'लक्ष्मणजी दिव्य छत्र और चामर को धारण किये, दोनों पार्श्व में भरत और शत्रुघ्न पंखों को चलाते थे, श्रीमान् राक्षसेंद्र विभीषण दर्पण दिखाते भये, वानरेश्वर सुग्रीव पूर्णकलश को धारण किये, महातेजस्वी जांबवान् मनोहर पुष्पमाला को पहनाये, बालिसूनु अंगद सकपूर तांबूल प्रीतिपूर्वक देते भये, हनुमानजी दिव्य दीपक को हाथ में ले दिखाये, सुषेण दिव्यध्वजा को धारण किये, इस तरह सभी मंत्रीलोग चारों तरफ से घेरकर श्रीरामजी की सेवा करते भये।' ऐसा पद्मपुराण के उत्तरखंड ४९वें अध्याय में कहा है।

'दिव्यछत्र और दिव्यचामर को लक्ष्मणजी धारण किये' इस वचन के प्रमाण से 'श्वेत छत्र और श्वेत चामर को धारण किये' ऐसा कहे हैं।

महाराज: पिल्लैतिरुनरैयूररैयर् आचार्यश्च शरीरमुपैक्षताम् ।।८८।।

श्रीजटायु, पिल्लैतिरुनरैयूररैयर ये दोनों शरीर की उपेक्षा किये हैं।।८८।।

श्रीजटायु को 'महाराज' नाम से हमारे पूर्वाचार्य लोग कहते हैं। पंचवटी में रामजी पधार जटायु को स्वीकार कर 'हे लक्ष्मण! इस पक्षी के साथ मैं यहाँ वास करूँगा।' ऐसा कहने के बाद स्वामी के अत्यंत अंतरंग हो भगवान के आश्रम के समीप वास करने पर, अचानक रावण आ सीताजी को ले जाने पर सीताजी इनको एक वृक्ष के ऊपर देख मुझको यह इस प्रकार अपहर कर ले जा रहा है ऐसे इनका नाम पुकारने पर

सोने वाले ये उस आर्त ध्वनि को सुन रावण के ले जाने के प्रकार को देख, 'तुमको यह उचित नहीं' ऐसा धर्मोपदेश करने पर वह न सुनने से 'हम जीते जी इस अक्रम को नहीं देख सकते। इसके साथ युद्ध कर लौटा नहीं सकूँगा तो मरूँगा' ऐसा निश्चय कर अतिबल पराक्रम वाले होने से उसके साथ महायुद्ध कर उसके हाथ से मारे जाकर अपने शरीर को छोड़ दिये हैं।

पिल्लैतिरुनरैयूररैयर् सकुटुंब तिरुनारायणपुर में वेदनारायण भगवान के दर्शनार्थ जा मंदिर में प्रवेश किये, उस समय में नास्तिक लोग मंदिर में अग्नि लगाये, भीतर के सब लोग बाहर निकल गये, तब भगवान के दिव्य मंगलविग्रह को जलते हुए देख असह्य हो अधिक प्रेम से आप भी मरने की तैयारी किये, इनके पुत्र भी इनका साथ न छोड़ सभी उस मंदिर के भीतर जलकर भस्म हो गये यह बात प्रसिद्ध है।

चिंतयंत्या देहः स्वत एव गतः ।।८९।।

चिंतयंती का शरीर स्वयमेव निवृत्त हुआ।।८९।।

'कोई गोपी घर के भीतर रहती हुई बाहर ससुर आदि को देख न निकल सकी तब आँख मूँद तन्मय हो गोविंद का ध्यान करती रही। श्रीकृष्ण में चित्त लगने से महानंद की प्राप्ति द्वारा पुण्य से रहित हुई, ध्यान से निवृत्त होने पर कृष्ण की अप्राप्ति जान जो दुःख पाई उससे पाप रहित हुई। जगत्सृष्टिकर्ता परब्रह्मस्वरूपी

श्रीकृष्ण का चिंतन करती हुई उच्छवास रहित हो गोपकन्या मुक्त हुई।'

इस प्रकार रासक्रीड़ा के समय श्रीवेणुगान को सुन वृंदावन जाने को उद्युक्त हो ससुर दर्शन से न जा सकी, घर के भीतर श्रीकृष्ण का ध्यान कर उसके आनंद से और उनकी अप्राप्ति के कारण अत्यधिक दु:ख से पुण्यपाप रहित हो परमात्मा के अलाभ जनित क्लेश से श्वास बंद हुआ, इस गोपी का शरीर बिना यत्न स्वयमेव निवृत्त हुआ।

तथाच इस प्रकार दृष्टांतभूतों के प्रकार को कह 'इनकी तरह रहना' इसके अभिप्राय को कहते हैं;

उपायस्य शक्तिर्लज्जा यत्नश्च त्याज्याः, उपेयस्य प्रेम स्वोपेक्षा धारणाभावश्चापेक्षिताः ।।९०।।
उपाय के लिये शक्ति, लज्जा और यत्न ये तीनों निवृत्त होने चाहिए। उपेय के लिये प्रेम, अपने शरीर का अनादर और धारणाभाव ये तीनों चाहिए ।।९०।।

उपाय के लिये अधिकारी होने के समय

- अपना रक्षण आप करने के अनुगुण शक्ति,
- अपने स्वीकृत उपाय के विरोधियों को छोड़ने पर लोगों के हास्य को देख लज्जा और
- स्वपारतंत्र्य विरोधी स्वयत्न,

ये तीनों निवृत्त होने चाहिए।

उपेय के अधिकारी होने पर

- स्वामी को न छोड़ उनकी आज्ञानुसार सर्व कैंकर्य करूँ ऐसा प्रेम,
- स्वामी को कोई आपदा आने पर देखने को असमर्थ हो स्वशरीर की उपेक्षा और
- स्वामी का विग्रहानुभव प्राप्त न होने पर धारण अशक्ति से श्वास बंद होना,

ये तीनों चाहिये। इस कारण ''उनकी तरह रहना'' माने 'उनकी तरह अनुष्ठान करना'।

'विष्णु कार्य को उद्देश्य कर मनुष्य जब देह त्याग करता है तब वैकुंठ को प्राप्त हो मुक्त होता है।' ऐसा आग्नेयपुराण में; 'देव कार्य में आसक्त हो जो अपने शरीर को छोड़ता है वह पापात्मा होने पर भी विष्णुलोक को जाता है।' ऐसा वायुपुराण में; 'जो मनुष्य श्रीरंगनाथ को उद्देश्य कर देह त्याग करता है उसके वंश में मरने वाले सब मुक्त होंगे।' ऐसा वामनीयपुराण में भी कहने से, विशेषकर आश्वमेधिक पर्व वैष्णवधर्म शास्त्र पंचम अध्याय में; 'हमारे विषय में चित्त को लगा कर जो मनुष्य अग्नि प्रवेश करता है वह अग्नि के सदृश प्रभा वाले विमान में बैठ हमारे स्थान को जाता है। जो मनुष्य हमारी प्रपत्ति कर अनशनव्रत से प्राणों का त्याग करता है वह बालसूर्य प्रकाश वाले विमान में बैठ हमारे लोक को जाता है।'

साक्षात् भगवान के ही ये वचन होने से, इस प्रकार मोक्षसाधनतया कहे जाने वाले भगवदर्थ स्वदेह का त्याग अनन्यसाधन प्रपन्न को त्याज्य नहीं है क्या? प्रपन्न पिल्लैतिरुनरैयूररैयर् देहत्यागरूप साधन का अनुष्ठान कैसे किये? इस आकांक्षा में कहते हैं;

अस्य वैधतया आगतो हि त्याज्यः, रागप्राप्ततयाऽऽगतस्त्यक्तुं न शक्यते खलु ।।९१।।
इसका विधि द्वारा आने वाले ही त्याज्य होते हैं, राग प्राप्त हो आने वाले त्यागने को अशक्य हैं ।।९१।।

'यह करो' ऐसा एक विधि प्रयुक्त हो आने वाले को स्वरूपाननुरूप समझ प्रपन्न छोड़ सकता है, ऐसा न

हो ईश्वर विश्लेष को नहीं सहन कर भोग्य और प्राप्त विषय में प्रेम के कारण आने वाले को बलात्कार से भी नहीं छोड़ सकते हैं। विधि के कारण आने वाले छोड़ने को शक्य हैं, प्रेम के कारण आने वाले छोड़ने को अशक्य हैं।

यह कैसे? इस आकांक्षा में कहते हैं;

उपायत्वानुसंधानं निवर्तकं उपेयत्वानुसंधानं प्रवर्तकम् ।।९२।।

उपायत्वानुसंधान निवर्तक है, उपेयत्वानुसंधान प्रवर्तक है ।।९२।।

''उपायत्वानुसंधान निवर्तक'' माने 'विधिरूप से जब आता है तब देहत्यागरूप प्रवृत्ति में उपायत्वानुसंधान करने से वह अनुसंधान साधनतया निश्चित इस देहत्यागरूप प्रवृत्ति से निवृत्त करता है'।

''उपेयत्वानुसंधान प्रवर्तक'' माने 'राग प्राप्त होने के समय इस विषय की हानि को देखने की अपेक्षा मरना ही अच्छा है ऐसा समझ देहत्याग को पुरुषार्थतया अनुसंधान करने से वह अनुसंधान इस चेतन को देहत्याग में लगाता है'।

यद्वा विधिप्रयुक्त होने पर भगवद्विषय में उपायत्वानुसंधान देहत्याग को रोकता है, राग प्राप्त होने पर उस विषय में प्राप्यत्वानुसंधान देहत्याग का प्रवर्तक होता है।

इस प्रकार साधनबुद्धि को छोड़ भगवद्विषय में अधिक प्रेम से अपने देह को छोड़ने की अवस्था हो सकती है क्या? इस आकांक्षा में कहते हैं;

अप्राप्तविषयेषु सक्ते तल्लाभ आवश्यक इति स्थिते सति प्राप्तविषयप्रवणस्य न वक्तव्यं खलु ।।९३।।

अप्राप्त विषयों में आसक्त पुरुष उसको प्राप्त होने के लिये व्याकुल होता है तो प्राप्त विषय में आसक्त होने वाले पुरुष को कहना ही क्या ।।९३।।

स्वरूप प्राप्त न होने वाले हेय विषयों में आसक्त पुरुष अपने प्राण को छोड़ कर भी उस विषय को प्राप्त करने के लिये यत्न करता है तो स्वरूप प्राप्त विलक्षण विषय परमात्मा में आसक्त पुरुष उस विषय को उद्देश्य कर प्राण का त्याग करेगा इसमें क्या कहना। एक वेश्या के विषय में एक पुरुष अत्यासक्त होने पर जब वेश्या व्याधिग्रस्त हुई तब उस पुरुष ने देवता के सामने प्रार्थना की कि यह वेश्या व्याधि से मुक्त हो जाय तो मैं अपने सिर को काट तुम्हें चढ़ाऊँगा। बाद वेश्या नीरोग होने पर अपने सिर को काटकर बलिदान दिया, यह बात प्रसिद्ध है।

उपायोपेयाधिकारों के उपयुक्ततया कहे गये अनुष्ठानों की तरह न हो उपायतया शास्त्रसिद्ध होने से प्रपन्न के अनुष्ठान करने के अयोग्य देहत्याग रागप्राप्त होने से किये बिना न रह सकने पर भी उपाय कोटि में मिले बिना नहीं रहेगा? इस शंका में कहते हैं;

अनुष्ठानं चाननुष्ठानं चोपायकोटौ नान्वेति ।।९४।।

अनुष्ठान और अननुष्ठान उपाय कोटि में न गिना जायेगा। ।।९४।।

जैसे अनुष्ठानतया उक्त स्वशक्ति त्यागादि और प्रेमादि ये दोनों उपाय और उपेय अधिकारांतर्गत होने से

उपायकोटि में नहीं गिने जायेंगे तद्वत् अनुष्ठानतया उक्त देहत्याग उपायबुद्धि से अनुष्ठित न हो रागप्राप्त होने से उपायकोटि में नहीं गिना जायगा, किंतु उपेय अधिकार में गिना जायगा। *उपायतया शास्त्र सिद्ध होने पर भी उपायबुध्या अनुष्ठान करने से ही उपाय माना जाता है, ऐसा न मानें तो प्रपन्न से उपाय बुद्धि को छोड़ उपेय बुद्धि से किये जाने वाले पुण्यदेश वासादि भी उपायकोटि में गिने जायंगे।*

यद्वा यह प्रवृत्ति उपायकोटि में गिने जाने पर अनन्य उपायत्व की हानि होगी इतना ही किंतु प्रेमपरवशों को दोष नहीं ऐसा कहने के लिये प्रेमपरवशों की प्रवृत्तियों को दिखाते हैं;

अनन्योपायत्वम्, अनन्योपेयत्वम्, अनन्यदेवत्वं च यथा नष्टं स्यात्तथा प्रवृत्तिं पश्यामः ।।९५।।

अनन्योपायत्व, अनन्योपेयत्व और अनन्यदैवत्व ये तीनों जैसे नाश हों वैसी प्रवृत्तियों को देखते हैं ।।९५।।

''अनन्योपायत्व को नाश करने की प्रवृत्ति'' माने 'अच्छी तरह व्रत करता हूँ' 'हमारे व्रतानुष्ठान को तुम देखो' 'दुष्ट स्त्री हो मैं मडल ग्रहण करूँगी' 'नामों का अभ्यास कर' 'मैं विशाल ताल शाखा लिये बिना न रहूँगी' 'यथा लोग जानें तथा मडल ग्रहण करूँगी' 'ऐसे व्रतानुष्ठान और मडल ग्रहण इत्यादि व्यापारों में लगना'।

''अनन्योपेयत्व को नाश करने की प्रवृत्ति'' माने 'सर्वेश्वर का अतिशय करना ही पुरुषार्थ है ऐसा न रह 'हमको अच्छा होगा' 'परिशुद्ध दल शीतल तुलसी को हम धारण करेंगी' ऐसे अपने अतिशय को ढूँढना'।

''अनन्यदैवत्व के नाश की प्रवृत्ति'' माने 'कामदेव! तुम और तुम्हारे भ्राता को प्रणाम करते हैं' 'कहने की एक बात है, हे स्वामिन्!' 'ऐसे कामदेव की देवता बुद्धि से आराधना करना'।

''देखते हैं'' माने 'प्राप्यवस्तु में अधिक प्रेम से बड़े बड़े ज्ञानी लोगों में देखते है'। पूर्वोक्त प्रवृत्ति को उपायकोटि में गिनना वस्तु स्वभाव मात्र से है, वैसे न हो साक्षात् उपाय बुद्धि से अनुष्ठित इन उपायों को भी प्रेम स्वभाव से उपाय नहीं मानते हैं तो वस्तुस्वभाव से किये जाने वालों को उपाय कैसे मानेंगे, इसलिये प्रेमपरवशों को यह दोष नहीं।

यह सब व्याकुलता से हुई है, अज्ञान द्वारा होने वाले आदर करने योग्य नहीं हैं, इस शंका में कहते हैं;

ज्ञानविपाककार्याज्ञानेनागताः सर्वे पदे सुवर्णार्घाः ।।९६।।

ज्ञानविपाक कार्य अज्ञान से होने वाले सब पद पद में अमूल्य हैं ।।९६।।

''ज्ञानविपाक'' माने 'ज्ञानफल आनंद' इस वचनानुसार ज्ञान का परिपाकरूप भक्ति है। ''उसका कार्य अज्ञान''

माने 'उस भक्त्यतिशय से होने वाले प्राप्ताप्राप्त विवेकाभाव'। ''उससे होने वाले प्रवृत्ति विशेष सब पदेपदे अमूल्य हैं'' माने 'अति श्लाघ्य हैं'। कर्म के कारण होने वाले अज्ञान से किये जाने वाले ही हेय हैं।

तथापि यह अति प्रवृत्ति, चेतन की प्रवृत्तियों में किसी को न सहने वाले सिद्धोपाय के अपना कार्य करने में प्रतिबंधक न होगी क्या? इस शंका में कहते हैं;

उपायफलं उपेयांतर्गता च सा उपायप्रतिबंधिका न भवति ।।९७।।
उपाय के फल और उपेय के अंतर्गत होने वाले, उपाय के प्रतिबंधक न होंगे ।।९७।।

''उपाय के फल'' माने सिद्धोपायभूत सर्वेश्वर कर्तृक कृषि का फल, 'अज्ञाननिवृत्तिमत्यानंद दिये हैं' 'अत्यधिक काम को समुद्र के तुल्य बढ़ाने वाले मेघसदृश विग्रह मेरा कृष्ण' 'इस प्रकार की प्रवृत्तिहेतु *भक्ति के उत्पादक और वर्धक भी वे ही हैं'। इसलिये भक्ति पारवश्यहेतुक इस प्रवृत्ति को उपायफल कहते हैं।*

''उपेय के अंतर्गत'' माने 'प्राप्यवस्तु में त्वरा के आधिक्य से नेत्र घूम रहे हैं यह आश्रित व्याकुल हो रहा है ये सब मेरी आशा से ही' ऐसा समझ सर्वेश्वर संतुष्ट होते हैं, इसलिये *मडलग्रहण आदि ये प्रवृत्तियाँ उनके मुखोल्लासार्थ क्रियमाण कैंकर्य के सदृश हो उपेय में अंतर्गत होती हैं।*

''उपाय के प्रतिबंधक न होंगे'' माने 'इस प्रकार की ये प्रवृत्तियाँ उपायभूत सर्वेश्वर के कार्य करने में प्रतिबंधक न होंगी'।

इस प्रकार मडलग्रहण प्रभृति सिद्धोपाय के प्रतिबंधक न होंगे ऐसा कह, वे सिद्धोपाय के सदृश हैं ऐसा कहते हैं;

साध्यसमानं विलंबासहमिति हि साधनस्याधिक्यं, साध्यप्रावण्यहेतुना हि साधनेऽवगाहनम् ।।९८।।
साध्यसमान और विलंबासह होने से ही साधन श्रेष्ठ होता है। साध्य में प्रेमाधिक्य होने से ही साधन में प्रवृत्त होते हैं ।।९८।।

साध्यवस्तु ही साधन होने से साध्य के सदृश कहते हैं। फलविलंब को न सह शीघ्र कार्य करने वाले होने से ही इतरसाधनापेक्षया सिद्धसाधन श्रेष्ठ होता है। साध्य में प्रेमाधिक्य होने से ही इस साधन को ग्रहण करते हैं। वे दोनों पूर्वोक्त प्रवृत्तियों में हैं।

तथाच मडल ग्रहण प्रभृति प्रवृत्तियाँ शेषी का अतिशय करने वाली होने से कैंकर्यरूप साध्य के समान होती हैं। इसलिये 'मडल ग्रहण और व्रतानुष्ठान करूँगी' ऐसे प्रवृत्त होने पर जैसे सर्वेश्वर त्वरा से आ इनके चरणों में गिरें वैसे करने से फलविलंब को न सहते हैं। इसलिये सिद्ध साधन की तरह इतर साधनों की अपेक्षा श्रेष्ठ हो साध्य में प्रावण्य द्वारा इनमें उतरने के आकार भी समान होते हैं। इससे सिद्धोपाय के बिना ये ही कार्य करने में समर्थ होने से सिद्धोपाय के प्रतिबंधकत्वरूप दोष से रहित हैं।

अथवा 'उपाय के प्रतिबंधक न होंगे' इस वाक्य का और एक प्रकार से उपपादन करते हैं;

जैसे दूध औषध होता है वैसे साध्य वस्तु ही साधन होने से भोग्यता में साध्य के समान होती है। साध्य प्राप्ति के लिये कालविलंब को न सह शीघ्र प्राप्त करावेगा ऐसा समझकर ही साधनांतरों की अपेक्षा सिद्धसाधन को श्रेष्ठ कहते हैं। अब इसका वैभव कहने

का कारण—ये दोनों आकार साध्य प्रावण्य हेतु होते हैं ऐसा भान होने से सर्वेश्वर की अप्राप्ति से क्षणकाल विलंब को न सह व्याकुल करने वाले साध्यप्रावण्य द्वारा ही मडल ग्रहण आदि इन साधनों में प्रवृत्त होते हैं। इस कारण इस प्रकार के प्रावण्य की अधिकता से की जाने वाली प्रवृत्तियाँ उपायभूत सर्वेश्वर के ऊपर गिर के कार्य करने योग्य होती हैं, उस उपाय की प्रतिबंधक नहीं हैं ऐसा तात्पर्य है।

इस प्रकार 'उस चेतन के विधिप्रयुक्त आने वाले ही त्याग करने योग्य हैं' (सू. ९१) ऐसे प्रारंभ कर यहाँ तक कहते हुए पिल्लैतिरुनरैयूररैयर की प्रवृत्ति के बहाने से, भगवत्प्रपन्न होने पर भी उपेय में आसक्त चेतन को भगवद्विषय प्रावण्य द्वारा स्वदेह त्याग करने से हटना असंभव है, उपायबुद्धि से अनुष्ठित न होने से वह उपायकोटि में न गिना जायगा; वस्तुस्वभाव से उपायकोटि में गिने जाने पर भी प्रेमपरवशों को दोष जनक नहीं है; बुद्धिपूर्वक अनन्योपायत्व भंजक व्यापार बड़े बड़े ज्ञानियों में भी दीखने से, ये अज्ञानमूल होने पर भी प्रेमकार्य अज्ञान से आये हैं, इसलिये अति प्रशंसनीय हैं। सिद्धोपायप्रतिबंधक न होंगे इतना ही नहीं सिद्धोपाय के सदृश कहने योग्य इनका माहात्म्य है ऐसा कहने से, उपेयाधिकार में 'अपनी उपेक्षा करना' ऐसा कहा हुआ यह अनन्यसाधनत्व के उचित है क्या? इस शंका का परिहार किया गया है।

एवंभूत प्रावण्य विषय वैलक्षण्य के अधीन है, शम दम आदि आत्मगुण ही अधिकार को प्रकाशित करते हैं; ऐसा पूछने पर, उन गुणों का भी यह प्रावण्य उत्पादन करता है ऐसा कहते हैं;

अस्योत्पद्यमानानामात्मगुणानां सर्वेषामिदं प्रावण्यं प्रधानहेतुः ।। ९९।।

इसमें होने वाले संपूर्ण आत्मगुणों का प्रधान हेतु यह प्रावण्य है ।।९९।।

'शम दम स्वभाव वाला' 'अभिमान का अभाव' इत्यादि में उक्त प्रकार 'इस चेतन में होने योग्य आत्मगुण बहुत हैं' ''उन सब गुणों का प्रधान हेतु यह प्रावण्य'' माने 'अनुकूल सहवास, शास्त्राभ्यास और आचार्योपदेशादि रूप अन्य हेतुओं की अपेक्षा यह प्रावण्य मुख्य हेतु है'।

इस अर्थ में प्रमाण दिखाते हैं;

'स्वामिविषये मनसि लग्ने' 'परमात्मनि यो रक्तः' 'दृष्ट्वा श्रुत्वा स्पृष्ट्वा घ्रात्वा भुक्त्वा'।।१००।।

'सर्वेश्वर के ऊपर मन लगने पर' 'परमात्मा में जो आसक्त होता है' 'देख सुन छू सूंघ खा' ।।१००।।

भगवत्प्रेम इतर विषयों से विरक्ति का कारण होता है।

'सर्वेश्वर के ऊपर मन लगने पर युवतियों की भुजाओं को छोड़ शास्त्र में मन लगाने लगेगा' ऐसे सर्वेश्वर के ऊपर हृदय के लगने पर भोग्यभूता युवतियों की भुजाओं से आलिंगन करने की आशा छोड़ प्रमाणों में मन लगने योग्य होगा, **'परमात्मनि यो रक्तो विरक्तोऽपरमात्मनि'** 'परमात्मा में जो आसक्त होता है वह परमात्मा व्यतिरिक्त विषयों से विरक्त होता है।' ऐसे परमात्मा के विषय में रक्त होने से इतर विषयों से विरक्त होता है, 'भासमान कटक (कंगन) वाली श्रीदेवी में और आप में नित्यवास करने पर देख

चतुर हो, देख सुन छू सूंघ खा भ्रमण करने वाली पंचेंद्रियों से अनुभूत सुख और दुर्ज्ञेय अपरिमित अतिक्षुद्र सुख (इन दोनों) को छोड़ दिया हूँ' महालक्ष्मी और आप दोनों के परमपद में एकासन में विराजमान स्थिति को देख उसमें प्रवण हो ऐश्वर्य और कैवल्यों से विरक्त हुआ हूँ—ऐसा भी भगवत्प्रेम इतर विषयों से विरक्ति का कारण कहा गया है।

भगवत्प्रावण्य सब आत्मगुणों का प्रधान हेतु कह मात्र इतर विषय विरक्ति के हेतुतया प्रमाणों को दिखाये यह कैसे? इस शंका में कहते हैं; आत्मगुणों में प्रधान शम और दम हैं।

आत्मगुणेषु प्रधानः शमो दमश्च ।।१०१।।

आत्मगुणों में प्रधान शम और दम हैं ।।१०१।।

''शम'' माने 'अंतःकरण का नियमन करना'। ''दम'' माने 'बाह्यकरणों का नियमन करना'।

'शम माने चित्त को शांत रखना। दम माने पंचेंद्रियों का निग्रह करना' ऐसा कहा है। 'क्षमा, सत्य, दम और शम' इस स्थल में 'दम माने बाहर की पंचेंद्रियों को अनर्थ विषयों से रोकना, शम माने अंतःकरणभूत मन को रोकना', ऐसा ही भाष्यकार स्वामीजी भी कहे हैं। व्यत्यास कर कहने के स्थल भी हैं। ये शम दम जहाँ होते हैं वहाँ और गुण स्वयमेव होते हैं। इसलिये प्रधानभूत इन शम दमादि गुणों को कारण बताया गया। यद्वा पूर्वोक्त विरक्ति और सकलात्मगुणोत्पत्ति इन दोनों के हेतु बताये गये। इन आत्मगुणों में मुख्य कौन हैं? इस शंका में 'आत्मगुणों में प्रधान शम और दम हैं' ऐसा कहे हैं। ऐसी भी योजना हो सकेगी समझना।



आत्मगुणों में प्रधान शम और दम हैं। शम माने चित्त को शांत रखना, दम माने पंचेंद्रियों का निग्रह करना।

इन शमदमादियों के होने पर इस चेतन के होने वाली फल परंपरा को कहते हैं;

अनयोरुभयोरुत्पत्तावाचार्यो वश्यो भवति। आचार्यवश्यतानंतरं मूलमंत्रो हस्तगतो भवति। मूलमंत्रे हस्तगते ईश्वरो वश्यो भवति। ईश्वरवश्यतानंतरं 'वैकुंठमहानगरमन्यच्च हस्तगतमेव' इत्युक्तप्रकारेण प्राप्यभूमिः सुलभा भवति ।।१०२।।

इन दोनों के होने पर आचार्य हस्तगत होता है। आचार्य के हस्तगत होने पर श्रीमंत्र हस्तगत होता है। श्रीमंत्र के हस्तगत होने पर ईश्वर हस्तगत होता है। ईश्वर के हस्तगत होने पर 'वैकुंठमहानगर और अन्य सब हस्तगत होते हैं' इस वचनानुसार प्राप्यभूमि हस्तगत होती है ।।१०२।।



यद्यपि भगवत्प्रेम के कारण होने वाले परिपूर्ण शम दमादि गुणों को पहले कहे थे तथापि यहाँ आचार्य अंगीकार के लिये पहले होने योग्य समझ फिर भी कहते हैं। ''इन शम दम दोनों के होने पर आचार्य हस्तगत होता है'' माने 'इन आत्मगुणों को देख संतुष्ट हो जैसे संसार निवर्तक बृहत् श्रीमंत्र का अर्थ सहित उपदेश करें वैसे वश्य होता है'। 'वह विद्वान् आचार्य पास में आये हुए शान्तचित्त शमविशिष्ट उस शिष्य को जिस विद्या से परिणामरहित त्रिकालवर्त्ति परमपुरुष को जान सके उस ब्रह्मविद्या का यथार्थतया उपदेश करे।' ऐसे शमदम विशिष्ट पास में आये हुए शिष्य को ब्रह्मविद्या का उपदेश करने को कहा।

'एतेन श्रवणोपयुक्तमवधानं विवक्षितं।
न तूपासनोपयुक्तात्यंतेंद्रियजयादि:।।'

इस श्रुति में आचार्य के पास जाने के उपयुक्ततया कहे हुए शम दमादियों का *'श्रवण करने के उपयुक्त सावधानचित्तता मात्र कही गई,* उपासनोपयुक्त अत्यंत इंद्रियजयादि नहीं कहा गया' ऐसा श्रुतप्रकाशिकाचार्य व्याख्यान किए हैं।

''आचार्य हस्तगत होने पर श्रीमंत्र हस्तगत होता है'' माने **'तन्मंत्रं ब्राह्मणाधीनम्'** 'वह मंत्र ब्राह्मणों के अधीन है'। 'श्रीमंत्र आचार्याधीन होने से उपदेशकर्ता के हस्तगत होने पर तदुपदेश द्वारा अर्थसहित इसके हृदय में प्रतिष्ठित होता है'। **'ब्रह्मविद्ब्राह्मणो विदु:'** 'ब्रह्म के जानने वाले को ब्राह्मण कहते हैं' इत्युक्त प्रकार 'ब्राह्मणों के अधीन' इस स्थल में ब्राह्मण शब्द आचार्य को कहता है।

''श्रीमंत्र के हस्तगत होने पर ईश्वर हस्तगत होता है'' माने **'मंत्राधीनं च दैवतम्'** 'देवता मंत्र के अधीन हैं' 'ऐसे ईश्वर श्रीमंत्र के अधीन होने से अर्थ सहित उस मंत्र के हस्तगत होने पर उससे कहे जाने वाले सर्वेश्वर चेतन की अनिष्ट निवृत्ति पूर्वक इष्ट प्राप्ति के लिये उपाय होते हैं'।

''ईश्वर के हस्तगत होने पर 'वैकुंठ महानगर और अन्य सब हस्तगत होते हैं' इस वचनानुसार प्राप्यभूमि हस्तगत होती है'' माने **'दैवीधीनं जगत्सर्वम्'** 'संपूर्ण जगत देवता के अधीन है' इस प्रकार उभय विभूति ईश्वराधीन होने से वह उपायतया हस्तगत होने पर प्राप्यभूमि श्रीवैकुंठ इस चेतन को अत्यंत सुलभ होती है।

इस प्रकार शमदमों के होने पर उत्तरोत्तर इन सबके सिद्धिप्रकार को आरोह क्रम से कह इनमें किसको कौन हेतुतया कहा गया वह वैसा ही है ऐसा समझाने के लिये अवरोह क्रम से कहते हैं;

प्राप्यलाभ: प्रापकेण, प्रापकलाभो मूलमंत्रेण, मूलमंत्रलाभ आचार्येण, आचार्यलाभ आत्मगुणेन ।।१०३।।

प्राप्यलाभ प्रापक से, प्रापक लाभ श्रीमंत्र से, श्रीमंत्र लाभ आचार्य से, आचार्यलाभ आत्मगुणों से ।।१०३।।

इसका प्रयोजन; इस हेतु परंपरा में प्रधान हेतु शम दम होने से अवश्य इन दोनों का चेतनों के उपयुक्त होना। ईश्वर ही प्रापक होने से प्राप्य लाभ 'ईश्वर से' इस स्थान में 'प्रापक से' ऐसा कहा है।

ये शमदमादि भोग और मोक्ष कामना वाले सभी को आवश्यक हैं ऐसा कहते हैं;

अयं चैश्वर्यकामानामुपासकानां प्रपन्नानां चापेक्षितः ।।१०४।।

ये ऐश्वर्यकाम, उपासक और प्रपन्नों को भी चाहिए ।।१०४।।

ऐश्वर्यकामों को यद्यपि शब्द आदि भोग ही पुरुषार्थ है तो भी ऐश्वर्य के लिये साधनानुष्ठान करने के समय में शमदमादि अपेक्षित हैं। **'इंद्रियाणि पुरा जित्वा जितं त्रिभुवनं त्वया'** 'पहिले इंद्रियों को जीत अनंतर त्रिभुवन को जीते हो' 'शरीर में धृत आभरणों को सवासना त्याग कर पंचेंद्रियों को जीत' ऐसा कहा है। 'पंचेंद्रियों को जीतकर' इससे मन को जीतना भी सूचित होता है।

उपासकों को उपासना के अंगतया शमादि चाहिये। **'तस्मादेवंविच्छांतो दांत उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भू& त्वाऽऽत्मन्येवात्मानं पश्येत्'** 'इस प्रकार ब्रह्म की उपासना करने वाला शम, दम, उपरति, क्षमा (तितिक्षा) और एकाग्रता (समाहिता) सहित हो मन से आत्मा को देखे।' 'हेय विषय मार्ग को रोक लाख का छाप लगा सन्मार्ग को खोल ज्ञानरूप समीचीन दीप को प्रकाश कर' ऐसा कहा है।

प्रपन्नों को अधिकार के लिये शमदमादि अपेक्षित हैं। 'एकांति भक्तिरूप उपाय को देवतांतर विषयांतर की तरह समझ कृष्ण की प्राप्ति के लिये कृष्ण ही का उपायतया आश्रयण करता है।' 'नियमन करने को अशक्य पंचेंद्रियों को रोक विषय की आशा को छोड़



आपका कैंकर्य करने के लिये आगे खड़े हुए मुझको' ऐसा कहा है।

इस प्रकार तीनों अधिकारियों को अपेक्षित है तो भी अत्यंत आवश्यकता प्रपन्न को है ऐसा कहते हैं;

एतत्त्रयाणां मध्ये अत्यंतमपेक्षा प्रपन्नस्य ।।१०५।।

तीनों में अत्यंत अपेक्षा प्रपन्न को है ।।१०५।।

प्रपन्न को अवश्यापेक्षित है ऐसा कहने के लिये ही औरों को इस स्थल में कहे हैं। उस आधिक्य को दिखाते हैं;

अनयोर्द्वयोर्निषिद्धविषयविरक्तिरेवालं, प्रपन्नस्य विहितविषयविरक्तिस्त्वाधिक्यम् ।।१०६।।

अन्य दोनों को निषिद्ध विषय की निवृत्ति ही अपेक्षित है, प्रपन्न को विहित विषय की निवृत्ति भी अधिक है ।।१०६।।

शब्दादि भोगासक्त ऐश्वर्यकाम और साधनांतर में आसक्त उपासक इन दोनों को शास्त्रनिषिद्ध विषय परदारादियों में निवृत्ति मात्र अपेक्षित है, इन दोनों से विलक्षण प्रपन्न को शास्त्रविहित विषय स्वदारा में निवृत्ति आवश्यक है। यही इन दोनों से आधिक्य है। इन दोनों में ऐश्वर्य काम को स्वदारा में साधनदशा में धर्मबुद्धि

प्रपन्न को विहित विषय निवृत्ति भी अपेक्षित है।

से प्रवृत्त होना फलदशा में भोग्यता बुद्धि से प्रवृत्त होना कहा है। उपासक को फल भगवदनुभव होने से ऐश्वर्यकाम की तरह फलदशा में संबंध नहीं है तथापि उपासनादशा में स्वदारा में धर्म बुद्धि से प्रवृत्त होना चाहिए। प्रपन्न को धर्मबुद्धि से प्रवृत्त होना भी स्वाधिकार रूप प्रपत्ति का भंजक होने से स्वदाराविषय में भी निवृत्ति अपेक्षित है।

धर्म बुद्धि से प्रवृत्ति का परिहार तब कर सकते हैं जब भोग्यताबुद्धि से प्रवृत्ति न हो, अनादिकाल से वासना लगे हुए विषयों से निवृत्ति कैसे होगी? इस शंका में कहते हैं;

इयं च केषांचित्सौंदर्येण जायते, केषांचित्कृपया जायते, केषांचिदाचारेण जायते ।।१०७।।
यह कई एक को सौंदर्य से उत्पन्न होती है, कई एक को कृपा से उत्पन्न होती है, कई एक को आचार से उत्पन्न होती है ।।१०७।।

''कई एक को सौंदर्य से उत्पन्न होती है'' माने 'भगवत्तत्व को साक्षात्कार किये हुए भक्तिपरवश प्रपन्नों को सकलजन मोहन सर्वेश्वर के विग्रह के सौंदर्य का अनुभव करने से उत्पन्न होती है'।

''कई एक को कृपा से उत्पन्न होती है'' माने 'तत्वयाथात्म्यदर्शी ज्ञानाधिक प्रपन्नों को 'हमारे अनुभव के लिये जन्म ले इस प्रकार अन्यविषय प्रवण हो अनर्थ को पाते हैं' ऐसी अन्यविषय आसक्ति छूटने के लिए ईश्वरकर्तृक परम कृपा से उत्पन्न होती है'।

''कई एक को आचार से उत्पन्न होती है'' माने 'परिमित ज्ञान वाले अज्ञान से प्रपन्नों को अवतारों में; 'लोकमर्यादाओं को करने और कराने वाले वही हैं।' इस वचनानुसार अधिकारानुगुण सर्वेश्वर आचरण कर और आचरण कराकर संचार किये हैं और ज्ञानाधिक पूर्वाचार्य आचरण किये हैं, इन दोनों प्रकार के आचारों को शास्त्र और आचार्य उपदेशादि द्वारा जानने से उत्पन्न होती है'।

इन हेतुओं से उत्पन्न होने के क्रम को, उसके जिज्ञासु के प्रश्न का अनुवाद करते हुए कहते हैं;

उत्पत्तिक्रमः कथमिति चेत्सौंदर्यमज्ञानं जनयति, कृपौऽरुचिं जनयति, आचारो भयं जनयति ।।१०८।।
उत्पन्न होने का क्रम कैसा? इस शंका में—सौंदर्य अज्ञान को उत्पन्न करेगा, कृपा अरुचि को उत्पन्न करेगी, आचार भीति को उत्पन्न करेगा ।।१०८।।

''सौंदर्य अज्ञान को उत्पन्न करेगा'' माने 'दृष्टि और चित्त का अपहरण करने वाले होने से सौंदर्य विषयांतर को तुच्छ मानने योग्य करेगा'। ''कृपा अरुचि को उत्पन्न करेगी'' माने 'विषयांतरों को देखने वाले चेतन की जुगुप्सा उत्पादन कर उनसे हटावेगी'। ''आचार भीति को उत्पन्न करेगा'' माने 'रुचि होने पर भी 'पूर्वजों के आचारों के अनुसार नहीं करने पर हमको अनर्थ ही होगा' ऐसा समझ विषयस्पर्श में भीति को उत्पन्न करेगा'। इस कारण इस क्रम से उत्पन्न होती है समझना।

इन तीनों प्रकार के प्रपन्नों को सौंदर्यादि तीनों में एक एक को ही विरक्ति हेतुतया कहने के कारण को कहते हैं;

इदं चाधिक्यमपेक्ष्योच्यते ।।१०९।।
इनको भी आधिक्य के अपेक्षया कहते हैं ।।१०९।।

'अज्ञान से प्रपन्न' इत्यादि (सू. ४९) से कहे हुए इनकी प्रपत्ति के हेतु एक एक के आधिक्य को लेकर जैसे कहे गये वैसे, 'सौंदर्य से उत्पन्न होती है' ऐसे प्रारंभ कर कहे हुए विरक्ति हेतुभूत ये भी एक एक के आधिक्य को लेकर कहे गये हैं। इससे भक्तिपरवशता से प्रपन्नों को अरुचि के कारण कृपा और भय के कारण आचारानुसंधान होने पर भी भगवद्विग्रहवैलक्षण्य को साक्षात्कार कर अनुभव करने वाले होने से विग्रह सौंदर्य में सदा मन लगे रहने से विषयांतरों को नहीं जानने देने वाला वह विग्रह सौंदर्य ही उनमें अधिकतया भासमान है।

ज्ञानाधिक्य प्रपन्नों में अज्ञानहेतुभूत विग्रह सौंदर्य को अर्चावतार में देख अनुभव करना, भयहेतुभूत पुरातन शिष्टाचार का अनुसंधान करना इन दोनों के रहने पर भी सर्वेश्वर अपनी कृपा रूप प्रवाह को पूर्णतया बहाकर स्वीकार किये हुए विषय होने से अरुचि के कारण इनमें कृपा अधिकतया रहती है।

अज्ञान से प्रपन्नों में अर्चावतार में कदाचित् विग्रहसौंदर्यानुभव और रुचिहेतुभूत कृपा ये दोनों रहने पर भी पूर्वाचार्यों के आचारों को ही सदा अनुसंधान करने से भय हेतुभूत वे आचार उनके मन में

अधिकतया रहते हैं। इस आधिक्य को लेकर ही एक एक ही विरक्ति हेतुतया कहा गया।

विषय वैलक्षण्य अतिशय से विषयांतर में अज्ञान हो सकता है, आप्तभूत शिष्टों के आचारानुसंधान से अविहित और विहित विषयों के स्पर्श में भय भी हो सकता है, अनादिकाल से अपेक्षा करते हुए जिन विषयों को भोगते रहे तादृश विषयों में अरुचि का होना असंभव है, इसलिये तादृश अरुचि के सर्वेश्वर की कृपा से उत्पन्न होने पर, उसके अपेक्षितांश को कहते हैं;

अरुच्युत्पत्तौ दोषदर्शनमपेक्षितम् ।।११०।।
अरुचि के उत्पन्न होने पर दोष को देखना भी अपेक्षित है ।।११०।।

''दोष को देखना'' माने 'भोग्यताबुद्धि से आलिंगनादि योग्य युवतियों के शरीर का मांस रक्त पूय विष्ठा मूत्र

स्नायु मज्जा अस्थियों के समुदायरूप चर्म से ढका हुआ दुर्गंधि द्रव्य होना, भोग का भी अल्प, अस्थिर, दु:खमिश्र और अनर्थावह होना इनको प्रत्यक्षादि प्रमाणों से देखना'।

ऐसा हो तो वही अरुचि का हेतु है क्या? इस शंका में कहते हैं;

तत्प्रधानहेतुर्न भवति ।।१११।।

वह प्रधान हेतु नहीं है ।।१११।।

''प्रधान हेतु नहीं है'' माने 'वह भी एक हेतु है, परंतु मुख्य हेतु नहीं है' ऐसा समझना। तब प्रधान हेतु क्या है? इस शंका में कहते हैं;

अप्राप्ततैव प्रधानहेतुः ।।११२।।

अप्राप्तता ही प्रधान हेतु है। ।।११२।।

''अप्राप्तता'' माने 'भगवान के ही भोगरूप आत्मस्वरूप के अनुरूप न होना', इससे कृपा से अरुचि होने पर दोषों को दिखाकर जनाने से दोषदर्शन और अप्राप्ति दर्शन ये दोनों ज्ञानी लोगों की अरुचि के गौण और मुख्य हेतु होते हैं।

'परमात्मा में मन लगने पर' इत्यादि प्रकार से प्रावण्य विषयतया कहे हुए भगवद्विषय में गुण देख कर जैसे लगते हैं वैसे देख दोष छोड़ने में क्या अनुपपत्ति है? इस शंका में कहते हैं;

भगवद्विषयेऽवगाहनं च गुणान् दृष्ट्वा न भवति, स्वरूपप्राप्त इति ।।११३।।

भगवद्विषय में लगना भी गुण देख नहीं स्वरूपप्राप्त समझ ।।११३।।

भगवद्विषय में लगना गुण देख कर नहीं, भगवद्विषय का आश्रयण करना भी भगवान के कल्याणगुणों को देखकर नहीं, किंतु इस आत्मा का प्राप्तविषय समझने से।

पहले अपने कहे हुए प्रकार से अर्थ को अंगीकार न करने पर होने वाले दोष को दिखाते है;

एवमनंगीकारे गुणहीनमित्यनुसंधानदशायां भगवद्विषयप्रवृत्तिः, दोषानुसंधानदशायां संसारे प्रवृत्तिश्च न स्यात् ।।११४।।

इस प्रकार अंगीकार न करने पर, जब गुणहीन समझते हैं तब भगवद्विषय प्रवृत्ति, जब दोषानुसंधान करते हैं तब संसार में प्रवृत्ति ये दोनों नहीं हो सकतीं ।।११४।।

''इस प्रकार अंगीकार न करने पर'' माने 'इतरविषयों में अरुचि का हेतु अप्राप्तता, भगवद्विषय में रुचि का हेतु प्राप्तता ऐसा अंगीकार न कर दोषदर्शन और गुणदर्शन इन दोनों को अरुचि और रुचि के हेतुतया अंगीकार करने पर'।

''जब गुणहीन समझते हैं तब भगवद्विषयप्रवृत्ति'' माने 'विश्लेषव्यसन उत्कूल हो अत्यंत व्याकुल हो पुकारने के समय शीघ्र आ मुँह नहीं दिखाने से गुणहीन समझने की दशा में फिर भी 'उनको छोड़ अन्य को नहीं जानता हूँ' ऐसा सर्वेश्वर के विषय में अत्यभिनिवेश करना।'

''दोषानुसंधानदशा में संसार में प्रवृत्ति'' माने 'माता पिता भार्या पुत्र जाति बंधु गृह क्षेत्रादिरूप शब्दादि भोगों का अनुभव कर संसार के दु:खाधिक्यादि दोष को प्रत्यक्ष से देख और जान अनुसंधान करने पर भी उसमें आशा लगी रहना'; ये दोनों नहीं हो सकते हैं।

''यद्वा दोषानुसंधान दशा में संसार में प्रवृत्ति'' माने 'तत्ववेत्ता महर्षि प्रभृति सारासार विवेक वाले होने से विषय का दोषानुसंधान करने पर भी शास्त्रविहित होने से प्राप्त समझ कर प्रजोत्पादनरूप संसार में प्रवृत्त होना'। 'ऐसे अंगीकार न करने पर इनमें प्रवृत्ति नहीं हो सकती' इस तरह विरोध को दिखाने से प्राप्ति और अप्राप्ति ये ही कारण हैं समझना।

गुणहीन समझने पर भगवद्विषयप्रवृत्ति कहाँ देखे हो इस शंका में कहते हैं;

'क्रूरं मन्मनः स एवेति वर्तते' 'दासभूतोहं पुनश्च तव श्रीमच्चरणं विना नाभिलषामि' इत्यवदन् खलु ।।११५।।

'क्रूर हमारा मन उसी में लगा रहता है' 'दास मैं फिर भी आपके चरणों को छोड़ और का आदर नहीं करूँगा' ऐसा कहे हैं ।।११५।।

'कठिन' ऐसा प्रारंभ कर 'जानने को अशक्य माया वाले' इत्यंत 'स्वकार्यपर औरों के दु:ख को नहीं जानने वाले',' किसी के भी न जानने योग्य वंचक, जानने के अशक्य स्वभाव वाले', ऐसे उनकी गुणहानि को कह, ऐसे होने पर भी अत्यंत क्रूर हमारा मन उनको छोड़ और किसी को नहीं जानता है। नीम का कीड़ा उस नीम को ही खायेगा, ऊख को देखने पर भी आदर नहीं करेगा। ऐसे ही 'कडल्मल्लै में सोने वाले ऊख' इस उक्ति के अनुसार निरतिशय भोग्य आप नीम की तरह विरस होने पर भी आपके अनन्यार्ह शेषभूत मैं मेरे प्राप्त शेषी आपके चरणों के बिना अन्य को नहीं चाहूँगा ऐसा अज्ञाननिवृत्ति मत्यानंद को प्राप्त हुए सूरि लोग कहे हैं।

'गुणों से दास हुआ हूँ' ऐसा कहने वाले नहीं हैं क्या? इस शंका में कहते हैं;

गुणकृतदास्यात्स्वरूपप्रयुक्तदास्यं खलु प्रधानम् ।।११६।।

गुणकृतदास्य की अपेक्षा स्वरूपप्रयुक्त दास्य ही प्रधान है ।।११६।।

''गुणकृतदास्य'' माने 'उनके गुणों से हारकर दास होना'। ''स्वरूपप्रयुक्त दास्य'' माने 'शेषत्वैकनिरूपणीय अपने स्वरूप को देख दास होना'। स्वरूप ऐसा रहने पर भी **'गुणकृतदास्यं तद्गुणैर्जितस्य दासत्वम्'** गुणाधिक विषय होने से गुणकृतदास्य भी इस विषय में अनुवर्तन करता है। इसी कारण शेषत्वैकनिरूपक बालस्वामी ऐसा कहे हैं। तथापि *गुणकृतदास्य आगंतुक होने से अप्रधान है, स्वरूपप्रयुक्त दास्य स्वभाव सिद्ध होने से प्रधान है।* इसलिये ही इसको प्रधान समझने के लिये ऐसा कहे हैं।

गुणकृतदास्य आगंतुक होने से अप्रधान है, स्वरूपप्रयुक्त दास्य स्वभाव सिद्ध होने से प्रधान है।

इस अर्थ के दृष्टांततया सीताजी की वार्ता का स्मरण कराते हैं;

अनसूयां प्रति जानकीवार्ता स्मर्तव्या ।।११७।।

अनुसूया से सीताजी की कही हुई वार्ता का स्मरण करना ।।११७।।

अत्रिभगवान के आश्रम में श्रीरामजी जा महर्षि का अनुवर्तन कर रहने के समय उनकी पत्नी अनुसूया का सीताजी अनुवर्तन करने पर वे सीताजी को देख 'बंधुजन, अभिमान और ऐश्वर्य को छोड़ श्रीरामजी के पीछे अरण्य में तुम आई हो यह दैवयोग से तुम्हारे लिये अच्छा हुआ, नगर में हो या वन में हो सज्जन हो या दुर्जन हो स्त्रियों का भर्ता ही देवता है, तुम इस प्रकार सदा स्वामी के विषय में अनुकूल हो के रहो' ऐसा अनुसूया के कहने पर सीताजी लज्जित हो सिर झुका 'मुझको स्वामी के विषय में दृढ़ प्रेम स्वत: होने पर भी स्वामी गुणाधिक होने से मेरे प्रेमाधिक्य को गुण के कारण आया हुआ लौकिक लोग समझते हैं, स्वामी को गुणों से अलग कर नहीं दिखा सकती इसलिये उनके विषय में मेरे प्रेम को मैं दिखा नहीं सकती, उनके गुणहीन और विरूप होने पर भी मैं उनके विषय में ऐसी ही रहूँगी'—इस वार्ता का स्मरण करना।

इस प्रकार स्वरूप प्रयुक्त दास्य ही प्रधान हो तो शेषी के कार्य को देखते रहना छोड़ उस विषय को उद्देश्य कर क्रियमाण अनन्योपायत्वादि की भंजक स्वप्रवृत्ति कैसे संगत होगी? इस शंका का अनुवाद करते हैं; भगवद्विषयप्रवृत्ति इत्यादि से और उसका परिहार करते हैं; उसका हेतु प्रावण्य इत्यादि से।

भगवद्विषयप्रवृत्तिरुचिता किमिति चेत् तस्या मूलं प्रावण्यम्। तस्य मूलं संबंध:। स चौपाधिको न भवति, सत्ताप्रयुक्त: ।।११८।।

भगवद्विषय प्रवृत्ति कैसे संगत होगी? इस शंका में (कहते हैं); उसका हेतु प्रावण्य, उस (प्रावण्य) का हेतु संबंध, वह (संबंध) आगंतुक नहीं किंतु सत्ता (स्वरूप) प्रयुक्त है ।।११८।।

''प्रावण्य'' माने 'अतिमात्र स्नेह'। उस प्रावण्य का हेतु विषय वैलक्षण्य नहीं है क्या? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं ''उसका हेतु संबंध'' से। ''संबंध'' माने 'शेषशेषीभाव'। वह शेषशेषीभाव गुणकृत हो नहीं आवेगा क्या? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं; 'वह आगंतुक नहीं सत्ता (स्वरूप) प्रयुक्त है'। ''सत्ता (स्वरूप) प्रयुक्त'' माने 'यह आत्मा जब से है तब से रहने वाला'। इससे पूर्वोक्त शंका का परिहार कैसे हुआ? इस प्रश्न का उत्तर देते हैं;

तादृशसत्ता प्रावण्यकार्यानुभवाभावे नश्यति। तदविनाशार्थमागतानि सर्वाण्यस्यावर्जनीयानि प्राप्तानिच। तस्माद्भगवद्विषयप्रवृत्तिरुचिता ।।११९।।

वह सत्ता प्रावण्यकार्य अनुभव के न होने पर नष्ट होती है। वह नष्ट न होने के लिये किये जाने वाले सब छोड़ने को अशक्य और प्राप्त भी होते हैं। इसलिये भगवद्विषयप्रवृत्ति सुसंगत होती है ।।११९।।

''वह सत्ता प्रावण्यकार्य अनुभव के न होने पर नष्ट होती है'' माने 'तादृश सत्ता स्वहेतुक संबंध द्वारा होने

वाले प्रावण्यकार्य भगवदनुभव के न होने पर क्षणकाल भी न ठहरेगी।' ''वह नष्ट न होने के लिये किये जाने वाले सब छोड़ने को अशक्य और प्राप्त भी हैं'' माने 'उस सत्ता का नाश न होने के लिये किये जाने वाले मडलग्रहण प्रभृति सकलप्रवृत्तियाँ, भगवदनुभव के बिना सह नहीं सकने से छोड़ने की इच्छा करने पर भी छोड़ने अशक्य हो सब ही शेषी परमात्मा का अतिशय करने वाले होने से स्वरूप प्राप्त अनुरूप हैं।' ''इसलिये भगवद्विषयप्रवृत्ति सुसंगत होती है'' माने 'पूर्वोक्त सबको हेतुतया मान प्रस्तुत शंका का परिहार किये हैं।'

अधिकारी शोधन प्रकरण समाप्त

।। इति प्रथम प्रकरणं समाप्तम्।।

।। श्रीमल्लोकगुरुचरणावेव शरणम्।।

।। श्रीमद्वरवरमुनिचरणावेव शरणम्।।

।।अथ द्वितीयं प्रकरणम्।।

।।उपायांतर दोष प्रकरण।।

इतरविषय परित्याग और भगवद्विषय परिग्रह इन दोनों के प्रधान हेतु पहले बताये, इस प्रसंग में इतरोपाय परित्याग के प्रधान हेतु को बताते हैं;

प्रापकांतरपरित्यागस्य चाज्ञानाशक्ती न, स्वरूपविरोध एव प्रधानहेतुः ।।१२०।।

प्रापकांतर परित्याग का हेतु अज्ञान और अशक्ति नहीं, स्वरूप विरोध ही प्रधान हेतु है ।।१२०।।

''प्रापकांतर'' माने 'प्रपत्ति से भिन्न उपाय'। ''अज्ञान और अशक्ति नहीं'' माने 'उनके जानने और अनुष्ठान करने के उपयुक्त ज्ञान और शक्ति का अभाव' ये उनके त्याग का प्रधान हेतु नहीं है। ''स्वरूपविरोध ही प्रधान हेतु है'' माने 'भगवदत्यंत पारतंत्र्यरूप स्वरूप के अनुरूप न होना ही मुख्य हेतु है'। इससे 'अज्ञान से प्रपन्न' इस स्थल में कहे हुए अज्ञान और अशक्ति को मुख्य हेतु नहीं जानना। अज्ञान और अशक्ति के कारण छोड़ने पर ज्ञान और शक्ति के होने पर करना पड़ेगा। स्वरूप का विरोध मानकर छोड़ने पर ही फिर कभी उसमें प्रवृत्ति न होगी।

> **उपायांतर परित्याग का हेतु अज्ञान और अशक्ति नहीं स्वरूप विरोध ही प्रधान हेतु है।**

इस प्रकार उपायांतर को विरोधी मान छोड़ सकते हैं क्या? वे भी तो मोक्ष के उपाय हैं, यदि मोक्ष के उपाय हों तो किनके प्रति? इस शंका में कहते हैं;

प्रापकांतरमज्ञानामुपायः ।।१२१।।

प्रापकांतर अज्ञानियों को उपाय हैं ।।१२१।।

''अज्ञानियों को उपाय'' माने 'स्वरक्षण में स्वयत्नगंध को न सहने वाले स्वरूप को यथार्थतया देखने के उपयुक्त ज्ञान जिनको नहीं है उनके लिए प्रापकांतर उपाय होते हैं'।

तब ज्ञानियों को उपायांतर कैसे भासते हैं? इस शंका में कहते हैं;

ज्ञानिनामपायः ।।१२२।।

ज्ञानियों को अपाय हैं ।।१२२।।

स्वरूपयाथात्म्यज्ञान विशिष्ट महात्माओं को उपायांतर अपाय होते हैं। इनको ये अपाय क्यों होते हैं? इस शंका में कहते हैं;

अपायो भवति स्वरूपनाशकत्वात् ।।१२३।।

अपाय होते हैं स्वरूप नाशक होने से ।।१२३।।

''स्वरूप'' माने 'अत्यंत पारतंत्र्य'। इसको स्वयत्नरूप उपायांतर नष्ट कर देते हैं। उनकी अपायता को ज्ञानियों में अग्रेसर श्रीशठकोप सूरि की उक्ति से दिखाते हैं;

'मार्गंदर्शयित्वा विश्लेषयसि किं' इत्यवदन् हि ।।१२४।।

'मार्ग दिखाकर हटाते हो क्या' ऐसा कहे हैं ।।१२४।।



आपको छोड़ अन्य उपायों को दिखा आप से अलग करने को देखते हो क्या? ऐसा कहने से उपायांतर का अपायत्व सिद्ध हुआ। ''हटाना'' माने 'परतंत्र वस्तु को स्वतंत्र के कृत्यरूप उपायानुष्ठान में लगा अपने से अलग करना'।

उपायांतर के स्वरूपनाशकत्व से होने वाले दूषणों को कहते है;

'वर्तते मे महद्भयं' इत्युक्तत्वाद्भयजनकं, 'मा शुचः' इत्युक्तत्वाच्छोकजनकम् ।।१२५।।

'हमको अधिक भय होता है' ऐसा कहने से भयजनक है। 'शोक मत करो' ऐसा कहने से शोकजनक है ।।१२५।।

'हे अच्युत! संपूर्ण काल और संपूर्ण दिशाओं में भूतकाल और वर्तमान काल के शरीर में हमको अधिक भय होता है।'

'कालेष्वपि च सर्वेषु दिक्षु सर्वासु चाच्युत।
शरीरे च गतौ चापि वर्तते मे महद्भयम्।।'

'ऐसे उपायांतरों के अनुष्ठान के योग्य काल, देश, देह और उपायांतरों के विषय में भी मुझको अधिक भय होता है' ऐसा कहने से, उपायांतरों के सुनने के बाद अर्जुन को शोक होने पर स्वरूपानुरूप उपाय का उपदेश कर **'मा शुचः'** 'शोक मत करो' ऐसे शोक को दूर करने से स्वरूपविरोधीरूप उपायांतर ज्ञानियों को भयजनक और शोकजनक होते हैं।

पूर्वोक्त प्रकार अर्थ को अंगीकार न करने पर होने वाले विरोध को दिखाते हैं;

एवमनंगीकार एतत्प्रवृत्तौ प्रायश्चित्तविधेरसंभवः ।।१२६।।

ऐसा अंगीकार न करने पर उनके अनुष्ठान में प्रायश्चित्त विधि न होनी चाहिये ।।१२६।।

''ऐसा अंगीकार नहीं करने पर'' माने 'स्वरूपनाशक नहीं ऐसा अंगीकार करने पर'। ''इनके अनुष्ठान में

प्रायश्चित्त विधि न होनी चाहिये'' माने

'सकृदेव हि शास्त्रार्थ: कृतोयं तारयेन्नरम्।
उपायापायसंयोगे निष्ठया हीयतेऽनया।।'

'यह प्रपत्ति एक ही वक्त की जाकर मनुष्य को तारती है। उपाय और अपाय के करने पर यह नष्ट होती है।' अपाय अर्थात् निषिद्धानुष्ठान करने पर प्रायश्चित करें। इसका प्रायश्चित्त यह है कि फिर से प्रपत्ति करना। उपायानुष्ठान करने पर भी यही प्रायश्चित्त है।

प्रपन्न के इस तरह प्रमाद से उपायांतर में प्रवृत्त होने पर, अपाय में प्रवृत्त होने पर जैसे, वैसे पुन: प्रपत्ति रूप प्रायश्चित्त का विधान न होना चाहिये। ''पुन: प्रपत्ति'' माने 'पूर्वकृत प्रपत्ति का स्मरण करना ही है, फिर भी नवीन प्रपत्ति नहीं'।

इस प्रकार स्वरूपनाशक उपायांतर की अत्यंत निषिद्धता पूज्यों के वचन से दिखाते हैं;

श्रीकुरुकाधिनाथस्य सूक्तिप्रकार: 'मदिराबिंदु मिश्रितशातकुंभमय कुंभगततीर्थसलिलवदहंकारमिश्रमुपायांतरम्' ।।१२७।।

श्रीकुरुकाधिनाथ की सूक्ति; मदिराबिंदु मिश्रित स्वर्णमय पात्रगत तीर्थ जल की तरह अहंकार मिश्रित उपाय है ।।१२७।।

''श्रीकुरुकाधिनाथ'' माने 'सर्वज्ञ भाष्यकार के चरणों में आश्रित उनके अभिमत विषय और सकल शास्त्रज्ञान संपन्न होने से आप्ततम हैं'। ''श्रीसूक्ति'' माने 'अनुगृहीत प्रकार'। ''मदिरा'' माने 'अत्यंत निषिद्ध द्रव्य', अपने स्पर्श वाली संपूर्ण वस्तुओं को अपने सदृश निषिद्ध बनाने वाली है। इसको अहंकार का दृष्टांत देने से अहंकार की अत्यंत निषिद्धता, उसके स्पर्श वाली वस्तु उसकी तरह निषिद्ध होती है ऐसा भान होता है। ''स्वर्णमय पात्र'' माने 'भीतर में दूसरा द्रव्य और बाहर में स्वर्ण का लेप न हो स्वर्ण ही से बनाया हुआ पात्र' समझना। इससे पात्र की शुद्धि कही गई। तद्गत तीर्थ जल कहने से उसके भीतर के जल की पवित्रता कही गई। उसकी तरह अहंकार मिश्रित उपायांतर कहने से यहाँ भी पात्र की शुद्धि और तद्गत पदार्थ की शुद्धि कहनी चाहिये, वह यह है; 'आत्मा ज्ञानमय और निर्मल है' ऐसे स्वभाव से निर्मल भगवदनन्यार्हशेष होने से आत्मा परिशुद्ध होती है। उस आत्मा की भक्ति भी भगवदेकाग्रतया परिशुद्ध है। अहंकार का स्पर्श न होने पर कुछ दोष नहीं है।

तथाच इससे सुवर्ण पात्रगत तीर्थजल, पात्र की शुद्धि और अपनी शुद्धि होने पर भी सुराबिंदु के मिलाप से जैसे निषिद्ध होता है वैसे स्वत: निर्मलत्वादि से परिशुद्ध आत्म वस्तु में रहने वाली भगवदनन्य विषय होने से परिशुद्धा भक्ति स्वयत्नमूल अहंकार स्पर्श से ज्ञानियों के अनादर योग्य होती है।

और भी इसके फल के सदृश न होना रूप दोष को कहते हैं;

रत्नस्य वराटिकावद्राज्यस्य लिकुचफलवच्च, फलस्य सदृशं न भवति ।।१२८।।

रत्न के बदले में कौड़ी की तरह, राज्य के बदले में नींबू की तरह, फल के सदृश नहीं ।।१२८।।

द्वीपांतर में कई लोग कौड़ी को आभरणतया धारण करने से कौड़ियों के देने वालों को रत्न देकर लेते हैं। उदार राजा लोग राज्यार्थी हो एक नींबू देने वाले को राज्य देते हैं। ऐसे देने से महामूल्यवान रत्न और महासंपत् राज्य के कौड़ी और नींबू ये दोनों जैसे सदृश नहीं हो सकते वैसे 'अनन्यभक्ति से लभ्य' 'अनन्यभक्ति से प्राप्त होने शक्य' इन वचनानुसार भक्तिचपल परमोदार सर्वेश्वर चेतन की भक्तिमात्र को अवलंबन कर परमपुरुषार्थलक्षण मोक्ष को देने पर भी यह भक्ति मोक्षरूप फल के सदृश नहीं हो सकती है।

तब विसदृशरूप कौड़ी और नींबू को भेंट देकर रत्न और राज्य को जैसे पाते हैं वैसे यह भी हो सकता है? इस शंका मे वैसा कहने की भी योग्यता नहीं ऐसा कहते हैं;

स्वस्य दरिद्रत्वात्स्वेन दातव्यं नास्ति ।।१२९।।

स्वयं के दरिद्र होने से अपने पास देने योग्य कुछ नहीं है ।।१२९।।



दृष्टांत में स्वयं स्वतंत्र हो अपनी वस्तु कौड़ी या नींबू का मालिक खुद होने से उनको दे सकता है, दार्ष्टांत में 'हम आपके और हमारी चीजें भी आपकी हैं' इस वचनानुसार आत्मा और आत्मसंबंधी वस्तु ये दोनों परमात्मा के हो अपने लिये एक भी न होने से चेतन अकिंचन है, ऐसा होने पर *फल के साधनतया सर्वेश्वर के विषय में अपने पास समर्पण करने योग्य कुछ भी नहीं है।*

गोदान अर्थात् चौलकर्म में पिता को जैसे पुत्र दक्षिणा देता है वैसे उनके दिये हुए को उनको देने में क्या हरकत है? इस शंका में कहते हैं;

तद्दत्तस्य दानसमये क्रमेण ददाति चेदनुपायः स्यात्, अक्रमेण ददाति चेच्चौर्यं प्रकटितं स्यात्।।१३०।।

उनके दिये हुए को देने पर क्रम से दे तो उपाय नहीं होता है, क्रम छोड़ देने पर चोरी प्रकट होगी ।।१३०।।

''उनके दिये हुए को देना'' माने 'हस्त पाद आदि विशिष्ट विचित्र देह संपत्ति ईश्वर को निवेदन करने के लिये पहले ही सृष्ट हुई'। ऐसे और 'उस रोज आपका दिया हुआ शरीर' ऐसे भी आदि सृष्टि में सर्वेश्वर के दिये हुए करणकलेवरों को 'हमारे विषय में मन को लगाओ, मेरे भक्त होओ, मेरा आराधन करो और मुझको नमस्कार करो।' ऐसे, और 'सदा मेरा कीर्तन करते हुए यत्न करते हुए दृढ़व्रत वाले' ऐसे भी कहे हुए प्रकार ध्यान अर्चन और प्रणामादियों से उनके शेष बनाना।

> **'हमारा है' समझ समर्पण करने से चोरी प्रकट होगी।**

''क्रम से देना'' माने 'तदीय समझ समर्पण करना'। ''ऐसे देने में उपाय नहीं होता'' माने 'उनकी वस्तु को उनको दिये हैं इतना ही, अपनी चीज को आप न देने से वह फलसाधन नहीं होगा'।

''क्रम छोड़ देना'' माने 'हमारा है, ऐसी बुद्धि से समर्पण करना'। ''ऐसे देने पर चोरी प्रकट होगी'' माने

'भगवद्द्रव्य का अपहार प्रगट होगा'। राजमहेंद्र से समर्पित कौस्तुभ मणि (जिसको श्रीरङ्गनाथ सदा अपने वक्षस्थल में धारण करते हैं) को एकांत में चोरी कर चार जनों के सामने समर्पण करने से जैसे चोरी प्रकट होगी वैसे समझना।

उपायांतर का एक और भी दूषण कहते हैं;

भर्तृभोगमुदरपोषणस्य हेतुं करोति चेद्यथा तथोभयोरप्यवद्यम् ।।१३१।।

भर्तृभोग को उदरपोषणार्थ करने वाली की तरह दोनों को दोष होगा ।।१३१।।

भार्या स्वयं प्रयोजनरूप भर्ता के भोग को स्वोदरपोषण के लिये साधन मानने पर अपने को पत्नीतया आदर करने वाले भर्ता और उसकी भार्यारूपेण प्रसिद्ध अपने को भी दोषदायक है, ऐसे ही भगवद्वैलक्षण्यानुभव से होने वाली भोगरूप भक्ति को मोक्षसाधन करने पर अपने को शेषभूत मान आदरपूर्वक संश्लेष करने वाले ईश्वर और तच्छेषभूततया प्रसिद्ध स्वयं को भी दोषदायक होगा। 'रात्रि भर्ता के साथ संश्लेष कर प्रात: उठ मजूरी दो ऐसा अंचल पकड़ने पर जैसे दोष माना जाय वैसे ही भक्ति को उपाय समझने से' ऐसा कुरुकाधिनाथ कहे हैं।

इस प्रकार स्वरूप विरोधादिरूप दोष से दुष्ट इस उपाय को हित का उपदेश करने वाले वेदांत **'ओमित्यात्मानं ध्यायथ'** 'ॐ इस मंत्र का उच्चारण कर आत्मा का ध्यान करो' **'आत्मानमेव लोकमुपासीत'** 'आत्मा को ही देखने योग्य समझ उपासना करो' **'आत्मा वा अरे द्रष्टव्य: श्रोतव्यो मंतव्यो निदिध्यासितव्य:'** 'आत्मा ही देखने योग्य है इसलिये श्रवण मनन निदिध्यासन करना चाहिये' ऐसा इस चेतन को मोक्षोपायतया विधान करने के हेतु कहने के लिये तज्जिज्ञासु प्रश्न का अनुवाद करते हैं;

वेदांतेष्वियमुपायत्वेन कथं विधीयत इति चेत् ।।१३२।।

वेदांत उपायतया क्यों विधान करते हैं ।।१३२।।

उसके हेतु को कहते हैं;

औषधसेवामकुर्वाणानामभिमतवस्तूनि तं मिश्रीकृत्य यथा ददति तथेश्वरं मेलयित्वा विदधति ।।१३३।।

जैसे औषध सेवन न करने वालों को अभिमत वस्तुओं में उस औषध को मिलाकर खवाते हैं वैसे ईश्वर को मिलाकर विधान करते हैं इतना ही ।।१३३।।

अत्यंत रोगग्रस्त हो संचार करने पर भी उसको शीघ्र नाश करने वाली उत्तम औषध का सेवन करने को कहने पर उसमें सम्मति न करने वाले बालपुत्रादियों को उनके इच्छित खाद्य वस्तुओं में उस औषध को मिलाकर खिलाने वाली माता आदियों की तरह शीघ्र संसारव्याधि को दूर करने वाले सिद्धोपायरूप अमृत को स्वप्रवृत्ति निवृत्ति पूर्वक सेवन करने को प्रथम ही उपेदश करने पर अनादि से होने वाली स्वयत्न वासना से उसमें सम्मति न करने वाले चेतनों को भी छोड़ नहीं सकने से उनके अभिमत स्वयत्नरूप उपासना में तदंगतया सिद्धोपायभूत ईश्वर को मिला तादृश उपासना को मोक्षोपायतया उनके लिये विधान करते हैं इतना ही। दृष्टांत में अभिमतवस्तु व्याधिनाशक न हो उसके साथ मिली हुई औषधि ही जैसे व्याधिहर होती है, दार्ष्टांतिक

में भी उपासना उपाय न हो उसके साथ मिले हुए ईश्वर ही उपाय होते हैं ऐसा समझना। जैसे साक्षात् अपना सेवन करने वालों की व्याधि को शीघ्र हटाने वाली औषध अभिमत वस्तु से मिला सेवन करने पर विलंब से व्याधि को हटाती है, ऐसे ही उपासना मिश्रित ईश्वर विलंब से फल देते हैं।

अब उपासना का विधान करने का कारण, पहली स्थिति को नाश कर ऊपर ले जाने के लिये; ऐसा कहते हैं।



इमां प्रवर्तयति परहिंसां निवर्तयितुम् ।।१३४।।
इसका प्रवर्तन किया है परहिंसा निवृत्ति के लिये ।।१३४।।

'त्रैगुण्यविषया वेदा' 'वेद तीन गुण वालों के विषय हैं' इस वचनानुसार जन्मदात्री माता अंध, बधिर आदि विकल करण वाले और समर्थ करण वाले दोनों में भेद न देख जैसे प्रेम करती है वैसे हजारों माता पिताओं से भी अधिक वात्सल्य वाले होने से तमः प्रचुर, रजःप्रचुर और सत्वप्रचुरों में भेद न देख उनके दुर्मार्ग प्रवृत्ति से नाश को न सह सकने से उन उनके गुणों के अनुगुण पुरुषार्थ और उनके साधनों का उपदेश कर लता को ऊपर चढ़ाने के लिये जैसे अल्पयष्टि गाड़ते हैं वैसे इनके द्वारा वेदांत के तात्पर्यार्थ सर्वेश्वर में पहुँचाने के लिये उद्योग कराते हैं। इसलिये श्येनविधि प्रभृति प्रपत्ति पर्यंत चेतनों के गुणानुगुण उत्तरोत्तर पुरुषार्थ साधनों का प्रवर्तन करा पूर्वपूर्वो को हटाता है। इस कारण उस उपासना का प्रवर्तन कराना 'परहिंसा से हटाने के लिये'।

''परहिंसा'' माने 'उत्कृष्ट हिंसा, 'परदेवता', 'परगति' इत्यादि स्थलों में जैसे 'उत्तम देवता' 'उत्तम गति' अर्थ होता है वैसे जानना'। इससे श्येनविधि के ऊपर विधान किये हुए पशु हिंसा आदि कहे जाते हैं। याग में पशु हिंसा को हिंसा कैसे कह सकते हैं? इस शंका में कहते हैं कि उसको विहित हिंसा कहा है, इसलिये। 'अग्नि और सोम संबंधी पशु की हिंसा करो' इस वचन में आलंभ शब्द 'आलंभः यह स्पर्श और हिंसा इन दोनों का पर्याय पद है' इससे काम्यकर्म कहा गया। 'पूर्व विहित हिंसा' ऐसा श्येनविधि को कहते हैं, तदुपरि विहित हिंसा को काम्यविधि कहते हैं।

यद्वा विहित होने पर भी भगवत् शेषत्व ज्ञान पूर्वक अनन्यप्रयोजन हो अग्नींद्रादि देवतांतर्यामी के आराधनतया क्रियमाण पशुहिंसादि युक्त यागादि कर्म की अपेक्षा स्वतंत्र हो स्वर्गादि फल साधनतया अग्नि इंद्रादि देवताओं मात्र को उद्देश्य कर क्रियमाण पशुहिंसादि युक्त काम्यकर्म विशेषशास्त्र निष्ठों को परहिंसा कहने के योग्य अत्यंत निकृष्ट होने से इस आकार को लेकर उसको परहिंसा कहते हैं। जैसे शास्त्रविहित और भगवदेकविषय उपायांतर को 'ज्ञानियों को अपाय' कहा, वैसे इसको भी अधिकारीविशेष के उद्देश्य से हिंसा कहने में विरोध नहीं है। 'पाप से डरने वाला तू' ऐसे उपायांतर को पापतया धर्मदेवता ने कहा है। बुभुक्षु को उपादेय पुण्य मुमुक्षु के लिये पाप शब्द से कहा

जाता है। तथा च सर्वप्रकार से इस स्थल में काम्यकर्म कहा जाता है। इस योजना के कारण 'उपासना विधि से काम्यकर्म निवृत्त होता है' ऐसा स्वयं लोकाचार्यस्वामीजी परंदरहस्य ग्रंथ में कहे हैं।

> **उपासना विधि से काम्यकर्म निवृत्त होता है।**

ऐसा हो तो इस प्रकार विधान कर फिर निषेध क्यों करते हैं? इस शंका में कहते हैं;

एतच्च पूर्वविहितहिंसावत् विधिनिषेधयोर्न विरोधः ।।१३५।।

यह पूर्व विहित हिंसा की तरह विधि और निषेधों के विषय होने में दोष नहीं ।।१३५।।

''यह'' माने 'पूर्वोक्त उपासना'। ''पूर्व विहितहिंसा'' माने 'अभिचार करने वाला श्येनयाग करे' ऐसे प्रथम विहित अभिचारकर्म। तमोगुण विशिष्ट नास्तिक लोगों को उद्देश्य कर विधान किया गया, यही आस्तिक हो कारीरी आदि काम्यकर्मों के अनुष्ठान के योग्य रजोगुण विशिष्ट लोगों को उद्देश्य कर निषेध किया जाता है। ऐसे ही उपासना स्वातंत्र्य अन्यशेषत्व निवृत्तिपूर्वक भगवत्शेषत्व में दृढ़ होने योग्य सत्वगुण विशिष्ट लोगों को उद्देश्य कर विधान की गई, वही पारतंत्र्यज्ञान वाले भगवदेक उपायत्व में दृढ़ होने योग्य परमसत्व निष्ठों को उद्देश्य कर निषेध की जाती है तो कोई विरोध नहीं।

इस प्रकार निषेध किये जाने वाले उपायांतरों का पहले विधान क्यों किया? इस शंका में कहते हैं;

तच्छास्त्रविश्वासार्थं व्यदधात्, इदं स्वरूपविश्वासार्थं व्यदधात् ।।१३६।।

उसको शास्त्र विश्वास के लिये विधान किया, इसको स्वरूप विश्वास के लिये विधान किया ।।१३६।।

'नास्तिक लोगों को शास्त्रवश बनाने के लिये अभिचार श्रुति उपाय होती है' इस प्रकार अभिचारकर्म का विधान शास्त्र को अंगीकार नहीं करने वाले नास्तिकों को शास्त्रों में विश्वास होने के लिये। ''इसको'' माने 'उपासनाविधि को'। अपने को स्वतंत्र और अन्यशेष समझ भ्रांत चेतन को वे दोनों आगंतुक हैं, भगवत् शेषत्व ही स्वभावसिद्ध आकार है ऐसा अपने स्वरूप में विश्वास होने के लिये विधान किया।

इस प्रकार एक एक विश्वास के लिये विधान कर निषेध करना समान होने पर भी इस उपासना का विच्छेद रहित अनुष्ठान करने पर अभिचारकर्म की तरह यह क्रूर न होगी ऐसा समझने पर, उससे भी अधिक क्रूर है ऐसा कहते हैं;

तच्चर्मस्पर्श्येव गच्छति, इदं मर्मस्पर्शि ।।१३७।।

वह चर्म से जाता है, यह मर्म को स्पर्श करता है ।।१३७।।

परहिंसारूप वह अभिचार कृत्य देहात्माभिमानी का कार्य हो शरीर विशिष्ट आकार का विरोधी हो उससे होने वाला किंचिद् दु:खानुभवमात्र हो ऊपर ऊपर चले जाने से चर्म से जाता है ऐसा कहे हैं। अहंकार मिश्रित यह उपासना आत्मज्ञानी का कृत्य हो शेषत्व का विरोधी हो भगवदेक पारतंत्र्यरूप स्वरूप का नाशक होने से मर्म को स्पर्श करता है ऐसा कहे हैं।

इतना ही नहीं यह उपासना दुष्कर भी है ऐसा कहे हैं;

इदं कर्मसाध्यत्वाद् दुष्करं च भवति ।।१३८।।

यह कर्मसाध्य होने से दुष्कर भी है ।।१३८।।

एवं स्वरूपविरोधी यह उपासना; **'यज्ञेन दानेन तपसाऽनाशकेन ब्राह्मणा विविदिषंति'** 'यज्ञ दान तपस्या और उपवास से ब्राह्मणलोग जानने की इच्छा करते हैं।' **'अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा'** 'कर्मानुष्ठान से संसार को तर ज्ञान से मोक्ष को पाता है' 'उपासना के लिये कर्मानुष्ठान की अपेक्षा है **'सर्वपेक्षा च यज्ञादिश्रुतेरश्ववत्** यज्ञादि श्रुति से घोड़े की तरह' (अर्थात् बाहर जाने के लिये घोड़ा लाओ कहने से चढ़ने के उपयुक्त सजावट कर लाओ ऐसा अर्थ होता है)। 'कर्मानुष्ठान से पाप दूर होता है, ज्ञान मुक्ति का साधन होता है। कर्मानुष्ठान से पाप नाश होने पर ज्ञान उत्पन्न होता है'।

'जन्मांतरसहस्त्रेषु तपोज्ञानसमाधिभिः।
नराणां क्षीणपापानां कृष्णे भक्तिः प्रजायते।।'

'हजारों जन्मों में किये हुए कर्म ज्ञान और ध्यान से पाप से मुक्त मनुष्यों को श्रीकृष्ण में भक्ति उत्पन्न होती है' इत्यादि वचनानुसार कायक्लेश कर कर्मानुष्ठान से साधने योग्य होने से अशक्त यह चेतन उपासना नहीं कर सकता ऐसा तात्पर्य समझना।

इस प्रकार 'प्रापकांतर परित्याग का' (सू. १२०) ऐसे प्रारंभ कर यहाँ तक उपायांतर के दोष विस्तार पूर्वक कहे गये।

उपायांतर दोष प्रकरण समाप्त



।। सिद्धोपायाधिकार प्रकरण।।

पूर्वोक्त प्रकार उपायांतरों के अनेक दोष प्रतिपादन किये हैं, प्रपत्ति रूप उपाय का एक भी दोष नहीं क्या? इस शंका में कहते हैं;

प्रपत्त्युपायस्य एतेषु दोषेषु कोऽपि नास्ति ।।१३९।।
प्रपत्त्युपाय को इन दोषों में एक भी नहीं है ।।१३९।।

''इन दोषों में'' माने 'स्वरूपविरोध प्रभृति दुष्करत्व पर्यंत कहे हुये सब दोषों को समझना'। ''एक भी नहीं है'' माने 'एक दोष भी इसमें नहीं है'। इन दोषों में एक भी नहीं कहने से इनसे भिन्न कोई एक दोष है मालूम होता है। वह दोष वस्तुत: उपायत्व अपने को न होने पर भी ऊपरी दृष्टि से उपाय समझने योग्य होना।

ये दोष इसमें नहीं हैं, इसको प्रकाश करने के लिये इसके स्वरूपोचितत्व और सुकरत्व को कहते हैं;

आत्मयाथात्म्यज्ञानकार्यत्वात्स्वरूपस्योचिता, 'न व्याप्रियताम्' इत्युक्तप्रकारेण निवृत्तिसाध्यत्वात्सुकरा च भवति ।।१४०।।
आत्मयाथात्म्यज्ञान का कार्य होने से स्वरूप के उचित और 'प्रयत्न मत करो' इस वचनानुसार निवृत्तिसाध्य होने से सुकर भी है ।।१४०।।

''आत्मयाथात्म्यज्ञान का कार्य'' माने 'अष्टाक्षरी मंत्र के मध्यम पद में उक्त प्रकार आत्मा का यथार्थ आकार भगवदत्यंतपारतंत्र्य को जानने से कर्तव्य कृत्य'। ''स्वरूप के उचित है'' माने 'उस पारतंत्र्य स्वरूप के अनुरूप है'। 'प्रयत्न मत करो' कोई व्यापार मत करो। ''निवृत्ति साध्य होने से सुकर भी है'' माने **'भगवत्प्रवृत्तिविरोधिस्वप्रवृत्तिनिवृत्ति: प्रपत्ति:'** 'भगवत्प्रवृत्ति विरोधी स्वप्रवृत्ति निवृत्ति प्रपत्ति' इस वचनानुसार स्वप्रवृत्ति को छोड़ साधन करने योग्य, इसलिये सुखपूर्वक कर सकते हैं।

इन दोनों को कहने से पूर्वोक्त दोषों में एक भी नहीं यह अर्थ कैसे सिद्ध होता है? इस शंका में; अपायत्व, भयजनकत्व, शोकजनकत्व, अहंकारमिश्रतया, निषिद्धत्व, अवद्यकरत्व रूप ये संपूर्ण दोष स्वरूप विरोधित्व को अवलंबन कर होने से, प्रपत्ति फलसाधन न हो सिद्धोपायभूत सर्वेश्वर ही फल साधन हो यह प्रपत्ति उसका स्वीकाररूप मात्र हो अधिकारी विशेषण होने से फलविसदृशत्व रूप दोष इसमें नहीं हो सकता है। ये छ: दोष भी इसमें न होना; स्वरूप के उचित इस वाक्य से सिद्ध होता है। कर्मसाध्यतया होने वाले दुष्करत्व रूप दोष इसको नहीं है यह अर्थ निवृत्ति साध्य होने से सुकर है इस वाक्य से स्पष्ट होता है। इस कारण स्वरूप उचितत्व सुकरत्वरूप ये दोनों इसमें हैं ऐसा कहने से पूर्वोक्त दोषों में से एक भी इसमें नहीं है यह अर्थ प्रकाशित हुआ।

उपाय वह है ऐसा विश्वास कर अपनी प्रवृत्ति से निवृत्त होना उचित है क्या? ईश्वर के संतोष के लिये इस चेतन को भी कुछ करना चाहिये न ? ऐसी शंका में कहते हैं;

पूर्णविषयत्वात्तद्वैभवानुगुणमुपहारो न कल्पयितुं शक्यते ।।१४१।।
पूर्ण विषय होने से महत्वानुसार भेंट नहीं दे सकता ।।१४१।।

लोक में भेंट देने वाले जिसको देते हैं उसके गौरव के अनुसार देते हैं यहाँ भेंट देने का विचार करने पर गौरवानुसार ही देना चाहिये, वह अवाप्त समस्तकाम और परिपूर्ण होने से उसके वैभवानुसार इस चेतन से देने लायक कुछ भी नहीं है।

ऐसा हो तो परमात्मा इस चेतन के विषय में कैसे संतुष्ट होंगे इस शंका में कहते हैं;

आभिमुख्यसूचकमात्रे संतोषो वर्द्धते ।।१४२।।
आभिमुख्य को दिखाने मात्र से संतोष उत्पन्न होता है ।।१४२।।

अनादिकाल से 'किसी एक व्रत को अवलंबन कर' ईश्वर से विमुख होने वाला यह चेतन विमुखता छोड़ अपने विषय में, आभिमुख्य के सूचक कृत्य को करने पर इतने काल विमुख होने वाला आज अभिमुख हुआ ऐसे उनका हृदय अत्यंत प्रसन्न होता है।

ईश्वर ऐसा होने पर भी उनकी पूर्ति 'अकिंचन हम लोग उनको संतुष्ट कर समीप नहीं जा सकते' ऐसा समझ हट जाने के योग्य नहीं करेगी क्या ? इस शंका में कहते हैं;

पूर्तिर्निवृत्तिमकृत्वा आदरणे हेतुः ।।१४३।।
पूर्ति हाथ न खींच ऊपर गिरने का हेतु है ।।१४३।।

उसका अवाप्त समस्तकामत्व—आश्रयणोन्मुखचेतन 'हम किसी प्रकार सर्वेश्वर को संतुष्ट करने में अशक्य हैं' ऐसा समझ उसके आश्रयण से अलग न कर 'हमारे दिये हुए को लेकर तृप्त न हो जैसा परिपूर्ण होने से हमारे समर्पित वस्तु से संतुष्ट होगा' ऐसा समझ प्रेम के साथ आश्रयण करने के योग्य होता है।

यद्वा उनकी पूर्ति चेतन से दी हुई वस्तु से उनको संतुष्ट करेगी क्या? उपेक्षा कराकर नहीं हटावेगी क्या? इस शंका में कहते हैं;

उनकी पूर्ति ईश्वर को चेतन ने भेंट नहीं दी जान इसका अनादर कर अंगीकार करने से न हट आभिमुख्यसूचक मात्र व्यापार से अधिक हमारे विषय में इसको कर्तव्य कुछ है क्या ? ऐसा विचार आदर पूर्वक अंगीकार करने योग्य बनाती है।

यह सर्वेश्वर अल्प से संतुष्ट होता है इस अर्थ में प्रमाण क्या है? इस शंका में कहते हैं;

'पत्रंपुष्पम्' 'अन्यत्पूर्णात्' 'समर्पणीयो धूमः पुष्पमेव' ।।१४४।।
'पत्रं पुष्पम्' 'जल पूर्ण घड़े से' और 'देने योग्य धूप और पुष्प ही हैं' ।।१४४।।

'जो मनुष्य भक्तिपूर्वक पत्र या पुष्प, फल या जल को हमारे लिये अर्पण करता है, भक्ति से समर्पित उसको मैं प्रीतिपूर्वक पाता हूँ'

'पत्रं पुष्पं फलं तोयं यो मे भक्त्या प्रयच्छति।
तदहं भक्त्युपहृतमश्नामि प्रयतात्मनः।।'

ऐसा पत्र हो पुष्प हो फल हो या जल, जो कोई

पुरुष भक्ति पूर्वक मुझको देता है अनन्यप्रयोजनता रूप शुद्धि विशिष्ट मन वाले उसकी भक्ति पुरस्सर दिये हुए को अवाप्तसमस्तकाम मैं, जैसे वह प्रेम से व्याकुल हो देता है वैसे मैं भी व्यामोह से व्याकुल हो क्रम छोड़ विनियोग कर लेता हूँ; ऐसा आप ही कहे हैं।

'अन्यत्पूर्णादपां कुंभादन्यत्पादावनेजनात्।
अन्यत्कुशलसंप्रश्नान्नचेच्छति जनार्दनः।।'

'जलपूर्ण घड़े से अन्य, चरण धोने के जल से अन्य, कुशल प्रश्न से अन्य, कुछ भी जनार्दन भगवान नहीं चाहते हैं।' दूत कृत्य करने के लिये जब श्रीकृष्ण पधारे थे तब धृतराष्ट्र 'पांडवपक्षपाती कृष्ण आ रहा है उसको कोई देश और द्रव्य को देकर हमारा बना लेंगे' ऐसा कहने पर मन और वचन में कापट्य को जानने वाले संजय 'आने वाला तादृश नहीं उनका अपेक्षित इतना ही है; अपने पीने के ठंडे जल को एक मिट्टी के घड़े में रख और उसको उसके आने के रास्ते में द्वार में रक्खे इससे अधिक और कुछ नहीं चाहिये। अपने घर में अतिथि आ प्रवेश करने पर चरण धोने के लिये सामान्य शास्त्र ने विधान किया है, उस तरह उनके चरणारविंदों को धोने से तृप्त हो जायगा, उनके महत्वानुसार कुछ करने की अपेक्षा नहीं, बहुत दूर चलकर आये हुए को कुशल प्रश्न करना चाहिये, इसी तरह एक मीठी

बात कहने से वह तृप्त हो जायेगा अधिकतया कुछ करने की आवश्यकता नहीं है, इतना छोड़ और कुछ श्रीकृष्ण नहीं चाहते हैं' ऐसा कहा। इससे यह मालूम होता है कि 'तुम जिस द्रव्य और देश को देने की इच्छा करते हो वे उसको कुछ भी नहीं समझते, इच्छा हो तो उनके आभिमुख्य सूचक व्यापारों को करने का विचार करो'।

देने के योग्य धूप और पुष्प ही हैं; हेय प्रत्यनीक सर्वेश्वर को संसार से मुक्त हो अनुभव कर, उस अनुभव से होने वाली प्रीति से 'इस साम को गान करते हुए रहता है' इस वचनानुसार गान कर उज्जीवित होने की इच्छा करने वाले! *उपकरणों में न्यूनता देख न हट साधारण जल को किसी एक प्रकार से समर्पण कर फिर उनको प्रीति दानतया देने योग्य कोई एक धूप और कोई एक फूल ही, इतना ही अपेक्षित है। इस प्रकार उनकी सुख पूर्वक आराध्यता को सुस्पष्ट शठकोपसूरि कहे हैं।*

'पूर्ण विषय' (सू. १४१)ऐसा आरंभ कर यहाँ पर्यंत प्रसक्तानुप्रसक्त कहे हैं इतना ही, प्रपत्ति वैलक्षण्य ही पहले कहा गया इस कारण उसकी और एक विशेषता कहने के लिये सिद्धोपाय और फल इनकी एकता को पहले कहते हैं;

तृणं प्रदर्श्याहूय तृणं यथा ददति तथा फलसाधनयोर्भेदो नास्ति ।।१४५।।

जैसे घास दिखाकर बुला घास ही को देते हैं वैसे फल और साधन में भेद नहीं है ।।१४५।।

गौ को बुला उसके धारकादि (घास पानी) को देने की इच्छा करने वाले गौ का भोग्य घास को ही उसको वश करने के लिये साधनतया आगे दिखा समीप में बुला घास ही को देते हैं, इसमें जैसे फल और साधन में भेद नहीं वैसे ही विलक्षणगुण विग्रह विशिष्ट आप ही पहले इस चेतन को वश करने का उपाय हो अनंतर सदा इसके अनुभव के योग्य होने से फल और साधन ये दोनों एक ही वस्तु होती है।

इससे प्रपत्ति की श्रेष्ठता फलित हुई ऐसा कहते हैं;

तस्मात्सुखरूपा च भवति ।।१४६।।

इस कारण सुखरूप होती है ।।१४६।।

साध्यवस्तु ही साधन होने से तत्स्वीकार रूप यह प्रपत्ति दु:शक न हो सुख रूप होती है।

यद्वा प्रपत्ति की और भी एक विशेषता कहते हैं; घास इत्यादि से। घास दिखाकर गौ को बुला फिर उसी घास को देते हैं तो जैसे फल और साधन में भेद नहीं वैसे **'सकृत्कृतोञ्जलि:'**'एक बार की हुई अंजलि' **'नमश्चक्रुर्जनार्दनम्'** 'जनार्दन को नमस्कार किये हैं' इन वचनानुसार अंजल्यादिरूप प्रपत्ति को आगे कर ईश्वर को वश करने पर उनके संतोष के लिये क्रियमाण कैंकर्य भी **'बद्धांजलिपुटा हृष्टा नम इत्येव वादिन:'** 'अंजलि बाँध हृष्ट हो नम: ऐसी उक्ति को ही कहने वाले' **'हस्ताभ्यां पूर्णं प्रणम्य प्रणम्य त्वाम्'** 'हाथों की तृप्ति होने तक आपकी सेवा कर' इत्यादि वचनानुसार अपने स्वरूपानुरूप अंजल्यादि वृत्ति विशेष होने से फल और साधन में भेद नहीं। एवं फल ही साधन होने से यह प्रपत्ति दु:ख रूप न हो सुख रूप होती है।

तथा च प्रपत्त्युपाय को इत्यादि (सू. १३९) से यहाँ तक प्रपत्ति के दोषाभाव और गुणाधिक्य कहे गये।

सिद्धोपायाधिकार प्रकरण समाप्त

।। सिद्धोपायनिष्ठ वैभव प्रकरण।।

इस प्रकार प्रस्तुत प्रपत्ति का अनुपायत्व, उसकी प्रतिकोटि परगत स्वीकार का उपायत्व 'इसको देखने पर' 'प्राप्ति का उपाय उसकी इच्छा' इत्यादि से पहले जैसे प्रतिपादन किये हैं वैसे न कह दूसरी रीति से कहते हैं।

उसमें इस प्रकार स्वरूपानुरूप इस प्रपत्ति को साधन मान स्वतंत्र ईश्वर को इस चेतन के पाने की इच्छा करने पर यदि उनकी इच्छा न हो तो यह विफल होगी ऐसा कहते हैं;

अयं तंप्रेप्सति चेदियं प्रपत्तिश्च नोपाय: ।।१४७।।

इस चेतन में ईश्वर को पाने की इच्छा होने पर भी यह प्रपत्ति उपाय नहीं है ।।१४७।।

वस्तु को मालिक जाकर जैसे स्वीकार करता है वैसे मालिक सर्वेश्वर अंगीकार करने पर देखते रहने के योग्य परतंत्र यह चेतन आप ही फल भोक्ता हो अपने स्वीकार से स्वतंत्र ईश्वर को पाने की इच्छा करे तो उसकी इच्छा न होने पर, इस प्रकार सर्वोपाय श्रेष्ठ प्रपत्ति भी उसके लाभ का साधन न होगी।

अत: वही स्वीकार करने पर होने वाले वैलक्षण्य को कहते हैं;

सोऽमुं प्रेप्सति चेत् पातकमपि न प्रतिबंधकम् ।।१४८।।

उसके इस चेतन को पाने की इच्छा करने पर पाप भी प्रतिबंधक नहीं है ।।१४८।।

स्वतंत्र मालिक अपनी वस्तु परतंत्र इस चेतन को अपनी इच्छा से पाने का विचार करे तो पापों में प्रधानतया गिने जाने वाले पाप भी प्रतिबंधक नहीं होंगे। इन दोनों से चेतन का स्वीकार उपाय नहीं, परमात्मा का स्वीकार उपाय है ऐसा दिखाया गया।

'चेतन का परमात्मा की प्राप्ति में प्रपत्ति भी उपाय नहीं। परमचेतन का चेतन की प्राप्ति में चेतन गत पाप भी प्रतिबंधक नहीं।' ऐसा कहा है। ऐसे इन दोनों को कहाँ देख सकते हैं? इस शंका में कहते हैं;

एतदुभयमपि श्रीभरते गुहे च दृश्यते ।।१४९।।

इन दोनों को श्रीभरतसूरि और श्रीगुहदेव में देख सकते हैं ।।१४९।।

उन दोनों में देखने का प्रकार कैसा है? इस शंका में कहते हैं;

श्रीभरतस्य समीचीनमेवाऽसमीचीनं जातं, श्रीगुहस्यासमीचीनमेव समीचीनं जातम् ।।१५०।।

श्रीभरतसूरि का पुण्य ही पाप हुआ, श्रीगुहदेव का पाप ही पुण्य हुआ ।।१५०।।

> **जो उनको प्रिय है वही पुण्य है और जो उनको अप्रिय है वही पाप है।**

श्रीरामजी को लौटा कर पट्टाभिषेक कर अपने स्वरूपानुरूप दास्य को प्राप्त हो उज्जीवन के लिये 'इन मंत्रियों के साथ' इस वचनानुसार मार्ग से लेकर मनोरथ करते हुए जाकर बड़ी आर्ति से श्रीरामजी के चरणारविंदों में प्रपत्ति करने वाले श्रीभरतसूरि का वह प्रपत्तिरूप पुण्य ही शरण्य श्रीरामजी को अनिष्ट होने से पाप हुआ। **'ज्ञानहीन:**



संबंधरहित:' 'पापी क्षुद्र' इस वचनानुसार वे ही श्रीरामजी से अंगीकार किये गये, श्रीगुहदेवजी के दोष ही को भेंट मानकर अंगीकार करने से पाप ही पुण्य हुआ है।

'यत्वत्प्रियं तदिह पुण्यमपुण्यमन्यद्' 'जो उनको प्रिय है वही पुण्य है और उनका अप्रिय पाप है' ऐसा पुण्यपाप का लक्षण है, इसलिये इन दोनों में 'देख सकते हैं' ऐसा कहा है।

यह चेतनकर्तृक प्रपदन शरण्य हृदयानुसार न होने पर अपराध कोटि में गिना जायगा ऐसा पहले कहे हैं, अब इसके पूर्ववृत्त को देखने पर भी अपराध कोटि में गिना जायगा इस अर्थ को प्रकाश करने के लिये भाष्यकार के अनुष्ठान प्रकार को दिखाते हैं।

सर्वापराधानामपि प्रायश्चित्तरूपा प्रपत्तिश्चापराधकोटावन्विता क्षमापण कर्तव्यतार्हा स्थिता खलु ।।१५१।।
संपूर्ण अपराधों का प्रायश्चित्तरूप प्रपत्ति अपराध कोटि में गिनी जाकर क्षमापण कराने योग्य होती है ।।१५१।।

'अहमस्म्यपराधानामालय:' 'मैं अपराधों का स्थान हूँ' इस वचनानुसार अपराधों के स्थानभूत इस चेतन के प्रपत्ति करने पर **'सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि'** 'सर्वपापों से मुक्त करूँगा' इस वचनानुसार इस चेतन के ऊपर

सर्वेश्वर का हृदय प्रसन्न होने से प्रपत्ति सर्वापराधों का प्रायश्चित्तरूप है। इस प्रकार की प्रपत्ति को 'आपके चरणारविंदयुगलों में मैं शरणागति करता हूँ' **'त्वत्पादारविंदयुगलं शरणमहं प्रपद्ये'** ऐसे प्रपत्ति करने वाले श्रीभाष्यकार स्वामी अपने पूर्ववृत्त का अनुसंधान कर उस प्रपत्ति को अपराध कोटि में जान 'आप ही माता हो' ऐसे प्रारंभ कर अपने अपराध को क्षमा करने के उपयुक्त संबंध विशेषों को विज्ञापन कर 'इसलिये प्रणाम कर' इत्यादि से 'इस प्रकार आपके सामने निडर खड़ा हो प्रपत्ति करने के इस अपराध को क्षमा कीजिये' ऐसा क्षमापण कराना आवश्यक हुआ। इस कारण यह प्रपत्ति अपराध कोटि में गिनी जाती है।

अनादिकाल अपराध कर बाद एक दिन में अभिमुख होने पर भी **'रिपूणामपि वत्सल:'** 'शत्रुओं के विषय में भी वत्सल' **'यदि वा रावण: स्वयम्'** 'स्वयं रावण हो तो भी' ऐसे रहने वाले ईश्वर के हृदय को देखने पर

उसके स्वीकार करने में संशय नहीं है। उस सर्वेश्वर के ऐसे होने पर भी अपने पूर्ववृत्त को जाने तो इस चेतन द्वारा इस प्रपत्ति को अपराध जान क्षमापण कराना आवश्यक है।

चेतनकर्तृक प्रपत्ति स्वपूर्ववृत्त का अनुसंधान करने पर अपराध कोटि में गिनी जाती है इस अर्थ को दृष्टांत द्वारा दिखाते हैं;

बहुकालमन्यपरा भार्या लज्जाभये त्यक्त्वा भर्तृसकाशे स्थित्वा मामंगीकुरुष्वेत्यपेक्षते चेद् यथा स्यात्तथा वर्तमानः कश्चन खल्वनेन क्रियमाणा प्रपत्तिः ।।१५२।।

दीर्घकाल अन्यासक्त हो रहने वाली भार्या लज्जा और भय दोनों को छोड़ भर्तृ समीप में आ मुझको अंगीकार करो ऐसी अपेक्षा करने से जैसे अवद्यकर होता है वैसे चेतनकर्तृक प्रपत्ति अवद्यकर जानना ।।१५२।।

दीर्घकाल पति का संग छोड़ परपुरुष कामिनी हो भर्ता की निग्रहपात्रा हो संचार करने वाली स्त्री इस प्रकार मैं पति संनिधि में निडर हो कैसे जा सकती हूँ इस प्रकार की लज्जा और इतने काल हमारे दुष्टकृत्य को देखते रहने वाले भर्ता अब हमारी इस प्रकार अपेक्षा करती है समझ दंड देंगे तो क्या होगा ऐसा डर भी छोड़ उनके सामने आकर खड़ी हो मुझको अंगीकार करो ऐसी अपेक्षा करने से जितना अपराध होगा उतना ही भगवदनन्यार्हशेषभूत यह चेतन अनादिकाल से परमात्मा का संबंध छोड़ अन्य पर हो संचार करने वाला स्वपूर्ववृत्तानुसंधान से होने वाली लज्जा और स्वतंत्र परमात्मा दंड देने से क्या करेंगे ऐसे डर को भी छोड़ उनकी सन्निधि में जा खड़े हो हमको अंगीकार करो ऐसा कह क्रियमाण प्रपत्ति से अपराध होगा।

तथा च चेतनकर्तृक स्वीकार उपाय नहीं परमात्मकर्तृक स्वीकार ही उपाय है ऐसा प्रतिपादन किया गया।

अब चेतन के स्वीकार को देख दया कर सर्वेश्वर इस चेतन के परतंत्र होने की अपेक्षा अपने स्वातंत्र्य से आकर परतंत्र होना ही प्रबल है ऐसा कहते हैं।

कृपया आगतात् पारतंत्र्यात् स्वातंत्र्येणागतं पारतंत्र्यं प्रबलम् ।।१५३।।

कृपा से होने वाले पारतंत्र्य की अपेक्षा स्वातंत्र्य से होने वाला पारतंत्र्य प्रबल है ।।१५३।।

पीड़ित हो अन्य उपाय न देख अपने चरणों में शरणागति करने वालों के विषय में अपनी कृपा से उनके कहे प्रमाण करने योग्य परतंत्र होना, पट्टाभिषिक्त चढ़ने योग्य हाथी और स्वतंत्र राजा ये दोनों जैसे अपने निरंकुश स्वातंत्र्य से निर्हेतुक किसी एक को अंगीकार कर उनके अधीन अपने को बनाना ये दोनों ईश्वर के स्वभाव हैं। इसमें पहले कहा हुआ पारतंत्र्य किसी एक समय में स्वातंत्र्य गुण से रुका जाकर निष्फल भी हो सकता है, पीछे कहा हुआ पारतंत्र्य बिना रोक रहने से कभी निष्फल नहीं हो सकता है। इस कारण उससे यह प्रबल है।

यह अर्थ वेद का अभिमत है ऐसा कहते हैं;

अमुमर्थं वेदपुरुषोऽपेक्षितवान् ।।१५४।।

इस अर्थ को वेद पुरुष चाहता है ।।१५४।।

''इस अर्थ को'' माने 'पूर्व में प्रबलतया उक्त परगत स्वीकार को' वेदपुरुष चाहता है,

'नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन।
यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम्।।'

माने *'यह परमात्मा मनन से ध्यान से श्रवण से नहीं मिलता है। जिस चेतन को यह परमात्मा स्वीकार करता है, उससे ही प्राप्त होने योग्य है, उसी को यह परमात्मा अपने स्वरूप रूप गुण विभूतियों को विस्तार कर दिखाता है।'*

ऐसा कठवल्ली और मुंडकोपनिषद में कहा है, इससे वेदपुरुष चाहता है, ऐसा कहे हैं। बार बार कहना अपेक्षा कार्य है।

इस चेतन के अपेक्षा नहीं करने पर भी परमात्मा किसकी अपेक्षा किये हैं ऐसी शंका में कहते हैं;

अपेक्षानिरपेक्षं मारुतेः श्रीगुहस्य चायं जातः ।।१५५।।

बिना अपेक्षा मारुति और श्रीगुहदेव को यह अंगीकार हुआ है ।।१५५।।

अपने अपने की अपेक्षा न होने पर भी पंपातीर और गंगा के किनारे श्रीरामजी आप ही जाकर श्रीमारुति और श्रीगुहदेवजी को अंगीकार करने से यह परगत स्वीकार उन दोनों में देखा जाता है।

इस प्रकार स्वतंत्र हो इनके अंगीकार करने के समय;

'हे लक्ष्मण! सुग्रीव के मंत्री हनुमानजी से बात करो', 'सुंदर मृगनयनी सीता तुम्हारी सखी है, हमारा भ्राता तुम्हारा भ्राता है' ऐसा लक्ष्मण सूरि और सीताजी को जैसे आगे किये हैं वैसे अन्यस्थल में भी पुरुषकार को आगे कर अंगीकृत चेतन को देख सकते हैं क्या? इस शंका में कहते हैं;

अनेन पुरस्क्रियमाणान् स पुरस्करोतीत्ययमर्थोऽभयप्रदाने च द्रष्टव्यः ।।१५६।।

यह चेतन जिसको आगे करता है उसही को सर्वेश्वर भी आगे करते हैं यह अर्थ अभय प्रदान में देख सकते हैं ।।१५६।।

यह चेतन आश्रयण करने के समय जिनको पुरुषकारतया आगे करता है उन ही को ईश्वर भी अंगीकार करने के वक्त आगे करते हैं यह अर्थ श्रीमारुति और श्रीगुहदेव इन दोनों के अंगीकार करने के स्थल में ही नहीं श्रीविभीषण सूरि को अंगीकार करने के स्थल में भी देख सकते हैं।

'सोऽहं परुषितस्तेन दासवच्चावमानितः।
त्यक्त्वा पुत्रांश्च दारांश्च राघवं शरणं गतः।।'

'मैं उस रावण से कठिन वचन कहा जाकर दास की तरह अपमानित हो पुत्र दाराओं को त्याग राघव की शरण में आया हूँ।' ऐसे शरणागति कर,

'सर्वलोकशरण्याय राघवाय महात्मने।
निवेदयत मां क्षिप्रं विभीषणमुपस्थितम्।।'

'सर्वलोकरक्षक महात्मा श्रीरामजी की संनिधि में उपस्थित हुए मुझ विभीषण को निवेदन कीजिये।' ऐसे आकाश में स्थित श्रीविभीषणसूरि को अभयप्रदानपूर्वक अंगीकार करने के समय में;

'आनयैनं हरिश्रेष्ठ दत्तमस्याभयं मया।
विभीषणो वा सुग्रीव! यदि वा रावणः स्वयम्।।'

'हे सुग्रीव! विभीषण हो या स्वयं रावण हो उसको मैंने अभयदान दिया है इसलिये उसको हमारे पास ले आओ।' ऐसे समस्त वानरों के राजा सुग्रीव को आगे कर ही अंगीकार किये हैं।

हनुमानजी और श्रीविभीषण सूरि को अंगीकार करने के स्थल में सीताजी की सन्निधि न होने से उनका पुरुषकारपना नहीं दीखता तो भी सीताजी लंका को पधारने के समय सुग्रीव और हनुमानजी के वास स्थल में आभरणों को गिरा कटाक्ष कर जाने से, लंका में जाने के बाद श्रीविभीषण सूरि को श्रीरामजी के चरणों में शरण लेने योग्य कटाक्ष करने से, श्रीरामजी इन दोनों को अंगीकार करने के समय सीताजी को आगे कर ही अंगीकार किये हैं ऐसा मानना चाहिये। *परतंत्रभूता सीताजी को श्रीरामजी की इच्छा के व्यतिरिक्त इच्छा नहीं हो सकती है।* इस कारण ही परगत स्वीकार कहने के समय श्रीविभीषण सूरि के अंगीकार को भी

श्रीलोकाचार्य स्वामीजी साथ ही पठन किये हैं।

इस चेतन के निरुपाधिक शेषभूत होने से और सर्वेश्वर के निरुपाधिक शेषी होने से साक्षात् आश्रयण करने और अंगीकार करने की योग्यता होने पर भी इस प्रकार ये दोनों पुरुषकार को क्यों आगे करते हैं इस शंका में कहते हैं;

उभावपि पुरस्कुरुतः स्वस्वापराधं शमयितुम् ।।१५७।।

ये दोनों अपने अपने अपराधों को क्षमा कराने के लिये आगे करते हैं ।।१५७।।

''चेतन का अपराध'' माने 'अनादिकाल से परमात्मा से विमुख हो अन्य विषय प्रवण हो उनकी आज्ञा का उल्लंघन कर संचय किया हुआ अपराध'। ''ईश्वर का अपराध'' माने 'अवर्जनीय संबंध के होने पर भी अपराध ही को गिनकर अनादिकाल से इस चेतन को अपने से अलग रखना'। ''चेतन का अपने अपराध को क्षमा कराना'' माने 'इस अपराध को देख जैसे ईश्वर क्रुद्ध न हो वैसे बनाना'। ''ईश्वर का अपने अपराध को क्षमा कराना'' माने 'इस क्रोध का स्मरण कर चेतन जैसे न डरे वैसे करना'।

इतना ही नहीं इस पुरुषकार का एक प्रयोजन और भी है, ऐसा कहते हैं;

स्वरूपसिद्धिश्चानेन ।।१५८।।

स्वरूप की सिद्धि भी उससे ही है।।१५८।।

''स्वरूप'' माने 'इस चेतन का स्वरूप तदीय पारतंत्र्य और ईश्वर का स्वरूप आश्रित पारतंत्र्य'। 'देवत्व और अपने स्वभाव को' ऐसे आश्रित पारतंत्र्य को ही उसका स्वरूप कहा है। ये दोनों चेतन और ईश्वर के पुरुषकार को आगे करने से सिद्ध होते हैं।

ऊपर कहे हुए स्वरूप का उपपादन करते हैं;

इदं चौपाधिकं, नित्यं पारतंत्र्यमुभयोरप्यस्ति हि ।।१५९।।

औपाधिक और नित्यभूत ये दोनों पारतंत्र्य इन दोनों को हैं।।१५९।।

चेतन का लक्ष्मीजी के विषय में पारतंत्र्य भगवत्संबंध प्रयुक्त होने से औपाधिक हो, उस उपाधि के नित्य होने से निरुपाधिक भगवत्पारतंत्र्य के सदृश नित्य भी होता है। ईश्वर का लक्ष्मी के विषय में पारतंत्र्य आश्रिततत्वप्रयुक्त होने से औपाधिक हो, उस उपाधि के नित्य होने से नित्य भी होता है। ही कहने से इस अर्थ में प्रमाण की प्रसिद्धि दिखाते हैं।

इतना ही नहीं इसका एक प्रयोजन और भी है ऐसा कहते हैं;

अनित्यस्य पारतंत्र्यस्य नाशोऽनेन ।।१६०।।

अनित्यभूत इन दोनों का पारतंत्र्य पुरुषकार से ही नष्ट होता है।।१६०।।



''अनित्य पारतंत्र्य'' माने 'कर्म पारतंत्र्य'। ''उसमें चेतन का पारतंत्र्य'' माने 'अवश्य अनुभोक्तव्य शुभाशुभ कर्मों के वश में खींचा जाकर संसारी होना'। ''ईश्वर का कर्मपारतंत्र्य'' माने 'अपने किये हुए कर्म को आप भोगता है तो हम क्या करेंगे' ऐसे चेतनकर्तृक कर्म को प्रधान समझ उसके अनुगुण निर्वाह करना। यह 'सर्वपापों से छुड़ाऊँगा' इत्युक्ति पर्यंत होने से इसको अनित्य कहते हैं। ''ये दोनों पुरुषकार को आगे करने से नष्ट होते हैं'' माने 'चेतन के पुरुषकार को आगे करने पर ईश्वर का शोधन करती है', ईश्वर के पुरुषकार को आगे करने पर चेतन का शोधन करती है। दोनों को रक्ष्यरक्षक संबंध से मिलाने पर दोनों का कर्मपारतंत्र्य नष्ट होता है।

अनादिकाल से स्वतंत्र हो किसी एक का अवलंबन कर भगवान से अलग हो संचार करने वाला यह चेतन आज ही अभिमुख हुआ, प्रकृति के साथ रहने से दुर्वासना बढ़ आश्रयण और अंगीकारों से उत्पन्न हुए इस रक्ष्यरक्षक संबंध को नहीं कर प्राचीनरीति से स्वतंत्र होने को देखना, निरकुंश स्वतंत्र कर्मानुगुण इस चेतन को लीला में अनादिकाल विनियोग करते हुए संचार करने वाले सर्वेश्वर इस संबंध को नहीं मान पूर्ववत् इस चेतन के कर्मानुगुण निर्वाह करने को देखे तो क्या किया जाय? इस शंका में कहते हैं;

ससाक्षिकत्वादयं संबंध उभाभ्यामपि दूरीकर्तुं न शक्यते ।।१६१।।

साक्षी सहित होने से इस संबंध को दोनों नाश नहीं कर सकते।।१६१।।

यह रक्ष्यरक्षक संबंध मात्र इन दोनों से जाना हुआ न होकर पुरुषकार रूप साक्षी सहित होने से इस संबंध को दोनों नहीं नकार सकते हैं। इसका आगे प्रमाण दिखाते हैं;

'मां त्यजत्यपि' 'सुंदर पुष्पवासिन्या: स्नेहरूप:' ।।१६२।।

'हमको छोड़ने पर भी' 'सुंदर पुष्पपुत्री के प्रिय'।।१६२।।

नीलादेवी के पुरुषकार से नित्य सूरियों के बीच हमको अंगीकार करने पर सर्वशक्ति आप भी नहीं छोड़ सकते हैं, ऐसा कहने से 'हमको छोड़ने पर भी' इस गाथा को परमात्मा से यह बंध न नहीं किया जायगा इसका प्रमाण समझना। लक्ष्मी को प्रिय होने से उनके दास हमारे विषय में अतिस्नेह कर दुष्कर कृत्यों को करने से हमारे साथ मिलने वाले आपको प्राप्त हुए बाद छोड़ सकता हूँ क्या? ऐसा कहने से 'सुंदर पुष्पपुत्री के प्रिय' इस गाथा को पुरुषकार के पुरस्कार से होने वाले इस संबंध को चेतन भी नहीं नकार सकता,

इसमें प्रमाण समझना। 'साक्षी सहित होने वाले इस संबंध को न नहीं कर सकते' साक्षीभूत पुरुषकार विषय में दोनों के नित्य पारतंत्र्य को अवलंबन करने से, दोनों के इस विषय में नित्यपारतंत्र्य का प्रमाण दिखाते हैं;

कर्मणि व्युत्पत्तौ स्वरूपगुणप्रयुक्तं कर्तु: संकोचराहित्यं स्मर्तव्यम् ।।१६३।।

कर्मणि व्युत्पत्ति में स्वरूपगुणों से होने वाले कर्तृसंकोचाभाव का स्मरण करना।।१६३।।

''कर्मणि व्युत्पत्ति'' माने 'श्रीञ् सेवायां' इस धातु में 'श्रीयते' यह व्युत्पत्ति है। इसका अर्थ; सेवा की जाती है। इस व्युत्पत्ति में ''स्वरूपगुणों से होने वाले कर्तृ संकोचाभाव'' माने 'शेषत्वरूप स्वरूप से, प्रणयित्वरूप गुण से होने वाले चेतन परमचेतनभूत सेवा कर्ताओं के संकोचाभाव'। तथाच दोनों की लक्ष्मीजी के विषय में सेवा अविच्छिन्न होती है। ''इसका स्मरण करना'' माने 'लक्ष्मीजी के विषय में चेतन और ईश्वर के विद्यमान पारतंत्र्य का स्मरण करना'।

ऐसा होने से प्रपत्ति के सभी अधिकारियों को यह पुरुषकार अवश्यापेक्षित है ऐसा कहते हैं;

अधिकारित्रयस्यापि पुरुषकारोऽवर्जनीय: ।।१६४।।

तीनों अधिकारियों को भी पुरुषकार अवर्जनीय है।।१६४।।

''तीनों अधिकारी'' माने 'अज्ञ, ज्ञानाधिक्य और भक्ति परवश इनको'। ''पुरुषकार अवर्जनीय'' माने 'अपराध को क्षमा कराकर भगवान के साथ मिलाने को पुरुषकार का संबंध अपेक्षित होने से सर्वथा छोड़ नहीं

सकते'।

अथवा यह पुरुषकार अनन्य प्रयोजन हो प्रपत्ति करने वालों को चाहिये या प्रयोजनांतर पर हो प्रपत्ति करने वालों को चाहिये ऐसा पूछने पर कहते हैं; ''तीनों अधिकारी'' माने 'ऐश्वर्य, कैवल्य और भगवत्प्राप्ति कामना वाले'। ''इन तीनों को भी पुरुषकार अवर्जनीय'' माने 'स्वस्वाभिलषित सिद्धि के लिये ईश्वर को उपायतया आश्रयण करने के समय इनके अपराधों को क्षमा कर उसके अंगीकार करने के योग्य बनाने के लिये पुरुषकार अवश्य अपेक्षित है'। पूर्ववाक्य में पुरुषकार आश्रयण पूर्वक उपाय स्वीकार प्रयोजनांतरपरों को भी समान होने से उत्तर वाक्य से अनन्य प्रयोजनता को प्रकाश करने की आवश्यकता हुई। 'पूर्ववाक्य में प्रतिपादित साधन फलचतुष्टय का साधारण ही है, उसमें इस अधिकारी का अभिलषित फल विशेष अमुक है ऐसा उत्तर वाक्य प्रकट करता है' ऐसा परंदपडि रहस्य में, 'पूर्वोक्त साधन फलचतुष्टय का भी साधारण होने से इसके अपेक्षित फल विशेष को उत्तर वाक्य कहता है' ऐसा श्रिय:पति पडि रहस्य में, *'उत्तर वाक्य से फल कहा जाता है, फलांतर के लिये नहीं ऐसा अर्थ होता है'* इत्यादि से मुमुक्षुपडि में भी यह श्रीलोकाचार्य स्वामीजी ही कहे हैं। 'श्रिय:पति को हाथ जोड़ने वाले'

'दासों के प्रकृति संबंध को छुड़ाने वाले श्रिय:पति' इन वचनानुसार पुरुषकार को सामने कर आश्रयण कर प्रयोजनों को ले नहीं हट उन प्रयोजनों को छोड़ 'सुंदर आभरण वाली श्रीदेवी और वे, इन दोनों के संग रहने पर कैंकर्य करना फल है, ऐसे पूर्वोक्त उपाय फल को उत्तर भाग दिखाता है' ऐसा इनके कनिष्ठ भ्राता अरुलिच्चेयल् रहस्यग्रंथ में कहे हैं।

तथाच 'चेतन ईश्वर को' (सू. १४७) ऐसा आरंभ कर यहाँ तक (सू. १६४) स्वगत स्वीकार उपाय नहीं, परगत स्वीकार ही उपाय है और वही प्रबल है, परमात्मा स्वीकार करने पर भी पुरुषकार को आगे कर ही स्वीकार करते हैं, चेतन और ईश्वर दोनों पुरुषकार को आगे करने से प्रयोजन अमुक है, प्रपत्ति के समस्त अधिकारियों को पुरुषकार की अत्यावश्यकता आदि कहे गये हैं।

प्रथम प्रकरण में पुरुषकार वैभव कथन द्वारा 'श्रीमत्' पदार्थ, उपाय वैभव कथन द्वारा 'नारायण चरणौ शरणं' इन पदों के अर्थों का भी प्रतिपादन करने के बाद 'प्रपत्ति का देश नियम' ऐसे आरंभ कर 'प्रपद्ये' इस पद से कहे जाने वाली 'प्रपत्ति के देश काल आदि नियम अभाव, उसका विषय नियम कहने के लिये गुणपूर्ति वाले ही विषय हैं' ऐसा प्रारंभ कर मुक्तकंठ फिर भी नारायण पदार्थ, 'इसमें प्रपत्ति करने वाले अधिकारी

तीन' ऐसा उत्तम पुरुष से भान होने वाला अधिकारी, प्रपत्ति को साधन नहीं समझना प्रपत्त्यधिकारापेक्षित शक्ति लज्जा यत्नों के त्याग, शमदमातिशय प्रभृति, प्रपत्त्यंगतया त्याज्य उपायांतर का दोषाधिक्य, तत्प्रतिकोटि होने से प्रपत्ति की निर्दोषता, प्रपत्ति प्रसंग से दूसरे प्रकार से स्वगत स्वीकार का उपायत्वाभाव, परगत स्वीकार का उपायत्व, उसकी प्रबलता, वही स्वीकार करने पर भी पुरुषकार को आगे कर ही स्वीकार करने का प्रकार, दोनों पुरुषकार को आगे करने से होने वाले प्रयोजन, तीनों अधिकारी को पुरुषकार की अवश्यापेक्षा इत्यादि का प्रतिपादन करने से यहाँ तक पूर्वखंडार्थ को कहे हैं समझना। इस प्रकरण आदि में 'उपेय को' ऐसा आरंभ कर कई उपेयाधिकार कहे गये हैं तो भी वह प्रासंगिक हैं ऐसा समझना।

अब उपेयाधिकार का प्रतिपादन करने वाले शेष प्रकरण से उत्तर खंडार्थ को कहते हैं, उसमें भाष्यकार के शरणागति गद्य में उत्तर खंडार्थ का अनुसंधान करने के क्रम से नम: शब्दार्थपूर्वक कहते हैं। उसमें यह नम: शब्द प्राप्यविरोधी की निवृत्ति का प्रतिपादन करने से प्राप्य विरोधियों को दिखाने के लिये उद्देश्य कर पहले उनमें एक को कहते हैं;

स्वस्य स्वेन मृग्यमाणो गुणो दोषवत् प्रतिबंधको भवति ।।१६५।।

अपने को आप से अन्वेषण किये जाने वाला पुण्य, पाप की तरह प्रतिबंधक होता है।।१६५।।

पहले 'श्रीभरत सूरि का पुण्य ही पाप हुआ है' (सू. १५०) ऐसी चेतनकर्तृक प्रपत्ति शरण्य हृदय के अनुसार न होने पर पाप होगी ऐसा कहने से उपायदशा में 'अपने को अपने से किये जाने वाला पुण्य पाप होगा' इस अर्थ को कह इसके प्रसंग में उपेयदशा में आप अपने से अन्वेषण किये जाने वाला पुण्य पाप होगा इस अर्थ को कहते हैं; ऐसे पूर्वोक्त के साथ इसकी संगति समझना।

शेषी परमात्मा भोग दशा में अपने व्यामोह से 'किसका आत्मा पाया है हमारे आत्मा पाया हुआ को' ऐसा चेतन के विषय में अत्यंत नैच्य से विनियोग करने पर हम शेषभूत हैं हमारे शेषत्वस्वरूप की रक्षा कर लेनी चाहिये ऐसे स्वनैच्यानुसंधान से पीछे हटकर अपना खुद से ढूँढे जाने वाला पुण्य, अनादिकाल मैं स्वतंत्र हूँ ऐसा समझने पर जितना पाप है उतना ही ईश्वर के भोग का प्रतिबंधक होने से पाप होता है। ''पाप'' माने 'अकृत्यकरणादि को समझना'।

शेषी के आदरण के उपयुक्त आत्मा का अलंकारभूत शेषत्व भोग विरोधी कैसे होता है? इस शंका में कहते हैं;

सौंदर्यायार्पितो कंचुको यथा आलिंगनस्य विरोधी ।।१६६।।

यथा अलंकार के लिये धारण किया हुआ कंचुक आलिंगन का विरोधी होता है।।१६६।।

स्त्री से अलंकार के लिये धारण किया हुआ कंचुक पति के संतोष जनक हो स्त्री का अलंकार होता है तो भी भोगदशा में जैसे आलिंगन का विरोधी होता है वैसे यह शेषत्व भी ईश्वर के भोग का विरोधी होता है।

सौंदर्य के उपयुक्त अनुभव का विरोधी होता है इस अर्थ को शेषी वचन से दिखाते हैं;

'हारोऽपि' ।।१६७।।
'हार भी'।।१६७।।

'स्पर्श के रुकने के भय से हार भी कंठ में नहीं अर्पण किया गया। ऐसे हम दोनों के बीच में पर्वत नदी और वृक्ष हुए हैं।'

ऐसे संश्लेष दशा में स्पर्श विरोधी समझ डर से श्रीसीताजी अपने कंठ में एक मुक्ताहार भी धारण नहीं करती हैं, ऐसी श्रीरामजी की उक्ति है। भीरुणा ऐसा पुल्लिंगता आर्ष समझना, यद्वा सौंदर्य के लिये धारण किये जाने वाला आलिंगन का विरोधी होता है इस अर्थ को जनाने के लिए पुल्लिंगानुगुण श्रीरामजी के पक्ष में योजना कर लेना।

तब पारतंत्र्य ही श्रेष्ठ है क्या? इस शंका में कहते हैं;

पुण्यमिव पारतंत्र्यमपि परानुभवस्य विरोधि स्यात् ।।१६८।।
पुण्य की तरह पारतंत्र्य भी परानुभव का विरोधी है।।१६८।।

''पुण्य'' माने 'पहले पुण्य शब्द से कहा हुआ शेषत्व' है। वह शेषत्व पूर्वोक्त प्रकार से स्वनैच्यानु–संधान से भागने के उपयुक्त हो जिस प्रकार भोग विरोधी होता है उसी प्रकार से भोग दशा में उनके सामने दृष्टि प्रदान न कर अचित् की तरह रहने के योग्य पारतंत्र्य भी प्रतिदृष्टि की अपेक्षा करने वाले ईश्वर के भोग को रोकता है।

यद्वा ''पुण्य'' माने 'सत्कर्म'। वह पाप से अत्यंत भिन्न होने पर भी जैसे भगवत्प्राप्ति का प्रतिबंधक होता है वैसे पीछे भागने के उपयुक्त शेषत्व की अपेक्षा अचिद्वत् स्वामी के अत्यंत आज्ञाकारी होने के उपयुक्त होने से अति विलक्षण पारतंत्र्य भी सामने दृष्टिदान करने के उपयुक्त न होने से परमात्मा के अनुभव का विरोधी (प्रतिबंधक) होता है। इससे केवल शेषत्व और केवल पारतंत्र्य एक एक आकार से भोग विरोधी होते हैं। पारतंत्र्य के साथ मिला हुआ शेषत्व ही उद्देश्य है।

पारतंत्र्य के साथ मिला हुआ शेषत्व ही उद्देश्य है।

इस प्रकार उपेय दशा में शेषत्व पारतंत्र्य परमात्मा के अनुभव का प्रतिबंधक है। ऐसा कहने के बाद प्राप्ति दशा में चेतन के निर्बंध द्वारा होने वाली दोष निवृत्ति परमात्मा के अनुभव का प्रतिबंधक होती है इस अर्थ को कहते हैं;

गुण इव दोषनिवृत्तिः ।।१६९।।
गुण की तरह दोष निवृत्ति।।१६९।।

''गुण'' कहते हैं 'पूर्व विरोधितया उक्त शेषत्व पारतंत्र्यों को'। ये आत्मा के अंतरंग निरूपक गुण हैं। ''इस तरह दोष निवृत्ति'' माने 'इस आत्मा के ये दोनों पूर्वोक्त प्रकार जिस तरह परमात्मा के अनुभव के प्रतिबंधक होते हैं वैसे ही चेतन से निर्बंधपूर्वक करा लिये जाने वाली प्रकृति संबंध रूप दोष की निवृत्ति भी परमात्मा के भोग का प्रतिबंधक होती है'। चरम शरीर होने से शरीर के साथ किंचित्काल रख अनुभव करने की इच्छा करने वाले सर्वेश्वर के अनुभव का प्रतिबंधक होती है। गुणवत् ऐसे पारतंत्र्य एक को ही

दृष्टांततया कहते हैं ऐसी भी योजना हो सकती है।

दोष निवृत्ति होने पर आत्मस्वरूप अत्यंत परिशुद्ध और भोग्य भी होता है तो दोष निवृत्ति अनभिमत और दोष अभिमत क्यों होता है? इस शंका में कहते हैं;

आभरणमनभिमतं मालिन्यमभिमतमभूत् खलु ।।१७०।।

आभरण अनभिमत हो मालिन्य अभिमत हुआ है।।१७०।।

लोक में विषय प्रवण को अभिमत (स्त्री आदि) विषय को औज्वल्य हेतु आभरण अनभिमत हो अनौज्वल्य हेतु मालिन्य अभिमत होता है। यह लौकिक में ही नहीं किंतु सीताजी के विषय में श्रीरामजी को भी ऐसा हुआ है इस अर्थ के सूचक वचन का स्मरण करते हैं;

स्नानं रोषजनकमिति वार्ता स्मर्तव्या ।।१७१।।

'स्नान रोषजनक है' इस वचन का स्मरण करें।।१७१।।

सीताजी स्नान करके आईं सो श्रीरामजी को रोषजनक हुआ। इस अर्थ को प्रकट करने वाले 'नेत्र रोगी को दीप की तरह मुझको निश्चय प्रतिकूल होती हो' इस वचन को इस अर्थ के प्रमाणतया स्मरण करें। 'मालिन्य सहित अलंकार रहित सीताजी को' इत्यादि प्रकार दस मास स्नान नहीं कर मालिन्य विशिष्ट रूप को देखने की इच्छा करने वाले स्वामी को उनका स्नान कर आना रोषजनक हुआ ऐसा कहने में क्या हरकत है। ऐसा हो तो;

'दीर्घ और उष्ण श्वास लेकर भूमि को देखते हुए पास में खड़े हुए मेघ सदृश विभीषण से शिर: स्नान कर दिव्यचन्दनादि से लिप्त और दिव्याभरण भूषित सीताजी को शीघ्र हमारे पास पहुँचाओ।'

ऐसे श्रीराम ही स्नान कर अलंकृत हो आने के लिये श्रीविभीषण सूरि को देख कहे हैं तो रोषजनक कैसे हुआ? इस शंका में, 'हम अच्छी बात कह कर भेजेंगे आप नहीं जानती हैं क्या'? ऐसा विचार कहे हैं इतना ही, वह हृदय पूर्वक कही हुई वार्ता नहीं है, नहीं तो रुष्ट न हो सकते थे। सीताजी भी; **'अस्नाता द्रष्टुमिच्छामि भर्तारं राक्षसाधिप'** 'हे विभीषण! बिना स्नान किये भर्ता को देखना चाहती हूँ' ऐसा होते हुए भी; 'जैसा तुम्हारे भर्ता कहे हैं वैसा तुमको करना चाहिये' ऐसा श्रीविभीषण सूरि द्वारा निर्बंध पूर्वक कहने के बाद ही स्नान की हैं। ऐसा पूछने पर विभीषण श्रीरामजी के हृद्गत अभिप्राय को न जान ऊपरी वार्ता को सुन कहे हैं इतना ही, कितना भी हो तो भी दस मास रावण के घर में वास करने वाली 'कारागार में जिस वेष से रही थी उस वेष से ही मैं देखूँगी स्नान न करूँगी' ऐसा रहना चाहिये था, वैसा न कर शीघ्र स्नान कर आई हैं। वह स्नान, पूर्व आकार को देखने की इच्छा करने वाले श्रीरामजी को रोष का हेतु हुआ है। इस कारण स्नान रोषजनक हुआ ऐसा कहने में हानि नहीं।

यद्वा ''स्नान रोषजनक है इस वचन को'' माने 'श्रीविभीषण सूरि सीताजी से जब स्नान करने को कहे हैं तब श्रीरामजी के अभिप्राय को जानने वाली होने से उनको यह अभिमत नहीं है इसलिये रोषजनक होगा ऐसा समझ बिना स्नान किये पति के देखने को चाहती हूँ ऐसा सीताजी की कही हुई वार्ता समझना'। रोषजनक इस अर्थ को दिखाने वाली वार्ता ऐसा पूर्वोक्तन्याय यहाँ भी समान है।

इस प्रकार अभिमत विषय के मालिन्य को जैसे चाहते हैं वैसे आत्मज्ञानी के मलिन शरीर समझ त्यागने योग्य देह को ईश्वर चाहते हैं इसको कहाँ देख सकते हैं? इस शंका में कहते हैं;

'वंचक: कपटो' 'नश्यतु' ।।१७२।।

'वंचक कपट' 'नाश होने के लिये अनुमति करो'।।१७२।।

'वंचक कपट' ऐसे आरंभ कर 'नाश होने के लिये अनुमति करो' यहाँ तक अपने दिव्य शरीर में अत्यादर करते हुए परमात्मा के अनुभव प्रकार, इतना ही नहीं, अति चपलता से इस शरीर के साथ अपने को परमपद में ले जाने को वह अत्यंत अभिलाषा कर रहा है इस प्रकार को भी देख हे उपकारक! ऐसा मत कीजिये इति निर्बंध कर इसके दोष को उसे जनाकर एवं हेयरूप यह शरीर नाश होने के लिये अनुमति करें ऐसे चरण को पकड़ इसको छुड़ाकर ले जाने के लिये निर्बंधपूर्वक अनुमति कराने के प्रकार को श्रीशठकोपसूरि कहे हैं।



अभिमत विषय में मालिन्य की तरह आदर करते हैं इतना ही नहीं इस चेतन का ज्ञान रूप परिमल इस देह में भासमान होने से इस देह का आदर करते हैं इस अर्थ को दृष्टांतपूर्वक कहते हैं;

उशीरधर्तारो यथा मृत्संबंधं न दूरीकुर्वंति तथा ज्ञानिनं देहेन सहाद्रियते ।।१७३।।

जैसे उशीर को धारण करने वाले मृत्संबंध को न छुड़ा धारण करते हैं वैसे ज्ञानी का विग्रह के साथ आदर करते हैं।।१७३।।

परिमल को जान उशीर को धारण करने वाले भोगी लोग मृत्तिका को छुड़ाने से परिमल नष्ट होगा समझ मृत् संबंध को न छुड़ा जैसे धारण करते हैं वैसे परम भोगी सर्वेश्वर इस ज्ञानी का आदर से अनुभव करने के समय 'आनंद से शीतल जल वाला नेत्र' इस वचनानुसार ज्ञान के कार्यभूत संपूर्ण विकारों के आश्रय और इसके संपूर्ण ज्ञान परिमल के प्रकाशक इस शरीर के साथ आदर करेंगे ऐसा समझना।

और एक प्रकार से इसके देह में ईश्वर के आदर को दिखाते हैं;

परमार्तस्यास्य शरीरस्थितेर्हेतु: केवलभगवदिच्छैव हि ।।१७४।।

परमार्त इस चेतन की शरीर स्थिति का हेतु केवल भगवदिच्छा ही है।। १७४।।

''परमार्त'' माने 'इस शरीर के स्वभाव को इत: पर हम नहीं प्राप्त होंगे' 'कदा वा मैं आपके पास आ

आपको मिलूँगा' 'कहाँ अब आपको प्राप्त हो सकता हूँ' 'उस दिन को नहीं जानता' 'इत: पर धारण नहीं कर सकता' 'बुला लेने का काल अभी आया नहीं क्या' ऐसे संसार में पाँवों के जलने से भगवदनुभव में अत्यंत आर्ति से इससे अधिक नहीं कहने योग्य अत्यंत दु:ख उत्पन्न हुआ जिसको वह। ऐसे भक्त की शरीर स्थिति का हेतु प्रारब्ध कर्म नहीं कह सकते, क्योंकि 'संपूर्ण पापों से छुड़ाऊँगा' इस वचन के विरोध होने से।

'आर्तानामाशुफलदा सकृदेव कृताह्यसौ।
दृप्तानामपि जंतूनां देहांतरनिवारिणी।।'

'आर्तों को एक ही वक्त की हुई प्रपत्ति तत्क्षण फल देती है, दृप्त लोगों के भी दूसरे जन्म का निवारण करती है' ऐसा प्रपत्ति का स्वभाव है। इस कारण इसकी शरीर स्थिति का हेतु 'और भी थोड़े दिन इसको इस शरीर के साथ रख अनुभव करेंगे' ऐसी ईश्वरेच्छा छोड़ दूसरा नहीं, प्रारब्धकर्म हेतु से रहने वाले दृप्त विषय में भी भगवत् इच्छा के होने से उसको अलग करते हैं 'केवल' शब्द से।

इस प्रकार अपने आदर के विषय इसके शरीर में परमात्मा के आदरण के प्रकार को कहते हैं;

'तिरुमालिरुंशोलै' इत्युक्तप्रकारेणाभिमतदिव्यदेशेषु सर्वेषु क्रियमाणमादरमस्य शरीरैकदेशे करोति ।।१७५।।

'तिरुमालिरुंशोलै मलै एव' इत्युक्त प्रकार अभिमत समग्र दिव्यदेशों में जितना आदर करते हैं उतना आदर इसके शरीर के एक देश में करते हैं।।१७५।।

दक्षिण श्रीपर्वत (तिरुमालिरुंशोलै मलै माने सुंदरबाहु पर्वत), क्षीराब्धि, हमारा उत्तमांग इन सबको समतया आदर किये हैं। श्रीवैकुंठ, उत्तर श्रीपर्वत (वेंकटगिरि), है। अतएव इस गाथा में उक्त प्रकार ईश्वर से संपूर्ण दिव्य देशों में क्रियमाण आदर को ज्ञानी के शरीरैकदेश में करते हैं समझना।



हमारा शरीर इन तीनों को बराबर आदर किये हैं ऐसा श्रीशठकोप सूरि कहे हैं। इस प्रकार एक एक अवयव में, दो दो दिव्य देश में जितना आदर करते हैं, उतना आदर किये हैं। इन संपूर्ण दिव्य देशों में क्रियमाण आदर को प्रत्येक अवयव में किये हैं इसको दिखाता

अभिमत संपूर्ण दिव्य देशों में क्रियमाण आदर को इस एक विषय में ही करते हैं ऐसा पहले कहा है, इस ज्ञानी के मिलने पर अभिमत दिव्य देशों में सर्वेश्वर का आदर संकुचित होता है, इस अर्थ को कहने के लिये दोनों स्थलों में विद्यमान तारतम्य को कहते हैं;

तत्र वासः साधनम्, अत्र वासः साध्यम् ।।१७६।।
वहाँ वास साधन है, यहाँ वास साध्य है।।१७६।।

दिव्य देशों में आदर पूर्वक वास करने का प्रयोजन उचित उपायों से चेतनों को वश करने के लिये होने से, वहाँ वास साधन है ऐसा कहा है। यह चेतन शुद्ध हो इसके हृदय में अपने को वास मिलने पर दिव्य देश में रह किया हुआ कृषि का फल होने से यहाँ वास साध्य है ऐसा कहा है। 'नागशयन के ऊपर कुंभघोण में' 'पर्वत के ऊपर आप स्थित हो' 'शीतल समुद्र में शयन' इत्यादियों में इनका साधनत्व और साध्यत्व भान होते हैं।

इस साधन साध्यत्व प्रयुक्त आदर के तारतम्य को कहते हैं;

'शिलाः शब्दायमानसमुद्रः' इत्युक्तप्रकारेणास्मिन् सिद्धे तत्रादरः परिमतो भवति ।।१७७।।
'पत्थर और घोषमाण समुद्र' इत्युक्त प्रकार इसके सिद्ध होने पर उनमें आदर कम होता है।।१७७।।

अपने हृदय में प्रवेश किये बाद बाहर के किसी विषय में भी आदर नहीं ऐसा भान होने के लिये क्या' ऐसा भट्टनाथ सूरि कहे हैं। इस प्रकार साध्यभूत इस चेतन का हृदय प्राप्त होने पर इसके साधनतया पूर्व

सर्वेश्वर इस शरीर में अत्यादर कर नित्यवास करने से 'श्रीपर्वत, अपनी संनिधि से घोषमाण क्षीराब्धि, किसी को भी अप्राप्य परमपद, इन सबमें घास जम गयी है आदृत दिव्यदेशों में आदर संकुचित होता है। साध्य हस्तगत होने तक ही साधन में आदर अधिक होता है।

आदर की न्यूनता की अवधि को दिखाते हैं;

'बालालयं मा त्यजेः' इत्यनेन प्रार्थना कर्तव्या स्यात् ।।१७८।।
'बालालय को मत छोड़ो' ऐसी इस चेतन की प्रार्थना की आवश्यकता होती है।।१७८।।

श्रीभूतयोगी अपनी प्राप्ति के लिये पहले ईश्वर से आदृत दिव्य देशों में पूर्ववत् आदर न कर अपने हृदय में अत्यादर करने के प्रकार को देख उन दिव्य देशों को छोड़ देंगे क्या? ऐसी अतिशंका कर मेरे हृदय में प्रवेश करने के लिये साधनभूत बालालयरूप क्षीरसमुद्र को मत छोड़ो ऐसी प्रार्थना किये हैं। इसलिये इस चेतन की प्रार्थना

की आवश्यकता जैसे हो वैसे उन दिव्य देशों में आदर कम होता है।

इस प्रकार इसके प्रार्थना करने पर भी साध्य के सिद्ध होने पर उनको वे अभिमत होंगे क्या? इस शंका में कहते हैं;

प्राप्यप्रीतिविषयत्वेन कृतज्ञतया च पश्चात्तेऽभिमता भवंति ।।१७९।।

प्राप्य के प्रीति विषय होने से और कृतज्ञता से भी वे अभिमत होते हैं ।।१७९।।

''अपने को प्राप्यभूत इस चेतन की प्रीति का विषय होना'' माने 'कंडियूर, रंग, मैऽयम्, कांची, पेर, मल्लै,' ऐसे मग्न होना। ''कृतज्ञता'' माने 'इन दिव्य देशों में वास करने से ही हम इसको प्राप्त हुए हैं ऐसा विचार उस दिव्य देश के अपने को किये हुए उपकार का अनुसंधान करना'। इन दोनों से साध्यभूत इस चेतन के हस्तगत होने पर भी ईश्वर को वे दिव्य देश अभिमत होते हैं।

तथाच गुण की तरह दोषनिवृत्ति भी है ऐसे पूर्वोक्त शेषत्व पारतंत्र्यरूप आत्मगुणों की तरह दोषनिवृत्ति भी परमात्मा के अनुभव का प्रतिबंधक होती है ऐसी प्रतिज्ञा कर उसका उपपादन करने के लिये अभिमत विषय में मालिन्य अभिमत होने का प्रकार, इस चेतन से 'मलिन शरीर' कह परित्याग किये जाने वाले इस शरीर में उसके आदर करने का प्रकार, ज्ञानी का विग्रह सहित आदर करने के हेतु विशेष, परमार्त की देह स्थिति को लेकर ही इसके देह में उसके आदर को जान सकते हैं यह अर्थ, सर्वेश्वर के चेतन के देह का आदर करने के प्रकार, साध्यभूत इस चेतन के हस्तगत होने पर साधन में आदर के कम होने के प्रकार, उसकी सीमा, उन उन देशों को मत छोड़ो ऐसी प्रार्थना करने पर स्वसाध्य हस्तगत होने पर भी दो हेतुओं से सर्वेश्वर को उन दिव्य देशों के अभिमत होने के प्रकार को भी कहे हैं।

इस तरह दोषनिवृत्ति परमात्मा के अनुभव का प्रतिबंधक होती है इस अर्थ की सुस्पष्टता के लिये बहु हेतुओं को कहने से उसको सिद्ध हुआ समझ उसी को दृष्टांत कर सिंहावलोकन न्याय से पूर्वोक्त शेषत्व पारतंत्र्यरूप आत्मगुणों की परानुभव विरोधिता को स्थिर करते हैं;

तस्माद्दोषनिवृत्तिवदांतरगुणश्च विरोधी भवति।।१८०।।

इस कारण से दोषनिवृत्ति की तरह आंतरगुण भी विरोधी होते हैं ।।१८०।।

''इस कारण से'' माने 'ऐसे पहले सिद्ध किये हुए अर्थ का अनुवाद करते हैं'। ''दोष निवृत्ति की तरह'' माने 'दोष निवृत्ति स्वरूपौज्वल्य के लिये उपयुक्त होने पर भी दोष ही को भोग्यतया आदर करने वाले प्रणयिभूत सर्वेश्वर को अभिमत होने से जिस प्रकार से परानुभव का विरोधी होता है'। ''आंतरगुण'' माने 'शेषत्व पारतंत्र्य'। इनको आंतरगुण कहते हैं; ज्ञानानंदों की अपेक्षा आत्मा के अंतरंग होने से इसका परानुभव विरोधित्व प्रकार पहले कहा गया। इस स्थल में भी आंतरगुण यह पारतंत्र्य एक को ही कहता है ऐसी भी

योजना समझना।

दोषनिवृत्ति से होने वाला दोष क्या है? ऐसा पूछने पर और किसी दोष की आवश्यकता नहीं यही दोष है ऐसा कहते हैं;

दोषनिवृत्तिरेव दोषः स्याद्धि ।।१८१।।

दोषनिवृत्ति ही दोष होता है।।१८१।।

कामिनी स्त्री अपने शरीर के मालिन्य को छुड़ाकर भोग में सम्मिलित होने की जैसे इच्छा करती है वैसे स्वतः परिशुद्ध आत्मस्वरूप के आगंतुक दोष को हटाकर अपने शेषी को भोग्यतया विनियुक्त होंगे ऐसा समझ अपने निर्बंध से यह चेतन जिस दोष निवृत्ति को करा लेता है वह कामिनी के मालिन्य का आदर करने वाले कामुक की तरह दोष ही अभिमत हो इसके साथ अपने को अनुभव करने की इच्छा करने वाले परमात्मा के भोग का प्रतिबंधक होने से दोष होता है। परमात्मा के अनिष्ट ही को दोष कहते हैं। 'ही' कहने से पूर्वोपपादित सबका स्मरण कर इस अर्थ में प्रसिद्धि को दिखाते हैं।

तथाच 'पुण्य ही पाप हुआ', 'अपने से अन्वेषण किये जाने वाले पुण्य पाप की तरह प्रतिबंधक होते हैं', 'दोषनिवृत्ति ही दोष होता है' 'अपने प्रयत्न से संपादित पुण्य हेय है', ऐसा कहने से परमात्मा से अन्वेषण किये जाने वाले पुण्य ही उपादेय हैं यह सिद्ध हुआ। इस प्रकार स्वान्वेषित पुण्य हेय, परमात्मा अन्वेषित पुण्य उपादेय इस अर्थ को आप्तवचन से दिखाते हैं;

'स्वेनागतो गुणः क्रीतदुग्धवत्, तेनागतो गुणः स्तन्यदुग्धवत्' इति कुरुकाधिनाथवार्ता ।।१८२।।

'अपने से होने वाले पुण्य बाजार के दूध के सदृश, भगवान से होने वाले पुण्य माता के दूध के सदृश' ऐसा कुरुकाधिनाथ का वचन है।।१८२।।

''अपने से होने वाले पुण्य'' माने 'स्वयत्न से आप अपने लिये संपादन किये हुए'। ''बाजार का दूध'' माने 'औपाधिक विरस और अप्राप्त' भी होता है। ''परमात्मा से होने वाले पुण्य'' माने 'निरुपाधिक स्वामी होने से इस चेतन को यह अपेक्षित है ऐसा समझ उत्पाद्यमान पुण्य माता के दूध की तरह निरुपाधिक सरस और प्राप्त' भी होता है।

इतना ही नहीं, भगवान को छोड़ खुद अपने लिये पुण्यार्जन का यत्न करे तो अपना विनाश ही सिद्ध होगा इस अर्थ को दृष्टांत पूर्वक कहते हैं;

तेन विना स्वेन स्वस्य गुणसंपादनं स्तनंधयप्रजां मातापितृहस्तादाकृष्य घातकस्याजावाणिजस्य हस्ते ददाति चेद्यथा तथा भवेत् ।।१८३।।

उसको छोड़ अपने आप पुण्यार्जन करना माने स्तन्यपान करने वाली प्रजा को माता पिताओं के हाथ से लेकर घातुक कसाई के हाथ में देने के सदृश है।।१८३।।

प्राप्त आप्त सर्वेश्वर इस चेतन के लिये पुण्यार्जन करना उचित है, ऐसा न कर उसके प्रतिकोटि आप ''अपने उज्जीवन के लिये पुण्यार्जन करना'' माने 'स्वरक्षणोपयोगी ज्ञानशक्त्यादि न होने की अवस्था में स्वमाता प्रभृति जानकर रक्षा करने योग्य स्तनंधय प्रजा को रक्षकभूत माता पिताओं के हाथ से छीन हत्या में

संकोच न करने वाले चित्रवध कर माँसों के साथ मिलाकर बेच देने वाले घातुक कसाई के हाथ में 'इस प्रजा की रक्षा करो' ऐसा कह सौंप देने के सदृश है'। इससे सर्वेश्वर ही रक्षक है खुद अपना नाशक है, यह अर्थ कहा गया।

इस प्रकार यह चेतन अपने को आप नाश कर लेगा क्या? इस शंका में कहते हैं;

स्वं स्वयमेव नाशयेत् ।।१८४।।

अपने को आप ही नाश कर लेता है।।१८४।।

सर्वेश्वर इस चेतन के उज्जीवन के लिये अवसर प्रतीक्षक होने से इसके नाश के लिये कभी कारण नहीं होते हैं, 'असत् ही' इस वचनानुसार अपना नाश कर लेने वाला खुद ही होता है।

सर्वेश्वर इस चेतन के नाश के लिये कभी कारण नहीं होते अपना नाश करने वाला खुद ही होता है।

'मैं ही मुझको' इस गाथा में ''मैं ही'' कहने से मेरी हानि का कर्ता भगवान नहीं है। वह सामने मेरी रक्षा करने के लिये संचार करने पर भी मैं ही मेरे नाश का कारण हुआ ऐसा श्रीशठकोपसूरि कहे हैं।

यह चेतन अपने आपको नाश कर लेता है माने क्या है? इस आकांक्षा में कहते हैं;

स्वयमेव स्वविनाशनम्—अहंकारस्य विषयाणां चादरणम् ।।१८५।।

अपने को आप नाश कर लेना माने अहंकार और विषयों का आदर करना।।१८५।।

''अहंकार'' माने 'देहात्मा अभिमान और स्वातंत्र्य अभिमान'। ''विषय'' माने 'विहित और निषिद्ध विषय'। ''इनका आदर करना'' माने 'इनमें अति प्रेम करना'। आत्मस्वरूप भगवदनन्यार्ह शेष और भगवदेकभोग रूप होता है। तादृशस्वरूप को अहंकार और विषयों में प्रवण हो नाश कर लेना है। उत्तर वाक्य के नमः शब्दार्थ को कहने की प्रतिज्ञा कर ये सब बातें क्यों करते हैं? इस शंका में, उत्तर वाक्य के नमः शब्द से पुरुषार्थ के प्रतिबंधक संपूर्ण विरोधी निकाले जाते हैं, इस अर्थ के भान होने के लिये 'मनो वचन कायों से' ऐसा आरंभ कर तीन चूर्णिका से सकल विरोधी निवृत्ति को श्रीभाष्यकार स्वामी कहे हैं। ये लोकाचार्य भी मुमुक्षुपडि में इस नमः शब्दार्थ के कहने के समय में 'इसमें अविद्यादि निवृत्त होते हैं' ऐसा कहे हैं। इस कारण इस स्थल में भी देहात्माभिमानादि रूप अहंकार, तत्कार्य रूप विषय प्रावण्य, उन दोनों के कार्यभूत भागवतापचार आदि संपूर्ण विरोधियों को प्रसक्तानुप्रसक्त कहने से विरोध नहीं है।

आत्मस्वरूप भगवदनन्यार्ह शेष और भगवदेकभोग रूप होता है।

इन अहंकारादियों के क्रौर्य को विस्तारपूर्वक उपपादन करने के लिये विचार, पहले अहंकार के क्रौर्य को कहते हैं;

अहंकारोऽग्निस्पर्शवत् ।।१८६।।
अंहकार अग्निस्पर्श के सदृश है।।१८६।।

आग जैसे स्वसंबंधी पदार्थ को जलाकर नष्ट करता है वैसे अहंकार भी स्वसंबंधी को जलाकर साक्षात् भस्म करता है।

अग्निस्पर्श स्वसंबंधी पदार्थ को जलाकर जैसे नष्ट करता है वैसे यह भी स्व संबंधी को जलाकर साक्षात् भस्म करता है।

इस अहंकार के कार्य में प्रमाण दिखाते हैं, उसमें पहले ऋग्वेद खिलभूत जितंते वचन को दिखाते हैं;

'न कामकलुषं चित्तम्' ।।१८७।।
'काम से चित्त कलुषित नहीं है'।।१८७।।

'न कामकलुषं चित्तं मम ते पादयोः स्थितम्।
कामये वैष्णवत्वं तु सर्वजन्मसु केवलम्।।'

'आपके चरणारविंद में स्थिरीभूत मेरा चित्त काम से कलुषित नहीं है। सर्वजन्मों में केवल वैष्णवत्व को ही चाहता हूँ।'

'निरुपाधिक शेषी निरतिशय भोग्य आपके चरणारविंदों में व्यवस्थित मेरा मन श्रीवैकुंठादि और किसी को स्वयं पुरुषार्थतया समझ व्याकुल नहीं होता है। सर्वजन्मों में आप ही के रसदायी दास्य की ही अपेक्षा करता है।' केवल पद स्वप्रयत्न रूप स्वातंत्र्य को दूर करता है। ही शब्द से मोक्ष पर्यंत अपने संतोष के लिये आने वाले

सब अंहकार गर्भित होने से त्याज्य होते हैं ऐसा कहा गया।

अनंतर जानकी के वचन को कहते हैं;

न हि मे जीवितेनार्थः ।।१८८।।
मुझे जीने से प्रयोजन नहीं।।१८८।।

'न हि मे जीवितेनार्थो नैवार्थैर्न च भूषणैः।
वसंत्या राक्षसीमध्ये विना रामं महारथम्।।'

'महारथ श्रीरामजी के बिना राक्षसियों के बीच में वास करने वाली मुझे जीने से प्रयोजन नहीं, द्रव्यों से नहीं और भूषणों से नहीं।'

इसका अर्थ महारथ स्वामी का विश्लेष पाकर राक्षसियों के बीच में वास करने वाली मुझको प्राण से कुछ भी प्रयोजन नहीं है, धनों से भी कुछ प्रयोजन नहीं है, आभरणों से भी कुछ प्रयोजन नहीं है। इससे प्राणादि सब उनके विनियुक्त न हो अपने लिये हो तो अहंकार गर्भित होने से त्याज्य होते हैं यह अर्थ कहा गया।

अनंतर परमाचार्य श्री यामुनमुनि के वचन को कहते हैं;

'न देहम्' ।।१८९।।
'देह को नहीं चाहता हूँ'।।१८९।।

'न देहं न प्राणान्न च सुखमशेषाभिलषितं
न चात्मानं नान्यत्किमपि तव शेषत्वविभवात्।
बहिर्भूतं नाथ क्षणमपि सहे यातु शतधा
विनाशं तत्सत्यं मधुमथन! विज्ञापनमिदम्।।'

'आपके शेषत्व से बहिर्भूत होने पर देह, प्राण, सुख, संपूर्ण अभिलाषा, आत्मा और अन्य किसी को भी क्षणकाल तक भी न सहूँगा, सौ तरह से नाश को प्राप्त हों, हे मधुसूदन! यह विज्ञापन सत्य है'।

इसका अर्थ हे मेरे प्राप्त शेषिन्! आपके शेषत्वरूप ऐश्वर्य के बहिर्भूत देह को क्षणमात्र भी न सहूँगा। इस देह के धारक प्राणों को भी न सहूँगा, सर्वपेक्षित सुख को भी न सहूँगा, पुत्र मित्र कलत्रादिरूप अन्य किसी को भी न सहूँगा, इन सब के भोक्ता आत्मा को भी न सहूँगा, ये सब जैसे न दीखें वैसे सौ तरह से नष्ट हो जायँ यह विज्ञापन सत्य है, सत्य न हो तो आपके विषय में असत्याचरण करने वाले मधु नामक राक्षस को प्राप्त हुआ अनर्थ मुझको भी प्राप्त होवे। इससे भगवत् शेषत्व से बहिर्भूत सब ही अंहकार दूषित होने से त्याज्य हैं यह अर्थ कहा गया।

अनंतर अज्ञाननिवृत्तिपूर्वक मत्यानंद को प्राप्त होने वालों में अग्रेसर शठकोपसूरि के वचन को कहते हैं;

'सुमहापदप्रकारमपि' ।।१९०।।
'महापद के प्रकार को भी'।।१९०।।

इसका अर्थ 'हे सूरि! मोक्ष को लेओ', ऐसा ईश्वर के कहने पर 'मेरे संतोष के लिये दिये जाने वाला मोक्ष अत्यंत विलक्षण होने पर भी उस बात का प्रस्ताव भी करने वाला नहीं हूँ।' इससे अपने संतोष के लिये होने वाला मोक्ष भी अंहकार गर्भित होने से ऐश्वर्यादियों की तरह त्याज्य होता है यह अर्थ कहा गया।

अपने संतोष के लिये होने वाला मोक्ष भी अहंकार गर्भित होने से ऐश्वर्यादियों की तरह त्याज्य होता है।

तथाच अंहकार का क्रौर्य कहा गया, अब विषयों के क्रौर्य को कहते हैं;

प्रतिकूलविषयस्पर्शो विषस्पर्शवत्, अनुकूलविषयस्पर्शो विषमिश्रान्नभोजनवत् ।।१९१।।
प्रतिकूल विषयों का स्पर्श विष स्पर्श के सदृश है, अनुकूल विषयों का स्पर्श विषमिश्र भोजन के सदृश है।।१९१।।

''प्रतिकूल विषय'' माने 'लोक विरुद्ध और नरक हेतु निषिद्ध विषय'। ''उनके स्पर्श को विष स्पर्श कहना'' माने 'प्राणों के बाधकत्वेन प्रसिद्ध होने से प्रातिकूल्य भासमान होते हुए प्राण का नाश करने वाले विष स्पर्श की तरह' शास्त्र निषिद्धत्वेन प्रसिद्ध होने से प्रतिकूलतया भासमान हो स्वरूप का नाश करने से।

''अनुकूल विषय'' माने 'लोक विरुद्ध और नरक हेतु न हो विशिष्टवेष (शरीरगत वर्णाश्रमादि) के अनुकूल होने

वाले विहित विषय’। ‘‘उसके स्पर्श को विषमिश्र भोजन की तरह कहना’’ माने ‘विषमिश्रान्न भोजन नहीं जानने वालों को अनुकूलतया भासमान होते हुए भी पाने वालों के प्राण का जैसे नाश करता है वैसे शास्त्रविहिततया प्रसिद्ध होने से अनुकूलवत् भासमान हो आत्मा के अनन्यभोग्यत्वरूप स्वरूप का नाश करने से’।

‘विषस्य विषयाणां च दूरमत्यंतमंतरम्।
उपभुक्तं विषं हन्ति विषयाः स्मरणादपि।।’

‘विष और विषयों के बीच में अत्यंत वैषम्य है, विष खाने पर मनुष्य का नाश करता है, विषय तो स्मरण से भी नाश करता है।’ ऐसे, भोजन की अपेक्षा बिना, स्मरणमात्र से नाश करने से विष की अपेक्षा विषय अति क्रूर कहा गया।

इस प्रकार विनाश कर विषयों में प्रवण हो सुख पाने की इच्छा करना विपरीत ज्ञान कार्य है ऐसा प्रमाण प्रसिद्ध दृष्टांत द्वारा कहते हैं;

अग्निज्वालां निगीर्य पिपासां शमयितुमिच्छेव, नृत्यतः सर्पस्य छायायां स्थातुमिच्छेव च विषयप्रावण्येन सुखितुमिच्छा ।।१९२।।

अग्निज्वाला को निगल कर प्यास को शांत करने की इच्छा की तरह, (और) नाचते हुए सर्प की छाया में बैठ ताप को दूर करने की इच्छा की तरह भी; विषयप्रवण हो सुख पाने की इच्छा करना है।।१९२।।

‘अग्निज्वाला को निगल जैसे प्यास को शमन कर लेना है वैसे विषय संबंध से मनुष्य को सुख पाने की इच्छा करना है।’ ऐसे ही ‘विषयों के संबंध से जो मनुष्य सुख पाता है, वह नाचने वाले सर्प की छाया का विश्राम के लिये आश्रयण करता है।’

ऐसे भी कहे हुए प्रकार से जल के लिये प्यासे का विपरीत ज्ञान से ताप हेतु अग्निज्वाला को निगल अपनी प्यास को शांत करने की इच्छा करने की तरह और आदित्य किरणों से अत्यंत तप्त मनुष्य का उस ताप को शमन करने के लिये छायामात्र समझ होने वाले अनर्थ को न जान अत्यंत कुपित फण को फैलाकर खेलने वाले सर्प की छाया में ठहरने की इच्छा करने की तरह भी होता है, बाधक विषयों को सुखप्रद समझ उनमें आसक्त हो उनको भोग सुख पाने की इच्छा करना।

विषय स्पर्श स्वरूप का नाश करता है, ***विषय प्रवण हो सुख पाने की इच्छा करना विपरीत ज्ञान का कार्य है*** ऐसा पहले कहा। विषय स्पर्श की अपेक्षा भी नहीं चाहिये, भगवद्गुणों में शिथिल होने वाला इन (विषयों) को देखने मात्र से नष्ट होता है ऐसा कहते हैं;

अशुणामा (केकयपक्षी) यथा नश्यति तथा भगवदनुभवपरो मृदुप्रकृतिर्विषय दर्शनेन नश्यति ।।१९३।।

अशुणमा (केकय) पक्षी जैसे नष्ट होता है वैसे, भगवदनुभव में ही आसक्त मृदु स्वभाव वाला विषय दर्शन से नष्ट होता है।।१९३।।

अशुणमा (केकय) पक्षी अत्यंत मधुर गीत के श्रवण से मन के जल रूप से गलने की दशा में अति कठिन बाजा बजाने पर सुन जैसे नष्ट होता है वैसे, एक भगवदनुभव ही में आसक्त हो उनके गुणों के रस में शिथिल हो इतर विषयों के नाम सुनने से भी नष्ट होने के मृदु स्वभाव वाला भगवदेक भोगत्वरूप स्वरूप के नाश करने वाले विषयों को देखने मात्र से रो रो कर नष्ट होता है।

इस अर्थ को आप्त वचन से स्थिर करते हैं;

'दर्शयित्वा नाशयसि किं' इत्युक्तं हि ।।१९४।।
'दिखाकर नाश करोगे क्या?' ऐसा कहे हैं।।१९४।।

अल्परस और अनेक प्रकार के दुर्विषयों को दिखाकर उनके साथ संबंध असह्य हो उनके रहने के उचित संसार में पड़े रहने के कारण पाप किये हुए मुझको नाश करने का विचार करते हो क्या? ऐसा शठकोपसूरि कहे हैं।

एवंभूत विषयदोष को नहीं जान इनमें आसक्त होने वाला और इस दोष को जान इनमें आसक्त होने वाला इन दोनों के तारतम्य को कहते हैं;

अज्ञो विषयप्रवणः केवलनास्तिकवत्, ज्ञानवान् विषयप्रवणः आस्तिकनास्तिकवत् ।।१९५।।
न जानकर विषयों में आसक्त केवल नास्तिक की तरह, जानकर विषयों में आसक्त आस्तिक नास्तिक की तरह है।।१९५।।

''न जानकर विषयों में आसक्त'' माने 'विषयों के दोषाधिक्य और स्वरूप विरुद्धता को न जान उनकी इच्छा कर ऊपर गिरने वाला'। ''केवल नास्तिक है'' माने 'धर्म अधर्म परलोक चेतन ईश्वर आदि का प्रतिपादन करने वाले शास्त्र में प्रामाण्य ज्ञान रहित यथेष्ट संचार करने वाला शुद्ध नास्तिक है'।

''जानकर विषयों में आसक्त'' माने 'विषय दोषों से दुष्ट और स्वरूप विरुद्ध हैं ऐसा जानकर भी उनकी इच्छा कर ऊपर गिरने वाला'। ''आस्तिक नास्तिक है'' माने 'धर्म अधर्म आदि सकल प्रतिपादक शास्त्र को प्रमाण मानने से आस्तिक कहने के योग्य, उस शास्त्र की मर्यादा में न रह, यथेष्ट संचार करने से नास्तिक के सदृश होता है'।

दृष्टांतभूत इन दोनों में क्या विशेष है? इस शंका में कहते हैं;

केवलनास्तिको वशीकर्तुं शक्यः, आस्तिकनास्तिकः कदापि वशीकर्तुं न शक्यते ।।१९६।।
केवल नास्तिक को वश कर सकते हैं, आस्तिक नास्तिक को कदापि वश नहीं कर सकते हैं।।१९६।।

शास्त्र नहीं है समझ यथेष्ट संचार करने वाले को शास्त्र में आस्तिक्य बुद्धि उत्पन्न होने के लिये उपदेश कर जैसे विधि निषेध शास्त्र के वश्य हो वैसे कर सकते हैं। शास्त्र में आस्तिक्य बुद्धि से शास्त्र प्रतिपाद्य प्रमेयों को जानकर भी पाप भय रहित हो नास्तिक की तरह यथेष्ट संचार करने वाले को कह जनाने के योग्य किसी वचन के न होने से उपदेश द्वारा कदापि वश नहीं कर सकते हैं।

इससे अज्ञानी विषय प्रवण का विषय दोष आदि के उपदेश द्वारा जैसे विरक्त हो वैसे शोधन कर सकते हैं। ज्ञानवान विषय प्रवण के विषय दोष आदियों को स्पष्ट जानकर भी प्रवृत्त होने से उन दोषों का उपदेश

द्वारा कदापि शोधन नहीं कर सकते हैं ऐसा तात्पर्य होता है।

'अज्ञानी को सुख से समझा सकते हैं, विशेषज्ञ को अत्यंत सुख से समझा सकते हैं, लवलेश ज्ञान से पंडितमानी मनुष्य को ब्रह्मा भी नहीं समझा सकते हैं।' ऐसा कहा है। इसलिये उसकी अपेक्षा यह अत्यंत नीच है समझना। 'अपने को आप ही' (सू. १८४) इस वाक्य में स्वरूपनाशकतया कहे हुए अहंकार और विषयों के क्रौर्य को अलग अलग पहले कहे हैं, दोनों के क्रौर्यविशेष को एक वाक्य से कहते हैं;

इदं द्वयमपि स्वरूपेण नाशयतीत्येतावन्मात्रं विना भागवतविरोधं च वर्द्धयित्वा नाशयति ।।१९७।।

ये दोनों अपने स्वरूप से नाश करते हैं इतना ही नहीं, भागवतापचार का उत्पादन कर भी नाश करते हैं।।१९७।।

पूर्वोक्त दोष विशिष्ट ये अहंकार और विषय प्रावण्य दोनों अपने स्वरूप से नाश करते हैं इतना ही नहीं, भागवतापचाररूप महा अनर्थ का उत्पादन कर स्वरूप नष्ट करते हैं समझना। अहंकार आदियों में आसक्त होने पर जितना दोष होता है उतना ही नहीं भागवतापचार से होने वाला भगवान का निग्रह उससे अधिक समझना।

अहंकार और विषय प्रावण्य भागवतापचाररूप महा अनर्थ द्वारा स्वरूप का नाश करते हैं।

इस प्रकार भागवतापचार होते ही स्वरूप नाश हो तो भागवतापचार करते हुए संचार करने पर भी स्वरूप अनुरूप नामरूप विशिष्ट हो कैसे रहते हैं? इस शंका में कहते हैं,

नामरूपविशिष्टाः संतो भागवतापचारं कुर्वंतो दग्धपटवत् ।।१९८।।

नाम रूप विशिष्ट हो भागवत विरोध करने वाले दग्धवस्त्र की तरह होते हैं।।१९८।।

वैष्णवत्व चिन्हभूत दास्यनाम और तदनुगुण रूप के रहते हुए भीतर किसी प्रकार के सद्गुण से रहित अहंकारादि के वश हो भागवत विषय में विरोध करने वाले संपूर्ण दग्ध होने पर भी रूप विशिष्ट की तरह भान होने वाले जले हुए वस्त्र के सदृश होते हैं।

जले हुए वस्त्र के प्रकार को दिखाते हैं;

पिंडीकृतपटो दग्धोऽपि आतानविताने समे तिष्ठतः, वायौ संचरत्युत्पतेत् ।।१९९।।

घड़ी किया हुआ वस्त्र दग्ध हो तो आतान वितान पहले की तरह रह वायु बहने पर उड़ जाता है।।१९९।।

घड़ी किया हुआ वस्त्र सर्वत्र दग्ध होने पर भी आतान वितान पहले की तरह समान रहेगा, परंतु एक हवा जोर से बहने पर रूप भी जैसा नहीं रहे वैसा उड़ जायेगा। इसी तरह अपचाररूप अग्नि से दग्ध होने पर नाम रूपों से रहने वाले भी भगवन्निग्रह विशेष से अत्यंत पीड़ित हो भस्म हो जाते हैं ऐसा तात्पर्य जानना।

भागवतापचार करने पर ईश्वर न सह उचित दंड देते हैं इस अर्थ को आप्त वचन से कहते हैं;

'ईश्वरोऽवतीर्याऽकरोदतिमानुषचेष्टितानि भागवतापचारासहिष्णुत्वाद्' इति यतिर्वदेत् ।।२००।।

'ईश्वर के अवतार लेकर किये हुए अतिमानुष चेष्टित सभी भागवतापचार को न सहने से' ऐसा वेदांति कहे हैं।।२००।।

संकल्पमात्र से सबका निर्वाह करने वाले सर्वशक्ति सर्वेश्वर के अपने स्वरूप को बिगाड़ इतर सजातीय हो अवतार कर हाथ से स्पर्श कर किये हुए हिरण्य रावण आदि निरसनरूप आदि अतिमानुष चेष्टित सभी प्रह्लाद, महर्षि प्रभृति उन उन भागवत विषयों में उन उनके कर्तृक अपचार को न सहने से, ऐसा आप्ततम वेदांति कहे हैं।

ईश्वर भागवतापचार न सह उचित दंड देते हैं।

इस भागवतापचार के क्रौर्य में भगवद्वचन को दिखाते हैं;

'अवमानक्रिया' ।।२०१।।

'अवमान क्रिया' ।।२०१।।

'या प्रीतिर्मयि संवृत्ता मद्भक्तेषु सदास्तु ते।
अवमानक्रिया तेषां संहरत्यखिलं जगत्।।'

'तुमको जो प्रीति मुझमें है मेरे भक्तों में भी वही प्रीति हो, उनका अपमान करने से अखिल जगत् का संहार होता है।' ऐसा स्वयं भगवान ने ही कहा है।

भक्तों का अपमान करने पर अखिल जगत का संहार होता है।

इस प्रकार के भागवतापचार अनेक विध हैं ऐसा कहते हैं;

भागवतापचारोऽनेकविधः ।।२०२।।
भागवतापचार अनेक विध हैं।। २०२।।

अनेकविध हैं: जन्मनिरूपण, ज्ञाननिरूपण, वृत्तनिरूपण, आकारनिरूपण, बंधुनिरूपण, वासनिरूपण इत्यादि बहुत प्रकार के हैं।

उनमें जन्मनिरूपण के क्रौर्य को कहने के लिये उसका उपपादन करते हैं;

भागवतों का माहात्म्य भगवत् सम्बन्ध **से है। उस भगवत् सम्बन्ध की उपेक्षा कर उनके जन्म, ज्ञान, वृत्ति, आकार, बन्धु और वासस्थान का नैच्य देखकर कर उनमें हीन भावना करना भागवत अपचार होता है।**

तत्रैकं तेषु जन्मनिरूपणम् ।।२०३।।
उनमें एक, उनके विषय में जन्मनिरूपण है।। २०३।।

''जन्मनिरूपण'' माने 'निकृष्ट कुलों में अवतीर्ण भागवतों के भगवत्संबंधप्रयुक्त माहात्म्य को नहीं देख नीचता बुद्धि से उन उन जन्मों का निरूपण करना'। इसके क्रौर्य को कहते हैं;

इदं चार्चावतारे उपादानस्मृतेरपि क्रूरम् ।।२०४।।
यह अर्चावतार में उपादान स्मृति की अपेक्षा क्रूर है।। २०४।।

''अर्चावतार में उपादानस्मृति'' माने 'आश्रित के आदृत किसी एक द्रव्य को अपने दिव्यविग्रहतया स्वीकार कर उसमें अप्राकृत दिव्यविग्रह में क्रियमाण आदर करते हुए विराजने के वैभव को न जान निकृष्टतया मान 'विग्रह का उपादान द्रव्य अमुक है' ऐसा विचारना'। ''उसकी अपेक्षा क्रूर'' माने 'वैसा विचारने पर जितना सर्वेश्वर निग्रह करते हैं उसकी अपेक्षा भागवतों के जन्मनिरूपण करने पर अत्यधिक निग्रह करते हैं'।

उसका क्रौर्य कितना है इस प्रश्न में उतर देते हैं;

तन्मातृयोनिपरीक्षया सममिति शास्त्रं वदति ।।२०५।।
उसको मातृ योनि परीक्षा की तरह शास्त्र कहता है।। २०५।।

'अर्चावतार के उपादान द्रव्य और वैष्णव उत्पत्ति चिंतन इन दोनों को मातृ योनि परीक्षा की तरह विद्वान लोग कहते हैं' ऐसा कहा है।

इस प्रकार दोनों को मातृ योनि परीक्षा सदृशतया शास्त्र के कहने पर भी वह अर्चावतार में उपादान द्रव्य चिंतन के लिये दृष्टांत होता है इतना ही, वैष्णवोत्पत्ति चिंतन उसकी अपेक्षा क्रूर है ऐसा लोकाचार्य का अभिप्राय है। ''मातृयोनिपरीक्षा'' माने 'अन्य स्त्री योनि वैलक्षण्य अवैलक्षण्य के निरूपण करने की वासना से इसको भी वैसे निरूपण करना'। ''उसकी तरह'' माने 'ऐसे मातृयोनि का निरूपण करने से जितना दोष होता है उतना दोष अर्चावतार उपादानद्रव्य के चिंतन से होता है ऐसा तात्पर्य जानना'।

इस अपचार का फल दग्ध वस्त्र के सदृश नष्ट प्राय हो देहावसान काल में रूप रहित भस्म होना मात्र नहीं किंतु इस अपचार के करते ही कर्मचांडाल हो जाता है ऐसा कहते हैं;

त्रिशंकुवत्कर्मचांडालो भवेत् वक्षसि यज्ञोपवीतमेव चर्मरज्जुर्भवेत् ।।२०६।।

त्रिशंकु की तरह छाती का यज्ञोपवीत ही चर्मरज्जु हो जाता है।।२०६।।

इक्ष्वाकुवंश्य त्रिशंकु नामक राजा के अपने कुलगुरु वसिष्ठ महर्षि से 'शरीर के साथ स्वर्ग प्राप्ति के लिये मुझसे याग कराओ' ऐसी प्रार्थना करने पर उनके 'मैं नहीं कर सकता हूँ' ऐसा इनकार करने पर, वहाँ से तपस्या करने वाले उनके पुत्रों के पास जा इस वृत्तांत को कह उनका अत्यंत अनुवर्तन कर 'आप मुझ से इस प्रकार का याग कराओ' ऐसा निर्बंध करने पर 'तुम दुर्बुद्धि हो, महर्षि जिसमें असमर्थ हैं वह हमसे कैसे बनेगा' ऐसा उनके कहने पर,

'उनके कोपव्याकुल वचन को सुन वह राजा फिर भी इस बात को कहा' 'भगवान वसिष्ठ इनकार किये तथा उनके पुत्र आप लोग भी इनकार करते हो तो मैं किसी और की शरण में जाऊँगा, आपका मंगल हो।' ऐसा वह क्रुद्ध हो 'गुरु वसिष्ठ और उनके पुत्र आप लोग भी इनकार करते हैं तो मैं किसी अन्य की शरण लूँगा, आप लोग सुखी हों' ऐसा कहा है। तब 'ऋषि के पुत्र उस वचन को सुन अत्यंत क्रुद्ध हो घोररूप से तुम चांडाल हो जाओ ऐसा शाप दिये हैं।' ऐसे स्वाचार्य वसिष्ठ उनके पुत्र वे स्वयं, इन दोनों को अपमानित कर कहे हुए वचन को सुन वे अत्यंत क्रुद्ध हो 'तुम चंडाल हो जाओ' ऐसा शाप देने पर, 'अनन्तर रात्रि के बीतने पर चंडालता को प्राप्त हुआ राजा काला वस्त्र, काला रूप, बिखरे हुए केश, चित्रमाला और चंदन, लोहे के आभरण इनसे युक्त हुआ।'

इस वचनानुसार वह कर्म चांडाल हुआ है। वैसे ही भागवतापचार करते ही कर्म चांडाल हो ब्रह्मवर्चस्त्व के लिये छाती में धारण किया हुआ यज्ञोपवीत ही चांडाल वेष के अनुगुण चर्मरज्जु हो जाता है। त्रिशंकु विषय में शाप सिद्ध होने से प्रत्यक्ष गोचर हुआ है। भागवतापचार विषय में शास्त्र सिद्ध होने से ज्ञानदृष्टि के गोचर होता है।

'अनाचारान् दुराचारानज्ञातृन् हीनजन्मनः।
मद्भक्तान् श्रोत्रियो निंदन् सद्यश्चंडालतां व्रजेत्।।'

'अनाचारी या दुराचारी, अज्ञानी या ज्ञानहीन ऐसे मेरे भक्तों की वेदवेदांत पारंगत भी निंदा करेगा तो उसी क्षण चांडाल होगा' ऐसा कहा है।

चांडाल की तरह यह भी किसी न किसी काल में उज्जीवित होगा ऐसा चिंतन करने को भी जैसे अवकाश न हो वैसे जाति चांडाल की अपेक्षा कर्म चांडाल की नीचता को कहते हैं;

जातिचांडालस्य कालांतरे भागवतो भवितुं योग्यतास्ति, सापि नास्त्यस्य—आरूढपतितत्वात् ।।२०७।।

जातिचांडाल को कालांतर में भागवत होने की योग्यता होती है, वह भी नहीं है इसको ऊपर चढ़ गिरने से।।२०७।।

जाति से चांडाल हुए को उस जन्म या जन्मांतर में भगवत्कटाक्ष विशिष्ट किसी काल में नाम रूप विशिष्ट हो भगवत्संबंध से कहे जाने की योग्यता होती है, वह योग्यता भी नहीं है भागवतापचार रूप कर्म से चंडाल हुए इस पापिष्ठ को। उसका कारण कहते हैं;

भागवतत्वरूप ऊँचे शिखर पर चढ़ 'सैंकड़ों पद्मकोटि वर्षों के बीतने पर भी क्षमा नहीं करूँगा' इस वचनानुसार अतिक्रूर भगवन्निग्रह के हेतुभूत भागवतापचार से अत्यंत पीड़ित हो अधः पतित होने से।

यह जन्मादि और ज्ञानादियों से अपकृष्ट उत्कृष्ट

विषय में करने से ही होता है, जन्मादियों से उत्कृष्ट अपकृष्ट विषय में करने से नहीं होता है ऐसा नियम है क्या? इस शंका में कहते हैं;

अस्याधिकारिनियमो नास्ति ।।२०८।।

इसको अधिकारी नियम नहीं है।। २०८।।

भागवतापचार को तादृश अधिकारी नियम नहीं है। इसमें प्रमाण है क्या इस शंका में कहते हैं;

'तदीयश्रेष्ठा जातिब्राह्मणा अपि' इत्युक्तत्वात् ।।२०९।।

'भागवतों में अग्रगण्य हो जाति से ब्राह्मण हो तो भी' ऐसा कहने से।।२०९।।

'अंग सहित संपूर्ण वेदों का अध्ययन कर भागवत श्रेष्ठ और उत्कृष्ट जन्म वाले हों तो भी आपके चरणों के संबंध से ही निरूपण करने योग्य श्रीवैष्णवों की जन्मादियों को लेकर निंदा करेंगे तो कालांतर और देशांतर के बिना, उसी क्षण और उसी देश में वे जाति चांडाल भी इनके एक अंश के समान हो जैसे उनसे भी अत्यंत नीच होते हैं, ऐसा तत्व याथात्म्य को जानने वाले श्रीभक्तांघ्रिरेणु स्वामी कहे हैं।

इस अर्थ के विषय में दो ऐतिह्यों का स्मरण कराते हैं;

अत्र वैनतेयवृत्तांत:, पिल्लैपिल्लैयाल्वानित्यस्य कूरेशोक्ता वार्ता च स्मर्तव्या ।।२१०।।

इस स्थल में वैनतेय वृत्तांत और पिल्लैपिल्लैसूरि से कूरेशस्वामी की कही हुई वार्ता का भी स्मरण करना।।२१०।।

''वैनतेय वृत्तांत'' माने विश्वामित्र के पास संपूर्ण विद्याध्ययन करने वाले गालव नामक ब्राह्मण गुरु दक्षिणा दिये बिना हमको ये विद्या फलित न होगी ऐसा विचार 'हमसे आपको देने योग्य दक्षिणा को बताइये' ऐसा पूछने पर 'तुम हमको कुछ भी मत दो, हम तुम्हारी शुश्रूषा और भक्ति से ही अत्यंत प्रसन्न हुए हैं, अब तुम्हारी इच्छा के अनुसार जाओ' ऐसा बहुत बार कहने पर भी यह नहीं सुन 'सर्व प्रकार से मेरे हाथ से दक्षिणा को स्वीकार करना चाहिये' ऐसा निर्बंध करने पर; विश्वामित्र महर्षि कुपित हो 'चंद्र की तरह सफेद और एक कान श्यामवर्ण वाले आठ सौ घोड़ों को लाकर हमको दो, हे गालव! जाओ और शीघ्र लाओ।'

ऐसा वे विश्वामित्र कुपित हो गालव को देख 'सब शरीर चंद्रमंडल की तरह सफेद हो एक कान श्याम हो, ऐसे आठ सौ घोड़ों को ला हमको दो ऐसा कहने पर सुन अत्यंत व्याकुल हो इसके लिये कर्तव्य क्या? ऐसा बहुत प्रकार से विचार सर्वअपेक्षितप्रद सर्वेश्वर की उपासना करने के उद्योग करने पर, पहले इनके सखा गरुड़जी आ सामने खड़े हुए, उनकी स्तुति कर 'इस कार्य के लिये कर्तव्य क्या है' ऐसा पूछने पर वे 'तुमको मैं इस भूलोक में सर्वत्र ले जाऊँगा हम दोनों मिलकर ढूँढेंगे आओ' ऐसा कह इनको लेकर संचार करते हुए थक जाने पर 'यहाँ विश्राम करके जायेंगे' फिर पश्चिम समुद्र में ऋषभ नामक पर्वत के ऊपर वास

करने वाली ज्ञानाधिका शांडिल्या नामक भागवता के पास पहुँच दर्शन और नमस्कार करने पर वे अत्यादरपूर्वक अत्यंत सत्कार करती भई। अनंतर विश्रमित हो सोने के समय 'इस प्रकार यह विलक्षण भागवता किसी एक दिव्य देश में वास करने के भाग्यवती नहीं हुई' ऐसा श्रीगरुड़जी विचार 'इनको यहाँ से हम ले जा एक दिव्य देश में स्थापन करेंगे' ऐसा चिंतन करते भए। उस भागवता के वासस्थल को हीन मानने के अपचार से पंख गिरने पर निश्चेष्टित हो गिर गये। इसको, संग जाने वाले गालव महर्षि देख 'हे पक्षिराज! आपने अपने मन में कौन से पाप का चिंतन किया है, यह तो आपके स्वल्प पाप का फल नहीं है अर्थात् किसी पाप को आप मन में लाये हो क्या, आपको स्वल्प पाप भी लग नहीं सकता है' ऐसा पूछने पर 'पाप हुआ है' ऐसा उस भागवता के विषय में अपने चिंतन प्रकार को सुनाये, पश्चात् 'इस अपराध



को क्षमा कीजिये' ऐसा उनके चरण में गिर अनुवर्तन करने से उनके अनुग्रह से उस अपचार के दूर होने पर पहले की तरह सुस्वस्थ हुए हैं। यह वृत्तांत श्रीकृष्ण के दूत हो जाने के समय नारदजी के महर्षि लोगों की संनिधि में श्रीकृष्ण के अभिप्राय का अनुवर्तन करने के लिये धृतराष्ट्र से अनेक कथाओं के कहने के प्रकरण में कहा हुआ ऐसा उद्योगपर्व में उक्त होने से वेदांतों के उपबृंहण (भारत) से सिद्ध हुआ जानना।

''पिल्लैप्पिल्लैसूरि से कूरेश स्वामी की कही हुई वार्ता'' माने पिल्लैप्पिल्लैसूरि के अंगीकारानंतर इनके आभिजात्यादियों से उत्कृष्ट होने से भागवत विषयों में अविनीत (धृष्ट) हो वर्तन करने के प्रकार को देख 'इनका यह भागवतापचार ज्ञानानुष्ठानादि सकलगुणों को दबाकर आप ही प्रबल हो विनाश पर्यंत कर देगा, उसे दूर करना चाहिये' ऐसा कूरेशस्वामी विचार एक अयनरूप पुण्यकाल में स्नान कर किनारे में आते ही इनको देख सब लोगों के दान करने के इस पुण्यकाल में आप भी हमको एक दान दीजिये' ऐसा पूछने पर 'दास किसको दान दे सब आप ही का है' ऐसा कहते भये। तब 'यह तो ठीक है, पर उतने मात्र से तृप्त नहीं हूँ त्रिकरण से भी भागवत अपचार नहीं करेंगे ऐसा हमारे हाथ में जल छोड़ो' ऐसा कहने पर उसी प्रकार उनके हाथ में जल छोड़ते भये। अनंतर किसी एक भागवत के दोष को पूर्ववासना से स्मरण कर 'हम नष्ट हुए हैं' ऐसे भयभीत हो कपाट बंदकर अपने घर में पड़े रहे। इनके प्रतिदिन आने का समय व्यतीत होने पर श्रीकूरेशस्वामी इनके घर जा 'क्यों जी, क्या विचारते हो' ऐसा पूछने पर अपने मन की बात का विज्ञापन कर 'तीनों करणों से जैसे अपचार न हो वैसे इस शरीर के साथ रहना दुष्कर है क्या किया जाय?' ऐसा कह श्रीचरणों को लपेट भूमि में गिर

भागवतापचार ज्ञान अनुष्ठान आदि सकल गुणों को दबा कर विनाश पर्यंत कर देता है।

क्लेशित होने पर 'इतना अनुताप इनको हुआ है यह हमारा भाग्य ही है' ऐसे संतुष्ट हो 'मन से कृत दोष का अनुताप होते ही ईश्वर क्षमा करेंगे, प्रत्यक्ष दंड भय से काया से किसी की हिंसा नहीं कर सकते इसलिये वे दोनों तुमको लौटा देता हूँ, केवल **वागिंद्रियमात्र को अच्छी तरह से रोक कर वर्तन करो**' ऐसे कही हुई वार्ता का स्मरण करना।

भगवान के लाभ हेतु ज्ञान अनुष्ठान ये दोनों जिसमें परिपूर्ण हैं उससे भागवतापचार के होने पर भी भगवान उसके लिये अल्पदंड दे अपने साथ नहीं मिला लेगा क्या? वे ज्ञानानुष्ठान दोनों असत् की तरह हो अपचार ही प्रबल हो भगवान को प्राप्त नहीं होगा ऐसा कैसे कह सकते हैं? इस शंका में कहते हैं;

ज्ञानानुष्ठानाभ्यां, रहितत्वेऽपि फलस्य यथा तत्संबंध एवालं,
तथा तयोः सत्त्वेऽप्यप्राप्तेस्तेष्वपचार एवालम् ।।२११।।

ज्ञानानुष्ठान बिना भी फल के लिये जैसे उनके (भागवतों के) साथ संबंध ही बस है,
वह होने पर भी हानि के लिये उनके विषय में अपचार ही बस है ।।२११।।

'उभाभ्यामेव पक्षाभ्यामाकाशे पक्षिणां गतिः।
तथैव ज्ञानकर्मभ्यां प्राप्यते भगवान् हरिः।।'

दोनों पंखों से जैसे पक्षी आकाश में उड़ते हैं वैसे ज्ञान और कर्मों से भगवान हरि प्राप्त होते हैं। ऐसे, 'वीजने वाले पंखों से उड़ते हो परमपद तुमको सुलभ है' ऐसे भी उक्त प्रकार भगवल्लाभ हेतु तत्वज्ञान और तदनुरूप अनुष्ठान न होने पर भी, भगवल्लाभ के लिये भगवत् सम्बन्ध ही पर्याप्त है,

'पशुर्मनुष्यः पक्षी वा ये च वैष्णवसंश्रयाः।
तेनैव ते प्रयास्यंति तद्विष्णोः परमं पदम्।।'

'पशु हो या मनुष्य हो या पक्षी हो, वैष्णवों का आश्रयण करने वाले, उस वैष्णव के संबंध से ही, विष्णु के प्रसिद्ध परमपद को पाते हैं।'

'यं यं स्पृशति पाणिभ्यां यं यं पश्यति चक्षुषा।
स्थावराण्यपि मुच्यंते किं पुनर्बांधवा जनाः।।'

'वैष्णव जिस जिसको हाथों से स्पर्श करता है और जिस जिसको नेत्रों से देखता है, वे स्थावर होने पर भी मुक्त होते हैं, फिर बाँधवों का कहना ही क्या है?'

ऐसे भी उक्त प्रकार भागवत संबंध ही जैसे निरपेक्ष साधन होता है, वैसे ज्ञानानुष्ठान दोनों पूर्णतया होने पर भी भगवद्विषय की च्युति के लिये भगवत अभिमत, उन भागवत विषय में क्रियमाण अपचार ही निरपेक्ष साधन होता है समझना।

इसमें जन्मवृत्तादि नियम है क्या? इस शंका में कहते हैं;

अत्र जन्मवृत्तादिनियमो नास्ति ।।२१२।।

इसमें जन्म वृत्तादि नियम नहीं है।। २१२।।

''इसमें'' माने 'फल के लिये भागवत संबंध ही अपेक्षित है, हानि के लिये उनके विषय में अपचार ही पूर्ण होता है' ऐसा कहे हुए इन दोनों

फल के लिये भागवत संबंध ही अपेक्षित है, हानि के लिये उनके विषय में अपचार ही पूर्ण होता है।



में। ''जन्मवृत्तादि नियम नहीं है'' माने 'जन्म-वृत्तादियों से उत्कृष्ट भागवतों के साथ संबंध ही फल का साधन है, जन्मादियों से अपकृष्ट भागवतों के साथ संबंध फल का साधन नहीं है ऐसा नियम', और 'जन्मवृत्तादियों से उत्कृष्ट भागवतों के विषय में क्रियमाण अपचार ही हानि का कारण है, इनसे अपकृष्ट भागवतों के विषय में क्रियमाण अपचार हानि का कारण नहीं है, ऐसा नियम भी नहीं है'।

इस अर्थ को देख सकते हैं क्या? इस शंका में कहते हैं;

अयमर्थः कैशिकवृत्तांते, उपरिचरवसुवृत्तांते च द्रष्टव्यः ।।२१३।।

इस अर्थ को कैशिक वृत्तांत में, उपरिचरवसु वृत्तांत में भी देख सकते हैं।। २१३।।

चरक कुलोत्पन्न सोम शर्मा नामक ब्राह्मण याग करना प्रारंभ कर यथाक्रम अनुष्ठान नहीं करने से, उस याग की समाप्ति के पहले ही मरने से ब्रह्मराक्षस का जन्म पाकर संचार करने पर 'हमारे भक्त श्वपच होने पर भी' इस उक्ति अनुसार जन्मसिद्ध नैच्यविशिष्ट भगवद्भक्ति से निरूपित एक पंचमवर्ण भागवत, उत्थान एकादशी की रात्रि में सिद्धाश्रमभूत श्रीकुरङ्ग नगर में श्रीकुरङ्गपूर्ण भगवान का गान कर कैंकर्य करने के लिये वीणापाणि हो जाने के समय उनको खाने के लिये ब्रह्मराक्षस सामने आ खड़ा हुआ। तब वह भागवत भगवान का गान कर लौटूँगा ऐसा कह अनेक शपथ करने पर उसकी अनुमति पा यथामनोरथ गान कर हृष्ट हो लौट कर त्वरा से उस ब्रह्मराक्षस के स्थान में आ पहुँच 'अब यथेष्ट हमारे शरीर को तुम खाओ' ऐसा कहने पर, वह इनके सत्यवादित्वादि वैभव को देख, आप आज गाये हुए गान के फल को दे दो मैं आपके प्राण छोड़ दूँगा ऐसा कहने पर वह भागवत संमति न करने पर 'अर्धरात्रि का फल दो, एकयाम का फल दो' इस प्रकार कहने पर भी, मैं न दूँगा, तुम्हारी प्रतिज्ञानुसार मेरे शरीर का भक्षण करो ऐसे स्थिर होने से,

वह राक्षस अपने गीत के प्रभाव से मुझको पार लगाओ, इस प्रकार कह चांडाल की शरण में आया। इस वचनानुसार आप अपने गीत के प्रभाव से मुझको इस पाप से छुड़ाओ ऐसा कह शरणागति करने पर उन भागवत ने, 'हमने जो उत्तम कैशिक स्वर को चौथे याम में गाया था' इत्यादि से अंत में गाए हुए कैशिक स्वर का फल दे के कर्मदोष से आए हुए राक्षस जन्म को छोड़ पूर्ववत् ब्राह्मण जन्म पा तत्पश्चात् भागवतोत्तम हो उज्जीवित हो, वैसा किया है। इस कैशिक वृत्तांत में जन्मादियों से उत्कृष्ट भागवत संबंध ही उज्जीवन हेतु, उनसे अपकृष्ट भागवत संबंध हानि हेतु ऐसा नियम नहीं है यह सिद्ध हुआ।

ऋषि और देवता अपने पास धर्म संदेह पूछें ऐसे विद्याधिक, स्ववर्ण अनुरूप वृत्तमात्र बिना सात्वत (पांचरात्र) तंत्र निष्ठा वाले भगवदाराधनतत्पर हो रहने से श्रेष्ठ स्वतपोबल से वाहन परिवार समेत आकाश में संचार करने वाले उपरिचरवसु नामक राजा यागार्थ पशु निमित्त ऋषि और देवता आपस में विवाद करने पर; 'आकाश के रास्ते से जाते हुए राजश्रेष्ठ समग्र बल वाहन सहित उस स्थल में जा पहुँचे।'

'यदृच्छा से आये हुए उस उपरिचरवसु को देख ये ही हमारे संशय को दूर करेंगे ऐसा ऋषि और देवता कहने लगे।' ऐसा कह इनके पास जा इसमें कर्तव्य क्या? ऐसा पूछने पर वे आप अपने अपने मत का वर्णन करो, ऐसा कहने पर, 'हे राजन्! धान्यों से याग करना ऐसा हमारा पक्ष है, पशुओं से याग करना ऐसा देवताओं का पक्ष है। इसमें आपका मत क्या है? कहो।' ऐसा पूछने पर, 'देवता लोगों के पक्ष का आश्रयण कर अजा से याग करना उचित है ऐसा कहा' 'तब सूर्य के सदृश तेजस्वी ऋषि लोग क्रुद्ध हो विमान में बैठे हुए देवपक्ष को कहने वाले वसु को देख जिस कारण से देवता के पक्ष को स्वीकार किया है उस कारण से आकाश से नीचे गिरो।' 'यदि तुम्हारा वचन वेदशास्त्रों के विरुद्ध हो तो आज से हे राजन्! आकाश की गति न होगी। हमारे शाप से भूमि को फोड़ कर प्रवेश करोगे। यदि हमारे वचन विरुद्ध हो तो हम ही वहाँ गिरेंगे।' ऐसा शाप देने पर, 'तब उपरिचरवसु ने उसी मुहूर्त में भूमि के विवर पाताल में प्रवेश किया।'

इस वचनानुसार उसी वक्त पाताल में गिरने वाले उपरिचरवसु वृत्तांत से, ऋषि लोग भी धर्मसंदेह अपने से पूछें जैसे विद्यादियों में उनसे उत्कृष्ट, उनके विषय में अपचार से अध:पतित होने से, जन्मवृत्तादियों से उत्कृष्टों के विषय में अपकृष्ट क्रियमाण अपचार ही हानिकारक है, जन्मादियों से उत्कृष्ट अपकृष्ट विषय में क्रियमाण अपचार हानिकारक नहीं है ऐसा नियम नहीं है यह सिद्ध हुआ। जन्मप्रयुक्त श्रेष्ठता ऋषियों में होने पर भी ज्ञानप्रयुक्त श्रेष्ठता उपरिचरवसु में होने से उन ऋषियों की अपेक्षा यह श्रेष्ठ है ऐसा कहने में विरोध नहीं है। जन्म और ज्ञानादियों में ज्ञानादियों की श्रेष्ठता सर्वसम्मत है।

कैशिक वृत्तांत श्री वराह पुराण में श्रीभूमिदेवी को श्रीवराह भगवान कहे हैं। उपरिचरवसु वृत्तांत पंचम वेदभूत महाभारत में मोक्ष धर्म में धर्मपुत्र को श्रीभीष्मजी कहे हैं; इसलिये ये दोनों आप्तप्रमाण सिद्ध हैं।

इस प्रकार जन्मादियों से होने वाली उत्कृष्टता में सार नहीं ऐसा कह सकते हैं क्या? संपूर्ण शास्त्र ब्राह्मणता को अत्यंत आदरपूर्वक कहते हैं? ऐसा पूछने पर कहते हैं;

ब्राह्मण्यस्य महार्घता—वेदाध्ययनादिमुखेन भगवल्लाभादिहेतुत्वात्, तदेव हानिहेतुश्चेत्त्याज्यं हि ।।२१४।।

ब्राह्मणता अत्यादर की जाती है वेदाध्ययन द्वारा भगवल्लाभ हेतु समझकर, वही हानि का हेतु हो तो त्याज्य होती है।। २१४।।

''अत्यादर की जाती है'' माने 'सबके आदर का विषय होना'। ''वेदाध्ययनादि द्वारा भगवल्लाभ हेतु'' माने **'सर्वे वेदा यत्पदमामनंति'** 'सब वेद जिस पद को कहते हैं' ऐसे **'वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्य:'** 'संपूर्ण वेदों से मैं ही कहा जाता हूँ' ऐसे भी उक्त प्रकार आराधनस्वरूप और आराध्यस्वरूप को पूर्व और उत्तर भागों से प्रतिपादन करते हुए भगवदेकपर वेद को 'वेद का अध्ययन करना चाहिये' इस विधि के परतंत्र हो अध्ययन कर मीमांसादियों से उसके अर्थ का निर्णय कर भगवदुपासनादियों में लग भगवद्विषय को प्राप्त

होने के उपयुक्त होना। ''वही हानि का हेतु हो तो'' माने **'वह ब्राह्मणता ही अहंकार हेतु हो तो' 'मद्भक्तान् श्रोत्रियो निंदन् सद्यश्चंडालतां व्रजेत्'** 'हमारे भक्तों की चतुर्वेदी ब्राह्मण भी निंदा करे तो उसी वक्त चांडालता को प्राप्त होता है।' इस वचनानुसार भगवदत्यंत निग्रह हेतुभूत भागवतापचार कर भगवद्विषय से अलग हो जाने के हेतु हो तो त्याज्य होता है।

जो भगवल्लाभ का हेतु हो वह उपादेय है, जो अलाभ का हेतु हो वह त्याज्य है।

जो भगवल्लाभ का हेतु हो वह उपादेय है, जो अलाभ का हेतु हो वह त्याज्य है, ऐसा सिद्धांत होने पर यह भी हानि का हेतु होने पर त्याज्य होने में संशय नहीं है इस निश्चय से प्रसिद्ध की तरह कहा है।

इस प्रकार उत्कृष्ट जन्मादि हानि का हेतु हो तो अपकृष्ट जन्मादि फल का हेतु होंगे क्या? इस शंका में कहते हैं;

जन्मवृत्तयोरुत्कर्षोऽपकर्षश्च प्राप्तेर्हानेश्च न प्रयोजकः ।।२१५।।

जन्मवृत्तों के उत्कर्ष और अपकर्ष ये दोनों फल और हानि इन दोनों के कारण नहीं हैं।। २१५।।

जन्मवृत्तों के उत्कर्ष फल और हानि के हेतु नहीं हैं, जन्मवृत्तों के अपकर्ष भी फल और हानि के हेतु नहीं हैं। यद्वा 'इसमें जन्म वृत्तादि नियम नहीं है' 'हानि का कारण हो तो त्याज्य है' ऐसा कहे हो, इस प्रकार कह सकते हैं क्या? वेदाध्ययनादि द्वारा भगवल्लाभहेतु होने से जन्मवृत्तों का उत्कर्ष फल का हेतु, उनका अपकर्ष अध्ययनादियों की योग्यता न होने से हानि का हेतु है ऐसा समझना ठीक नहीं है क्या? इस शंका में कहते हैं;

जन्मवृत्तों का उत्कर्ष फल का कारण नहीं है, उनका अपकर्ष हानि का कारण नहीं है। ''फल और हानि'' माने 'भगवल्लाभ और अलाभ'। ''कारण'' माने 'उत्पादन करने वाले'। उत्कृष्ट जन्म वृत्त वाले कई च्युत होते हैं और कई प्राप्त होते हैं, अपकृष्ट जन्म वृत्त वाले कई च्युत होते हैं और कई प्राप्त होते हैं। इन दोनों को देखने से ये दोनों के कारण नहीं यह अर्थ प्रत्यक्ष सिद्ध है।

ऐसा हो तो प्राप्ति और अप्राप्ति इन दोनों के कारण क्या हैं? इस शंका में कहते हैं;

प्रयोजको भगवत्संबंधोऽसंबंधश्च ।।२१६।।

कारण भगवत् संबंध और भगवत् असंबंध हैं।। २१६।।

भगवल्लाभरूप प्राप्ति का कारण हम भगवदनन्याई शेषभूत हैं ऐसा समझ रहना रूप भगवत्संबंध, भगवत् अलाभ रूप अप्राप्ति का कारण भगवदनन्याई शेषत्व ज्ञानाभाव रूप भगवत्संबंधाभाव—ऐसा जानना।

हम भगवान के अनन्याई शेष हैं। यह ज्ञान भगवत् सम्बन्ध द्वारा भगवत् प्राप्ति का कारण है और यह ज्ञानाभाव भगवत् अप्राप्ति का कारण है।

उत्कृष्ट और अपकृष्ट जन्म वाले दोनों को भगवत्संबंध होने पर भागवतत्व समान होता है। इस

भागवतत्व के साथ जन्मोत्कर्ष वाला अपकृष्ट जन्म वाले से श्रेष्ठ होता है ऐसा समझ क्रियमाण प्रश्न का अनुवाद करते हैं;

भगवत्संबंधे जाते द्वयमपि तुल्यं किमिति चेत् ।।२१७।।

भगवत्संबंध हो तो दोनों बराबर होंगे क्या।। २१७।।

''दोनों'' माने 'उत्कृष्ट अपकृष्ट जन्म दोनों'। प्रश्न करने वाले उत्कृष्टतया समझे हुए को अपकृष्टतया, अपकृष्टतया समझे हुए को उत्कृष्टतया मानकर उत्तर देते हैं;

न तुल्यम् ।।२१८।।

बराबर नहीं होगा।। २१८।।

उसका उपपादन करते हैं;

उत्कृष्टत्वेन भ्रमविषयं जन्म भ्रंशसंभावनया 'शरीरे च' इत्युक्तप्रकारेण भयजनकम् ।।२१९।।

उत्कृष्टतया भ्रांत जन्म भ्रंश संभावना से 'शरीरे च' इस वचनानुसार भयजनक होता है।। २१९।।

आभिजात्यादियों से अहंकार कर नष्ट होने के उपयुक्त होने से अपकृष्ट रूप इसको उत्कृष्टतया समझ प्रश्न किया गया। यह रज्जु में सर्प भ्रांति के जैसे भ्रांतिकार्य होने से 'उत्कृष्टतया भ्रांतजन्म' कहते हैं। ''भ्रंश संभावना'' माने 'उपायांतरों में प्रवृत्त हो अनन्योपायत्व रूप अधिकार से च्युत होने के योग्य होना'। 'शरीरे च' ''इस वचनानुसार भयजनक होता है'' माने 'संपूर्ण कालों में' ऐसा आरंभ कर उपायांतरानुष्ठान के योग्य होने से भयहेतुओं को कहने के समय उन सबमें प्रधान 'शरीर में महद्भय उपस्थित है' इत्युक्त प्रकार स्वरूप याथात्म्य को जानने वाले उपायांतरगंध को भी नहीं सहने वाले अधिकारियों को 'यह शरीर रहते हुए किस किस अनर्थ का उत्पादन करेगा' ऐसे भय का उत्पादन करता है।

और भी उत्कृष्ट जन्म का एक दोष बताते हैं;

तस्य स्वरूपप्राप्तं नैच्यं भावनीयम् ।।२२०।।

उसको स्वरूप प्राप्त नैच्य की भावना करना है।।२२०।।

''उसको'' माने 'उत्कृष्टजन्म को'। ''स्वरूप प्राप्त नैच्य की भावना करना है'' माने 'भागवत अनुवर्तन आदियों में शेषत्व स्वरूप के अनुरूप नैच्य को अन्य लोग करते हुए देख उसको आप भी अनुकार कर अभ्यास करना है'।

इसका प्रतिकोटिरूप अपकृष्ट जन्म दोषरहित है ऐसा कहते हैं।

अपकृष्टत्वेन भ्रमविषयीभूतस्योत्कृष्टजन्मनः उभयदोषोऽपि नास्ति ।।२२१।।

अपकृष्टतया भ्रांत उत्कृष्ट जन्म को दोनों दोष नहीं हैं ।। २२१।।

आभिजात्यादियों से होने वाले अहंकार के योग्य न होने से शेषत्व के अनुकूल होने से उत्कृष्टभूत इसको

अपकृष्टतया समझना भ्रांति कार्य होने से 'अपकृष्टतया भ्रांत उत्कृष्ट जन्म' ऐसा कहते हैं। ''दोनों दोष नहीं हैं'' माने 'भ्रंशसंभावना से होने वाले भयजनकत्व रूप दोष, स्वरूप प्राप्त नैच्य की भावना करना रूप दोष भी नहीं हैं'।

भ्रंश संभावना नहीं है तो नैच्य भावना नहीं है क्या? इस शंका में कहते हैं;

नैच्यं जन्मसिद्धम् ।।२२२।।

नैच्य जन्मसिद्ध है ।।२२२।।

भागवतानुवर्तनादियों के योग्य नैच्य जन्मसिद्ध होने से भावना की अपेक्षा नहीं है, स्वभाव सिद्ध है जानना।

इस अर्थ को समाप्त करते हैं;

तस्मादुत्कृष्टजन्मैव श्रेष्ठम् ।।२२३।।

इस कारण से उत्कृष्ट जन्म ही श्रेष्ठ है ।।२२३।।

''इस कारण से'' माने 'इस प्रकार उत्कृष्ट जन्म में दोषद्वय होने से और अपकृष्ट जन्म में दोषद्वय न होने से'। ''उत्कृष्ट जन्म ही श्रेष्ठ है'' माने 'शेषत्वानुरूप होने से उत्कृष्टभूत यह जन्म ही शेषत्वाननुगुण जन्म की अपेक्षा श्रेष्ठ है' ऐसा समझना।

इस अर्थ का प्रमाण दिखाते हैं;

'श्वपचोऽपि महीपाल' ।।२२४।।

'हे राजन्! श्वपच होने पर भी' ।।२२४।।

'श्वपचोऽपि महीपाल विष्णुभक्तो द्विजाधिकः।
विष्णुभक्तिविहीनस्तु यतिश्च श्वपचाधमः।।'

'हे राजन्! श्वपच होने पर भी विष्णु भक्त हो तो ब्राह्मण से अधिक होता है। यति हो तो भी विष्णु भक्ति रहित होने पर श्वपच से नीच होता है।'

ऐसे कितना भी निकृष्ट जन्मवान होने पर भी भगवान का भक्त हो तो ब्राह्मण से अधिक होता है। उत्कृष्ट जन्मवान और उत्कृष्ट आश्रमवान हो तो भी भगवान की भक्ति न हो तो श्वपच से भी नीच होता है ऐसी वर्णाश्रमों की श्रेष्ठता को न देख भगवत्संबंध ही उत्कर्ष हेतुतया कहने से भ्रंश संभावनादियों से भगवत्संबंधविरोधी जन्मापेक्षया भगवत्संबंधानुरूप जन्म ही श्रेष्ठ है ऐसा जानना। ऐसा न हो तो पूर्वोक्त अर्थ का यह प्रमाण नहीं हो सकता है।

तथाच निकृष्ट और उत्कृष्ट जन्म अमुक हैं ऐसा निश्चय किया गया।

उसमें निकृष्ट जन्म से होने वाला दोष किससे निवृत्त होगा? इस प्रश्न में कहते हैं;

निकृष्टजन्मप्रयुक्तो दोषः शाम्यते विलक्षणसंबंधेन ।।२२५।।

निकृष्ट जन्म से होने वाला दोष विलक्षण संबंध से निवृत्त होता है ।।२२५।।

अहंकार हेतु से निकृष्ट जन्म द्वारा होने वाले नैच्य भावना और भ्रंशसंभावना रूप दोष जन्म सिद्ध नैच्य वाले उपायांतर संबंध गंधरहित विलक्षणाधिकारियों के साथ शेषत्वरूप संबंध से जड़ से निवृत्त होता है।

उनके संबंध की योग्यता कैसे होगी? इस शंका में कहते हैं;

संबंधस्य योग्यतायां जननीयायां जन्मन्यूनतानिवृत्तिरावश्यकी ।।२२६।।

संबंध की योग्यता होने पर जन्मगत दोष निवृत्त होना चाहिये ।।२२६।।

उन विलक्षणों के साथ संबंध की योग्यता इसको होने के समय अपने जन्म का दोष निवृत्त होना चाहिये। जन्म का दोष क्या? उसका परिहार क्या? इस शंका में कहते हैं;

जन्मनो न्यूनता तत्परिहारश्च 'अवद्यरहित' (पलुतिला) इति गाथायामुक्तः ।।२२७।।

जन्म के दोष और उसके परिहार को 'अवद्यरहित वृत्त' (पलुदिला बोलुगल्) इस गाथा में कहते हैं ।। २२७।।

अज्ञान निवृत्तिपूर्वक ज्ञानानंद को प्राप्त हो तत्वज्ञानियों में अग्रेसर तदीय शेषता की सीमाभूमिभूत श्रीभक्तांघ्रिरेणु स्वामीजी 'अवद्यरहित वृत्त वाले' इत्यादि से ब्रह्मा से लेकर अपने पर्यंत आने वाले वंशप्रवाह में किसी भी दोष रहित अनेक चतुर्वेदियों! इससे नीच नहीं ऐसे कहने योग्य निहीन कुल में जन्म लेने पर भी हमारे साथ असाधारण संबंध को जान तद्ज्ञानानुरूप स्वाचार वाले हो तो तुम लोग उनके चरणों में गिर आराधना करो। वे लोग तुम्हारे पास ज्ञान की अपेक्षा करें तो तुम आदरपूर्वक कहो, वे भगवद् ज्ञान को तुमको उपदेश करें तो सुन कृतार्थ होओ, हमसे अधिक पूज्य न होने से हमारे सदृश तो भी उनकी आराधना कर सन्मार्ग में गमन करो, ऐसे इस परमरहस्य को,

'भक्तिरष्टविधा ह्येषा यस्मिन् म्लेच्छेऽपि वर्तते।
तस्मै देयं ततो ग्राह्यं स च पूज्यो यथा ह्यहम्।।'

'यह आठ प्रकार की भक्ति जिस किसी म्लेच्छ में भी हो तो उनको दो और उनसे लो, उनको हमारे सदृश मान पूजा करो।' ऐसे परमाप्त आप ही कहे हो तो इसमें कोई संशय है क्या? इस प्रकार उपदेश मात्र न हो, श्रीरंगजी में आ विराज लोकसारंग महामुनि के सिर पर योगिवाहन को बैठा इस अर्थ को अनुष्ठान पर्यंत कर दिखाये नहीं हो क्या? अभिजनादि अभिमान जन्म का दोष है, वह दुरभिमान जिनको नहीं है उन विलक्षण भागवतों का अनुवर्तन करने से वह दोष निवृत्त होता है ऐसा सुस्पष्ट कहे हैं।

इस प्रकार का जन्म दोष निवृत्त हो विलक्षणों के साथ संबंध होने पर यह भी विलक्षण हो जायेगा क्या ऐसी शंका में कहते हैं;

वेधकस्वर्णवदेतैः संबंधः ।।२२८।।

वेधक स्वर्णवत् इनके साथ संबंध जानना ।। २२८।।

''वेधकस्वर्ण'' माने 'अनेक सिद्धौषधों के साथ बहुबार गला कर गुलिका रूप से बना रसवादि लोगों के

हाथ में रहने वाला स्पर्शवेधि नामक स्वर्ण'। यह स्वर्ण स्पर्श मात्र से लोहे को जैसे स्वर्ण बनाता है वैसे जन्मसिद्ध नैच्यादि वाले विलक्षण भागवतों के साथ संबंध निकृष्ट जन्म से होने वाले दोष को दूर कर इसको भी विलक्षण बना देता है।

इस प्रकार स्वसंबंध से इसके दोष को दूर कर अपनी सदृशता को देने वाले विलक्षण भागवतों को कैसा समझना चाहिये? ऐसी शंका में कहते हैं;

एषु साम्यबुद्धिराधिक्यबुद्धिश्च कर्तव्या ।।२२९।।

इनके विषय में साम्यबुद्धि और आधिक्यबुद्धि रखनी चाहिये।। २२९।।

इसका विवरण करते हैं;

सा चाचार्यतुल्याः संसारिभ्यः स्वस्मादीश्वरादधिका इति प्रतिपत्तिः ।।२२९A।।

उनको आचार्य सदृश समझना। संसारी, अपने से और ईश्वर से अधिक समझना।। २२९A।।

''आचार्य सदृश समझना'' माने 'गुरु ही परंब्रह्म हैं' इत्यादि प्रकार 'अपने को सर्व प्रकार उद्देश्य आचार्य के साथ इनको समतया समझना'। ''संसारियों से अधिक समझना'' माने 'जात्यादियों से संसारियों के सदृश न समझ ज्ञानादि द्वारा आयी हुई विलक्षणता से उनसे अधिक समझना'। ''अपने से अधिक समझना'' माने 'संसारियों से अपने में विलक्षणता होने से भी तद् द्वारा अपने समान न समझ अपने से शेषी अतएव अधिक समझना'। ''ईश्वर से अधिक समझना'' माने 'शेषी होने से हमें ईश्वर और ये विलक्षण भागवत दोनों बराबर हैं ऐसा न समझ कर्मानुगुण लीला में विनियोग करने वाले, स्वचरण कमल समाश्रयण दशा में पुरुषकार की अपेक्षा करने वाले, दिव्य देशों में संनिधि करने पर भी अर्चावतार संकल्प से वाचा एक वार्ता न कहने वाले सर्वेश्वर के सदृश न हो स्वरूपानुगुण विनियोग करने वाले, स्वाश्रयण में पुरुषकार की अपेक्षा न कर वाचा त्याज्योपादेयों का उपदेश कर रक्षा करने वाले होने से ईश्वर से अधिक समझना'।

आचार्य के समान किसी को भी समझना अयुक्त होने पर भी आचार्य के सदृश समझने का कारण क्या है? इस शंका में कहते हैं;

आचार्यसाम्यस्य मूलमाचार्यवचनम् ।।२३०।।

आचार्यसाम्य का कारण आचार्य वचन है।। २३०।।

आचार्य सदृश समझने का कारण 'श्रीवैष्णवों को देखने पर हमको देखने के सदृश देखना' ऐसी उपदेश समय में आचार्य की कही हुई वार्ता।

ऐसा नहीं समझने पर क्या अनर्थ होगा? इस शंका में कहते हैं;

एवं प्रतिपत्त्यकरणं चापचारः ।।२३१।।

ऐसा नहीं समझना भी अपचार है।। २३१।।

जन्मादियों का अवलंबन कर निकृष्ट समझने में जैसे अपचार होता है वैसे गौरव बुद्धि से नहीं समझना

भी अपचार में गिना जायगा।

इस प्रकार इस भागवत वैभव को आप्तवचनों में स्पष्ट देख सकते हैं क्या? इस शंका में कहते हैं;

अयमर्थ इतिहासपुराणेषु, पयिलुंशुडरोलि नेडुमाल्कडिमै, कण्शोर वेंगुरुदि, नण्णातवालवुणर् तेट्टरुंतिरत्तेन्, मेंबोरुल् इत्यस्या उपरितनगाथासु च विशदतया दृश्यते ।।२३२।।

इस अर्थ को इतिहास पुराणों में, पयिलुं शुडरोलि, नेडुमाल्कडिमै, कण्शोर वेंगुरुदि, नण्णाद वालवुणर्, तेट्टरुं तिरत्तेन्, मेंबोरुल्; इस गाथा के ऊपर गाथाओं में भी सुस्पष्ट देख सकते हैं ।। २३२।।

''इस अर्थ को'' माने 'पहले विस्तारपूर्वक उक्त भागवत वैभव को'। 'जो मनुष्य हमारे भक्त को शूद्रसम समझ कर अपमान करते हैं, वे नराधम करोड़ों बरसों तक नरक में वास करेंगे, बुद्धिमान को चाहिये कि चंडाल हो तो भी हमारे भक्त का अपमान न करें, अपमान करने से वह रौरव नरक में गिरेगा।' इत्यादि से,

'न शूद्रा भगवद्भक्ता विप्रा भागवताः स्मृताः।
सर्ववर्णेषु ते शूद्रा ये ह्यभक्ता जनार्दने।।'

'शूद्र भगवद्भक्त होने पर शूद्र नहीं कहलावेगा विप्र भागवत कहलावेगा, जो लोग जनार्दन के भक्त नहीं हैं वे ही सब वर्णों में शूद्र कहलाते हैं।' इत्यादि से,

'मद्भक्तजनवात्सल्यं पूजायां चानुमोदनम्।
स्वयमभ्यर्चनं चैव मदर्थे दंभवर्जनम्।।
मत्कथाश्रवणे प्रीतिः स्वरनेत्रांगविक्रिया।
ममानुस्मरणं नित्यं यच्च मां नोपजीवति।।
भक्तिरष्टविधा ह्येषा यस्मिन् म्लेच्छेपि वर्तते।
स विप्रेंद्रो मुनिः श्रीमान् स यतिः स च पंडितः।।
न मे पूज्यश्चतुर्वेदी पूजयन् भक्तिवर्जितः।
स मे पूज्यः सदाचासौ मद्भक्तः श्वपचोपि यः।।'

'हमारे भक्तों में वात्सल्य, उनकी पूजा में अनुमोदन, स्वयं उनकी पूजा करना, हमारे लिये दंभ त्याग, हमारी कथा सुनने में प्रीति, स्वर नेत्र अंगों के विकार, नित्य हमारा स्मरण और हमको जीविका के लिये नहीं बनावें—यह आठ प्रकार की भक्ति जिस किसी म्लेच्छ में भी हो वही ब्राह्मण श्रेष्ठ, मुनि, श्रीमान्, यति और पंडित है, चतुर्वेदी भक्ति रहित हो पूजा करने से भी हम पूज्य नहीं समझते हैं, श्वपच हो तो भी हमारे भक्त सदा हमको पूज्य हैं, उसको ज्ञानोपदेश करो, उससे ज्ञानोपदेश लो, उसका हमारे सदृश पूजन करो।' इत्यादि से बहुस्थलों में भागवत वैभव प्रतिपादन किया गया है।

इतिहासोत्तम में; 'शूद्र, निषाद वा श्वपच हो तो भी हमारे भक्त को जाति सामान्य से जो देखता है वह नरक में जायेगा।' इत्यादि से भागवत वैभव कहा गया है और इतिहास के बहुस्थलों में भागवत माहात्म्य प्रतिपादन स्थलों में देख लेना।

श्री वराह पुराण में; 'हे भूमि देवी! श्वपच हो तो भी हमारे भक्त की जो मनुष्य निंदा करते हैं उनको करोड़ों पद्मशत वर्षों तक भी मैं क्षमा न करूँगा' इत्यादि से भागवत वैभव कहा गया है।

श्री भागवत में; 'हे राजन्! श्वपच हो तो भी विष्णु भक्त ब्राह्मण से अधिक है। विष्णु भक्ति रहित यति भी श्वपच से अधम होता है।' षड्गुण संपन्न ब्राह्मण कमलनाभ नारायण से विमुख हो तो उससे श्वपच को श्रेष्ठ जानो। परमात्मा में समर्पित मन वचन वांछितार्थ और प्राण जिनसे वह संपूर्ण पृथिवी को पवित्र करता है, अभिमान से भरा हुआ कभी पवित्र नहीं कर सकता है'। इत्यादि से भागवत वैभव बहुस्थलों में कहा गया है।

लिंगपुराण में भी; 'वैष्णवों की विशेषता यह है कि वे लोग विष्णु के महत् मंदिर हैं, भक्त लोगों के हृदय विष्णु के चलंत विमान हैं। जो पुरुष कल्मषरहित शुभाचारी जिस किसी कुल में जन्म लेने वाले वैष्णव को देखता है उसे उसी वक्त भूमि में दंड के सदृश प्रणाम कर कृतार्थ होना चाहिये।' इत्यादि से भागवत वैभव प्रतिपादन किया गया है।

इस प्रकार भागवत वैभव प्रतिपादन बहुत पुराणों में होने से उन उन स्थलों में देखना।

इतिहासादियों में से लिये हुये वचनों में भागवतों का जन्म निरूपण कर अपमान किये तो होने वाले अनर्थ विशेष, भागवतत्व होने पर वे अपकृष्ट जातीय नहीं हैं उत्कृष्ट जातीय सदृश हैं, उत्कृष्ट जातियों में भी श्रेष्ठ हैं, वे ज्ञानोपदेश करने वाले होने से गुरु हैं, परम शेषी ईश्वर की तरह पूज्य भी होते हैं इस अर्थ को, उनके विषय में अपचार को कालतत्वपर्यंत ईश्वर नहीं सह सकते। *करणत्रय व्यापार, अर्थ और प्राण इन सबको भगवद्विषय में समर्पण कर निरभिमान हो रहने वाले स्पर्श से पवित्र करते हैं, उनके हृदय ईश्वर के जंगम विमान हैं, उनको देखे तो दंडवत् प्रणाम करना* इत्यादि अर्थों को भी कहे हैं। इस प्रकार इतिहास पुराणों में वर्णन है।

शठकोसूरि; 'क्षीराब्धि में शयन किये हुए परम पुरुष का अभ्यास करने के भाग्य वाले जन्म जन्म में हमारे मालिक हैं' ऐसे प्रारंभ कर भगवद्गुण चेष्टितादियों में प्रवण भागवत लोग ही हमारे मालिक हैं, ऐसे अर्थ का प्रतिपादन करने के समय 'कोई हो वे ही' 'कुंभीनरक में रहने वाले भी परमात्मा का कीर्तन किये तो वे ही' 'कितना भी सुकृत रहित चांडाल चांडाल हो तो भी' 'ऐसे जन्मादियों से कितना भी नीच हो तो भी', 'शेषत्वविरोधि जन्माद्यभिमानरहित भागवत लोग हमको अत्यंत उद्देश्य हैं' ऐसे प्रतिपादित 'अभिवर्धमान — प्रभावत्तेज:' दशक में, क्रूर महापापी उनके दासों के चरण में संगमन बिना आश्चर्यकर तीन लोकों की प्राप्ति से भी छोड़ सकते हैं क्या? ऐसे प्रारंभ कर भागवत ही अपने को परमप्राप्य हैं इस अर्थ के प्रतिपादन के समय जन्मवृत्तादि विभाग को छोड़ 'दास्य में अग्रसर' 'उनके दास लोग', 'मणिपर्वत सदृश शयन करने वाले स्वामी के दास लोग', 'अवद्यरहित दास लोग' 'विच्छेदरहित दास लोग' ऐसे भगवत्सौंदर्यादियों में हारने वाला आकार ही उन भागवतों का निरूपक है ऐसा कहे हैं 'व्यामोहवत:' दशक में।

परकाल सूरि; 'शीतल सारक्षेत्र के नाथ के चरण सेवक ही हमारे सिर में वास करते हैं' ऐसे प्रारंभ कर

अर्चावतार में प्रवण श्रीवैष्णव ही हमको शिरोधार्य हैं, सदा ध्यान के योग्य हैं, नित्यसूरियों से भी कैंकर्य समृद्धि वाले हैं, उनको एक क्षण के लिये भी नहीं छोड़ सकता हूँ, उनके विषय में हमारे हृदय में मधु बहता हुआ भोग्य होता है, उनको देखने मात्र से ही हमारे मन और दृष्टि कैसे संतुष्ट हो प्रफुल्लित होते हैं, देखो! हमारा प्रेम उनके विषय में बढ़ रहा है, उनका मन से स्मरण करने पर मृत्यु और पाप से न डर, निर्भय होता है, हमारा हृदय उनके विषय में मग्न होता है, देखो! ऐसा कहने के स्थलों में जन्मादि प्रसंग को छोड़ कहा हुआ कण् शोर वेंगुरुदि (नेत्रभ्रमण) में, तिरुक्कडल्मल्लै स्थल शयन का जो स्मरण करते हैं वे ही हमारे मालिक हैं, ऐसे किसी भी जन्म और कैसे भी वृत्त वाले हों तिरुक्कडल्मलै स्थल शयन भगवान का अनुसंधान करने वाले स्थित प्रकार ही प्रमाण दिखाये बिना ही हमसे कैंकर्य स्वीकार करने में समर्थ हैं। ऐसे प्रारंभ कर 'ज्ञान प्रभावत् विग्रह का स्मरण करने वाले हमारे नायक हैं' 'वे ही हमारे कुल देवता हैं' 'ऐसे दिव्य देशों में प्रवण भागवत ही हमारे शेषी हैं' ऐसा कहे हैं 'नण्णाद वालवुणर्' (अनाश्रितराक्षस) दशक में।

श्रीकुलशेखर स्वामी; 'सत्यभूत दासों के समूह को देखने का भाग्य प्राप्त हो तो वही नेत्रों की सफलता है' 'भक्तों की चरण धूलि में स्नान प्राप्त हो तो गंगा में अवगाहन कर स्नान करने की इच्छा क्या होगी?' इत्यादि से भागवतों के विषय में अपना प्रेमाधिक्य प्रतिपादन करने के समय जन्मादियों के उत्कर्ष और अपकर्ष के प्रसंग छोड़ भगवद्भक्ति के परवश होना ही उनका निरूपक है ऐसा कहे हैं 'तेट्टरुं तिरत्तेन्' (मधुतिरस्कारक) में,

श्रीभक्तांघ्रिरेणु सूरि; द्वयनिष्ठों के विषय में, ईश्वर में विद्यमान प्रीति को कहे हैं 'मेंबोरुल्' (उपरिवर्तमानार्थ) इस गाथा में। कितने ही नीच जन्मों में उत्पन्न होने पर भी 'मेंबोरुल्' में कहे हुए ज्ञान में निष्ठा वाले हों तो श्रीतुलसी के सदृश ईश्वर को शिरसा धार्य हैं ऐसे जन्म से आयी हुई नीचता मात्र न हो कितने भी नीच वृत्त वाले भी इस ज्ञान निष्ठा वाले हों तो उस दुष्कृत फल को नहीं पावेंगे, उनमें जन्म वृत्तादियों से आने वाले दोष नहीं हैं इतना मात्र नहीं, उनके साथ संबंध वाले संसारी लोग भी उनके प्रसाद स्वीकार से परिशुद्ध हो जैसे उत्कर्ष वाले होते हैं, जन्मवृत्तादियों से अति नीच होने पर भी ऐसे ज्ञान वाले इस ज्ञान विहीन हो जन्मवृत्तादियों से उत्कृष्ट होने वालों के सर्वेश्वर की तरह पूज्य हो ज्ञान दान प्रतिग्रहों के योग्य होते हैं, जन्म वृत्तों के ऊपर ज्ञानाधिक भी होने वाले जन्मवृत्तादि वैलक्षण्यरहित इस ज्ञान वालों को भगवत्प्रभाव से श्रेष्ठ नहीं समझ कर्ममूलक जन्मादि नीचता को ही समझ नीच मानेंगे तो उसी क्षण में वे कर्मचांडाल हो जायेंगे, इस प्रकार प्रतिपादित अर्थ हैं। इस ब्रह्मादियों के दुर्लभ फल को तिर्यक् जाति में जन्म लेने वालों के पाने पर संदेह है क्या? ऐसे कहा हुआ छ: गाथाओं में सुस्पष्ट देख सकते हैं माने संशय विपरीत ज्ञान बिना देख सकते हैं।

इस प्रकार इतिहासादियों में भागवत वैभव कहा गया तो भी 'भगवद्भक्त शूद्र जातीय हो तो भी शूद्र

नहीं समझा जाय, विप्र और भागवत समझा जायगा' वही विप्रश्रेष्ठ मुनि, वही श्रीमान्, वही यति, वही पंडित है' ऐसा कहे हुए विप्रत्वादि अर्थवाद माने अतिशयोक्ति है। वास्तव में अपकृष्ट जन्म वाला उसी शरीर में उत्कृष्ट कैसे हो सकता है? ऐसी शंका हो सकने में उदाहरण कहते हैं;

क्षत्रियो विश्वामित्रो ब्रह्मर्षिरभूत् ।।२३३।।

क्षत्रिय विश्वामित्र ब्रह्मर्षि हुआ है।। २३३।।

क्षत्रियकुलोद्भूत विश्वामित्र उसी जन्म में अपने कृत तपस्या की विशेषता से वसिष्ठ वाक्य द्वारा क्षत्रियत्व समूल नाश कर ब्रह्मर्षि हुए हैं। इस कारण अत्यंत अपकृष्ट कुलोद्भव होने पर भी उसी शरीर से अवधिशून्य शक्ति वाले भगवत्संबंध रूप संस्कार विशेष द्वारा अत्यंत उत्कृष्ट कुल में उत्पन्न होने वाले भी अनुवर्तन करें जैसे उत्कृष्टतम होते हैं इसमें संदेह नहीं है। अल्पशक्तिक वसिष्ठ वाक्य का प्रभाव देखने पर सर्वशक्ति परमात्मा का संबंध क्या नहीं करेगा अर्थात् सब कुछ करेगा।

इतिहासादि प्रमाण द्वारा भागवत वैभव को पहले दिखाये हैं, अब शिष्टों के आचार द्वारा भी भागवत वैभव को दिखाते हैं। **'धर्मज्ञसमयः प्रमाणं वेदाश्च'** 'धर्म के ज्ञाता लोगों के आचार प्रमाण हैं और वेद भी प्रमाण हैं' ऐसे आप्त प्रमाणभूत वेद के आगे प्रमाण कहने योग्य शिष्टाचार की स्थिति है। उसमें प्रथम अपकृष्ट जातीय उस शरीर से ही सजातीयों से विलक्षण हो उत्कृष्टतम होते हैं ऐसे पूर्वोक्त अर्थ को स्थिर करने के लिये रावण के भ्राता विभीषण को उद्देश्य पर श्रीरामजी की कही हुई वार्ता को कहते हैं;

विभीषणं रावणः कुलपांसनमित्यवदत्, स्वामीक्ष्वाकुवंश्यत्वेन स्मृत्वा वार्तामवोचत् ।।२३४।।

विभीषण को रावण ने 'कुल का कलंक कहा', स्वामी श्रीरामजी इक्ष्वाकुवंश वाला समझ बात किये हैं ।।२३४।।

'सीताजी को रामजी के हाथ में सौंप दो' ऐसे अपने हित को कहने वाले धर्मात्मा श्रीविभीषण सूरि को पापिष्ठ रावण क्रुद्ध हो 'हमारे कुल के कलंक रूप तुमको धिक्कार है ऐसे इस कुल के कलंकतया जन्म लेने वाले तुमको मैं नहीं चाहता हूँ' ऐसे कठोर वचन कह निकाल दिया। इक्ष्वाकु कुल के नाथ श्रीरामजी इसको आदरपूर्वक अंगीकार करने के बाद 'राक्षसों के बल और अबल को मुझे यथार्थ रीति से कहो' ऐसे राक्षसों के बलाबल की स्थिति को हमसे कहो, कहने से इस विभीषण को राक्षस जातीय नहीं समझ भ्राताओं के सदृश समझ बात कहे हैं। इस वाक्य में रावण का परित्याग, स्वामी रामजी का परिग्रह ये दोनों कहे जाने से *भगवान की तरफ होते ही प्राकृत लोग 'यह हमारे उपयुक्त नहीं' ऐसा कह छोड़ देंगे, भगवान आदरपूर्वक*

प्रेम से स्वीकार करेंगे, यह अर्थ कहा गया।

इस प्रकार उक्तिमात्र से न हो भागवत वैभव को वृत्ति से भी श्रीरामजी प्रकाश किये हैं इस अर्थ को कहते हैं;

महाराजस्य स्वामी ब्रह्ममेधसंस्कारमकरोत् ।।२३५।।

श्रीजटायु का श्रीरामजी ब्रह्ममेधसंस्कार किये हैं ।।२३५।।

'लोक की मर्यादाओं को करने और कराने वाले वही हैं।' इस उक्ति के अनुसार लोकमर्यादा का स्थापन करने के लिये अवतार लेकर पितृवचन परिपालनादियों से सामान्य धर्म स्थापन स्वभाव वाले श्रीरामजी, सीताजी के विश्लेष को देख न सह अपना नाश कर लेने वाले श्रीजटायु को, जन्म वृत्तादियों से उत्कृष्टों को उनके पुत्र और शिष्यगण कर्तृक ब्रह्ममेध संस्कार को जटायु के प्रेमाधिक्य को ही कारण समझ श्रीलक्ष्मणजी पास में खड़े होने पर भी आप ही आदरपूर्वक किये हैं।

इससे जन्मादि की उत्कृष्टता से रहित विलक्षण भागवत विषय में पुत्रकृत्य कर सकते हैं यह अर्थ दिखाया गया।

इस अर्थ को धर्मपुत्र के अनुष्ठान से भी जनाते हैं;

धर्मपुत्रोऽशरीरिवाक्यं ज्ञानाधिक्यं चादाय श्रीविदुरं ब्रह्ममेधेन संचस्कार ।।२३६।।

धर्मपुत्र युधिष्ठिर अशरीरिवाक्य और ज्ञानाधिक्य को भी लेकर श्रीविदुरजी का ब्रह्ममेध संस्कार किये हैं ।।२३६।।

श्रीरामजी परार्थ सामान्य धर्म को किये हैं तो भी विशेष धर्म में तात्पर्य रखने से वे कर सकते हैं, यह युधिष्ठिर किये हैं यही दुष्कर है। स्ववर्ण धर्म को ही उद्देश्य समझ सर्वावस्थाओं में भी उस सामान्य धर्म की किंचित् भी हानि न होने के लिये सावधान रहने वाले श्रीविदुरजी का संस्कार करने के समय उनके वर्ण को देखना और ज्ञानाधिक्य को देखना इस विषय में हमें कर्तव्य क्या है ऐसा विचार व्याकुल होने के समय;

'विद्वान धर्मराज विदुर की संस्कार करने की इच्छा से दहन करने का विचार करते भये, तब आकाश में वाणी हुई; भो भो राजन्! विदुर नामक इस शरीर को सामान्य रीति से नहीं दहन करो। यह सनातन धर्म नहीं है। हे राजन्! इसका शरीर लोक विलक्षण है यह विदुर यति धर्म को प्राप्त हुआ है, इसमें शोक मत करो।' इस प्रकार ये विदुर ब्रह्ममेध संस्कार के योग्य हैं ऐसी कही हुई वाणी को सुनने से और इनके ज्ञानाधिक्य को जानने से भी संशय छोड़ वैदिकाग्रसरों को कर्तव्य, ब्रह्ममेध संस्कार से संस्कार किये हैं।

अनंतर जन्माद्युत्कृष्ट ऋषि लोग भी जन्मादियों से निकृष्ट की संनिधि में धर्म श्रवण किये हैं ऐसा कहते हैं;

ऋषयो गत्वा धर्मव्याधगृहद्वारे श्रान्ता धर्मसन्देहान् प्राशमयन्त ।।२३७।।

ऋषि लोग धर्मव्याध के द्वार में व्याकुल हो धर्मसंदेहों को निवृत्त कर लिये हैं।।२३७।।

चतुर्वेद को जानने वाले सर्वोत्कृष्ट ऋषि लोग सुनने की योग्यता जिसको नहीं है ऐसे कुल में जन्मे हुए जाति स्मृति से पूर्व जन्म सिद्ध ज्ञान में भ्रम रहित मातापिता शुश्रूषा में निरत धर्मव्याध के समय की प्रतीक्षा करते हुए ज्ञातव्य धर्मों में अपने संदेहों को पूछ के निवृत्त कर लिये हैं।

'कोई ब्राह्मण श्रेष्ठ वेदाध्ययन करने वाले, तपस्या में निपुण, धर्मशील, कौशिक नाम के, सांगवेदों का अध्ययन करते रहे, वे एक वृक्ष मूल में वेदों का उच्चारण करते हुए बैठे थे। वृक्ष के ऊपर बलाका पक्षी ने उनके ऊपर विष्ठा किया, वह ब्राह्मण की छाती में गिरा।'

ब्राह्मण ने उससे क्रुद्ध हो उस पक्षी को देखा, देखने मात्र से पक्षी जलकर नीचे गिरा। उसको देख पश्चाताप के साथ शोकाकुल हो **'रागद्वेष बलात्कृत:'** 'रागद्वेष के बल से मैंने अकृत्य किया है' ऐसा बहुबार कहता हुआ समीपस्थ एक गाँव में भिक्षा के लिये जा पहले एक घर में जाकर 'भिक्षां देहि' ऐसी याचना करने पर उस घर की गृहिणी 'रहो, आती हूँ' कह हाथ धो भिक्षा लाने के समय ही उसका भर्ता अत्यंत क्षुधा से पीड़ित हो घर में प्रवेश किया, वह पतिव्रता होने से भिक्षा लाना छोड़ पाद्य आचमनीय आसन प्रदान इत्यादियों से भर्ता की शुश्रूषा में आसक्त होने से भिक्षार्थ खड़े हुए ब्राह्मण को भूल बहुत समय बिताई। तत्पश्चात् द्वारस्थ ब्राह्मण को देख कंपित हो भिक्षा लाने पर वह ब्राह्मण 'हमको खड़ाकर इतने समय तू भीतर में रह गई इसका कारण क्या?' ऐसे क्रुद्ध होने पर वह स्त्री उसको आश्वासन दिला कर, 'इस अपराध को क्षमा कीजिये' ऐसी प्रार्थना कर 'मैं भर्ता को देवता समझने वाली हूँ वे परिश्रांत हो आने से उनकी शुश्रूषा में लग गई थी' ऐसा कहने पर 'तुमको भर्ता ही सत्कार करने के योग्य है, ब्राह्मणों के विषय में गौरव बुद्धि नहीं है' ऐसा व्यंग्य वचन कह 'गृहस्थ धर्म में रहने वाली तुमको ब्राह्मणों का अपमान करना उचित नहीं' ऐसा कहा। 'मैं कभी ब्राह्मणों का अपमान नहीं करती, ब्राह्मणों के समस्त वैभवों को जानती हूँ' ऐसा विस्तार पूर्वक कह 'इस अपराध को क्षमा कीजिये! भर्ता को ही देवता मानने से उनकी शुश्रूषा में परवश हो गई हूँ इतना ही, हमारी पतिशुश्रूषा के प्रभाव को देखो! तुम्हारी क्रोध दृष्टि से वह वक दग्ध हो गया है सो भी मैं जानती हूँ' ऐसा कह;

मनुष्यों का क्रोध ही शरीर के भीतर रहने वाला शत्रु है।

'क्रोध: शत्रु: शरीरस्थो मनुष्याणां द्विजोत्तम!।
य: क्रोधमोहौ त्यजति तं देवा ब्राह्मणं विदु:।।'

'हे ब्राह्मण श्रेष्ठ! मनुष्यों का क्रोध ही शरीर के भीतर रहने वाला शत्रु है, जो मनुष्य क्रोध और मोह को छोड़ता है उसे देवता लोग ब्राह्मण जानते हैं' ऐसे प्रारंभ कर 'ब्राह्मणों को कोप करना उचित नहीं। सत्य, आर्जव आदि गुण होने चाहिये' ऐसे विस्तारपूर्वक प्रतिपादन कर;

'आप भी धर्म जानते हैं, वेदाध्ययन में आसक्त हैं, शुचि हैं किन्तु धर्मों को यथार्थ रीति से नहीं जानते ऐसा मैं समझती हूँ, मातापिता शुश्रूषातत्पर सत्यवादी जितेंद्रिय व्याध मिथिला में वास करता है वह तुम्हें धर्मोपदेश करेगा, वहाँ तुम जाओ तुम्हारा मंगल हो। परम धर्मात्मा

वह व्याध तुम्हारे संशयों को दूर करेगा' ऐसा कहने पर वह ब्राह्मण संतुष्ट हो उस पतिव्रता की प्रशंसा कर वहाँ से मिथिला में जा पूछता भया; 'हे महामते! व्याध! शिष्टाचारों में नित्यप्रति पाँच पवित्र कहे जाते हैं उसका तत्व मुझे सुनाइये।'

इसके उत्तर में;

'हे ब्राह्मण श्रेष्ठ! यज्ञ, दान, तपस्या, वेद और सत्य ये पाँच शिष्टाचारों में नित्य ही पवित्र कहलाते हैं।'

यज्ञ, दान, तपस्या, वेद और सत्य ये पाँच शिष्टाचारों में पवित्र कहलाते हैं।

ऐसा उसके उपदेश करने पर अन्यान्य अपने संशयों को पूछने पर उपदेश द्वारा सकल धर्म संशयों को भी धर्मव्याध ने दूर किया। इस वृत्तांत को मार्कंडेय ने युधिष्ठिर को सुनाया, यह आरण्य पर्व के अध्याय २०० से लेकर १३ अध्यायों में विस्तारपूर्वक कहा गया है। और भी इसी प्रकार अनेक ऋषियों ने व्याध के द्वार में व्याकुल हो धर्म संदेहों को दूर कर लिया था। इससे जन्मादि से उत्कृष्ट लोगों को जन्मादि से अपकृष्ट भी ज्ञानाधिक हो तो उनके द्वार में क्लेश पाकर भी ज्ञातव्य अर्थों को सुनने में विरोध नहीं यह सूचित हुआ।

अनंतर 'जिस जिस को श्रेष्ठ पुरुष करते हैं' ऐसा कहने वाले श्रीकृष्ण के आचार को कहते हैं;

श्रीकृष्णो भीष्मद्रोणादीन् विहाय विदुरगृहे भुक्तवान् ।।२३८।।

श्रीकृष्ण भीष्मद्रोणादियों का घर छोड़ विदुर के श्रीगृह में भोजन किये हैं।।२३८।।

धर्म संस्थापन के लिये अवतार ले 'लोकसंग्रह के लिये भी धर्मानुष्ठान करना चाहिए' ऐसे ज्ञानी होने पर भी लोकसंग्रह को देख वर्णाश्रम धर्मों का यथावत् अनुष्ठान करना चाहिये ऐसा उपदेश कर;

'मैं कर्मानुष्ठान में सावधान न होऊँ तो और लोग हमारे ही अनुष्ठान को करेंगे' ऐसे परार्थ जागरूक हो अनुष्ठान करने के स्वभाव वाले श्रीकृष्ण दूत्यार्थ जाने के समय;

'भीष्मद्रोणावतिक्रम्य मां चैव मधुसूदन।
किमर्थं पुंडरीकाक्ष भुक्तं वृषलभोजनम्।।'

'हे मधुसूदन! भीष्म, द्रोण और मुझे भी अतिक्रम कर शूद्र के घर में क्यों भोजन किये हो?' ऐसे उत्कृष्ट वर्ण और आचार वाले 'हमारे घर पधारेंगे' ऐसा विचारते हुए भीष्मादियों के गृहों को छोड़ वर्णादि उत्कर्ष रहित अतएव 'यहाँ पधारेंगे' ऐसे विचार बिना स्थित श्रीविदुरजी के घर में आदरपूर्वक जा

'संभ्रमैस्तुष्य गोविंद एतन्नः परमं धनम्।

'हे गोविन्द! हमारे प्रेम से आप संतुष्ट होओ, प्रेम ही हमारा परम धन है।' ऐसे भक्तिपरवश विदुरकर्तृक प्रेम व्यापारों को देख संतुष्ट हो

'विदुरान्नानि बुभुजे शुचीनि गुणवंति च।'

'शुचि और गुणवंत विदुर के अन्न को भोजन किये हैं' इस वचनानुसार अहंकार के नष्ट होने से परम पावन और भक्ति से समर्पित होने से परम भोग्य अन्न को पावनत्व भोग्यत्व द्वारा अत्यादरपूर्वक भोजन किये हैं।

इसके पहिले अवतार में भी इस प्रकार के अनुष्ठान को दिखाते हैं;

स्वामी शबरीहस्तेन भुक्तवान् ।।२३९।।
श्रीरामजी शबरी के हाथ से भोजन किये हैं।।२३९।।



रघुकुलतिलक आचार प्रधान श्रीरामजी **'शबर्या पूजितः सम्यक् रामो दशरथात्मजः।'** 'शबरी से दशरथ नन्दन श्रीरामजी अच्छी तरह से पूजित हुए हैं' भिल्लनी होने पर भी गुरुशुश्रूषा से पक्व हो ज्ञानाधिका अपनी जिह्वा को भोग्यभूत फल मूलादि सब रामजी के लिये संकल्प कर संचय कर आगमन की प्रतीक्षा करती हुई शबरी अपने आदरानुसार अपने हाथ से भोजन कराने पर अति संतुष्ट हो भोजन किये हैं। इससे आभिजात्य से होने वाले अभिमान से शून्य, ज्ञान और प्रेमाधिक्य वालों के अभिमत वस्तु आत्मगुणों को देखने वाले विशेषज्ञ लोगों को अत्यंत पावन और भोग्य होता है, यह अर्थ दिखाया गया।

इस प्रकार श्रीरामायण और महाभारत में प्रसिद्ध शिष्टाचारों से भागवत वैभव को प्रकाश किये हैं। और भी इस अर्थ के विषय में पूर्वाचार्य वचन का स्मरण कराते हैं;

मारनेरिनंबिविषयतया भाष्यकारं प्रति महापूर्णोक्ता वार्ता स्मर्तव्या ।।२४०।।
मारनेरिनंबि के विषय में महापूर्ण स्वामी की श्रीरामानुज स्वामी से कही हुई वार्ता का स्मरण करना।।२४०।।

अभिमान हेतु जन्म वृत्तादि रहित, यामुनाचार्य के चरणसमाश्रित और अध्यात्म ज्ञान परिपूर्ण मारनेरिनंबि अपनी अंतिम दशा में 'यामुनाचार्य के अभिमत इस देह को प्राकृतबंधु स्पर्श करेंगे तो क्या किया जाय?' ऐसी अतिशंका कर सब्रह्मचारी महापूर्ण स्वामी को देख 'पुरोडाश कुत्ते को नहीं दो' ऐसा कह परमपद पधार गये। महापूर्ण स्वामीजी उनके वचनानुसार औरों के हाथ में न दे आप ही ब्रह्ममेध संस्कार कर आये हैं, इस बात को रामानुजस्वामी सुन महापूर्णस्वामी के चरण में जा 'स्वामिन्! मर्यादा की रक्षा करते हुए कार्य करना उचित नहीं है क्या? आपही को आवश्यक था क्या?' ऐसा प्रश्न करने पर मजूरी देकर संध्या करना उचित है क्या? मैं श्रीरामजी से उत्कृष्ट हूँ क्या? ये जटायु से नीच हैं क्या? 'अभ्यस्यमान प्रभावत्तेज' और 'व्यामोहवतस्वामिनोदास्य' सहस्रगीति के ये दो दशक समुद्रघोष हैं क्या? शठकोपसूरि के कहे हुए अर्थ को किंचित न्यूनतया भी आचरण नहीं करना क्या?' ऐसे कही वार्ता का स्मरण करना।

अब भागवत जन्मादियों की श्लाघ्यता कथनपूर्वक अभागवतोत्कर्ष की निंद्यता को प्रकाश करते हैं;

'प्रादुर्भावै' रित्यादि ।।२४१।।
'प्रादुर्भावों' से इत्यादि ।।२४१।।

'देवदेव अवतारों से देवता और मनुष्य के समान होते हैं तो जैसे निंद्य नहीं होते वैसे भागवत लोग जाति आचार और गुणों से नीच जाति के सदृश होने पर भी निंद्य नहीं होते किंतु सर्व जगत सृष्टि स्थिति संहारकर्ता में भक्ति रहित लोगों में ज्ञान और आचार विधवा के भूषण के सदृश गिने जाते हैं' इससे **भगवान और भागवतों के नीच जन्म लेने का कारण लोक रक्षण के लिये है,** ऐसा समझना।

भगवान में भक्ति रहित लोगों के ज्ञान और आचार विधवा के भूषण सदृश गिने जाते हैं।

भागवत न होने पर उनके वेद विद्यादि व्यर्थ हैं क्या? ऐसा पूछने पर इसका प्रमाण दिखाते हैं;

भागवतत्वरहित: केवलवेदार्थज्ञानादिमान् कुंकुमभारवहगर्दभवदिति वदति हि ।।२४२।।
'भागवत न हो वेदार्थ ज्ञान वाला केसर ढोने वाले गधे के सदृश है' ऐसा कहा है।।२४२।।

'चतुर्वेदधरो विप्रो वासुदेवं न विंदति।
वेदभारभराक्रांत: स वै ब्राह्मणगर्दभ:।।'

'चारों वेदों का अध्ययन कर जो ब्राह्मण वासुदेव को नहीं जानता है वह वेदरूप बोझा ढोने वाला ब्राह्मण गधा कहलाता है।' वेदों के स्थूलार्थ जान सूक्ष्मार्थ को नहीं जानने वाला पशुतुल्य कहा गया है, यह भारत का वचन है।

भगवत्संबंध रहित जन्म वृत्त आदि सत्पुरुषों से निंद्य हैं इस अर्थ को पहले दिखाये हैं, अब भगवत्संबंध वाले तिर्यक् आदि के जन्म सत्पुरुषों से प्रार्थनीय हैं इस अर्थ को दिखाते हैं;

राजा श्रीकुलशेखरस्वामी तिर्यक्स्थावरजन्मानि आशास्त ।।२४३।।
राजा श्रीकुलशेखरसूरि तिर्यक् स्थावर जन्मों की अपेक्षा किये हैं।।२४३।।

क्षत्रियकुलोत्पन्न श्रीकुलशेखर स्वामी 'वाचा कृत पापों से पक्षी और मृग जन्म लेता है' इस वचन से अत्यंत पापयोनितया गिने जाने वाले तिर्यक् स्थावर जन्मों को 'वेंकटगिरि के स्वामिपुष्करिणी में वास करने वाले वक का जन्म मुझे मिले' 'मत्स्य जन्म लेने का भाग्यवान मैं होऊँ' 'वृक्ष जन्म लेने का भाग्यवान होऊँ' ऐसी प्रार्थना किये हैं।

इस प्रकार अभिलाषा मात्र बिना नीच जन्म का आरोपण कर लेने वालों को कहते हैं;

ब्राह्मणोत्तम: श्रीविष्णुचित्तस्तनया च गोपजन्म आस्थानमकुरुताम् ।।२४४।।
ब्राह्मणोत्तम श्रीभट्टनाथसूरि और उनकी पुत्री श्रीगोदादेवी गोप जन्म का आरोपण कर लिये हैं।।२४४।।

सर्वोत्कृष्ट ब्राह्मण वर्ण में जन्म ले विद्या माहात्म्य से ब्राह्मणों में श्रेष्ठ और वेद के फल को पाये हुए श्रीभट्टनाथसूरि, उनके सदृश बाल्यावस्था में वेदसारार्थ को जानने वाली उनकी पुत्री गोदादेवी भी



श्रीकृष्णावतारानुभव की प्रीति से ‘बलहीन होने से मैं दु:खी हो गई हूँ’ ‘हमारा पुत्र गोविन्द’ ‘हम हमारे व्रत के लिये’ ‘गोप कुल में आपके जन्म लेने के योग्य भाग्यवती हम’ इत्यादि से भी अपने को गोप गोपी कह अपने वर्ण से अति नीच तीसरा वर्ण ज्ञान रहित गोप जन्म का यथार्थ रीति से आरोपण कर लिये हैं।

इस प्रकार अभिलाषा करने और आरोपण कर लेने मात्र से बिना कर्मकृत शरीर छूटने से आत्मस्वरूप कैसा रहेगा इस शंका में कहते हैं;

मालिन्ये निवृत्ते सर्वेषामपि नारीणामुत्तमाया अवस्थाऽऽगच्छेत् ।।२४५।।

शरीर छूटने से सब आत्माएँ नारियों में उत्तम लक्ष्मीजी के सदृश होती हैं।।२४५।।

यद्वा कर्मकृत शरीर विशिष्ट निमित्त होने वाले तारतम्य बिना शरीर छूटने पर संपूर्ण आत्मा कैसे रहती हैं इस शंका में कहते हैं; आत्मस्वरूप को यथार्थ रीति से प्रकाशने नहीं देने वाले अनादिकाल से आये हुए अविद्यादि दोष, भगवदनुग्रह द्वारा पुनरावृत्ति रहित वासना सहित निवृत्त हो तो सभी आत्मा सर्वलक्षण संपन्न स्त्रियों में उत्तम **‘सर्वलक्षणसंपन्ना नारीणामुत्तमा वधू:’** इस वचनानुसार स्त्रीत्वलक्षण विशिष्ट महालक्ष्मी के सदृश होती हैं।

वह कैसे? इस आकांक्षा में कहते हैं;

षड्भि: प्रकारै: परिशुद्धात्मस्वरूपस्य तत्साम्यमस्ति ।।२४६।।

छ: प्रकार से परिशुद्ध आत्मस्वरूप की लक्ष्मीजी से समता है।।२४६।।

अनन्यार्हशेषत्व, अनन्यशरणत्व, अनन्यभोग्यत्व, संश्लेष में धारणा, विश्लेष में धारणाभाव, तदेकनिर्वाह्यत्व रूप छ: प्रकार से अविद्यादि दोष रहित परिशुद्ध आत्मस्वरूप का छ: प्रकार वाली महालक्ष्मीजी से सादृश्य स्वत: सिद्ध है। इन छ: प्रकार को अभिप्राय करके ही ‘सुगंधमहापुष्पपुत्री के सदृश है’ ऐसा शठकोप सूरि कहे हैं। तथाच ये दोनों बातें प्रसंगात् कही गई हैं।

अब वे लोग उत्कृष्टजन्मों की उपेक्षा कर निकृष्ट जन्मों का क्यों आदर किये हैं? इस शंका में कहते हैं;

दृष्ट उत्कर्षोऽहंकारेणादृष्ट उत्कर्षोऽहंकारराहित्येन ।।२४७।।

दृष्ट में उत्कृष्टता अहंकार से, अदृष्ट में उत्कृष्टता अहंकारराहित्य से।।२४७।।

अभिजात्यादि और ऐश्वर्यरूप दृष्ट पुरुषार्थ में किसी की उत्कृष्टता हो तो वह विश्वामित्रादियों की तरह अपनी स्थिति से अधिक उत्कृष्टता की अपेक्षा करने वाले अहंकार से होती है, शेषत्वादि और कैंकर्य संपद

रूप अदृष्ट पुरुषार्थ में किसी की उत्कृष्टता हो तो शेषत्वादि की अभिवृद्धि में आशा से अपनी स्थिति से भी नीचे जाने की अभिलाषा अहंकाराभाव से होती है।

ये अहंकार और उसका अभाव दोनों प्राप्ति और अप्राप्ति के हेतु हैं ऐसा कहते हैं;

ब्रह्मा हीनो गोपिका प्राप्तवतीत्येवं कर्तुं योग्यः ।।२४८।।

ब्रह्मा हो च्युत होना, गोपी हो प्राप्त होना।।२४८।।



दृष्ट में अधिक उत्कृष्टता के अर्ह अहंकाराधिक ब्रह्मा होकर 'हे पद्मज! द्विपरार्द्ध के अंत में मुझको प्राप्त होवोगे' **'परिमलयुक्ते कमले स्थित्वा न पश्यति कृष्णस्य पादकमलमजः'** 'सुगंधित कमल पुष्प के भीतर रहने पर भी ब्रह्मा नारायण के चरण कमल को नहीं देख सकता' इन वचनों के अनुसार च्युत होता है। अहंकार हेतु किंचित् भी न होने से अहंकार रहित वाम दक्षिण हाथ न जानने वाली चिंतयंती गोपी 'अन्य गोपकन्या मुक्ति पाई है' ऐसा उनके चरणों में प्राप्त हुई, इन दोनों के कारण अहंकार और तद् अभाव है। इसलिये श्रीकुलशेखर स्वामी प्रभृति ज्ञानी लोग

अहंकार हेतुभूत जन्मों का अनादर कर अहंकार रहित जन्मों का आदर किये हैं।

सिद्धोपायनिष्ठ वैभव प्रकरण सम्पूर्ण

।। प्रपन्न दिनचर्या प्रकरण।।

'अपने को आप नाश करना माने' (सू. १८५) से आरंभ कर यहाँ तक अहंकारादियों के दोष कहे गये, अनंतर प्राप्य और प्रापक दोनों वे ही हैं ऐसे रहने वाले प्रपन्न अधिकारी की दिनचर्या विशेष को कहते हैं;

एवं सर्वप्रकारेणापि नाशहेतोरहंकारस्य तत्कार्यस्य विषयप्रावण्यस्य च स्वस्यैवोत्पत्तिस्थानभूतत्वात् स्वं पश्यति चेच्छत्रुमिव, तस्य वर्धकान् संसारिणः पश्यति चेत् सर्पमिव, तस्य निवर्तकान् श्रीवैष्णवान् पश्यति चेत्बंधूनिव, ईश्वरं पश्यति चेत् पितरमिव, आचार्यं पश्यति चेत् क्षुधित ओदनमिव, शिष्यं पश्यति चेदभिमतविषयमिव स्मृत्वाऽहंकारार्थकामास्त्रयोऽनुकूलविषयेऽनादरं प्रतिकूलविषये प्रावण्यमुपेक्षणीयविषयेऽपेक्षां चोत्पादयंतीति भीतः, आत्मगुणा अस्माभिरितरैश्च नोत्पादयितुं शक्याः सदाचार्यप्रसादहेतुना जातेन भगवत्प्रसादेन जायंते इत्यध्यवस्य देहयात्रायामुपेक्षा, आत्मयात्रायामपेक्षा, प्राकृतवस्तुषु भोग्यताबुद्धिनिवृत्तिः, देहधारणं परमात्मसमाराधनसमाप्ति प्रसादप्रतिपत्तिरिति बुद्धिविशेषः, स्वस्य कस्मिंश्चित्क्लेशे सति कर्मफलमिति वा कृपाफलमिति वा जायमाना प्रीतिः, स्वानुष्ठाने साधनबुद्धिनिवृत्तिः, विलक्षणानां ज्ञानानुष्ठानयोर्वांछा, अभिमतस्थलेष्वादरातिशयः, मंगलाशासनं, इतरविषयेष्वरुचिः, आर्तिः, अनुवर्तननियतिः, आहारनियतिः, अनुकूलसहवासः, प्रतिकूलसहवासनिवृत्तिश्च सदाचार्यप्रसादेन यथा वर्द्धेरन् तथा कुर्वन् वर्तेत ।।२५८।।*

एवं सर्व प्रकार से नाशहेतु अहंकार, उसका कार्य विषय प्रावण्य इन दोनों का उत्पत्तिस्थान स्वयं होने से स्वयं को देखे तो शत्रु को देखने की तरह, अहंकार और विषय प्रावण्य को बढ़ाने वाले संसारियों को देखे तो सर्प को देखने की तरह, अहंकारादियों के नाशक श्रीवैष्णवों को देखे तो बंधुओं को देखने की तरह, ईश्वर को देखे तो पिता को देखने की तरह, आचार्य को देखे तो भूखा अन्न को देखने की तरह, शिष्य को देखे तो अभिमत विषय को देखने की तरह समझ, अहंकार, अर्थ और काम ये तीनों अनुकूल के विषय में अनादर, प्रतिकूल के विषय में प्रेम, उपेक्षा करने वालों के विषय में अपेक्षा को भी जनाते हैं समझ उस विषय से भीत हो, आत्मगुणों को हम और दूसरे उत्पादन नहीं कर सकते, सदाचार्य अनुग्रह द्वारा होने वाले भगवदनुग्रह से होंगे ऐसा विश्वास कर, देह यात्रा में उपेक्षा, आत्मयात्रा में अपेक्षा, प्राकृत वस्तुओं में भोग्यता बुद्धि निवृत्ति, देहधारण परमात्मसमाराधन की समाप्ति प्रसाद प्रतिपत्ति ऐसा समझना, अपने को कोई क्लेश हो तो कर्मफल या कृपाफल समझ प्रीत होना, अपने अनुष्ठान में साधनत्व बुद्धि निवृत्ति, विलक्षणों के ज्ञानानुष्ठानों में वांछा, दिव्य देशों में अधिक आदर, मंगलाशासन, इतरविषयों में अरुचि, आर्ति, अनुवर्तन नियति, आहार नियति, अनुकूल सहवास, प्रतिकूल सहवास निवृत्ति ये सब गुण सदाचार्यानुग्रह से जैसे बढ़ें वैसे वर्तन करना।।२५८।।*

* सुविधा के लिए (मूल के अनुसार) सूत्र क्रमांक इसी तरह रखे गये हैं।

''एवं'' माने 'पूर्वोक्त प्रकार'।

✓ ''सर्वप्रकार नाश हेतु'' माने 'स्वरूप से नाश कर भागवत विरोध का उत्पादन कर नाश करने वाला।' 'भगवल्लाभ विरोधी हो सर्वप्रकार से असत् होता है' इस वचनानुसार जैसे असत्कल्प हो वैसे स्वरूप का नाश करता है। अहंकार, देहात्माभिमानरूप और देहातिरिक्त आत्मविषय में स्वातंत्र्य अभिमान रूप, दो प्रकार का होता है। यहाँ पर ये दोनों प्रकार के अहंकार कहे गये हैं।

''उसका कार्य विषय प्रावण्य'' माने 'देहात्माभिमान और स्वातंत्र्याभिमान से ही विषयों को भोग्य मान कर आदर करता है', इसलिये विषय प्रावण्य को अहंकार कार्य कहा है। विषय शब्द से पूर्वोक्त अनुकूल और प्रतिकूल रूप विहित और निषिद्ध विषय कहे जाते हैं।

''इन दोनों की जन्मभूमि स्वयं होने से'' माने 'भगवत्स्वरूप को छिपाने में समर्थ गुणत्रयात्मक प्रकृति परिणाम रूप स्वकर्म विशेष से आये हुए शरीर के साथ रहने वाला खुद होने से' कर्मानुगुण रजोगुण और तमोगुण से व्याकुल करने वाले शरीर से मति भ्रष्ट हो आत्मा न होने वाले देह को आत्मा करके, स्वंतत्र न होने वाले स्वयं को स्वतंत्र करके अभिमान करने वाला और खुद के लिये अनर्थकर विषयों में अत्यादर करने वाला भी खुद ही (चेतन) होता है।

✓ ''अपने को देखे तो ......'' माने 'अनादिकाल पापाचरण करते हुए भविष्यकाल में भी पापाचरण के योग्य शरीर विशिष्ट खुद को देखे तो 'मारे बिना न छोडूँगा' ऐसे आयुध सहित दाँत पीसते हुए शत्रु को देखने के सदृश स्वयं को नाशक समझना'।

✓ अपनी उक्तियों से दुर्वासना को बढ़ाकर अहंकारादियों को बढ़ाने वाले अहंकारी संसारियों को देखे तो समीप में जाने पर ऊपर गिर काटने वाले अति क्रूर सर्प को देखने की तरह डर से कम्पित हो पीछे हट कर अपना बाधक समझना।

✓ अपने उपदेश और अनुष्ठान से अहंकारादियों के दोष को दिखा उनके प्रसंग में कंपित कर वासना सहित उनको दूर करने वाले मध्यम पद निष्ठ श्रीवैष्णवों को देखे तो हमारा अनर्थ और अभ्युदय ये दोनों अपना समझ कर असद्गुणों को दूर कर सद्गुणों का उत्पादन कर रक्षा करने वाले आत्मबंधुओं को देखने की तरह अत्यादर कर हमारे अच्छे सहायक हैं ऐसा समझना।

✓ पहले करण कलेवरों को दे उनसे दुर्मार्ग में नहीं जा, सन्मार्ग में प्रवृत्त होने के लिये शास्त्रों को दिखा अकृत्य करने में शिक्षा कर सर्वावस्था में अपने हित ही को देखने वाले ईश्वर को अर्चा स्थलों में देखे तो उत्पादक विद्याप्रद कुमार्ग में प्रवृत्त न होने के लिये नियमन कर चलाने वाले हितेच्छु पिता को देखने की तरह स्नेह भय और विनय विशिष्ट हो खुद के लिये हित पर समझना।

✓ अनादिकाल से 'असत् ही' इस वचनानुसार स्थित हमारे भगवत्संबंध को जना कर सत्तावान बना ऊपर ऊपर अपने उपदेश से ज्ञान वैराग्य भक्तियों का उत्पादन

कर हस्तामलकवत् भगवद्विषय को दिखाने वाले महोपकारक आपके गुण ही 'हमारे प्राण का प्राण' ऐसा 'आपके दिव्य विग्रह के गुणों को छोड़ मैं अन्य को नहीं चाहता हूँ' ऐसा भी कहे प्रकार गुण और विग्रह से खुद के धारकभूत आचार्य को देखे तो नेत्र को घुमाने वाली क्षुधा से पीड़ित हो धारक और भोग्य अन्न को देखने की तरह अति प्रेम से अनुभव कर हमारे धारक और भोग्य विषय ये हैं ऐसा समझना।

✓ उपायांतर निवृत्ति आदि सर्व गुण सम्पन्न सम्यक् ज्ञान और प्रेमवान शिष्य को देखे तो खुद को आनन्द देने वाली अभिमत वस्तु को देखने की तरह भगवद्गुणानु–संधान दशा में हमसे कहे गये भगवद्गुणों को आदर पूर्वक सुनना अनुवाद करना विद्ध होना इत्यादि आकारों से अपने को आनन्ददायी समझना।

अहंकार, अर्थ और काम ये तीनों
- **अनुकूल विषय में अनादर**
- **प्रतिकूल विषय में प्रेम**
- **उपेक्षा करने वालों के विषय में अपेक्षा करते हैं।**

✓ ''अहंकार, अर्थ और काम इन तीनों में अहंकार, अनुकूलों के विषय में अनादर उत्पादन करता है'' माने 'शेषत्व को दबाता है'।

✓ अहंकारी 'मैं झुकूँगा नहीं' ऐसे किसी विषय में सिर न झुका स्वतंत्र बनता है। इसलिये अहंकार, स्वरूपवर्द्धक अनुकूल श्रीवैष्णवों को देख अपना स्वामी समझ कम्पित हो उठ प्रणामादि पूर्वक अनुवर्तन न कर अपने को उनसे अधिक या सदृश समझ अनादर कराता है ऐसा समझना।

अहंकार शेषत्व को दबाता है और भगवान को दूर करता है।

✓ ''अर्थ, प्रतिकूल विषय में आदर कराता है'' माने 'किसी का अनुवर्तन कर द्रव्य पाना चाहिये ऐसे द्रव्य में आशा को बढ़ाता है' इसलिये वह स्वरूपनाशक संसारियों को देख कर भागना प्राप्त होने पर भी अर्थ की आशा से उनके साथ संबंध कर उनके वास स्थान में बहुबार जा उनको बुला भोजन करा गुणकीर्तन कराने वाला विषय है ऐसा समझना।

✓ ''काम, उपेक्षक विषय में अपेक्षा करावेगा'' माने 'विषय संभोग सुख की आशा से, दारिद्र्य, वार्द्धक्य आदि कारण से अपना मुख न देख बाहर निकाल कपाट बंद कर उपेक्षा करने वाली स्त्रियों के विषय में उनकी उपेक्षाओं के उद्देश्यमान रहने के योग्य शिष्टों के हास्यास्पद कराता है' समझना।

इस तरह अहंकारादि तीनों स्वरूप वर्द्धकों का अनादर, स्वरूप नाशकों का आदर, उपेक्षकों की अपेक्षा कराते हैं समझ उनकी क्रूरता का अनुसंधान करना।

''आत्मगुण . . .'' माने 'शमदम आदि आत्मगुण, अनादिकाल अहंकारादियों के उत्पत्ति स्थान, हेय गुण पूर्ण कर्म परतंत्र मेरे यत्न से, आत्मगुण उत्पत्ति के विरोधी अहंकारादि वर्द्धक हेय गुण परिपूर्ण कर्मवश्य संसारियों के यत्न से भी उत्पन्न नहीं होते हैं।' आत्मगुणों के स्थान पहले *मेरे ऊपर निर्हेतुक कृपा से मुझको अंगीकार कर इसको आत्मगुण कब प्राप्त होंगे ऐसे बहुबार ईश्वर से प्रार्थना कर व्याकुल होने वाले सदाचार्यानुग्रह से, मेरे आत्मगुणों के विरोधी पापक्षय होने के लिये निर्मल कटाक्ष करने वाले भगवान के परिपूर्णानुग्रह से भी आत्मगुण होते हैं ऐसा विश्वास करना।*

''देह यात्रा में उपेक्षा'' माने 'देहरक्षणार्थ व्यापार में अनादर करना।'

''आत्मयात्रा में अपेक्षा'' माने 'शेषत्व स्वरूपवान आत्मा के धारक आदिरूप गुणानुभव कैंकर्य प्रवृत्ति में प्राप्त से तृप्त न हो ऊपर ऊपर की अपेक्षा करना।'

''प्राकृत वस्तुओं में भोग्यता बुद्धि निवृत्ति'' माने 'अन्नवस्त्रों के उपयुक्त प्राकृत पदार्थों के आदर के कारण भोग्यता बुद्धि निवृत्त होना।'

''देह धारण . . .'' माने 'उन प्राकृत वस्तुओं में देह धारण मात्र भोजन करना परमात्मा सर्वेश्वर के समाराधन की समाप्ति रूप प्रसाद प्रतिपत्ति ऐसी बुद्धि होना।''

''अपने को . . .'' माने 'मुमुक्षु और प्रपन्न होने पर भी प्रारब्ध शरीर रहने तक तापत्रय नहीं छोड़ेंगे इसलिये एतत् शरीर विशिष्ट हम को तापत्रय में कोई एक क्लेश होने पर वह अनुभव विनाश्य प्रारब्ध कर्म का फल है', एवंभूत कर्मों के क्षय पर्यंत ही इस शरीर के साथ हमको ईश्वर रखता है, प्राप्ति प्रतिबंधकों में एक तो भी नष्ट हुआ ऐसे अनुसंधान से, अथवा दुर्वासना द्वारा इस शरीर के त्याग की इच्छा न कर प्राकृत पदार्थों से शरीर का पोषण कर संसार के भीतर सुख पूर्वक रहने वाले हमको दुःख दिखा कर आशा को छुड़ा ले जाने का विचार करने वाले सर्वेश्वर की कृपा का फल है इस अनुसंधान से उत्पन्न प्रीति समझना। पूर्वाघ, उत्तराघ और प्रारब्ध खण्ड इन तीनों को छुड़ाने वाले के लिये वर्तमान शरीर में अल्प अनुभाव्य कर्म को छुड़ाना दुष्कर नहीं है तथापि कर्म फल दुःख परम्परा को भोगने पर भी इस देह को छोड़ने की इच्छा न करने वाले इसको सुखी रखने से इस शरीर के साथ बहु काल रहने की इच्छा करना और दूसरे शरीर की अपेक्षा करना इत्यादि करेगा, इस शरीर के कर्म फल को अनुभव करें ऐसा समझ रखते हैं। ऐसा होने पर बाकी कर्मों को छुड़ाने का कारण संसार से इसको शीघ्र निकाल चरणों में मिला लेने की कृपा से, ऐसे ही वर्तमान शरीर के कर्मों को न छुड़ाना भी कृपा का फल है। अनादिकाल परिगृहीत प्रति शरीर में भोगा हुआ दुःख भगवत् निग्रह का फल है, यह अनुग्रह का फल है। 'जिस पर अनुग्रह करता हूँ उसका धन हर लेता हूँ' ऐसा वे ही कहे हैं इसी से तो इसको कृपा फल कहते हैं।

''अपने अनुष्ठान में साधनत्व बुद्धि निवृत्ति'' माने 'प्रपन्नभूत अपने अधिकार अनुगुण अनुष्ठीयमान सत्कर्मों को साधनतया नहीं समझना'।

✓ ''विलक्षणों के ज्ञानानुष्ठानों में वांछा'' माने 'लोगों के स्वभाव छोड़ नारायण का आश्रयण करने से निर्मल ज्ञान भक्तिमंत विलक्षण पूर्वों के विलक्षण ज्ञान और अनुष्ठान हममें होने चाहिये ऐसी आशा करना'।

✓ ''दिव्य देशों में आदराधिक्य'' माने 'सर्वेश्वर के प्रेम से रहने के दिव्य देशों के प्रस्ताव में मन मग्न होने से ऊपर ऊपर बढ़ने वाला आदर'।

✓ ''मंगलाशासन'' माने 'उन उन दिव्य देशों में आदर पूर्वक वास करने वाले स्वामी के सौंदर्य सौकुमार्य के उचित रक्षक नहीं हैं प्रतिकूल अधिक हैं ऐसा समझ क्या होगा ऐसे उदर दाह से रात दिन मंगल को चाहना'।

''इतर विषयों में अरुचि'' माने 'भगवद्व्यतिरिक्त हेय विषयों में दोष देखने से आदराभाव'।

''आर्ति'' माने 'इतर विषय प्रावण्य हेतु इस शरीर के साथ अज्ञानप्रद पृथ्वी में पाददाह से प्राप्य वैलक्षण्य दर्शन से प्राप्ति विलम्ब को न सहने से भी होने वाला क्लेश'।

''अनुवर्तन नियति'' माने 'भगवद्भागवत विषयों में अपने शेषत्वानुगुण नीचोक्ति नीचवृत्तियों से क्रियमाण अनुवर्तन को संसारी विषयों में भूल कर भी न करना'।

''आहार नियति'' माने 'जाति आश्रय निमित्तरूप दोष रहित भगवद्भागवतों के प्रसादभूत वस्तुओं को ही आहारतया स्वीकार करना अन्य वस्तुओं को नहीं स्वीकार करना'।

''अनुकूल सहवास'' माने 'अपने संबंध से ज्ञानानुष्ठानों को बढ़ाने वाले अनुकूलों के साथ क्षण काल विश्लेष बिना वास करना'।

''प्रतिकूल सहवास निवृत्ति'' माने 'अपने संबंध से ज्ञानानुष्ठानों के नाशक प्रतिकूलों के साथ क्षण काल भी वास नहीं करना'। यहाँ कहे हुए अनुकूल और प्रतिकूल अमुक हैं ऐसा आगे आप ही कहेंगे।

''सदाचार्य प्रसाद से जैसे बढ़ें वैसे करते हुए रहना'' माने 'पूर्वोक्त सब ज्ञानानुष्ठान परिपूर्ण सदाचार्य के अनुग्रहजनक कृत्यों को करना।' ''रहना'', ऐसे विधि रूप से कहने का तात्पर्य यह है कि 'इन सब बातों का अनुष्ठान अवश्य करना चाहिये'।

।। इति द्वितीयं प्रकरणं समाप्तम् ।।

।। श्रीमल्लोकगुरुचरणावेव शरणम्।।
।। श्रीमद्वरवरमुनिचरणावेव शरणम्।।



।। अथ तृतीय प्रकरणम् ।।

इस दिनचर्या में कहे हुए विवरण करने योग्य का विवरण करने की इच्छा से पहले मंगलाशासन का विवरण करते हैं;

मंगलाशासनं स्वरूपविरुद्धं न भवति किमिति चेत्? ज्ञानदशायां रक्ष्यरक्षकभावः स्वस्थाने तिष्ठति प्रेमदशायां वैपरीत्येन तिष्ठति ।।२५९।।

मंगलाशासन स्वरूपविरुद्ध नहीं है क्या? इस शंका में; ज्ञानदशा में रक्ष्यरक्षक भाव अपने अधीन है प्रेमदशा में विपरीत रहता है।।२५९।।

हेयप्रत्यनीक कल्याणैकतान स्वेतर सकलरक्षक सर्वेश्वर हैं, ऐसे सर्वेश्वर से अपने अमंगलों को छुड़ा मंगलों को उत्पादन कर लेना रक्ष्यभूत चेतन का कर्तव्य होने पर भी रक्षकभूत स्वामी का मंगलाशासन करना तदेकरक्ष्यत्व रूप स्वस्वरूप के विरुद्ध नहीं है क्या? इस शंका का अनुवाद करते हैं 'मंगलाशासन स्वरूप विरुद्ध नहीं है क्या'? उसका परिहार करते हैं;

''ज्ञान दशा में ...'' माने 'सर्वेश्वर को रक्षकतया अपने को रक्ष्यतया प्रणव में कहे प्रकार जान अनुसंधान करने की दशा'। उस दशा में 'दु:ख को दूर करो या मत करो दूसरा उपाय नहीं' इत्यादि से अपनी अनिष्ट निवृत्ति आदियों के वे ही उपाय हैं, ऐसा रहने से रक्ष्यरक्षकभाव स्वानुगुण रहता है।

'प्रेमदशा में ...'' माने 'सर्वेश्वर के सौंदर्य सौकुमार्यों का अनुसंधान कर इनका क्या होगा? ऐसे अस्थान में भय शंका कर उनकी सर्वशक्ति आदि स्वरूप के अनुसंधान करने को असमर्थ हो मन गलने की दशा'। उस दशा में ईश्वर की रक्षा करने के लिये व्याकुल होने से ईश्वर के विषय में रक्ष्यभाव और अपने विषय में रक्षकभाव विपरीत हो रहेगा।

उक्तार्थ को स्पष्ट करते हैं;

तत्स्वरूपमनुसंदधाति चेत् तं रक्षकत्वेन स्वीकृत्य स्वात्मानं रक्षति, तत्सौकुमार्यमनुसंदधाति चेत् स्वं रक्षकत्वेन स्वीकृत्य तं रक्षति ।।२६०।।

उसके स्वरूप का अनुसंधान करने पर उसको रक्षकतया समझ अपनी रक्षा करा लेगा, सौकुमार्य का अनुसंधान करने पर अपने को रक्षक समझ उसकी रक्षा करेगा।।२६०।।

प्रथमाक्षर में उक्त प्रकार सर्वज्ञ सर्वशक्ति सर्वरक्षक स्वामी के स्वरूप का अनुसंधान करने पर वही हमारा अनिष्ट निवर्तक है समझ अज्ञ अशक्त अप्राप्त अपनी रक्षा करा लेगा। कहने से मुरझा जाने वाले सौकुमार्य का अनुसंधान करने पर उनके सर्वशक्तित्वादि गुणों को भूल रक्ष्य समझ अपने को रक्षक समझ मंगलाशासन से उसकी रक्षा करेगा। इस स्थल में सौंदर्य को न कहने पर भी वह मंगलाशासन का हेतु होने से और आगे कहे जाने से भी सौकुमार्य पद से सौंदर्य को भी लेना।

इस प्रकार सौकुमार्यादियों को देख व्याकुल हो रक्षक उसके शक्ति वैभव को भूल खुद ही उसकी रक्षा करते हैं इस अर्थ को कहाँ देख सकते हैं इस शंका में यह अर्थ शिष्टाचार सिद्ध है ऐसा दिखाते हैं;

अयमर्थश्चक्रवर्ती श्रीजनकराजतनया विश्वामित्रो दंडकारण्यवासिन ऋषयो मारुतिर्महाराजः श्रीनंदगोपः श्रीविदुरः श्रीधनुर्दास इत्येतत्प्रभृतिषु द्रष्टव्यः ।।२६१।।

यह अर्थ चक्रवर्ती, सीताजी, जनकराज, विश्वामित्र, दण्डकारण्यवासी ऋषि, हनुमान, सुग्रीव, श्रीनन्दगोप, श्रीविदुर, धनुर्धरदास आदियों में देख सकते हैं।।२६१।।

चक्रवर्ती; श्रीरामजी सीताजी से विवाह कर लौटते समय में परशुराम आ प्रकट होने पर ताटका मारीच आदियों के निरसन करने में इनकी शक्ति वैभव को स्पष्ट जानते हुए भी इनके बाल्य और सौकुमार्य को देख क्या होने वाला है? ऐसे भीत हो आप सामने जा,

'क्षत्ररोषात्प्रशांतस्त्वं ब्राह्मणश्च महायशाः।
बालानां मम पुत्राणामभयं दातुमर्हसि।।'

'क्षत्रिय रोष से शांत हुए महायशस्वी ब्राह्मण तुम हमारे बाल पुत्रों को अभय देने योग्य हो' ऐसे शरणागति किये। बाद भी उनको श्रीरामजी के ऊपर जाते हुए देख मूर्छित हो गये। बाद में 'परशुराम जी चले गये ऐसा सुन प्रसन्न हो चक्रवर्ती दशरथजी अपने और पुत्रों को पुनर्जन्म लिये समझते भये।'

जनकराज पुत्री सीताजी; साक्षात् श्रीरामजी का संपूर्ण वैभव जानती हुई भी यौवराज्याभिषेक के लिये अलंकृत हो चक्रवर्ती के घर को जाने के समय इनके सौंदर्य से पराजित हो, ये कैसे सुरक्षित रहेंगे ऐसे प्रेम से व्याकुल हो,

'पतिसंमानिता सीता भर्तारमसितेक्षणा।
आद्वारमनुवव्राज मंगलान्यभिदध्नुषी।।'

'काले नेत्रवाली सीताजी पति से सम्मानित हो मंगलाशासन करती हुई द्वार पर्यन्त अनुवर्तन करती भयीं।' 'पूर्व दिशा में इन्द्र, दक्षिण में यम, पश्चिम में वरुण, उत्तर में कुबेर आपकी रक्षा करें।' ऐसे दिक्पालों से श्रीरामजी की रक्षा के लिये प्रार्थना करती भयीं।

जनकराज; महेश्वर के धनुर्भङ्ग से श्रीरामजी के शक्ति वैभव को जानते हुए भी 'यह सीता हमारी पुत्री आपकी सहधर्मचारिणी है इसको चाहो अपने हाथ से इसका हाथ ग्रहण करो' ऐसे सीताजी के पाणिग्रहण कराने के समय श्रीरामजी के सौंदर्य और सौकुमार्य को देख व्याकुल हो उन दंपती को कोई बुराई न हो ऐसा विचार **'भद्रं ते'** 'आपका मंगल हो!' ऐसा मंगलाशासन करते भये।

विश्वामित्र; अपने याग रक्षणार्थ श्रीरामजी को अपने संग ले जाने के समय बीच में ताटका को बड़ी शूरता से आक्रमण करती हुई देख 'मैं श्रीरामजी के सत्यपराक्रम को जानता हूँ' ऐसे श्रीरामजी के वैभव को जानते हुए भी उनके सौकुमार्य को देख व्याकुल हो ब्रह्मर्षि विश्वामित्र हुँकार से ताटका राक्षसी को हटा **'स्वस्ति राघवयोरस्तु जयं चैवाभ्यभाषत'** 'श्रीराम लक्ष्मण का मंगल हो! जय हो!' ऐसा कहते भये।

श्री दण्डकारण्यवासी ऋषि; 'धर्मानुष्ठाता वे ऋषि लोग उदय होने वाले चन्द्र सदृश उन श्रीरामजी को

देख मंगलाशासन करते हुए स्वागत किये' ऐसे अपनी आपत् निवृत्ति अभिमत सिद्धि इन दोनों के करने वाले श्रीरामजी हैं ऐसा समझ साधनानुष्ठान करने वाले ऋषि लोग श्रीरामजी के समीप आने पर उन बातों को भूल उनके सौंदर्य से आकृष्ट हो मंगलाशासन किये हैं।

'ते तं सोममिवाद्यंतं दृष्ट्वा वै धर्मचारिणः।
मंगलानि प्रयुंजानाः प्रत्यगृह्णन् दृढव्रताः।।'

हनुमान; प्रथम दर्शन के समय 'लंबी गोल और परिघ सदृश ये भुजायें सर्वभूषण से अलंकार करने योग्य सो क्यों नहीं भूषित हैं' ऐसे हस्तिबंधन स्तंभ के सदृश बाहुओं के पराक्रम को देख हमारी रक्षा करने में समर्थ हैं ऐसा विश्वास होने पर भी उनके सौंदर्य में विद्ध हो औरों की नजर लगने पर क्या होगा? ऐसी अतिशंका कर दिव्याभरणों से इनको नहीं ढक ऐसे प्रकट करने का कारण क्या? इस उदर दाह से पीड़ित हो, बाद भी श्रीरामजी की शक्ति को बहु प्रकार देखने पर भी सौकुमार्य का अनुसंधान करने से इनको क्या होगा? ऐसे भयभीत हो सर्वदशा में संग रह रक्षा करते भये।

सुग्रीव; बालिवध आदियों से श्रीरामजी की शक्ति को देखने पर भी सौकुमार्य ही को देख व्याकुल हो श्रीविभीषण सूरि चार राक्षसों के साथ जब प्रकट हुए तब 'यह राक्षस चार राक्षसों के साथ सर्वायुधसमेत निस्संशय हम लोगों को मारने के लिये आता है देखो' ऐसे, 'राघव की शरण में आया हूँ' 'मुझे जल्दी श्रीरामजी को निवेदन करो' इन वचनों के सुनने पर भी 'यह दुष्ट रावण का भ्राता विभीषण साथियों के साथ तीव्र दण्ड से मारा जाय' ऐसे रावण का संबंध ही देख इसका चित्रवध होना चाहिए और रावण से भेजा गया गुप्तचर समझो! हे क्षमानिधे! उसका निग्रह करना ही उचित समझता हूँ इस तरह बहुत कह इसको कभी अंगीकार नहीं करना ऐसे स्थिर हो 'पिशाच और दानवों का उंगली के अग्रभाग से नाश कर सकता हूँ' इत्यादि से अपने बल को दिखा कपोतोपाख्यान और कण्डूपाख्यान को कह भय को दूर कर जैसे 'हे वानरराज! विभीषण को लाओ' ऐसा कहे वैसे श्रीरामजी को रक्ष्य समझ रक्षा करते रहे।

श्रीजटायु; सीताजी के लिये रावण के साथ युद्ध कर प्राणावशिष्ट दशा में श्रीरामजी को देखने पर जनस्थान के चौदह सहस्त्र राक्षसों को अकेले ही संहार करने के भुजबल को जानते हुए भी 'हे आयुष्मान्! जिसको औषधि की तरह महावन में ढूँढते हो उस देवी का और हमारे प्राण दोनों का रावण ने अपहार किया है'

ऐसा कहने के समय विश्लेष क्लेश से आयी हुई शिथिलता, सौकुमार्य और राक्षसों के साथ विरोध को भी विचार क्या होने वाला है ऐसे भीत हो 'आयुष्मान्!' इस पद से आयु की प्रार्थना किये हैं।

श्रीनन्दगोप; पूतना संहार से श्रीकृष्ण की दिव्य शक्ति को जानते हुए भी शिशुत्व प्रयुक्त सौकुमार्य ही को देख व्याकुल हो उदर दाह से,

'रक्षतु त्वामशेषाणां भूतानां प्रभवो हरिः।
यस्य नाभिसमुद्भूतपंकजादभवज्जगत्।।'

'जिसके नाभिकमल से संर्पूण जगत हुआ, संपूर्ण प्राणियों के सृष्टिकर्ता वे हरि तुम्हारी रक्षा करें' ऐसी रक्षा करते भये।

श्रीविदुर; श्रीकृष्ण के सर्वज्ञत्व सर्वशक्तितत्व आदियों को जानते हुए भी दुर्योधन की गोष्ठी में जाने के समय असत्य आसन स्थापन को देख भयभीत हो प्रेमांधता से महामति विदुर श्रीकृष्ण के आसन को टटोलते भये। **'संस्पृशन्नासनं शौरेर्विदुरः स महामतिः'** ऐसे अपने घर में अपने से समर्पित आसन को भी अतिशंका से अपने हाथ से दबा कर देखे हैं।

धनुर्धरदास; परमात्मा की ज्ञान शक्ति आदियों को जानते हुए श्रीरङ्गनाथ हमारे रक्षक हैं ऐसा समझने पर भी प्रेम परवश होने से श्रीरङ्गनाथ के बाहर पधारने के समय विमान किंचित् हिलने पर मेरे प्राणों को छोड़ दूँगा ऐसी प्रतिज्ञा कर नंगी तलवार को ले आगे जाते भये।

आदि कहने से अयोध्यावासी;

'स्त्रियो वृद्धास्तरुण्यश्च सायं प्रातः समाहिताः।
सर्वान् देवान्नमस्यंति रामस्यार्थे यशस्विनः।।'

'स्त्री, वृद्ध, तरुणी ये सब सायं प्रातः जागरूक हो यशस्वी श्रीरामजी के लिये संपूर्ण देवताओं को नमस्कार करते भये' ऐसे अयोध्यावासी मनुष्य। माता कौशल्या;

'यन्मंगल सुपर्णस्य विनताऽकल्पयत्पुरा।
अमृतं प्रार्थयानस्य तत्ते भवतु मंगलम्।।'

'अमृत लाने वाले गरुड़जी का विनता ने जिस मंगल को किया है वही मंगल तुम्हें हो' ऐसी कौशल्या। 'शंखचक्रगदाधर हो अवतार लिये हो कृपया इस दिव्य रूप को छिपा लो' ऐसे श्रीवसुदेवजी। 'हे सर्वात्मन्! इस चार भुजा के रूप को छिपा लो आपके अवतार को दैत्य कंस न जाने' ऐसी देवकी देवी आदियों को समझना।

परमात्मा का वैलक्षण्य सबको मंगलाशासन में लगावेगा इस विषय में और एक उदाहरण दिखाते हैं;

बालस्वामिनि श्रीगुहोऽतिशंकामकरोत् । उभयोरतिशंकां कृत्वा गुहपरिकराः स्वामिनमरक्षन् ।।२६२।।

लक्ष्मणजी पर श्रीगुहदेवजी अतिशंका किये हैं, इन दोनों पर श्रीगुहदेवजी के भृत्यवर्ग अतिशंका कर श्रीरामजी की रक्षा किये हैं।।२६२।।

श्रृंगिवेरपुर में श्रीरामजी पधार श्रीगुहदेवजी को अंगीकार करने के अनंतर उचित स्थान देख श्रीलक्ष्मणजी से

बिछाई हुई पर्णशय्या में स्वामी और स्वामिनी के सोने पर बाल्यप्रभृति से स्नेह करने वाले लक्ष्मण, क्या होगा, ऐसे भीत हो पीठ में तूणीर को बाँध अंगुलित्राण को बाँध धनुष चढ़ा बाण प्रयोग कर, आपको चलंत प्राकार की तरह पहरा देते हुए देख, श्रीगुहदेव, एक भ्राता ने मातृ द्वारा राज्य को छीन व्रतबंधन के साथ अरण्य में ढकेल दिया, यह भी उसी के सदृश भ्राता ही है एकांत स्थल में क्या करने को सन्नद्ध हो रहा है यह ज्ञात नहीं ऐसी अतिशंका कर किसी बुराई का चिंतन करने पर इसका संहार करूँगा ऐसा विचार धनुष और लाठी को ले इनके कदम में कदम रखते हुए पहरा देते भये।

श्रीगुहदेवजी के भृत्यगण, लक्ष्मण तो ज्ञाति है, यह तो कुटिल जंगली है ये दोनों इस वक्त इस विषय में क्या करने को देखते हैं ऐसे दोनों पर अतिशंका कर कुछ बुराई करेंगे तो इन दोनों को मार कर सीता और राम की रक्षा करेंगे ऐसे प्रत्येक व्यक्ति हाथ में धनुष ले श्रीरामजी की रक्षा किये हैं। श्रीभरत सूरि से गुहदेवजी के वार्तालाप करते समय;

अंगुलित्राण को बाँध परंतप लक्ष्मण बाणों से भरे तरकस को पीठ पर बाँध धनुष को चढ़ा रात भर पहरा देते रहे। मैं भी उत्तम बाण युक्त धनुष को ले जहाँ लक्ष्मण थे वहाँ रहता रहा, हमारे भृत्यगण भी महेन्द्र समान श्रीरामचन्द्र का पालन करते हुए धनुर्हस्त जागरूक रहते रहे, ऐसा उस रात्रि के वृत्तांत को सुनाया है।

श्रीगुहदेवजी और उनके भृत्यगण को उस दिन के दर्शन से पहले दर्शन नहीं हुआ था तो यह प्रेम कैसे हुआ इस शंका में कहते हैं;

एकस्मिन् दिने मुखं पश्यतां सौंदर्येण क्रियमाणप्रकारः सः ।।२६३।।

एक दिन मुख के सामने आने वालों को भी सौंदर्य विद्ध कर देता है।।२६३।।

बहुत दिन वासना न कर एक ही दिन दर्शन करने वालों को भी उनका विग्रह वैलक्षण्य विद्ध कर देता है और सदा देखने वालों की तरह एक बार देखने वालों को भी प्रेमांध बना अस्थान में भय शंका से अनुकूलपर भी अति शंका कर प्रेम से रक्षा करने वाला बना देता है।

और भी इस अर्थ को उदाहरण रूप से पूर्वोक्त से भिन्न, सूरियों की मंगलाशासन निष्ठा को कहते हैं;

एतेऽस्मत्कोटाविति वक्तुं योग्या दिव्यसूरीणां स्थितिः ।।२६४।।

ये सब हमारी कोटि में गिने जायेंगे सूरियों की दशा देखने पर।।२६४।।

ये सब माने चक्रवर्ती प्रभृति पूर्वोक्त सब अधिकारी। तब लक्ष्मीजी को भी उनके साथ गिन सकते हैं क्या? इस शंका में कहते हैं; सूरियों में श्रेष्ठ शठकोप सूरि की अपेक्षा भट्टनाथ सूरि को जैसे श्रेष्ठ कहते हैं वैसे भोगपरवश लक्ष्मीजी की अपेक्षा मंगलाशासन की दृढता में सूरियों को श्रेष्ठ कहना विरोध नहीं। तथापि हमारी कोटि में ऐसा कह सकते हैं क्या? ऐसी शंका पर मंगलाशासन निष्ठा में सूरियों के आधिक्य को दिखाने के लिये कहने से विरोध नहीं। इसलिये प्रेम से मंगलाशासन करने वाले पूर्वोक्त ''चक्रवर्ती आदि हमारी कोटि में गिने जायेंगे'' माने 'भगवद्विषय में संबंध रखते हुए भी प्रेम के अभाव से मंगलाशासन में दार्ढ्याभाव वाले हमारी तरह कहने योग्य हैं'। ''सूरियों की दशा'' माने 'अज्ञान निवृत्तिमत्यानंद

प्राप्त होने से अधिक प्रेम युक्त सूरियों की मंगलाशासन निष्ठा’।

ये सूरि लोग मंगलाशासन के विषय में परस्पर तुल्य हैं क्या इस शंका में कहते हैं;

दिव्यसूरयः सर्व इव न भवति महान् सूरिः ।।२६५।।

भट्टनाथसूरि के बराबर सूरिगण नहीं हैं ।।२६५।।

मंगलाशासन में अन्य सूरियों की अपेक्षा भट्टनाथ सूरि का बहुत अन्तर है।

उनकी अपेक्षा इनमें आधिक्य क्या है? इस शंका में कहते हैं;

तेषां तत्कादाचित्कमस्य नित्यम् ।।२६६।।

उनको यह कादाचित्क है इनको यह नित्य है ।।२६६।।

अज्ञाननिवृत्तिमत्यानंद प्राप्ति बराबर होने पर भी वज्र को भी गलाने वाले, पुरुष को स्त्री बनाने वाले, भगवद्विग्रह सौंदर्य का अनुसंधान करने पर उत्तरोत्तर अनुभव कामना वाले अन्य सूरियों को परसमृद्धि ही प्रयोजन है। उनको यह मंगलाशासन सदा एक प्रकार न हो किसी एक दशा में ढूँढने योग्य है। उसके सौंदर्य को देखने के बाद तदनुभव को छोड़ अस्थाने भय शंका को श्रीबहु शरद गान करने के प्रेम स्वभाव वाले भटट्नाथसूरि को यह मंगलाशासन सर्व कालवर्ती है। उसका हेतु क्या इस शंका में कहते हैं;

तेषां निमज्जनमेवास्योत्थानं भवति ।।२६७।।

उनका अथाह ही इनको थाह है ।।२६७।।

अनुभवपर उन सूरियों की दृष्टि और चित्त का अपहार कर मग्न करने वाला उनका सौंदर्य ही, उनका क्या होगा ऐसे भीत हो ऊपर ऊपर मंगलाशासनपर इस भट्टनाथसूरि को स्थिर रहने योग्य बनाता है। वह कैसे इस शंका में कहते हैं;

तेषामुभयशेषत्वं विनाश्य स्वरूपं निमज्जयत्तदस्योभयवृद्धिहेतुः सत्स्वरूपमुत्तारयति ।।२६८।।

उनके उभय शेषत्व का नाश कर स्वरूप को डुबाने वाला यह सौंदर्य भट्टनाथसूरि के उभय शेषत्व को बढ़ा कर स्वरूप को स्थिर करता है ।।२६८।।

भगवदनुभवैकपर अनुभवालाभ में अतिक्लेश पाने वाले अन्य सूरियों को ‘कृष्णपुरनायक का दास मैं अन्य के उपयुक्त नहीं।’ ‘प्राप्त हुआ तुम्हारे दासों का कैंकर्य’ ऐसे प्रथम मध्यम पद सिद्ध भगवत् शेषत्व

और उसकी सीमाभूत भागवत शेषत्वरूप उभय शेषत्व को 'हम हीं को अच्छा होगा' इस वचनानुसार स्वप्रयोजन में लगा विलंब रोष से 'जाओ पूर्ण' 'फिर गोष्ठी में मत आओ' ऐसा बना स्वप्रवृत्ति अनुचित होने पर भी 'तुमसे हमारा कोई संबंध नहीं' ऐसा त्याग कराकर 'क्रूर पंख वाला पक्षी' इत्यादि से निन्दा कर नाश करने वाला परातिशयकरत्व ही स्वरूप है जिसका, ऐसे स्वरूप को मंगलाशासन को न जाने जैसे अपने में मग्न करने वाला भगवत्सौंदर्य, उस सौंदर्यानुभव में मन न लगा उसको क्या होगा ऐसे उदरदाह से रक्षा करने वाले इस भट्टनाथसूरि का 'आपके रक्तचरण की कान्ति सुरक्षित रहे' 'लक्ष्मीजी सुरक्षित रहें' 'पांचजन्य सुरक्षित रहें' ऐसे तद्विषय और तदीय विषय का मंगलाशासन कराने वाले होने से उभय शेषत्व वृद्धि का हेतु हो स्वरूप को अपने में नहीं डुबायेगा। तथा च अन्य सूरियों के स्वरूप को डुबाने वाला उनका सौंदर्य भट्टनाथ सूरि को किनारे रखने से अन्य सूरिगण कदाचित् मंगलाशासन करते हैं ये नित्य मंगलाशासन करते हैं।

इनके नित्य होने का कारण क्या इस शंका में कहते हैं;

भयनिवर्तकानां भयोत्पत्तिः, प्रतिकूलानां चानुकूलकरणं, अतीतकालापदानानामुत्तरकाले उदरज्वलनं, प्राप्तिफलमिदमेवेत्युक्तिः, अनिमिषान्प्रत्यपि 'मा स्वपत मा स्वपत', इत्युक्तिरेवंप्रकारेणेदमेव यात्रा भवति ।।२६९।।

भय निवर्तकों के लिये भय करना, प्रतिकूलों को भी अनुकूल बना लेना, अतीत कालीन चेष्टितों से उत्तर काल में क्लेश पाना, प्राप्ति का फल यही कहना, देवताओं को जागरूक रहो कहना इत्यादि से यही यात्रा होना।।२६९।।

अपने परमात्मा के सौकुमार्य को देख व्याकुल हो इनका क्या होगा, ऐसे उदरदाह वाले इनके भय को दूर करने के लिये मल्लों का अनायास संहार करने वाली भुजाओं के बल को दिखाने पर, इस भुजबल का आश्रय ले गर्वित हो असुर राक्षस युद्ध में प्रवेश करेंगे तो क्या होगा ऐसे उस भुजबल के लिये मंगलाशासन करना। अमंगल दूर हो मंगल होने के लिये जिसका कटाक्ष ही कारण है ऐसी लक्ष्मी क्षणकाल भी विश्लेष न कर हमारे पास रहने पर हमारा अमंगल होगा क्या, क्यों क्लेश पाते हो ऐसा कह लक्ष्मी के संबंध को दिखाने पर इस मिथुन को कोई बुराई हो तो क्या होगा, ऐसा डर लक्ष्मीजी सुरक्षित रहें ऐसा मंगलाशासन करना। इस भय को दूर करने के लिये इस मिथुन की कोई बुराई न होने के लिये प्राकार की तरह रहने वाले शंखचक्र को दिखाने पर उनको कोई आपद होगी तो क्या करना ऐसा डर सुदर्शन सुरक्षित हों! पांचजन्य सुरक्षित हों! ऐसा मंगलाशासन करना। अनन्य प्रयोजन



अनुकूल भगवत्शरणागतों को मंगलाशासन के सहायकतया मिला लेने मात्र से तृप्त न हो प्रयोजनांतरपर प्रतिकूलभूत केवल और ऐश्वर्यार्थियों को भी शोधन कर मंगलाशासन करने योग्य अनुकूल बना लेना। 'लंका को जनशून्य करने वाले श्रीरामजी का मंगल कहेंगे' इत्यादि से

अतीत काल चेष्टितों का अनन्तरकाल में समकाल की तरह उदरदाह से मंगलाशासन करना। 'घेर कर मंगलाशासन करेंगे' ऐसे भगवत् प्राप्ति का फल मंगलाशासन ही कहना। 'स्नेह से अस्थान में रक्षा करने में आसक्त धनुष, चक्र, खड्ग आदियों से भय रहित' इस वचनानुसार अस्थान रक्षा व्यसनी पलक न मारने वाले दिव्यायुध सूरियों को देख गुणविद्ध हो विष भक्षण करने वाले की तरह तुम्हारे स्वरूप को भूलना, अनुभव में लग कैंकर्यपर होना छोड़ सावधानी से रक्षा करो, ऐसा बहुबार कहना। इस प्रकार यह मंगलाशासन ही इनकी वृत्ति समझना।

इस प्रकार मंगलाशासन के लिये सहायान्वेषण कर प्रतिकूलों को अनुकूल करने के लिये क्रियमाण उपदेश श्रीबहुशरदप्रबंध एक ही में है। अनन्तर के इनके उपदिष्ट प्रबंध में अन्य उपदिष्ट प्रबंधों से विशेषता क्या है, इस शंका में कहते हैं;

इतरवच्छृण्वतामुपदिशतां चासहायतानिवृत्त्यर्थं न भवति 'दासाश्च न संति' इति तस्यासहायतानिवृत्त्यर्थं भाष्यकारोऽयं चोपदिशतः ।।२७०।।

अन्य सूरियों की तरह सुनने वाले और कहने वाले की असहायता को दूर करना छोड़ 'रक्षक नहीं है' इस वचनानुसार स्वामी की असहायता को दूर करने के लिये भाष्यकार और भट्टनाथसूरि का उपदेश है।।२७०।।

परोपदेश के विषय में अन्यसूरि और आचार्यों की तरह उपदिश्यमान अर्थ को सुनने वाले संसारियों की अनादि अज्ञान से सहायभूत भगवद्विषय को छोड़ संचार करने से आई हुई असहायता और वक्ता अपनों के भगवद्गुणानुसंधान दशा में परस्पर बोधन करने के लिये सहायता रहित होने से आई हुई असहायता इन दोनों को दूर करना ही प्रयोजन है। ऐसा न हो, सौकुमार्य के अनुसंधान से क्लिष्ट हुए भट्टनाथसूरि सर्वत्र ढूँढने पर सब लोगों को अन्यपर देख उभय विभूति में भी रक्षा करने के लिये मनुष्य नहीं है अपना वैलक्षण्य जान रक्षा करने के लिये एक भृत्य को भी स्वीकार नहीं किये ऐसा कहने योग्य अधिक सौकुमार्ययुक्त सर्वेश्वर की असहायता दूर होने के लिये मंगलाशासन करने को ये सब लोग उद्युक्त हों। यही प्रयोजन समझ प्रामाणिक पूर्वाचार्यों में श्रीभाष्यकार, अज्ञान निवृत्तिमत्यानन्द प्राप्त हुए में ये भट्टनाथसूरि, ये दोनों उपदेश करते हैं। इसलिये ये सूरि प्रतिकूलों को अनुकूल होने के लिये उपदेश करने के समस्त स्थल भी मंगलाशासन के लिये हैं ऐसा कहने में विरोध नहीं। रामानुज नहीं कह भाष्यकार कहने का तात्पर्य श्रीभाष्य

द्वारा वेदान्त तात्पर्य का निर्णय कर कहने वाले ऐसा भान होने के लिये।

अन्यसूरियों की सत्ता और समृद्धि भगवत् दर्शनानुभव कैंकर्यों से ही है तो इनका भी वही आकार होना चाहिये तब मंगलाशासन ही यात्रा है ऐसा कहना उचित है क्या इस शंका में कहते हैं;

अन्येषां सत्तासमृद्धी दर्शनानुभवकैंकर्यैः अस्य मंगलाशासनेन ।।२७१।।

अन्यसूरियों की सत्ता और समृद्धि दर्शन अनुभव कैंकर्यों से है इनकी मंगलाशासन से है।।२७१।।

श्रीभट्टनाथसूरि की मंगलाशासन में विच्छेद होने पर सत्ता नष्ट होती है।

भगवत् दर्शनानुभव कैंकर्येच्छुक अन्य सूरियों को स्वामी के देखने पर, धारण अशक्य हो 'देखने को आओ' ऐसा पुकारने से उनके दर्शन से सत्ता होती है 'उनके प्राण निकलने के पहले उनकी वीथि में एक दिन कृपापूर्ण गरुड़जी को चलाओ' ऐसे हमारी सत्ता रहने के लिये खिड़की के रंध्र से तो भी एक बार देखने के लिये हमारी वीथि में एक दिन पधारना उचित है ऐसा कहने से दर्शन ही सत्ता हेतु है ऐसा सिद्ध हुआ है।

''समृद्धि'' माने 'ऊपर ऊपर आनन्द वृद्धि'। यह उनको 'सुन्दर धाम में प्रीति' 'किरीटज्योति' प्रभृति दशकों में हुए अनुभव से और 'विच्छेद रहित काल' दशक में क्रियमाण कैंकर्य से भी होती है।

ऐसा न हो वह सत्ता प्रावण्य कार्य अनुभव न होने पर नष्ट होगी ऐसे ये ही पहले कहे हैं। कल विनियोग कर लेऊँगा ऐसा कहने पर रोने की भी सत्ता नहीं रहेगी इसलिये कैंकर्य सत्ता हेतुतया अनुसंधान नामक ग्रंथ में कहने से, 'देखकर सन्तुष्ट होने को' ऐसा दर्शन ही समृद्धिहेतुतया भान होने से भी सत्ता और समृद्धि के ये तीनों कारण होते हैं। जब से अज्ञाननिवृत्तिमत्यानन्द को प्राप्त हुए तब से भगवत्सौकुमार्यादियों को देख इनको क्या होगा ऐसी उदरपीड़ा से मंगला शासन में प्रवृत्त होने वाले इनकी मंगलाशासन के विच्छेद होने पर सत्ता नष्ट होती है वैसे अविच्छिन्न चलने से समृद्धि होती है इसलिये सत्ता और समृद्धि दोनों मंगलाशासन से ही होती हैं।

तथा च मंगलाशासन में भट्टनाथसूरि की नित्य निष्ठा को दिखाये हैं, अनतंर उनकी यात्रा ही हम सबकी होनी चाहिये ऐसा बता 'दिव्यदेशों में अधिक आदर और मंगलाशासन' इति पूर्वदिनचर्या में कही हुई मंगलाशासन की अवश्य कर्तव्यता को कहते हैं;

अभिमतस्थलान्यनुसंहितानि चेदस्य यात्रैवास्माकं सर्वेषां यात्रा स्यात् ।।२७२।।

दिव्य देशों का अनुसंधान करने पर भोजन और निद्रा को छोड़ इनकी यात्रा ही हम सबको चाहिये।।२७२।।

अत्यंत सुकुमार सर्वेश्वर आश्रितों को सुलभ होने के लिये अपने को सजाकर अत्यादरपूर्वक विराजने के श्रीरङ्ग वेंकटगिरि प्रभृति दिव्य देशों का अनुसंधान किये तो अपाय बहुल इस देश में विराजने की स्थिति को कोई बुराई होय तो क्या किया जाय ऐसे उदरदाह से आहार निद्राओं में संबंध छोड़ अधिक प्रेम युक्त भट्टनाथ सूरि की मंगलाशासन यात्रा ही शेषभूत हम सबकी यात्रा होनी चाहिये।

उक्तार्थ को समाप्त करते हैं;

तस्मान्मंगलाशासनं स्वरूपानुरूपम् ।।२७३।।

इसलिए मंगलाशासन स्वरूप के अनुरूप है।।२७३।।

इस प्रकार शेषभूत सबका अवश्य कर्तव्य होने से मंगलाशासन स्वरूप के अनुरूप है। शेष वस्तु का स्वरूप शेषी का अतिशय करने से ही प्रकाशता है इसलिये शेषी का मंगलाशासन करना स्वरूपानुरूप ही है। इस प्रकार दिनचर्या में उक्त मंगलाशासन के स्वरूपविरुद्धत्व शंका को 'अनुकूल सहवास' इस स्थल में कहे हुए अनुकूलों के लक्षण को कहते हैं;

शेष वस्तु का स्वरूप शेषी का अतिशय करने से ही प्रकाशता है।

अनुकूला ज्ञानभक्तिवैराग्याणि प्रवेश्य निष्कासिता इवाकारे ज्ञातुं योग्याः परमार्ताः ।।२७४।।

अनुकूल माने ज्ञान भक्ति वैराग्य आकार से जानने योग्य परमार्त।।२७४।।

तत्वयाथात्म्यज्ञान, भगवदेक विषय भक्ति और इन दोनों से होने वाली भगवदन्यविषयविरक्ति ये तीनों वैष्णव के अलंकार हैं। इनसे ही वैष्णवों को श्रेष्ठ मानते हैं। इससे ही नाथमुनि के दिव्य वैभव को कहते हुए यामुनाचार्य 'अचिंत्य अद्भुत अक्लिष्ट ज्ञान वैराग्यों के राशि अथाह भगवद्भक्ति के समुद्र' ऐसा कहे हैं।

''आकार से जानने योग्य'' माने 'इनके आकार को देखते ही ज्ञान भक्ति और वैराग्य इनमें वास करते हैं ऐसा जान सकते हैं'। त्याज्य उपादेय विवेकपूर्वक चलने से ज्ञान जाना जाता है। 'आह्लाद से शीत नेत्र का जल' 'पाँव स्तब्ध होता है, नेत्र का जल ठहरता नहीं' इत्यादि से भक्ति आकार से जानी जाती है, इतर विषयों की उपेक्षा करने से वैराग्य आकार से जाना जाता है।

- **तत्व याथात्म्य ज्ञान**
- **भगवत् एक विषय भक्ति**
- **भगवत् अन्य विषय विरक्ति**

ये तीनों वैष्णव के अलंकार है।

''परमार्त'' माने 'संसार में असह्यता, भगवद्विषय की अप्राप्ति इन दोनों से अत्यधिक आर्ति वाले'।

इनके साथ सहवास से क्या फल मिलेगा इस शंका में कहते हैं;

एकस्मिन् केदारे जलपूर्णे स्थिते समीपकेदारो यथा आर्द्रो भवति तथैतद्रहितानामप्येतेषां संबंधेन म्लानिनिवृत्तिर्जायेत ।।२७५।।

एक खेत जल से पूर्ण हो तो पास का खेत जैसे गीला दीखता है वैसे ज्ञान भक्ति और वैराग्य वाले न होने पर भी इनके संबंध से दुःख निवृत्ति होती है।।२७५।।

एक खेत में जल पूर्ण होने से जल रहित शुष्क पास का खेत उसके संबंध से जैसे आर्द्र हो प्रफुल्ल होता है वैसे ज्ञान भक्ति वैराग्य अभाव से शुष्कस्वरूप वाले इनसे परिपूर्णों के सहवास रूप संबंध से किंचित् ज्ञान भक्ति वैराग्य वाले हो आर्द्र होते हैं।

इनके सहवास से मात्र आर्द्र ही नहीं ये स्वभाव

विशेष प्राप्ति के पहले पूर्णतया उत्पन्न होंगे ऐसा कहते हैं;

नदीजल आसन्ने यथा तदनुरूपलिंगानि जायंते तथा प्राप्तावासन्नायामेते स्वभावविशेषाः स्वत एव वर्द्धेरन् ।।२७६।।

नदी में प्रवाह आने वाला हो तो उसका चिन्ह जैसे दीखता है वैसे प्राप्ति होने पर ये स्वभाव विशेष स्वयमेव उत्पन्न होंगे।।२७६।।

शुष्क नदी में प्रवाह आने के समय उसके सूचक चिन्ह रेती गीली होना प्रभृति जैसे होते हैं वैसे भगवत् प्राप्ति समीप होने पर उसके सूचक ये ज्ञानादि स्वभाव स्वयमेव होते हैं।

ये होने पर थोड़े ही काल में प्राप्ति होगी ऐसा जान सकते हैं क्या, इस शंका में कहते हैं;

एतान्यादाय चरमशरीरमिति स्वेनैव निश्चेतुं शक्यम् ।।२७७।।

इनको देख चरम शरीर करके आप निश्चय कर सकता है।।२७७।।

इस प्रकार ऊपर ऊपर नवनवोन्मेषरूप से उत्पन्न होने वाले ज्ञान, भक्ति, वैराग्यों को देख इतः परं हमको एक शरीर परिग्रह न होगा यही चरम शरीर है ऐसा अपने मन में निश्चय कर सकता है।

तथा च सहवास विषयतया दिनचर्या में कहे हुए अनुकूलों के लक्षण और उनके सहवास फल को भी कह तदनंतर सहवास निवृत्ति विषयतया कहे हुए प्रतिकूलों को कहते हैं;

प्रतिकूला भवंति देहात्माभिमानिनः स्वतंत्रा अन्यशेषभूता उपायांतरनिष्ठाः स्वप्रयोजनपराः ।।२७८।।

प्रतिकूल माने देहात्माभिमानी, स्वतंत्र, अन्यशेषभूत, उपायांतरनिष्ठ और स्वप्रयोजनपर हैं ।।२७८।।

''देहात्माभिमानी'' माने 'दीखने वाले देह से अन्य एक आत्मा है ऐसा न जान देह में अहं बुद्धि कर देह ही को आत्मतया जानने वाले'।

''स्वतंत्र'' माने 'देहातिरिक्त आत्मवस्तु को जान कर भी उस आत्मा को स्वतंत्र जान किसी का शेष नहीं मानने वाले'।

''अन्यशेषभूत'' माने 'शेषत्व को मान कर भी उसे अप्राप्त विषय में विनियोग करने वाले'।

''उपायांतरनिष्ठ'' माने 'प्राप्तशेषी सर्वेश्वर के शेषभूत होने पर भी उसकी प्राप्ति का उपाय उसके चरणारविंद की शरणागति न समझ कर्मादि उपायों का आश्रयण करने वाले'।

''स्वप्रयोजनपर'' माने 'प्राप्तशेषी के चरणारविंद को उपायतया स्वीकार करने पर भी शरणागति को उपाय मान उपेयभूत कैंकर्य को अपना भोग्य मानने वाले' इस प्रकार रहने वाले प्रणव में तृतीयाक्षर से आत्मा की देहभिन्नता, प्रथमाक्षर में चतुर्थी से भगवत्शेषत्व, मध्यमाक्षर से अनन्यार्हत्व, मध्यम पद से अनन्य शरणत्व, चरम पद से अनन्यभोग्यत्व—इन सबको अनुष्ठानपर्यन्त जान कर रहने वाले अधिकारी को प्रतिकूल ही हैं।

इस प्रातिकूल्य का उपपादन करने के लिये इनके विरुद्ध अभिप्राय के कारण उद्देश्यादि भेदों को कहते हैं;

एतेषामुद्देश्या उपायोपेयाश्च भिन्नभिन्नाः ।।२७९।।

इनके उद्देश्य, उपाय और उपेय भिन्न भिन्न हैं ।।२७९।।

''उद्देश्य'' माने 'आदरणीय', वे स्वाभिमत को देने वाले हैं। ''उपाय'' माने 'अपने अभिमत पुरुषार्थ का साधन'। ''उपेय'' माने 'स्वाभिमत पुरुषार्थ'। ''ये भिन्न भिन्न हैं'' माने 'अपनी अपनी रुचि के अनुगुण भिन्न भिन्न हैं'।

उसका क्रम से विवरण करते हैं;

देहात्माभिमानिनामुद्देश्या देहवर्द्धका मनुष्याः। उपायोऽर्थः। उपेयमैहिकभोगः।
स्वतंत्राणामुद्देश्याः स्वर्गादिभोगप्रदाः। उपायः कर्मानुष्ठानम्। उपेयं स्वर्गादिभोगः।
अन्यशेषभूतानामुद्देश्याः ब्रह्मरुद्रादयः। उपायस्तत्समाश्रयणम्। उपेयं तत्सायुज्यम्।
उपायांतरनिष्ठानामुद्देश्यो देवतांतर्यामीश्वरः। उपायः कर्मज्ञानभक्तयः। उपेयं भगवदनुभवः।
स्वप्रयोजनपराणामुद्देश्योऽर्चावतार ईश्वरः। उपायः स्वकृतमाश्रयणम्। उपेयं स्वार्थकैंकर्यम् ।।२८०।।

देहात्माभिमानियों का उद्देश्य देहवर्धक मनुष्य। उपाय—अर्थ। उपेय—ऐहिक भोग। स्वतंत्रों का उद्देश्य—स्वर्गादि भोग को देने वाले। उपाय—कर्मानुष्ठान। उपेय—स्वर्गादि भोग। अन्यशेषभूतों का उद्देश्य—ब्रह्म रुद्रादि। उपाय—उनका आश्रयण। उपेय—उनका सायुज्य। उपायांतरनिष्ठों का उद्देश्य—देवतांतर्यामी सर्वेश्वर। उपाय—कर्म, ज्ञान, भक्ति। उपेय—भगवदनुभव। स्वप्रयोजनपरों का उद्देश्य—अर्चावतार। उपाय—स्वगतस्वीकार। उपेय—स्वार्थ कैंकर्य।।२८०।।

	अधिकारी	उद्देश्य	उपाय	उपेय
१.	देहात्माभिमानी	देहवर्धक मनुष्य	अर्थ	ऐहिक भोग
२.	स्वतंत्र	स्वर्ग आदि भोग को देने वाले देवता	कर्मानुष्ठान	स्वर्ग आदि भोग
३.	अन्य शेषभूत	ब्रह्मा रुद्र आदि	उनका आश्रयण	उनका सायुज्य
४.	उपायांतरनिष्ठ	देवतांतर्यामी सर्वेश्वर	कर्म, ज्ञान, भक्ति	भगवत् अनुभव
५.	स्वप्रयोजनपर	अर्चावतार	स्वगत स्वीकार	स्वार्थ कैंकर्य

देह ही को आत्मा समझने वालों का उद्देश्य धारक पोषक भोग्य पदार्थों से देह को सम्यक् बढ़ाने वाले। अभिमत सिद्धि का उपाय सुवर्णादि धन है। अभिमत उपेय इह लोक का स्त्री अन्न पानादि विषयानुभव है।

देहातिरिक्त आत्मा है वह ज्ञातृत्व, कर्तृत्व, भोक्तृत्व विशिष्ट है ऐसा शास्त्र द्वारा जान कर भी अपने को स्वतंत्र मानने वालों का उद्देश्य अनुष्ठित साधनानुरूप स्वर्गादि भोगों को देने वाले इन्द्रादि देवता हैं। उपाय 'स्वर्ग कामना वाले ज्योतिष्टोम याग करें' इत्यादि से कहे जाने वाले फल कामना सहित यागादि कर्मानुष्ठान हैं। उपेय ऐहिक भोग से विलक्षण स्वर्गादि अनुभव है।

जगत् दैव के अधीन है ऐसा शास्त्रों में सुनने से शेषत्व को मान कर भी उसको परदेवता पर्यंत न जाने दे आपातप्रतीति सिद्ध देवताओं में एक को आश्रयण कर

रहने वाले अन्यशेषभूतों का उद्देश्य जगत सृष्टि संहार करने से अपने को पर समझने वाले ब्रह्मरुद्रादि हैं। उपाय दु:ख से आराधना करने योग्य उनके विषय में क्रियमाण आश्रयण है। उपेय उनके समान भोगरूप सायुज्य है। ''सायुज्य'' माने 'दोनों के भोक्तव्य की समानता'। ''सार्ष्टिता'' माने 'भोग की समानता' ऐसा कहा है।

आत्मस्वरूप भगवदनन्यार्ह शेषभूत है ऐसा वेदांत द्वारा जान अभिमत लाभ के लिये ईश्वर को ही उपायतया स्वीकार न कर उपायांतरों को करने वालों का उद्देश्य अग्नि इन्द्रादि देवताओं के अंतर्यामी सर्वेश्वर हैं। उपाय, अलग अलग मोक्ष साधनतया शास्त्र सिद्ध कर्म ज्ञान भक्ति योग है, इनमें प्रत्येक उपाय होने पर बाकी दोनों उसके अंग होते हैं; 'ज्ञान भक्ति सहित कर्मयोग जनकादियों में, कर्म भक्ति सहित ज्ञानयोग जड़भरतादियों में, कर्म ज्ञान सहित भक्तियोग प्रह्लादादियों में दीखता है।' यद्वा कर्म ज्ञान भक्ति; वेदांत रीति से **कर्म ज्ञान सहित भक्ति ही उपाय है** बाकी दोनों अंग होने से गौणतया उपाय कहे जाते हैं। उपेय, 'सर्वज्ञ ब्रह्म के साथ वह मुक्त पुरुष सब गुणों का अनुभव करता है' इति श्रुति, '*इसके ऊपर और कोई आह्लाद नहीं ऐसी एकांत भगवत्प्राप्ति संसार का औषध है*' इति श्रुत्युपबृंहण से भी कहे जाने वाला अत्यानन्द युक्त भगवदनुभव है।

कर्मादि उपायों में दुष्करत्व बुद्धि से उनको छोड़ सुलभ समझ प्रपत्ति में निष्ठा वाले स्वप्रयोजनपरों का उद्देश्य, आश्रित लोग जिस द्रव्य से ईश्वर की अर्चा बनाते हैं उसही अर्चाविग्रह में अत्यादर पूर्वक सन्निधि करते हुए अत्यंत सुलभ अर्चावतार हैं। उपाय, अनिष्टनिवृत्ति और इष्ट प्राप्ति के लिये उसी को उपायतया आश्रयणरूप स्वगत स्वीकार है। उपेय स्वमुखोल्लासार्थ क्रियमाण कैंकर्य है।

तथा च उद्देश्यादि भेद से उनमें विद्यमान भेद को कहा। अब इनमें भगवत्संबंध रहित तीन और भगवत्संबंध सहित दो इनके भेद कहते हैं;

पूर्वोक्तास्त्रयो निग्रहस्य विषया:, अन्यौ द्वावनुग्रहस्य विषयौ ।।२८१।।

पहिले कहे हुए तीनों निग्रह के विषय हैं अवशिष्ट दोनों अनुग्रह के विषय हैं ।।२८१।।

देहात्माभिमानी, स्वतंत्र, अन्यशेष ये तीनों भगवत्संबंध रहित होने से **'क्षिपामि'** इत्युक्त भगवत् निग्रह के विषय हैं। प्रकृति से भिन्न भगवदनन्यार्ह शेषभूत आत्मस्वरूप को जान भगवदनुभव कैंकर्य को पुरुषार्थ समझने से अनन्यप्रयोजन हो कर्म ज्ञानादि उपायांतर और प्रपत्ति में निष्ठा वाले ये दोनों **'ददामि' 'मोक्षयिष्यामि'** इत्युक्त भगवदनुग्रह के विषय हैं।

इनके कर्मनाश के हेतु भिन्न होने से होने वाले तारतम्य को दिखाते हैं;

त्रयाणामपि कर्मानुभवविनाश्यं चतुर्थाधिकारिण: प्रायश्चित्तविनाश्यं, पञ्चमाधिकारिण: पुरुषकारविनाश्यम् ।।२८२।।

तीनों का कर्म अनुभव से नष्ट होता है, चौथे अधिकारी का कर्म प्रायश्चित्त से नष्ट होता है, पाँचवें का कर्म पुरुषकार से नष्ट होता है ।।२८२।।

निग्रह विषयभूत तीनों का अनादि कालार्जित सत् और असत्कर्म,

'अवश्यमनुभोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्।
नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि।।'

'किया हुआ सत् और असत् कर्म अवश्य ही भोगा जाता है करोड़ों कल्पों से भी भोगे बिना नष्ट नहीं होता है' इस वचनानुसार भोगने से नष्ट होता है ऐसा कहे हैं।

अनुग्रह विषय भूत उपायांतरनिष्ठ चतुर्थ अधिकारी का कर्म ज्ञान भक्तियों में किसी एक का अनुष्ठानरूप प्रायश्चित्त से नष्ट होने से प्रायश्यित्त से नष्ट होता है कहे हैं।

प्रपत्तिनिष्ठ पंचम अधिकारी के आश्रयण के समय में अनादिकाल कृत अपराध से भीत हो उनको क्षमा कराने के लिये लक्ष्मी का पुरुषकार कर आश्रयण करने से उनके लिये चेतन के सब अपराध को क्षमा कर सब कर्मो का नाश करने से पुरुषकार से नष्ट होता है कहे हैं।

इस तरह पुरुषकार की अपेक्षा करने से उपाय की निरपेक्षता भंग न होगी क्या इस शंका में कहते हैं;

उपायः स्वीकारे पुरुषसापेक्षः पुरुषकारसापेक्षश्च भवेत्, कार्यकाले उभयनिरपेक्षश्च भवेत् ।।२८३।।

उपाय, स्वीकार काल में चेतन और पुरुषकार की अपेक्षा करता है, कार्य करने के समय उभय निरपेक्ष होता है ।।२८३।।

सहायांतर संबंध को न सहने वाला सिद्धोपाय शरणागति को स्वीकार करने के समय, स्वीकर्ता चेतन व स्वीकार कराने वाला पुरुषकार इन दोनों की अपेक्षा करता है। स्वीकार किये जाने पर ईश्वर अनिष्ट निवृत्तिपूर्वक इष्ट प्राप्ति करने के समय चेतन और पुरुषकार इन दोनों की अपेक्षा न कर स्वयमेव कर्ता है। कार्य काल में सहकारी की अपेक्षा होने पर ही उपाय की निरपेक्षता का भंग होगा।

स्वप्रयोजनपरों को प्रतिकूल कहे हैं यह स्वप्रयोजनपरता अनुकूलाग्रेसर सूरियों में दीखने से उनमें प्रातिकूल्य बुद्धि का परिहार करने के लिये विचार कर तद्विषय शंका का अनुवाद करते हैं;

स्वप्रयोजनपराः सर्वे प्रतिकूला इति कथमुच्यंत इति चेत् ।।२८४।।

स्वप्रयोजनपर सबको प्रतिकूल समझ सकते हैं क्या ।।२८४।।

'हमको अच्छा होगा इसलिये' 'हम देख संतुष्ट हों जैसे नाचें वैसे पृथिवी पर संचार करो' 'आपको देख संतुष्ट होने के लिये' इन वचनों से और मडल ग्रहण प्रभृतियों से सूरियों में भी यह स्वप्रयोजनपरता

दीखती है इस तरह स्वप्रयोजनपर सबको प्रतिकूल कहने पर सूरियों को भी ऐसा न समझना पड़ेगा क्या? शंका का यह अभिप्राय है। उसका परिहार करते हैं;

अत्र स्वप्रयोजनमित्याश्रयदोषजन्यमुच्यते ।।२८५।।

यहाँ स्वप्रयोजन कहते हैं आश्रय दोष से होने वाले दोष को ।।२८५।।

प्रतिकूलतया कहने के इस स्थल में ''स्वप्रयोजन'' माने 'अनुभव कैंकर्य के आश्रयभूत चेतन के अविद्यादि दोष से होने वाला स्वप्रयोजन'। इसको 'आश्रयदोष से होने वाला' ऐसे अलग करने से सूरियों का स्वप्रयोजन विषयदोष से होने वाला ऐसा अभिप्राय है। इस अर्थ को 'विषय दोष से होने वाले' (सू. २८७) इस वाक्य से स्पष्ट कहेंगे।

इस अर्थ को समाप्त करते हैं;

अतो न दोषः ।।२८६।।

इसलिये दोष नहीं ।।२८६।।

प्रातिकूल्यहेतुतया कहा हुआ स्वप्रयोजन आश्रय-दोषजन्य, सूरियों का स्वप्रयोजन विषयदोषजन्य होने से वह प्रातिकूल्य इनमें होगा ऐसी शंका का अवकाश नहीं है।

इस प्रकार आश्रयदोषजन्य न हो विषयदोषजन्य होने से भी स्वरूपविरुद्ध त्याज्य नहीं है क्या? इस शंका में कहते हैं;

विषयदोषप्रयुक्तानि सर्वाणि दुस्त्यजं खलु ।।२८७।।

विषयदोष से होने वाले सब दुस्त्यज हैं ।।२८७।।

भगवत् विग्रह सौन्दर्य देख भगवत् विषय में प्रवण होने वाले को लौटाना अशक्य है।

अनुभवविषयभूत उनके वज्रद्रावक पुरुषों को भी स्त्री बनाने वाले विग्रह सौंदर्यरूप दोष से होने वाली स्वप्रयोजनपरता, उसका हेतु प्रावण्य, उसकी सिद्धि के लिये क्रियमाण इन सम्पूर्ण व्यापारों को स्वरूप विरुद्ध मान छोड़ने का विचार करने पर भी दुस्त्यज हैं।

विषयदोष से होने वाले दुस्त्यज हैं इसमें प्रमाण दिखाते हैं;

'मूकैर्बधिराणां वार्ता' 'कथमन्यदिच्छति' ।।२८८।।

'मूकों के साथ बधिरों की वार्ता' 'और को कैसे चाहेगा' ।।२८८।।

'परमात्मा ही फल हैं ऐसा निश्चय करने पर उनके आगमन पर्यन्त क्रम प्राप्ति को देख सहना चाहिये तुमको ऐसी त्वरा न होनी चाहिये' ऐसे माताओं के वचन को सुन इस विषय में प्रावण्य रहित हमारी इस स्थिति का मूलभूत तुम हमारी दशा को नहीं जान सकती हो, 'वह वह' ऐसा कहने योग्य श्रियः पति विषय प्रावण्य पूर्णतया पाई हुई और उनकी अप्राप्ति से जीने को अशक्त मैं उनके स्थान में जा प्राप्त होना उचित होने पर भी शिथिलित पादवाली मुझसे उनके साथ न मिलने के लिये उच्यमान तुम लोगों की वार्ता

सुनने को कर्ण रहित बधिरों के साथ कहने को मुखरहित मूकों की वार्ता के सदृश है ऐसा गोदादेवी कही हैं। 'आपके अमृत बहने वाले' ऐसे आरंभ कर प्राप्तशेषी आपके मधुस्यन्दी चरणारविन्दों की भोग्यता में मग्न हुआ मन अन्य क्षुद्र विषय को कैसे चाहेगा? मधु से जीने वाला भ्रमर मधु परिपूर्ण कमलपुष्प होने पर उसके रस को जान, समीप में जाने को अशक्य, जाने पर भी जिह्वा को गीला नहीं कर सके ऐसे कंटकित पुष्प के पास नहीं जाता, इतना ही नहीं उसको देख भी नहीं सकता ऐसा यामुनाचार्य स्वामी कहे हैं। विग्रह सौंदर्य देख भगवद्विषय में प्रवण होने वालों को लौटाना अशक्य है ऐसा भान होने से विषयदोष से होने वाले दुस्त्यज हैं यह सिद्ध होता है।

तथा च दिनचर्योक्त मंगलाशासन, अनुकूल सहवास और प्रतिकूल सहवास निवृत्तियों का विवरण किये हैं। अब 'सदाचार्यानुग्रह से जैसे बढ़े वैसे वर्तन करना' इस वाक्य का विवरण करते हैं;

एवमेतेषां सर्वेषां सदाचार्यप्रसादेन वर्द्धनसमये वस्तव्यमाचार्यसन्निधिर्भगवत्सन्निधिश्च, वक्तव्यमाचार्यवैभवः स्वनिकर्षश्च, जप्तव्यं गुरुपरंपरा द्वयं च, परिग्राह्यं पूर्वाचार्यवचनमनुष्ठानं च, परित्याज्योऽवैष्णवसहवासोऽभिमानश्च, कर्तव्यमाचार्यकैंकर्यं भगवत्कैंकर्यं च ।।२८९।।

एवं ये सब सदाचार्यानुग्रह से बढ़ने के समय, आचार्य सन्निधि और भगवत् सन्निधि में वास करना, आचार्य वैभव और अपनी निकृष्टता को कहना, गुरु परंपरा और द्वयमंत्र का जप करना, पूर्वाचार्यों के वचन और अनुष्ठान का परिग्रह करना, अवैष्णवों का सहवास और अभिमान का त्याग करना, आचार्य कैंकर्य और भगवत्कैंकर्य करना ।।२८९।।



पूर्वोक्त प्रकार सब गुण सदाचार्यानुग्रह से बढ़ने के समय इस चेतन का वासस्थल हितचिंतक उपदेशादियों से सद्गुणों का जनक अपने आचार्य की सन्निधि, वह दिखाने पर अंगीकार कर उनके प्रीति का विषय अपने विषय में विशेष कटाक्ष करने वाला अर्चावताररूप भगवत्सन्निधि है।

'गुरुणा सह संवासस्तदभावे मयापि वा' इनमें आचार्य सन्निधि ही प्रधान है उसके अलाभ में अर्चावतार



सन्निधि समझना। इसलिये ही आचार्य सन्निधि को पहले कहे हैं। हमारे भक्तों के संग वास करना वह न मिले तो हमारे साथ वास करना ऐसा भगवान ही कहे हैं।

आचार्य वैभव . . . इस चेतन का सर्वकाल भी वाक् से वक्तव्य; दुर्गति को भेंट समझ अंगीकार करने वाले आचार्य का दयाक्षांति आदि वैभव, दयादि गुण परिपूर्ण भी, उपेक्षा करने योग्य दुर्गुण पूर्ण अपनी नीचता, ये दोनों हैं। श्री मधुरकवि सूरि 'ग्रंथिपूर्ण सूक्ष्म रज्जु' नामक प्रबंध में इन दोनों को स्पष्ट कहे हैं।

गुरुपरम्परा . . .; इस चेतन के कालक्षेप और भोग के लिये रस्यतया अनुसंधान करने योग्य **'रामानुजांघ्रिशरणोस्मि कुलप्रदीप'** 'रामानुज के चरण ही उपाय हैं' इस वचनानुसार सर्वेश्वर शीतल कटाक्ष करने के उपयुक्त 'सदाचार्य वंश जानने योग्य हैं' 'आचार्यों में अमुक अमुक कर भगवान पर्यंत' इस



वचनानुसार स्वाचार्य परमाचार्य भगवत्पर्यंत गुरुपरंपरा, उस गुरुपरंपरा से प्राप्त स्वाचार्य से अपने को उपायतया उपदिष्ट द्वयमंत्र भी है। इससे गुरुपरम्परा पूर्वक द्वय ही इस चेतन को रहस्यतया अनुसंधान करने योग्य है। भाष्यकार से कालक्षेप प्रकार को कहने के समय **'द्वयमर्थानुसंधानेन सह सदैवं वक्ता'** 'द्वयमंत्र को अर्थानुसंधान के साथ सदा कहता हुआ' ऐसा श्रीरंगनाथ जी कहे हैं।



पूर्वाचार्यों के . . . ; ज्ञानानुष्ठान स्थिर होने के लिये नाथमुनि प्रभृति पूर्वाचार्यों के ज्ञातव्यार्थों का प्रकाश करने वाले वचन और उन वचनानुरूप अनुष्ठानों का भी परिग्रह करना। 'शिलाहारी शिल (खेत काट लेने पर खेत में गिरे हुए धान्य को चुनने) को जैसे वैसे महत्पुरुषों के वचन और अनुष्ठानों का बुद्धिमान संग्रह करे' ऐसा कहा है।

अवैष्णव सहवास . . . ज्ञानानुष्ठानों के नाशक ऐसी भीति से वैष्णव के लक्षण रहित लोगों के साथ सहवास और उनके संबंध का त्याग करना चाहिये।

१. वस्तव्य, २. वक्तव्य, ३. जप्तव्य, ४. परिग्राह्य, ५. परित्याज्य, ६. कर्तव्य, इनको जान इनमें निष्ठित होना चाहिये।

आचार्य कैंकर्य . . . . . . इस चेतन का स्वरूप-अनुरूप कैंकर्य, महोपकारक अपने आचार्य के विषय में प्रेमपूर्वक क्रियमाण कैंकर्य, आचार्य की आज्ञा से क्रियमाण भगवत्कैंकर्य ही है।

दिनचर्या में उक्त सब गुण माने वस्तव्य, वक्तव्य, जप्तव्य, परिग्राह्य, परित्याज्य, कर्तव्य इनको जान इनमें निष्ठित होना।

इस प्रकार कर्तव्य और कैंकर्य दोनों को कैसे जानना इस शंका में कहते हैं;

पूर्वोक्तभगवत्कैंकर्यं ज्ञायते शास्त्रमुखेन, आचार्यकैंकर्यं ज्ञायते शास्त्रमुखेनाचार्यवचनेनच ॥२९०॥

पहले कहे हुए भगवत्कैंकर्य को शास्त्र द्वारा जानना, आचार्य कैंकर्य को शास्त्र और आचार्य वचन द्वारा जानना ॥ २९०॥

भगवत्कैंकर्य को भगवान मुँह खोल कुछ वार्ता न करने से श्रुति स्मृति आदि शास्त्र द्वारा जानना।

आचार्य की शुश्रूषादि कैंकर्य का प्रतिपादन करने वाले शास्त्र द्वारा और उनके वचन द्वारा भी जानना।

अब कैंकर्य स्वरूप को जनाने के लिये कहते हैं;

कैंकर्यं च द्विविधम् ॥२९१॥

कैंकर्य दो प्रकार का है ॥ २९१॥

वह प्रकार कौन है इस शंका में कहते हैं;

तच्चेष्टकरणमनिष्टनिवृत्तिश्च ॥२९२॥

इष्ट को करना अनिष्ट को छोड़ना ॥ २९२॥

ये दोनों किसका अवलंबन कर रहते हैं इस शंका में कहते हैं;

इष्टानिष्टे वर्णाश्रमावात्मस्वरूपं चावलंब्य वर्तेते॥२९८॥*

इष्ट और अनिष्ट वर्णाश्रम और आत्म स्वरूप का भी अवलंबन कर रहते हैं ॥ २९८॥*

पूर्वोक्त कैंकर्य के प्रतिसंबंधी ईश्वर और आचार्य के इष्टानिष्ट इस अधिकारी के वर्णाश्रम और आत्मस्वरूप

* सुविधा के लिए (मूल के अनुसार) सूत्र क्रमांक इसी तरह रखे गये हैं।

का अवलंबन कर होते हैं। स्ववर्णाश्रमोचित धर्मों को परार्थ बुद्धि से अनुष्ठान करना इष्ट है स्वार्थबुद्धि से अनुष्ठान करना अनिष्ट है। ''परार्थबुद्ध्या अनुष्ठान'' माने 'लोक संग्रहतया शिष्यपुत्रोज्जीवनार्थ दया से अनुष्ठान करना'। इस अर्थ को 'हमारे आचार्यकर्तृक अनुष्ठान शिष्यपुत्रों के उज्जीवनार्थ दया से हैं। ऐसा न करने पर भगवद्विभूतिरूप चेतनों का नाश हेतु होने से ईश्वर को अनभिमत होगा इसलिये जितना करने से लोकसंग्रह और शिष्यपुत्रों का उज्जीवन होगा उतना करना चाहिये। प्रवृत्तिधर्म ही अभिसंधि (अनुसंधान) भेद से जैसे निवृत्तिधर्म होता है वैसे यह निवृत्तिधर्म भी प्राप्य होता है। इनको नहीं करने से प्रत्यवाय, परमात्मा की अप्रीति और अपने पुरुषार्थ की हानि भी होगी।' ऐसा तनिश्लोक नामक रहस्य ग्रंथ में कहे हैं। ''स्वार्थबुद्ध्या अनुष्ठान'' माने 'स्ववर्ण आश्रमोचिततया विहित होने से हमारे इसको नहीं करने से कृत्याकरणरूप पाप होगा ऐसा समझ अनुष्ठान करना'। ''इष्टानिष्ट आत्मस्वरूप को अवलंबन कर रहते हैं'' माने 'विनियोगदशा में शेषी के इच्छानुगुण अपने स्वरूप को बचाना इष्ट है इसके विपरीत करना माने अपने शेषत्व की रक्षा करने के लिये पीछे हटना, अपने पारतंत्र्य को देख अभिमुख न होना आदि अनिष्ट हैं'।

'श्रुतिस्मृति ममैवाज्ञा यस्तामुल्लंघ्य वर्तते।
आज्ञाच्छेदी मम द्रोही मद्भक्तोपि न वैष्णवः।।'

'श्रुति स्मृति हमारी आज्ञा हैं इनका जो उल्लंघन करता है वह आज्ञाभंगकारी हमारा द्रोही है मेरा भक्त होने पर भी वैष्णव नहीं कहलाता है।' 'धर्मों का नाश न होने के लिये, कुल के पालन के लिये, लोकसंग्रह के लिये, मर्यादास्थापन के लिये, मेरे और विष्णु की प्रीति के लिये बुद्धिमान वैदिकाचार को मन से भी उल्लंघन नहीं करे। राजा का अतिप्रिय मंत्री राजा से प्रवाहित लोकोपयोगिनी बहुसस्य विवर्द्धिनी रमणीय नदी को तोड़ने से जैसे शूली पर चढ़ाया जाता है वैसे वेदनिर्मित मर्यादा को तोड़ने वाला मनुष्य हमारी आज्ञोल्लंघन करने से भक्त होने पर भी प्रिय नहीं होता है। **'उपायत्वग्रहं तत्र वर्जयेन्मनसा सुधीः'** बुद्धिमान को उनमें उपायत्व बुद्धि छोड़ देनी चाहिये'।

अतः लक्ष्मी और नारायण के वचन और पूर्वाचार्यों के वचनानुष्ठानों के साथ भी विरोध नहीं होने के लिये वर्णाश्रम धर्मानुष्ठान करना चाहिये।

एवं वर्णाश्रमानुष्ठानों को जनाने में आत्मस्वरूप के विनियोग दशा में आनुकूल्य और प्रातिकूल्यों में इष्टानिष्टों का विभाग करना आवश्यक है क्या? वर्णाश्रमानुरूप और स्वरूपानुरूप कृत्यों को करना इष्ट है तद्विरुद्ध अकृत्यादि करना अनिष्ट है ऐसा कहने में दोष क्या इस शंका में कहते हैं;

पुण्याद्भीतः पापं न कुर्यात् खलु ।।२९९।।
पुण्य से डरने वाला पाप नहीं करेगा ।। २९९।।

भगवदनुग्रह हेतुतया शास्त्र सिद्ध होने पर भी मोक्ष विरोधी समझ पुण्य करने से भी डरने वाला यह प्रपन्न अधिकारी भगवन्निग्रह हेतुतया शास्त्रसिद्ध समझ सामान्य लोगों के भी नहीं करने के पाप को कदापि नहीं करेगा।

यह पुण्य से डरने का प्रकार, वात्सल्यगुणयुक्त ईश्वर अपेक्षा करने पर भी पाप को नहीं करने के प्रकार को भी दिखाते हैं;

अयं पुण्यं पापमिति तिष्ठति, स पापं पुण्यमिति तिष्ठति तस्येदं दुर्लभं, अयं तन्न कुर्यात् ।।३००।।

यह पुण्य को पाप समझता है, वह पाप को पुण्य समझता है, उसको पाप नहीं मिलता है, यह पाप नहीं करेगा ।। ३००।।

'तदा विद्वान् पुण्यपापे विधूय निरंजनः परमं साम्यमुपैति' 'उपासक पुण्य पाप को छोड़ निर्लिप्त हो परमात्मा के सादृश्य को पाता है' ऐसा कहने से पुण्य पाप दोनों को मोक्ष का विरोधी समझने वाला यह अधिकारी, लोग सुख हेतु समझे हुये पुण्य को भगवत्प्राप्ति प्रतिबंधक होने से, अनिष्टावह दुःख हेतु पाप समझ उपेक्षा करता है। आश्रितकर्तृक पाप को पुण्य समझने वाले अति मात्र वत्सल ईश्वर इस अधिकारी के किसी भी पाप को करने पर उसको पाप नहीं समझ पुण्य ही समझता है उसका स्वभाव ऐसा होने पर भी यह अधिकारी पाप में प्रवृत्त न हो नियमपूर्वक वर्तन करने से पाप को पुण्य समझने वाले ईश्वर आशा मात्र करके रह जायगा उसको पाप नहीं मिलेगा। तथा च कर्तव्यतया उक्त कैंकर्य को जानने के कारण, कैंकर्य दो प्रकार का है, उनका निरूपण, उन दोनों का अवलंबन अमुक है ऐसा कह उसमें प्रसंगात् आई हुई शंका का परिहार किये हैं।

ईदृश कैंकर्य इस चेतन से किसी एक प्रकार से होना चाहिये ऐसा विचार इसकी अवश्यकरणीयता को कहते हैं;

कैंकर्यं च भक्तिमूलं स्यात् अथवा भीतिमूलं स्यात् ।।३०१।।

कैंकर्य भक्ति द्वारा न होवे तो भीतिमूल तो भी होना चाहिये ।। ३०१।।

''भक्तिद्वारा होना'' माने 'शेषी के मुखोल्लास के उचित करने योग्य तद्विषय प्रेम द्वारा होना'। ''न हो तो भीतिमूल तो भी होना'' माने 'भक्तिमूल न हो तो **'अकिंचित्करस्य शेषत्वानुपपत्तिः'** 'कुछ भी नहीं करने वाले को शेषत्व न होगा' इत्युक्त प्रकार शेषत्व सूचक वृत्ति न होने से शेषत्व की हानि होगी ऐसी भीति से होना। इसमें भक्तिमूल होना ही प्रधान है न हो तो भीतिद्वारा तो भी होना चाहिये।

उसके भी अभाव में क्या किया जाय इस शंका में कहते हैं;

तदपि नास्ति चेत् अधिकारे उपायोपेययोश्चान्वयो नास्ति ।।३०२।।

उसका भी अभाव होने पर अधिकार उपाय और उपेय में संबंध छूट जायगा ।। ३०२।।

> **कैंकर्य न करने पर भगवान को उपाय और उपेय बनाने का अधिकार ही न रहेगा।**

अमुख्य भीतिमूल कैंकर्य भी न होने पर किंचित्काराभाव से शेषत्वरूप अधिकार में, अधिकारी की अपेक्षा करने वाले शेषी की कृपारूप उपाय में, चेतन के अनुकूलवृत्ति की अपेक्षा करने वाले स्वामी के मुखोल्लास में भी संबंध नष्ट हो जायेगा। तथा च पूर्व दो वाक्य से कैंकर्य की अवश्य कर्तव्यता, कैंकर्याभाव में होने वाले अनर्थ भी दिखाये गये, अब इस कैंकर्य में साधनबुद्धि को दूर करते हैं;

कैंकर्यं फलसाधनमकृत्वा फलं कुर्यात् ।।३०३।।

कैंकर्य को फल का साधन नहीं मान फल मानना चाहिये ।।३०३।।

इस प्रकार अवश्यकर्तव्यतया पूर्वोक्त कैंकर्य को दृष्टादृष्ट फलों का साधन नहीं मान स्वयं प्रयोजन मानना चाहिये। इसको विशद करते हैं;

तच्च स्वयं हस्तप्रसारणमकृत्वा स यथा हस्तं प्रसारयेत् तथा करणम् ।।३०४।।

आप हाथ न पसार उनको हाथ पसारने देना ।।३०४।।

कैंकर्य करने वाले को उसके फलतया परमात्मा के पास किसी फल को नहीं माँग स्वयं प्रयोजन मान करना, कैंकर्य को स्वीकार करने वाले ईश्वर को 'उन सब कार्यों को शिरसा स्वामी प्रतिग्रह करते हैं' इस वचनानुसार स्वपूर्ति को नहीं देख सापेक्ष हो आदरपूर्वक ईश्वर अंगीकार करें ऐसा करना।

इतना मात्र नहीं किंतु अपने से दिये हुये को वे स्वीकार किये हैं इस उपकार को विचार प्रत्युपकार भी करना चाहिये ऐसा कहते हैं;

दत्वा स्वीकारमकृत्वा स्वीकारस्य हस्तपण्यं च देयम् ।।३०५।।

देकर नहीं लेकर स्वीकार के बदले मजूरी देना ।।३०५।।

'देहि मे ददामि ते' 'मुझे दो तुझे दूँगा' ऐसे स्वयं उसको देकर उससे एक प्रयोजन को न लेकर 'आज आकर इतने भोजन करने पर मैं एक को सौ, हजार देकर फिर भी कैंकर्य करूँगी' इत्युक्त गोदादेवी की तरह **अपने से दिये हुए को वे अंगीकार किये इस उपकार के लिये अपने प्रेमानुगुण परिपूर्ण प्रीति से समर्पण कर फिर और कैंकर्य रूप मजूरी को भी देना चाहिये।**

अनन्यप्रयोजन हो कैंकर्य करने से ही स्वरूप उज्ज्वल होगा।

ऐसे अनन्यप्रयोजन हो कैंकर्य करने से ही स्वरूप उज्ज्वल होगा। इस अर्थ को दृष्टांत पूर्वक कहते हैं;

श्रीविदुरवछ्रीमालाकारवत्कुब्जावच्च किंचित्कारे कृते स्वरूपमुज्ज्वलं भवति ।।३०६।।

श्रीविदुर, श्रीमालाकार और कुब्जा की तरह कैंकर्य करने पर ही स्वरूप उज्ज्वल होगा ।।३०६।।

दृष्टान्तभूत तीनों के कैंकर्य प्रकार को कहते हैं;

अंकशोधनरहितमोदनं, केशगंधरहितं पुष्पं, चूर्णस्पर्शरहितो गंधश्च खलु तैर्दत्तः ।।३०७।।

कमर को खोजे बिना अन्न, केशगंध रहित पुष्प, चून के स्पर्श रहित चन्दन भी वे लोग दिये हैं ।।३०७।।

''कमर के खोजे बिना अन्न'' माने 'पहले आदर पूर्वक अन्न को खवाकर पीछे इसका मूल्य दो ऐसा द्रव्य ढूँढने के लिये कमर खोज भोजन करने वाले के हृदय को दु:खी करने वाले प्रयोजनान्तरपर दीयमान अन्न की तरह न होकर भोजन करने वाले का हृदय संतुष्ट हो वैसे अनन्यप्रयोजन हो दीयमान अन्न'। ऐसे

अन्न को ही,

'भुक्तवत्सु द्विजाग्रेषु निषण्णः परमासने।
विदुरान्नानि बुभुजे शुचीनि गुणवंति च।।'

'ब्राह्मण लोग भोजन करने पर उत्तमासन में बैठ शुचि और गुणवंत विदुर के अन्न को भोजन किये हैं' ऐसे पावनत्व भोग्यत्व से प्रशस्त अन्न को श्रीविदुरजी समर्पण किये हैं।

''केशगंधरहित पुष्प'' माने 'अग्निस्पर्श होने पर पुष्प केशगंध वाले हो जाते हैं, ऐसे ही प्रयोजनान्तर स्पर्शरूप केशगंधरहित अनन्यप्रयोजनत्वरूप परिमलयुक्त पुष्प'। ऐसे पुष्प को ही,

'प्रसादपरमौ नाथौ मम गेहमुपागतौ।
धन्योहमर्चयिष्यामीत्याह माल्योपजीवनः।।'

'अनुग्रह करने वाले सबके मालिक आप दोनों हमारे घर आये हैं मैं धन्य हुआ हूँ आपकी आराधना करूँगा ऐसा मालाओं को बेच जीने वाले मालाकार कहे हैं' ऐसे पराशर ऋषि जैसे श्लाघा करें वैसे मालाकार आदरपूर्वक फूल समर्पण किये हैं।

''चून के स्पर्शरहित चन्दन'' माने 'सहस्र स्वर्ण के मूल्य से बनाया हुआ चन्दन चून का स्पर्श होने से नष्ट होता है वैसे प्रयोजनान्तर स्पर्शरूप दोषरहित अनन्यप्रयोजनभूत चन्दन'। ऐसे चन्दन को,

'सुगन्धमेतद्राजार्हं रुचिरं रुचिरानने।
आवयोर्गात्रसदृशं दीयतामनुलेपनम्।।'

'यह सुगंध है यह राजा के अर्ह है यह सुन्दर है इनसे भिन्न हम दोनों के शरीर के सदृश चन्दन दो' ऐसा श्रीकृष्ण की प्रार्थना करने पर लगाने योग्य चन्दन कुब्जा दी थी। तथा च इस प्रकार अनन्यप्रयोजनपूर्वक कैंकर्य करने से ही कैंकर्याश्रय स्वरूप उज्ज्वल होता है।

तथा च एतावत्पर्यंत वस्तव्य आदियों में अन्त

में उक्त कर्तव्यरूप कैंकर्य का निरूपण कर तादृश कैंकर्य से स्वरूप उज्ज्वल होता है ऐसा कहे हैं।

इस तरह अनन्यप्रयोजन हो कैंकर्य करने से ही स्वरूप उज्ज्वल होता है इस वाक्य में मुक्तावस्था की कैंकर्य दशा में स्वरूप उज्ज्वल होता है यह भी कहा गया ऐसे विचार कैंकर्यदशा में जैसे स्वरूप को उज्ज्वल बनाते हैं वैसे कैंकर्य की पूर्वदशा में भी स्वरूप को उज्ज्वल बनाना चाहिये ऐसा कहते हैं;

कैंकर्यदशावत्पूर्वदशास्वपि स्वरूपमुज्ज्वलं कर्तव्यम् ।।३०८।।

कैंकर्यदशा की तरह पूर्वदशा में भी स्वरूप को उज्ज्वल बनाना चाहिये ।। ३०८।।

''पूर्वदशा'' माने 'कैंकर्य की पूर्वदशा'। पूर्व में कितनी दशायें हैं इस शंका में कहते हैं;

पूर्वं चतस्रो दशाः ।।३०९।।

पहले चार दशायें हैं ।। ३०९।।

वे चार दशायें कौन सी हैं, इस शंका में कहते हैं;

ताश्च—ज्ञानदशा वरणदशा प्राप्तिदशा प्राप्यानुभवदशा च ।।३१०।।

ज्ञानदशा, वरणदशा, प्राप्तिदशा और प्राप्यानुभवदशा ।। ३१०।।

''ज्ञानदशा'' माने 'आचार्योपदेश से अपने को ज्ञानप्राप्ति होने की दशा'।

''वरणदशा'' माने 'सिद्धोपायभूत सर्वेश्वर को अपने उपायतया स्वीकार करने की दशा'।

''प्राप्तिदशा'' माने 'सांसारिक सकल दुरित निवृत्तिपूर्वक उनके चरणारविन्दों की प्राप्तिदशा'।

''प्राप्यानुभवदशा'' माने 'प्राप्यभूत सर्वेश्वर के पास जा अनुभव करने की दशा'।

एतत् अनुभवजनित प्रीति से किये जाने वाला कैंकर्य ही परम पुरुषार्थ है। प्रथमापेक्षित तत्त्वज्ञान, **ज्ञानफल उपायवरण, वरणफल प्राप्ति, प्राप्तिफल अनुभव, अनुभवजनित प्रीति से किये जाने वाले कैंकर्य, ऐसा क्रम है। इस कारण कैंकर्यदशा चरमदशा है** उसकी पूर्वदशा चारों कैंकर्यदशा में जाने के लिये सीढ़ियाँ हैं।

इन दशाओं में स्वरूप को उज्ज्वल बनाने के प्रकार को दिखाते हैं;

ज्ञानदशायामज्ञानं पुरस्कार्यं, वरणदशायामपूर्तिः पुरस्कार्या, प्राप्तिदशायामार्तिः पुरस्कार्या, प्राप्यानुभवदशायामभिनिवेशः पुरस्कार्यः ।।३११।।

ज्ञानदशा में अज्ञान को आगे करेगा, वरणदशा में अपूर्ति को आगे करेगा, प्राप्तिदशा में आर्ति को आगे करेगा, प्राप्यानुभवदशा में आशा को आगे करेगा ।। ३११।।

''ज्ञानदशा में अज्ञान को आगे करना'' माने 'आचार्य जैसे अपने को ऊपर ऊपर अज्ञात ज्ञापन करेंगे वैसे तत्व हित पुरुषार्थों में अपने अज्ञान को बारम्बार निवेदन करना'।

''वरणदशा में अपूर्ति को आगे करना'' माने 'व्रतानुष्ठान नहीं किया हूँ, कर्मनिष्ठ नहीं हूँ, अच्छे

कर्म को किंचित् भी अर्जन नहीं किया हूँ इत्यादि प्रकार फल के हेतुतया समझने योग्य किसी तरह के सुकृत भी हममें नहीं हैं ऐसे आकिंचन्य को आगे करना'।

''प्राप्तिदशा में आर्ति को आगे करना'' माने 'जब प्राप्त होगा तब प्राप्त हो ऐसा न रह परमपद को विशद ज्ञान पूर्वक कब प्राप्त होऊँगा, धारणा नहीं कर सकता हूँ, बुला लेने का काल अभी आया नहीं क्या इत्यादि प्रकार विलम्बाऽसहनता से होने वाले अपने क्लेशातिशय को दिखाना'।

''प्राप्यानुभवदशा में अभिनिवेश (आशा) को आगे करना'' माने 'अत्यन्त प्यासे को जैसे पीये हुए जल से तृप्ति नहीं होती वैसे अनुभूत अंश में तृप्त न हो ऊपर ऊपर अपने अनुभव की आशा को प्रकाश करना'।

तथा च ''ज्ञानदशा प्रभृति चारों दशा में स्वरूप को उज्ज्वल करना'' माने 'इन इन आकारों को आगे करना ही है'।

इस प्रकार इस चेतन द्वारा इनको आगे करने पर इनकी शांति किससे होती है इस शंका में कहते हैं;

अस्याज्ञानस्य निवृत्तिराचार्यज्ञानेन, अपूर्तेर्निवृत्तिरीश्वरपूर्त्या,
आर्तेर्निवृत्तिः कृपया, अभिनिवेशस्य निवृत्तिरनुभवेन ।।३१२।।
अज्ञान आचार्यज्ञान से दूर होता है, अपूर्ति ईश्वरपूर्ति से दूर होती है,
आर्ति कृपा से दूर होती है, आशा अनुभव से दूर होती है ।। ३१२।।

तत्वहितादि में इसका अज्ञान उनको अलग अलग दिखा अज्ञात ज्ञापन करने वाले आचार्य के ज्ञान से वासना सहित दूर होता है।

फल के हेतुतया सत्कर्मादि का अभाव रूप अपूर्ति, चेतन के पास से कुछ भी अपेक्षा नहीं कर कार्य करने वाले ईश्वर की सहकारी निरपेक्षता रूप पूर्ति से दूर होती है।

शीघ्र चरणों की प्राप्ति के अभाव से होने वाली आर्ति, आर्ति को देख न सह उसी वक्त कार्य करने के उपयुक्त परदुःखासहिष्णुत्वरूप ईश्वर की कृपा से दूर होती है।

अनुभवदशा में क्षण क्षण उत्पन्न होने वाली आशा, उस विषय के ऊपर ऊपर अनुभव करने से नाश होती है।

इन अज्ञानादि चारों का हेतु क्या है इस आकांक्षा में कहते हैं;

अज्ञानस्य हेतुरपराधः अपूर्तेर्हेतुर्ज्ञानपूर्तिः आर्तेर्हेतुरलाभः अभिनिवेशस्यहेतुः सौंदर्यम् ।।३१३।।

अज्ञान का हेतु अपराध है, अपूर्ति का हेतु ज्ञानपूर्ति है, आर्ति का हेतु अलाभ है, आशा का हेतु सौंदर्य है ।।३१३।।

ज्ञानदशा में आगे किये जाने वाले अज्ञान का हेतु अनादिकालकृत अकृत्य करण कृत्य अकरण आदिरूप अपराध है।

वरणदशा में आगे किये जाने वाले अपूर्ति का हेतु फल के हेतुतया समझने के योग्य किसी उपाय के अभाव को दिखाने के उपयुक्त ज्ञान की पूर्ति है।

प्राप्तिदशा में आगे किये जाने वाली आर्ति का हेतु प्राप्यवस्तु को शीघ्र प्राप्त न होने से आया हुआ अलाभ है।

प्राप्यानुभवदशा में आगे की जाने वाली आशा का हेतु अनुभूत अंश में तृप्त न हो ऊपर ऊपर अनुभव में आशा को बढ़ाने वाला उसका सौंदर्य है।

आर्ति और आशा का आकार क्या है इस शंका में कहते हैं;

आर्त्यभिनिवेशप्रकारोऽर्चिरादिगतावुक्तः ।।३१४।।

आर्ति और आशा का स्वरूप अर्चिरादिगति में कहे हैं।। ३१४।।

'शरीर के स्वभाव को जैसे हमलोग न प्राप्त होवें' ऐसे आरंभ कर 'लक्ष्मीजी की शपथ है आपकी शपथ है ऐसे रोक घेर प्राप्त होने के उपयुक्त परम भक्ति का बढ़ना' यहाँ तक आर्ति का स्वरूप, 'रक्तवस्त्र श्रीमुख रक्ताधर केशपाश को देख' इस वचनानुसार पूर्वस्थित सौंदर्य का अनुभव कर ऐसे प्रारम्भ कर चेतन की प्राप्ति से होने वाली प्रीति द्वारा आई हुई शोभा का अनुभव कर इत्यंत आशा के स्वरूप को भी अर्चिरादि में स्पष्टतया कहे हैं। तथा च कैंकर्यदशा के पहले चार दशा हैं वे अमुक हैं तत्तद्दशानुगुण अज्ञानादियों को आगे करने से तत्तद्दशाओं में स्वरूप उज्ज्वल होता है उन अज्ञानादियों को आचार्य ज्ञानादि से दूर करते हैं उन अज्ञानादियों का हेतु आदि कहे हैं।

इन चारों दशाओं के प्रसंग में इनके गुणचतुष्टय को कहते हैं;

अस्य दशाचतुष्टयवद् गुणचतुष्टयमप्यस्ति ।।३१५।।

(माने अधिकारी की) इसके चार दशाओं की तरह चार गुण भी हैं ।। ३१५।।

इस अधिकारी के स्वरूपोज्ज्वलता के उपयुक्ततया पूर्वोक्त चार दशा की तरह स्वरूपौज्ज्वल्य हेतु चार गुण भी हैं। वे कौन से हैं इस शंका में कहते हैं;

ज्ञानमज्ञानं शक्तिरशक्तिश्च ।।३१६।।

ज्ञान, अज्ञान, शक्ति और अशक्ति हैं ।। ३१६।।

इसके गुणचतुष्टय के कहने के प्रसंग में ईश्वर के भी ये गुण हैं ऐसा कहते हैं;

इदं च तस्याप्यस्ति ।।३१७।।

ये गुण उनके भी हैं ।। ३१७।।

इन दोनों के गुणों के विषय कौन हैं इस शंका में उनको विभक्त कर दिखाते हैं;

तस्य ज्ञानस्य विषयोऽस्य गुणः, अज्ञानस्य विषयोऽस्य दोषः, शक्तेर्विषयोऽस्य रक्षणं, अशक्तेर्विषयः परित्यागः ।।३१८।।

उनके ज्ञान का विषय इसका गुण है, उनके अज्ञान का विषय इसका दोष है, शक्ति का विषय इसका रक्षण है, अशक्ति का विषय इसका परित्याग है ।। ३१८।।

क्रम को छोड़ ईश्वर गुणों के विषय को पहले कहने का कारण चेतन गुणों के विषय को कहने के बाद प्रसंगात् चार प्रकार के निषिद्ध को कहने के लिये (सू. ३२०)।

भगवान का चेतन के विषय में
ज्ञान का विषय है : इसका आत्मगुण
अज्ञान का विषय है : इसका दोष
शक्ति का विषय है : इसका रक्षण एवं
अशक्ति का विषय है : इसका परित्याग।

जो सर्वज्ञ हैं, अपरिमित ज्ञानवान हैं इन वचनानुसार सर्वज्ञ उनके दिव्यज्ञान का विषय अद्वेषाभिमुख्य से लेकर इस चेतन में रहने वाले आत्मगुण हैं।

नहीं जानते हैं अपरिमित ज्ञानवाले हैं, 'सदा समस्त जगत को देखते हुए हृदय में रहने पर भी कमलेक्षण सर्वेश्वर भक्तों के पापों को नहीं जानते हैं' इन वचनानुसार सर्वज्ञ होने पर भी न जानने वाले उनके अज्ञान का विषय प्रकृतिवश्य चेतन क्रियमाण अकृत्यकरणादि दोष हैं।

उनकी शक्ति बड़ी है नाना प्रकार सुनी जाती है इत्युक्त प्रकार सर्वशक्ति उनका अघटित घटना सामर्थ्यरूप शक्ति का विषय चेतन के समस्त अनिष्ट को दूर कर स्वरूपानुगुण सकलइष्ट प्रदानरूप रक्षण है।

सर्वशक्ति स्वामी की अशक्ति का विषय दु:सह चेतनकर्तृक दोषों से क्रुद्ध हो हाथ छोड़ना है।

इस प्रकार ईश्वरगुणों के विषयों को कह चेतनगुणों के विषयों को कहते हैं;

अस्य ज्ञानस्य विषय आचार्यगुणः, अज्ञानस्य विषय आचार्य दोषः, शक्तेर्विषयः आचार्यकैंकर्यं, अशक्तेर्विषयो निषिद्धानुष्ठानम् ।।३१९।।

इसके ज्ञान का विषय आचार्यगुण, अज्ञान का विषय आचार्यदोष, शक्ति का विषय आचार्य कैंकर्य, अशक्ति का विषय निषिद्धानुष्ठान हैं ।। ३१९।।

इस चेतन के ज्ञान का विषय महोपकारक आचार्य के सद्गुण समूह है। इसके अज्ञान का विषय आचार्य के शरीर स्वभाव से होने वाला आगंतुक दोष है। इसकी प्रवृत्ति शक्ति का विषय स्वाचार्य के मुखोल्लासार्थ क्रियमाण कैंकर्य है। इसकी अशक्ति का विषय स्वरूपोपाय पुरुषार्थों के विरोधी निषिद्धों का अनुष्ठान है।

इस प्रकार निषिद्धों के स्वरूप को कहते हैं;

निषिद्धानुष्ठानं चतुर्विधम् ।।३२०।।

निषिद्ध चार प्रकार के हैं ।।३२०।।

उपादेय गुण चतुष्टय की तरह त्याज्य निषिद्ध भी चार प्रकार के हैं।

वे चार कौन हैं इस शंका में कहते हैं;

तच्चाकृत्यकरणं भगवदपचारो भागवतापचारोऽसह्यापचारश्च ।।३२१।।

अकृत्यकरण, भगवत् अपचार, भागवत अपचार और असह्य अपचार हैं ।।३२१।।

इनके स्वरूप क्या हैं इस शंका में कहते हैं;

अकृत्यकरणं नाम—परहिंसा परस्तोत्रं परदारपरिग्रहः परद्रव्यापहरोऽसत्यकथनमभक्ष्यभक्षणमेतत्प्रभृति ।।३२२।।

अकृत्यकरण माने परहिंसा, परस्तोत्र, परदारपरिग्रह, परद्रव्यापहार, असत्यकथन, अभक्ष्यभक्षण आदि हैं ।।३२२।।

''परहिंसा'' माने 'किसी प्राणी की हिंसा मत करो' इस विधि का उल्लंघन कर क्रियमाण प्राणी पीड़ा।

''परस्तोत्र'' माने 'प्राप्तविषय के स्तोत्र करने योग्य वागिंद्रिय से अप्राप्त विषयों का स्तोत्र करना'।

''परदारपरिग्रह'' माने 'औरों के अनन्यार्ह स्त्री आदि विषयों को मोहादि से स्वीकार करना'।

''परद्रव्यापहार'' माने 'औरों के द्रव्य को उनकी अनुमति बिना प्रकाशरूप से या गुप्तरूप से ग्रहण करना'।

''असत्यकथन'' माने 'यथा दृष्ट वस्तु के विषय और भूतहित से भिन्न वचन को कहना'।

''अभक्ष्यभक्षण'' माने 'जाति आश्रय निमित्त-रूप दोषविशिष्ट अभक्ष्य वस्तुओं का भक्षण करना'।

''आदि'' कहने से; 'परद्रव्य में आशा करना, मन से अनिष्ट चिंतन करना, व्यर्थ ही किसी वस्तु की अपेक्षा करना ये तीनों मानसिक पाप कर्म हैं'। 'कठिनवचन, असत्य, चुगलखोरी, असंगतप्रलाप ये चारों वाचिक पाप हैं।' 'नहीं दिये हुये को लेना, शास्त्रनिषिद्ध हिंसा करना, परदारा को भोगना ये तीनों शारीरिक पाप हैं' इत्यादि मनु आदि स्मृतियों में कहे जाने वाले अनेक हैं।

ये तीन मानसिक पापकर्म हैं :
- **परद्रव्य में आशा करना**
- **मन से अनिष्ट चिंतन करना**
- **व्यर्थ ही किसी वस्तु की अपेक्षा करना।**

अनन्तर भगवत् अपचार का विवरण करते हैं,

भगवदपचारो नाम देवतांतरैस्तुल्यतयेश्वरस्य चिंतनम्, रामकृष्णाद्यवतारेषु मनुष्यसजातीयत्वबुद्धिः, वर्णाश्रमविपरीतोपचारः, अर्चावतार उपादाननिरूपणम्, आत्मापहारः भगवद्द्रव्यापहार एतत्प्रभृतिः ।।३२३।।

भगवदपचार माने ईश्वर को देवतांतर के बराबर समझना; रामकृष्णादि अवतारों में मनुष्य सजातीयत्वबुद्धि करना, वर्णाश्रम से विपरीत उपचार करना, अर्चावतार में उपादान द्रव्य का निरूपण करना, आत्मापहार और भगवद्द्रव्यापहार आदि हैं ।।३२३।।

जो पुरुष पुरुषोत्तम को अन्य देवताओं के बराबर समझते हैं सर्वकर्म से बहिष्कृत उनको पाखंडी समझना।

'ये तु सामान्यभावेन मन्यंते पुरुषोत्तमम्।
ते वै पाषंडिनो ज्ञेयाः सर्वकर्मबहिष्कृताः।।'

जो सर्वेश्वर नारायण को अन्यदेवता के समान समझता है वह चन्द्र और सूर्य की आयु तक घोर नरक में वास करता है। अतः देवतांतरों के बराबर ईश्वर को न समझना ऐसा शास्त्र कहते हैं। **'अंतः प्रविष्टः शास्ता जनानां सर्वात्मा' 'तमीश्वराणां परमं महेश्वरम्' 'न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते'** 'भीतर में प्रविष्ट हो सम्पूर्ण लोगों का शासन करने वाले सबके आत्मा, ईश्वरों के भी परम ईश्वर, उसके सदृश और अधिक भी नहीं हैं' इन वचनानुसार ईश्वर व्यतिरिक्त समस्त चेतनों के नियामक समानाधिक रहित ईश्वर को 'अन्यदेवता उनके अंग हैं' ऐसे उनके शरीरतया कहे जाने वाले ब्रह्मादि देवताओं के समान समझना।

राम कृष्णादि अवतार इत्यादि;

'अजोऽपि सन्नव्ययात्मा भूतानामीश्वरोऽपि सन्।
प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय संभवाम्यात्ममायया।।'

'जन्मरहित नाशरहित भूतों के ईश्वर होने पर भी अपने स्वभाव से और इच्छा से अवतार लेता हूँ' इस वचनानुसार अपने स्वभाव को न छोड़ अप्राकृत दिव्यविग्रह को इतर सजातीय कर दुःखसागर मग्न मनुष्यों के रूप में स्थिति को न जान अवतार में विश्वास होने के लिये तत् कर्तृक गर्भवास जनन शोक मोहादियों को देख कर्मवश्य मनुष्यों के सदृश समझना।

वर्णाश्रम इत्यादि; उसकी आराधना करने के समय त्रैवर्णिकयोग्य वैदिक मंत्रों से चतुर्थ वर्ण का आराधना करना, उत्तमाश्रमी प्रभृति गृहस्थ की तरह ताम्बूलादियों को निवेदन करना इत्यादि।

अर्चावतार में इत्यादि; आश्रित लोगों के इच्छित रूप ही को अपना रूप मानते हैं इस वचनानुसार आश्रिताभिमत किसी एक द्रव्य को अपने दिव्यविग्रहतया अंगीकार कर उसमें अप्राकृतविग्रह में क्रियमाण आदर को कर विराजने के वैभव को न जान मातृयोनि परीक्षकों की तरह यह अमुक द्रव्य है ऐसे विग्रह के उपादान द्रव्य का निरूपण करना।

''आत्मापहार'' माने – 'जो परतंत्र आत्मवस्तु को स्वतंत्र मानता है उस आत्मापहारी चोर से कौन पाप न किया गया ऐसे सकल पाप हेतुतया कहे जाने वाले भगवदेकशेषभूत आत्मवस्तु को स्वतंत्र समझना'।

''भगवद्द्रव्यापहार'' माने – 'भोग लगाने योग्य चावल, दाल, चन्दन, कुसुम आदि को प्रकाश या गुप्त रीति से ग्रहण करना'।

''प्रभृति'' माने – 'और भी ऐसे क्रूरतया शास्त्रों में कहे जाने वाले बहुत हैं'।

द्वात्रिंशदपचाराः

बत्तीस अपचार कहे गये हैं।

अपचारास्तथा विष्णोर्द्वात्रिंशत्परिकीर्तिताः।
यानैर्वा पादुकैर्वापि गमनं भगवद् गृहे।।
देवोत्सवाद्यसेवा चाप्यप्रणामस्तदग्रतः।
एकहस्तप्रणामश्चाप्येकवारप्रदक्षिणम्।।
उच्छिष्टे वापि चाशौचे भगवद्वन्दनादिकम्।
पादप्रसारणं चाग्रे तथा पर्यंकबंधनम्।।
शयनं भोजनं चैव मिथ्याभाषणमेव च।
उच्चैर्हासो वृथा जल्पो रोदनानि च विग्रहः।।
निग्रहानुग्रहश्चैव स्त्रीषु साकूतभाषणम्।
कंबलावरणं चैव परनिंदा परस्तुतिः।।
अश्लीलकथनं चैवाप्यधोवायुविमोक्षणम्।
तत्तत्कालोद्भवानां च फलादीनामनर्पणम्।।

विनियुक्तावशिष्टस्य प्रदानं व्यंजनादिषु।
पृष्ठीकृत्यासनं चैव परेषामभिवादनम्।।
गुरौ मौनं निजस्तोत्रं देवतानिंदनं तथा।
शक्तौ गौणोपचारश्च अनिवेदितभक्षणम्।।
द्वात्रिंशदपचारेण रौरवं नरकं व्रजेत्।।

इति वराहपुराणोक्ता ज्ञेया:

श्रीमन्नारायण भगवान के समक्ष होने वाले बत्तीस अपचार कहे गये हैं;

१. वाहन में बैठकर या पादुका, चप्पल इत्यादि पहन कर मंदिर में जाना
२. समीप रहते हुये भी भगवान के उत्सव आदि में न पहुँचना, सेवा/कैंकर्य न करना
३. भगवान के समक्ष आ जाने पर प्रणाम न करना
४. भगवान को एक हाथ से प्रणाम करना
५. भगवान की एक ही परिक्रमा करना
६. जूठे मुँह, जूठे हाथ आदि अशौच अवस्था में भगवान को प्रणाम करना
७. भगवान के सामने पैर फैला कर बैठना
८. भगवान के सामने हाथ बाँधकर या गद्दे आदि पर बैठना
९. भगवान के सामने सोना
(पर्दा लगने पर सो सकते हैं)
१०. भगवान के सामने भोजन करना
(गोष्ठी प्रसाद ले सकते हैं)
११. भगवान के सामने झूठ बोलना
१२. भगवान के सामने जोर से हँसना
१३. भगवान के सामने व्यर्थ या फालतू बात करना, बकवास करना आदि
१४. भगवान के सामने रोना
(सांसारिक विषय को लेकर)
१५. भगवान के सामने झगड़ा करना
१६. भगवान के सामने किसी व्यक्ति को दण्ड देना या प्रताड़ित करना
१७. भगवान के सामने किसी को आशीर्वाद देना, पीठ ठोंकना आदि (माने अपने को बड़ा मानना)
१८. भगवान के सामने स्त्रियों से गुप्त कामुक भाषण करना
१९. भगवान के सामने कम्बल आदि ओढ़ कर बैठना
२०. भगवान के सामने दूसरों की निन्दा करना
२१. भगवान के सामने दूसरों की स्तुति करना
२२. भगवान के सामने अश्लील या असभ्य भाषण करना अथवा गाली—गलौज करना
२३. भगवान के सामने अपान/अधो वायु छोड़ना
२४. भगवान को ऋतुओं के अनुसार आने वाले नये फल, फूल, अन्न आदि को अर्पण न करना
२५. विनियोग या वितरण करने के बाद बचा हुआ भगवान के लिये रखना अथवा भगवान को भोग लगाने के बाद उसमें अन्य वस्तुएँ (नमक, नींबू, चीनी इत्यादि) मिलाना अथवा प्रसाद में और वस्तु मिलाना (प्रसाद किसी वस्तु में मिला सकते हैं पर प्रसाद में अन्य वस्तुएँ नहीं मिलाना चाहिये)
२६. भगवान की तरफ पीठ करके बैठना
२७. भगवान के समक्ष दूसरों को प्रणाम करना
२८. गुरु के समक्ष मौन धारण करना
२९. भगवान के समक्ष अपनी स्तुति करना और कराना
३०. भगवान की निन्दा करना
३१. शक्ति/सामर्थ्य होते हुए भी उनका गौण उपचार (आराधना, सेवा) करना, मुख्य उपचार में कमी रखना
३२. भगवान को भोग लगाये बिना भोजन करना।

जो इन अपचारों को करते हैं, वे रौरव नरक में जाते हैं। ऐसा वराह पुराण में बताया गया है।

पूर्वोक्त अपचारों की तरह भगवद्द्रव्यापहार भी भगवदनिष्ट है क्या? इस शंका में, अपहार करने वाले मात्र को नहीं किन्तु सहकारियों को भी अपचार लगेगा ऐसा कहते हैं;

भगवद्द्रव्यस्य स्वयमपहारोऽपहर्तॄणां सहकारित्वं, तेभ्यो याचितमयाचितं वा परिग्रहश्च भगवतोऽनिष्टः ॥३२४॥

भगवद्द्रव्य का आप अपहार करना, अपहार करने वालों की सहायता करना, उनके पास से याचित वा अयाचित स्वीकार करना ये सब भगवान को अनिष्ट हैं ॥३२४॥

अपने खुद अपहार करना, हम नहीं अपहार करते हैं ऐसा समझ अपहार करने वालों की अनुमति आदि से सहायता करना, हम इस अपहार के सहायक भी नहीं ऐसा समझ उनसे माँग कर किसी अपहृत वस्तु को लेना, हम माँगते नहीं स्वयमेव देते हैं तो लेने में दोष नहीं समझ लेना। ये सब इसके उज्जीवन में प्रवृत्त हो यत्न करने वाले सर्वेश्वर को अनभिमत होते हैं।

अनन्तर भागवतापचार का विवरण करते हैं;

भागवतापचारो नामाहंकारार्थकामहेतुना श्रीवैष्णवेषु क्रियमाणो विरोधः ॥३२५॥

भागवतापचार माने अहंकार से अर्थ कामों के द्वारा श्रीवैष्णवों के विषय में क्रियमाण विरोध ॥३२५॥

परोत्कर्ष देख न सहना, स्वोत्कर्ष बुद्धि का भी कारण अहंकार द्वारा उनके वैष्णवाकार को देख ये लोग जिन पदार्थों को चाहते हैं उनकी अपेक्षा हम नहीं करेंगे ऐसा न रह अर्थ काम द्वारा श्रीवैष्णव के विषय में क्रियमाण विरोध।

अनंतर असह्यापचार का विवरण करते हैं;

असह्यापचारो नाम—निर्निबंधनं भगवद्भागवत विषय इत्युक्तावसहमानतया स्थितिः, आचार्यापचारः, तद्भक्तापचारश्च ॥३२६॥

असह्यापचार माने निष्कारण भगवद् भागवत विषय में असूया करना, आचार्यापचार और उनके आश्रितों के विषय में अपचार है॥ ३२६॥

अन्य अपचारों से यह अपचार ईश्वर को अत्यंत असह्य होने से इसको असह्यापचार कहते हैं। ''भगवदसह्यापचार में आसक्त हूँ'' ऐसा पराशरभट्टजी कहे हैं।

''निष्कारण'' माने 'पूर्वोक्त अर्थकामादि हेतु बिना, हिरण्याक्ष की तरह भगवद् भागवत विषय के प्रसंग में देखने और सुनने को भी असह्य होना'।

''आचार्यापचार'' माने 'उनके कहे हुये उपदेशानुसार अनुष्ठान न करना, उनसे उपदिष्ट मंत्र और अर्थों को अल्प प्रयोजनों की इच्छा कर अनधिकारियों को उपदेश करना'।

''तद्भक्तापचार'' माने 'आचार्य के आश्रित अपने सब्रह्मचारियों के साथ ऐकमत्य छोड़ उनके विषय में क्रियमाण असूया अवज्ञा इत्यादि हैं'।

इस प्रकार अकृत्यकरणादि चारों को क्रम से विवरण कर इनकी क्रूरता, यह अमुक फल का विरोधी है इस अर्थ को भी कहते हैं;

एत एकस्मादेकः क्रूरः, उपायविरोधिनः, उपेयविरोधिनश्च ।।३२७।।
ये एक से एक क्रूर, उपाय विरोधी और उपेय विरोधी भी हैं।।३२७।।

''एक से एक क्रूर'' माने 'अकृत्यकरण से भगवदपचार क्रूर है उससे भागवत अपचार क्रूर है उससे भी असह्यापचार क्रूर है' समझना। इसका कारण पूर्व पूर्व की अपेक्षा उत्तरोत्तर अपचार में भगवान का अधिक निग्रह होना।

अकृत्यकरण में ईश्वर की आज्ञा का उल्लंघन करने से क्रोध होता है। आत्मा के भीतर रह उस आत्मा की सत्ता को लेकर रक्षा करने वाले ईश्वर के विषय में अपचार से होने वाला क्रोध इससे अधिक है। **'ज्ञानीत्वात्मैव मे मतम्'** 'ज्ञानी हमारा आत्मा है' इस वचनानुसार अपने प्राणभूत भागवत के विषय में क्रियमाण अपचार से होने वाला क्रोध इससे अधिक है। निष्कारण अपने और भागवतों के विषय में या आचार्य और उनके भक्तों के विषय में क्रियमाण अपचार से होने वाला क्रोध पूर्वोक्त से भी अधिक है। इस कारण एक से एक अधिक क्रूर हैं। अकृत्यकरण में भगवदपचारादि अंतर्गत होने पर भी प्रत्येक ऐसा पृथक् कर कहना इनके क्रौर्य को देख कर समझना।

''उपाय और उपेय विरोधी'' माने 'इस आत्मा के उज्जीवन के लिये ऊपर ऊपर यत्न करने वाले सर्वेश्वर की कृपा, सदा चेतन के प्राप्य होने वाले सर्वेश्वर का मुखोल्लास, इन दोनों को रोकते हैं' इस कारण अकृत्यकरणादि जल में अग्नि की उत्पत्ति की तरह उनके हृदय में निग्रह को उत्पादन कर उनकी कृपा और मुखोल्लासों को नष्ट करने से उपाय और उपेय विरोधी समझने में दोष नहीं।

'अपने को आप से ढूँढे जाने वाले सामीचीन्य' (सू. १६५) ऐसे आरम्भ कर नमः शब्द का विस्तार पूर्वक प्रतिपादन करने से, 'दिव्य देशों में आदरातिशय' ऐसे दिव्य देशों के प्रसंग से 'भगवत् कैंकर्य' इस वाक्य में भगवत् शब्द से कैंकर्य प्रतिसंबंधी का प्रतिपादन करने वाले श्रीमत् पद नारायण पदार्थों को दिखाने से, मंगलाशासन के प्रकरण से आचार्य कैंकर्य भगवत्कैंकर्य करना चाहिये ऐसे आरंभ कर कैंकर्य करने से ही स्वरूप उज्ज्वल होता है यहाँ तक चतुर्थ्यर्थ को कहने से चार प्रकार के निषिद्ध का प्रतिपादन करते हुये प्रसंगात् नमः शब्दार्थ को कहने से उत्तर खण्डार्थ को कहे हैं।

तथा च इस प्रकरण से पूर्वोक्त उपाय से उपेय को पाने वाले चेतन के उपाय उपेयाधिकार से प्रधानापेक्षित, साधनांतर को छोड़ने के हेतु स्वरूपनाशकत्वादि, प्रपत्ति का स्वरूप अनुकूलत्वादि, स्वगत स्वीकार का अनुपायत्व, परगत स्वीकारोपायत्व, उसकी श्रेष्ठता, वही स्वीकार करने पर भी पुरुषकार को आगे करने का प्रकार, चेतन

और ईश्वर दोनों के पुरुषकार को आगे करने का प्रयोजन, उपेय दशा और प्राप्ति दशा में इसका शेषत्व पारतंत्र्य दोषनिवृत्ति ये सब परमात्मा के अनुभव विरोधी हैं, अपने से आने वाले सामीचीन्य से उनसे आने वाला सामीचीन्य श्रेष्ठ है, ईश्वर ही रक्षक है, स्वयं अपना नाशक है, स्वयं अपने को नाश करने के प्रकार, अहंकार और विषय ये दोनों स्वरूप से और भगवत विरोध को उत्पन्न करने से इसके स्वरूप का नाश करते हैं, भागवतापचार की क्रूरता उसके प्रसंग से भागवत माहात्म्य, इसकी दिनचर्या, दिनचर्योक्त सब सदाचार्य के अनुग्रह से बढ़ने के समय अपेक्षित वास करना आदि, अन्त में उक्त कर्तव्य रूप कैंकर्य का स्वरूप, कैंकर्य दशा और उसकी पूर्व दशाओं से स्वरूप को उज्ज्वल करने के प्रकार, चेतन के गुणचतुष्टय, उनके विषय विभाग, उसमें अशक्ति का विषय निषिद्धचतुष्टय भी कहे जाने से अधिकारी निष्ठाक्रम कहा गया।

प्रपन्न दिनचर्या प्रकरण समाप्त



।। सदाचार्य लक्षण प्रकरण ।।

अनंतर 'अपने उपदेश करने के समय' (सू. ३२८) से आरम्भ कर 'प्रीति और उपकार स्मृति होनी चाहिये' (सू. ३८४) यहाँ तक उस अधिकारी को पूर्वोक्त अर्थो का उपदेश करने वाले आचार्य विषय में होने के योग्य प्रतिपत्ति अनुवर्तन प्रकारों को दिखाने के लिये सदाचार्य लक्षण सच्छिष्य लक्षण दोनों के विनियोग प्रकार को प्रसक्त अनुप्रसक्त कहते हैं। इस अधिकारी की अशक्ति के विषय निषिद्धों को कहने के प्रसंग में उन सबमें क्रूर निषिद्ध परोपदेश समय में उलटा समझना है ऐसा कहते हैं;

स्वेन हितोपदेशकरणसमये स्वस्य शिष्यस्य फलस्य च व्यत्यासेनानुसंधानं क्रूरनिषिद्धम् ।।३२८।।
आप हितोपदेश करने के समय अपने को, शिष्य को और फल को भी उलटा समझना क्रूर निषिद्ध है ।।३२८।।

पूर्व प्रकरण में कहे हुए सब अधिकारी लक्षण से परिपूर्ण चेतन उज्जीवन इच्छा से अपना आश्रयण करने वालों के उज्जीवन हेतु मंत्र रूप हित को उपदेश करने के समय उपदेष्टा अपने को, उपदेश पात्र शिष्य को और उपदेश फल को उलटा समझना पूर्वोक्त निषिद्ध की अपेक्षा क्रूर निषिद्ध है। ये निषिद्ध मात्र इनके नाशक हैं इतना ही नहीं ये आचार्य और शिष्य दोनों के नाशक हैं इसलिये क्रूर निषिद्ध कहते हैं। दोनों की स्वरूप सिद्धि न होगी ऐसा आगे कहेंगे।

अपने को, शिष्य को, फल को विपरीत समझना माने क्या? इस शंका में कहते हैं;

स्वस्य व्यत्यासेनानुसंधानं नाम—स्वस्याचार्यत्वे नानुसंधानं, शिष्यस्य व्यत्यासेनानुसंधानं नामस्वस्य शिष्य इत्यनुसंधानं, फलस्य व्यत्यासेनानुसंधानं नाम—दृष्टफलप्रयोजनस्य शिष्यस्योज्जीवनस्य भगवत्कैंकर्यस्य सहवासस्य च फल त्वेनानुसंधानम् ।।३२९।।
अपने को विपरीत समझना माने अपने को आचार्य समझना, शिष्य को उलटा समझना माने अपना शिष्य समझना, फल को उलटा समझना माने दृष्ट प्रयोजन, शिष्य का उज्जीवन, भगवत्कैंकर्य और सहवास को भी फल समझना ।।३२९।।

''अपने को विपरीत समझना'' माने 'उपदेश समय में अपने आचार्य ही इस चेतन के उपदेष्टा हैं हम उनके करण हैं ऐसा समझ उपदेश करना चाहिये'; ऐसा न कर स्वाचार्य परतंत्र अपने को इस चेतन का आचार्य समझना।

''उपदेश पात्र शिष्य को उलटा समझना'' माने 'अपने सदृश इसको भी अपने आचार्य का शिष्य समझ उपदेश करना चाहिये'; ऐसा न कर इसको अपना शिष्य समझना।

आत्मा का भगवान के मंगलाशासन के उपयुक्त होना ही फल है।

''उपदेश फल को उलटा समझना'' माने *'परोपदेश करने के समय यह आत्मा शुद्ध हो भगवान के मंगलाशासन के उपयुक्त होना ही फल है; ऐसा न समझ इनसे मिलने वाले अर्थ, शुश्रूषारूप दृष्ट प्रयोजन, यह शिष्य संसार से उत्तीर्ण हो उज्जीवन को प्राप्त होगा, नन्दनवनादियों को निर्माण करने की अपेक्षा किसी एक आत्मा को शुद्ध करने से भगवान का अत्यंत मुखोल्लास होगा, यह भगवत्कैंकर्य है*

अथवा संसार में रहने तक हमारे संग वास कर हमारी सहायता करेगा आदि को उपदेश का फल समझना'।

ऐसा न समझने से ये चारों फल कैसे मिलेंगे इस शंका में कहते हैं;

अनुसंधानाभाव एतत्फलचतुष्टयसिद्धिप्रकार: कथमिति चेत्—शेषभूतस्य शिष्यस्यानुसंधानेन दृष्टफलं सिद्ध्यति, ईश्वरस्यानुसंधानेनोज्जीवनं सिद्ध्यति, आचार्यस्यानुसंधानेन भगवत्कैंकर्यं सिद्ध्यति, उपकारस्मृत्या सहवास: सिद्ध्यति ।।३३०।।

नहीं समझने पर भी ये चारों फल कैसे मिलेंगे इस शंका में; शेषभूत शिष्य के अभिप्राय से दृष्टफल मिलेगा, ईश्वर के अभिप्राय से उज्जीवन रूप फल मिलेगा, आचार्य के अभिप्राय से भगवत्कैंकर्य फल मिलेगा, उपकार स्मृति से सहवास रूप फल मिलेगा ।।३३०।।

शिष्य को, अपना शेषत्व ही स्वरूप है ऐसा अनुसंधान कर रहने से कैंकर्य बिना शेषत्व नहीं रहेगा ऐसा समझ अपने स्वरूप लाभ के लिये यथाशक्ति कैंकर्य करने से अर्थ और शुश्रूषा रूप दृष्ट फल प्राप्त होता है।

अवतार ले चेतनों को ढूँढने वाले सर्वेश्वर विशेष कटाक्षों से अद्वेषादियों का उत्पादन कर आचार्य समाश्रयण करा आचार्य का उपदेश पात्र बना तद्द्वारा इस चेतन को इस संसार से पार लगाना चाहिये ऐसा समझ क्रियमाण अपनी कृपा के कार्य से शिष्य का उज्जीवन होता है।

आचार्य हितोपदेश कर मंगलाशासन के उपयुक्त चेतन का शोधन करने से भगवान का मुखोल्लास होता है इसको भगवत्कैंकर्य समझने वाले अपने आचार्य के विचार से उपदेष्टभूत अपने को भगवत्कैंकर्य मिलता है।

अनादिकाल अहंकार ममकारों से नष्टप्राय मुझको निर्हेतुक अंगीकार कर अज्ञात अर्थ को जनाकर शब्दादियों से रुचि को हटाकर मंगलाशासन के योग्य बनाने वाले महोपकारक हैं ऐसी उपकार स्मृति से शिष्य क्षण काल भी नहीं छोड़ संग रहने से उनके साथ सहवास रूप फल मिलता है।

ऐसे इन आचार्य की इच्छा बिना भी ये चारों फल शिष्य, ईश्वर और स्वाचार्यों के अभिप्राय से प्राप्त होंगे; ऐसा कह उपदेश का साक्षात्फल उपदेष्टा रूप आचार्य परतंत्र अपने उपदेश पात्र इस चेतन को उद्देश्य कर आचार्यत्व कैसे सिद्ध होगा इस शंका में कहते हैं;

साक्षात्फलमाचार्यत्वं च कथं सिद्ध्यतीति चेत्—स्वानुसंधानेनेश्वरानुसंधानेन च सिद्ध्यति ।।३३१।।

साक्षात् फल और आचार्यत्व ये दोनों अपने अभिप्राय से और ईश्वर के अभिप्राय से सिद्ध होंगे।। ३३१।।

''साक्षात्फल'' माने 'उपदेशपात्र यह चेतन शुद्ध हो मंगलाशासन के योग्य होना'। ''यह फल अपने अभिप्राय से सिद्ध होता है'' माने 'उपदेशक आप विपरीत न समझ यही फल समझ उपदेश करने पर शिष्य शुद्ध हो मंगलाशासन के योग्य होता है'।

''आचार्यत्व'' माने 'अपने को आचार्य के परतंत्र समझ रहने वाले, वे ही अपने से उपदेश पाने वाले के आचार्य हैं'।

''यह ईश्वर के अभिप्राय से सिद्ध होता है'' माने 'इस प्रकार अपने को, शिष्य को, फल को भी विपरीत न समझ यथावत् अनुसंधान कर उपदेश करने वाला यह इस चेतन का आचार्य है ऐसा ईश्वर समझने से इसको आचार्यत्व प्राप्त होता है'।

ऐसा न कर क्रूर निषिद्धतया पूर्वोक्त विपरीत ज्ञान से उपदेश करने पर दोनों का स्वरूप नष्ट होता है ऐसा कहते हैं;

एवं विनोपदेश उभयोरपि स्वरूपसिद्धिर्नास्ति ।।३३२।।

इस प्रकार उपदेश न करे तो दोनों का स्वरूप नष्ट होता है।। ३३२।।

पूर्वोक्त प्रकार यथावत् जान उपदेश न करे और ईश्वर इसको आचार्यतया नहीं समझें तो उपदेशक को आचार्यत्व प्राप्त नहीं होता है। यथा न्याय से उपदेश नहीं करने पर उपदेश शुद्धि न होने से उपदेश पात्र चेतन का शिष्यत्वरूप स्वरूप सिद्ध नहीं होता है।

आचार्य को दो गुणों की आवश्यकता है;

आचार्यस्य शिष्यस्य विषये कृपा स्वाचार्यविषये पारतंत्र्यं चावश्यापेक्षितम् ।।३३३।।

आचार्य को शिष्य के विषय में कृपा, अपने आचार्य के विषय में पारतंत्र्य भी चाहिये।। ३३३।।

उपदेशक आचार्य को, उज्जीवन की इच्छा से आये हुए शिष्य के ऊपर दया कर उसके उज्जीवन के उपयुक्त उपदेशादि करने को कृपा चाहिये और अपने को कर्ता न समझ अपने को आचार्य का करण समझने के उपयुक्त स्वाचार्य के विषय में पारतंत्र्य भी होना चाहिये।

इसका फल कहते हैं;

कृपया शिष्यस्वरूपं सिद्ध्यति, पारतंत्र्येण स्वस्वरूपं सिद्ध्यति ।।३३४।।

कृपा से शिष्य का स्वरूप सिद्ध होता है, पारतंत्र्य से अपना स्वरूप सिद्ध होता है।। ३३४।।

शिष्य का स्वरूप शुद्ध होने तक उपदेशादि को करने वाले आचार्य की कृपा से दिन पर दिन स्वरूप निर्मल होने से शिष्य का स्वरूप सिद्ध होता है। स्वकर्तृत्व बुद्धि छोड़ अपने आचार्य का करणभूत समझने से सर्वकाल उनके अधीन रहने के लिये भी उपयुक्त पारतंत्र्य से आचार्य का स्वरूप सिद्ध होता है।



तथा च हितोपदेश के समय में आचार्य, शिष्य और फल को विपरीत समझना क्रूर निषिद्ध है, वह विप्रतिपत्ति अमुक है, इसकी अपेक्षा बिना भी दृष्ट प्रयोजनादि आप ही

सिद्ध होते हैं, साक्षात् फल और आचार्यत्व सिद्ध होने का प्रकार ऐसा न कर विपरीत ज्ञान से उपदेश किये तो दोनों की स्वरूप सिद्धि नहीं, आचार्य के अवश्यापेक्षित गुणद्वय, उन गुणों के फल भी कहे गये हैं।

इस तरह उपदेशानुगुण नियमों को दिखा अनंतर उपदेश करने के समय अमुक मंत्र उपदेश करने वाले को ही साक्षात् आचार्य कहते हैं ऐसा कहते हैं;

साक्षादाचार्य इत्युच्यते संसारनिवर्तकस्य महाश्रीमंत्रस्योपदेष्टा ।।३३५।।

साक्षात् आचार्य कहते हैं संसार निवर्तक वृहत् श्रीमंत्र के उपदेष्टा को।। ३३५।।

''साक्षात् आचार्य'' माने 'आचार्यत्व न्यून होने पर भी प्रतीति मात्र को लेकर कहे बिना साक्षात् आचार्य कहना'। ''संसार निवर्तक . . .'' 'इह लोक ऐश्वर्य' इस वचनानुसार अखिल फल प्रद होने पर भी अन्य फलों में तात्पर्य नहीं रख मोक्ष फल में ही तात्पर्य रखने वाले होने से

'सर्ववेदान्तसारार्थः संसारार्णवतारकः।
गतिरष्टाक्षरो नृणामपुनर्भवकांक्षिणाम्।।'

'सर्व वेदांतों का सारभूत अर्थ संसार समुद्र को तराने वाला अष्टाक्षरी मंत्र पुनर्जन्म न चाहने वाले लोगों की गति है' इस वचनानुसार संसार निवर्तक अतएव

'मन्त्राणां परमो मन्त्रो गुह्यानां गुह्यमुत्तमम्।
पवित्रं च पवित्राणां मूलमन्त्रः सनातनः।।'

'मंत्रों में श्रेष्ठ मंत्र रहस्यों में परम रहस्य पवित्रों में परम पवित्र है अष्टाक्षरी रूप मूलमंत्र' इस वचनानुसार संपूर्ण इतर मंत्रों से उत्कृष्ट मूलमंत्र को संसार निर्वतक

समझ उपदेश करने वाले को साक्षात् आचार्य कहते हैं। द्वयमंत्र पूर्वोत्तर वाक्यों से अष्टाक्षरी के मध्यम चरम पदों का विवरण रूप है। चरम श्लोक पूर्वार्द्ध उत्तरार्ध से द्वय के पूर्वोत्तर वाक्य का विवरण रूप है इसलिये द्वय और चरम श्लोक ये दोनों रहस्य प्रथम रहस्य अष्टाक्षरी से भिन्न नहीं इसको कहने से ही उनका उपदेश भी सिद्ध होता है ऐसा समझ बृहत् श्रीमंत्र के उपदेष्टा को ऐसा कहे हैं, यह वाक्य रहस्यत्रय उपदेश का भी सूचक है।

भगवन्मंत्रों में किसी एक के उपदेष्टा को आचार्यत्व नहीं है क्या इस शंका में कहते है;

संसारवर्द्धकानां क्षुद्राणां भगवन्मंत्राणामुपदेष्टृणामाचार्यत्वपूर्तिर्नास्ति ।।३३६।।

संसार वर्द्धक और क्षुद्र भगवन्मंत्रों के उपदेष्टाओं को आचार्यत्व पूर्ति नहीं है ।। ३३६।।

संसार निवर्तक न होना ही नहीं किन्तु बढ़ाने वाले क्षुद्र अष्टाक्षरी व्यतिरिक्त भगवन्मंत्रों के उपदेष्टाओं को आचार्यत्व प्रतीति बिना पूर्ति नहीं है।

क्षुद्र देवता मंत्रों को ही क्षुद्र कहते हैं, भगवन्मंत्रों को क्षुद्र कहते हैं क्या, इस शंका में कहते हैं;

भगवन्मंत्राः क्षुद्रा इत्युच्यंते फलद्वारा ।।३३७।।

भगवन्मंत्रों को क्षुद्र कहते हैं फल द्वारा।। ३३७।।

परदेवता रूप भगवान का विषय होने से वैभव वाले मंत्रों को अर्थ काम पुत्र विद्या आदि क्षुद्र फलों को देने से क्षुद्र कहते हैं;

संसारवर्द्धक कैसे, इस शंका में कहते हैं;

संसारवर्द्धका इत्यपि तेन ।।३३८।।

संसारवर्द्धक कहना भी उससे ही ।। ३३८।।

''उससे ही'' माने 'पूर्वोक्त बंधक क्षुद्र फलों को देने से ही'। तथा सति इन मंत्रों का यह स्वभाव है क्या, इस शंका में कहते हैं;

इदं चौपाधिकम् ।।३३९।।

यह औपाधिक है ।। ३३९।।

''यह'' माने 'क्षुद्रफलप्रदत्व'। ''औपाधिक'' माने 'आगंतुक है'।

उसका उपपादन करते हैं;

चेतनानां रुच्यागतत्वात् ।।३४०।।

चेतनों की रुचि द्वारा आने से।। ३४०।।

भगवन्मंत्र होने से मोक्ष प्रदत्व शक्ति रहने पर भी इनका क्षुद्र फल प्रदत्व प्रकृतिवश्य चेतन की क्षुद्रफल रुचि द्वारा होता है। ऐश्वर्यकामों को गोपाल मंत्र आदि, पुत्रकामों को राममंत्र आदि, विद्याकामों को हयग्रीवमंत्र आदि, विजयकामों को सुदर्शन नरसिंह मंत्र आदि, इस प्रकार नियेमन क्षुद्रफल ही को देने से चेतनों की रुचि अनुगुण अमुक फल को देगा ऐसा ईश्वर के नियमपूर्वक कल्पित होने से। यह कल्पना चेतनों की रुचि अनुगुण कल्पित होने से क्षुद्र फलप्रदत्व स्वाभाविक नहीं किंतु औपाधिक है ऐसा कहे हैं।

सदाचार्य लक्षण प्रकरण समाप्त

।। सच्छिष्य लक्षण प्रकरण।।

तथा च 'अपने उपदेश करने के समय' (सू. ३२८) से आरंभ कर 'आचार्यत्व पूर्ति नहीं' (सू. ३३६) यहाँ तक आचार्य स्वरूप शोधन कर अनंतर प्रासंगिक शंकाओं को दूर किये हैं अब शिष्य स्वरूप का शोधन करते हैं;

शिष्य इत्युच्यते साध्यांतरनिवृत्तिः फलसाधन शुश्रूषाऽऽर्तिरादरोऽनसूया इत्येतद्विशिष्टः ।।३४१।।

शिष्य कहते हैं साध्यांतरनिवृत्ति, फलसाधन शुश्रूषा, आर्ति, आदर और अनसूया वाले को।। ३४१।।

''साध्यांतरनिवृत्ति'' माने 'स्वरूप विरोधिभूत ऐश्वर्य कैवल्य रूप फलान्तर में भूल कर भी संबंध नहीं रखना'। यद्वा 'इन आचार्य को छोड़ अन्य प्राप्य वस्तु को नहीं जानता हूँ ऐसे रहना'।

''फलसाधनशुश्रूषा'' माने 'गुरुशुश्रूषा से विद्या प्राप्त होती है इस वचनानुसार आचार्य को अपनी शुश्रूषा से संतुष्ट कर ज्ञान प्राप्त करना उचित होने से आचार्य क्रियमाण उपदेश से तत्वज्ञान रूप फल सिद्धि के साधन भूत आचार्य परिचर्या'। यद्वा 'स्वरूपानुरूप फल को सुनने की इच्छा अथवा आचार्य मुखोल्लासरूप फल का साधनभूत तत्परिचर्या'।

''आर्ति'' माने 'उत्पन्न ज्ञान के विरोधी रूप इस विभूति से शीघ्र नहीं जाने से होने वाला क्लेश'। यद्वा 'आचार्य विग्रहानुभवालाभ से होने वाला क्लेश'।

''आदर'' माने 'उत्तरोत्तर अनुभव की इच्छा से आचार्य उच्यमान भगवद्गुणानुभव में ऊपर ऊपर होने वाला आदर'। यद्वा 'आचार्य को देखने पर भूखा अन्न को जैसे देखता है वैसे उनके अनुभव कैंकर्यों में अत्यंत आदर'।

''अनसूया'' माने 'आचार्य के भगवद्भागवत वैभवों को विस्तार पूर्वक कहने पर उनमें असूया नहीं होना'। यद्वा 'आचार्य के उत्कर्ष और सब्रह्मचारियों के उत्कर्ष को देख असूया नहीं करना'। 'असूयाप्रसवभूः' इस वाक्य का अर्थ 'हितवक्ता आचार्य के उत्कर्ष को ही न सहना' ऐसा पूर्वाचार्य कहे हैं। भगवान के विषय में भी असूया करने वाले तदीय विषय में करेंगे इसमें क्या कहना। **'इदं तु ते गुह्यतमं प्रवक्ष्याम्यनसूयवे'** असूया रहित तुमको यह उत्तम रहस्य को कहता हूँ ऐसा स्वयं भगवान कहे हैं ऐसे सद्गुण विशिष्ट को ही साक्षात् शिष्य कहते हैं।

एवं उक्त लक्षण विशिष्ट शिष्य को अपने आचार्य के विषय में आवश्यक प्रतिपत्ति विशेषों को कहते हैं;

मंत्रो देवता फलं फलानुबंधिनः फलसाधनमैहिकभोगश्चैते सर्वे आचार्य एवेत्यनुसंधानं कुर्यात् ।।३४२।।

मंत्र, देवता, फल, फलानुबंधी, फल साधन, ऐहिकभोग ये सब आचार्य ही हैं ऐसा समझना।। ३४२।।

अनुसंधान करने वालों के रक्षक मंत्र, उस मंत्र से प्रतिपाद्य परदेवता, परदेवता के अनुग्रह से मिलने वाला

कैंकर्यरूप महाफल, उसके पूर्व होने वाले अविद्या निवृत्तिपूर्वक स्वस्वरूप आविर्भाव और सालोक्य आदि तादृश फल को देने वाले साधन, पुत्र दार गृह क्षेत्र पशु अन्न आदि के अनुभवरूप ऐहिक भोग ये सब हमारे आचार्य ही हैं ऐसा समझना।

'गुरुरेव परं ब्रह्म गुरुरेव परागतिः।
गुरुरेव परा विद्या गुरुरेव परायणम्।।
गुरुरेव परः कामो गुरुरेव परं धनम्।
यस्मात्तदुपदेष्टासौ तस्माद्गुरुतरो गुरुः।।'

गुरु ही परब्रह्म, गुरु ही परागति, गुरु ही पराविद्या, 'गुरु ही परस्थान, गुरु ही श्रेष्ठ काम, गुरु ही श्रेष्ठ धन हैं। जिस कारण से उस मंत्र का उपदेश किये हैं उस कारण से गुरु ही सबसे श्रेष्ठ हैं।'

'ऐहिकामुष्मिकं सर्वं स चाष्टाक्षरदो गुरुः।
इत्येवं ये न मन्यंते त्यक्तव्यास्ते मनीषिभिः।।'

'इह लोक और परलोक की सभी वस्तुएँ अष्टाक्षरप्रद गुरु ही हैं ऐसा जो नहीं समझते हैं, वे लोग छोड़ने योग्य हैं।'

इस प्रकार अपने कहे हुए इस अर्थ में विश्वास होने के लिये परमाचार्य वचन को दिखाते हैं;

मातापितेत्यादि श्लोक अयमर्थः परमाचार्यैरुक्तः ।। ३४३ ।।

'माता पिता युवतयः' इस श्लोक में इस अर्थ को परमाचार्य कहे हैं ।। ३४३ ।।

'माता पिता युवतयस्तनया विभूतिः।
सर्वं यदेव नियमेन मदन्वयानाम्।।'

माता, पिता, स्त्री, पुत्र, विभव ऐसे ऐहिक भोगों को, सर्वं इस वचन से मंत्र देवता फलादियों को कह, ये सब श्रीशठकोपसूरि के चरणारविन्द ही हैं ऐसा कहने से उस श्लोक में इस अर्थ को परमाचार्य यामुनाचार्य कहे हैं।

ये सब आचार्य ही हैं ऐसे अनुसंधान करने का कारण क्या? इस शंका में कहते हैं?

एतन्मूलमुपकारस्मृतिः ।।३४४।।

इसका कारण उपकारस्मृति है ।। ३४४।।

आचार्य ही हमारे सब कुछ हैं ऐसा अनुसंधान करने का हेतु, नित्यसंसारी अपने को उपदेश आदियों से शोधन कर नित्यसूरियों के अनुभव के योग्य बनाये हैं ऐसे उपकार की स्मृति।

इस उपकार स्मृति के प्रसंग से उसकी प्रथम चरम सीमा को दिखाते हैं;

उपकारस्मृतेः प्रथमावधिराचार्यविषये कृतज्ञता, चरमावधिरीश्वरविषये कृतज्ञता ।।३४५।।

उपकार स्मृति की प्रथम सीमा आचार्य के विषय में कृतज्ञता, चरम सीमा ईश्वर के विषय में कृतज्ञता ।। ३४५।।

अज्ञात ज्ञापन द्वारा अपने को सब जनाकर भगवद्विषय को हस्तगत करने वाले आचार्य कृत उपकार का चेतन

पहले अनुसंधान करता है। आचार्य का गौरव मन में लगने पर उस विषय से अपने को मिलाने वाले ईश्वर कृत यत्न परंपरा का बाद में अनुसंधान करता है इसलिये चरम सीमा ईश्वर के विषय में कृतज्ञता। भगवद्विषय को देने वाले आचार्य कर्तृक उपकार का अनुसंधान करने पर उनका वैभव ज्ञान हृदय में लगने से ऐसे आचार्य को ईश्वर ही हमको दिये हैं ऐसी उपकार स्मृति ईश्वर पर्यंत पहुँचेगी।

अब इन सदाचार्य सच्छिष्यों के विनियोग प्रकार को कहते हैं;

शिष्य आचार्यश्चान्योन्यं प्रियहिते प्रवर्तेयाताम् ।।३४६।।

शिष्य और आचार्य को परस्पर प्रिय और हितों को करना चाहिये।। ३४६।।

शिष्य को आचार्य का प्रिय और हित करना, आचार्य को शिष्य का प्रिय और हित करना। दोनों के परस्पर प्रिय हित करने के क्रम को कहते हैं;

शिष्यः स्वयं प्रियं प्रवर्तयेत् ईश्वरेण हितं प्रवर्तयेत्, आचार्यो व्यत्यासेन प्रवर्तयेत् ।।३४७।।

शिष्य को स्वयं प्रिय को करना चाहिये ईश्वर के द्वारा हित को करना चाहिये, आचार्य को इसका उलटा करना चाहिये।। ३४७।।

शिष्य को आचार्य के विषय में दोनों को करने के समय स्वस्वरूपानुरूप आचार्य मुखोल्लास ही पुरुषार्थ समझ अपने कैंकर्यादि से स्वयं आचार्य के प्रिय को सर्वकाल करते रहना चाहिये। मंगलाशासनपर होने से इस विभूति स्वभाव से मन में किसी प्रकार की व्याकुलता न होनी चाहिये ऐसा कुछ कल्मष होने पर इसे दूर करने के लिये ईश्वर से प्रार्थना कर हित को करना चाहिये।

आचार्य को हित पर होने से शिष्य का स्वरूप नष्ट न होने के लिये हेय उपादेयों में स्खलन न हो वैसा नियमन कर सर्वकाल अच्छे मार्ग में ले जाना रूप हित को स्वयं करना चाहिये। दृष्टवस्तु के अभाव से जब शिष्य दुःखी होता है तब वे वस्तु इनको मिलनी चाहिये ऐसे ईश्वर से प्रार्थना कर प्रिय को करना चाहिये।

ऐसा करने पर दोनों को दोनों बराबर हैं क्या इस शंका में कहते हैं;

शिष्यः प्रीतौ तत्परो वर्तेत, आचार्य उज्जीवने तत्परो वर्तेत ।।३४८।।

शिष्य को आचार्य का प्रिय करने में अधिक ध्यान देना चाहिये, आचार्य को शिष्य के उज्जीवन में अधिक ध्यान देना चाहिये ।। ३४८।।

शिष्य को शेषभूत होने से शेषी आचार्य का प्रिय करने में दृढ़ रहना चाहिये। आचार्य परमकृपालु होने से शिष्य का संसार से उत्तीर्ण हो उज्जीवन रूप हित में दृढ़ रहना चाहिये इसलिये शिष्य का प्रियकरण और आचार्य का हितकरण प्रधान है।

शिष्य का प्रियकरण और आचार्य का हितकरण प्रधान है।

पूर्वोक्त का फल कहते हैं;

तस्माच्छिष्यस्याचार्यहर्षविषयत्वं विना रोषविषयतया अवकाशो नास्ति ।।३४९।।

इसलिये शिष्य को आचार्य के संतोष का पात्र बिना रोष का पात्र होने का अवकाश नहीं।। ३४९।।

शिष्य को आचार्य का प्रिय करना, आचार्य को शिष्य का हित करना, प्रधान होने से शिष्य आचार्य के प्रीति का विषय होना छोड़ अनिष्टकरणादियों से निग्रह का विषय होने का अवकाश नहीं।

प्रकृति संबंध के साथ रहने वाला यह सदा एक प्रकार रहेगा क्या? कलुषित नहीं होगा? तद्द्वारा निग्रह पात्र होने के वक्त यह निग्रह दोनों के विषय में कैसा होगा इस शंका में कहते हैं;

निग्रहस्य पात्रं भवति चेत् स हितरूपत्वादुभयोरप्युपादेयः ।।३५०।।

निग्रह का पात्र होने के वक्त वह हितरूप होने से दोनों को उपादेय है।। ३५०।।

अनिष्टकरणादि से आचार्य के निग्रह का पात्र होने के समय वह निग्रह शिष्य की दुष्ट प्रवृत्ति को रोक समीचीन मार्ग में प्रवृत्त होने के लिये उपयुक्त हितरूप होने से 'ऐसे हमको निग्रह करते हैं, देखो!' इस प्रकार हृदय में दुःख होना, 'इसको इस प्रकार निग्रह करना पड़ा' इस तरह आचार्य के हृदय में दुःख होना अतः वह निग्रह विषय शिष्य और निग्रहाश्रय आचार्य दोनों को उपादेय होता है।

निग्रह उपादेय हो तो निग्रह कारण भी उपादेय होगा क्या? इस शंका में कहते हैं;

शिष्यस्य निग्रहकारणं त्याज्यम् ।।३५१।।

शिष्य को निग्रह कारण छोड़ने योग्य हैं।। ३५१।।

निग्रह को उपादेय समझ फिर भी उसका कारण अकृत्य को नहीं करना।

जिस कारण से जल में अग्नि की उत्पत्ति की तरह शीतल स्वच्छ आचार्य हृदय में निग्रह उत्पन्न हुआ उस कारण को पुनरावृत्ति रहित छोड़ देना चाहिये।

जिस कारण से जल में अग्नि की उत्पत्ति की तरह शीतल स्वच्छ आचार्य हृदय में निग्रह उत्पन्न हुआ, उस कारण को पुनरावृत्ति रहित छोड़ देना चाहिये।

पूर्वोक्त आचार्य निग्रह हित रूप होने से उपादेय होता है इतना ही नहीं प्राप्यांतर्गत भी है इस अर्थ को दृष्टांत पूर्वक कहते हैं;

निग्रहश्च भगवन्निग्रहवत् प्राप्यांतर्गतः ।।३५२।।
निग्रह भगवन्निग्रह की तरह प्राप्यांतर्गत है।। ३५२।।

स्वाचार्य से स्वविषय में हित रूप से क्रियमाण निग्रह स्वविरोधी निवृत्ति के उपयुक्त भगवन्निग्रह की तरह पुरुषार्थ कोटि में अंतर्गत होता है। आचार्य अर्थ कामों में आशा रहित होने से उनके कारण से निग्रह करने को प्राप्ति नहीं, इसके हित करने के लिये निग्रह किये तो वह प्राप्यांतर्गत होता है ऐसा माणिक्य माला में श्रीकृष्णपाद स्वामी कहे हैं।

पहले दोनों के प्रधानकृत्यतया उक्त हित करण और प्रिय करणों के आकार को स्पष्ट कहते हैं;

आचार्यः शिष्यस्य स्वरूपं रक्षेत्, शिष्य आचार्यस्य देहं रक्षेत् ।।३५३।।
आचार्य शिष्य के स्वरूप की रक्षा करे शिष्य आचार्य के देह की रक्षा करे।। ३५३।।

उज्जीवनपर आचार्य उज्जीवनेच्छा से प्राप्त हुए शिष्य के स्वरूप की, भूल कर भी अपराध नहीं करे ऐसे एकाग्रचित्त हो उपदेशादियों से रक्षा करे। प्रियपर शिष्य अपने उज्जीवन में तत्पर अपने स्वरूप की रक्षा करने वाले आचार्य के शरीर की उचित कैंकर्यों से सर्वकाल भी एकाग्रचित्त हो रक्षा करे।

इस तरह दोनों दोनों की रक्षा करने से फलितार्थ को कहते हैं;

उभयमप्युभयोरपि स्वरूपं भगवत्कैंकर्यं च ।।३५४।।
दोनों दोनों के स्वरूप हो भगवत्कैंकर्य होते हैं।। ३५४।।

आचार्य का शिष्य के स्वरूप की रक्षा करना, शिष्य का आचार्य के देह की रक्षा करना; इन दोनों के असाधारण आकार होने से ये दोनों दोनों का स्वरूप है। ईश्वर का भोग्य होने योग्य होकर भी अनादि काल से नष्ट हुआ इसका स्वरूप उसके योग्य जैसे हो वैसे रक्षा करना, ईश्वर के भोग्य आचार्य विग्रह की रक्षा करना भगवन्मुखोल्लास होने से ये दोनों भगवत्कैंकर्य होते हैं।

ऐसी व्यवस्था क्यों? आचार्य के अपने देहरक्षण में, शिष्य के अपने स्वरूप रक्षण में संबंध होने से दोष क्या इस शंका में कहते हैं;

आचार्यस्य देहरक्षणं स्वरूपहानिः शिष्यस्यात्मरक्षणं स्वरूपहानिः ।।३५५।।
आचार्य को देह रक्षण स्वरूपहानि शिष्य को आत्मरक्षण स्वरूपहानि।। ३५५।।

अपनी देह यात्रा में विरक्त आचार्य के देह की शिष्य को अपना स्वरूप समझ रक्षा करनी चाहिये इसके विपरीत आचार्य का अपने देह की रक्षा स्वयं कर लेना आचार्यत्वरूप स्वरूप की हानि है। शिष्य आचार्य के चरण में भरन्यास कर अपने स्वरूप की वे ही रक्षा करेंगे ऐसे रहना चाहिये ऐसा नहीं कर अपनी आत्मा की आप रक्षा कर लेना शिष्य के शिष्यत्वरूप स्वरूप की हानि है इसलिये भूलकर भी शिष्य को अपने स्वरूप रक्षण में और आचार्य को अपने देह रक्षण में संबंध नहीं रखना चाहिये।

अब आचार्य और शिष्य के अपने अपने व्यवस्थित देह रक्षण और आत्म रक्षण करने के समय अवश्य छोड़ने योग्य विरोधियों को कहते हैं;

आचार्येणात्मरक्षणकरणसमय अहंकारो विरोधी, शिष्येण देहरक्षणकरणसमये ममकारो विरोधी ।।३५६।।

आचार्य के आत्म रक्षा करने के समय अहंकार विरोधी है, शिष्य के देह रक्षण के समय ममकार विरोधी है।। ३५६।।

हितपर आचार्य अपने उपदेशादियों से शिष्य का आत्मरक्षण करने के समय 'हम रक्षा करते हैं', ऐसा अहंकार आचार्य पारतंत्र्य रूप अपने अधिकार का विरोधी है। प्रियपर शिष्य द्रव्यादियों से आचार्य के देह रक्षण करने पर 'हमारे द्रव्य और करणों से रक्षा करता हूँ', ऐसा ममकार शरीर द्रव्य प्राणादि सब आचार्य के हैं ऐसा समझने योग्य अपने अधिकार का विरोधी है।

आचार्य और शिष्य को अपने अपने देह रक्षण करने के समय में अनुसंधान प्रकार को कहते हैं;

आचार्यः स्वदेहरक्षणं स्ववस्तु गृहीत्वा कुर्यात्, शिष्यः स्वदेहरक्षणमाचार्यवस्तु गृहीत्वा कुर्यात् ।।३५७।।

आचार्य अपना देह रक्षण अपनी वस्तु से, शिष्य अपना देह रक्षण आचार्य की वस्तु से करे।। ३५७।।

"शरीरमर्थं प्राणं च सद्गुरुभ्यो निवेदयेत्।'

'शरीर द्रव्य प्राण इनको आचार्य के लिये निवेदन कर देना' इस वचनानुसार शिष्य का सर्वस्व पहले ही आचार्य के चरण में समर्पित होने से स्वदेह रक्षण के लिये शिष्य से तत्तत्काल में दिये जाने वाले द्रव्य को शिष्य का न समझ अपना ही समझ विनियोग कर लेना। शिष्य की संपूर्ण वस्तु आचार्य को समर्पित होने से अपने देह रक्षण के लिये उपयोग किये जाने वाली आचार्य की समझ विनियोग कर लेना।

आचार्य देह रक्षण के प्रसंग में शिष्य अपनी संपूर्ण वस्तु आचार्य की है ऐसा समझ दे, आचार्य भी ऐसे समझी हुई वस्तु को ही ले ऐसा न कर शिष्य की ममता से दूषित वस्तु को दोनों ले और दे भी नहीं सकते ऐसा कहते हैं;

आचार्यः शिष्यवस्तु नादद्यात्, शिष्यः स्ववस्तु न दद्यात् ।।३५८।।

आचार्य शिष्य की वस्तु को ले नहीं, शिष्य अपनी वस्तु को दे नहीं।। ३५८।।

शिष्य के अभिमान से दूषित वस्तु को आचार्य भूलकर भी नहीं ले, *शिष्य अपनी समझी हुई वस्तु को अहंकार ममकार स्पर्श विष है ऐसे डरने वाले मृदु प्रकृति आचार्य को विष की तरह नहीं दे।*

ऐसे लेने देने से होने वाले दोष को कहते हैं;

आदाने दरिद्रः स्याद्दाने चोरः स्यात् ।।३५९।।

लेने पर दरिद्र हो जायेगा, देने पर चोर होगा।। ३५९।।

शिष्य की अभिमानग्रस्त वस्तु को चपलता से आचार्य के लेने पर ईश्वर संपूर्ण भार का निर्वाह करते हैं हमको क्या कमी है ऐसे पूर्ण आप देह यात्रा को भी नहीं चला सकने के योग्य दरिद्र हो

जायगा। हमारी है, ऐसे समझी हुई वस्तु को देने पर शरीर अर्थ इस वचनानुसार पहले ही समर्पित होने से आचार्य की वस्तु में मदीयत्व बुद्धि करने से आचार्य वस्तु की चोरी करने वाला चोर होगा।

इतना ही नहीं संबंध की हानि भी होगी ऐसा कहते हैं;

आदानं दानं च जायते यदि संबंधो नश्येत् ।।३६०।।

लेने देने से संबंध नष्ट होता है।। ३६०।।

शिष्याचार्यत्वरूप संबंध होने पर शेषभूत शिष्य का शरीर अर्थ प्राण इत्यादि प्रकार सब उनका ही है ऐसा समझ समर्पण करे ऐसे समर्पित वस्तु को शेषी आचार्य अंगीकार करे। शिष्य की ममता से दूषित वस्तु को आचार्य का स्वीकार करना, शिष्य का देना रूप अक्रम व्यवहार होने पर शिष्याचार्यात्वरूप संबंध नष्ट होता है।

इस तरह दारिद्रय, चौर्य और संबंध नाश देने लेने से होते हैं। पहले ही वे दोनों उनको नहीं करेंगे इस अर्थ को हेतु पुरस्सरेण कहते हैं;

अयं दरिद्रत्वान्न ददाति, स संपूर्णत्वान्नाददाति ।।३६१।।

यह दरिद्र होने से नहीं दे सकता, वह पूर्ण होने से नहीं ले सकता।। ३६१।।

अपनी समझने के योग्य कोई चीज न रहने से दरिद्र शिष्य हम आचार्य के लिये कोई वस्तु देते हैं ऐसा समझ नहीं देगा। आचार्य सकलभर निर्वाहक ईश्वर हैं हमको कुछ कमी नहीं ऐसे अपने को परिपूर्ण समझने से शिष्य की ममता से दूषित किसी वस्तु को नहीं लेगा।

तस्य पूर्त्या स्वरूपं जीवति, अस्य दारिद्र्येण स्वरूपं जीवति ।।३६२।।

उसका स्वरूप पूर्ति से जीता है इसका स्वरूप दारिद्र्य से जीता है।। ३६२।।

आचार्य का शिष्य की ममता से दूषित द्रव्य को न लेना रूप पूर्ति से आचार्यत्व जीता है, शिष्य का अपनी समझ देने के योग्य द्रव्याभावरूप दारिद्र्य से शिष्यत्व जीता है।

अब शिष्य से आचार्य को कर्तव्य उपकार कुछ नहीं है क्या? इस शंका में कहते हैं;

तर्हि शिष्येणाचार्यस्य क्रियमाण उपकार: कोऽपि नास्ति किमिति चेत्? आचार्यानुसंधानेनास्ति ।।३६३।।

तब शिष्य से आचार्य को क्रियमाण उपकार कुछ नहीं है क्या? इस शंका में कहते हैं; आचार्य के अभिप्राय से है।। ३६३।।

इस प्रकार लेने देने की योग्यता न होने पर भी उपकार स्मृति वाले शिष्य से महोपकारक आचार्य को कर्तव्य उपकार अपने अभिप्राय से नहीं है तो भी अपने कैंकर्य से प्रसन्न हुये आचार्य के अभिप्राय से है।

उस कैंकर्य को कहते हैं;

स च ज्ञानव्यवसायप्रेमसमाचाराः ।।३६४।।

वह कैंकर्य; ज्ञान, व्यवसाय, प्रेम और समाचार है।।३६४।।

शिष्य के आचार्य के प्रति कैंकर्य होते हैं:

- **स्वस्वरूप का यथार्थ ज्ञान**
- **उपाय में विश्वास**
- **उपेय में प्रेम**
- **उक्त तीनों के अनुरूप अनुष्ठान**

स्वरूप याथात्म्यज्ञान, उसके अनुरूप उपाय में विश्वास, उपेय में प्रेम इन तीनों के अनुरूप अनुष्ठान भी हैं। इससे अष्टाक्षर मंत्र के पदत्रय से कहे जाने वाले स्वरूप उपाय पुरुषार्थों में ज्ञान, विश्वास और प्रेम; तीनों के अनुरूप अनुष्ठान भी कहे जाते हैं। आचार्य मुखोल्लास के लिये शिष्य कर्तृक कैंकर्य प्रवृत्ति निवृत्ति रूप होने से प्रवृत्ति रूप कैंकर्य को कह अनंतर निवृत्ति रूप कैंकर्य को कहते हैं;

आचार्यस्य प्रीत्यर्थमस्य निवर्तनीयो भगवद्द्रव्यस्यापहारो भगवद्भोजन निरोधो गुरुमंत्रदेवतापरिभवश्च ।।३६५।।

आचार्य के प्रीत्यर्थ शिष्य के छोड़ने योग्य; भगवद्द्रव्यापहार, भगवद्भोजन को रोकना, गुरु, मंत्र और देवता का तिरस्कार है।। ३६५।।

इस प्रकार उद्देश्य कर क्रम से विवरण करते हैं;

भगवद्द्रव्यापहारो नाम—स्वातंत्र्यमन्यशेषत्वं च। भगवद्भोजननिरोधो नाम—तद्रक्षकत्वस्य निरोधः ।।३६६।।

भगवद्द्रव्यापहार माने स्वातंत्र्य और अन्यशेषत्व। भगवद्भोजन को रोकना माने भगवान के रक्षकत्व को रोकना।। ३६६।।

''भगवद्द्रव्य'' माने 'श्रीकौस्तुभसदृश ईश्वर का स्पृहणीय आत्मद्रव्य है'। ''स्वातंत्र्य'' माने 'शेषत्व से निरूपण करने योग्य आत्मा को स्वतंत्र समझना'। ''अन्यशेषत्व'' माने 'भगवदेकशेषभूत आत्म वस्तु को माता पिता देवांतर के शेष समझना'।

ये दोनों प्रथमाक्षर की चतुर्थी से और मध्यमाक्षर से भी दूर किये जाते हैं। **'किं तेन न कृतं पापं चौरेणात्मापहारिणा'** 'इस आत्मापहारी चोर से कौन पाप न किया गया' ऐसे सकल पाप का कारण कहा है।

रक्षण को भोजन कहते हैं। रक्ष्यवर्ग का रक्षण ईश्वर के लिये भूखे के भोजन की तरह धारक होने से। 'भूमि और आकाश को पाये हैं' (अर्थात् खाये हैं) रक्षण किये हैं ऐसे न कह, पाये हैं ऐसा सूरि लोग कहे हैं। एवंभूत स्वामी के रक्षकत्व को रोकना माने अवरक्षणे इस धातु से निरुपाधिक सर्वरक्षकतया कहे जाने वाले ईश्वर को रक्षा करने का अवकाश न दे स्वयत्न से या औरों से अपनी रक्षा कराने में प्रवृत होना यह भगवदेकरक्षकत्व प्रतिपादक नमः शब्द से दूर किया जाता है।

उसके रक्षण क्रम को कहते हैं;

तस्य रक्षकत्वक्रमः प्रपन्नपरित्राण उक्तः ।।३६७।।

उसके रक्षण क्रम को प्रपन्न परित्राण में कहे हैं।। ३६७।।

सर्वेश्वर का रक्षकत्व प्रपन्न परित्राण में 'ईश्वर से व्यतिरिक्त रक्षक नहीं है' इस अर्थ के बाद 'ईश्वर माता पिता आदि के छोड़ने पर अपने रूप को बदल मातृमुख को दिखा भोग्य वचन कह' ऐसे आरंभ कर 'यही सबका रक्षक' इत्यंत उसके रक्षकत्व क्रम को स्पष्ट कहा है।

गुरुपरिभवो नाम—श्रुतार्थप्रकारेणानुष्ठानराहित्यं, अनधिकारिभ्य उपदेशः। मंत्रपरिभवो नाम—अर्थविस्मृतिः, विपरीतार्थ प्रतिपत्तिश्च। देवतापरिभवो नाम—करणत्रयस्य चाप्राप्तविषयेषु प्रावण्यं तद्विषयेऽप्रावण्यं च ।।३६८।।

गुरुपरिभव माने सुने हुए अर्थ का अनुष्ठान नहीं करना, अनधिकारियों को उपदेश करना। मंत्र परिभव माने उपदिष्ट अर्थ को भूल जाना विपरीत अर्थ को समझना। देवता परिभव माने करणत्रय को अप्राप्त विषय में लगाना प्राप्त विषय में न लगाना।। ३६८।।

''गुरु परिभव'' माने 'अपने उज्जीवन के लिये आचार्य से उपदिष्ट त्याज्य उपादेयरूप अर्थों को अनुष्ठान पर्यंत नहीं लाना'। अपने को रक्षकतया आचार्य से उपदिष्ट श्रेष्ठार्थों को नास्तिकों के लिये ख्याति लाभ आदि की इच्छा से उपदेश करना।

''मंत्र परिभव'' माने 'आचार्योपदिष्ट अर्थों को स्मरण करना छोड़ उदासीनता से भूल जाना'। ''विपरीतार्थ प्रतिपत्ति'' माने 'आचार्य उपदिष्ट प्रकार के बिना विपरीत रूप से समझना'।

''देवता परिभव'' माने 'ईश्वर को समर्पण करने के लिये सृष्ट हुये विचित्र मनोवाक्कायरूप करणत्रय को अप्राप्त हेय विषय में लगाना, प्राप्त विषय सर्वेश्वर के स्मृति स्तुति प्रणाम रूप कार्यों में न लगाना'।

तथा च 'मंत्र देवता और मंत्रप्रद आचार्य इन तीनों से सदा प्रेम रखना' एवं 'देवता गुरु और मंत्र को बराबर समझना' ऐसे भी कहे हुए इन तीनों का परिभव करना।

इस प्रकार आचार्य प्रीति के लिये करने और छोड़ने योग्य को कह और भी इसके अपेक्षित को कहते हैं;

अस्य शरीरावसानपर्यंतमाचार्यविषये 'मम दुष्टं मनो निवर्तितवान्, एकाकारेणाश्रयणयोग्यं मनो दत्तवान्' इत्युपकारस्मृतिर्वर्तितव्या ।।३६९।।

इसको मरणपर्यंत आचार्य विषय में 'हमारे दुष्टमन को दूर किये हो, आदरपूर्वक भजन करने वाले मन को दिये हो' ऐसी उपकार स्मृति कर्तव्य है।। ३६९।।

इस अधिकारी को शरीर के साथ रहने तक महोपकारक आचार्य के विषय में उपकार स्मृति कर्तव्य है। मन के दोष को कहते हैं;

मनसो दोषः — स्वगुणस्य भगवद्भागवतदोषस्य चानुसंधानम् ।।३७०।।

मन का दोष माने अपने गुण और भगवद्भागवत के दोष का स्मरण करना।। ३७०।।

''अपने गुण का स्मरण करना'' माने 'शमदमादि आत्मगुण अपने में होने पर भी अपने में एक भी

आत्मगुण नहीं है मैं गुणहीन हूँ ऐसा अनुसंधान करना उचित है ऐसा न कर सब गुण हमारे में पूर्ण हैं ऐसा समझ गर्वित होना'।

''भगवान के दोष का स्मरण करना'' माने 'ईश्वर के परतंत्र इस आत्मवस्तु की अनादिकाल से उपेक्षा कर कर्म के बहाने से छोड़ दिया है; इतना ही नहीं निर्दयी की तरह कर्मानुसार नरकों में दु:ख भुगाने वाले, अब स्वीकार करने पर भी निरंकुश स्वतंत्र होने से अमुक समय में अमुक करेगा ऐसा विश्वास करने के योग्य नहीं, कृष्णावतार में यथेच्छ विहारों के विषय में धर्म संस्थापन करने को अवतार ले ऐसा करना अनुचित है; इत्यादि स्मरण करना'। ऐसा न हो तो समस्त कल्याण गुणात्मक भगवान के विषय में स्मरण करने के योग्य कोई दोष नहीं है।

''भागवत दोष का स्मरण करना'' माने 'शरीर के साथ रहने से ऊपर के आकारों को देख प्रकृति के वश्य हैं अहंकारी हैं, ऐसा समझना'।

तब अपने गुणों का जैसे स्मरण न करना वैसे उनके दोष का भी स्मरण नहीं करना क्या? इस शंका में कहते हैं;

दोषस्याननुसंधानं गुणवद्विद्यमाने न भवति किंतु तदभावात् ।।३७१।।

दोष का स्मरण नहीं करना गुण की तरह रहने पर नहीं किंतु न रहने पर।। ३७१।।

अपने में गुण होने पर भी जैसे उसका स्मरण नहीं करना कहा है वैसे भगवद्भागवतों में दोष होने पर उसका स्मरण नहीं करना, ऐसा अर्थ नहीं, किंतु उनमें दोष नहीं रहने से। इसका कारण सर्वमुक्ति प्रसंग न आने के लिये परमात्मा शरणागति को मान अंगीकार करते हैं। समस्त आत्माओं के उज्जीवन के लिये सृष्टि अवतारादि से यत्न करने वाले सर्वेश्वर में दोष होना असंभव है। निर्दयी की तरह कर्मानुगुण दण्ड देना भी मिट्टी खाने वाले बालक की जिव्हा में चिन्ह कर डराने वाली माता की तरह हितपर हो करने से उज्जीवन का ही हेतु है इसलिये दोष नहीं। निरंकुश स्वातंत्र्य अनादिकाल से बंध का हेतु होने पर भी कृपा के परतंत्र हो जब अंगीकार किया है तब नित्य संसारी को नित्य सूरि के सदृश करने के समय कोई रोक नहीं सकने के लिये उपयुक्त होता है इसलिये श्लाघ्य है। कृष्णावतार में स्वेच्छा संचार भी दोष नहीं कारण **'यदि मे ब्रह्मचर्यं स्यात्'** 'मेरे में ब्रह्मचर्य हो तो' इस वचनानुसार इस भोग में अपने संबंधाभाव को प्रकट करने के लिये, **'गोप्य: कामात्'** 'गोपी लोग काम से' इस वचनानुसार गोपी लोगों को काम द्वारा अपने विषय में भक्त बना उद्धार करने के लिये किये हैं इसलिये दोष नहीं। भागवतों में दोष न होने से निरूपण करने पर गुण भरे रहने से उनको दोषी न समझना।

दोष रहितता को स्वपक्ष से साधन किये हैं, अब परपक्ष से दोष को अंगीकार कर परिहार करते हैं;

दोषोऽस्तीति स्मर्यते यदि स च परदोषो न भवति किंतु स्वदोष: ।।३७२।।

दोष है ऐसा समझने पर वह परदोष नहीं अपना ही दोष है।। ३७२।।

भगवद्भागवत के विषय में दोष समझने पर वह दोष उनका नहीं किन्तु उसको देखने वाले खुद का है। उसको स्वदोष कैसे समझना इस प्रश्न में उत्तर देते हैं;

स्वदोषः कथमिति चेत्? स्वदोषेण च बन्धेन च ।।३७३।।

स्वदोष कैसे हुआ इस शंका में; अपने दोष और बंध से अपना दोष हुआ।। ३७३।।

काच नामक व्याधि से दुष्टदृष्टि मनुष्य को जैसे दो चन्द्रमा दीखते हैं वैसे निर्दुष्ट विषय में दुर्वासना से दुष्ट चित्त मनुष्य को दोष दीखता है। पुत्रादियों का दोष जैसे पितादियों का होता है वैसे उनका दोष अपना समझने योग्य संबंध से है।

स्वदोष से ऐसा कह सकते हैं दोष होने पर, इस शंका में कहते हैं;

स्वदोषो नास्ति यदि गुणप्रतिपत्तिर्वर्तेत ।।३७४।।

स्वदोष न हो तो गुण समझेगा।। ३७४।।

चन्द्रद्वित्व दर्शन हेतु नेत्र में दोष न होने पर जैसे चन्द्रैकत्व भान होता है वैसे दोष दर्शन हेतु दोष अपने चित्त में न होने पर भगवद्भागवत के विषय में गुण प्रतिपत्ति ही रहेगी ऐसा न होने से दोष है समझना।

गुण प्रतिपत्ति न होने से होने वाले दोष को कहते हैं;

तदभावे दोषज्ञानमेव दोषः स्यात् ।।३७५।।

न होने पर दोष ज्ञान ही दोष होता है।। ३७५।।

गुण प्रतिपत्ति न होने पर दोष प्रतिपत्ति करेगा वह इसको भगवन्निग्रह हेतु दोष होता है इसलिये इसको अवश्य हटाना चाहिये।

अब इसको परदोष देखने का अवकाश ही नहीं है ऐसा कहते हैं;

अस्यावसरो नास्ति ।।३७६।।

इसके लिये अपने को अवकाश नहीं।। ३७६।।

भगवद्भागवत के दोष चिंतन करने का इस चेतन को अवकाश ही नहीं है।

उसका कारण बताते हैं;

स्वदोषस्य भगवद्भागवतगुणानां चैव कालस्य पर्याप्तत्वात् ।।३७७।।

स्वदोष और भगवद्भागवत गुण इनका अनुसंधान करने में काल व्यतीत होने से।। ३७७।।

'नीच, अकिंचन, असत्यज्ञान, अनाचार, मलिन देह, मर्यादा रहित क्षुद्र, द्वेष, मान, मद, राग, लोभ, मोह, अज्ञान इनके उत्पत्ति स्थान है। आपकी विधिनिषेधरूप आज्ञा का उल्लंघन कर मनोवाक्कायों से आप और भागवतों के विषय में द्रोह करता हुआ जान कर या न जान कर असह्यापचार में आसक्त होता हूँ, हे रंगेश! आपके गुणों की तरह हमारे दोषों का पार देखने वाला नहीं' इत्यादि वचनानुसार अवधि रहित अपने दोषानुसंधान करने के लिये, उन दोषों को न देख 'अंगीकार करने वाले भगवान' और **'वेदविदः पुरस्कृत्य'**

'वेदाभ्यास करने वाले', तथा **'बोधयन्तः परस्परम्'** 'परस्पर गुणानुभव करने वाले', 'उनके दास लघु महामनुष्य हमारी इस संसार में रक्षा किये हैं हम परमात्मा की प्राप्ति को नहीं चाहते हैं' इन वचनानुसार पुरुषकार सहाय और प्राप्यभूत भागवतों के 'समस्त कल्याण गुणों के समुद्र', 'हे पुत्र! समुद्र के रत्न जैसे असंख्येय हैं वैसे परमात्मा के गुण असंख्येय हैं', 'मैं ब्रह्मा को भी अगम्य भागवतों के गुणों को कह नहीं सकता हूँ' इन वचनानुसार असंख्येय कल्याण गुणों के अनुसंधान के लिये भी अवकाश नहीं तब दोषों के अनुसंधान करने का अवकाश न होने में क्या कहना।

तथा च मन का दोष माने (सू. ३७०) से आरंभ कर यहाँ तक (सू. ३७७) भगवद्भागवत दोषों का स्मरण नहीं करना, उनकी निर्दोषता, दोष है समझने पर वह उनका दोष नहीं अपना दोष, उसके स्वदोष होने का कारण, स्वदोषाभाव शंका का उत्तर, दोष प्रतिपत्ति होने पर वही चेतन का महादोष है, अपने दोष और भगवद्भागवत गुणानुभव को ही समय पूर्ण है बाकी विषय के चिंतन करने का अवकाश नहीं इत्यादि पहले कहे हैं, अब इसके प्रसंग में संसारियों का दोषानुसंधान किस तरह होना चाहिये उसको कहते हैं;

संसारिणां दोषं स्वदोष इति स्मरेत् ।।३७८।।

संसारियों के दोष को अपना दोष समझना।। ३७८।।

संसारियों की भगवद्विमुखता देहात्मबुद्धि स्वतंत्रताबुद्धि प्रभृति दोष को देखने पर उन दोषों को लेकर उनको नीच समझ उनसे हमको क्या काम ऐसा न समझ कर उनके दोष को भी अपना दोष समझ रहना।

उसका हेतु बताते हैं;

तस्य च हेतुर्बन्धज्ञानम् ।।३७९।।

उसका हेतु संबंध ज्ञान है।। ३७९।।

अपने शेषी भगवद्भागवतों के दोष को अपना दोष समझने का कारण जैसे उनके साथ अपना संबंध हुआ, संसारियों के दोष को अपना दोष समझने का हेतु नारायणत्व प्रयुक्त संबंध ज्ञान है। सबके साथ ईश्वर का संबंध बराबर होने से तद्द्वारा अपना भी उनके साथ संबंध है इसलिये अपने को अवर्जनीय प्रकृति बंधुओं के दोष को जैसे अपना दोष समझता है वैसे संसारियों के दोष को अपना दोष समझने में कोई हानि नहीं।

यह तब होगा जब उनका दोष अपने को दीख पड़े वह इसको दीखता ही नहीं ऐसा कहते हैं;

निमेषकालमपि न स्मराम इत्युक्तत्वात्स च न प्रतीयते ।।३८०।।

क्षण भर भी याद नहीं करेंगे ऐसा कहने से वह दीखता ही नहीं।। ३८०।।

'कडल्मल्लै स्थलशयन भगवान का स्मरण नहीं करने वालों को क्षण भर भी हम याद नहीं करेंगे' इस तरह परमपद में नित्यसूरि लोग आदर पूर्वक परिचर्या करने योग्य होकर भी कडल्मल्लै दिव्य देश में आ चेतनों की प्राप्ति के लिये भूमि में सोने वाले स्वामी के सौशील्य गुण को देख विद्ध हो उस शील गुण में हार

कर निरंतर अनुसंधान करना चाहिये, ऐसा न कर केवल देह पोषणादिपर संसारियों को क्षण मात्र भी याद नहीं करेंगे ऐसा कहने से संसारियों का दोष इस अधिकारी को नहीं दीखता है। परकालसूरि से कहा हुआ यह सभी श्रीवैष्णवों को बराबर है।

नहीं दीखता है यह बात कैसे कहते हैं, **'अभिधाने विरोध:'** 'कहे तो विरोध', **'एक नायक:'**, **'परिगृहीत भार्या'** इत्यादि। इन दशकों में शठकोपसूरि को भी संसारियों का दोष दीखा नहीं क्या? इस शंका में कहते हैं;

प्रतीतिश्च निवर्तनार्थम् ।।३८१।।

भान होना दूर करने के लिये।। ३८१।।

संसारियों के दोष दीखना उन दोषों से उनको दूर करने के लिये। 'कहे तो विरोध' इत्यादि से शठकोपसूरि भी उन दोषों में मन रखते थे असेव्य सेवादियों से उनको हटाने के लिये, वह सब सूरियों को बराबर है।

तथा च इस अधिकारी के संसारियों के दोष देखने पर अनुसंधान करने का प्रकार, वे दोष उनको पहले भान ही नहीं होते, भान होने का कारण पहले कहे हैं इस प्रकार कभी कभी दीखने वाले संसारियों के दोषों को अपना दोष मान उनको दूर करना इतना ही नहीं, अपने विषय में अपराध करने पर इस अधिकारी को कैसे रहना चाहिये उसको कहते हैं;

जानकी राक्षसीनामपराधं स्वामिनो मारुतेश्च नावेदयत्, तथा स्वविषयेऽन्यै: कृतमपराधं भगवद्भागवतविषयेषु च न निवेदयेत् ।।३८२।।

सीताजी राक्षसियों के दोष को भगवान और हनुमानजी से जैसे नहीं कहीं वैसे अपने विषय में अन्यकर्तृक अपराधों को भगवद्भागवत विषय में नहीं जनाना चाहिये।। ३८२।।

एकाक्षी एककर्णी प्रभृति सात सौ राक्षसियाँ एक दिन भी न छोड़ दस मास तर्जन भर्त्सन करने पर भी उनके दोषों को सीताजी भगवान श्रीरामजी भागवत श्रीहनुमानजी इन दोनों से जैसे नहीं कहीं वैसे अपने विषय में अन्यकर्तृक अपराधों को भगवद्भागवतों के विषय में भूल कर भी नहीं कहना। उनके हृदय में दु:ख होने पर पहले ही नष्ट हुए लोग और भी अधिक नष्ट होंगे ऐसा समझ नहीं कहना।

यह जैसे किंपुनर्न्याय सिद्ध हो वैसे ईश्वर के प्रकार को कहते हैं;

ज्ञापयितुं शक्तोऽपि मुखमनुद्घाट्य सर्वज्ञविषयाणामप्याच्छादयतीत्युक्तं हि ।।३८३।।

जनाने योग्य स्वामी भी मुँह बंद कर सर्वज्ञों के विषय में भी छिपाता है ऐसा कहा है।। ३८३।।

अपने सौशील्य सौलभ्यादियों को दिखा संसारियों को वश करने के लिये आकर अवतार ले अपने दासों को ढूँढने पर भी वे न मिलने से, ये कुछ भी करें हम इनके उपयुक्त हो गये ऐसा समझ उनके दोषों को भोग्य मानते हैं; उसके बाद उनकी विमुखता प्रभृति दोषों को एकांत में लक्ष्मीजी से भी नहीं कहते हैं। यह अर्थ **'परिवृत्त्य दासा:'** इस गाथा में चेतनों के दोषों को अपने अभिमत विषयों से कहने के योग्य सर्वेश्वर भी अपना मुँह नहीं खोलते हैं, इतना ही नहीं जानने योग्य सर्वज्ञों के विषय में भी छिपाते हैं ऐसा कहा। इससे

सर्वेश्वर के ही छिपाने पर इस चेतन को क्या कहना।

इस प्रकार उद्देश्य विषयों में नहीं जनाना इतना मात्र नहीं, दोषियों के ऊपर क्षमा दयादि की भी आवश्यकता है ऐसा कहते हैं;

अपराधकर्तृविषये क्षमा कृपा हासः प्रीतिरुपकारस्मृतिश्च कर्तव्याः ।।३८४।।

दोषियों के विषय में क्षमा, कृपा, हँसी, प्रीति और उपकारस्मृति भी चाहिये।। ३८४।।

''क्षमा'' माने 'उनके कृतदोष की प्रतिक्रिया करना, मन में दुःख पाना इत्यादि न करना'।

''कृपा'' माने 'हमारे क्षमा करने पर भी सर्वेश्वर उचित दंड देगा अहो इसमें क्या करना चाहिये ऐसा परदुःखासहिष्णुत्व'।

''हँसी'' माने 'ये लोग कितना भी करें तो भी हमारे अदृष्ट का विरोध तो नहीं कर सकते। परुष वचन द्वारा ख्याति लाभ आदि दृष्ट वस्तुओं में ही ये लोग विरोध कर सकते हैं ऐसा कुछ करने पर इनके सदृश हमलोग भी इन ख्याति आदि में चपल हो इनकी हानि से मन में दुःख पाकर शिथिल होंगे ऐसा समझ ये लोग रहते हैं कैसा अज्ञान है ऐसा समझ हँसना'।

''प्रीति'' माने 'उन लोगों से क्रियमाण परिभवों के विषय अपने शरीर को शत्रु समझना, वे जो हमारे लिये हानिकारक है ऐसे दृष्ट पदार्थों को अपने प्रतिकूल समझना, इससे अपने शत्रु के विषय में किसी के परिभव करने पर अपने प्रतिकूल वस्तुओं को हटाने पर हमें संतुष्ट होना चाहिये ऐसा समझ कर प्रीति करना'।

''उपकार स्मृति'' माने 'हमारे दोषों को हम भूले रहने के समय वे हमको जनाते हैं हमारी आशा इस विषय से जैसे छूटे ऐसे करते हैं इस प्रकार के उपकार का स्मरण करना'।

तथा च इस प्रकरण से हितोपदेशकरण समय में उलटा समझना (सू. ३२८), विपरीत बुद्धि छोड़ कर उपेदश करना, उपदेश का साक्षात् फल, उपदेशक को आचार्यत्व का सिद्धिक्रम, विपरीत बुद्धि से उपदेश करने पर दोनों की स्वरूप सिद्धि नहीं होगी, उपदेष्टा आचार्य के अवश्यापेक्षित गुणद्वय, अमुक मंत्र उपदेश करने वाले को साक्षात् आचार्यत्व है इत्यादि सदाचार्य लक्षण, तदनंतर सच्छिष्य लक्षण, उन दोनों के आचरण विषय, शिष्य को यावद्देह आचार्य की उपकार स्मृति, मन का दोष उनका उपपादन, उसके प्रसंग में शिष्य का आवश्यक विषय इत्यादि प्रतिपादन करने से पूर्वोक्त द्वयनिष्ठ अधिकारी को तदुपदेष्टृ आचार्य विषय में अवश्य कर्तव्य प्रतिपत्ति अनुवर्तन प्रकार कहे गये।

सच्छिष्य लक्षण समाप्त

।। भगवन्निर्हेतुक विषयीकार प्रकरण।।

अब स्वदोषानुसंधान ऐसे आरम्भ कर निवर्त्यज्ञान भय हेतु, निवर्तक ज्ञान अभय हेतु, इत्यंत इस अधिकारी को अनादिकाल अर्जित कर्म के विनाश का कारण अद्वेष प्रभृति प्राप्ति पर्यंत संपूर्ण फलों का प्रधान हेतु भगवन्निर्हेतुक कृपा वैभव कहा जाता है।

संसारियों के दोष को अपना दोष समझना प्रभृति प्रसक्तानुप्रसक्त आये हुये अर्थ विशेषों का प्रतिपादन कर अनंतर स्वदोष इत्यादि वाक्य से इसके अनवरत कर्तव्यतया उक्त स्वदोष और भगवद्भागवत गुणानुसंधानों में भागवतगुणानुसंधान प्रतिपाद्य अंश के उपयुक्त न होने से उसको छोड़ तदुपयुक्त स्वदोष और भगवद्गुणानुसंधान इन दोनों का प्रयोजन कहते हैं;

स्वदोषानुसंधानं भयहेतुः भगवद्गुणानुसंधानमभयहेतुः ।।३८५।।

स्वदोषानुसंधान भय हेतु भगवद्गुणानुसंधान अभय हेतु ।। ३८५।।

''स्वदोष'' माने 'अनात्मगुण, उनका हेतुभूत अनादिकाल के अविद्यादि हैं'। ''इनका अनुसंधान'' माने 'ये और भी अनुवर्तन कर स्वरूप का नाश करेंगे तो क्या कर्तव्य है ऐसे भय का हेतु होता है'।

''भगवद्गुण'' माने 'इन दोषों को देख उपेक्षा न कर अंगीकार कर इनको क्षमा कर इस आत्मा को चरणारविंदों में मिला लेने के उपयुक्त उनके क्षांत्यादि गुण'। ''इनका अनुसंधान'' माने 'अनादिकाल संसार हेतुभूत स्वदोष बल को देख और भी ऐसे ही करेंगे तो क्या होगा' इस प्रकार की भय निवृत्ति का हेतु होता है।

'दुरंतस्यानादेरपरिहरणीयस्य महतो
निहीनाचारोहं नृपशुरशुभस्यास्पदमपि।
दयासिंधो बंधो निरवधिकवात्सल्यजलधे
तव स्मारं स्मारं गुणगणमितीच्छामि गतभीः।।'

'अंतरहित अनादि अपरिहार्य महत् अशुभ का स्थान निहीनाचारी मैं, हे दयासिंधो! हे बंधो! हे निरवधिकवात्सल्य जलधे! आपके गुणगण का स्मरण कर निर्भीक हो कैंकर्य को चाहता हूँ' ऐसा कहा है।

इस प्रकार यहाँ भयाभयहेतुतया सकल दोष और गुणों को इकट्ठा करने पर भी हानि का हेतु कर्म, फल का हेतु कृपा, कर्म फल के सदृश कृपा फल भी अवश्य अनुभाव्य ही है ऐसे कर्म और कृपा को ही हानि और फल के हेतुतया कह भय हेतु कर्म, अभय हेतु कारुण्य ऐसे समाप्त करने का कारण चेतन के संसार और मोक्ष का प्रधान हेतु कर्म और कृपा होने से। इन दोनों के पीछे सर्व गुण भी आ जाते हैं। ऐसा न कह परमात्मा के प्रकार को याद कर भयभीत अपने प्रकार को याद कर अभय ऐसा अर्थ करने पर मूर्खता प्रकट होगी ऐसा कहते हैं;

भयाभययोरुभयोरपि व्यत्यासेऽज्ञतैव सिद्ध्यति ।।३८६।।

भयाभय दोनों विपरीत होने पर अज्ञता ही सिद्ध होगी।। ३८६।।

''पूर्वोक्त प्रकार से विपरीत'' माने 'अनादिकाल अपने परतन्त्र आत्म वस्तु को कर्म के बहाने से संसारी बनाने वाले निरंकुश स्वतंत्र ईश्वर फिर भी संसारी बनायें तो क्या किया जाय ऐसे उनके प्रकार को याद कर डरना, और पहले की तरह नहीं हममें अब आत्मगुण होने से फल अवश्य मिलेगा' ऐसे अपने प्रकार को

याद कर भयाभाव होने पर भी अज्ञता ही फलित होगी। ऐसा हो तो सूरि लोग भगवान के ऊपर दोष क्यों लगाये? इस शंका में कहते हैं;

तर्हि बाधितुमितः परमपि विचारयसि,
नदीकूलस्थवृक्षवद्विभेमीति गाथानां किं निदानमितिचेत् ।।३८७।।
ऐसा हो तो, दु:ख देने को और विचार करते हो,
नदी के तीर के वृक्ष के समान काँपता हूँ इन गाथाओं का हेतु क्या।। ३८७।।

तत्ववेत्ताओं में अग्रसर सूरि लोग भीतर में वास करने वाले पंचेंद्रियों से पीड़ित कर मुझको तुम्हारे चरण कमल में आश्रयण नहीं करने के प्रकार बाधा करने का विचार करते हो, दिखा कर दु:खी करोगे इन वचनानुसार प्राप्त और भोग्य आपके चरणारविन्दों की प्राप्ति जैसे न हो वैसे शरणागत होने के अनन्तर भी हमको संसार में रख दु:खित करने का विचार करते हो, गर्भ में हमको फिर से डालोगे समझ नदी तट के वृक्ष की तरह डरता हूँ। मनुष्यों के गर्भ स्थानों में हमारे कर्मानुगुण

फिर भी संसारी करोगे ऐसे आपके स्वातंत्र्य को स्मरण कर डर रहा हूँ ऐसी शठकोप सूरि और परकालसूरियों की गाथाओं का हेतु क्या? इस शंका में उत्तर;

बंधानुसंधानम् ।।३८८।।
संबंध का अनुसंधान।। ३८८।।

बंधानुसंधान माने फल, हानि दोनों भी परमात्मा से ही है ऐसा कहने योग्य निरुपाधिक रक्षक सर्वेश्वर के साथ अपने विद्यमान संबंध का अनुसंधान करना है।

संबंधानुसंधान से अपने कर्म फल के हेतु परमात्मा कहे जा सकते हैं क्या? इस शंका में दृष्टांत पूर्वक समाधान कहते हैं;

प्रजा वीथ्यां स्खलित्वा मातृपृष्ठे प्रहरति तथा निरुपाधिकबंधुना
शक्तेन निवारणे न कृते तथोक्तिरुचिता खलु ।।३८९।।
प्रजा को रास्ते में ठोकर लगने पर माता की पीठ में जैसे घूंसा मारती है वैसे निरुपाधिक बंधु
समर्थ ईश्वर के नहीं रोकने पर वैसा कह सकते हैं।। ३८९।।

क्रीडार्थ रास्ते में भागते हुये खेलने पर ठोकर लग पाँव दु:खने पर रोते हुये घर में आकर अपने को यह

दु:ख माता से हुआ है समझ उसकी पीठ में जैसे घूंसा मारता है, वैसे निरुपाधिक संबंध वाले ईश्वर ने चेतन के कर्म प्रकृति प्राकृत के मालिक होते हुए कर्मानुगुण प्रकृति प्राकृतों से होने वाले दु:ख को दूर करने में समर्थ होने पर भी दु:खित कर रक्खा है ऐसा कह सकते हैं।

नहीं रोकने मात्र से वे किये हैं ऐसा कह सकते हैं क्या? इस शंका में कहते हैं;

प्रजां कूपसमीपान्नापनयति यदि मातरमपातयदिति वदन्ति खलु ।।३९०।।

प्रजा को कूप के किनारे से नहीं हटाने पर माता ही ढकेल दी ऐसा कह सकते हैं।। ३९०।।

कूप के किनारे बैठी हुई प्रजा को देख उसी वक्त जा प्रजा को न हटाने पर कूप में प्रजा गिरी। माता उस वक्त हटाई होती तो यह प्रजा कूप में गिरी होती क्या? कूप के किनारे बैठने की अनुमति दी है इसलिये ही कूप में गिरी अतएव वही गिराई है ऐसा लोग कह सकते हैं।

ऐसा हो तो 'अप्रतिषिद्धमनुमतम्' इस न्याय से नहीं रोकना अनुमति होती है तो उसकी अनुमति इसकी हानि का हेतु है क्या? इस शंका में कहते हैं;

अस्यानुमतिः प्राप्तेर्यथा न हेतुस्तथा तस्यानुमतिर्हानिहेतुर्न भवति ।।३९१।।

इसकी अनुमति जैसे फल का हेतु नहीं वैसे उसकी अनुमति हानि का हेतु नहीं होती है।। ३९१।।

रक्ष्यभूत इस चेतन की रक्ष्यत्वानुमति अचिद्व्यावृत्त आकार होने से भगवल्लाभ का हेतु जैसे नहीं होती है वैसे रक्षक ईश्वर की संसारानुमति भी स्वाज्ञा रूप शास्त्र मर्यादा को जीवित रखने के लिये क्रमेण अंगीकार करेंगे ऐसे इसकी रुचि को देखने से उसकी हानि का हेतु नहीं होती है।

ये दोनों अनुमति कैसे होती हैं इस शंका में कहते हैं;

द्वयमप्युभयोः स्वरूपम् ।।३९२।।

दोनों दोनों का स्वरूप है।। ३९२।।

''दोनों का स्वरूप'' माने 'परतंत्र और स्वतंत्र दोनों के असाधारण आकार'। परतंत्र इस चेतन की स्वरक्ष्यत्व अनुमति स्वरूप से भिन्न न होने से स्वरूप है। स्वतंत्र ईश्वर की स्वरक्ष्य वस्तु के रक्षण में स्वाज्ञारूप शास्त्रानुगुण निर्वाह करने के लिये संसारानुमति स्वातन्त्र्य का आकार होने से स्वरूप होता है।

ऐसा हो तो हानि लाभों का हेतु क्या? इस शंका में कहते हैं;

हानिहेतुः कर्म, प्राप्तिहेतुः कृपा ।।३९३।।

हानि का हेतु कर्म, लाभ का हेतु कृपा।। ३९३।।

भगवद्विषय के अनादिकाल से अलाभ का हेतु अनादिकाल से संचित चेतन का कर्म है, इस प्रकार के चेतन के उस विषय के लाभ का हेतु कूलंकष बहने वाली भगवत्कृपा है।

ऐसा न कह उलटा कहने से होने वाले अनर्थ को कहते हैं;

अन्यथोक्तौ हानिहेतुः स्यात् ।।३९४।।

अन्य प्रकार कहने में हानि होगी।। ३९४।।

भयाभय दोनों को उलटा कहने से जैसे हानि का हेतु ईश्वर स्वातंत्र्य, लाभ का हेतु चेतन का सद्गुण, ऐसा कहने पर ईश्वर छोड़ देने से उनकी प्राप्ति नहीं होगी, अथवा हानि लाभ दोनों का कारण ईश्वर स्वातंत्र्य है, अनादिकाल से च्युत होने का कारण भी वही है, ऐसा कहने से ईश्वर छोड़ देता है उसकी प्राप्ति कभी नहीं होगी।

ऐसा कहने पर ईश्वर छोड़ देता है, इस अर्थ को दृष्टांत पूर्वक कहते हैं;

उद्धर्तुं चिंतयंतं प्रत्यपातयदित्युक्तिरनुद्धरणहेतुर्भवति खलु ।।३९५।।

उठाने की इच्छा करने वाले को तुमने गिराया है ऐसा कहना नहीं उठाने का हेतु होता है।। ३९५।।

अथाह कूप में स्वकर्मानुगुण अनवधान से गिरे हुये को पास में रहने वाला एक कृपावान उठाने की इच्छा करने पर अपने गिरने के वक्त वह समीप में रहा इतने मात्र को लेकर वही अपने को गिराया समझ इस कूप में हमको तुमने ही गिराया ऐसा कहे तो हमारे ऊपर बिना अपराध ही दोष लगाता है, ऐसा विचार कुपित हो जैसे नहीं उठाने का हेतु होता है वैसे अपने कर्म से संसार रूप अथाह गड्ढे में गिरे हुये अपने को उठाने की इच्छा करने वाले कृपावान ईश्वर को इतने काल हमको संसार में तुमने ही गिरा रखा है ऐसा कहने पर कुपित हो हाथ खींच भोगने दो ऐसे छोड़ने का हेतु होता है।

ऐसा कहना ईश्वर को कोपजनक है इस अर्थ में लौकिक न्याय मात्र नहीं तत्वदर्शी परकाल सूरि के पूर्वोक्त के अनंतर वे ही कहे हैं ऐसा कहते हैं;

'क्रोधोऽस्तीति' अनन्तरममुमर्थं स्वयमेवावोचत् खलु ।।३९६।।

कोप होने पर इस उक्ति के अनंतर इस अर्थ को आप ही कहे हैं।। ३९६।।

'गर्भ में हमको रखोगे ईश्वर अपने स्वातंत्र्य से हमको संसारी बनाता है' ऐसे कहा हुआ यह अर्थ कर्मानुगुण संसारी होने वाले आत्मा को संसार से उठाने का यत्न करने वाले सर्वेश्वर के हृदय में कोप का उत्पादन करेगा ऐसा विचार पूर्व विज्ञापन किये हुए वचन से परमात्मा कुपित होगा ऐसा कह, अनंतर हानि का हेतु उसको बताना निग्रहजनक होता है, इस अर्थ को वे ही परकालसूरि कहे हैं।

इस वचन के अनंतर कोप होने पर तथापि कहूँगा ऐसे पूर्वोक्त को ही कहने का हेतु प्रश्नोत्तर रूप से प्रकाश करते हैं;

क्रोधोऽस्तीति ज्ञाने कथमुच्यत इति चेत्? कृपार्तिरनन्यगतित्वं च भाषयति ।।३९७।।

कोप होगा ऐसा जानकर कैसे कहे हैं इस शंका में—कृपा, आर्ति, अनन्यगतित्व ये तीनों कहाते हैं।। ३९७।।

पूर्वोक्त से ईश्वर कुपित होगा ऐसा जान फिर भी इस वार्ता को निडर हो सामने कैसे कह सकते हैं इस शंका में—उनके कोप को उत्पन्न नहीं होने वाली पर दु:खासहिष्णुत्वरूप कृपा, कोप को देख डर मुख न

बन्द करने का हेतु कूलंकष संसार में आर्ति, कुपित हो फेंक देने पर भी किसी गति का अभाव रूप अनन्यगतित्व ये तीनों कहाते हैं।

ऐसे अनन्यगतित्वादि होने पर भी उनको कुपित करना युक्त है क्या इस शंका में कहते हैं;

क्रोधे कृतेपि पादावरोधनयोग्यः कश्चन प्राप्तश्चेत् सर्वं वक्तुं शक्यते खलु ।।३९८।।

कुपित होने पर भी पैर को पकड़ने योग्य परमकृपालु को प्राप्त होने पर सब कुछ कह सकते हैं।। ३९८।।

कुपित होने पर भी पाँव पकड़ने योग्य प्रकार का प्रमाण दिखाते हैं;

कृपया पर्यपालयत् (अरिशिनत्ताल्) अत्यंतकोपेन ।।३९९।।

कृपा से परिपालन किये, अत्यंत कोप से।। ३९९।।

भूमि में गिरे हुए शरणागत वधयोग्य काकासुर के रक्षक श्रीरामजी कृपा से परिपालन किये,

'स तं निपतितं भूमौ शरण्यः शरणागतम्।
वधार्हमपि काकुत्स्थः कृपया पर्यपालयत्।।'



पूर्ण अपराध कर ब्रह्मास्त्र का लक्ष्य हो बाह्यगति अभाव होने पर चरण में गिरे हुए काक की कृपा से रक्षा किये हैं। अतिदुःख से प्रसव करने वाली माता इसके दुष्ट कृत्य को देख अपने से इसको अलग करने के लिये लात मार निकाल देने पर भी बाहर किसी के रक्षकत्वाभाव से कुपित माता की कृपा को ही स्मरण कर रो पाँव पकड़ने वाले शिशु के जैसे मेरे अपराध को देख आपके समीप में न आवे जैसा आप हटाने का विचार करने पर भी आपके चरण बिना दूसरा रक्षक नहीं ऐसा श्रीकुलशेखरसूरि कहे हैं इसलिये **कुपित होने पर भी पाँव पकड़ने योग्य रहते हैं** यह अर्थ सिद्ध हुआ। इस अर्थ को यामुनाचार्य स्वामी बताये हैं;

'निरासकस्यापि न तावदुत्सहे महेश हा तुं तव पादपङ्कजम्।
रुषा निरस्तोऽपि शिशुस्तनंधयो न जातु मातुश्चरणौ जिहासति।।'

'आपके छोड़ देनेपर भी हम आपके चरणों को नहीं छोड़ सकते हैं, कोप से निकाले जाने पर भी स्तन्यपायी शिशु माता के चरणों को नहीं छोड़ता है' ऐसा कहे हैं।

तथा च यहाँ तक भयाभय दोनों विपरीत होने पर अज्ञता ही सिद्ध होगी (सू. ३८६)। इस अर्थ के ऊपर आये हुये शंका और परिहार किये गये हैं।

इति तृतीयं प्रकरणं समाप्तम्।

।। श्रीमल्लोकगुरुचरणावेव शरणम्।।
।। श्रीमद्वरवरमुनिचरणावेव शरणम्।।

।। अथ चतुर्थं प्रकरणम् ।।

।। निर्हेतुक कृपा वैभव प्रकरण।।

अब भगवद्गुणानुसंधान अभय हेतु (सू. ३८५) इस पूर्वोक्त अर्थ का विवरण करने के लिये ईश्वर से इस आत्मा के उज्जीवन के वास्ते क्रियमाण कृषि परंपरा को कहते हैं;

त्रिपाद्विभूतौ परिपूर्णानुभवे वर्तमानेपि तस्याकिञ्चित्करत्वेन देशांतरस्थपुत्रविषये पितृहृदयवत्संसारिचेतनविषये हृदयस्य स्थित्या तद्विश्लेषासहिष्णुतया तैः सह मिलित्वा विनियोक्तुं करणकलेवराणिदत्वा तैर्व्यापारान् कर्तुमुपयुक्तान् शक्तिविशेषांश्च दत्वा चक्षुर्दृश्यतया स्थितौ शपथं कृत्वा निवारयेयुरिति नेत्राविषयतया स्थितः स्वपंतीं प्रजां माता पृष्ठे आलिंगंती यथा शेते तथा स्वावगतसंबंधहेतुना त्यक्तुमसमर्थोऽत एवालिंग्यानुभवादपि स्वीयत्वख्यापनानुवृत्तिरेव समीचीनेति सत्तां रक्षन् समदुःखी एतेष्वसत्कर्मसु प्रवर्तमानेषु निवर्तनाक्षमोऽनुमतिं कुर्वन्नुदासीनवत्स्थित्वा व्यावर्तयितुमवकाशं दृष्ट्वा पुण्यमिति नामकरणार्हमेकं पापमप्यदृष्ट्वा मुखे वेधित्वा दृष्ट्वाकेनापि मार्गेण द्रव्यादर्शनेऽप्राप्यमिति नेत्रजलेन निवर्तते। स्वस्य किञ्चिदवकाशलाभे मद्ग्राममवोचः स्वं नामावोचः मद्दासानरक्षस्तच्छ्रमंन्यवर्तयस्तेषां स्थातुं छायामदा इतिवत्कानिचिदारोप्यांके आम्रं निक्षिप्य सुवर्णवणिक् स्वर्णं घर्षणोपले विघृर्ष्य मधूच्छिष्टेन कालांतरे यथैकीकरोति तथा प्रतिजन्मपरंपरया यादृच्छिकप्रासंगिकानुषंगिकसुकृतविशेषान् कल्पयित्वा स्वयमेव तदेकं दश कृत्वा वर्तयेत् ।।४००।।

त्रिपाद् विभूति में परिपूर्णानुभव चलने पर भी वह अकिंचित्कर हो देशांतरगत पुत्र के विषय में जैसे पिता का मन होता है वैसे संसारियों के विषय में मन चल कर इनके विश्लेष में असह्य हो इनके साथ मिल विनियोग करने के लिये करण कलेवरों को दे उनको ले कार्य करने के योग्य शक्ति विशेषों को प्रदान कर नेत्र गोचर होने पर शपथ कर हटावेंगे समझ नेत्र का अविषय हो सोने वाले शिशु का माता आलिङ्गन कर जैसे सोती है वैसे अपना जाना हुआ संबंध रूप हेतु से न छोड़ भीतर में आलिंगन कर अनुभव की अपेक्षा अनुवर्तन करना अच्छा समझ त्याग न कर सत्ता की रक्षा करते हुये इनके दुःख में खुद दुःखी हो इनके असत्कर्मों में प्रवृत्त होने पर हटने को असमर्थ हो अनुमति दान कर उदासीनवत् रह लौटाने का अवकाश देख पुण्य कहने योग्य एक पाप को भी न देख ललाट को वेध कर देखने पर किसी प्रकार की आर्द्रता को न देखने से हाथ से छूट गया समझ आँसुओं के साथ लौटते हैं। आप किंचित् अवकाश पाने पर हमारे ग्राम का नाम कहा, हमारा नाम लिया, हमारे दासों की रक्षा की, उनकी थकावट दूर की, उनके रहने को स्थान दिया इस तरह सुकृतों का आरोपण कर आँचल में आम रख, स्वर्णकार स्वर्ण को सान में घिस मोम से उठा पाव रत्ती हुआ समझ जैसे गोली करता है वैसे प्रत्येक जन्मपरंपरा में यादृच्छिक, प्रासंगिक, आनुषंगिकरूप सुकृत विशेषों की कल्पना कर आप ही एक को दस कर चलाते हैं।। ४००।।

'त्रिपादस्यामृतं दिवि' आकाश में नाश रहित स्थान तीन पाद है ऐसा कहने से नित्यविभूति को **त्रिपाद् विभूति** कहते हैं **'पादोऽस्य विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि'** इसका त्रिपादत्व बहु प्रकार से वर्णन किया जाता है तथाहि इस विभूति में संपूर्णभूत परमात्मा का एक पाद कहने योग्य अल्प है परमाकाश में उसकी नित्य

विभूति त्रिपाद कहने योग्य तिगुनी है। इस विभूति द्रयविषयक यह पाद शब्द अल्पत्व महत्त्व को दिखाता है इतना ही, न कि परिच्छेदपरता को। लीला विभूति में अंडों की संख्या नहीं ऐसा दीप प्रकाशक नाम ग्रंथ में यति कहे हैं। यद्वा इस विभूति में कार्यरूप प्रदेश की अपेक्षा परमाकाश में नित्य विभूति तीन गुनी है ऐसा भी कह सकते हैं अथवा दिवि नाम अप्राकृत स्थान को कहते हैं त्रिपादत्व नाम अप्राकृत भोग्य भोगोपकरण भोगस्थान विशेषों से या भूषण अस्त्रादिरूप से जगत् अंतर्गत वस्त्वभिमानी नित्य भगवदनुभवपर मात्र नित्य सिद्ध मुक्त रूप आत्माओं से हो सकता है ऐसा श्रुत प्रकाशिका में व्यासभट्टार्य कहे हैं तथा च इस प्रकार लीला विभूति से अत्यंत विलक्षण होने के कारण निरतिशय सुखावह नित्यविभूति में,

परिपूर्णानुभव होते हुये; नित्यमुक्तों के साथ मिल निरतिशयानन्द जनक स्वरूप, रूप, गुण, विभूति सबको एक ही काल में अनुभव करना रूप परिपूर्णानुभव अपरिच्छिन्न होते हुये,

वह अकिंचित्कर हो; प्रतिक्षण नवीन रसानुभव भी अकिंचित्कर हो,

देशांतर्गत . . . मन चल कर; अनेक पुत्रों में से एक पुत्र स्वकर्मानुगुण देशांतर जाने पर अन्य पुत्रों के साथ मिल कर अनुभव करते हुए भी इनकी तरह वह भी मिल कर अनुभव करने योग्य होने पर भी इसको छोड़ कहीं पड़ा है ऐसे देशांतरगत उस पुत्र के विषय में पिता का हृदय जैसे लगा रहता है वैसे नित्य मुक्त और स्वयं मिल कर सुख भोगने पर भी इस भोग में प्राप्ति होते हुये भी ये चेतन इसको छोड़ हमसे च्युत रहते हैं अहो! ऐसे देशांतरस्थ संसारियों के विषय में मन जाकर, **'स एकाकी न रमेत'**

इनके विश्लेष में असह्य हो; संहार समय में प्राप्ति होने पर नित्य विभूति में इन संसारी चेतनों को छोड़ कर आप रहने के समय जैसे पुत्र पौत्रादियों के साथ रहने वाले उनको छोड़ अकेला समझ दु:ख पाते हैं वैसे ही उस दु:ख को न सह संहृत दशा में भी इनको शरीरतया परिग्रह कर ईश्वर शरीरी होते हुये भी उस संश्लेष को एक चीज न समझ करण कलेवर सहित रहने के समय उनके अंतरात्मतया प्रवृत्ति निवृत्तियों का निर्वाह करना प्रभृति को इनके साथ संश्लेष समझ ये करण कलेवर विधुर हो अचित् के समान रहने पर भगवान नित्य विभूति में रहने पर भी इनका विश्लेष समझने से, इनके विश्लेष में ऐसा कहते हैं,

इनके साथ . . . करण कलेवरों को दे; अंतरात्मता से अवतार और अर्चावतारों से भी इनके साथ मिलकर विनियोग करने के लिये स्वचरणकमल समाश्रयण के उपकरणभूत करण कलेवरों को दयमान मन वाले हो देकर।

उनको ले . . . प्रदान कर; उन करण कलेवरों को लेकर जानने योग्य को जान, करने योग्य को कर, छोड़ने योग्य को छोड़ संचार करने के लिये चित्शक्ति प्रवृत्तिशक्ति निवृत्तिशक्ति रूप शक्ति विशेषों को देकर,

नेत्र गोचर . . . अविषय हो; इतना कर स्वामित्व प्राप्ति भासमान हो जैसे इनके नेत्रों के गोचर होने पर 'तुम हमारे' ऐसा कहने पर न सह 'मैं मेरा' ऐसा कहने वाले स्वंतत्र होने से हमारे सामने तुम कभी नहीं रह सकते हो ऐसा शपथ कर रोकेंगे समझ इनके नेत्र के भी गोचर न हो,

सोने वाले शिशु का . . . आलिंगन कर; अपने को और माता को भी न जान कर पड़ी सोती हुई प्रजा को वत्सला माता अपने ज्ञात रक्ष्यरक्षकभाव संबंध द्वारा जैसे आलिंगन कर पड़ी रहती है वैसे अनादि माया से सुप्त स्वस्वरूप परस्वरूप आदि किसी को न जानते हुये इन चेतनों को, ईश्वर से जाने हुए रक्ष्यरक्षक संबंध के कारण ही छोड़ न सक अंतरात्मतया इनको

स्पर्श करते हुये,

अनुभव की अपेक्षा. . . अच्छा समझ; किसी की चीज को किसी के अपहार करने पर मालिक अपनी चीज है जैसे भासमान हो वैसे अनुवर्तमान किये तो व्यवहार में विजय का हेतु होता है, ऐसे ही चेतनों के अनुभव की अपेक्षा हमारा करके जैसे भासमान हो वैसे बराबर अनुवर्तन करने पर हमारी जीत होगी समझ अंतरात्मतया स्थित आप इनको एक समय भी न छोड़ धारक हो धार्यभूत इनकी सत्ता की रक्षा कर,

त्याग न कर . . . रक्षा करते हुये; एवं सत्ता धारकतया स्वर्ग नरक प्रवेशादि सर्वावस्थाओं में भी इनके सहायक हो,

इनके दु:ख में आप दु:खी हो इनके असत्कर्मों में . . . अवकाश देख; ईश्वर से दी हुई ज्ञातृत्वरूप स्वातंत्र्य शक्ति से स्वरुच्यनुगुण प्रवृत्ति में लगने योग्य इस चेतन के दुर्वासनाबल से पाप कर्मों में प्रवृत्त होने पर अंतर्यामी आप चाहें तो लौटा सकते हैं तो भी ऐसा करने पर स्वाज्ञारूप शास्त्र का विनियोग नष्ट होगा, सर्वमुक्ति प्रसंग आवेगा, ऐसा समझ लौटाने को असमर्थ हो अनुमति दान कर उदासीन न होने पर भी ये लोग कैसे भी भोगें तो हमें क्या ऐसा कहने वाले उदासीन की तरह रह उनको लौटाने के योग्य सामीचीन्य रूप अवकाश को देख,

पुण्य कहने योग्य . . . न देख; इस प्रकार अवकाश देखते रहने पर शास्त्रमर्यादा अनुगुण या अपने ज्ञानपूर्वक आरोपण कर इन चेतनों को असत्कर्मों से लौटाने के लिये अवकाश रूप एक सत्कर्म को भी न देख उन असत्कर्मों में सत् कहने योग्य किसी एक असत्कर्म को भी नहीं देख। पुण्य कहने योग्य पाप माने परहिंसा करते हुये संचार करने पर भी भगवद्भागवत विरोधियों की यदृच्छा से हिंसा करना। विषय प्रवण हो भगवद्दासियों के पीछे पड़ बहुबार मंदिरों में प्रवेश कर बाहर निकलना। खेती को खायी हुई गौ के पीछे मारने दौड़ने पर उसने एक मंदिर की प्रदक्षिणा की तो उसको मारने के आग्रह से खुद भी मंदिर के चारों तरफ भागना। निंदार्थ श्रीनामों को कहना।

ललाट को वेध कर . . . लौटते है; सर्पदष्ट मृतप्राय मनुष्यों को मंत्रादियों से जगाने को प्राण स्थिति की परीक्षा करने के लिये ललाट को वेध कर देखने पर भी किसी प्रकार की रक्त की आर्द्रता को न देख माने यह चेतन अभी हमारे हाथ में लगेगा ऐसा न रह दु:ख के साथ हाथ खींचने वाले बंधुओं की तरह पुण्य न देखने मात्र से न छोड़ पुण्य करके नाम रखने योग्य एक पाप भी है क्या ऐसा विचार, देखने पर भी किसी प्रकार इनके पास आर्द्रता को न देख यह हमको नहीं मिलेगा इसको हम गँवाये हैं ऐसे रोकर आँसुओं के साथ लौटना। यद्वा आस्तिक्य जनकतया विहित होने से श्येनयाग पुण्य कहलाता है। परहिंसा होने से पापरूप श्येनयाग अंगीकार के योग्य पुण्यरूप, उसको न देख।

आप किंचित् अवकाश . . . कर; ऐसे न लौट कर इनके उज्जीवन का अवकाश देख संचार करने वाले अपने को अवकाश मिलने पर, हमारे ग्राम का नाम कहा ऐसा कहने योग्य किसी को आरोपण कर; वह ग्राम यह ग्राम ऐसे यह चेतन बहुत ग्रामों का नाम लेते वक्त श्रीरङ्ग, वेंकटगिरि प्रभृति अपने दिव्य देशों में किसी एक को कहने पर उतना ही लेकर हमारे ग्राम को कहा। वह, यह, ऐसे अनेकों के नाम लेने पर किसी एक का नाम अपना नाम होने से उतने ही मात्र से हमारा नाम लिया। कई भागवत लोग अरण्य के रास्ते चलने पर उनको मार लूटने के लिये चोरों के उद्योग करने पर अपने कार्य से जाता हुआ एक राजभट उसके पीछे देखने पर यह उनके रक्षणार्थ आ रहा है

ऐसा समझ वे डर कर भागने पर उतने मात्र से उस राजभृत्य ने दासों की रक्षा की। किसी एक ने ग्रीष्मकाल में अपनी खेती सूखने पर जल के स्थान से खेत में लाने के लिये बहुत दूर से नाला खोद पानी को बहाते हुये, मरुभूमि से बहुत दूर चल कर इतना जल प्राप्त होने पर हमारे प्राण बचेंगे ऐसा कहने योग्य थकावट से आने वाले भागवत लोग, खेती वाले न जाने जैसे नाले के पानी से अपना चरणारविंद धो थकावट को दूर कर जाने पर उतने ही मात्र से हमारे भक्तों के आयास को दूर किया है। किसी एक ने जूआ चतुरंग खेलने के लिये हवा के अपेक्षित होने से बाहर चबूतरा बनाकर रखने पर वर्षा से पीड़ित हो वहाँ छाया में बैठेंगे ऐसा विचार, भागवत लोग वहाँ बैठ कर जाने पर उतने मात्र से ही हमारे दासों को रहने के लिये छाया दी है, ऐसे भी कई अज्ञात सुकृतों को उनके ऊपर आरोपण कर।

आँचल में आम बाँधना; आम न ले रास्ते में जाने वाले के आँचल में आम को छिपा आम चुराया ऐसा कहना। यह बलात्कार से आरोपण करने का दृष्टांत है।

स्वर्णकार ... चलाते हैं; स्वर्णकार किसी एक के परीक्षा के लिये स्वर्ण लाने पर उसको सान में घिस कर मोम से निकाल संध्या होते ही पाव भर हुआ आधा भर हुआ ऐसे गोली करने की तरह एक दो जन्म नहीं चेतनों के प्रति जन्म परंपरा में, थकावट दूर की, रहने को छाया दी इस तरह उत्पाद्यमान यादृच्छिक, ग्राम को कहा, नाम को कहा, इस तरह प्रासंगिक, दासों की रक्षा की इस तरह के आनुषंगिक सुकृत विशेषों को शास्त्राविहित चेतन को ज्ञात न होने पर भी आप ही कल्पना कर एक को बहुत कर चलाते हैं।

इस अज्ञात सुकृत द्वारा ईश्वर अंगीकार करता है। इस अर्थ को देख सकते हैं क्या इस शंका में कहते हैं;

ललिताचरितादिष्वयमर्थ: संकोचं विना द्रष्टव्य: ।।४०१।।

ललिता चरित आदियों से इस अर्थ को विस्तार पूर्वक देख सकते हैं।। ४०१।।

विदर्भराज पुत्री काशीराज की पत्नी ललिता देवी सपत्नी तीन सौ स्त्रियों से अति सौंदर्यवती पतिवश्यता देह तेजस और सर्वगुणसंपत्ति वाली हो अहोरात्र भगवत्संनिधि में अनेक दीपक जला कर उस कार्य में तत्पर हो रही थी उसको देख तुम्हारे इस सौंदर्य का और दीपारोपण में इस प्रीति का कारण क्या! ऐसा सपत्नियों के पूछने पर वह जातिस्मृति से जन्म लेने से हे सुन्दरियों! जो कुछ हमारा पूर्ववृत्त है उसे कहती हूँ सुनो! पूर्वकाल में सौवीर राजा के पुरोहित मैत्रेय ऋषि ने देविका नदी के किनारे विष्णु का मंदिर बनाया और प्रति दिन पुष्प धूप जल चन्दन दीपदान आदि से नारायण की शुश्रूषा करता भया। एक दिन कार्तिक मास में जलाया हुआ दीप परमात्मा के सामने नष्ट होने लगा। मैं उस मंदिर में मूषिका (चुहिया) हो रहती थी। दीप की बत्ती को ले जाने के लिये उद्योग करती हुई मुख से बत्ती को खींची थी इतने ही में बिल्ली पुकारी। उस बिल्ली के भय से मैं मर गई। मरती हुई मेरे मुख से बत्ती खींचने से दीपक प्रज्वलित हुआ। मैंने मर कर विदर्भ देश के राजा की कन्यारूप से जन्म लिया। जातिस्मृति के साथ आप लोगों के सौंदर्यादि से श्रेष्ठ हुई। हे सुंदरियों! कार्तिक मास में विष्णु मन्दिर में जलाये हुए दीप का यही प्रभाव है कि इच्छा के बिना भी मुझसे प्रेरित हो दीपक जलने से मैं इस फल को पा रही हूँ। जाति स्मृति, मनुष्य जन्म, सुन्दर शरीर और

पतिवश्यता आप लोगों की अपेक्षा मुझमें अधिक है तो जानबूझ कर दीप जलाने वाले को क्या नहीं होगा? श्रीविष्णु धर्म में ललिता चरित क्रम से विस्तार पूर्वक कहा गया है।

आदि शब्द से; तत्वविद् एक ब्राह्मण की लड़की सुव्रता नाम वाली बाल्यावस्था में मातृ हीना हुई। वह दु:ख जैसे न मालूम हो वैसे परम दयालु पिता पोषण करता रहा। विवाह समय प्राप्त होने पर पिता के देहांत होने से अत्यंत शोक से पीड़ित हो बाल्यावस्था में जिस करके रक्षित हुई उस पिता के मरने पर मैं कदापि न जीऊँगी। नदी में, अग्नि में या पर्वत के ऊपर से पितृहीना निराश्रया मैं गिरूँगी ऐसा विचार देह त्याग में उद्युक्त होने पर सर्व हितपर यम धर्मराज करुणाविष्ठ हो एक वृद्ध ब्राह्मण रूप से प्रकट हो ये वचन कहे; हे बाले! हे विशालाक्षि! व्याकुल हो रोना बंद करो। तुम्हारा पिता अब तुमको नहीं मिलेगा इसलिये शोक मत करो इत्यादि वचन से उसके शोक को दूर कर हे सुव्रते! शोक को छोड़ सुनो! जिस कारण से माता और पिता का वियोग हुआ। पूर्वकाल में तुम सुंदरी नामक परम सुंदर वेश्या थी। नृत्य गीत आदि में निपुण और वीणा वेणु में चतुर थी। ऐसे प्रारंभ कर तुम एक ब्राह्मण के लड़के को वश कर उसके साथ भोगती थी। स्पर्द्धा के मारे तुम्हारे निमित्त एक शूद्र ने उसका वध किया। उसके माता पिता, हमारे लड़के को मरवाने वाली तू दूसरे जन्म में माता पिता से हीन हो अत्यंत शोकातुर होगी; ऐसा शाप देने से तुमको यह शोक उत्पन्न हुआ। यह सुन लड़की के ऐसी पापिनी मैं, ब्राह्मण योनि में जन्म लेने का कारण पूछने पर यमराज ने; हे महाप्रज्ञे! जिस कारण से महात्मा ब्राह्मण के कुल में तुमने जन्म लिया उस कारण को सुनो। ज्ञानाधिक निरपेक्ष सर्वत्र समदर्शी भगवद्ध्यानपर ग्रामैकरात्र न्याय से सर्वत्र संचार करने वाले एक भागवत एक रात्रि में तुम्हारे घर के बाहर चबूतरे पर सोये। राजभट उसको चोर समझ बाँधने पर तुमने जाकर उसके बंधन को छुड़ाया, अपने घर के भीतर ला आश्वासन दिलाया, उस सुकृत कर्म से यह जन्म तुम्हारा हुआ। ऐसा इतिहास समुच्चय में कहे हुए सुव्रतोपाख्यान को जानना।

और भी एक स्त्री यमभटों से अत्यंत पीड़ित हो आकाश की तरफ 'रक्षा करने वाला कौन' ऐसा आक्रोश करती हुई जाती थी। अश्वत्थ तीर्थ में चिरकाल से तपस्या करते हुए मातली ने उसको देख कृपा कर अपने एक दिन के तपस्या के फल को उसे दिया उसी वक्त यमभट बंधु हो गये, याम्य मार्ग सुखोत्तर हुआ, यातना शरीर छूट कर विलक्षणरूप धारण कर ली। इसको लेकर वे दूत लोग यमराज की सन्निधि में जाने पर यमराज का पिता के सदृश अति प्रिय दर्शन हुआ। उस स्त्री को आश्वासन दिलाते हुए; भद्रे! तुमने किसी प्रकार का सुकृत नहीं किया। इस जन्म से पहले बारहवें जन्म के अंत में विष्णु भक्त सिद्ध पुरुष रात्रि में तुम्हारे घर वास करने के लिये आये थे उनकी सन्निधि के प्रभाव से तुम्हारा साधु समागम हुआ तब तुम ब्रह्मज्ञानी हो श्रीरंगजी को गईं। वहाँ उत्तमोत्तम अश्वत्थ नामक तीर्थ में स्नान की। धर्मात्मा हो धर्मज्ञा हुई। तुम्हारा मातली ऋषि के संबंध का हेतु तुम्हारा जाना हुआ कर्म नहीं। यह कथा गारुड पुराण में श्रीरंगजी के माहात्म्य में कही गई है।

इन अज्ञात सुकृतों के द्वारा होने वाला भगवत्कटाक्ष ही इन फलों का हेतु होने से अज्ञात सुकृत द्वारा ईश्वर अंगीकार करता है ऐसा कहने में कोई दोष नहीं।

तथा च सर्वेश्वर अपनी निर्हेतुक कृपा से संसारी

चेतनों के उज्जीवन में उद्युक्त हो करण कलेवर दे स्वाज्ञारूप शास्त्रानुगुण इनके पास किंचित् सुकृतविशेष को देख अंगीकार करने का मार्ग है क्या? ऐसा विचार उसके अभाव में सर्वमुक्ति प्रसंग वैषम्य नैर्घृण्य न आने के लिये अज्ञात सुकृतों की आप ही कल्पना कर उन सुकृतों को जन्म परंपरा में एक को दस गुना कर अंगीकार करने के प्रकार को विस्तार पूर्वक कहे हैं। अज्ञात सुकृत अंगीकार का हेतु होता है ऐसा भी दिखाये हैं।

इस निर्हेतुक विषयीकार के वैभव को न जानने वाले इसको मान कर भी इसके अनुसंधान से विद्ध नहीं होते हैं ऐसा कहते हैं;

अज्ञा मनुष्यास्तूष्णीं दतवानिति तिष्ठन्ति ।।४०२।।

अज्ञ मनुष्य व्यर्थ ही दिया ऐसा ही समझते हैं।। ४०२।।

''अज्ञ'' माने 'निर्हेतुक विषयीकार का वैभव नहीं जानने वाले'। ''व्यर्थ . . .'' माने 'ऐसा उपकार किया है ऐसा समझ विद्ध होना चाहिये ऐसा नहीं कर व्यर्थ उपकार किया है ऐसा समझ रहते हैं'।

इसके वैभव जानने वाले के विद्ध होने का प्रकार कहते हैं;

ज्ञानिनः 'अद्य मां पदार्थं कृत्वा स्वं मदंतः स्थापितवान्' 'किं पुण्यमकरवं मम हृदये भाति' 'मध्य आगत्योज्जीवयन्नाथः' 'अज्ञातज्ञापकः स्वामी' 'त्वत्कृतान्दासोऽहं न जानामि' 'अपदार्थभूतं मां पदार्थं कृत्वा दास्यं स्वीकृतवान्' 'मम दुष्टं मनो निवर्तितवान्' 'अनन्यप्रयोजनतयाऽश्रयन्मनो दत्तवान्' इति विस्मितास्तिष्ठंति ।। ४०३ ।।

ज्ञानी लोग; 'आज हमको वस्तु बनाकर अपने को हमारे भीतर रक्खे हैं।' 'कौन सा सुकृत हमने किया है कि हमारे मन में वास करते हैं' 'बीच में आकर उद्धार करने वाले नाथ' 'अज्ञात ज्ञापन करने वाले हे पितः' 'तुम्हारे गुण को मैं नहीं जानता हूँ' 'नाचीज मुझको चीज बना दास्य स्वीकार किये हो' 'हमारे दुष्ट मन को दूर किये हो' 'आदर पूर्वक भजन करने वाले मन को दिये हो' ऐसे विद्ध होते हैं।। ४०३।।

''ज्ञानी'' माने 'निर्हेतुक विषयीकार वैभव को यथार्थ रीति से जानने वाले'।

अनादिकाल अवस्तुभूत मुझको वस्तु बना नित्यसूरियों से अपरिच्छेद्य अपने को नित्य संसारियों की अपेक्षा अति नीच मेरे हेयभूत मन में, जटायु की तरह रोक कर मरा हूँ क्या? हनुमानजी की तरह 'दृष्टा सीता' ऐसा कहता हुआ आया हूँ क्या? यद्वा अपनी आज्ञानुवर्तन करने के लिये विहित कर्मों का अनुष्ठान किया हूँ क्या? कौन सुकृत किया है समझ हमारे मन में प्रवेश कर अलभ्य वस्तु को प्राप्त हुआ जैसा प्रकाश कर रहा है, विषय प्रवण हो संचार करने वाले मुझको बीच में आ उद्धार करने वाले हे स्वामिन्! मुझको अज्ञात ज्ञापन कर शेषभूत मेरे विषय में कृतउपकार को उपकार करने वाले तुम ही जान सकते हो मैं क्या कह सकता हूँ? **'असन्नेव'** इत्युक्त प्रकार असत्प्राय मुझको एक वस्तु बना उस सत्ता को स्थिर करने के लिये कैंकर्य स्वीकार किये हो, अमृत और विष को बराबर चाहने वाले जैसे आप और क्षुद्र विषयों को बराबर समझने वाले हमारे

दुष्ट मन को दूर किये हो, अनन्य प्रयोजन हो आपको ही अनुभव करने वाले मन को दिये हो, ऐसे उनके कृत निर्हेतुक उपकारों का अनुसंधान कर अत्यंत विद्ध होते हैं।

इस निर्हेतुक विषयीकार को स्थिर करने के लिये एक ऐतिह्य का स्मरण कराते हैं;

भाष्यकारकाले एकस्मिन् दिने श्रीरंगनाथस्य यात्रापर्यंतं प्रतीक्ष्य महामण्डपस्याधस्तात् ज्ञानाधिकेषु सर्वेषु समूहतया स्थितेष्वेतदर्थप्रस्तावे वार्ता: स्मर्तव्या: ।।४०४।।

भाष्यकार के समय में एक दिन भगवान के पधारने पर्यंत देखते हुये बड़े मण्डप के भीतर स्वामी लोग इकट्ठे रहने के समय इस अर्थ के प्रस्तुत होने पर कही वार्ताओं का स्मरण करना।। ४०४।।

सकल वेदांत तात्पर्यार्थ संशय विपर्यय बिना चलने के समय भाष्यकार के काल में एक समय भगवान के पधारने का समय देखते हुये बड़े मण्डप में ज्ञानाधिक समस्त श्रीवैष्णवों के इकट्ठे रहने पर उनके बीच में से एक श्रीवैष्णव; यह आत्मा अनादिकाल से किसके द्वार में किसके पधारने की प्रतीक्षा करते हुये रहा है मालुम नहीं आज प्राप्तशेषी स्वामी की पधरावनी को देखता हुआ रहा है कौन से सुकृत का फल है ऐसा कहने पर नित्यसंसारी इस चेतन की भगवद्विषय में रुचि उत्पन्न होने का कारण क्या ऐसा उनमें विचार होने लगा, यादृच्छिक सुकृत कहने वाले अज्ञात सुकृत कहने वालों के बीच में किडांवी स्वामी हमको भगवद्विषय के सदृश सुकृतदेव ऐसा एक देवता आश्रयणीय है क्या, ऐसा कहने पर पिल्लैतिरुनरैयूररैयर सुकृत कहे जाने वाले भगवान ही हैं ऐसा कहे हैं इन वार्ताओं का स्मरण करना। यह कथा 'दीयमानदु:खं न निर्वतयसि चेत्' इस गाथा के व्याख्यान में संग्रह से पूर्वाचार्य कहे हैं। इससे अज्ञात सुकृत होने पर भी वह फल हेतु नहीं उसको बहाना कर अंगीकार करने वाले ईश्वर ही फल के हेतु हैं।

अज्ञात सुकृत को बहाना कर अंगीकार करने वाले ईश्वर ही फल के हेतु हैं।

पूर्वोक्त अर्थ को समाप्त करते हैं;

तस्मादज्ञातानि सुकृतान्येवावलंबनं कुर्वन् कटाक्षते ।।४०५।।

इस कारण से अज्ञात सुकृतों का अवलंबन कर कटाक्ष करते हैं।। ४०५।।

पूर्वोक्त प्रकार से सर्वमुक्तिप्रसंगादि न होने के लिये इस चेतन द्वारा अनजान में ही होने वाले कई सुकृतों का इनके अंगीकार के लिये अवलंबन कर ईश्वर विशेष कटाक्ष करते हैं।

इस प्रकार अज्ञात सुकृतों को भी हेतु कर कटाक्ष करने पर अंगीकार सहेतुक नहीं होगा क्या? ऐसी शंका पर कहते हैं;

एतानि च यथा फलितानि भवंति तथा खल्विमं प्रथमत: सोऽसृजत् ।।४०६।।

ये भी इसको जैसे हों वैसे ही इस चेतन की पहले उसने सृष्टि की है।। ४०६।।

ये यादृच्छिकादि सुकृत इसको जैसे प्राप्त हों वैसी इसकी योग्यता भी जब नहीं थी तब करण कलेवर

विधुर अवस्था में सृष्टि के समय में करणादियों को दे यादृच्छिक सुकृतादि को वे उत्पादन किये हैं इस से कटाक्ष हेतुतया उक्त यादृच्छिकादि उनकी कृषि का फल है। ज्ञातसुकृत फलों का भी कारण उन्हीं का कृषि फल है। सृष्टि चेतन के कर्मानुगुण है न? ऐसा कहे तो कर्मानुगुण होने पर भी एक काल में सबकी सृष्टि करना अनुग्रह का कार्य है।

उसके निरूपण में इस चेतन का क्या कर्तव्य होगा उसको कहते हैं;

तन्निरूपितं चेदस्यैकमपि न कर्तव्यमिति वर्तते ।।४०७।।

उसका निरूपण करने पर इस चेतन का कर्तव्य कुछ नहीं है।। ४०७।।

अचित् के सदृश रहने की दशा में उज्जीवनोपयोगी करण कलेवरों को परम दया से परमात्मा दिये हैं इस बात का अनुसंधान करने पर तदधीन सत्तादि वाले इस चेतन को अपने उज्जीवन के विषय में ईश्वर के कृत्य को देखते रहना छोड़ अपना कोई कर्तव्यांश नहीं है।

ईश्वर की सृष्टि से अंगीकार के हेतु इस चेतन में होने वाले यादृच्छिकादि मात्र नहीं और भी कई होते हैं ऐसा दिखाने को या पूर्वोक्त ये सब होने के प्रकार का उपपादन करने के लिये कहते हैं;

प्राचीनतया कृष्यते रोप्यते फलतीत्येवं वर्तमाने क्षेत्रे विकीर्णान्यंकुरितानि फल पर्यंतानीव यथैतानि स्वत एव फलितानि भवंति तथा भक्तिकर्षकेण प्राचीनस्यास्य सृष्टिकरणप्रकार: ।।४०८।।

पहले की तरह हल से जमीन को खोदना बोना उगना आदि विशिष्ट क्षेत्र में नीचे गिरे हुए धान्य स्वं उग कर फल पर्यंत जैसे होते हैं वैसे ही ये सब आप ही उत्पन्न हों ऐसे भक्तिकर्षक द्वारा पुराण क्षेत्र की सृष्टि करने का प्रकार है।। ४०८।।

नवीन क्षेत्र न हो, अनादिकाल से खोदना बोना उगना आदि वाले पुराने क्षेत्र में कर्षक के कृषि बिना भी गिरे हुये धान्य उग कर फल पर्यंत जैसे होते हैं वैसे पूर्वोक्त यादृच्छिकादि बिना ईश्वर के कृषि चेतन के विषय में आप ही उत्पन्न होवें वैसे भक्ति कर्षक ईश्वर प्रवाहरूपेण प्रवर्तमान संसाररूप पुराने क्षेत्र की सृष्टि करने का प्रकार है।

'ये' करके पूर्वोक्त को स्पष्ट करने के लिये तद्विषय प्रश्न का अनुवाद करते हैं;

तानि कानीति चेत् ।।४०९।।

वे कौन हैं इस शंका में।। ४०९।।

उसका उत्तर देते हैं;

पूर्वं कृतपुण्यापुण्यफलानि चिरकालं भुक्त्वोत्तरकाले वासनामादाय प्रवर्तनयोग्यकार्यशून्यदशायां वयंकेऽस्मत्स्थिति: कीदृश्यस्माकमुपरि गन्तव्यं किमिति जायमाना: केचन निरूपणविशेषा: संति ते वा पूर्वोक्तानि वा ।।४१०।।

पूर्वकृत पुण्यापुण्य फलों को चिरकाल भोग कर उत्तर काल में वासना के साथ प्रवृत्त होगा ऐसा कहने योग्य हस्तच्युत दशा में हम कौन, हमारी स्थिति क्या, हमें आगे जाने का मार्ग कौन ऐसे कई निरूपण विशेष होते हैं ये सब या पूर्वोक्त यादृच्छिकादि हैं।। ४१०।।

पूर्वकृत पुण्यपापरूप कर्मद्वय के फलों को स्वर्ग नरकादियों में दीर्घ काल भोग कर आगे के काल में पूर्व कर्मवासना ले पुण्य पाप कर्मों में प्रवृत्त होगा ऐसा कहने योग्य स्वच्छकर्मा हो कर्मफलानुभव में हाथ खींच कर रहने की दशा में दीखने वाला देह हूँ क्या, देहातिरिक्त हूँ क्या, स्वतंत्र हूँ क्या, परतंत्र हूँ क्या, मैं कौन हूँ, ऐसे नष्ट होने वाला हूँ अथवा उज्जीवन को प्राप्त होने वाला हूँ, हमारी स्थिति कौन सी है, इस प्रकार रहने वाले हमारे अत:पर उज्जीवन का मार्ग क्या है, ऐसे भी अपने आप कई निरूपण विशेष होते हैं या पूर्वोक्त यादृच्छिकादि सुकृत होते हैं।

इस निर्हेतुक विषयीकार क्रम को शास्त्र में कहाँ कहा गया है इस शंका में कहते हैं;

यथा हि मोषका: पान्थे इत्यारभ्यैतस्य क्रमो भगवच्छास्त्र उक्त: ।।४११।।

'यथा हि मोषका: पान्थे' इत्यारभ्य इसके क्रम को भगवच्छास्त्र में कहा है।। ४११ ।।

भगवच्छास्त्र पांचरात्र को कहते हैं वह १०८ संहिता रूप से है। उनमें अहिर्बुध्न्य संहिता एक है। संपूर्ण पंचरात्र के वक्ता भगवान होने पर भी तत्तत्संहिताओं के अवांतर वक्ता भी हैं। उनमें इस संहिता का अहिर्बुध्न्य नामक रुद्र वक्ता होने से इसको अहिर्बुध्न्य संहिता कहते हैं। इसमें सत्वोद्रिक्त दशा में सूक्ष्मदर्शी रुद्र के देवर्षि ब्रह्मविदग्रेसर श्रीनारद भगवान अनुवर्तन कर अपने सर्व संशयों को पूछने पर वे रुद्र निर्णय करते भये। १४ वें अध्याय में नारद कृत प्रश्न के उत्तरतया संसार मोक्षहेतुत्वेन निग्रहशक्ति अनुग्रहशक्ति नामक सर्वेश्वर की दो शक्तियाँ हैं। निग्रहात्मिका शक्ति जीवात्मा के स्वरूप को ढक उसको संसारी बनाती है ऐसा विस्तार पूर्वक उपपादन कर अनंतर अनुग्रहस्वरूप शक्ति से संसार से मुक्त होने के प्रकार का प्रतिपादन करते हुये 'संसारचक्रस्थ दु:खाकुल जीवात्मा के ऊपर सर्वेश्वर की कृपा उत्पन्न होती है। उस कृपा के द्वारा उसके कटाक्ष का विषय हो यह चेतन कर्म साम्य को पाता है। वह अनुग्रहात्मिका शक्ति इस चेतन का संसार से उद्धार करती है।' पूर्वोक्त कर्मसाम्य को संग्रह से कह पथिक बोझ को रख छिप कर रहने के समय उस बोझ का अपहार करने के लिये उद्योग करने वाले चोर लोग उस बोझ को, उस पथिक को आकर लेते देख, अपहार करने के उद्योग को छोड़ जैसे उदासीन हो जाते हैं वैसे भगवदनुग्रह शक्ति इस चेतन के पास आने पर

भगवदनुग्रह शक्ति इस चेतन के पास आने पर पुण्य पाप कर्म इसको छोड़ उदासीन होते हैं।

इसको अपने मार्ग में खींचने वाले पुण्य पाप कर्म इसको छोड़ उदासीन होते हैं। वह अनुग्रहात्मिका शक्ति अपने पास आते ही यह चेतन मोक्ष रुचि वाला हो प्रवृत्त वैराग्य वाला होकर विवेक में आशा करते हुये शास्त्र में प्रवण हो सदाचार्य समाश्रयण कर सत्ता को प्राप्त हो ज्ञान को प्राप्त हो उस ज्ञान की रक्षा करते हुये सारग्राही हो उचित उपाय को स्वीकार कर संसार से उत्तीर्ण हो परमपद को प्राप्त होता है ऐसा रुद्र ने कहा है। इसलिये ये लोकाचार्यस्वामी निर्हेतुक विषयीकार क्रम को आप्त प्रमाणभूत भगवच्छास्त्र में कहा है ऐसा कहते हैं;

इस प्रकार केवल शास्त्र में ही उक्त नहीं, निर्हेतुक विषयीकार के साक्षात्

पात्रभूत आप्ततम अग्रेसर शठकोप सूरि इस अर्थ को स्पष्टतया कहे हैं ऐसा कहते हैं;

'अकांडमेव कृपां करोति' इत्यमुमर्थं स्पष्टमवोचत् ।।४१२।।

'निर्हेतुक ही कृपा करते हैं' ऐसे इस अर्थ को स्पष्टतया कहे हैं।।४१२।।

इस निर्हेतुक विषयीकाररूप रहस्यार्थ को संशय विपर्यय रहित सब लोग जानें जैसे स्पष्टतया कहे हैं।

उस दिव्यसूक्ति के अनंतर सूक्ति में अभिप्राय को नहीं जानने वालों की शंका का अनुवाद कर परिहार करते हैं;

'कुर्वतां' इति कृपाया हेतुः सुकृतमित्युक्तिर्नास्ति किमिति चेद् 'अकांडमेव' इत्यस्यविरोधः ।।४१३।।

'करने वालों को' ऐसी कृपा का हेतु सुकृत है ऐसा कहा है न? इस शंका में; तब 'निर्हेतुक' यह पद संगत नहीं हो सकता।।४१३।।

कृपा करते हैं इसके अनंतर किस पर, इस आकांक्षा में कृपा के उपयुक्त ईश्वर के मुखोल्लास के लिये कुछ कृत्य करने वाले पर, ऐसा कहने से उसके कृपा करने का हेतु चेतन कृत सुकृत है ऐसा कहा है न? इस शंका पर, ऐसा कहने पर ''निर्हेतुक पद संगत नहीं होगा इसलिये करने वाले को'' माने 'आप जिन पर कृपा करना चाहते हैं' ऐसा अर्थ कर लेना।

आभिमुख्य का भगवत्कृपा कारण है, अद्वेष का सुकृत कारण है, ऐसा समझ कहने वालों के वचन का अनुवाद करते हैं;

भगवदाभिमुख्यं सुकृतेन न जायते किंतु भगवत्कृपया, अद्वेषः सुकृतेनेति चेत्तस्य फलविशेषस्य तत् कारणमिति वक्तुं न शक्यते ।।४१४।।

भगवदाभिमुख्य सुकृत से नहीं भगवत्कृपा से उत्पन्न होता है। अद्वेष सुकृत से उत्पन्न होता है ऐसा कहने पर उस फल विशेष का उसको साधन नहीं कर सकते ।।४१४।।

अनादिकाल से विमुख हुआ यह चेतन भगवद्विषय में अभिमुख हुआ, सुकृत के कारण से नहीं केवल

भगवत्कृपा से। उसके पहले होने वाला अद्वेष सुकृत से उत्पन्न होता है ऐसा कहने पर अखिलात्मगुणों का कारण, आत्मोज्जीवन का अंकुर भगवद् अद्वेषरूप इस महाफल का अति क्षुद्र यादृच्छिकादि सुकृत के कारण करके नहीं कह सकते हैं। इसलिये अद्वेष का भी भगवत्कृपा ही कारण है ऐसा कहना चाहिये।

शास्त्र में विहित न हो चेतन से ज्ञात न होने वाले इस यादृच्छिकादि को सुकृत का नाम देने वाले ईश्वर हैं ऐसा कहते हैं;

शास्त्राविहितस्यास्मदज्ञातस्य सुकृतमित्यस्माभिर्नाम कथं क्रियते इति चेन्न वयमीश्वर इति श्रुतम् ।।४१५।।

शास्त्र में भी विधान नहीं किये हुए हमसे भी नहीं जाने हुये इसको सुकृत ऐसा हम नाम कैसे रख सकते हैं इस शंका में; हमने नहीं ईश्वर ने रखा है ऐसा सुनते हैं ।।४१५।।

इदं कुर्यात् ऐसे शास्त्र विहित कर्तृभूत चेतन से बुद्धि पूर्वक अनुष्ठित कर्म को सुकृत कहते हैं। इसको करें ऐसा शास्त्र विधान नहीं कर, अमुक सुकृत किये हैं ऐसे चेतन से अनजान में होने वाले इन यादृच्छिकादि को सुकृत नाम से हम कैसे कह सकते हैं? इस शंका में; इसको सुकृत नाम रखने वाले हम नहीं, सर्वमुक्ति प्रसंग न होने के लिये सर्वज्ञ ईश्वर, सुकृत करके नाम रखे हैं ऐसा तत्वदर्शी आचार्यों के मुख से हमने सुना है। तथा च 'निर्हेतुक कृपा करता है' ऐसे सूरियों में अग्रगण्य शठकोप सूरि निर्हेतुकविषयीकाररूप इस अर्थ को स्पष्टतया कहे हुये प्रकार को दिखा उस विषय में हुई शंका का परिहार किये हैं।

अब इस अर्थ के विषय में सूरियों की गाथाओं में अन्योन्य विरुद्ध की तरह भान होने वाले का परिहार, इस अर्थ के स्थापनार्थ अवश्य वक्तव्य प्रमाण तर्कों को इस स्थल में नहीं कहने का कारण भी कहते हैं;

एतदर्थविषयतया दिव्यसूरीणां गाथासु परस्परविरोध इव भासते तत्र वक्तव्यान् परिहारानन्यांश्च वक्तव्यान् विस्तरभयान्न वदामः।।४१६।।

इस अर्थ के विषय में सूरियों की गाथाएँ परस्पर विरुद्ध की तरह दीखती हैं उनमें कहे जाने वाले परिहार और अवश्य वक्तव्यों को भी विस्तार के डर से नहीं कहते हैं।।४१६।।

निर्हेतुक विषयीकार रूप इस अर्थ के विषय में इस विषयीकार के पात्रभूत सर्वज्ञ सूरियों के भगवदंगीकार प्रकाशक गाथाओं में 'निर्हेतुक कृपा करते हैं, क्या सुकृत मैंने किया है, हमारे मन में वास करते हैं' 'सुन्दरबाहु पर्वत का नाम कहा हूँ' 'माधव इस उक्तिमात्र को ले' 'कोई सुकृत मैंने नहीं किया' 'बहुजन्मों में व्रतानुष्ठान किया हूँ' 'हम किस तपस्या से देखेंगे' 'हमही ने तपस्या की है' इत्यादियों से भगवदंगीकार हेतु एक भी अपने पास नहीं है ऐसा कहना, अपने पास किंचित है ऐसा कहना, इस तरह के वचनों के अभिप्राय को नहीं जानने वालों को परस्पर विरुद्ध के समान भासमान होंगे।

उनमें कहे जाने वाले परिहार 'माधव' 'पर्वत' ये व्यावृत्ति उक्ति मात्र होने से उनको आरोपण कर ऊपर आकर गिरने वाली भगवत्कृपा ही अंगीकार का हेतु है वे हेतु नहीं हैं यह बात सिद्ध है। और ''बहुत जन्मों में

व्रतानुष्ठान किया हूँ'' माने 'बहुत जन्म लेने के लिये साधनानुष्ठान किया हूँ ऐसा अर्थ है', ''मैं ही तपस्या किया हूँ'' माने 'सुंदर द्राविडमाला चरणारविंदों में कहने के भाग्यवान हुआ हूँ ऐसी प्रीति से हमारे सदृश भाग्यवान और कोई नहीं है, ऐसे इस महाफल को प्राप्त हुये अपनी प्रशंसा कर लिये इतना ही'। इन वचनों में निर्हेतुक वचन विरोध न होने के लिये सहेतुकवत् भासमान होने वालों के परिहार कहे गये समझना।

और ''अवश्य वक्तव्य'' माने 'इस निर्हेतुकता के स्थापनार्थ अवश्य वक्तव्य'; 'इस प्रकार संसार चक्र में दु:ख से व्याकुल हो घूमने वाले चेतन के ऊपर विष्णु की निर्हेतुक कृपा उत्पन्न होती है' 'हे महामते! हमारे निर्हेतुक कटाक्ष से होने वाले आचार्य विषयीकार से परगति को प्राप्त होते हैं' 'मैं पुरुषकार से या और किसी हेतु से भी कटाक्ष नहीं करता हूँ केवल अपनी इच्छा से ही कभी किसी पर कटाक्ष करता हूँ' इत्यादि प्रमाणों को जानना।

ये सब तथा अन्य भी अवश्य कहने योग्यों को कहने से ग्रंथ विस्तार हो जायगा इस भय से नहीं कहते हैं।

तथा च भगवद्गुणानुसंधान अभय हेतु इस प्रतिज्ञा के उपपादकतया त्रिपाद विभूति में (सू. ४००) ऐसे आरंभ कर यहाँ तक ईश्वर इस आत्मा के उज्जीवनार्थ विमुख दशा से ले कृषि करता है इस बात को विस्तार पूर्वक कहे हैं उसी को समाप्त करते हैं;

तस्मादस्य विमुखदशायामप्युज्जीवनार्थं कृषिं कुर्वाण ईश्वरेऽनुसंहिते सदा निर्भरस्तिष्ठेत् ।।४१७।।

इसलिये इसकी विमुख दशा में भी उज्जीवन के लिये कृषि करने वाले ईश्वर का अनुसंधान करने पर सदा निर्भर हो रह सकता है।। ४१७।।

ईश्वर का इस आत्मा के उज्जीवन के लिये कृषि करने का प्रकार यह होने से एवं इस चेतन के अपने विषय में विमुख होने की अवस्था में भी इसके उज्जीवन के लिये कृषि करने वाले गुणाधिक ईश्वर का अनुसंधान करने पर एवंभूत वह परमात्मा हमको इस अवस्था वाला बना कर्मानुगुण संसारी नहीं बनायेगा ऐसा उसके गुण में विश्वास करके सर्वकाल भी निर्भर रहेगा इतना ही, भय प्रसंग नहीं है।

'विमुखदशा में भी उज्जीवन के लिये कृषि करने वाले ईश्वर का अनुसंधान किये तो' ऐसे पहले कहे हुए अर्थ में विश्वास होने के लिये ज्ञानाधिक के अनुसंधान विशेष को कहते हैं;

'अग्रे व्यापने प्रविश्य' एकं ग्रहीतुं विचार्य यथा ग्रामं रुधंति तथा व्याप्तिरपि सृष्ट्यवतारादिवत्स्वार्थमिति हि ज्ञानाधिकानामनुसंधानम् ।।४१८।।

'सामने रोक कर' एक मनुष्य को पकड़ने का विचार कर ग्राम को घेरने वाले की तरह ईश्वर की व्याप्ति है। सृष्टि अवतारादियों की तरह स्वार्थतया ज्ञानाधिक लोग अनुसंधान करते हैं।। ४१८।।

''सामने रोक कर'' माने 'हमको बच कर भागने को अशक्य दृष्ट स्थल सर्वत्र जैसे आप ही हो वैसे व्याप्ति में अंतर्गत होकर'। यह वाक्य अवतारपरतया पूर्वाचार्य लोगों से व्याख्यान किया गया तब भी इस स्थल में व्याप्तिपरतया कहते हैं। उसका दृष्टांत कहते हैं;

एक आदमी को पकड़ने की इच्छा करने वाला उसको जरूर पकड़ने के आग्रह से जैसे उस ग्राम को घेरता है वैसे एक आत्मा को वश करने के लिये सकल चेतन अचेतनों में व्याप्त हो रहते हैं। इस कारण व्याप्ति भी अपने लिये ऐसा ज्ञानाधिक लोग समझते हैं। 'व्याप्ति भी' ऐसा कहने से सर्व सत्ता हेतुभूत वह भी ऐसा अर्थ है।

व्याप्ति की तरह सृष्टि अवतारादियों का स्वार्थतया अनुसंधान करना सिद्ध हुआ। इसका दृष्टांत कहते हैं;

'त्रिविध जल पृथिवी' इस दशक की पहिली गाथा में 'सृष्टि को स्वार्थतया', 'दूसरी और तीसरी गाथा में अवतारों को स्वार्थतया' यह शठकोपसूरि अनुसंधान किये हैं। 'आदि शब्द से गुण चेष्टितादियों को लेना'।

इस प्रकार इसके विमुख होने की दशा में भी सृष्ट्यवतारादियों से इसके उज्जीवन के लिये वह कृषि करता है अपनी निर्हेतुक कृपा से। तादृश कृपाफल इस चेतन को अवश्यानुभाव्य है इस अर्थ को दृष्टांत पूर्वक कहते हुए पहले 'निर्भर होना चाहिये' ऐसे कथित अर्थ को स्थिर करते हैं;

कर्मफलवत्कृपाफलमप्यनुभाव्यमेव ।।४१९।।

कर्मफल की तरह कृपाफल भी अवश्य अनुभोक्तव्य है।। ४१९।।

स्वकृत पुण्य पाप रूप कर्म फल जैसे अवश्य अनुभोक्तव्य है वैसे नित्य संसार हेतु कर्म को दूर कर नित्य सूरियों के साथ समान भोग भागी बनाने का हेतु उसकी कृपा का फल इसकी इच्छा बिना भी अवश्य अनुभोक्तव्य होता है।

एवंभूत कृपा अनादिकाल से होने पर भी कर्मकर्ता चेतन, कर्म फल देने वाले ईश्वर इन दोनों के स्वातंत्र्य से रुकी रही, अब आगे भी ऐसे ही रुक गई तो क्या होगा? इस शंका में कहते हैं;

कृपानिस्सरतिचेदुभयोरपि स्वातंत्र्येण यथा निरोद्धुं न शक्यते तथोभयकूलमप्युपमर्द्य प्रवहति।।४२०।।

कृपा बहने पर दोनों के स्वातंत्र्य से भी जैसे न रोकी जाय वैसे दोनों कूल को तोड़कर बहेगी।। ४२०।।

कृपा निरंकुश स्वतंत्र ईश्वर अपनी आज्ञा में आने पर अंगीकार करेंगे ऐसे इस चेतन के कर्मानुगुण निर्वाह करने के समय दोनों के स्वातंत्र्य से रोकी जाती है इतना ही। उस आज्ञा में नहीं आने से दुर्गति ही को अवलंबन कर इस चेतन को वही ऊपर गिर अंगीकार करने के उपयुक्त कृपा बहने पर स्वाश्रय ईश्वर का

चेतन कर्मानुगुण ही निर्वाह करेंगे ऐसे स्वातंत्र्य से भी, अपने विषय चेतन के **'श्रुतिस्मृती ममैवाज्ञा वस्तामुल्लंघ्य वर्तते'**'श्रुति स्मृति रूप ईश्वर की आज्ञा को उल्लंघन करने का हेतु' स्वातंत्र्य से भी नहीं रोकी जायेगी। **'विधिरासन्नो निरोधकः कः'** 'कृपा बहने पर कौन रोक सकता है' इस वचनानुसार उभय स्वातंत्र्य रूप दोनों किनारों को तोड़ती हुई ऊपर ऊपर बहेगी तो रोकने वाला कौन?

प्रकरण के आदि में भयाभयहेतुतया कहे गये स्वदोष भगवद्गुणों में कर्म और कारुण्य प्रधान होने से उनका उपपादन पहले किये हैं, अब समाप्त करते हैं;

भयहेतुः कर्म, अभयहेतुः कारुण्यम् ।।४२१।।

भय हेतु कर्म अभय हेतु कारुण्य।। ४२१।।

ईश्वर ही उपाय है ऐसे रहने वाले अधिकारी को और भी संसार अनुवर्तन किये तो क्या किया जाय ऐसे भय का हेतु; अनादिकाल संसार का कारणभूत अपने कर्म का स्मरण। संसार हमारे पर्यंत नहीं आ सकेगा शरीरावसान में भगवत्प्राप्ति में संशय नहीं ऐसे निर्भय होने का हेतु; कर्म को न देख अंगीकार कर संसार का मूलच्छेद कर अपने चरणों में मिला लेने के उपयुक्त उसके निर्हेतुक कारुण्य का स्मरण।

ये भयाभय दोनों इस चेतन को कहाँ तक चलेंगे इस प्रश्न में कहते हैं;

भयाभयोभयमपि पर्यायेण प्राप्तिपर्यंतं स्यात् ।।४२२।।

भयाभय दोनों बदल बदल कर प्राप्ति पर्यंत रहेंगे।। ४२२।।

भगवत्कृपा का विषय प्रकृति के साथ रहने से अनादिकाल संसार का हेतु अपने कर्म का स्मरण करना, उसको न देख अंगीकार करने वाले भगवान के कारुण्य का अनुसंधान करना ये दोनों इस अधिकारी के स्वरूप हैं, उनमें कर्म का अनुसंधान करने के समय भय भी, कारुण्य का अनुसंधान करने के समय अभय भी, ये दोनों बदल बदल कर प्रकृति संबंध से मुक्त हो भगवत्प्राप्ति के लाभ होने पर्यंत अनुवर्तमान होंगे।

इस प्रकार दोनों बदल बदल कर प्राप्ति पर्यंत क्यों अनुवर्तमान होंगे उसके गुण के विश्वास से सदा निर्भय नहीं रह सकते हैं क्या? इस शंका में कहते हैं;

निवर्त्यज्ञानं भयहेतुः, निवर्तकज्ञानमभयहेतुः ।।४२३।।

निवर्त्यज्ञान भय हेतु, निवर्तक ज्ञान अभय हेतु।। ४२३।।

उसके कारुण्य से निवृत्त होने योग्य अविद्या, कर्म, वासना, रुचि, प्रकृति संबंध, विषय ज्ञान ये सब रहने से और भी संसार अनुवर्तन किये तो क्या किया जाय ऐसे भय का हेतु है। सर्वपापों से छुड़ाऊँगा ऐसा कहने वाले सर्वेश्वर का कारुण्य विषय ज्ञान अभय का हेतु है। निवर्तक के बल को जानने पर भी निवर्त्य जब तक रहेगा तब तक भय भी बीच बीच में मिल कर सतावेगा।

तथाच इस प्रकरण से इस चेतन के भयाभय के हेतु; उसके विपरीत समझने से होने वाले अनिष्ट, तन्निमित्त शंका परिहार, सर्वेश्वर का संसारियों के उज्जीवन में कृषि करने का प्रकार, अज्ञात सुकृत

भगवदंगीकारहेतुत्व, एतन्निर्हेतुक विषयीकार वैभव को न जानने वालों के प्रकार, एतद्वैभव को जानने वालों के प्रकार, यह अर्थ आप्तवचन सिद्ध, अज्ञातसुकृत ब्याज से ईश्वर के अंगीकार प्रकार, अंगीकार हेतु अज्ञात सुकृत उनकी कृषि का फल, उसके निरूपण से फलित अंगीकार के उपयुक्त कदाचित् स्वयमेव उत्पन्न होने का कारण, उनकी दो प्रकारता, एवंभूत विषयीकार का शास्त्र सिद्धत्व, इस विषयीकार को प्राप्त होने वालों के विशदवचन, एतदनभिज्ञ वचन परिहार, आभिमुख्य की तरह अद्वेष भी उसकी कृपा से होता है, यादृच्छिकादियों को सुकृत कहने वाले ईश्वर, एतदर्थ विषय आप्तवचनों में परस्पर विरोध परिहारों के नहीं करने में हेतु, पूर्व विस्तार पूर्वक उपपादन किये हुए का फल, उसकी आप्ति के हेतुतया ज्ञानाधिकों का अनुसंधान, निर्हेतुक कृपाफल का अवश्य अनुभाव्यत्व, ईदृश कृपाप्रवाह का दुर्निवारकत्व, प्रकरणादि प्रतिज्ञात अर्थो की समाप्ति, भय अभय अनुवर्तनकाल की अवधि, एतदुभय हेतुभूत ज्ञान विशेष, इन सबको कहने से इस अधिकारी के अद्वेषादि मोक्ष पर्यंत अखिल लाभ हेतु भगवन्निर्हेतुक कृपाप्रभाव विस्तार रूप से प्रतिपादन किया गया। इससे द्वयोपदेष्टृ आचार्य की सेवादि और तदुपदिष्ट द्वयार्थ ज्ञानादियों का भी हेतुभूत भगवन्निर्हेतुक कृपा वैभव कहा गया।

निर्हेतुक कृपा वैभव प्रकरण समाप्त

संसार बन्धन

आत्मा का भगवान के मंगलाशासन के उपयुक्त होना ही फल है।

श्रीवचनभूषण सू. ३२९

शिष्य के आचार्य के प्रति कैंकर्य होते हैं:

- स्वस्वरूप का यथार्थ ज्ञान
- उपाय में विश्वास
- उपेय में प्रेम
- उक्त तीनों के अनुरूप अनुष्ठान।

श्रीवचनभूषण सू. ३६४

चरम पर्व

आचार्यनिष्ठा चरम उपाय का चरम पर्व है। (सू. ४३८**&**४७२)

।। चरम प्राप्य प्रापक प्रकरण।।

इस प्रबंध में उपक्रम से लेकर यहाँ तक सिद्धोपायभूत सर्वेश्वर ही चेतन के परमपुरुषार्थ लक्षण मोक्ष सिद्धि के लिये निरपेक्ष साधन हैं, ऐसा कह उपायभूत सर्वेश्वर कर्म द्वारा संसारी बनाने को भी, कारुण्य द्वारा मुक्त बनाने को भी समर्थ निरंकुश स्वतंत्र होने से उनको उपायतया आश्रयण करने वालों को स्वकर्मानुसंधान से भी उसके कारुण्यानुसंधान से भी होने वाले भयाभय मोक्ष पर्यंत बराबर होते रहेंगे ऐसा पहले कहे हैं, अब **'साक्षान्नारायणो देवः कृत्वा मर्त्यमयीं तनुम्'** 'साक्षात् देव नारायण मनुष्य शरीर धारण कर' **'श्रीमहालक्ष्मी वल्लभः स्वयमेवाचार्यो भूत्वा'** 'श्रियःपति आप ही गुरु हो' इत्यादि वचन से उस सिद्धोपाय से बहिर्भूत न हो उसकी चरमावधि हो बंध मोक्ष दोनों को समान न हो मोक्षैक हेतु होने से तन्निष्ठों को भय का प्रसंग न हो, सदा एक प्रकार से निर्भयता हो सकती है तादृश चरमावधिभूत स्वरूप प्राप्यों के अनुरूप चरमोपाय सदाचार्याभिमान ही है ऐसा सकलवेदांतसारवित्तम पूर्वाचार्य अपने उपायतया अनुसंधान कर उपदेश करते हुये रहस्यार्थ को संपूर्ण लोग जान उज्जीवित हों ऐसा समझ इस प्रबंध शेष से इस अर्थ को स्पष्टतया कहते हैं।

इस प्रकार भयाभय दोनों बराबर न हो सदा निर्भय होने का एक मार्ग नहीं है क्या? इस आकांक्षा में कहते हैं;

स्वतंत्रस्योपायत्वेनाश्रयणकाले एव खल्वयं प्रसंगोऽस्ति ।।४२४।।

स्वतंत्र को उपायतया आश्रयण करने पर ही भयाभय का प्रसंग होता है।। ४२४।।

कर्मानुगुण संसारी बनाना कारुण्यानुगुण संसार से अलग कर श्रीचरणों में मिला लेना इन दोनों में समर्थ निरंकुश स्वतंत्र ईश्वर को इष्टानिष्ट प्राप्ति परिहारों के उपायतया आश्रयण करने पर ही मोक्ष तक भयाभय दोनों बराबर होते रहेंगे ऐसा प्रसंग है। परतंत्रस्वरूप मोक्षैकहेतु अपने आचार्य का उपायतया आश्रयण करने से यह प्रसंग नहीं होगा, सदा निर्भय हो सकता है।

प्रमाण से प्रमेय का निश्चय होता है, इस अर्थ का किस प्रमाण से निश्चय कर सकते हैं? इस आकांक्षा में कहते हैं;

भोजनकाले एकां वार्तां भोजनाभावकाले एकां वार्तां च वदंतो दश संति हि तेषां गाथा आदायायमर्थो न निश्चीयते ।।४२५।।

भोजन करते समय एक वार्ता, भोजन नहीं करते समय एक वार्ता, कहने वाले दस हैं, उनकी गाथाओं को लेकर इस अर्थ का निश्चय नहीं करते हैं।। ४२५।।

अज्ञान निवृत्ति पूर्वक अत्यानन्द प्राप्त भगवदनुभवैक धारक सूरियों का ''भोजन करना, भोजन नहीं करना'' माने 'भगवदनुभव और उसके अलाभ के समय'।

उसमें भगवदनुभव कर हृष्ट होने के समय उसके दास्य वृद्धि कामना से तदीयों के दास्य में दृढ़ हो 'प्रति जन्म में हमारे दास्य को स्वीकार करने के योग्य स्वामी हैं' 'प्रति जन्म में हमारे मालिक हैं' 'भविष्यत् और वर्तमान में हमारी रक्षा करने वाले मालिक हैं' 'आयास

बिना हम सबों को दासतया स्वीकार कर जन्म जन्मांतरों में रक्षा करेंगे' 'सुकृत को बढ़ाकर हमको प्रतिदिन उज्जीवित करने वाले स्वामी हैं' 'हमारे बहुत जन्मों में वंदनीय मालिक हैं' 'उनके दास लघु महामनुष्य हो हमारी रक्षा करते हुए यहाँ संचार करते हैं तो कमल नेत्र वामन भगवान के सुंदर कमल सदृश चरणारविंदों के नीचे प्रवेश करना प्राप्य होगा क्या मुझ पापी को, ऐसे जो लोग उनका स्मरण करते हैं वे ही हमारी रक्षा करेंगे' 'ज्ञान रूपी तेजो वस्तु का स्मरण करने वाले हमारे मालिक हैं' 'आदर पूर्वक सेवा करने वालों की आदर पूर्वक सेवा करो हे हमारे मन!' 'सहस्र नाम वाले के नाम अभ्यास करने वाले महात्माओं को एक क्षण भी नहीं छोड़ सकता हूँ' 'नेत्र से देख द्रवीभूत हो हाथों से सेवा करने वालों का दर्शन करने पर मृत्यु नहीं भक्षण करेगी पाप नहीं घेरेंगे', 'समूह को देखने का भाग्य हो तो वही नेत्र का फल है' 'भक्तों की चरणधूलि में स्नान करने पाये तो गङ्गाजल में अवगाहन करने से क्या होगा' 'आनंद पाने वाले दासों के चरणों का मंगलाशासन करता है हमारा मन' इन गाथाओं में दिव्य सूरि लोग परमात्मा की अपेक्षा उनके भक्त ही हमारे शेषी और उपायोपेयभूत भी हैं ऐसा अत्यादर पूर्वक कहे हैं।

भगवदनुभव अलाभ से क्लेश पाने के समय तादृश परमशेषी परमप्राप्य प्रापकभूत तदीय समीप में रहने पर भी उनके विषय में मन नहीं लगकर भगवद्विषय को ही प्राप्य और प्रापक समझ 'देखने को आओ' 'देखने का उपाय बताओ' 'क्रूर बाण प्रयोग करने वाले कुमार भी आये नहीं क्या करूँ' 'क्लेशरहित क्रूर बाणों का संधान करने वाले हमारे मालिक भी नहीं आते हैं तो' 'वासुदेव तुम्हारे आगमन की प्रतीक्षा को देख सुंदर रेती के ढेर पर रो रही हूँ' इत्यादियों से आर्तिपरवश हो रोना, प्रणय कलह करना, 'क्रूरपक्ष पक्षी', 'तुमसे हमारा संबंध नहीं' इत्यादियों से ऊब जाना, झटक देना आदि करने से भोजन करने पर एक वार्ता, नहीं करने पर एक वार्ता कहने वाले, ऐसा कहते हैं। सभी सूरि एक स्वभाव वाले एक कंठ होने से दस हैं ऐसा कहते हैं। उनकी गाथा लेकर इस अर्थ का निश्चय नहीं करते हैं।

अज्ञान निवृत्तिपूर्वक अत्यानंद प्राप्त होने से प्रथम पर्व की अपेक्षा चरम पर्व की श्रेष्ठता को अच्छी तरह से देख कहने पर भी चरम पर्व की निष्ठा वाले न हो प्रथम पर्व में मग्न हो उनके अनुभव से हृष्ट होने के समय एक वार्ता उसके अलाभ से क्लेश पाने के समय एक वार्ता कहना, एक प्रकार नहीं रहना इत्यादि से उनकी गाथा लेकर आचार्य ही उपाय हैं इस अर्थ का निश्चय नहीं करते हैं।

किसके वचन को लेकर निश्चय करते हैं इस आकांक्षा में कहते हैं;

तान् विहस्य तिष्ठति खल्वेकस्तस्य गाथामादायामुमर्थं निश्चिनुमः ।।४२६।।

उनको हँसने वाले एक हैं उनकी गाथा को लेकर इस अर्थ का निश्चय करते हैं।। ४२६।।

'उनके स्पृहणीय चरणों का आदर किया हूँ' 'अन्य देवता को नहीं जानता हूँ' ऐसे स्वाचार्यभूत श्रीशठकोप सूरि के श्रीचरणों को ही प्राप्य और प्रापकतया संशय रहित आश्रयण कर अन्य देवताओं को न जान 'जिह्वा से अभ्यास कर आनंद पाया है' ऐसे उनके संकीर्तन से आनंदपूर्ण हो 'दास चतुर हो गया' ऐसे प्राप्त जान कर आश्रयण करने वाले चतुर होने से, चरम पर्व की श्रेष्ठता जान कहने पर भी तदेकनिष्ठ न हो प्रथम पर्व

में मग्न हो उसके सौंदर्य परवश हो भोजन करने पर एक वार्ता और न करने पर एक वार्ता कहने वाले दस सूरियों को, पहले एक आचार्य के चरणों का आश्रयण कर निरंतर सुखी न हो अपने सौंदर्य से पागल बनाने वाले भगवद्विषय में पहले से ही अवगाहन कर उनकी अनुभव दशा में एक कहना अलाभ दशा में एक कहना ऐसे वे सूरिलोग क्लेश पाते हैं। यह क्या आश्चर्य है समझ परिहास करने वाले श्रीमधुरकवि सूरि एक हैं, चरमपर्वनिष्ठ सदा एक रूप वचन वाले इनकी गाथारूप 'ग्रंथिपूर्ण अल्प रज्जु' (कण्णिनुण् शिरुत्ताम्बु) प्रबंध को ले इस अर्थ का संशयविपर्यय रहित निश्चय करते हैं।



अथवा ''भोजन करने के समय पर'' माने 'भगवदनुभव करने के समय' 'अनुभव कर आनंद पाने वाले के सदृश नित्य सूरि लोग हैं क्या' 'परमपद के नित्यसूरि लोग भी समान नहीं' 'मर्त्य लोग समान होंगे क्या' ऐसे अनुभव जनित हर्षाधिक्य से गर्वित हो एक वार्ता, तदनुभवालाभ के समय 'बुद्धि सब अंतर व्याकुल हो मोहित होती है अहो' 'कांति के साथ मणिवर्ण छूट गया' 'देखने को आओ ऐसा कह नेत्र और मुँह खोल' 'अग्नि के साथ रहने वाले मोम की तरह लोक में संचार करती हूँ' ऐसी शोक वेग जनित एक वार्ता कहने वाले, एक दो नहीं दस हैं। भागवत ही शेषी और उपाय उपेयभूत हैं ऐसा जानने पर भी तदनुगुण नहीं रहकर भगवद्विषय सौंदर्य में परवश हो इस प्रकार भोजन करने पर एक वार्ता, नहीं करने पर एक वार्ता, कहने वालों की श्रीसूक्ति लेकर, स्वाचार्य चरणयुगल ही उपायोपेय हैं इस परमार्थ का निर्णय नहीं करना।

सूरि के चरण को ही अपने उपायतया आश्रयण कर 'अन्य देवता को नहीं जानता हूँ' ऐसा रहने से प्रथम पर्व में मग्न हो हर्ष शोक परवश हो कहने वालों का परिहास करने वाले एक हैं। ऐसे रहने वाले श्रीमधुरकवि की दिव्य सूक्ति को लेकर इस अर्थ का निश्चय करेंगे ऐसी भी योजना कर सकते हैं।

इस प्रकार प्रमाण सिद्ध अर्थ को उचित न्याय से स्थिर करते हैं;

स्वरूपस्य प्राप्यस्य चानुरूपः स्यात् खलु प्रापकः ।।४२७।।

स्वरूप और प्राप्य के सदृश ही प्रापक होना चाहिये ।। ४२७।।

स्वरूपोपाय पुरुषार्थों का निर्णय करने के समय पहले स्वरूप का यथार्थतया निष्कर्ष कर, अनंतर प्राप्य का तदनुरूप निष्कर्ष कर, पश्चात् प्रापक का तदुभयानुरूप निष्कर्ष करना चाहिये। व्युत्पत्ति दशा में उपेय पहले हो उपाय पीछे होता है। अनुष्ठान दशा में व्यत्यास से होता है। स्वरूप और प्राप्य के अनुरूप न होने से ही उपायांतर का परित्याग किये हैं। इस कारण से उपाय, स्वरूप और प्राप्य के सदृश होना चाहिये ऐसा कहते हैं। अब स्वरूप का निरूपण करने से ज्ञानानंदों को भी बहिर्दल समझने योग्य भगवदनन्यार्ह शेषत्व ही आकार होता है। उसका याथात्म्य तच्छेषत्व ही बहिर्दल समझने योग्य तदीय शेषत्व ही आकार होता है। इस प्रकार



स्वरूपानुरूप प्राप्य का निरूपण करने से भगवत्कैंकर्य प्रथमावधि हो तदीय कैंकर्य चरमावधि होता है। स्वरूप प्राप्यवेष यह होने से तदुभयानुगुण प्रापक तदीय ही हो सकते हैं। अब उन भागवतों में पहले अपने को अंगीकार कर तत्वज्ञान को देने वाले महोपकारक स्वाचार्य का शेष होना समस्त भागवतों का मुखोल्लास हो अपने स्वरूप का चरमावधि होता है। इस स्वरूप के अनुरूप प्राप्य भी स्वाचार्य चरणों में क्रियमाण कैंकर्य होता है। इस प्रकार स्वरूप और प्राप्य निश्चित होने से इन दोनों के सदृश प्रापक स्वाचार्य चरण युगल होना चाहिये। यही स्वरूप प्राप्यों के सदृश उपाय कहने से ईश्वर स्वातंत्र्यभीत्या सिर्फ निर्भय होने के लिये इसको नहीं मानते किंतु मुख्य उपाय यही है यह अर्थ सिद्ध हुआ।

इस अर्थ के विषय में एक ऐतिह्य को कहते हैं;

आँध्रपूर्णः कूरेशं दाशरथिं चोभयकूलस्थाविति वदति ।।४२८।।

आँध्रपूर्ण कूरेश और दाशरथि को उभयकूलस्थ कहते हैं।। ४२८।।

शठकोपसूरि के चरणों में श्रीमधुरकवि सूरि जैसे रहे थे वैसे प्राप्य प्रापक दोनों रामानुजस्वामी के चरण ही हैं ऐसा विश्वास कर 'अन्य देव को नहीं जानता हूँ' ऐसे रहने वाले आँध्रपूर्णस्वामी रामानुजस्वामी की छाया और पादुका की तरह अविनाभूत हो **'रामानुजस्य चरणौ शरणं प्रपद्ये'** 'रामानुज के चरणों को उपायतया विश्वास करता हूँ' **'रामानुजार्यवशगः परिवर्तिषीय'** 'रामानुजस्वामी के वश में हो कैंकर्य करूँगा' 'उपायोपेय उनके चरण और उन चरणों में क्रियमाण कैंकर्य ही है' ऐसा समझ रहने वाले, कूरेश और तादृश दाशरथि इन दोनों को संसार स्थिति से पाँव जल कर आर्ति की अधिकता से कदाचित् भगवान के पास जा विह्वल हो रोना उसके सौंदर्यादि को देख कर प्रवण होना आदि को लेकर रामानुज स्वामीजी के चरण ही प्राप्य प्रापक हो तो अन्य देव को नहीं जानता हूँ ऐसा रहना चाहिये, ऐसा न कर चरमावधि और प्रथमावधि में हाथ रखने वाले उभयकूलस्थ हैं ऐसा कहते हैं।

'प्रापक स्वरूप और प्राप्य के सदृश होना चाहिये' इस स्थल में स्वरूप को एक प्रकार मान भगवत्कैंकर्य ही प्राप्य होता है, प्राप्य के सदृश होना चाहिये ऐसा कैसे कह सकते हैं? इस शंका का परिहार करने के लिये पहले प्राप्यस्वरूप को दिखाते हैं;

प्राप्यस्य प्रथमपर्व आचार्यकैंकर्यं मध्यमपर्व भगवत्कैंकर्यं चरमपर्व भागवतकैंकर्यम् ।।४२९।।

प्राप्य का प्रथम पर्व आचार्य कैंकर्य, मध्यम पर्व भगवत् कैंकर्य, चरम पर्व भागवत कैंकर्य है।। ४२९।।

''प्राप्य'' माने 'शेषत्वैक निरूपणीय आत्मवस्तु का पुरुषार्थभूत कैंकर्य'। ''पर्व'' माने 'अंश' है। यहाँ ''प्रथम पर्वतया कहे जाने वाले आचार्य कैंकर्य'' माने 'शोधन कर श्रिय:पति के लिये किये पीछे' इस वचनानुसार 'पहले अपने को अंगीकार कर भगवद्विषय के दास हो वैसे शोधन करने वाले आचार्य के मुखोल्लासार्थ क्रियमाण भगवत्कैंकर्य है'।

''मध्यम पर्वतया कहे जाने वाले भगवत् कैंकर्य'' माने 'दासों के दास बनाने वाले निर्मल' इस वचनानुसार 'अपने भक्तों को अपने दासों के दास बनाने वाले भगवान के मुखोल्लासार्थ क्रियमाण भागवत कैंकर्य है'।

''चरम पर्वतया कहे जाने वाले भागवत कैंकर्य'' माने 'आचार्यपर है ऐसा समझ संतुष्ट होने वाले आचार्य वैभव ज्ञापक और आचार्य कैंकर्य की उत्कृष्टता को जानने वाले सब भागवतों के संतोष के लिये क्रियमाण आचार्य कैंकर्य है'।

तथा च आचार्य प्रीति विषय भगवत्कैंकर्य को आचार्य कैंकर्य, भगवत्प्रीति विषय भागवत कैंकर्य को भगवत्कैंकर्य, भागवत प्रीति विषय आचार्य कैंकर्य को भागवत कैंकर्य ऐसा कहा गया। इसलिये आचार्य कैंकर्य को प्राप्यतया कहने में विरोध नहीं।

इस तरह आचार्य कैंकर्य ही चरम पर्व करके शास्त्र के नहीं कहने पर भी यह कैसे हो सकता है? इस शंका में कहते हैं;

स्वरूपप्राप्तिं शास्त्रेषु पुरुषार्थत्वेन वदति यथा प्राप्तिफलतया कैंकर्यमागच्छति तथा साध्यविवृद्धित्वेन चरमपर्व आगच्छति ।।४३०।।

स्वरूप प्राप्ति को शास्त्रों में पुरुषार्थतया कहने पर भी जैसे प्राप्तिफलतया होने वाला कैंकर्य है वैसे ही साध्य के विशेष वृद्धिरूपतया चरम पर्व आता है।। ४३०।।

'परंज्योतिरूपसंपद्य स्वेन रूपेणाभिनिष्पद्यते' 'परम ज्योति को प्राप्त हो अपने रूप से प्रकट होता है' ऐसा परप्राप्ति पूर्वक अनादि कर्म के कारण अचित्संबंध से मल से ढके हुए मणिप्रभा की तरह ढके हुए स्वासाधारणाकार के आविर्भाव रूप प्राप्ति को ही वेदांत शास्त्र के पुरुषार्थतया कहने पर एवं आविर्भूत स्वरूप वाले आत्मा शेषत्वैक निरूपणीय होने से शेषी विषय किंचित्कार बिना नहीं रह सकने से तादृश स्वरूप प्राप्ति के फल रूप से भगवदनुभव जनित प्रीति से किये जाने वाला कैंकर्य जैसे आता है वैसे शेषीभूत भगवान के स्वविषय किंचित्कार की अपेक्षा स्वभक्त विषय किंचित्कार संतोष जनक होने से उस भगवत्कैंकर्य रूप साध्य की वृद्धिरूप हो मध्यम पर्वभूत भागवत कैंकर्य आता है। उन संपूर्ण भागवतों को अपने विषय में कैंकर्य की अपेक्षा अपने उपकारक आचार्य विषय में कैंकर्य ही संतोष जनक होने से उस साध्य की विशेष वृद्धि रूप हो चरम पर्वभूत आचार्य कैंकर्य आता है।

इस चरम पर्व लाभ की दुर्लभता को दिखाते हैं;

इदं च दुर्लभम् ।।४३१।।

यह तो दुर्लभ है।। ४३१।।

इसका विवरण करते है;

विषयप्रवणस्य तं विहाय भगवद्विषय आगमने यावान् परिश्रमोऽस्ति तावान्न भवति प्रथमपर्वविहाय चरमपर्वणि आगमने।।४३२।।

विषय प्रवण को उसको छोड़ भगवद्विषय में आने के दुःख की तरह नहीं, प्रथम पर्व को छोड़ चरम पर्व में आने की दुर्लभता।। ४३२।।

क्षुद्र विषयों के बाहर के वैलक्षण्य में मग्न हो लौटा न सके जैसे उनमें प्रवण होने वाले को उनको छोड़ प्राप्त विषय भगवान में आने की दुर्लभता की तरह नहीं, पुरुषों की दृष्टि और चित्त का अपहार करने वाले भगवान में प्रवण हो तत्कैंकर्य में आसक्त मनुष्य को प्रथम पर्वभूत उसको छोड़ चरम पर्वरूप आचार्य कैंकर्य में आने की दुर्लभता।

वह कैसे? इस आकांक्षा में कहते हैं;

तत्र दोषदर्शनेन निवृत्तिः स्यात् अत्र तत्कर्तुं न शक्यते।।४३३।।

वहाँ दोष दर्शन से लौट सकते हैं, यहाँ वैसा नहीं कर सकते।। ४३३।।

क्षुद्र विषयों में देहदोषादि अल्पास्थिरत्वादि दोष होने से उनको दिखाते ही घृणा से लौट सकता है, विलक्षणविग्रह युक्त समस्त कल्याण गुणात्मक नित्य अपरिच्छेद्य इस भगवद्विषय में दोष का लेश भी न होने से दोष को देख नहीं लौट सकता है। 'परमात्मा के गुण और दोष नहीं गिने जा सकते हैं, गुण अनंत होने से दोष बिलकुल न होने से' ऐसा कहा है।

क्षुद्र विषयों में कहे जाने वाले दोष एक भी भगवान में नहीं कह सकते हैं तो भी अपने विषय में भक्ति से परवश भागवतों को अपने संश्लेष सुख को पूर्णतया न दे छोड़ कर दुःख देने से 'कठिन क्रूर' इत्यादि प्रकार कहने योग्य कई दोष भान होते हैं वे लौटने को उपयुक्त होंगे क्या इस शंका में कहते हैं;

दोषसत्त्वेऽपि गुणवदुपादेयो भवति ।।४३४।।

दोष होने पर भी गुण की तरह उपादेय होता है।। ४३४।।

वैसी विश्लेषासह्यता से भान होने वाले कई दोष होने पर भी 'क्रूर हमारा मन उसही को चाहता है' ऐसे दोषों का ही आदर कर ऊपर गिरने योग्य होने से हेय नहीं होता है, विषय का आदर कर ऊपर गिरने योग्य गुण की तरह उपादेय होता है।

लोक में दोष को हेय और गुण को उपादेय कहते हैं। इस नियम को छोड़ दोष गुण की तरह उपोदय हो सकता है क्या? इस आकांक्षा में कहते हैं;

लोकविपरीतं खल्वत्र वर्तते ।।४३५।।

लोक विपरीत यहाँ पर है।। ४३५।।

दोष छोड़ने योग्य और गुण स्वीकार करने योग्य न हो दोष भी गुण की तरह इस विषय में उपादेय होता है।

सब कुछ करने पर भी दोष गुण की तरह उपादेय हो सकता है क्या? इस आकांक्षा में कहते हैं;

गुणस्योपादेयत्वप्रयोजको हेतुर्दोषस्याप्यस्ति हि ।।४३६।।
गुण उपादेय होने का हेतु दोष में भी है।। ४३६।।

भगवत् गुण भक्तों के उपादेय होने का कारण प्राप्त शेषी में होना, यह दोष में भी समान है। इससे गुण परमात्मा में हैं, इस हेतु गुण उपादेय होते हैं, वैसे ही दोष भी उनके होने से उपादेय होते हैं। ऐसा होने से दोष होने पर भी वह उस विषय से हटाने का हेतु नहीं हो सकता है।

विश्लेष दशा में देखे जाने वाले नैर्घृण्यादि दोष को अंगीकार कर वह गुण की तरह उपादेय होने के प्रकार को कहे हैं, वह नैर्घृण्यादि दोष परमात्मा में बिलकुल नहीं है ऐसा आप्त वचनों से दिखाते हैं, उसमें पहले सूरि के वचन को दिखाते हैं;

निर्घृण इत्युक्त्वा विरामात्पूर्वं गुणवानिति वक्तव्यतया स्थितः ।।४३७।।
'निर्घृण हैं' ऐसा कह मुख बंद करने के पहले 'दयावान हैं' ऐसा कहने योग्य था।। ४३७।।

'हमारे शुद्ध स्वभाव वाले की कृपा' 'ऐसे शुद्ध स्वभाव वाले आपकी कृपा कैसी थी' 'लोक में ऐसे सीधे और परदुःखासहिष्णु धार्मिक लोक होंगे तो अबलाओं को सुरक्षित रहने की स्थिति मिलेगी' ऐसे पुत्री के विश्लेष व्यसन में सहायता नहीं करने से माता निर्घृण कह मुखबंद करने के पहले ही उसके मुख को बंद करने की तरह 'कृपावान' ऐसा कह, 'पापिष्ठे! खान में कृपा का अभाव होगा क्या? वह हमारा दोष है' ऐसा कह उसकी कृपावत्ता को प्रकट की है।

यह उक्ति माता से कही हुई गुणहानि का परिहार मात्र है या मनः पूर्वक कही हुई है, इस शंका में कहते हैं;

एवं वक्तुमर्हता कृता कृपयेति स्नेह उपकारस्मृतिश्चावर्तत खलु ।।४३८।।
इस प्रकार कहने योग्य बनाने वाली कृपा है ऐसा समझ स्नेह और उपकार स्मृति को करते भये।। ४३८।।

कही हुई गुण हानि का तिरस्कार कर गुण को कहने का हेतु कृपा ही है। 'अत्यादर करती है' ऐसा स्नेह भी, 'उपकारक' ऐसी उपकार स्मृति भी की गई है इस कारण 'कृपावान' यह सहृदयोक्ति है।

अनंतर लक्ष्मीजी के वचन को दिखाते हैं;

निर्घृणतया शंकित्वा कथन दशायामपि कारणं स्वगतत्वेनोक्तम् ।।४३९।।
निर्घृणतया शंका कर कहने की अवस्था में भी कारण को अपने में बताई हैं।। ४३९।।

विश्लेष दशा में अति व्याकुल हो श्रीसीताजी रामचन्द्र इस अवस्था में आकर मुख न दिखाने से

'ख्यातः प्राज्ञः कृतज्ञश्च सानुक्रोशश्च राघवः।
सद्वृत्ते निरनुक्रोशः शंके मद्भाग्यसंक्षयात्।।'

'बुद्धिमान, दयावान, कृतज्ञ, सद्वृत्त श्रीरामचन्द्र निर्दय हैं ऐसी शंका करती हूँ' ऐसा श्रीरामजी को दया रहित जान कहने की अवस्था में भी 'हमारे भाग्य के क्षय होने से'

ऐसी शंका करने का कारण हमारी भाग्य हानि है ऐसा कहने से शंका का कारण अपने में है ऐसा कहा गया।

'प्रथम पर्व को छोड़' इस स्थल में अर्थात् उक्त भगवत्संश्लेष, 'दोष हो तो भी' इस स्थल में अर्थात् उक्त भगवद्विश्लेष इन दोनों के कार्य को कहते हैं;

गुणदोषावुभावपि क्षुद्रपुरुषार्थं पुरुषार्थकाष्ठां च नाशयतः ।।४४०।।
गुण दोष ये दोनों क्षुद्र पुरुषार्थ और पुरुषार्थ काष्ठा का भी नाश करते हैं।। ४४०।।

''गुण'' माने 'अपने सौंदर्यादियों का अपने आश्रितों को पूर्ण अनुभव कराना रूप संश्लेष', ''दोष'' माने 'उस अनुभव के अलाभ से उनके व्याकुल होने के समय आप मुख न दिखाना रूप विश्लेष है'।

''इनमें गुण दोनों को नाश करता है'' माने 'परमात्मा में मन लगने पर 'स्त्रियों की भुजाओं को छोड़' ऐसा, 'संसार में जन्म लेने वाले पाने योग्य महानंद सबको छोड़ते हैं भगवान के भुजा सौंदर्य में विद्ध होने वाले' ऐसे

भगवद्विषय सौंदर्य से क्षुद्र विषय में वैराग्य उत्पन्न होने से क्षुद्र पुरुषार्थ संबंध का नाश करना', 'अभ्यस्यमान तेजो' दशक में तदीय शेषत्व में मग्न हुए सूरि को उन तदीयों के स्वरूप निरूपकतया प्रस्तुत भगवत्सौंदर्य शीलादियों से तदीय दास्य रस को भूलकर उनके अनुभव में आशा को बढ़ा अनंतर दशक में आप और अपने करण समूह अति व्याकुल हो पुकार जैसे अन्यानुभव में प्रवृत्त होने पर भी अपने को छोड़ और किसी के उपयुक्त न हो जैसा करने वाले दृष्टि चित्तापहारी भगवान के विषय में मग्न करा पुरुषार्थ काष्ठारूप तदीय शेषत्वरूप में स्थिति का नाश करना।

''दोष दोनों का नाश करता है'' माने 'अनुभवालाभ क्लेश से सर्वकाल भी अपने विषय में मन लगा 'भोजन और निद्रा का आदर नहीं करती है' 'गेंद प्रभृति को नहीं देखती है, शुक को दूध नहीं पिलाती है खिलौने का आदर नहीं करती है' इन वचनानुसार पूर्व अनुभूत प्राकृत भोग रूप क्षुद्र पुरुषार्थों में असह्यता का उत्पादन करना', 'उनके दास लघुमहामनुष्य हो यहाँ संचार करते हुए हमारी रक्षा किये हैं, रक्तकमल सदृश नेत्र वाले वामन भगवान के सुंदर कमल सदृश चरणों में प्रवेश करना मुझ पापी को युक्त है क्या' ऐसे 'अद्वितीय भगवान के कोमल चरणों के नीचे प्रवेश चाहे न मिले उनके दासों का संश्लेष सुख ही हमको प्राप्त हो' ऐसे तद्विषय संश्लेष रस में अपेक्षा छोड़ तदीय विषय संश्लेष रस ही हमको प्राप्त है ऐसा रहने वालों को भी उन तदीयों के साथ मिले रहने पर भी उनके विषय में आशा छोड़ भगवदनुभव में आशा करने से ''देखने को आओ'' ''देखने का उपाय बताओ'' ऐसे पुकारना 'क्रूर पक्ष पक्षी' इत्यादियों से उनमें असह्यता प्रतिपादन करना इत्यादि होने से पुरुषार्थकाष्ठा में मन को नहीं लगाना।

इसमें ''क्षुद्र पुरुषार्थ का नाश करना'' माने 'अपने में लगने वालों को बाह्य विषयों को भुलाने वाले इस विषय के स्वभाव को कहने के लिये मिला लिये इतना ही, पुरुषार्थ काष्ठा को नाश करेगा यही इस स्थल में अपेक्षित है', तथा क्षुद्र पुरुषार्थ भंजकत्व प्रासंगिक होने से उनको छोड़ प्राकरणिक चरम पुरुषार्थ भंजकत्व को कहते हैं;

नित्यशत्रुत्वेन खलु वर्तते ।।४४१।।
नित्य शत्रु रूप से रहता है।। ४४१।।

'शत्रुघ्नो नित्यशत्रुघ्न' 'शत्रुघ्न नित्य शत्रु का संहार करने वाले' ऐसे श्रीरामचन्द्र के अभिमत श्रीभरतसूरि को ही अपना उद्देश्य मान आश्रयण कर तदन्य को नहीं जानने वाले श्रीशत्रुघ्नसूरि भरतानुवृत्ति के विरोधी राम सौंदर्यरूप नित्य शत्रु को जीतते हैं ऐसा कहने से तदीय कैंकर्य निष्ठ का भगवत्सौंदर्य नित्य शत्रु होता है। इसलिये इस प्रकार के विलक्षण विषय में संश्लेष विश्लेष दोनों पुरुषार्थकाष्ठा का नाश करते हैं ऐसा कहने में विरोध नहीं।

अथवा पूर्वोक्त गुण दोषों के कृत्य को कहते हैं; ''गुण'' माने 'पुरुषों के दृष्टि चित्तापहारी सौंदर्य, शीलादि'। ''दोष'' माने 'कठिन क्रूर इत्यादि'। ''दोनों क्षुद्र पुरुषार्थ और पुरुषार्थकाष्ठा का नाश करते हैं'' माने 'एक–एक ही दोनों का नाश करता है'।

''गुण दोनों का नाश करता है'' माने 'संसार में जन्म ले उनकी भुजाओं का दर्शन करने वाले सांसारिक सुखों को छोड़ दिये हैं' इत्यादि में उक्त प्रकार 'क्षुद्र पुरुषार्थ का नाश करना, स्व सौंदर्य में मग्न करा पुरुषार्थकाष्ठा रूप तदीय शेषत्व स्थिति का नाश करता है'।

''दोष दोनों का नाश करता है'' माने 'गुणवत् उपादेय हो उन्हीं में मन लगाकर रहने के योग्य करने से भोजन निद्रा गेंद खिलौने आदियों से विरक्त कर क्षुद्र पुरुषार्थ का नाश करता है, तदीय शेषत्वरूप पुरुषार्थकाष्ठा का भी नाश करता है'।

इस योजना में ''नित्य शत्रु'' माने 'सौंदर्यादि गुण विशिष्ट वस्तु समझना'। भगवद्विषय का स्वभाव ऐसा होने से चरम पर्वभूत आचार्य कैंकर्य अति दुर्लभ है ऐसा सिंहावलोकन न्याय से पूर्व वाक्य के साथ अन्वय कर लेना।

'स्वरूप और प्राप्य के अनुरूप होना चाहिये प्रापक' इसमें स्वरूपानुरूप प्राप्य चरमपर्व भूत आचार्य कैंकर्य समझना निश्चय किये हैं, इस प्राप्य के अनुरूप प्रापक का निर्णय करते हैं;

एवं प्राप्ये निर्णीतेऽस्य सदृश आवश्यकः खलु प्रापकः ।।४४२।।
इस प्रकार प्राप्य के निर्णय करने पर उसके सदृश प्रापक भी होना चाहिये।। ४४२।।

इस प्रकार आचार्य कैंकर्य ही प्राप्यतया निश्चित करने पर प्रापक भी इसके सदृश होना चाहिये। इससे आचार्य कैंकर्य रूप चरम प्राप्य का आचार्य ही प्रापक होना चाहिये।

ऐसा न हो तो क्या हानि है इस शंका में कहते हैं;

अन्यथा प्राप्यप्रापकयोरैक्याभावप्रसंगः ।।४४३।।
न हो तो प्राप्य प्रापकों का ऐक्य नहीं।। ४४३।।

इस प्राप्य के सदृश आचार्य को प्रापकतया नहीं मान ईश्वर को प्रापकतया मानने पर प्राप्य प्रापक दोनों का अभेद नहीं। प्रथम पर्व में प्राप्य प्रापक जैसे एक है वैसे चरम पर्व में भी चाहिये। इस कारण रङ्गामृत देशिक 'आपके चरण के बिना अन्य एक प्राप्य नहीं उस प्राप्य को देने वाले प्रापक भी आपके चरण बिना

अन्य नहीं’ ऐसे प्राप्य प्रापक दोनों एक ही विषय है ऐसा कहे हैं।

इस प्रबंध में आरंभ से ले ‘स्वतंत्र को’ (सू. ४२४) इत्यादि वाक्य पर्यंत सिद्धोपायतया सकल शास्त्र सिद्ध ईश्वर को परमोपायतया, आचार्य को अज्ञात ज्ञापन द्वारा उपकारकतया भी कहे हैं, अब ईश्वर को छोड़ आचार्य ही को उपाय कहने पर शास्त्र विरोध और स्वोक्ति विरोध भी न होगा क्या? ईश्वर का उपायतया आश्रयण करने की अपेक्षा आचार्य का उपायतया आश्रयण करने से अधिक लाभ क्या होगा? इस शंका में कहते हैं;

ईश्वरस्याश्रयणं—हस्तं गृहीत्वा कार्यसाधनवत्,
आचार्यस्याश्रयणं—चरणं गृहीत्वा कार्यसाधनवत् ।।४४४।।

ईश्वर का आश्रयण करना हाथ मिलाकर कार्य कराने की तरह है,
आचार्य का आश्रयण करना चरणों में गिर कार्य कराने की तरह है।। ४४४।।

ऐसा कहना ईश्वर के साथ आचार्य का विद्यमान ऐक्य और उस विषय के आश्रयणापेक्षा इस विषय के आश्रयण से कार्य सिद्धि जरूर होगी ऐसा दिखाने के लिये उसका प्रतिपादन करते हैं। आचार्य को ईश्वर के चरण कहने से ऐक्य स्पष्ट होता है।

ईश्वर का आश्रयण करना. . .; महाप्रभु को वश कर कार्य कराने वाला उनका हाथ पकड़ प्रार्थना कर कार्य स्वीकार करने का विचार करने पर सौलभ्य गुण से मृदु मनस्क हो कार्य कर सकते हैं अथवा स्वातंत्र्य से तिरस्कार भी कर सकते हैं। ऐसे आश्रित के अपेक्षित अपनी कृपा से मृदु मनस्क हो करने पर सिद्ध होगा, स्वातंत्र्य से रुष्ट हो नहीं करने पर सिद्ध नहीं होगा।

आचार्य का आश्रयण करना . . .; तादृश प्रभु के चरण में गिर प्रार्थना कर कार्य स्वीकार करने पर दया परवश हो कार्य किये बिना नहीं रह सकने से जैसे निर्विघ्न कार्य सिद्ध होता है वैसे आश्रित चेतन के अपेक्षित निश्चय सिद्ध होने से अमोघ सिद्ध होता है।

तथा च प्राप्य निर्णय कर ‘इसके सदृश होना चाहिये प्रापक’ इस वाक्य से आचार्य कैंकर्य रूप चरम प्राप्य के सदृश आचार्य ही उपाय हैं इस अर्थ का प्रतिपादन कर, ईश्वर को उपायतया स्वीकार करने पर होने वाले विरोध को दिखा, आचार्य को प्राप्यत्व जैसे ईश्वर के संबंध से होता है वैसे प्रापकत्व भी ईश्वर से अभिन्न होने से होता है, ईश्वर का आश्रयण करने की अपेक्षा आचार्याश्रयण की श्रेष्ठता कही गई, अब बहुत हेतुओं से आचार्य वैभव को प्रकाश करते हैं इस विषय को उपायतया आश्रयण करने वालों की रुचि और विश्वास होने के लिये। पहले, ईश्वर और चेतन इन दोनों के आचार्य उपकारक होते हैं यह अर्थ कहा जाता है;

आचार्य उभयोरप्युपकारकः ।।४४५।।

आचार्य दोनों के उपकारक हैं।। ४४५।।

एवं उपायतया पूर्वोक्त आचार्य, शेषी शेषभूत ईश्वर और चेतन दोनों की अभिमत वस्तुओं को देने वाले उपकारक होते हैं।

दोनों को इनसे उपक्रियमाण वस्तु क्या है? इस शंका में कहते हैं;

ईश्वरस्य शेषवस्तूपकृतवान्, चेतनस्य शेषिणमुपकृतवान् ।।४४६।।

ईश्वर को शेष वस्तु का उपकार करता है, चेतन को शेषी का उपकार करता है।। ४४६।।

उत्तरोत्तर सृष्टि अवतारादि कर वश करने को देखने पर भी एक भी आत्मवस्तु नहीं मिलने से दुःखी होने वाले ईश्वर को शेषभूत आत्मा को अज्ञात ज्ञापन द्वारा शुद्ध कर इष्ट विनियोगार्ह किये हैं, भगवज्ज्ञानाभाव से अनादि काल असत्सम गिरे हुए चेतन को भगवत्संबंध को जना शेषीभूत भगवान को दिखाये हैं। इससे चेतन और ईश्वर दोनों के उपकारकत्वरूप आचार्य का वैभव कहा गया।

और भी दूसरे प्रकार से आचार्य वैभव को प्रकाश करते हैं;

ईश्वरश्च स्वयमाचार्यत्व आशां कृत्वा तिष्ठति ।।४४७।।

ईश्वर स्वयं आचार्यत्व को चाहते हैं।। ४४७।।

इसके लिये जन्म नहीं लेने वाले ईश्वर स्वयं आचार्यत्व के वैभव को जान इसकी अपेक्षा करते हैं।

इसका अर्थ कहाँ पर देख सकते हैं इस शंका में कहते हैं;

अत एव हि गुरुपरंपरायामन्वितत्वं गीताऽभयप्रदानकथनं च ।।४४८।।

इस कारण से ही गुरुपरंपरा में संबंध रखना, श्रीगीता और अभय प्रदान का उपदेश करना।। ४४८।।

''इस कारण से'' माने 'आचार्यत्व की अपेक्षा करने से'। **'सचाचार्यवंशोज्ञेयः'** 'सदाचार्य वंश को जानना' **'आचार्याणामसावसावित्या भगवत्तः'** 'आचार्यो में भगवत्पर्यंत प्रत्येक को' इन वचनों के अनुसार गुरुपरंपरा में द्वयोपदेशकतया संबंध रखना, आचार्य कृत्य का आरोपण कर अर्जुन को तत्व विवेक आदि चरमोपाय पर्यंतार्थ का प्रतिपादक श्रीगीता का उपदेश करना, श्रीविभीषण सूरि के कारण से,

'सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते।
अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद्व्रतं मम।।'

'तुम्हारा मैं हूँ, ऐसी एक बार याचना करने वाले के लिये सम्पूर्ण भूतों से अभय देता हूँ यह मेरा व्रत है' ऐसा अभय प्रदान करना। इससे ईश्वर से भी आशा करने योग्य आचार्यत्व वैभव कहा गया।

और भी एक अन्य प्रकार से आचार्य वैभव को कहते हैं;

आचार्यस्य सदृशप्रत्युपकारकरणं विभूतिचतुष्टयमीश्वरद्वयं चास्ति चेद्धि ।।४४९।।

आचार्य के सदृश प्रत्युपकार कर सकते हैं चार विभूति और दो ईश्वर हों तो।। ४४९।।

उभय विभूति और ईश्वर को शिष्य के अधीन करने वाले आचार्य कृत उपकार के सदृश प्रत्युपकार

तब ही कर सकते हैं जब इस प्रकार की चार विभूति और दो ईश्वर होवें तब।

'यो दद्याद्भगवज्ज्ञानं कुर्याद्धर्मोपसेवनम्।
कृत्स्नां वा पृथिवीं दद्यान्न तत् तुल्यं कथंचन।।'

'जो भगवद् ज्ञान और धर्मोपदेश करते हैं उनको संपूर्ण पृथिवी देने पर भी सदृश नहीं है' ऐसा प्रमाण कहा है। इससे आचार्य का प्रत्युपकार अवकाश रहित महोपकारकत्वरूप वैभव कहा गया।

और एक प्रकार से आचार्य वैभव को कहते हैं;

ईश्वरसंबंधो बंधमोक्षयोरुभयोरपि साधारणः आचार्यसंबंधो मोक्षस्यैव हेतुः।।४५०।।

ईश्वर संबंध बंध मोक्ष दोनों को समान है, आचार्य संबंध एक मोक्ष का ही हेतु है।।४५०।।

''ईश्वर संबंध'' माने 'पूर्वोक्त ईश्वराश्रयण'। ''बंध मोक्ष दोनों को समान है'' माने 'कर्मानुगुण संसारी बनाना, कारुण्यानुगुण मुक्त बनाना इनमें समर्थ निरंकुश स्वतंत्र के साथ संबंध होने से उभय साधारण है'।

''आचार्य संबंध'' माने 'पूर्वोक्ताचार्याश्रयण'। ''वह मोक्ष का ही हेतु है'' माने *'कर्मानुगुण संसारी बनाने वाले स्वतंत्र न हो सर्व प्रकार से चेतन को उज्जीवित करने वाले अधिक कृपावान आचार्य के साथ संबंध होने से संसार और मोक्ष दोनों को बराबर न हो मोक्षैक हेतु होना'। इससे मोक्षैक हेतुत्व प्रयुक्त वैभव कहा गया।*

पहले उत्तारकत्व में आचार्य का आधिक्य कहा गया, अब उपकारकत्व में ईश्वर का आधिक्य कहना आरंभ करते हैं;

भगवल्लाभ आचार्येण ।।४५१।।

भगवल्लाभ आचार्य से है।।४५१।।

निरुपाधिक शेषी निरंकुश स्वतंत्र भगवान का लाभ भगवत्समृद्धि एकप्रयोजन मंगलाशासन के लिये किंकर होना चाहिये ऐसा समझ हमें अंगीकार कर परमात्मा के व्यामोह का विषय बनाने वाले हमारे आचार्य से होता है। एवंभूत आचार्य के लाभ का हेतु क्या? इस शंका में कहते हैं;

आचार्यलाभ ईश्वरेण ।।४५२।।

आचार्यलाभ भगवान से।।४५२।।

भगवल्लाभ हेतु परम प्राप्यभूत आचार्य का लाभ निरुपाधिक सुहृत विशेष कटाक्ष और आश्रयण आशा को स्वयमेव कल्पना कर अद्वेष आभिमुख्य का उत्पादन कर सात्विक संभाषण में लगा सदाचार्य प्राप्ति को कराने वाले निर्हेतुक कृपावान भगवान से होता है।

ऐसा हो तो उपकार करने में दोनों बराबर हैं क्या? इस शंका में कहते हैं;

उपकार्यवस्तुगौरवेणाचार्यादत्यंतमुपकारक ईश्वरः ।।४५३।।

उपकार्य वस्तु के गौरव से आचार्य की अपेक्षा ईश्वर अधिक उपकारक है।। ४५३।।

दोनों से उपकृत वस्तुओं को तोलने पर आचार्य से उपकृत वस्तु बंध और मोक्ष का हेतु प्रथम पर्व भगवद्विषय की अपेक्षा भगवान से उपकृत वस्तु मोक्षैक हेतु चरमपर्व

ईश्वर को देने वाले आचार्य की अपेक्षा आचार्य को देने वाले ईश्वर ही महोपकारक हैं।

आचार्य रूप विषय के गौरव से ईश्वर का उपकार करने वाले आचार्य की अपेक्षा, आचार्य का उपकार करने वाले ईश्वर महोपकारक हैं।

'अचिंत्याद्भुताक्लिष्टज्ञानवैराग्यराशये' ''अचिंत्य अद्भुत क्लेश रहित ज्ञान वैराग्यों के राशि'' और **'अगाधभगवद्भक्तिसिंधवे'** ''अगाध भगवद्भक्ति के समुद्र'' इस वचनानुसार ज्ञान वैराग्य भक्तियों से आचार्य श्रेष्ठ होते हैं तादृश ज्ञान वैराग्य भक्ति विशिष्ट इस आचार्य संबंध को छोड़ने पर भी वे भगवल्लाभ के हेतु होंगे क्या? इस शंका में कहते हैं;

आचार्यसंबंधः स्थितश्चेज्ज्ञानभक्तिवैराग्याण्युत्पादयितुं शक्यानि, आचार्यसंबंधो नष्टश्चेत् तेषां सत्वेऽपि प्रयोजनं नास्ति ।।४५४।।

आचार्य संबंध नष्ट न हो तो ज्ञान भक्ति वैराग्यों का संपादन कर सकते हैं, आचार्य संबंध नष्ट हो तो उनके होने पर भी प्रयोजन नहीं।। ४५४।।



पूर्वोक्त प्रकार उत्तारक और उपकारक स्वाचार्य 'यह हमारा है' ऐसा अभिमान करें वैसा उनके चरण में अपना संबंध नष्ट न होने पर आत्मालंकारभूत तत्व ज्ञान, अप्राप्त विषय वैराग्य, प्राप्त विषय भक्ति रूप आत्मगुण न होने पर भी उस आचार्य के अनुग्रहादि से क्रम से संपादन कर सकते हैं। सर्व मंगल हेतु आचार्य संबंध अपने अज्ञान से नष्ट हो तो ज्ञानादि पूर्व पुण्यफलतया होने पर भी भगवदंगीकार हेतु न होने से निष्प्रयोजन होते हैं। प्रयोजनाभाव मात्र नहीं अवद्यकर भी हैं ऐसा कहते हैं;

मांगल्यसूत्रं स्थितं चेद् भूषणानि कृत्वा धर्तुं योग्यानि, मांगल्यसूत्रं गतं चेद् भूषणानि सर्वाण्यवद्यकराणि ।।४५५।।

माङ्गल्य सूत्र हो तो भूषण बना धारण कर सकते हैं, मांगल्य सूत्र नष्ट होने पर सब भूषण दोषावह हैं।। ४५५।।

पतिव्रता स्त्री के पति संबंध सूचक मांगल्य सूत्र एक रहने से भूषण न रहने पर भी द्रव्य मिलने पर बनाकर धारण कर सकते हैं। इतने भूषण हैं ऐसा समझ मांगल्य सूत्र को निकाल देने पर विधवालंकार सदृश धारण किये हुए संपूर्ण भूषण अवद्यकर होते हैं। इससे आत्मभूषणभूत ज्ञान वैराग्य भक्ति न होने पर भी आचार्य संबंध मात्र नष्ट न हो तो उनके अनुग्रह से वे क्रम से हो सकते हैं, आचार्य संबंध नष्ट होने से आत्मगुण ज्ञान वैराग्य होने पर भी वे श्लाघ्यता हेतु न हो अवद्यकर होते हैं।

आचार्य संबंध होने पर भी स्वरूप को विकास करने वाले ईश्वर ही हैं तो आचार्य संबंध नष्ट होने पर भी इतने आत्मगुण विशिष्ट के स्वरूप को प्रकाश नहीं करेगा क्या! इस शंका में कहते हैं;

कमलस्य विकासक आदित्य एव जलवियोगे यथा तच्छोषयति, तथा स्वरूपविकासकृदीश्वर एवाचार्यसंबंधनाशे तद् ग्लपयति ।।४५६।।

कमल को विकास करने वाला आदित्य ही जल संबंध छूटने से जैसे उसको सुखाता है, वैसे स्वरूप का विकास करने वाला ईश्वर ही आचार्य संबंध नष्ट होने पर उसको सुखाता है।। ४५६।।



जल में उत्पन्न हो जलैकधारक कमल को नियमेन प्रफुल्लित करने वाला आदित्य ही स्वधारकभूत जल के विश्लेष से उस कमल को विकास नहीं करता इतना मात्र ही नहीं अपितु सुखाता भी है। आचार्य संबंध से सत्ता को प्राप्त हो स्वसत्ता धारक उनका संबंध रहने से इसके स्वरूप को ज्ञान विकास द्वारा प्रफुल्लित करने वाले ईश्वर ही स्वसत्ता धारक आचार्य संबंध को अपनी विप्रतिपत्ति से चेतन ने नष्ट कर लिया तो उसके स्वरूप को ईश्वर विकसित नहीं करते हैं इतना ही नहीं किंतु दिन दिन जैसे प्रज्ञा नष्ट हो वैसे संकुचित करते हैं। 'गुरु से अलग हुए दुर्बुद्धि के विषय में नारायण भी विकृत होते हैं, जल से अलग हुए कमल को सूर्य विकसित न कर सुखाता है' ऐसा कहा है।



ऐसा क्यों कहते हैं? इस आचार्य संबंध के नष्ट होने पर भी छोड़ने से भी नहीं छूटने वाले भगवत्संबंध उज्जीवन का हेतु नहीं हो सकता क्या? इस शंका में कहते हैं;

अनेन विना भगवत्संबंधो दुर्लभः ।।४५७।।

इसके बिना भगवत्संबंध दुर्लभ है।। ४५७।।

अनादि सिद्ध होने पर भी आचार्य के जनाने के पहले असत्प्राय हो उसके जनाने के बाद इसका कार्य

आचार्य सम्बन्ध बिना भगवत्संबंध नहीं हो सकता।

करने वाले आचार्य का संबंध नष्ट होने पर इसके द्वारा होने वाला भगवत्संबंध भी नष्ट होता है, इसलिये आचार्य संबंध बिना भगवत्संबंध नहीं हो सकता। इस कारण आचार्य संबंध नष्ट होने पर भी भगवत्संबंध उज्जीवन का हेतु है ऐसा नहीं कह सकते।

आचार्य सम्बन्ध नष्ट होने पर, इसके द्वारा होने वाला भगवत सम्बन्ध भी नष्ट होता है।

इस तरह आचार्य संबंध बिना भगवत्संबंध का लाभ नहीं होने से आत्मोज्जीवन के लिये दोनों की आवश्यकता को दिखा भागवत विषय संबंध की आवश्यकता को दिखाने के लिये तद्विषय प्रश्न का अनुवाद करते हैं;

द्वयमपि नालं किं? मध्ये महाकुटुंबी किमर्थमिति चेत् ।।४५८।।

दोनों बस नहीं क्या? बीच में भागवत संबंध क्यों।। ४५८।।

आत्मोज्जीवन के लिये भगवत्संबंध के स्थापक आचार्य संबंध, उससे स्थापित भगवत्संबंध ये दोनों बस नहीं हैं क्या, प्राप्य मध्यमपर्व में कहे हुए भागवत संबंध की आवश्यकता क्यों चाहिये?

इस प्रश्न का उत्तर कहते हैं;

लताया उपघ्ने आरोपणसमये यथाऽल्पशाखाऽपेक्षिता तथाचार्यान्वयस्याप्यमपेक्षितः ।।४५९।।

लता को आलंबन में चढ़ाने के समय जैसे अल्पशाखा की अपेक्षा होती है वैसे आचार्य संबंध को यह चाहिए।। ४५९।।

आलंबन की अपेक्षा कर बढ़ने वाली लता को स्थान देने योग्य एक बड़े आलंबन में लगाने के समय छोटी डालियों की अपेक्षा की तरह, अभिमुख चेतन को महदाश्रयभूत आचार्य के चरणों में आश्रयण करने के समय प्रथम उनका संबंध दु:शक होने से भागवत लोग समीप में रह अपने साथ मिला तद्द्वारा आचार्य विषय में मिलाते हैं, इसलिये भागवतसंबंध अवश्यापेक्षित समझना। इस प्रकार आचार्य संबंध का कारण भागवत लोग हों तो 'आचार्य लाभ भगवान से' ऐसा क्यों कहे हैं? उत्तर; भागवत संबंध का कारण भगवान होने से। *आभिमुख्य पर्यंत स्वयमेव कृषि कर भागवतों के साथ मिला तद्द्वारा आचार्य विषय में मिलाते हैं।* ये सब बातें लोकाचार्यजी के कहे हुए दृष्टांत में सिद्ध हैं क्योंकि चेतन को लता स्थान में रख आचार्य को आलंबन स्थान में मान भागवतों को छोटी डालियों के स्थान में कहने से। कर्षक स्वप्रयोजनार्थ पहले बीज बो अंकुरित पल्लवित होने तक बढ़ा कर लता को छोटी डालियों में लगा महदाश्रयभूत आलंबन में लगाता है। इस प्रकार सर्व शेषी सर्वेश्वर स्वप्रयोजनार्थ इस चेतन की पहले सृष्टि कर सौहार्द गुण से क्रमेण आभिमुख्य पर्यंत जनाकर आचार्य को आप ही निश्चय कर उनके साथ मिलाने वाले भागवतों के साथ मिला तद्द्वारा आचार्य विषय में मिलाते हैं। छोटी डालियों में लगाने वाले कर्षक को लता से जैसा प्रयोजन मिलता है वैसा आचार्य विषय में मिलाये हुए चेतन से प्रयोजन ईश्वर का ही है यह सिद्ध हुआ। अचेतन भूत आलंबन बिना

चेतनोत्तम आचार्य परसमृद्ध्येकपर होने से स्वशेषीभूत ईश्वर के प्रयोजन को ही अपना प्रयोजन मान रहते हैं।

'स्वाभिमान से' (सू. ४६०) ऐसे आरंभकर 'आचार्याभिमान ही उत्तारक है' (सू. ४६४) यहाँ तक भागवतों को आगे कर आश्रयण करने योग्य सदाचार्य का अभिमान ही उज्जीवन का उचितोपाय समझ प्रबंध तात्पर्य को प्रकाश करते हैं। महार्घ आभरण के नायक मणि की तरह श्रीवचनभूषण का यह प्रदेश नायक रत्न होता है। पहले और पीछे कहे हुए सब इस अर्थ का स्थापन करने के लिये उपोद्घात समझना। पहले पहल यह अर्थ सत्संप्रदायसिद्ध समझ सबको विश्वास होने के लिये यह उनको आप्तों के उपदेश से प्राप्त हुआ ऐसा कहते हैं;

स्वाभिमानेनेश्वराभिमानं नाशयतोऽस्याचार्याभिमानं विना गतिर्नास्तीति कृष्णपादस्वामिनि बहुवारं वदति श्रुतम् ।।४६०।।

'स्वाभिमान से ईश्वराभिमान को दूर कर लेने वाले इस चेतन को आचार्याभिमान के बिना गति नहीं' ऐसा श्रीकृष्णपाद स्वामी को अनेक बार कहते हुये सुना है।। ४६०।।



अनादिकाल के अपने दुरभिमान से ईश्वर अभिमान को नाश कर लेने वाले इस चेतन की दुर्गति का अवलम्बन कर इसके उज्जीवन के लिये यत्न करने वाले परम दयालु आचार्य के अभिमान बिना और कोई उज्जीवनोपाय नहीं है ऐसा सकल शास्त्रविदग्रेसर कलिवैरि स्वामी के चरणों में आश्रयण कर उनके परतंत्र सकल शास्त्र के तात्पर्यों को उनके मुख से सुन तन्निष्ठ हमारे आचार्य श्रीकृष्णपाद स्वामी से आचार्याभिमान को उपायतया अनेक बार कहते हुए मैंने सुना है। इसलिये आचार्याभिमान को ही इस आत्मा का उज्जीवनोपाय समझना।

इस तरह 'आचार्याभिमान बिना गति नहीं' ऐसा क्यों कहते हो? शास्त्रसिद्ध भक्त्यादि उपाय नहीं हो सकते हैं क्या? इस शंका में आचार्याभिमान बिना पूर्वोक्त कोई उपाय नहीं हो सकते हैं इस अर्थ को क्रम से कहते हैं। पहले भक्ति उपाय नहीं है ऐसा कहते हैं;

स्वस्वातंत्र्यभयेन भक्तिश्च्यवते ।।४६१।।

स्वस्वातंत्र्यभय से भक्ति उपाय नहीं है।। ४६१।।

भगवत्प्राप्ति साधनतया कही हुई भक्ति स्वयत्न साध्य होने से भगवदेक पारतंत्र्य विरोधी स्वस्वातंत्र्य को उत्पन्न करती है, इस भय से चेतन का उपाय नहीं होती है।

अब प्रपत्ति की उपायाभावता को कहते हैं;

भगवत्स्वातंत्र्यभयेन प्रपत्तिश्च्यवते ।।४६२।।

भगवत्स्वातंत्र्य भय से प्रपत्ति उपाय नहीं होती है।। ४६२।।

स्वपारतंत्र्यानुरूप महाविश्वासरूप प्रपत्ति बंध मोक्ष उभय निर्वाहक भगवान स्वस्वातंत्र्य से फिर भी कर्मानुगुण संसारी बनावे तो क्या किया जाय इस भय से उपाय नहीं होती है।

अब आचार्य विषय में स्वगत स्वीकार भी उपाय नहीं है ऐसा कहते हैं;

आचार्यविषये स्वकृतमाश्रयणमहंकारगर्भत्वात्कालंप्रतिगृह्य मुद्रिकाधारणवत् ।।४६३।।

आचार्य को उपायतया अपने से आश्रयण करना अहंकार गर्भित होने से मृत्यु दान ले अंगूठी धारण करने की तरह दोषावह होता है।। ४६३।।

आचार्य को उपायतया चेतन के स्वीकार करने पर फल भोक्ता और कर्त्ता स्वयं होने से स्वरूप नाशक और अहंकार गर्भित होता है। जैसे स्वविनाश कर मृत्युदान ले उस स्वर्ण से अँगूठी बना धारण करना अवद्यकर होता है वैसे अपने स्वरूप को अवद्यकर समझना। इसलिये यह भी उपाय नहीं है।

अंततोगत्वा अपने से पहले कहा हुआ ही उपाय होता है यह कह समाप्त करते हैं;

आचार्याभिमान एवोत्तारकः ।।४६४।।

आचार्याभिमान ही उत्तारक है।। ४६४।।

मोक्षसाधनतया शास्त्रसिद्ध भक्त्यादियों में एक भी उपाय नहीं होने पर निरतिशय कृपावान निर्हेतुक चेतन को अंगीकार कर अपाय रहित रक्षा करने वाले आचार्य का अभिमान ही इसका संसार से उद्धार करता है ऐसा समझना।

'स्वतंत्र को उपायतया स्वीकार करने के समय' ऐसे आरंभ कर कहे हुए चरमोपाय स्वरूप का यथार्थतया शोधन कर निश्चय किये हैं।

इस उपायनिष्ठ अधिकारी के कर्तव्याकर्तव्य विशेषों को विस्तारपूर्वक कहते हैं। उसमें पहले सुलभ आचार्य को छोड़ दुर्लभ ईश्वर की अपेक्षा नहीं करना इस अर्थ को दृष्टांत द्वारा कहते हैं;

हस्तगतार्थं त्यक्त्वा भूमिनिक्षिप्तमर्थं न बहुमन्येत ।।४६५।।

हस्तगत वस्तु को छोड़ गाड़ी हुई वस्तु को नहीं चाहना।। ४६५।।

हस्तगत धन की तरह अति सुलभ आचार्य को कम समझ अनादर से छोड़ भूमि में गाड़े हुए धन की तरह दुर्लभ भगवान का आश्रयण करने की इच्छा नहीं करनी चाहिये।

'सुलभं स्वगुरुं त्यक्त्वा दुर्लभं य उपासते।
लब्धं त्यक्त्वा धनं मूढो गुप्तमन्वेषते क्षितौ।।'

'सुलभ अपने गुरु को छोड़ दुर्लभ का आश्रयण करना हस्तगत धन को छोड़ गुप्तधन की अपेक्षा करने की तरह समझना।'

'चक्षुर्गम्यं गुरुं त्यक्त्वा शास्त्रगम्यं तु यः स्मरेत्।
हस्तस्थमुदकं त्यक्त्वा धनस्थं सोभिवांछति।।'

और कई दृष्टांत द्वारा सुलभ आचार्य को छोड़ दुर्लभ भगवान को नहीं चाहना ऐसा कहते हैं;

पिपासोत्पत्तिसमये करस्थमुदकमुपेक्ष्य जीमूतजलं सागरसलिलं सरित्सलिलं वापीकूपपयांसि च न वांच्छेत ।।४६६।।

प्यास लगने पर हस्तगत जल को छोड़ मेघ जल, समुद्र जल, नदी जल और वापी कूप जलों को नहीं चाहना चाहिये।। ४६६।।

पिपासा बढ़ने पर उसी वक्त पान करने योग्य पात्र में धरे हुए हस्तगत जल को सुलभ समझ अनादर कर, भूमि में गिर नष्ट होने वाले आकाशस्थ मेघ जल, भूमि में होने पर भी दूरस्थ समुद्रजल, समीप में होने पर भी वर्षाकाल में बह शुष्कीभूत नदी जल, सदा होने पर भी वहाँ तक जाकर पीने योग्य वापी कूप तटाक जल और खनित्रादि साधन से खोदकर निकालने योग्य भूगत जलों की अपेक्षा करने वालों की तरह रक्षकापेक्षा होने के समय उसी वक्त सहायता करने योग्य हस्तगत आचार्य विषय को सुलभ समझ उपेक्षा कर परमाकाशस्थ दुष्प्राप परत्व, भूमि में होते हुए भी क्षीराब्धि पर्यन्त जा सकने वालों के अलावा औरों को अनुपयुक्त व्यूह, समीप में होते हुए भी तात्कालिक मनुष्यों के अतिरिक्त औरों को दुर्लभ रामकृष्णाद्यवतार, नित्यसंनिधि करने पर भी संभाषणादियों से चेतनों के साथ नहीं मिलने वाले अर्चावतार, स्थित स्थल में होते हुए भी नियमादि क्रम से यत्न पूर्वक दर्शन करने योग्य अंतर्यामी को भी नहीं चाहना चाहिये। 'चक्षुष के गोचर गुरु को छोड़ शास्त्र गोचर को जो चाहता है, वह हस्तगत जल को छोड़ मेघ जल की अपेक्षा करने वाले की तरह परिहास का विषय होता है।' इत्यादि प्रमाणों को समझना।

अत: सुलभ आचार्य विषय के स्वरक्षण के लिये होते हुए इसकी उपेक्षा कर दुर्लभ परत्वादियों को यद्यपि नहीं चाहना तथापि प्राप्यतया वे चेतन को अपेक्षित नहीं हैं क्या? इस शंका में वे सब आचार्य ही को समझना ऐसा कहते हैं;

गानश्रवणस्थलमाक्रोशश्रवणस्थलमुत्पत्तनस्थलमवरोधनस्थलं भोजयितृस्थलं च सर्वं प्राप्तविषय एवेति वर्तेत ।।४६७।।

गान सुनने के स्थल, पुकार सुनने के स्थल, अवतार स्थल, रोकने के स्थल, खवाने के स्थल ये सब प्राप्त आचार्य ही हैं ऐसा समझ रहना।। ४६७।।

सामगान करने वाले नित्यमुक्तों के सदानुभव योग्य गान श्रवण स्थल रूप परमपद, असुर राक्षस पीड़ित ब्रह्मादि देवताओं के आर्तनाद सुनने के लिये योग निद्रा करने वाले व्यूह स्थल, उनकी आर्त ध्वनि सुन घबड़ाकर

अवतार लेने के स्थल, इच्छित वस्तु के लाभ पर्यंत रोकने वाले अर्चावतार स्थल, हृदयांतर्वर्ती हो आश्रितों को सौंदर्यादि दिखा अनुभव कराने वाले अंतर्यामी स्थल, ये सब प्राप्य स्थल, अपने को प्राप्त प्राप्यभूत आचार्य ही हैं ऐसा निश्चय करना चाहिये,

'येनैव गुरुणा यस्य न्यासविद्या प्रदीयते।
तस्य वैकुंठदुग्धाब्धिद्वारकाः सर्व एव सः।।'

'जिस गुरु से प्रपत्ति उपदेश की जाती है वे ही गुरु उस चेतन के लिये वैकुंठ क्षीराब्धि द्वारका ये सब हैं' इस प्रमाण का अनुसंधान करना।



इस तरह के अधिकारी के स्वरूपनाशकत्व स्वरूप वर्द्धकत्व उदासीनत्व आदि से प्रतिकूल अनुकूल उदासीन लोगों को दिखाते हैं;

अस्य प्रतिकूलाः स्वतंत्रा देवतांतरपरतंत्राश्च, अनुकूला आचार्यपरतंत्राः, उपेक्षणीया ईश्वरपरतंत्राः ।।४६८।।

इसके प्रतिकूल स्वतंत्र और देवतांतरपर हैं, अनुकूल आचार्य परतंत्र हैं, उपेक्षा करने योग्य ईश्वर परतंत्र हैं।। ४६८।।

ऐसा आचार्याभिमाननिष्ठ जो परत्वादि पंचक विषय प्रावण्य को आचार्य विषय में करने वाला हो, आचार्य व्यतिरिक्त अन्य को नहीं जानने वाला हो उस अधिकारी के लिये सहवास करने पर स्वरूप नाश करने वाले; आत्मापहारी स्वतंत्र और देवतांतर भक्त हैं।

अपने संबंध से स्वरूप को बढ़ाने वाले अनुकूल; स्वरूप को अच्छी तरह से जान चरमावधि निष्ठ सदाचार्य के परतंत्र हैं,

ऐसे स्वरूप नाशक और स्वरूपवर्द्धक न हो उपेक्षा करने योग्य; चरम पर्व आचार्य पारतंत्र्य में विश्वास छोड़ प्रथम पर्व ईश्वर पारतंत्र्य में दृढ़ विश्वास करने वाले हैं। प्रथम पर्व निष्ठ को जो प्रतिकूल होते हैं वे सब इसको भी प्रतिकूल हैं परंतु उपेक्षणीय विषय अधिक है।

इस अधिकारी के अपेक्षित ज्ञानानुष्ठानों को बहुत प्रकार से कहे हैं, इस प्रसंग में अन्योपाय निष्ठों के ज्ञानानुष्ठान और आचार्याभिमान निष्ठों के ज्ञानानुष्ठान इन दोनों के उपयोग को कहते हैं;

ज्ञानानुष्ठाने उभेऽन्येषामुपायांगमस्योपेयांगम् ।।४६९।।

ज्ञानानुष्ठान दोनों औरों को उपायांग होते हैं इसको उपेयांग होते हैं।। ४६९।।

तत्वज्ञान और तदनुरूप अनुष्ठान ये दोनों अन्य उपाय निष्ठ औरों को उपेय प्राप्ति पर्यंत उपायाधिकार नहीं छूटने के लिये उपाय के अंगभूत होते हैं। आचार्याभिमान ही उत्तारक है जिसका ऐसे अधिकारी को *उपायाधिकार शेषभूत अंगापेक्षा नहीं होने से इसके ज्ञान और अनुष्ठान आचार्य के मुखोल्लासरूप उपेय का अंग होते हैं।*

ऐसे ज्ञानानुष्ठान दोनों को आचार्य प्रीति हेतुतया समझ सावधानी से रहने वाले इस अधिकारी के अवश्य छोड़ने योग्यों को कहते हुये पहले निषिद्धानुष्ठान त्याज्य है ऐसा कहते हैं;

अस्य निषिद्धानुष्ठानं स्वस्येतरेषां च नाशकत्वात्त्याज्यम् ।।४७०।।

इसको निषिद्धानुष्ठान अपना और अन्यों का नाश करने से त्याज्य होता है।। ४७०।।

ऐसे इस अधिकारी को परदारपरिग्रहादि निषिद्धानुष्ठान (सू. ३२० से सू. ३२६) स्वविनाश और अपने अनुष्ठान को देखने वाले अन्यों का भी विनाश करने से त्याज्य होता है।

उभय विनाश इससे कैसे होता है इस शंका में कहते हैं;

स्वस्य नाशोऽपचारत्रयेप्यन्वयात्, इतरेषां नाशः स्वानादरेण स्वानुष्ठानांगीकारेण च ।।४७१।।

अपना नाश तीन अपचार में अन्वित होने से होता है। औरों का नाश अपना अनादर करने और अपने अनुष्ठान का अंगीकार करने से होता है।। ४७१।।

आचार्याभिमान में अंतर्भूत हो भगवद्भागवताचार्यों के अभिमत विषय ''अपना नाश'' माने 'उन तीनों को यह अनिष्ट होने से', ''अपचार'' माने 'अनिष्टकरण होने से', अतिक्रूर अपचार त्रय में संबंध रखने से,

औरों का नाश, चरम पर्व पर्यंत आकर रहने वाले इस भागवतोत्तम के निषिद्धानुष्ठान को देख उपेक्षा करने से, तत्व ज्ञानी यही करता है तो हमको करने में दोष क्या ऐसा समझ इनके अनुष्ठान को करने से होता है। अनादर करने वाले भागवत वैभव को नहीं जानने वाले, अनुष्ठान का अंगीकार करने वाले प्राप्त अप्राप्त विवेक रहित अनुष्ठान का अंगीकार करने वालों का नष्ट होना तो उचित है, अनादर करने वाले क्यों नष्ट होते हैं, दोष को देख अनादर करना अनुचित है क्या इस शंका में कहते हैं; *राज पुत्र में दोष होने पर राजा स्वयं शिक्षा करता है इतना ही, उनका अनादर करने वालों को निग्रह कर जैसे दण्ड देता है वैसे स्वाभिमत इस चेतन में दोष होने पर भी सर्वेश्वर आप ही शोधन कर लेते हैं औरों के अनादर को नहीं सह सकते इसलिये अनादर करने वाले नष्ट होंगे समझ अनादर नहीं करना।*

'अपि चेत्सुदुराचारो भजते मामनन्यभाक्।
साधुरेव समंतव्यः सम्यग्व्यवसितो हि सः।।'

'अत्यंत दुराचारी होने पर भी अनन्यभाव से मुझको भजने वाले को साधु ही समझना, कारण वह दृढ़ विश्वास करता है' यह वचन उपासक विषय में कहा है तो सीमा भूमि में आए हुए इस अधिकारी की स्थिति में क्या कहना। इसलिये अपने और अन्यों के नाशकारी निषिद्धानुष्ठान का त्याग करना चाहिये।

इस तरह परदारादि भोग स्वविनाश परविनाश हेतु होने के कारण शास्त्र निषिद्ध होने से, ऐसा न हो शास्त्र विहित विषय स्वदारा के भोगने में दोष क्या है? इस शंका में कहते हैं;

विहितभोगो निषिद्धभोगवत् लोकविरुद्धो नरकहेतुश्च न भवति तथापि स्वरूपविरुद्धत्वाद्वेदांतविरुद्धत्वाच्छिष्ट गर्हितत्वात्प्राप्यप्रतिबंधकत्वाच्च त्याज्यः ।।४७२।।

विहित भोग निषिद्ध भोग की तरह लोक विरुद्ध और नरक हेतु नहीं है तो भी स्वरूप विरुद्ध, वेदांत विरुद्ध, शिष्ट गर्हित और प्राप्य प्रतिबंधक भी होने से त्याज्य है।। ४७२।।

विशिष्ट वेष विषयक शास्त्र में विहित स्वदार भोग तादृश शास्त्रनिषिद्ध परदार भोग की तरह लोक विरुद्ध

नहीं है, जलती हुई ताम्र प्रतिमा के आलिङ्गन प्रभृति घोर दु:खानुभव रूप नरक का हेतु भी नहीं है एवं प्रत्यक्ष परोक्ष सिद्ध लोक विरुद्धत्व नरक हेतुत्व दोनों न होने पर भी अनन्य भोग्यत्वरूप स्वरूप के विरुद्ध, **'शांतो दांत उपरतस्तितिक्षु: समाहितो भूत्वाऽत्मन्येवात्मानं पश्येत्'** 'शांत, दांत, विरक्त, क्षमावान पुरुष सावधानी से मन से आत्मा को देखे' इत्यादि वचनों से और मूलमंत्र आदि से उपासक और प्रपन्न दोनों को समान, विषय भोग के निषेध का प्रतिपादन करने वाले वेदांत शास्त्र के विरुद्ध, दोष दर्शन और अप्राप्त दर्शन से विषय भोग को छोड़ने वाले आचार प्रधान पूर्वाचार्यों से निंदित, अप्राप्त विषय विरक्ति के प्रिय आचार्य के अनभिमत भी होने से, आचार्य मुखोल्लासानुभवरूप प्राप्य का प्रतिबंधक भी होकर अनेक अनर्थावह होने से इस अधिकारी को त्याज्य है समझना।

भोग्यता बुद्धि को छोड़ धर्म समझ कर करने से ये दोष नहीं है न? इस शंका में कहते हैं;

भोग्यताबुद्धिनिवृत्त्या धर्मबुद्ध्या प्रवृत्तावपि स्वरूपं नश्यति ।।४७३।।

भोग्यता बुद्धि छोड़ धर्मबुद्धि से प्रवृत्त होने पर भी स्वरूप नष्ट होगा।। ४७३।।

विहित विषय प्रवृत्ति में कामुक होने से होने वाली भोग्यता बुद्धि को छोड़ उपासक महर्षि आदि शिष्ट लोग पितृ ऋण मोचक संतानोत्पादन के लिये ऋतु स्नाता भार्या का अंगीकार न करने पर भ्रूण हत्यादि दोष होता है समझ धर्म बुद्धि से जैसे प्रवृत्त होते हैं वैसे यह भी धर्मबुद्धि से प्रवृत्त हो तो भी सिद्ध धर्मनिष्ठ इसको अन्य धर्म संबंध विरोधी होने से अनन्योपायत्व रूप स्वरूप नष्ट होगा। इससे भोग्यता बुद्धि से प्रवृत्त हो तो अनन्य भोग्यत्वरूप स्वरूप जैसे नष्ट होता है धर्मबुद्ध्या प्रवृत्त हो तो अनन्योपायत्वरूप स्वरूप नष्ट होता है इसलिये इस अधिकारी को किसी प्रकार भी विहित विषय प्रवृत्ति न होनी चाहिये। किसी एक प्रकार से अन्वित होने पर भी स्वरूप हानि होगी इसलिये परित्याग करना ही उचित है।

इस तरह केवल स्वरूप हानि के डर से छोड़ना ही नहीं, प्राप्त विषय में प्रवण चित्त होने से प्राकृत सकल भोग्य वस्तु में प्रतिकूलत्व बुद्धि की आवश्यकता है, स्वरूप नष्ट नहीं होने के लिये ऐसा कहते हैं;

'क्षेत्राणि मित्राणि' इति श्लोकोक्तावस्थोत्पत्तिरावश्यकी स्वरूपनाशाभावस्य ।।४७४।।

'क्षेत्र मित्र' इस श्लोक में कही हुई अवस्था स्वरूप नाश न होने के लिये उत्पन्न होनी चाहिये।। ४७४।।

'क्षेत्राणि मित्राणि धनानि नाथ पुत्राश्च दारा: पशवो गृहाणि।
त्वत्पादपद्मप्रवणात्मवृत्तेर्भवन्ति सर्वे प्रतिकूलरूपा:।।'

'हे नाथ! आपके चरणारविंद में प्रवणचित्त मनुष्य को क्षेत्र मित्र धन पुत्र दारा पशु गृह ये सब प्रतिकूल

होते हैं’ परमात्मा को उद्देश्य कर कहे हुए ब्रह्मा के इस वचन में उक्त क्षेत्र मित्र धनादि समस्त वस्तु अग्नि की तरह भान होने की अवस्था होनी चाहिये स्वरूप नाश न होने के लिये। इस श्लोकार्थ को ‘समीचीन पुत्र’ इत्यादि से यज्ञमूर्ति भी कहे हैं।

निम्नोक्त प्राप्य भूमि में प्रावण्यादि तीनों इसको भी अवश्यापेक्षित हैं ऐसा दिखाने के लिये वे उपाय चतुष्टय के भी साधारण हैं ऐसा कहते हैं;

प्राप्यभूमौ प्रावण्यं त्याज्यभूमौ जिहासाऽनुभवालाभ आत्मधारणायोग्यता चोपायचतुष्टयस्याप्यपेक्षिताः ।।४७५।।

प्राप्य भूमि में प्रावण्य, त्याज्य भूमि में छोड़ने की इच्छा, अनुभव के अलाभ में आत्मा को धारण नहीं कर सकना, तीनों, चारों उपायों को अपेक्षित हैं।। ४७५।।

‘‘प्राप्य भूमि’’ माने ‘अपने प्राप्य शेषी सर्वेश्वर के विराजने का स्थान’। ‘‘उसमें प्रावण्य’’ माने ‘उस देश को प्राप्त हुए बिना धारण न कर सकने की अत्यंत आशा’।

‘‘त्याज्य भूमि’’ माने ‘भगवद्विषय को छोड़ कर रहने के योग्य देश’। ‘‘उसको छोड़ने की इच्छा’’ माने ‘इसको छोड़ने से ही बच सकते हैं ऐसी आशा’।

‘‘अनुभवालाभ में . . .’’ ; ‘प्राप्त शेषी के विग्रहादि अनुभव का लाभ न होने पर देह धारणभूत भोजन के अभाव में जैसे देह नहीं रह सकता वैसे आप नहीं धारण कर सकना’।

‘‘चारों उपायों को अपेक्षित हैं’’ माने ‘ये तीनों, चारों उपायों के अधिकारियों को अधिकारानुगुण आवश्यक हैं’। ‘‘चारों उपाय’’ माने ‘स्वस्वातंत्र्य भय से’ (सू. ४६१) से प्रारंभ कर पूर्वोक्त ‘भक्ति, प्रपत्ति, आचार्य के विषय में स्वगत स्वीकार और परगत स्वीकार हैं’। भगवद्विषय में स्वगत परगत स्वीकार और आचार्य विषय में स्वगत परगत स्वीकार ऐसे भी कह सकते हैं। इस योजना की अपेक्षा पहली योजना को ही श्रेष्ठ समझना। इसमें भक्ति प्रपत्ति निष्ठ दोनों को ‘‘महावैकुंठ कब देखूँ ऐसा हमारा मन सदा चिंतन करता है’ इस वचन से प्राप्य भूमि परमपद में प्रावण्य, ‘नारायण की चिंता से विमुख लोगों के सहवास रूप आरी से चीरे



जाने की अपेक्षा अग्निज्वाला से घिरे हुए पिंजरे के भीतर रहना भी श्रेष्ठ है’ ‘क्रूर लोक को न दिखाओ’ इत्युक्त प्रकार प्राप्य वस्तु को छोड़ प्राकृत लोगों के बीच में रहने योग्य संसार रूप त्याज्य भूमि को छोड़ने की इच्छा, भगवदनुभव के अलाभ में ‘आपको छोड़ क्षण भर भी नहीं रह सकते’ इस प्रकार आत्मा को धारण नहीं कर सकना ये तीनों आवश्यक हैं।

आचार्य के विषय में स्वगत परगत स्वीकार निष्ठ दोनों को आचार्य का वासस्थान ही प्राप्य भूमि है



उसको छोड़ कर रहने का देश ही त्याज्य भूमि है, उनके विग्रहादि ही अनुभव विषय होने से प्राप्य भूमि में प्रावण्यादि तीनों आचार्याभिमान निष्ठा के अनुगुण अवश्य होने चाहिये ऐसे अधिकारानुगुण विभाग कर लेना।

उक्त चारों उपायों में भगवद्विषय का अवलंबन करने वाले भक्ति और प्रपत्ति रूप दोनों उपाय भी इस अधिकारी के छूट जाने के प्रकार को कहे हैं, अब 'आचार्य का अपने आप आश्रयण करना' 'आचार्याभिमान ही उत्तारक है' इन वाक्यों में कहे हुए आचार्य के विषय में स्वगत परगत स्वीकार रूप दोनों उपायों का प्रमाण दिखाने के लिये पहले स्वगत स्वीकार रूप उपाय का प्रमाण दिखाते हैं;

अमोघमेकं ज्ञातवान् इति गाथा पूर्वोपायस्य प्रमाणतयानुसंधेया ।।४७६।।

'व्यर्थ नहीं होने वाले उपाय को मैंने जान लिया है' इस गाथा को स्वगत स्वीकार रूप उपाय का प्रमाण समझना।। ४७६।।

'अमोघमेकमुपायं ज्ञातवान्' ''व्यर्थ नहीं होने वाले उपाय को जान लिया है'' माने 'आश्रयण करने वालों को आश्रयण करने के योग्य हो क्षीराब्धिशायी के चरणारविंदों को उपाय मान प्रतिदिन अनुकूल वृत्ति को करने वाले ज्ञानाधिक को देख अपना उत्तारक समझ आश्रयण कर उज्जीवन को प्राप्त होने वाले' आत्मा के अविनाभूत पाप को दूर कर श्रीवैकुंठ में ज्ञानादि समृद्ध तदीयों के कैंकर्य करते हुए विलक्षण होते हैं ऐसे परम आप्त भक्तिसार सूरि की गाथा को आचार्य के विषय में स्वगत स्वीकार रूप उपाय का प्रमाण समझना। इससे स्वगत स्वीकार के अहंकार गर्भित और अवद्यकर होने पर भी फल देने में व्यर्थ न होगा यह अर्थ सिद्ध हुआ।

'गुरुणा योऽभिमन्येत गुरुं वा योऽभिमन्यते।
तावुभौ परमां सिद्धिं नियमादुपगच्छतः।।'

'गुरु को जो मानता है और गुरु से जो माना जाता है वे दोनों निश्चय करके परमपद को प्राप्त होते हैं' ऐसे परगत स्वीकार की तरह स्वगत स्वीकार का भी फल होगा यह अर्थ भारद्वाज संहिता में भी कहा है।

अब परगत स्वीकार रूप परमोपाय के बहुत प्रमाण दिखाते हैं;

'समीचीनमत्सखि' 'प्रतिपक्षिणं दानवम्' इति गाथे स्तोत्ररत्नेऽन्तिमः श्लोकः 'पशुर्मनुष्यः' इति श्लोकश्चास्य प्रमाणतयानुसंधेयाः ।।४७७।।

'समीचीन मत्सखी''शत्रुभूत दानव को' ये गाथाएँ, स्तोत्ररत्न में अंतिम श्लोक और 'पशु मनुष्य' ये श्लोक इनमें प्रमाण समझना।। ४७७।।

सखी नायकी **'न त्यजेयं'** 'नहीं छोड़ूँगा' यह वचन और विष्णुचित्त योगी के घर में जन्म इन दोनों

को अपने इष्ट साधन समझती है। वे फलीभूत न होने से अतिशंका कर यह नायकी कैसे फल को प्राप्त

होगी ऐसा विचार करती भयी, उसको देख कर हमसे अधिक हमारे फल को चाहने वाली हे सखि! अनंतशायी अतएव सर्वस्मात्पर श्रियःपति किसी को भी अप्राप्य महिमा

वाले हैं। हम लोग देव योनि में न होकर पर्वत और परमाणुओं के तारतम्य से क्षुद्र मनुष्य हैं इसलिये हम कुछ नहीं कर सकती हैं। वे कभी एक बात कह दिये हैं ऐसा समझ कर हमलोग उनको रोक सकते हैं क्या? अस्तु हमारे फल का दूसरा उपाय है श्रीविल्लिपुत्तूर में अवतार ले सर्व व्यापक वस्तु को अपने हृदय में रखने वाले विष्णुचित्त सूरि, हमारे आचार्य होने से अपने स्वामी को एक गाथा कह कर बुलायेंगे या विद्याशुल्क को तोड़कर बुलायेंगे या अभिषेक करने के लिये बुलायेंगे अथवा केश बाँधने के लिये या सुलाने के लिये या अपने पुरुषकार को आगे कर बुलायेंगे उस वक्त हम उनका दर्शन कर लेंगी हम आग्रह नहीं कर सकती हैं; इस प्रकार गोदा देवी से कही हुई 'समीचीन मत्सखी' यह गाथा है।

अपने ईश्वरत्व को न देख सामने शत्रु रूप से आये हुए हिरण्य असुर की वर बलों से दृढ़ छाती को तीक्ष्ण नखों से स्वर्ण पर्वत को चीरने की तरह अनायास दो टुकड़े करने वाले पराक्रमी नृसिंह का अनन्य प्रयोजन हो मंगलाशासन करने वालों को, भागवताभिमान को उपाय समझ रहने वालों का सुकृत जीतता है ऐसा भक्तिसार सूरि की ''शत्रु भूत दानव को' यह गाथा है।

'अकृत्रिम' इस श्लोक में स्वाभाविक आपके प्राप्त और भोग्य चरणारविंदों में अधिक प्रेम करने वाले, उसके हेतु आत्म याथात्म्य ज्ञान वाले, विद्या और जन्म से हमारे पितामह नाथमुनि को देख, हमारे दुर्वृत्त को न देख प्रसन्न होओ, ऐसा परमाचार्य यामुनाचार्य कर्तृक वेदान्त तात्पर्य रूप स्तोत्ररत्न में अंतिम श्लोक है।

'पशुर्मनुष्यः पक्षी वा ये च वैष्णवसंश्रयाः।
तेनैव ते प्रयास्यंति तद्विष्णोः परमं पदम्।।'

ज्ञानयोग्यता रहित पशु और पक्षी हो, ज्ञान योग्यता वाले मनुष्य हो, अगर भगवत्संबंधैक निरूपणीय

भागवत के अभिमान में अंतर्भूत होते हैं तो वे उनके प्राप्य भूमिभूत परमपद को प्राप्त होते हैं ऐसे तदीयाभिमान को ही उत्तारक कहने वाले 'पशु, मनुष्य या पक्षी हो वैष्णव का आश्रयण कर विष्णु के परमपद को प्राप्त होते हैं'। इस पौराणिक श्लोक को भी आचार्याभिमान रूप परगत स्वीकारात्मक उपाय में प्रमाण समझना।

पूर्वोक्त प्रपति निष्ठ अधिकारी को उपायाधिकार में न्यूनता होने पर भी उसकी तरफ न देख ईश्वर कार्य करने के उपयुक्त आचार्याभिमान को स्वतंत्र उपायतया क्यों कहते हैं, दो आकार एक उपाय के कैसे हो सकते हैं? इस शंका में कहते हैं;

आचार्याभिमानः प्रपत्तिवदुपायांतरस्यांगं स्वतंत्रश्च भवति ।।४७८।।

आचार्याभिमान प्रपत्ति की तरह उपायांतरों का अंग और स्वतंत्र भी होता है।। ४७८।।

आचार्याभिमान विरोधी पाप क्षय और भक्ति वृद्धि के उपयुक्त हो उपायांतर भक्ति का अंग उपायांतर त्यागपूर्वक शरणागति करने वालों के इष्ट प्राप्ति और अनिष्ट परिहार करने वाले स्वतंत्र उपाय प्रपत्ति की तरह उपायाधिकार में योग्यताभाव को देख ईश्वर उपेक्षा न कर कार्य करने के उपयुक्त होने से अपने से व्यतिरिक्त उपाय प्रपत्ति को सफल करते हुये तद्द्वारा उसका अंग, उसको छोड़ अपने को ही उपाय मानने पर स्वयमेव स्वतंत्र उपाय भी होता है। यद्वा **'अनाचार्योपलब्धा हि विद्येयं नश्यति ध्रुवम्'** 'अनाचार्य से लब्ध विद्या निश्चय करके नष्ट होती है',

'शास्त्रादिषु सुदृष्टाऽपि सांगा सहफलोदया।
न प्रसीदति वै विद्या विना सदुपदेशतः।।'

'शास्त्रादियों में अंग और फल के सहित पढ़े जाने पर भी सदाचार्योपदेश बिना विद्या प्रसन्न नहीं होती'। इन वचनों से किसी भी विद्या का अवलंबन करने वालों को आचार्योपदेश की आवश्यकता होने से आचार्याभिमान को सकलोपायों का अंग होते हुये स्वतंत्र उपाय कैसे कह सकते हैं इस शंका में कहते हैं;

'अनन्यसाध्ये स्वाभीष्टे महाविश्वासपूर्वकम्।
तदेकोपायता याच्ञा प्रपत्तिः शरणागतिः।।'

'बालमूकजडांधाश्च पंगवो बधिरास्तथा।
सदाचार्येण संदृष्टाः प्राप्नुवंति परां गतिम्।।'

जैसे प्रपत्ति, कर्म ज्ञान भक्ति रूप उपायों की उत्पत्ति और वृद्धि के विरोधी पाप को दूर करने के लिये

विहित हो उनका अंग होती है और अन्य उपायों को छोड़ कर अपने को उपायतया स्वीकार करने पर अनिष्ट निवृत्ति पूर्वक इष्ट प्राप्ति का जैसे स्वयमेव निर्वाहक हो स्वतंत्र होती है वैसे ही आचार्याभिमान रूप यह उपाय अन्य उपायों का अंग होता है और 'बाल मूक जड़ अंध पंगु बधिर ये सब सदाचार्य के कटाक्ष पात्र हो परमपद को प्राप्त होते हैं' 'पशु मनुष्य या पक्षी हो' इत्यादि वचनानुसार स्वयमेव उत्तारक होने से स्वतंत्र उपाय भी होता है।

ऐसे स्वतंत्रभूत इस उपाय का अधिकारी अमुक है ऐसा कहते हैं;

भक्तावशक्तस्य प्रपत्तिः प्रपत्तावशक्तस्यायम् ।।४७९।।

भक्ति में अशक्त को प्रपत्ति है, प्रपत्ति में अशक्त को यह है।। ४७९।।



जन्मान्तर सहस्रों में अनुष्ठित कर्म ज्ञानों से निर्मलांत:करण वाले को होने वाली स्वपारतंत्र्य विरोधी स्वयत्न रूप उपाय में दुष्करत्व और स्वरूप विरोधित्व ज्ञान से मैं इसके योग्य नहीं ऐसा समझ हटने वाले को निवृत्ति साध्य सुकर भगवत्पारतंत्र्यरूप स्वरूपानुरूप प्रपत्ति उपाय है। अध्यवसाय ज्ञान रूप प्रपत्ति उपाय में महा विश्वास होना दुष्कर होने से, बंध और मोक्ष दोनों का साधारण होने से, ईश्वर के स्वातंत्र्य के भय से हम इस प्रपत्ति करने में अशक्त हैं ऐसा समझने वाले को पश्वादिओं का भी कार्यकर होने से विश्वास की अपेक्षा बिना मोक्षैक हेतु परतंत्ररूप सदाचार्य का अभिमान रूप यह चरमोपाय है। भक्ति में अशक्त को दुष्करत्व और स्वरूपविरोधित्वरूप दोनों हेतु हों तो भी इस स्थल में स्वरूपविरोधित्व ही प्रधान हेतु है। प्रपत्ति में अशक्त को विश्वास की कमी और भगवत्स्वातंत्र्य भय इन दोनों के हेतुत्व होने पर भी भगवत्स्वातंत्र्य भय ही प्रधान हेतु है। 'स्वस्वातंत्र्य भय से भक्ति च्युत हुई, भगवत्स्वातंत्र्य भय से प्रपत्ति च्युत हुई' ऐसा यहाँ कहे हैं। इससे जैसे अन्योपायों में अशक्त अनन्यगति ही प्रपत्त्यधिकारी होता है, वैसे इस उपाय का अधिकारी भी अन्योपायों में अशक्त और अनन्यगति ही है। भक्ति में अशक्त को जैसे प्रपत्ति स्वतंत्र उपाय होती है वैसे प्रपत्ति में अशक्त को आचार्याभिमान स्वतंत्र उपाय होता है ऐसा समझना।

इस आचार्याभिमान से चेतन के होने वाली फलपरपंरा को कह इस अर्थ को समाप्त करते हैं;

अयं प्रथमं स्वरूपं पल्लवितं करोति, पश्चात् पुष्पितं करोति, अनंतरं फलपर्यंतं करोति ।।४८०।।

यह पहले स्वरूप को पल्लवित बनाता है, पीछे पुष्पित बनाता है, बाद फल पर्यंत करता है।। ४८०।।

पूर्वोक्त आचार्याभिमान पहले इस चेतन को प्रणवोक्त भगवत् अनन्यार्ह शेषत्व को चरम पर्व पर्यन्त जनाकर अनादिकाल से स्वातंत्र्य रूप अग्नि में जले शुष्कीभूत स्वरूप को पल्लवित करता है। एवं पल्लवित हुए बाद मध्यम पदोक्त अनन्यशरणत्व को चरम पर्व पर्यंत जनाकर फलसूचक उपाय अध्यवसाय के संबंध से स्वरूप को पुष्पित बनाता है। इसके बाद चरमपदोक्त अनन्य भोग्यत्व को चरम पर्व पर्यंत जनाकर नित्य कैंकर्य भोग से स्वरूप को फलपर्यंत करता है।

प्रथम रहस्य रूप श्रीमंत्र में पदत्रय से प्रतिपाद्य





अनन्यार्ह शेषत्वादि आकारत्रय भी आत्मा का स्वरूप हो चरम पर्व पर्यंत होता है ये अर्थ आचार्योपदेशों से लभ्य हैं, तादृशोपदेशों का कारण आचार्याभिमान होने से आचार्याभिमान ही इनको उत्पन्न करता है तथा आचार्याभिमान ही पदत्रयार्थ निष्ठा को उत्पादन कर उज्जीवन को प्राप्त कराता है।

अथवा स्वतंत्रोपाय रूप से इसके स्वरूप को पर्वक्रमेण उज्जीवित करने के प्रकार को कहते हुए इस अर्थ को समाप्त करते हैं; आचार्याभिमान रूप यह उपाय पहले भगवद्विषय में लगाकर अनादिकाल से संबंध के ज्ञानाभाव से मुरझाये हुए स्वरूप को पल्लवित बनाता है, बाद भागवत विषय में लगाकर फल के योग्य बनाने से स्वरूप को पुष्पित करता है, अनंतर चरम पर्व में स्थापन कर पुष्पित को फल पर्यंत करता है ऐसा समझना।

तथा च इस प्रकरण से आचार्य को उपायतया स्वीकार करने वालों को भयाभय दोनों के प्रसंग नहीं हैं, इस अर्थ का निश्चय करने वाले प्रमाण अमुक हैं, इस अर्थ का स्थापन करने वाले प्रमाण, ऐतिह्य, इस अर्थ के उपपादन के लिये प्राप्य निर्णय, प्राप्य के सदृश प्रापक भी होना चाहिये, नहीं तो होने वाले दोष, ईश्वर विषय में आचार्य के चरण की तरह पारतंत्र्य अनन्यत्व को दिखाते हुए ईश्वर के आश्रयण की अपेक्षा इनके आश्रयण की श्रेष्ठता, ईश्वर और चेतन दोनों के आचार्य उपकारक हैं, ईश्वर भी अपेक्षा करने योग्य आचार्यत्व वाले हैं, आचार्य कर्तृक उपकार के सदृश प्रत्युपकार नहीं है, इनके साथ संबंध मोक्ष का ही हेतु है, ईश्वर को देने वाले आचार्य की अपेक्षा आचार्य को देने वाले ईश्वर ही महोपकारक हैं, आचार्य के वैभव, आत्मगुणों के होने पर भी आचार्य संबंध छूटने पर अवद्यकर और ईश्वर के निग्रह का हेतु है, आचार्य संबंध छूटने से भगवत्संबंध दुर्लभ है, आचार्य के संबंध के लिये भागवत संबंध अपेक्षित है, आचार्याभिमान बिना उज्जीवनोपाय नहीं है इस अर्थ में आप्तोपदेश, इस अर्थ को स्थिर करना, इस आचार्याभिमान निष्ठ सुलभ आचार्य को छोड़ दुर्लभ भगवान को नहीं चाहना, परत्वादि प्राप्य स्थल सबको आचार्य ही समझना, इसके प्रतिकूल अनुकूल और उपेक्षा योग्य अमुक हैं, इसके ज्ञानानुष्ठानों के विनियोग प्रकार, इसको निषिद्धानुष्ठान और विहित भोगादि त्याज्य हैं, स्वरूप नाश न होने के लिये अपेक्षित अवस्था विशेष, प्राप्य भूमि प्रावण्यादि तीनों इसको

अवश्यापेक्षित हैं, आचार्य विषय में स्वगत परगत स्वीकार दोनों के उपाय होने में प्रमाण, आचार्याभिमान स्वतंत्रोपाय है, तदधिकारी निर्णय, इस आचार्याभिमान से होने वाली फल परंपरा ये सब कहे जाने से यह कहा गया है कि सदाचार्याभिमान ही सबका उत्तारक है। इस प्रकार इससे वाक्यद्वय में प्रतिपादित उपाय तथा उपेय के चरमावधि को बता दिया है।।

।। इति श्रीमद् वरवरमुनि प्रणीत श्रीवचनभूषण व्याख्या भाषाटीका संपूर्णा ।।

।। श्रीमल्लोकगुरुचरणावेव शरणम्।।
।। श्रीमद्वरवरमुनिचरणावेव शरणम्।।





सूचिका

अ	सूत्र क्रमांक
अंकुश	४+६, १५
अंग-अंगी	४+, ४७+, १०६, १३६, ३७८
अकर्तृत्व	१७
अज्ञ	४८, १६४, १६५
अज्ञात सुकृत	४७, ४००
अज्ञान	४+, १७, ७६, ३०८, ३८५
अद्वेष	४७, १६५, १७५, १८०
अनन्यार्हत्व	४+, ४७, १५१, १८०, २१२
अनिरुद्ध	४६
अनुष्ठान	१७, २४६, २८६
अन्तरात्मा	४
अन्तर्यामी	१७, ४०, १३०, १५१, ३७८, ४००, ४६५
अभ्यास	१७
अमृत	१७
अर्चावतार	४०, १७५
अर्चावतार श्री	४+४, १७५, ४६५
अर्जुन	१७, ३४१
अवतार रहस्य	४+, १६५, १७५, १६८, ३७८, ४००, ४६५
अवतार रहस्य श्री	४+४
अविद्या	१५, १७, २४५, २८४, ३४६
अश्वमेध यज्ञ	४+
असत्	१७, १८५
असह्य अपराध	सू.४+, २४, १६८, २१२, ३०८
असुर	१७, १५७
अहंकार	४+, १७, ७४, ७८, १२०, १६५, १८०, १८५, १६५, २१७, २४५, ३५५, ३८५

आ	
आचरण	४, १०६
आचार	४
आचार्य	१०१, १०६, १५१, २४६, २८६, ३२८, ३४६
आचार्य अभिमान	४५०
आचार्य निष्ठा	४२४
आचार्य पुरुषकार	४+४
आत्मगुण	१००, १०१, २८६
आत्मज्ञान	१७, ६४, ६६
आत्मनिष्ठ	१७
आत्म स्वरूप	१७, ७८, १८६, २४६
आत्महत्या	६२
आत्मा	१७, १२०
आत्माभिमान	१७

नोट : हिन्दी तथा संस्कृत श्रीवचनभूषण में सुविधापूर्वक आकर* (Reference) के लिए सूत्र क्रमांक ही दिये जा रहे हैं न कि पृष्ठ क्रमांक।

***प्रमाण ग्रन्थ के अंश**

आदिज्योति	४६
आदिपुरुष	१७
आनन्द	१७, १८, ७६
आन्ध्रपूर्ण स्वामीजी	४२४
आपत्ति	६४, १८५, ६२
आराधन	४+४, १७, ३०१
आर्त शरणागत	५५, ६५, ३०८
आऴ्वार (सूरि)	५५, ६५, १७५, २६३, ४२४
आश्रयण	४+५, १७
आश्रित	३६६
आश्रित पारतन्त्र्य, व्यामोह	४+, ४+५
आश्रित वात्सल्य	२६
आसुरी योनि	१५७
आस्तिक नास्तिक	१६५
आहार	१७

इ ई

इच्छा	७१, ७२, ७५, ७८, १०६, १३६, १४७, १५१
इच्छा-द्वेष	७५
इतिहास	१, ३
इन्द्र	४+५, १७, १०१
इन्द्रपुत्र जयन्त	४+५, ३८५
इन्द्रिय भोग	१०६, २४५, ३५५
इन्द्रिय विषय	१०६, ३५५

उ ऊ

उत्कृष्ट	२१७, २४५, २४६
उद्धारक आचार्य	४५०
उद्वेग	१७
उपकरण	१७
उपकारक आचार्य	४५०
उपकार स्मृति	३४१, ३६३, ३७८, ४००
उपनिषद	१
उपादेय	४+१
उपाय	४+, २७, ४७, ५१, ५५, ६०, ६१, ७६, ८५, ९१, ९५, १२०, १३०, २७८, ४२४-४७२
उपासना	४+, १७, १३०, १३६
उपास्य	४
उपेय	४७, ५१, ५५, ८५, ९१, ९५, १२०, २८४, ३०८, ३६३, ४२४-४७२

ए ऐ

ऐश्वर्य	१७, २६
ऐश्वर्य प्राप्ति	१७, १३०

ओ औ सूत्र क्रमांक

औपाधिक (माता पिता)	४+

औपाधिक बंधन १५७
औपाधिक सम्बन्ध १६, ३२८

ऋ

ऋषि जैमिनी १
ऋषि दुर्वासा २०२
ऋषि विश्वामित्र २१७, २६१

क

करुणा ४००
कर्ण ८५
कर्तव्य १७
कर्ता १७, ७६, १२०
कर्म अनुष्ठान १७, १३०
कर्मकाण्ड १
कर्म, कुकर्म, सत्कर्म ४+, १७, ७६, १६५, १८५, २४६, ३७८, ४२३
कर्म चांडाल २०२
कर्मयोग १७, ४६०
कर्म योनि ४+१
कर्म-विहित, निषिद्ध ३२०-३६६, ४६८
कल्याण १७
कामना पूर्ति १३०, १३६
कारण १७
कारागृह वास ४+१
कार्य १७
कालक्षेप ३७०
कालिया नाग २७
कुब्जा १८०, ३०१
कुलशेखर आळ्वार १७५, २१७
कुश-लव ४+२
कुसंग ४+
कृपा १७, १६, २०, ४०, ३७८, ३८५-४२३
कृष्ण ४०, ८५, २१७, २६१, ३४१, ३७०
कैंकर्य ७६, ८५, ६१, ६२, १६५, २६३, २८६, ३०१, ३०८, ४६५
कैवल्य मोक्ष १८५
कौशल्या ४+५, २६१
कौस्तुभ मणि ३६३

ग

गजेन्द्र २७, ५५, १८५
गरुड़जी २०२
गीता १७, ६४-६८
गुण १७, १६५
गुण-दोष २४, १६५, १८०
गुणहानि १८
गुणातीत १७
गुरु ३, ४७+, २८६, ४३३

गुरुपूजन
गोकर्ण ४३४, ४७५
गोदाम्बाजी ६५, २१७, २६३, २८४
गोपी ५५, ५५+, ६५, १०६
गोपी चिन्तयन्ती ८५
गोविन्द ४७

च

चरम उपाय ४६८
चांडाल २०२
चिकित्सा १६
चित्र ४६
चित्रवध ४+२
चिन्तयन्ती ८५, २४५
चिन्ता ७५, ७६, ४००
चीरहरण २४, २७
चेतना ७१
चोरी ३२०, ३६८

ज

जटायुजी ८५, १५१, २१७, २६१
जड़-जीव ६६, ७१
जनकजी २४५, २४६
जन्म २१७
जयन्त काक ४+५, २७, ३८५
जय श्रीकृष्ण ४७
जय श्रीमन्नारायण ४७
जय श्रीराम ४७
जल-भगवान ४६
जीव स्वरूप १७, ७८-८४, १०६
जैमिनी, मीमांसा १

त

तत्‌भाव भावितः १७
तत्ववेत्ता ४+, १७, २६
तदीय १५७, ३५५, ४६८
तप १७
तमोगुण ४, १३०
तामसिक कर्म ४+, १३०
तामसिक शास्त्र, पुराण, स्मृति ४
तिरस्कार ३६३
तिरुक्कण्णमंगैयाण्डान ८५
तिरुपति बालाजी १६५
तोदाद्रि १६५
त्याग ६२
त्याज्य ४+
त्याज्य-उपादेय १७, ६२
त्वरा ६५

द

दण्डधारकत्व	१५, ३४६
दम	१००, १०१, १०६
दया	४+२, २०, ४०
दया, दण्ड, न्याय	४+, ४+३, ४+४, २०
दया दरबार	४+२, ४+४
दया शक्ति	४+१
दशरथ	२४५, २६१, २६३
दान	१७
दास	७८, १०६
दिव्य दृष्टि	१६५, १७५, २४५
दिव्य देश	१६४, १६५, १७५, २७३
दिव्य प्रबन्ध	१७५
दुःख	१७, १८, २०, ६४-६८, २४६, ३८५
दुर्गति	१७
दूत	४+, २६
दृप्त शरणागत	५५-६०
देहआत्म अभिमान- देहाभिमान-आत्माभिमान	१७, ७८, २४६, २७८
देहाभिमान	१७
देवकी	२६१
देवलोक	१०१
देवी - देवता	४+, १७, ५५, १०१, १३०, १८०, २१२, २४६, २७८, ३२८, ४६०
दोष	१८, २०, १३०, १६५, १८०, ३७०-३९९
द्रौपदी	२४, २६, ५५, ८५, १८५

ध

धनुर्दास स्वामीजी	२६१
धर्म-अधर्म	१७, २६
धर्म पालन	४+१, १७
धर्मव्याध	२१७
ध्यान	१७
ध्रुव	१६८, २४५, २४६
धारणाभाव	६१

न

न कश्चिन्नापराध्यति	४+२
न क्षमामि, क्षिपामि	४+२, ४+५
नन्दगोप	२६१
नाथमुनि स्वामीजी	४८
नाम	७८
नायिका भाव	५५
नारद मुनि	३७०
नारायण	३७८
नालायिरम्	१७५
नास्तिक	१६५
निकृष्ट	२१७, २४६

निग्रह ४००
नित्य कर्म १७
नियमन १७
निरपेक्ष उपाय २७३
निरुपाधिक १९
निवृत्ति कर्म ४६
निश्चिन्त ७५
निषादराज १४७, १८०, २१७, २६१
निषिद्ध कर्म ३२०, ३६३
निषिद्ध भोग १०६
नीला देवी-पुरुषकार ४+१
नृसिंह ४६, १०१
नैच्यानुसन्धान १६५, २१६, २८६, ३७०
नैमित्तिक कर्म १७
न्याय विधान ४+३

प

पंचसंस्कार ३९
परत्व ४०, ४६, ४६५
परमपद ४६, १०१
परमपुरुष १७
परमसुख १७, १०६
परवासुदेव ४६, ४६५
परशुराम २४
पराभक्ति १७, ९५
पाणनाथ आळ्वार १७५, २१८
पाण्डव २४, २६
पाप १५, २०, १२०, १८०, २४५, २४६, २८६, ३८५
पाप नाश ४+५, १७
पाप पुण्य १५, २०, १२०, १५१, १६५, १७५, १८०, २८६
पारतन्त्र्य ५५, ७८, ८५, ९१, १५१, १५७
पारतन्त्र्य युक्तशेषत्व ६५+, ७०, ७८, ८४, १२०
पिल्लैतिरुनरैयूररैयर ८५
पुराण १, ३
पुरुषकार योग्य गुण ४+
पुरुषकार वकालत ४+, १७, १५१, १५७, १६४, २१२, २७३, २७८
पुरुषोत्तम १७
पूजन ४, ९५
पूर्ण ४३
प्यासा ४६, ४६५
प्यासा ४६, ४६५
प्रकृति ४, १७, १०१, १७५
प्रगति २४५, २८६, ४००, ४६८
प्रद्युम्न ४६
प्रपत्ति - शरणागति १७, ४३, ४७५
प्रयोजन ७६, २८४
प्रवृत्ति - कर्म ४६, ४७३
प्रह्लाद १६८, २४५, २४६
प्राकृत गुण ४, १७
प्राप्त-अप्राप्त ज्ञान ४६८

प्राप्ति दशा ३०१
प्राप्य अनुभव दशा ३०१
प्रायश्चित्त ४, १२०, २७८
प्रिय १७
प्रिय परक ४+३
प्रेम ४७+, ६१, ६५, १००, १२०, १३०, १३६, १८०, २४६, २५६, २६३, ३०१, ३७८

फ

फल १७, ७६, १३६, २४७, ३८५
फल प्रदान सामर्थ्य ४०, ४६, १३०, १५१, २४७
फलाभिसन्धि-रहित कर्म १७

ब

बद्रीनाथ ४३
बन्धन ४+, १७, ७८, १५७, २४६, ४२४
बलि राजा २४६
बृहत् १६५
ब्रह्मभाव १७
ब्रह्मलोक १०१
ब्रह्मविद्या १०१
ब्रह्मसूत्र १
ब्रह्माजी ४, १०१, २४५
ब्रह्मास्त्र ४+५, ३८५

भ

भक्ति १७, ५५, १२०, २७४, ३०१, ४६०, ४७५
भक्तिपरवश ४८, ५५, ६५, १२०, १६४
भगवत् १२०, १५७, १६५, १७५, १६८, २०२, २१२, २१७, २६१, ३७०
भगवत् अनुभव ८५, ६२, ६५, १०६, १२०, १५१, १६५, २४५, २६३, ३०८
भगवत् तुल्य ४+
भगवत् दास ७८, १०६
भगवत् पुरुषकार १७
भगवत् प्राप्ति ७६, १२०, १३०, १६४, २०२, २१७, २४५, ३०८
भगवत् प्रेम १००
भगवत् रक्षण १४७
भगवत् शरणागति १४७
भगवत् स्वरूप ४६, १०६
भगवान १०१, १०६, १२०, १३०
भगवान पिता-राजा ४+
भगवान श्रीकृष्ण १०१
भगवान श्रीराम १०१, १४७
भजन १७
भय २६३, ३०१
भरतजी १४७, १६५
भागवत १२०, १५०, १६५, १७५, १६८, २०२, २१२, २१७, २६१, ३७०
भागवत अपराध १६८, २०२, २१२, ३०८

भागवतोत्तम ४६८

भाग्यवान १७, १०६

भीष्म पितामह २४, ३०१

भू देवी पुरुषकार ४+४

भोक्ता ७६

भोग १०१, १०६, १६४, ४३३, ४६८

भोग शक्ति १६, ७१, ७६

भोग सेवा ४७

भोग्य ४७+, १२०

भोजन ३६३

म

मंगलाशासन १७५, २५६, २६१, २६३

मडल ग्रहण ६०, १२०, २६३, २८४

मधुकरवि स्वामीजी ४२४

मन १७, २७, २४६, २६१, ३६३, ३७०

मन्त्र १०१, ३२०, ३२८, ३६३, ४७५

मन्त्रार्थ १०१, ३२०, ३२८, ३६३

मन्दिर ४६, ४७, ४६५

ममकार ७८

महात्मा ४७

महापूर्ण स्वामीजी ४८, २१७

महापुराण ४

महाभारत १

महालक्ष्मी ४+१, १५१, १६४, २४५, २६३, २८६

महाविश्वास ४+१, ६४, ८५

महाशक्ति ४+१

मातृभाव ५५

माया ४+५, १७

मारनेरीनम्बि २१७

मालाकार सुदामा ३०१

मीरा १६८

मुक्ति ७४, ७८, १०१, १३०, ३२८, ४५०

मुनि २७

मूर्ति ४०

मूलमन्त्र १०१, ४७५

मोक्ष १, ३२८, ४००, ४५०

य

यन्त्र १७

यशोदा २६१

यामुनाचार्य स्वामीजी ४८, १८५, २१७

योग १, १७, ६२, ४६५

योग-क्षेम १७

योगिवाहन स्वामीजी १७५, २१७

योनि ४+

र

रंगनाथ ४३, १५१, २१७, २६१
रक्षा ४+२, १५, ५५, ६४, ८५, ६१, १३०, १४७, १८५, २४५, २५६, २७३, ३६३, ३८५
रक्षापेक्षा ६४, ६६, १८५
रक्षा स्वीकार १५, १३६, १६५
रजोगुण ४, १३०
रस १३६
राजविद्या १७
राजसिक कर्म ४+
राजसिक शास्त्र, पुराण, स्मृति ४
राम ४०, ८५, १३६, १४७, २१७, २६१, ३८५
राममिश्र स्वामीजी ४८
रामानुज स्वामीजी ४८, १५१
रामायण १, ३
रावण ४+, ४+६, ८४, १४७
रास लीला ५५, ३७०

ल

लंका दहन ४+
लक्ष्मण ४+५, २७, ७८, १४७, १६८, २१७
लज्जा त्याग ८५, ६१
लव-कुश ४+२
लोक सारंग स्वामीजी २१७

व

वकालत-पुरुषकार ४+
वनगमन ४+५
वनवास ४+५, ८५, ७८, १४७
वरण दशा ३०८
वरवरमुनि स्वामीजी ४८
वणश्रिम धर्म ४+, १७
वशिष्ठ २०२, २१७
वसुदेवजी २६१
वात्सल्य ४+२, ४०, १३६, १४७
वामन १०१
वाल्मीकि महर्षि ४+२
वाल्मीकि रामायण १, ३
वासना ४+५, १७, १८, ४७, ५१
वासुदेव ४६
विदुर १३६, २१७, २६१, ३०१
विपत्ति ६४-६८
विपरीत ज्ञान ४+, १७, १०६, १८५
विभव अवतार ४६, ४६५
विभीषण - शरणागति ४+५, २७, १४७, १५१, २१७
विरक्ति १०६, २७४
विरह व्यथा भोग ६२

विवेक १७

विश्वास ४७+, ६४-६८, ७५, १०६, १३०, १८५

विषय राग १७, १०६, १८५, १६५, २१७, २४५, २४६, ३५५, ३८५

विष्णुचित स्वामीजी २१७, २६३

विहित कर्म १७

विहित भोग १०६

वेद १, ३, १७, १३०, २१७, २४५

वेद - अवतार ४+१

वेद ब्यास १

वेदान्त १, १७

वेदान्त सूत्र १

वेदार्थ ४+१, २१७, २४५

वैकुण्ठ १०१

वैदिक कर्म १७

वैभव २०२, २१२, २१७, २४५, २४६, २५६, २८६

वैष्णव १५१, २१२, २१७

व्यवसाय ३६३

व्यवहार ४, १६५, ३७८

व्यापार ८५

व्यूह अवतार ४६, ४६५

श

शक्ति ४०, ६६+, ८५, ६१, ३०८, ४००

शठकोप स्वामीजी ५१

शबरी १३६, २१७

शम १००, १०१, १०६

शरण ४+१, १७, ४७+, १२०

शरणागत-शिशु १८०, १८५, ३८५

शरणागति ४+१, ४+४, १७, १८, २६, ५५, ६०, ६४-६८, १२०, १३०, १३६, १४७, १५१, १६४, १८०, २७८, २८३, २८४, ३८५, ४६०, ४७५

शरणागति-परगत १४७

शरणागति-स्वगत १४७

शरण्य २७, ४०, ३८५

शरीर ४+२, १७, २४५, २४६

शस्त्र १७

शांडीलि २०२

शान्ति १७

शालिग्राम ४३

शास्त्र १, ३, ६४-६८, ६२, १३०, ४३४

शिक्षा २४

शिव १०१

शिष्य ३०८, ३२८, ३४१, ३६६

शेष ४+४, ४७+, ७६, ८५, १२०, १३६, ३०१

शेषी ४+५, १७, ४७+, ३०१

शेषी (शरीरी) १७

शेषयुक्त पारतन्त्र्य ८५, २१७, २४५, ३०१

स

संकर्षण ४०

संकल्प १७

सत्ता १२०, १८५, २४६, २६३

सत्वगुण ४

सदाचार्य १०१, १०६, १५१, २८६, ३०८, ३२८, ३४१, ३४६-३६६, ४२४

सदाचार्य-विशेष अधिकार ४३४, ४७५

समाचार ३६३

सम्बन्ध १६, ३६, ४०, १०६, १५७, १८०, २०२, २१२, २१७, ३०१, ३७८, ४५०, ४६०

सम्बन्ध (नित्य) ४+, ६४-६८

सहवास २८६

सहवास योग्य वैष्णव १५१, २०२, २१२, २७४, २८६, ३७०

सांसारिक भोग ७१, १०६, २४६, ३८५, ४००

साक्षात्कार १७

सात्विक कर्म ४+, १३६

सात्विक शास्त्र, पुराण, स्मृति ४

साधन १७, ५५, ६४, १०६, १२०, १३६, २४६, ४६०, ४६५

सारथी २६

सिद्धि १७

सीता-अवतार रहस्य गर्भ-पुत्र, चरित्र ४+१

सीता, श्री, महालक्ष्मी ४+, ७८, ८५, १०६, १५१, १५७, १६८, २६१, ३७८, ३८५

सीता हरण ४+, ७८, १८५

सुकृत ४७

सुख १७, २०, ६४-६८, ६६+

सुग्रीव १४७, १५१, १८०, २१७, २६१

सुमित्रा ४+५

सूरि ५५, १६५

सेवा ४७+, ६४-६८, ७४, ७६, ७८, ८५, ९२, १०६, १८०, २१२, २४५, २५६, २८६, ३०१, ३४६, ४६०

सौलभ्य १७, ४०

सौशील्य ४०

स्मरण १७

स्मृति १, १७, ६४-६८

स्वतन्त्र ४+२, ४+५, ७४, ७६, ७८, ८५, १३६, १५१, १६५, १८०, २४६, २७८

स्वयत्न ६४-६८, ७६, ८५, ९१, १८०

स्वरूप ४७+, ७८, १२०, १३०, १४७, १६५, २८४

स्वर्ग १

स्व-स्वामी ६४-६८, ७५

स्वामित्व ४०, ६४-६८

स्वीकार स्वगत-परगत ४७५

ह

हँसी	३७८
हनुमान	४+१, ८५, १५१, २६१, ३७०
हर्ष	१७
हवन	१७
हित परक	४+३

क्ष

क्षमा गुण	४+८, १८, ३७८
“क्षिपामि, न क्षमामि”	३७८
क्षीरसागर	५५+
क्षेत्र क्षेत्रज्ञ	१७
क्षेत्र लक्ष्मी-पुरुषकार	४+४
क्षेम	१७

त्र

त्रिगुणमय भोग	१७
त्रिगुणों	१७
त्रिशंकु	२०२

ज्ञ

ज्ञान	४+, १७, ६६+, ७६, ८५, १६५, १८५, २५६, २७४, २८४, ३६३, ३७०
ज्ञान काण्ड	१
ज्ञान दशा	३०८
ज्ञानाधिक	४८, ८५, १६४
ज्ञान योग	१७, ४६०

सूत्र क्रमांक	सूत्र	पृष्ठ
	। अथ प्रथमंप्रकरणम् ।।	
	।।वेदार्थ निर्णय प्रकरण।।	
१.	वेदार्थो निश्चेतव्यः स्मृतीतिहासपुराणैः।	१
२.	स्मृत्या पूर्वभागार्थो निर्णीयते, अन्याभ्यां द्वाभ्यामुत्तरभागार्थो निर्णीयते।	४
३.	अनयोरुभयोर्मध्ये इतिहासः प्रबलः।	४
४.	तेन स पूर्वं भवति।	६
	।।पुरुषकार वैभव प्रकरण।।	
५.	इतिहासश्रेष्ठेन श्रीरामायणेन कारागृहवासकर्त्र्या वैभव उच्यते।	७
६.	श्रीमहाभारतेन दौत्येन गतवतो वैभव उच्यते।	८
७.	एतद्द्वाभ्यां—पुरुषकारवैभव उपायवैभवश्चोक्तः।	९
८.	पुरुषकारभवनसमये कृपा पारतन्त्र्यमनन्यार्हत्वं चापेक्षितम्।	१०
९.	लक्ष्म्याः प्रथमविश्लेषः स्वकृपाप्रकाशनार्थम्।	११
१०.	मध्यमविश्लेषः पारतन्त्र्यप्रकाशनार्थम्।	१२
११.	अनन्तरविश्लेषोऽनन्यार्हत्वप्रकाशनार्थम्।	१३
१२.	संश्लेषविश्लेषयोरुभयोश्च पुरुषकारत्वं भासते।	१४
१३.	संश्लेषदशायामीश्वरं वशीकरोति, विश्लेषदशायां चेतनं वशीकरोति।	१७
१४.	उभयोर्वशीकरणमुपदेशेन।	१७
१५.	उपदेशेनोभयोरपि कर्मपारतन्त्र्यं नश्यति।	१९
१६.	उपदेशेनानिवर्तने चेतनं कृपया वशीकरोति, ईश्वरं सौन्दर्येण वशीकरोति।	१९
	।।उपाय वैभव प्रकरण।।	
१७.	अज्ञातार्थान् साकल्येन ज्ञापयित्वाचार्यकृत्यस्य पुरुषकारकृत्यस्योपायकृत्यस्य च स्वेनैव स्वोपर्यारोपितत्वान्महाभारत उपायवैभव उक्तः।	२०
	।।पुरुषकार और उपायः साधारण वैभव प्रकरण।।	
१८.	पुरुषकारस्योपायस्य च वैभवो नाम—दोषं गुणहानिंच दृष्ट्वा अनुपेक्षणमात्रं विनाङ्गीकारस्य तयोरेवोपदात्वेन स्वीकारः।	२४

१९.	उभयमप्युभयमपि निवृत्तं स्यादिति तिष्ठति यदि–उभयोरप्युभयमपि प्रसज्येत्।	२५
२०.	उभयमपि निवृत्तमिति स्थितावस्योभयमपि प्रसज्येत्।	२६
२१.	राक्षसीनां दोषः प्रसिद्धः।	२६
२२.	जितेन्द्रियेषु मस्तकस्यास्तिकाग्रेसरस्य 'केशवस्यात्मा' इति कृष्णस्य धारकस्यार्जुनस्य दोषः क इति चेत्–बन्धुषु स्नेहः कारुण्यं वधभीतिश्च।	२७
२३.	द्रौपदीपरिभवं दृष्ट्वा स्थितिः कृष्णाभिप्रायेण प्रधानदोषः।	२८
२४.	पाण्डवानां च निरसनस्य प्राप्तौ स्थापनं द्रौपदीमङ्गलसूत्रार्थम्।	२८
२५.	अर्जुनस्य दूत्यसारथ्यकरणं प्रपत्त्युपदेशकरणं चैतदर्थम्।	२९
२६.	प्रपत्तेर्देशनियमः कालनियमः प्रकारनियमोधिकारिनियमः फलनियमश्च नास्ति।	३०
२७.	विषयनियम एवास्ति।	३१
२८.	कर्मणः पुण्यक्षेत्रं वसन्तादिकालः शास्त्रोक्तास्तत्तत्प्रकारास्त्रैवर्णिका इत्येते सर्वे व्यवस्थिताः।	३१
२९.	'स एष देशः कालश्च' इत्युक्तत्वादस्या देशकालनियमो नास्ति।	३१
३०.	अयमर्थो मन्त्ररत्ने प्रथमपदे द्रष्टव्यः।	३२
३१.	प्रकारनियतिर्नास्तीत्यर्थः सर्वत्र द्रष्टुं शक्यते।	३२
३२.	द्रौपदी स्नाता न खलु प्रपत्तिमकरोत्, अर्जुनो नीचमध्येऽमुमर्थमशृणोत्।	३३
३३.	तस्माच्छुध्यशुद्धी उभे अपि न सम्पाद्ये, स्थितप्रकारेणैवाधिकारी भवति।	३३
३४.	अत्र वेल्वेट्टिप्पिल्लै इत्यस्य कलिवैरिदासोक्ता वार्ता स्मर्तव्या।	३३
३५.	अधिकारिनियमाभावः कथमिति चेत्।	३४
३६.	धर्मपुत्रादयः द्रौपदी काकः कालियः श्रीगजेन्द्रः श्रीविभीषणः स्वामी बालस्वामी एतत्प्रभृतयः शरणंगता इत्यधिकारिनियमो नास्ति।	३४
३७.	फलनियमाभावः कथमिति चेत्।	३६
३८.	धर्मपुत्रादीनां फलं राज्यं, द्रौपद्याः फलं वस्त्रं, काककालिययोः फलं प्राणः, श्रीगजेन्द्रस्य फलं कैङ्कर्यं, श्रीविभीषणस्य फलं रामप्राप्तिः, स्वामिनः फलं समुद्रतरणं, बालस्वामिनः फलं रामानुवृत्तिः।	३६

३९. विषयनियमो नाम—गुणपूर्तिमत एव विषयत्वम्। ३६

४०. गुणपूर्तिरर्चावतारे। ३६

४१. दिव्यसूरयो बहुस्थलेषु प्रपत्तिं चार्चावतारेऽकुर्वन्। ३७

४२. 'पूर्णम्' इत्युक्तत्वात्सर्वे गुणाः पुष्कलाः। ३८

४३. प्रपत्तेरपेक्षिताः सौलभ्यादयोन्धकारव्याप्ते गृहे दीपवत्प्रकाशन्तेत्र। ३८

४४. पूर्तिं स्वातन्त्र्यं च त्यजन् सन् स्वानादर्तॄन् स्वयमादृत्य स्थितस्थलम्। ३८

४५. भूगतजलवदन्तर्यामित्वं, आवरणजलवत्परत्वं, क्षीरार्णववद् व्यूहः, प्रवहन्नदीवद्विभवः, तत्र स्थिता ह्रदा इवार्चावतारः। ३९

४६. अयं च शास्त्रैर्वशीकरणायोग्यानां विषयान्तरेषु निमज्य विमुखानां चेतनानां वैमुख्यं दूरीकृत्य रुचिमुत्पादयति, रुच्युत्पत्तावुपायो भवति, उपायपरिग्रहे कृते भोग्यो भवति। ४०

४७. अत्र प्रपत्तिकर्तारोऽधिकारिणस्त्रयः। ४१

४८. अज्ञाश्च ज्ञानाधिकाश्च भक्तिपरवशाश्च। ४२

४९. अज्ञानेन प्रपन्ना अस्मदादयो, ज्ञानाधिक्येन प्रपन्नाः पूर्वाचार्याः, भक्तिपारवश्येन प्रपन्ना दिव्यसूरयः। ४२

५०. एवमुक्तिराधिक्यमपेक्ष्य। ४३

५१. एतत्त्रयं च तत्वत्रयमवलम्ब्यागच्छति। ४३

५२. 'किमहं कुर्याम्' इत्यत्रैतत् त्रयमप्यस्ति। ४४

५३. तत्रैकमवलम्ब्य वर्तते। ४४

५४. मुख्या सैव। ४४

५५. 'अविद्यातः' इति श्लोके एतत्त्रयमप्युक्तम्। ४४

५६. 'इदं शरणमज्ञानाम्'। ४५

५७. भक्तावक्स्थाभेदोत्पत्तावियं नष्टा भवति। ४६

५८. स्वमलङ्कारयति धारयति च। ४६

५९. एतौ स्वभावविशेषौ कल्याणगुणेष्वपि, श्रीशरेष्वपि श्रीनामस्वपि वेणुनादे च द्रष्टुं योग्यौ। ४६

६०. इयं दृष्टाचेत् पितुः पुत्रेण लेखनस्वीकारवद्वर्तते। ४८

६१. अस्याः स्वरूपं स्वासहिष्णुत्वम्। ४८

६२. अङ्गं स्वव्यतिरिक्तासहिष्णुत्वम्। ४८

६३. उपायः स्वं सहते। उपायान्तरमुभयमपि सहते। इयमुभयमपि न सहते। ४९

६४. फलस्यात्मज्ञानमप्रतिषेधश्चैवापेक्षितः। ५०

६५. अन्यथा बन्धस्य पूर्तेश्च न्यूनता स्यात्। ५०

६६. आपदं दूरीकुर्म इति भ्रमित्वा तद्वर्धनाद् व्यावृत्तिरेवापेक्षिता। ५०

६७. रक्षणायापेक्षिता रक्ष्यत्वानुमतिरेव। ५०

६८. सर्वेषामुपायानां साधारणत्वाच्चैतन्यकार्यत्वात्प्राप्तिदशायां चानुवर्तमानत्वात्स्वरूपातिरेकित्वाभावाच्चाचिद्व्यावृत्तवेषः साधनीकर्तुं न शक्यते। ५१

६९. अचिद्व्यावृत्तेः प्रयोजनमुपाय उपकारस्मृतिरुपेये प्रीतिश्च। ५१

७०. 'त्वन्मनसा किमैच्छः' इत्युक्तप्रकारेण प्राप्तेरुपायस्तदिच्छा। ५२

७१. सा च सदा वर्तते। ५२

७२. सा फलति—अस्य चिन्ता निवृत्ता चेत्। ५२

७३. अन्तिमकालस्य शरणं तदानीं शरणं किमिति चिन्तानिवृत्तिरिति यतिरवोचत्। ५२

७४. प्राप्ता च प्रापकश्च प्राप्तेः प्रसन्नश्च स एव। ५३

७५. स्वयत्ननिवृत्तिः पारतन्त्र्यफलं, स्वप्रयोजननिवृत्तिः शेषत्वफलम्। ५३

७६. परप्रयोजनप्रवृत्तिः प्रयत्नफलं, तद्विषयप्रीतिश्चैतन्यफलम्। ५३

७७. अहमर्थस्य ज्ञानानन्दौ तटस्थौ दास्यं ह्यन्तरङ्गनिरूपकम्। ५४

७८. इदं चागन्तुकं न भवति। ५५

७९. स्वातन्त्र्यमन्यशेषत्वं चागन्तुके। ५५

८०. शेषत्वविरोधि स्वातन्त्र्यं, तच्छेषत्वविरोधि तदितरशेषत्वम्। ५५

८१. अहङ्काररूपमालिन्यनिवर्तने आत्मनोऽविनश्यन्नाम दास इति हि। ५५

८२. ग्रामकुलादिप्रयुक्तं नामानर्थहेतुः। ५६

८३. 'एकान्ती व्यपदेष्टव्यः'। ५६

।। अधिकारिशोधन प्रकरण ।।

८४. उपायस्य जानकीवत् द्रौपदीवत् तिरुक्कण्णमंगैयाण्डान्वत् वर्तेत। ५७
उपेयस्य बालस्वामिवत् महाराजवत् पिल्लैतिरुनरैयूररैयर्वत्
चिन्तयन्तीवच्च वर्तेत।

८५. जानक्या द्रौपद्याश्च तारतम्यं शक्तिश्चाशक्तिश्च। ५७

८६. जानकी स्वशक्तिमत्यजत्, द्रौपदी लज्जामत्यजत्, ५७
तिरुक्कण्णमङ्गैयाण्डान् स्वव्यापारमत्यजत्।

८७. क्षुधिता यथा पक्वमन्नं भोक्तव्यं पच्यमानं च भोक्तव्यमिति वदन्ति तथा ५८
स्वामिनि वनं गच्छति बालस्वामी विश्लेषे धारणाभावं पुरस्कृत्य
कैङ्कर्यं कर्तव्यं सकलविधकैङ्कर्यं च कर्तव्यं प्रेरणा च कर्तव्येत्यवोचत्।
पुरप्रवेशानन्तरं वने एकान्ते स्वयम्पाके उदरवर्धनात् सह भोक्तुमक्षमः
एकहस्ते श्रीमच्छ्वेतच्छ्त्रमन्यहस्ते श्रीमच्छ्वेतचामरं च धृत्वा कैङ्कर्यमकरोत्।

८८. महाराजः पिल्लैतिरुनरैयूररैयर् आचार्यश्च शरीरमुपैक्षताम्। ६०

८९. चिन्तयन्त्या देहः स्वत एव गतः। ६१

९०. उपायस्य शक्तिर्लज्जा यत्नश्च त्याज्याः, उपेयस्य प्रेम स्वोपेक्षा ६२
धारणाभावश्चापेक्षिताः।

९१. अस्य वैधतया आगतो हि त्याज्यः, रागप्राप्ततयाऽऽगतस्त्यक्तुं न ६३
शक्यते खलु।

९२. उपायत्वानुसन्धानं निवर्तकं उपेयत्वानुसन्धानं प्रवर्तकम्। ६३

९३. अप्राप्तविषयेषु सक्ते तल्लाभ आवश्यक इति स्थिते सति ६३
प्राप्तविषयप्रवणस्य न वक्तव्यं खलु।

९४. अनुष्ठानं चाननुष्ठानं चोपायकोटौ नान्वेति। ६३

९५. अनन्योपायत्वम्, अनन्योपेयत्वम्, अनन्यदेवत्वं च यथा नष्टं स्यात्तथा ६४
प्रवृत्तिं पश्यामः।

९६. ज्ञानविपाककार्याज्ञानेनागताः सर्वे पदे सुवर्णार्घाः। ६४

९७. उपायफलं उपेयान्तर्गता च सा उपायप्रतिबन्धिका न भवति। ६५

९८. साध्यसमानं विलम्बासहमिति हि साधनस्याधिक्यं, ६५
साध्यप्रावण्यहेतुना हि साधनेऽवगाहनम्।

९९. अस्योत्पद्यमानानामात्मगुणानां सर्वेषामिदं प्रावण्यं प्रधानहेतुः। ६६

१००. ‘स्वामिविषये मनसि लग्ने’ ‘परमात्मनि यो रक्तः’ ‘दृष्ट्वा श्रुत्वा स्पृष्ट्वा घ्रात्वा भुक्त्वा’। ६६

१०१. आत्मगुणेषु प्रधानः शमो दमश्च। ६७

१०२. अनयोरुभयोरुत्पत्तावाचार्यो वश्यो भवति। आचार्यवश्यतानन्तरं मूलमन्त्रो हस्तगतो भवति। मूलमन्त्रे हस्तगते ईश्वरो वश्यो भवति। ईश्वरवश्यतानन्तरं ‘वैकुण्ठमहानगरमन्यच्च हस्तगतमेव’ इत्युक्तप्रकारेण प्राप्यभूमिः सुलभा भवति। ६७

१०३. प्राप्यलाभः प्रापकेण, प्रापकलाभो मूलमन्त्रेण, मूलमन्त्रलाभ आचार्येण, आचार्यलाभ आत्मगुणेन। ६८

१०४. अयं चैश्वर्यकामानामुपासकानां प्रपन्नानां चापेक्षितः। ६९

१०५. एतत्त्रयाणां मध्ये अत्यन्तमपेक्षा प्रपन्नस्य। ६९

१०६. अनयोर्द्वयोर्निषिद्धविषयविरक्तिरेवालं, प्रपन्नस्य विहितविषयविरक्तिस्त्वाधिक्यम्। ६९

१०७. इयं च केषाञ्चित्सौन्दर्येण जायते, केषाञ्चित्कृपया जायते, केषाञ्चिदाचारेण जायते। ७०

१०८. उत्पत्तिक्रमः कथमिति चेत्सौन्दर्यमज्ञानं जनयति, कृपाऽरुचिं जनयति, आचारो भयं जनयति। ७०

१०९. इदं चाधिक्यमपेक्ष्योच्यते। ७१

११०. अरुच्युत्पत्तौ दोषदर्शनमपेक्षितम्। ७१

१११. तत्प्रधानहेतुर्न भवति। ७२

११२. अप्राप्ततैव प्रधानहेतुः। ७२

११३. भगवद्विषयेऽवगाहनं च गुणान् दृष्ट्वा न भवति, स्वरूपप्राप्त इति। ७२

११४. एवमनङ्गीकारे गुणहीनमित्यनुसन्धानदशायां भगवद्विषयप्रवृत्तिः, दोषानुसन्धानदशायां संसारे प्रवृत्तिश्च न स्यात्। ७२

११५. ‘क्रूरं मन्मनः स एवेति वर्तते’ ‘दासभूतोहं पुनश्च तव श्रीमच्चरणं विना नाभिलषामि’ इत्यवदन् खलु। ७३

११६. गुणकृतदास्यात्स्वरूपप्रयुक्तदास्यं खलु प्रधानम्। ७३

११७. अनसूयां प्रति जानकीवार्ता स्मर्तव्या। ७४

११८. भगवद्विषयप्रवृत्तिरुचिता किमिति चेत् तस्या मूलं प्रावण्यम्। ७४
तस्य मूलं सम्बन्धः। स चौपाधिको न भवति, सत्ताप्रयुक्तः।

११९. तादृशसत्ता प्रावण्यकार्यानुभवाभावे नश्यति। ७४
तदविनाशार्थमागतानि सर्वाण्यस्यावर्जनीयानि प्राप्तानि च।
तस्माद्भगवद्विषयप्रवृत्तिरुचिता।।

।।अथद्वितीयंप्रकरणम् ।।

।।उपायान्तरदोष प्रकरण।।

१२०. प्रापकान्तरपरित्यागस्य चाज्ञानाशक्ती न स्वरूपविरोध एव प्रधानहेतुः। ७६

१२१. प्रापकान्तरमज्ञानामुपायः। ७६

१२२. ज्ञानिनामपायः। ७६

१२३. अपायो भवति स्वरूपनाशकत्वात्। ७६

१२४. 'मार्गं दर्शयित्वा विश्लेषयसि किम्' इत्यवदन् हि। ७७

१२५. 'वर्तते मे महद्भयम्' इत्युक्तत्वाद्भयजनकं, 'मा शुचः' ७७
इत्युक्तत्वाच्छोकजनकम्।

१२६. एवमनङ्गीकार एतत्प्रवृत्तौ प्रायश्चित्तविधेरसम्भवः। ७७

१२७. श्रीकुरुकाधिनाथस्य सूक्तिप्रकारः ७८
'मदिराबिन्दुमिश्रितशातकुम्भमय कुम्भगततीर्थसलिलवदहङ्कारमिश्रमुपायान्तरम्'।

१२८. रत्नस्य वराटिकावद्राज्यस्य लिकुचफलवच्च फलस्य सदृशं न भवति। ७९

१२९. स्वस्य दरिद्रत्वात्स्वेन दातव्यं नास्ति। ७९

१३०. तद्दत्तस्य दानसमये क्रमेण ददाति चेदनुपायः स्यात्, ७९
अक्रमेण ददाति चेच्चौर्यं प्रकटितं स्यात्।

१३१. भर्तृभोगमुदरपोषणस्य हेतुं करोति चेद्यथा तथोभयोरप्यवद्यम्। ८०

१३२. वेदान्तेष्वियमुपायत्वेन कथं विधीयत इति चेत्। ८०

१३३. औषधसेवामकुर्वाणानामभिमतवस्तूनि तं मिश्रीकृत्य यथा ८०
ददति तथेश्वरं मेलयित्वा विदधति।

१३४. इमां प्रवर्तयति परहिंसां निवर्तयितुम्। ८१

१३५. एतच्च पूर्वविहितहिंसावत् विधिनिषेधयोर्न विरोधः। ८२
१३६. तच्छास्त्रविश्वासार्थं व्यदधात्, इदं स्वरूपविश्वासार्थं व्यदधात्। ८२
१३७. तच्चर्मस्पर्श्येव गच्छति, इदं मर्मस्पर्शि। ८२
१३८. इदं कर्मसाध्यत्वाद् दुष्करं च भवति। ८३

।।सिद्धोपायाधिकार प्रकरण।।

१३९. प्रपत्त्युपायस्य एतेषु दोषेषु कोऽपि नास्ति। ८४
१४०. आत्मयाथात्म्यज्ञानकार्यत्वात्स्वरूपस्योचिता 'न व्याप्रियताम्' इत्युक्तप्रकारेण निवृत्तिसाध्यत्वात्सुकरा च भवति। ८४
१४१. पूर्णविषयत्वात्तद्वैभवानुगुणमुपहारो न कल्पयितुं शक्यते। ८५
१४२. आभिमुख्यसूचकमात्रे सन्तोषो वर्द्धते। ८५
१४३. पूर्तिर्निवृत्तिमकृत्वा आदरणे हेतुः। ८५
१४४. 'पत्रं पुष्पम्' 'अन्यत्पूर्णात्' 'समर्पणीयो धूमः पुष्पमेव'। ८५
१४५. तृणं प्रदर्श्याहूय तृणं यथा ददति तथा फलसाधनयोर्भेदो नास्ति। ८७
१४६. तस्मात्सुखरूपा च भवति। ८७

।।सिद्धोपायनिष्ठवैभवप्रकरणम् ।।

१४७. अयं तं प्रेप्सति चेदियं प्रपत्तिश्च नोपायः। ८८
१४८. सोऽमुं प्रेप्सति चेत् पातकमपि न प्रतिबन्धकम्। ८८
१४९. एतदुभयमपि श्रीभरते गुहे च दृश्यते। ८८
१५०. श्रीभरतस्य समीचीनमेवाऽसमीचीनं जातं, श्रीगुहस्यासमीचीनमेव समीचीनं जातम्। ८८
१५१. सर्वापराधानामपि प्रायश्चित्तरूपा प्रपत्तिश्चापराधकोटावन्विता क्षमापण कर्तव्यतार्हा स्थिता खलु। ८९
१५२. बहुकालमन्यपरा भार्या लज्जाभये त्यक्त्वा भर्तृसकाशे स्थित्वा मामङ्गीकुरुष्वेत्यपेक्षते चेद् यथा स्यात्तथा वर्तमानः कश्चन खल्वनेन क्रियमाणा प्रपत्तिः। ९०
१५३. कृपया आगतात् पारतन्त्र्यात् स्वातन्त्र्येणागतं पारतन्त्र्यं प्रबलम्। ९०

१५४.	अमुमर्थं वेदपुरुषोऽपेक्षितवान्।	९०
१५५.	अपेक्षानिरपेक्षं मारुतेः श्रीगुहस्य चायं जातः।	९१
१५६.	अनेन पुरस्क्रियमाणान् स पुरस्करोतीत्ययमर्थोऽभयप्रदाने च द्रष्टव्यः।	९१
१५७.	उभावपि पुरस्कुरुतः स्वस्वापराधं शमयितुम्।	९२
१५८.	स्वरूपसिद्धिश्चानेन।	९३
१५९.	इदं चौपाधिकं, नित्यं पारतन्त्र्यमुभयोरप्यस्ति हि।	९३
१६०.	अनित्यस्य पारतन्त्र्यस्य नाशोऽनेन।	९३
१६१.	ससाक्षिकत्वादयं सम्बन्ध उभाभ्यामपि दूरीकर्तुं न शक्यते।	९४
१६२.	'मां त्यजत्यपि' सुन्दरपुष्पवासिन्याः स्नेहरूपः।	९४
१६३.	कर्मणि व्युत्पत्तौ स्वरूपगुणप्रयुक्तं कर्तुः सङ्कोचराहित्यं स्मर्तव्यम्।	९४
१६४.	अधिकारित्रयस्यापि पुरुषकारोऽवर्जनीयः।	९४
१६५.	स्वस्य स्वेन मृग्यमाणो गुणो दोषवत् प्रतिबन्धको भवति।	९६
१६६.	सौन्दर्यायार्पितो कञ्चुको यथा आलिङ्गनस्य विरोधी।	९६
१६७.	'हारोऽपि'।	९७
१६८.	पुण्यमिव पारतन्त्र्यमपि परानुभवस्य विरोधि स्यात्।	९७
१६९.	गुण इव दोषनिवृत्तिः।	९७
१७०.	आभरणमनभिमतं मालिन्यमभिमतमभूत् खलु।	९८
१७१.	स्नानं रोषजनकमिति वार्ता स्मर्तव्या।	९८
१७२.	'वञ्चकः कपटो' 'नश्यतु'।	९९
१७३.	उशीरधर्तारो यथा मृत्सम्बन्धं न दूरीकुर्वन्ति तथा ज्ञानिनं देहेन सहाद्रियते।	९९
१७४.	परमार्तस्यास्य शरीरस्थितेर्हेतुः केवलभगवदिच्छैव हि।	९९
१७५.	'तिरुमालिरुंशोलै' इत्युक्तप्रकारेणाभिमतदिव्यदेशेषु सर्वेषु क्रियमाणमादरमस्य शरीरैकदेशे करोति।	१००
१७६.	तत्र वासः साधनम्, अत्र वासः साध्यम्।	१०१
१७७.	'शिलाः शब्दायमानसमुद्रः' इत्युक्तप्रकारेणास्मिन् सिद्धे तत्रादरः परिमितो भवति।	१०१

१७८. 'बालालयं मा त्यजेः' इत्यनेन प्रार्थना कर्तव्या स्यात्। १०१
१७९. प्राप्यप्रीतिविषयत्वेन कृतज्ञतया च पश्चात्तेऽभिमता भवन्ति। १०२
१८०. तस्माद्दोषनिवृत्तिवदान्तरगुणश्च विरोधी भवति। १०२
१८१. दोषनिवृत्तिरेव दोषः स्याद्धि। १०३
१८२. 'स्वेनागतो गुणः क्रीतदुग्धवत्, तेनागतो गुणः स्तन्यदुग्धवद्' इति कुरुकाधिनाथवार्ता। १०३
१८३. तेन विना स्वेन स्वस्य गुणसम्पादनं स्तनन्धयप्रजां मातापितृहस्तादाकृष्य घातकस्याजावाणिजस्य हस्ते ददाति चेद्यथा तथा भवेत्। १०३
१८४. स्वं स्वयमेव नाशयेत्। १०४
१८५. स्वयमेव स्वविनाशनम्—अहङ्कारस्य विषयाणां चादरणम्। १०४
१८६. अहङ्कारोऽग्निस्पर्शवत्। १०५
१८७. न कामकलुषं चित्तम्। १०५
१८८. न हि मे जीवितेनार्थः। १०५
१८९. 'न देहम्'। १०६
१९०. 'सुमहापदप्रकारमपि'। १०६
१९१. प्रतिकूलविषयस्पर्शो विषस्पर्शवत्, अनुकूलविषयस्पर्शो विषमिश्रान्नभोजनवत्। १०६
१९२. अग्निज्वालां निगीर्य पिपासां शमयितुमिच्छेव, नृत्यतः सर्पस्य छायायां स्थातुमिच्छेव च विषयप्रावण्येन सुखितुमिच्छा। १०७
१९३. अशुणामा (केकयपक्षी) यथा नश्यति तथा भगवदनुभवपरो मृदुप्रकृतिर्विषय दर्शनेन नश्यति। १०७
१९४. 'दर्शयित्वा नाशयसि किम्' इत्युक्तं हि। १०८
१९५. अज्ञो विषयप्रवणः – केवलनास्तिकवत्, ज्ञानवान् विषयप्रवणः – आस्तिकनास्तिकवत्। १०८
१९६. केवलनास्तिको वशीकर्तुं शक्यः, आस्तिकनास्तिकः कदापि वशीकर्तुं न शक्यते। १०८

१९७.	इदं द्वयमपि स्वरूपेण नाशयतीत्येतावन्मात्रं विना भागवतविरोधं च वर्द्धयित्वा नाशयति।	१०९
१९८.	नामरूपविशिष्टाः सन्तो भागवतापचारं कुर्वन्तो दग्धपटवत्।	१०९
१९९.	पिण्डीकृतपटो दग्धोऽपि आतानविताने समे तिष्ठतः, वायौ सञ्चरत्युत्पतेत्।	१०९
२००.	'ईश्वरोऽवतीर्याऽकरोदतिमानुषचेष्टितानि भागवतापचारासहिष्णुत्वाद्' इति यतिर्वदेत्।	११०
२०१.	'अवमानक्रिया'।	११०
२०२.	भागवतापचारोऽनेकविधः।	१११
२०३.	तत्रैकं तेषु जन्मनिरूपणम्।	१११
२०४.	इदं चार्चावतारे उपादानस्मृतेरपि क्रूरम्।	१११
२०५.	तन्मातृयोनिपरीक्षया सममिति शास्त्रं वदति।	१११
२०६.	त्रिशङ्कुवत्कर्मचण्डालो भवेत्—वक्षसि यज्ञोपवीतमेव चर्मरज्जुर्भवेत्।	११२
२०७.	जातिचाण्डालस्य कालान्तरे भागवतो भवितुं योग्यतास्ति, सापि नास्त्यस्य—आरूढपतितत्वात्।	११२
२०८.	अस्याधिकारिनियमो नास्ति।	११३
२०९.	'तदीयश्रेष्ठाः जातिब्राह्मणा अपि' इत्युक्तत्वात्।	११३
२१०.	अत्र वैनतेयवृत्तान्तः, पिल्लैपिल्लैयाल्वानित्यस्य कूरेशोक्ता वार्ता च स्मर्त्तव्या।	११३
२११.	ज्ञानानुष्ठानाभ्यां, रहितत्वेऽपि फलस्य यथा तत्सम्बन्ध एवालं, तथा तयोः सत्त्वेऽप्यप्राप्तेस्तेष्वपचार एवालम्।	११५
२१२.	अत्र जन्मवृत्तादिनियमो नास्ति।	११५
२१३.	अयमर्थः कैशिकवृत्तान्ते, उपरिचरवसुवृत्तान्ते च द्रष्टव्यः।	११६
२१४.	ब्राह्मण्यस्य महार्घता—वेदाध्ययनादिमुखेन भगवल्लाभादिहेतुत्वात्, तदेव हानिहेतुश्चेत्त्याज्यं हि।	११७
२१५.	जन्मवृत्तयोरुत्कर्षोऽपकर्षश्च प्राप्तेर्हानेश्च न प्रयोजकः।	११८
२१६.	प्रयोजको भगवत्सम्बन्धोऽसम्बन्धश्च।	११८

२१७.	भगवत्सम्बन्धे जाते द्वयमपि तुल्यं किमिति चेत्।	११९
२१८.	न तुल्यम्।	११९
२१९.	उत्कृष्टत्वेन भ्रमविषयं जन्म भ्रंशसम्भावनया 'शरीरे च' इत्युक्तप्रकारेण भयजनकम्।	११९
२२०.	तस्य स्वरूपप्राप्तं नैच्यं भावनीयम्।	११९
२२१.	अपकृष्टत्वेन भ्रमविषयीभूतस्योत्कृष्टजन्मन उभयदोषोऽपि नास्ति।	११९
२२२.	नैच्यं जन्मसिद्धम्।	१२०
२२३.	तस्मादुत्कृष्टजन्मैव श्रेष्ठम्।	१२०
२२४.	'श्वपचोऽपि महीपाल'।	१२०
२२५.	निकृष्टजन्मप्रयुक्तो दोषः शाम्यते विलक्षणसम्बन्धेन।	१२०
२२६.	सम्बन्धस्य योग्यतायां जननीयायां जन्मन्यूनतानिवृत्तिरावश्यकी।	१२१
२२७.	जन्मनो न्यूनता तत्परिहारश्च 'अवद्यरहित' (पलुतिला) इति गाथायामुक्तः।	१२१
२२८.	वेधकस्वर्णवदेतैः सम्बन्धः।	१२१
२२९.	एषु साम्यबुद्धिराधिक्यबुद्धिश्च कर्तव्या।	१२२
२२९ए.	सा चाचार्यतुल्याः संसारिभ्यः स्वस्मादीश्वरादधिका इति प्रतिपत्तिः।	१२२
२३०.	आचार्यसाम्यस्य मूलमाचार्यवचनम्।	१२२
२३१.	एवं प्रतिपत्त्यकरणं चापचारः।	१२२
२३२.	अयमर्थ इतिहासपुराणेषु, पयिलुंशुडरोलि नेडुमाल्कडिमै, कण्शोरवेंगुरुदि, नण्णातवालबुणर तेट्टरुंतिरत्तेन् मेंबोरुल् इत्यस्या उपरितनगाथासु च विशदतया दृश्यते।	१२३
२३३.	क्षत्रियो विश्वामित्रो ब्रह्मर्षिरभूत्।	१२६
२३४.	विभीषणं रावणः कुलपांसनमित्यवदत्, स्वामीक्ष्वाकुवंश्यत्वेन स्मृत्वा वार्तामवोचत्।	१२६
२३५.	महाराजस्य स्वामी ब्रह्ममेधसंस्कारमकरोत्।	१२७
२३६.	धर्मपुत्रोऽशरीरिवाक्यं ज्ञानाधिक्यं चादाय श्रीविदुरं ब्रह्ममेधेन संचस्कार।	१२७
२३७.	ऋषयो गत्वा धर्मव्याधगृहद्वारे श्रान्ता धर्मसन्देहान् प्राशमयन्त।	१२८

२३८. श्रीकृष्णो भीष्मद्रोणादीन् विहाय विदुरगृहे भुक्तवान्। १२९

२३९. स्वामी शबरीहस्तेन भुक्तवान्। १३०

२४०. मारनेरीनंबिविषयतया भाष्यकारं प्रति महापूर्णोक्ता वार्ता स्मर्तव्या। १३०

२४१. 'प्रादुर्भावै' रित्यादि। १३१

२४२. भागवतत्वरहितः केवलवेदार्थज्ञानादिमान् कुंकुमभारवहगर्दभवदिति वदति हि। १३१

२४३. राजा श्रीकुलशेखरस्वामी तिर्यक्स्थावरजन्मानि आशास्त। १३१

२४४. ब्राह्मणोत्तमः श्रीविष्णुचित्तस्तनया च गोपजन्म आस्थानमकुरुताम्। १३१

२४५. मालिन्ये निवृत्ते सर्वेषामपि नारीणामुत्तमाया अवस्थाऽऽगच्छेत्। १३२

२४६. षड्भिः प्रकारैः परिशुद्धात्मस्वरूपस्य तत्साम्यमस्ति। १३२

२४७. दृष्ट उत्कर्षोऽहंकारेणादृष्ट उत्कर्षोऽहंकारराहित्येन। १३२

२४८. ब्रह्मा हीनो गोपिका प्राप्तवतीत्येवं कर्तुं योग्यः। १३३

।।प्रपन्न दिनचर्या प्रकरण।।

२५८*. एवं सर्वप्रकारेणापि नाशहेतोरहंकारस्य तत्कार्यस्य विषयप्रावण्यस्य च स्वस्यैवोत्पत्तिस्थानभूतत्वात् स्वं पश्यति चेच्छत्रुमिव, तस्य वर्धकान् संसारिणः पश्यति चेत् सर्पमिव, तस्य निवर्तकान् श्रीवैष्णवान् पश्यति चेद्बन्धूनिव, ईश्वरं पश्यतिचेत् पितरमिव, आचार्यं पश्यति चेत् क्षुधित ओदनमिव, शिष्यं पश्यति चेदभिमतविषयमिव स्मृत्वाऽहङ्कारार्थकामास्त्रयोऽनुकूलविषयेऽनादरं प्रतिकूलविषये प्रावण्यमुपेक्षणीयविषयेऽपेक्षां चोत्पादयन्तीति भीतः, आत्मगुणा अस्माभिरितरैश्च नोत्पादयितुं शक्याः सदाचार्यप्रसादहेतुना जातेन भगवत्प्रसादेन जायन्ते इत्यध्यवस्य देहयात्रायामुपेक्षा, आत्मयात्रायामपेक्षा, प्राकृतवस्तुषु भोग्यताबुद्धिनिवृत्तिः, देहधारणं परमात्मसमाराधनसमाप्तिप्रसाद प्रतिपत्तिरिति बुद्धिविशेषः, स्वस्य कस्मिंश्चित्क्लेशे सति कर्मफलमिति वा कृपाफलमिति वा जायमाना प्रीतिः, स्वानुष्ठाने साधनबुद्धिनिवृत्तिः, विलक्षणानां ज्ञानानुष्ठानयोर्वान्छा, अभिमतस्थलेष्वादरातिशयः, मङ्गलाशासनं, इतरविषयेष्वरुचिः, आर्तिः, अनुवर्तननियतिः, १३४

* सुविधा के लिए (मूल के अनुसार) सूत्र क्रमांक इसी तरह रखे गये हैं।

आहारनियतिः, अनुकूलसहवासः, प्रतिकूलसहवासनिवृत्तिश्च सदाचार्यप्रसादेन यथा वर्द्धेरन् तथा कुर्वन् वर्तेत।

।। अथतृतीयंप्रकरणम् ।।

२५९. मङ्गलाशासनं स्वरूपविरुद्धं न भवति किमिति चेत्? ज्ञानदशायां रक्ष्यरक्षकभावः स्वस्थाने तिष्ठति प्रेमदशायां वैपरीत्येन तिष्ठति। १३९

२६०. तत्स्वरूपमनुसन्दधाति चेत् तं रक्षकत्वेन स्वीकृत्य स्वात्मानं रक्षति, तत्सौकुमार्यमनुसन्दधाति चेत् स्वं रक्षकत्वेन स्वीकृत्य तं रक्षति। १३९

२६१. अयमर्थश्चक्रवर्ती श्रीजनकराजतनया विश्वामित्रो दण्डकारण्यवासिन ऋषयो मारुतिर्महाराजः श्रीनन्दगोपः श्रीविदुरः श्रीधनुर्दास इत्येतत्प्रभृतिषु द्रष्टव्यः। १४०

२६२. बालस्वामिनि श्रीगुहोऽतिशङ्कामकरोत्। उभयोरतिशङ्कां कृत्वा गुहपरिकराः स्वामिनमरक्षन्। १४२

२६३. एकस्मिन् दिने मुखं पश्यतां सौन्दर्येण क्रियमाणप्रकारः सः। १४३

२६४. एतेऽस्मत्कोटाविति वक्तुं योग्या दिव्यसूरीणां स्थितिः। १४३

२६५. दिव्यसूरयः सर्व इव न भवति महान् सूरिः। १४४

२६६. तेषां तत्कादाचित्कमस्य नित्यम्। १४४

२६७. तेषां निमज्जनमेणस्योत्थानं भवति। १४४

२६८. तेषामुभयशेषत्वं विनाश्य स्वरूपं निमज्जयत्तदस्योभयवृद्धिहेतुः सत्स्वरूपमुत्तारयति। १४४

२६९. भयनिवर्तकानां भयोत्पत्तिः, प्रतिकूलानां चानुकूलकरणं, अतीतकालापदानानामुत्तरकाले उदरज्वलनं, प्राप्तिफलमिदमेवेत्युक्तिः, अनिमिषान्प्रत्यपि 'मा स्वपत मा स्वपत', इत्युक्तिरेवम्प्रकारेणेदमेव यात्रा भवति। १४५

२७०. इतरवच्छृण्वतामुपदिशतां चासहायतानिवृत्त्यर्थं न भवति 'दासाश्च न सन्ति' इति तस्यासहायतानिवृत्त्यर्थं भाष्यकारोऽयं चोपदिशतः। १४६

२७१. अन्येषां सत्तासमृद्धी दर्शनानुभवकैङ्कर्यैः अस्य मङ्गलाशासनेन। १४७

२७२. अभिमतस्थलान्यनुसंहितानि चेदस्य यात्रैवास्माकं सर्वेषां यात्रा स्यात्। १४७

२७३. तस्मान्मङ्गलाशासनं स्वरूपानुरूपम्। १४८

२७४.	अनुकूला ज्ञानभक्तिवैराग्याणि प्रवेश्य निष्कासिता इवाकारे ज्ञातुं योग्याः परमार्ताः।	१४८
२७५.	एकस्मिन् केदारे जलपूर्णे स्थिते समीपकेदारो यथा आर्द्रो भवति तथैतद्रहितानामप्येतेषां सम्बन्धेन म्लानिनिवृत्तिर्जायेत।	१४८
२७६.	नदीजल आसन्ने यथा तदनुरूपलिङ्गानि जायन्ते तथा प्राप्तावासन्नायामेते स्वभावविशेषाः स्वत एव वर्द्धेरन्।	१४९
२७७.	एतान्यादाय चरमशरीरमिति स्वेनैव निश्चेतुं शक्यम्।	१४९
२७८.	प्रतिकूला भवन्ति देहात्माभिमानिनः स्वतन्त्रा अन्यशेषभूता उपायान्तरनिष्ठाः स्वप्रयोजनपराः।	१४९
२७९.	एतेषामुद्देश्या उपायोपेयाश्च भिन्नभिन्नाः।	१५०
२८०.	देहात्माभिमानिनामुद्देश्या देहवर्द्धका मनुष्याः। उपायोऽर्थः। उपेयमैहिकभोगः। स्वतन्त्राणामुद्देश्याः स्वर्गादिभोगप्रदाः। उपायः कर्मानुष्ठानम्। उपेयं स्वर्गादिभोगः। अन्यशेषभूतानामुद्देश्याः ब्रह्मरुद्रादयः। उपायस्तत्समाश्रयणम्। उपेयं तत्सायुज्यम्। उपायान्तरनिष्ठानामुद्देश्यो देवतान्तर्यामीश्वरः। उपायः कर्मज्ञानभक्तयः। उपेयं भगवदनुभवः। स्वप्रयोजनपराणामुद्देश्योऽर्चावतार ईश्वरः। उपायः स्वकृतमाश्रयणम्। उपेयं स्वार्थकैङ्कर्यम्।	१५०
२८१.	पूर्वोक्तास्त्रयो निग्रहस्य विषयाः, अन्यौ द्वावनुग्रहस्य विषयौ।	१५१
२८२.	त्रयाणामपि कर्मानुभवविनाश्यं, चतुर्थाधिकारिणः प्रायश्चित्तविनाश्यं, पञ्चमाधिकारिणः पुरुषकारविनाश्यम्।	१५१
२८३.	उपायः स्वीकारे पुरुषसापेक्षः पुरुषकारसापेक्षश्च भवेत्, कार्यकाल उभयनिरपेक्षश्च भवेत्।	१५२
२८४.	स्वप्रयोजनपराः सर्वे प्रतिकूला इति कथमुच्यन्त इति चेत्।	१५२
२८५.	अत्र स्वप्रयोजनमित्याश्रयदोषजन्यमुच्यते।	१५३
२८६.	अतो न दोषः।	१५३
२८७.	विषयदोषप्रयुक्तानि सर्वाणि दुस्त्यजं खलु।	१५३
२८८.	मूकैर्बधिराणां वार्ता 'कथमन्यदिच्छति'।	१५३

२८९.	एवमेतेषां सर्वेषां सदाचार्यप्रसादेन वर्द्धनसमये वस्तव्यमाचार्यसन्निधिर्भगवत्सन्निधिश्च, वक्तव्यमाचार्यवैभवः स्वनिकर्षश्च, जप्तव्यं गुरुपरम्परा द्वयं च, परिग्राह्यं पूर्वाचार्यवचनमनुष्ठानं च, परित्याज्योऽवैष्णवसहवासोऽभिमानश्च, कर्तव्यमाचार्यकैङ्कर्यं भगवत्कैङ्कर्यं च।	१५४
२९०.	पूर्वोक्तभगवत्कैङ्कर्यं ज्ञायते शास्त्रमुखेन, आचार्यकैङ्कर्यं ज्ञायते शास्त्रमुखेनाचार्यवचनेनच।	१५६
२९१.	कैङ्कर्यं च द्विविधम्।	१५६
२९२.	तच्चेष्टकरणमनिष्टनिवृत्तिश्च।	१५६
२९८*.	इष्टानिष्टे वर्णाश्रमावात्मस्वरूपं चावलम्ब्य वर्तेते।	१५६
२९९.	पुण्याद्भीतः पापं न कुर्यात् खलु।	१५७
३००.	अयं पुण्यं पापमिति तिष्ठति, स पापं पुण्यमिति तिष्ठति तस्येदं दुर्लभं, अयं तन्न कुर्यात्।	१५८
३०१.	कैङ्कर्यं च भक्तिमूलं स्यात् अथवा भीतिमूलं स्यात्।	१५८
३०२.	तदपि नास्ति चेत् अधिकारे उपायोपेययोश्चान्वयो नास्ति।	१५८
३०३.	कैङ्कर्यं फलसाधनमकृत्वा फलं कुर्यात्।	१५९
३०४.	तच्च स्वयं हस्तप्रसारणमकृत्वा स यथा हस्तं प्रसारयेत् तथा करणम्।	१५९
३०५.	दत्वा स्वीकारमकृत्वा स्वीकारस्य हस्तपण्यं च देयम्।	१५९
३०६.	श्रीविदुरवच्छ्रीमालाकारवत्कुब्जावच्च किञ्चित्कारे कृते स्वरूपमुज्ज्वलं भवति।	१५९
३०७.	अङ्कशोधनरहितमोदनं, केशगन्धरहितं पुष्पं, चूर्णस्पर्शरहितो गन्धश्च खलु तैर्दत्तः।	१५९
३०८.	कैङ्कर्यदशावत्पूर्वदशास्वपि स्वरूपमुज्ज्वलं कर्तव्यम्।	१६१
३०९.	पूर्वं चतस्रो दशाः।	१६१
३१०.	ताश्च—ज्ञानदशा वरणदशा प्राप्तिदशा प्राप्यानुभवदशा च।	१६१
३११.	ज्ञानदशायामज्ञानं पुरस्कार्यं, वरणदशायामपूर्तिः पुरस्कार्या, प्राप्तिदशायामार्तिः पुरस्कार्या, प्राप्यानुभवदशायामभिनिवेशः पुरस्कार्यः।	१६१

* सुविधा के लिए (मूल के अनुसार) सूत्र क्रमांक इसी तरह रखे गये हैं।

३१२.	अस्याज्ञानस्य निवृत्तिराचार्यज्ञानेन, अपूर्तेर्निवृत्तिरीश्वरपूर्त्या, आर्तेर्निवृत्तिः कृपया, अभिनिवेशस्य, निवृत्तिरनुभवेन।	१६२
३१३.	अज्ञानस्य हेतुरपराधः, अपूर्तेर्हेतुर्ज्ञानपूर्तिः आर्तेर्हेतुरलाभः अभिनिवेशस्यहेतुः सौन्दर्यम्।	१६३
३१४.	आर्त्यभिनिवेशप्रकारोऽर्चिरादिगतावुक्तः।	१६३
३१५.	अस्य दशाचतुष्टयवद् गुणचतुष्टयमप्यस्ति।	१६३
३१६.	ज्ञानमज्ञानं शक्तिरशक्तिश्च।	१६३
३१७.	इदं च तस्याप्यस्ति।	१६४
३१८.	तस्य ज्ञानस्य विषयोऽस्य गुणः, अज्ञानस्य विषयोऽस्य दोषः, शक्तेर्विषयोऽस्य रक्षणं, अशक्तेर्विषयः परित्यागः।	१६४
३१९.	अस्य ज्ञानस्य विषय आचार्यगुणः, अज्ञानस्य विषय आचार्य दोषः, शक्तेर्विषयः आचार्यकैङ्कर्यं, अशक्तेर्विषयो निषिद्धानुष्ठानम्।	१६४
३२०.	निषिद्धानुष्ठानं चतुर्विधम्।	१६५
३२१.	तच्चाकृत्यकरणं भगवदपचारो भागवतापचारोऽसह्यापचारश्च।	१६५
३२२.	अकृत्यकरणं नाम—परहिंसा परस्तोत्रं परदारपरिग्रहः परद्रव्यापहरोऽसत्यकथनमभक्ष्यभक्षणमेतत्प्रभृति।	१६५
३२३.	भगवदपचारो नाम देवतान्तरैस्तुल्यतयेश्वरस्य चिन्तनम्, रामकृष्णाद्यवतारेषु मनुष्यसजातीयत्वबुद्धिः, वर्णाश्रमविपरीतोपचारः, अर्चावतार उपादाननिरूपणम्, आत्मापहारः, भगवद्द्रव्यापहार एतत्प्रभृतिः।	१६५
३२४.	भगवद्द्रव्यस्य स्वयमपहारोऽपहर्तृणां सहकारित्वं, तेभ्यो याचितमयाचितं वा परिग्रहश्च भगवतोऽनिष्टः।	१६८
३२५.	भागवतापचारो नामाहङ्कारार्थकामहेतुना श्रीवैष्णवेषु क्रियमाणो विरोधः।	१६८
३२६.	असह्यापचारो नाम—निर्निबन्धनं भगवद्भागवतविषय इत्युक्तावसहमानतया स्थितिः, आचार्यापचारः, तद्भक्तापचारश्च।	१६८
३२७.	एत एकस्मादेकः क्रूरः, उपायविरोधिनः, उपेयविरोधिनश्च।	१६९

।।सदाचार्यलक्षण प्रकरण।।

३२८. स्वेन हितोपदेशकरणसमये स्वस्य शिष्यस्य फलस्य च व्यत्यासेनानुसन्धानं क्रूरनिषिद्धम्। १७१

३२९. स्वस्य व्यत्यासेनानुसन्धानं नाम—स्वस्याचार्यत्वे नानुसन्धानं, शिष्यस्य व्यत्यासेनानुसन्धानं नाम स्वस्य शिष्य इत्यनुसन्धानं, फलस्य व्यत्यासेनानुसन्धानं नाम—दृष्टफलप्रयोजनस्य शिष्यस्योज्जीवनस्य भगवत्कैङ्कर्यस्य सहवासस्य च फलत्वेनानुसन्धानम्। १७१

३३०. अनुसन्धानाभाव एतत्फलचतुष्टयसिद्धिप्रकारः कथमिति् चेत्—शेषभूतस्य शिष्यस्यानुसन्धानेन दृष्टफलं सिद्ध्यति, ईश्वरस्यानुसन्धानेनोज्जीवनं सिद्ध्यति, आचार्यस्यानुसन्धानेन भगवत्कैङ्कर्यं सिद्ध्यति, उपकारस्मृत्या सहवासः सिद्ध्यति। १७२

३३१. साक्षात्फलमाचार्यत्वं च कथं सिद्ध्यतीति चेत्—स्वानुसन्धानेनेश्वरानुसन्धानेन च सिद्ध्यति। १७२

३३२. एवं विनोपदेश उभयोरपि स्वरूपसिद्धिर्नास्ति। १७३

३३३. आचार्यस्य शिष्यस्य विषये कृपा स्वाचार्यविषये पारतन्त्र्यं चावश्यापेक्षितम्। १७३

३३४. कृपया शिष्यस्वरूपं सिद्ध्यति, पारतन्त्र्येण स्वस्वरूपं सिद्ध्यति। १७३

३३५. साक्षादाचार्य इत्युच्यते संसारनिवर्तकस्य महाश्रीमन्त्रस्योपदेष्टा। १७४

३३६. संसारवर्द्धकानां क्षुद्राणां भगवन्मन्त्राणामुपदेष्टृणामाचार्यत्वपूर्तिर्नास्ति। १७४

३३७. भगवन्मन्त्राः क्षुद्रा इत्युच्यन्ते फलद्वारा। १७५

३३८. संसारवर्द्धका इत्यपि तेन। १७५

३३९. इदं चौपाधिकम्। १७५

३४०. चेतनानां रुच्यागतत्वात्। १७५

।।सच्छिष्य लक्षण प्रकरण।।

३४१. शिष्य इत्युच्यते साध्यान्तरनिवृत्तिः फलसाधनशुश्रूषाऽऽर्तिरादरोऽनसूया इत्येतद्विशिष्टः। १७६

३४२. मन्त्रो देवता फलं फलानुबन्धिनः फलसाधनमैहिक भोगश्चैते सर्वे आचार्य एवेत्यनुसन्धानं कुर्यात्। १७६

३४३.	माता पितेत्यादिश्लोक अयमर्थः परमाचार्यैरुक्तः।	१७७
३४४.	एतन्मूलमुपकारस्मृतिः।	१७७
३४५.	उपकारस्मृतेः प्रथमावधिराचार्यविषये कृतज्ञता, चरमावधिरीश्वरविषये कृतज्ञता।	१७७
३४६.	शिष्य आचार्यश्चान्योन्यं प्रियहिते प्रवर्तेयाताम्।	१७८
३४७.	शिष्यः स्वयं प्रियं प्रवर्तयेत् ईश्वरेण हितं प्रवर्तयेत्, आचार्यो व्यत्यासेन प्रवर्तयेत्।	१७८
३४८.	शिष्यः प्रीतौ तत्परो वर्तेत, आचार्य उज्जीवने तत्परो वर्तेत।	१७८
३४९.	तस्माच्छिष्यस्याचार्यहर्षविषयत्वं विना रोषविषयतया अवकाशो नास्ति।	१७९
३५०.	निग्रहस्य पात्रं भवति चेत् स हितरूपत्वादुभयोरप्युपादेयः।	१७९
३५१.	शिष्यस्य निग्रहकारणं त्याज्यम्।	१७९
३५२.	निग्रहश्च भगवन्निग्रहवत् प्राप्यान्तर्गतः।	१८०
३५३.	आचार्यः शिष्यस्य स्वरूपं रक्षेत्, शिष्य आचार्यस्य देहं रक्षेत्।	१८०
३५४.	उभयमप्युभयोरपि स्वरूपं भगवत्कैङ्कर्यं च।	१८०
३५५.	आचार्यस्य देहरक्षणं स्वरूपहानिः शिष्यस्यात्मरक्षणं स्वरूपहानिः।	१८०
३५६.	आचार्येणात्मरक्षणकरणसमय अहङ्कारो विरोधी, शिष्येण देहरक्षणकरणसमये ममकारो विरोधी।	१८१
३५७.	आचार्यः स्वदेहरक्षणं स्ववस्तु गृहीत्वा कुर्यात्, शिष्यः स्वदेहरक्षणमाचार्यवस्तु गृहीत्वा कुर्यात्।	१८१
३५८.	आचार्यः शिष्यवस्तु नादद्यात्, शिष्यः स्ववस्तु न दद्यात्।	१८१
३५९.	आदाने दरिद्रः स्याद्दाने चोरः स्यात्।	१८१
३६०.	आदानं दानं च जायते यदि सम्बन्धो नश्येत्।	१८२
३६१.	अयं दरिद्रत्वान्न ददाति, स सम्पूर्णत्वान्नाददाति।	१८२
३६२.	तस्य पूर्त्या स्वरूपं जीवति, अस्य दारिद्र्येण स्वरूपं जीवति।	१८२
३६३.	तर्हि शिष्येणाचार्यस्य क्रियमाण उपकारः कोऽपि नास्ति किमिति चेत्? आचार्यानुसन्धानेनास्ति।	१८२

३६४. स च ज्ञानव्यवसायप्रेमसमाचाराः। १८३

३६५. आचार्यस्य प्रीत्यर्थमस्य निवर्तनीयो भगवद्द्रव्यस्यापहारो भगवद्भोजननिरोधो गुरुमन्त्रदेवतापरिभवश्च। १८३

३६६. भगवद्द्रव्यापहारो नाम—स्वातन्त्र्यमन्यशेषत्वं च।
भगवद्भोजननिरोधो नाम—तद्रक्षकत्वस्य निरोधः। १८३

३६७. तस्य रक्षकत्वक्रमः प्रपन्नपरित्राण उक्तः। १८४

३६८. गुरुपरिभवो नाम—श्रुतार्थप्रकारेणानुष्ठानराहित्यम्, अनधिकारिभ्य उपदेशः। १८४
मन्त्रपरिभवो नाम—अर्थविस्मृतिः, विपरीतार्थप्रतिपत्तिश्च।
देवतापरिभवो नाम—करणत्रयस्य चाप्राप्तविषयेषु प्रावण्यं तद्विषयेऽप्रावण्यं च।

३६९. अस्य शरीरावसानपर्यन्तमाचार्यविषये 'मम दुष्टं मनो निवर्तितवान्, एकाकारेणाश्रयणयोग्यं मनो दत्तवान्' इत्युपकारस्मृतिर्वर्तितव्या। १८४

३७०. मनसो दोषः—स्वगुणस्य भगवद्भागवतदोषस्य चानुसन्धानम्। १८४

३७१. दोषस्याननुसन्धानं गुणवद्विद्यमाने न भवति किन्तु तदभावात्। १८५

३७२. दोषोऽस्तीति स्मर्यते यदि स च परदोषो न भवति किन्तु स्वदोषः। १८५

३७३. स्वदोषः कथमिति चेत्? स्वदोषेण च बन्धेन च। १८६

३७४. स्वदोषो नास्ति यदि गुणप्रतिपत्तिर्वर्तेत। १८६

३७५. तदभावे दोषज्ञानमेव दोषः स्यात्। १८६

३७६. अस्यावसरो नास्ति। १८६

३७७. स्वदोषस्य भगवद्भागवतगुणानां चैव कालस्य पर्याप्तत्वात्। १८६

३७८. संसारिणां दोषं स्वदोष इति स्मरेत्। १८७

३७९. तस्य च हेतुर्बन्धज्ञानम्। १८७

३८०. निमेषकालमपि न स्मराम इत्युक्तत्वात्स च न प्रतीयते। १८७

३८१. प्रतीतिश्च निवर्तनार्थम्। १८८

३८२. जानकी राक्षसीनामपराधं स्वामिनो मारुतेश्च नावेदयत्, तथा स्वविषयेऽन्यैः कृतमपराधं भगवद्भागवतविषयेषु च न निवेदयेत्। १८८

३८३. ज्ञापयितुं शक्तोऽपि मुखमनुद्घाट्य सर्वज्ञविषयाणामप्याच्छादयतीत्युक्तं हि। १८८

३८४. अपराधकर्तृविषये क्षमा कृपा हासः प्रीतिरुपकारस्मृतिश्च कर्तव्याः। १८९

।। भगवन्निर्हेतुकविषयीकारप्रकरणम् ।।

३८५. स्वदोषानुसन्धानं भयहेतुः भगवद्गुणानुसन्धानमभयहेतुः। १९०

३८६. भयाभययोरुभयोरपि व्यत्यासेऽज्ञतैव सिद्ध्यति। १९०

३८७. तर्हि बाधितुमितः परमपि विचारयसि, नदीकूलस्थ वृक्षवद्बिभेमीति गाथानां किं निदानमितिचेत्। १९१

३८८. बन्धानुसन्धानम्। १९१

३८९. प्रजा वीथ्यां स्खलित्वा मातृपृष्ठे प्रहरति तथा निरुपाधिकबन्धुना शक्तेन निवारणे न कृते तथोक्तिरुचिता खलु। १९१

३९०. प्रजां कूपसमीपान्नापनयति यदि मातरमपातयदिति वदन्ति खलु। १९२

३९१. अस्यानुमतिः प्राप्तेर्यथा न हेतुस्तथा तस्यानुमतिर्हानिहेतुर्न भवति। १९२

३९२. द्वयमप्युभयोः स्वरूपम्। १९२

३९३. हानिहेतुः कर्म, प्राप्तिहेतुः कृपा। १९२

३९४. अन्यथोक्तौ हानिहेतुः स्यात्। १९३

३९५. उद्धर्तुं चिन्तयन्तं प्रत्यपातयदित्युक्तिरनुद्धरणहेतुर्भवति खलु। १९३

३९६. 'क्रोधोऽस्तीति' अनन्तरममुमर्थं स्वयमेवावोचत् खलु। १९३

३९७. क्रोधोऽस्तीति ज्ञाने कथमुच्यत इति चेत्? कृपार्तिरनन्यगतित्वं च भाषयति। १९३

३९८. क्रोधे कृतेपि पादावरोधनयोग्यः कश्चन प्राप्तश्चेत् सर्वं वक्तुं शक्यते खलु। १९४

३९९. कृपया पर्यपालयत् (अरिशिनत्ताल्) अत्यन्तकोपेन। १९४

।। अथचतुर्थप्रकरणम् ।।

।। निर्हेतुककृपावैभव प्रकरण।।

४००. त्रिपाद्विभूतौ परिपूर्णानुभवे वर्तमानेपि तस्याकिञ्चित्करत्वेन देशान्तरस्थपुत्रविषये पितृहृदयवत्संसारिचेतनविषये हृदयस्य स्थित्या तद्विश्लेषासहिष्णुतया तैः सह मिलित्वा विनियोक्तुं करणकलेवराणि दत्वा तैर्व्यापारान् कर्तुमुपयुक्तान् शक्तिविशेषांश्च दत्वा चक्षुर्दृश्यतया स्थितौ शपथं कृत्वा निवारयेयुरिति नेत्राविषयतया स्थितः स्वपन्तीं प्रजां माता पृष्ठे आलिङ्गन्ती यथा शेते तथा स्वावगतसम्बन्धहेतुना त्यक्तुमसमर्थोऽत एवालिङ्ग्यानुभवादपि स्वीयत्वख्यापनानुवृत्तिरेव समीचीनेति सत्तां रक्षन् समदुःखी एतेष्वसत्कर्मसु १९५

प्रवर्तमानेषु निवर्तनाक्षमोऽनुमतिं कुर्वन्नुदासीनवत्स्थित्वा व्यावर्तयितुमवकाशं दृष्ट्वा पुण्यमिति नामकरणार्हमेकं पापमप्यदृष्ट्वा मुखे वेधित्वा दृष्ट्वैकेनापि मार्गेण द्रव्यादर्शनेऽप्राप्यमिति नेत्रजलेननिवर्तते। स्वस्य किञ्चिदवकाशलाभे मद्ग्राममवोचः स्वं नामावोचः मद्दासानरक्षस्तच्छ्रमंन्यवतर्यस्तेषां स्थातुं छायामदा इतिवत्कानिचिदारोप्याङ्के आम्रं निक्षिप्य सुवर्णवणिक् स्वर्णं घर्षणोपले विघृर्ष्य मधूच्छिष्टेन कालान्तरे यथैकीकरोति तथा प्रतिजन्मपरम्परया यादृच्छिकप्रासङ्गिकानुषङ्गिकसुकृतविशेषान् कल्पयित्वा स्वयमेव तदेकं दशकृत्वा वर्तयेत्।

४०१. ललिताचरितादिष्वयमर्थः सङ्कोचं विना द्रष्टव्यः। १९८

४०२. अज्ञा मनुष्यास्तूष्णीं दत्तवानिति तिष्ठन्ति। २००

४०३. ज्ञानिनः 'अद्य मां पदार्थं कृत्वा स्वं मदन्तः स्थापितवान्' २००
'किं पुण्यमकरवं मम हृदये भाति' 'मध्य आगत्योज्जीवयन्नाथः'
'अज्ञातज्ञापकः स्वामी' 'त्वत्कृतान्दासोऽहं न जानामि'
'अपदार्थभूतं मां पदार्थं कृत्वा दास्यं स्वीकृतवान्'
'मम दुष्टं मनो निवर्तितवान्' 'अनन्यप्रयोजनतयाऽश्रयन्मनो दत्तवान्'
इति विस्मितास्तिष्ठन्ति।

४०४. भाष्यकारकाले एकस्मिन् दिने श्रीरङ्गनाथस्य यात्रापर्यन्तं प्रतीक्ष्य महामण्डपस्याधस्तात् ज्ञानाधिकेषु सर्वेषु समूहतया स्थितेष्वेतदर्थप्रस्तावे वार्ताः स्मर्तव्याः। २०१

४०५. तस्मादज्ञातानि सुकृतान्येवावलम्बनं कुर्वन् कटाक्षते। २०१

४०६. एतानि च यथा फलितानि भवन्ति तथा खल्विमं प्रथमतः सोऽसृजत्। २०१

४०७. तन्निरूपितं चेदस्यैकमपि न कर्तव्यमिति वर्तते। २०२

४०८. प्राचीनतया कृष्यते रोप्यते फलतीत्येव वर्तमाने क्षेत्रे विकीर्णान्यङ्कुरितानि फलपर्यन्तानीव यथैतानि स्वत एव फलितानि भवन्ति तथा भक्तिकर्षकेण प्राचीनस्यास्य सृष्टिकरणप्रकारः। २०२

४०९. तानि कानीति चेत्। २०२

४१०. पूर्वं कृतपुण्यापुण्यफलानि चिरकालं भुक्त्वोत्तरकाले वासनामादाय प्रवर्तनयोग्यकार्यशून्यदशायां वयं केऽस्मत्स्थितिः कीदृश्यस्माकमुपरि गन्तव्यं किमिति जायमानाः केचन निरूपणविशेषाः सन्ति ते वा पूर्वोक्तानि वा। २०२–०३

४११. यथा हि मोषकाः पान्थ इत्यारभ्यैतस्य क्रमो भगवच्छास्त्र उक्तः। २०३

४१२. 'अकाण्डमेव कृपां करोति' इत्यमुमर्थं स्पष्टमवोचत्। २०४

४१३. 'कुर्वताम्' इति कृपाया हेतुः सुकृतमित्युक्तिर्नास्ति किमिति चेद् 'अकाण्डमेव' इत्यस्य विरोधः। २०४

४१४. भगवदाभिमुख्यं सुकृतेन न जायते किन्तु भगवत्कृपया, अद्वेषः सुकृतेनेति चेत्तस्य फलविशेषस्य तत् कारणमिति वक्तुं न शक्यते। २०४

४१५. शास्त्राविहितस्यास्मदज्ञातस्य सुकृतमित्यस्माभिर्नाम कथं क्रियते इति चेन्न वयमीश्वर इति श्रुतम्। २०५

४१६. एतदर्थविषयतया दिव्यसूरीणां गाथासु परस्परविरोध इव भासते तत्र वक्तव्यान् परिहारानन्यांश्च वक्तव्यान् विस्तरभयान्न वदामः। २०५

४१७. तस्मादस्य विमुखदशायामप्युज्जीवनार्थं कृषिं कुर्वाण ईश्वरेऽनुसंहिते सदा निर्भरस्तिष्ठेत्। २०६

४१८. 'अग्रे व्यापने प्रविश्य' एकं ग्रहीतुं विचार्य यथा ग्रामं रुधन्ति तथा व्याप्तिरपि सृष्ट्यवतारादिवत्स्वार्थमिति हि ज्ञानाधिकानामनुसन्धानम्। २०७

४१९. कर्मफलवत्कृपाफलमप्यनुभाव्यमेव। २०७

४२०. कृपानिस्सरतिचेदुभयोरपि स्वातन्त्र्येण यथा निरोद्धुं न शक्यते तथोभयकूलमप्युपमर्द्य प्रवहति। २०७

४२१. भयहेतुः कर्म, अभयहेतुः कारुण्यम्। २०८

४२२. भयाभयोभयमपि पर्यायेण प्राप्तिपर्यन्तं स्यात्। २०८

४२३. निवर्त्यज्ञानं भयहेतुः, निवर्तकज्ञानमभयहेतुः। २०८

।।चरम प्राप्य प्रापक प्रकरण।।

४२४. स्वतन्त्रस्योपायत्वेनाश्रयणकाले एव खल्वयं प्रसङ्गोऽस्ति। २११

४२५. भोजनकाले एकां वार्तां भोजनाभावकाले एकां वार्तां च वदन्तो दश सन्ति हि तेषां गाथा आदायायमर्थो न निश्चीयते। २११

४२६. तान् विहस्य तिष्ठति खल्वेकस्तस्य गाथामादायामुमर्थं निश्चिनुमः। २१२

४२७. स्वरूपस्य प्राप्यस्य चानुरूपः स्यात् खलु प्रापकः। २१३

४२८. आन्ध्रपूर्णः कूरेशं दाशरथिं चोभयकूलस्थाविति वदति। २१४

४२९.	प्राप्यस्य प्रथमपर्व आचार्यकैङ्कर्यं मध्यमपर्व भगवत्कैङ्कर्यं चरमपर्व भागवतकैङ्कर्यम्।	२१५
४३०.	स्वरूपप्राप्तिं शास्त्रेषु पुरुषार्थत्वेन वदति यथा प्राप्तिफलतया कैङ्कर्यमागच्छति तथा साध्यविवृद्धित्वेन चरमपर्व आगच्छति।	२१५
४३१.	इदं च दुर्लभम्।	२१५
४३२.	विषयप्रवणस्य तं विहाय भगवद्विषय आगमने यावान् परिश्रमोऽस्ति तावान्न भवति प्रथमपर्व विहाय चरमपर्वणि आगमने।	२१६
४३३.	तत्र दोषदर्शनेन निवृत्तिः स्यात् अत्र तत्कर्तुं न शक्यते।	२१६
४३४.	दोषसत्त्वेऽपि गुणवदुपादेयो भवति।	२१६
४३५.	लोकविपरीतं खल्वत्र वर्तते।	२१६
४३६.	गुणस्योपादेयत्वप्रयोजको हेतुर्दोषस्याप्यस्ति हि।	२१७
४३७.	निर्घृण इत्युक्त्वा विरामात्पूर्वं गुणवानिति वक्तव्यतया स्थितः।	२१७
४३८.	एवं वक्तुमर्हता कृता कृपयेति स्नेह उपकारस्मृतिश्चावर्तत खलु।	२१७
४३९.	निर्घृणतया शङ्कित्वा कथन दशायामपि कारणं स्वगतत्वेनोक्तम्।	२१७
४४०.	गुणदोषावुभावपि क्षुद्रपुरुषार्थं पुरुषार्थकाष्ठां च नाशयतः।	२१८
४४१.	नित्यशत्रुत्वेन खलु वर्तते।	२१९
४४२.	एवं प्राप्ये निर्णीतेऽस्य सदृश आवश्यकः खलु प्रापकः।	२१९
४४३.	अन्यथा प्राप्यप्रापकयोरैक्याभावप्रसङ्गः।	२१९
४४४.	ईश्वरस्याश्रयणं—हस्तं गृहीत्वा कार्यसाधनवत्, आचार्यस्याश्रयणं—चरणं गृहीत्वा कार्यसाधनवत्।	२२०
४४५.	आचार्य उभयोरप्युपकारकः।	२२०
४४६.	ईश्वरस्य शेषवस्तूपकृतवान् चेतनस्य शेषिणमुपकृतवान्।	२२१
४४७.	ईश्वरश्च स्वयमाचार्यत्व आशां कृत्वा तिष्ठति।	२२१
४४८.	अत एव हि गुरुपरम्परायामन्वितत्वं गीताऽभयप्रदानकथनं च।	२२१
४४९.	आचार्यस्य सदृशप्रत्युपकारकरणं विभूतिचतुष्टयमीश्वरद्वयं चास्ति चेद्धि।	२२१
४५०.	ईश्वरसम्बन्धो बंधमोक्षयोरुभयोरपि साधारणः, आचार्यसम्बन्धो मोक्षस्यैव हेतुः।	२२२

४५१. भगवल्लाभ आचार्येण। २२२
४५२. आचार्यलाभ ईश्वरेण। २२२
४५३. उपकार्यवस्तुगौरवेणाचार्यादत्यन्तमुपकारक ईश्वरः। २२३
४५४. आचार्यसम्बन्धः स्थितश्चेज्ज्ञानभक्तिवैराग्याण्युत्पादयितुंशक्यानि, आचार्यसम्बन्धो नष्टश्चेत् तेषां सत्वेऽपि प्रयोजनं नास्ति। २२३
४५५. माङ्गल्यसूत्रं स्थितं चेद् भूषणानि कृत्वा धर्तुं योग्यानि, मांगल्यसूत्रं गतं चेद् भूषणानि सर्वाण्यवद्यकराणि। २२४
४५६. कमलस्य विकासक आदित्य एव जलवियोगे यथा तच्छोषयति, तथा स्वरूपविकासकृदीश्वर एवाचार्यसम्बन्धनाशे तद् ग्लपयति। २२४
४५७. अनेन विना भगवत्सम्बन्धो दुर्लभः। २२४
४५८. द्वयमपि नालं किम्? मध्ये महाकुटुम्बी किमर्थमिति चेत्। २२५
४५९. लताया उपघ्ने आरोपणसमये यथाऽल्पशाखाऽपेक्षिता तथाचार्यान्वयस्याप्ययमपेक्षितः। २२५
४६०. स्वाभिमानेनेश्वराभिमानं नाशयतोऽस्याचार्याभिमानं विना गतिर्नास्तीति कृष्णपादस्वामिनि बहुवारं वदति श्रुतम्। २२६
४६१. स्वस्वातन्त्र्यभयेन भक्तिश्च्यवते। २२६
४६२. भगवत्स्वातन्त्र्यभयेन प्रपत्तिश्च्यवते। २२७
४६३. आचार्यविषये स्वकृतमाश्रयणमहङ्कारगर्भत्वात्कालं प्रतिगृह्य मुद्रिकाधारणवत्। २२७
४६४. आचार्याभिमान एवोत्तारकः। २२७
४६५. हस्तगतार्थं त्यक्त्वा भूमिनिक्षिप्तमर्थं न बहुमन्येत। २२७
४६६. पिपासोत्पत्तिसमये करस्थमुदकमुपेक्ष्य जीमूतजलं सागरसलिलं सरित्सलिलं वापीकूपपयांसि च न वाञ्छेत। २२८
४६७. गानश्रवणस्थलमाक्रोशश्रवणस्थलमुत्पत्तनस्थलमवरोधनस्थलं भोजयितृस्थलं च सर्वं प्राप्तविषय एवेति वर्तेत। २२८
४६८. अस्य प्रतिकूलाः स्वतन्त्रा देवतान्तरपरतन्त्राश्च, अनुकूला आचार्यपरतन्त्राः, उपेक्षणीया ईश्वरपरतन्त्राः। २२९
४६९. ज्ञानानुष्ठाने उभेऽन्येषामुपायाङ्गमस्योपेयाङ्गम्। २२९

४७०. अस्य निषिद्धानुष्ठानं स्वस्येतरेषां च नाशकत्वात्त्याज्यम्। २३०

४७१. स्वस्य नाशोऽपचारत्रयेप्यन्वयात्, इतरेषां नाशः स्वानादरेण स्वानुष्ठानाङ्गीकारेण च। २३०

४७२. विहितभोगो निषिद्धभोगवत् लोकविरुद्धो नरकहेतुश्च न भवति तथापि स्वरूपविरुद्धत्वाद्वेदांतविरुद्धत्वाच्छिष्टगर्हितत्वात्प्राप्य-प्रतिबन्धकत्वाच्च त्याज्यः। २३०

४७३. भोग्यताबुद्धिनिवृत्त्या धर्मबुद्ध्या प्रवृत्तावपि स्वरूपं नश्यति। २३१

४७४. 'क्षेत्राणि मित्राणि' इति श्लोकोक्तावस्थोत्पत्तिरावश्यकी स्वरूपनाशाभावस्य। २३१

४७५. प्राप्यभूमौ प्रावण्यं त्याज्यभूमौ जिहासाऽनुभवालाभ आत्मधारणायोग्यता चोपायचतुष्टयस्याप्यपेक्षिताः। २३२

४७६. अमोघमेकं ज्ञातवान् इति गाथा पूर्वोपायस्य प्रमाणतयानुसन्धेया। २३३

४७७. 'समीचीनमत्सखि' 'प्रतिपक्षिणं दानवम्' इति गाथे स्तोत्ररत्नेऽन्तिमः श्लोकः 'पशुर्मनुष्यः' इति श्लोकश्चास्य प्रमाणतयानुसन्धेयाः। २३३

४७८. आचार्याभिमानः प्रपत्तिवदुपायान्तरस्याङ्गं स्वतन्त्रश्च भवति। २३५

४७९. भक्तावशक्तस्य प्रपत्तिः प्रपत्तावशक्तस्यायम्। २३६

४८०. अयं प्रथमं स्वरूपं पल्लवितं करोति, पश्चात् पुष्पितं करोति, अनन्तरं फलपर्यन्तं करोति। २३६

॥ श्रीमल्लोकगुरुचरणावेव शरणम्॥

- तत्व याथात्म्य ज्ञान
- भगवत् एक विषय भक्ति
- भगवत् अन्य विषय विरक्ति

ये तीनों वैष्णव के अलंकार है।

श्रीवचनभूषण सू. २७४

- परद्रव्य में आशा करना
- मन से अनिष्ट चिंतन करना
- व्यर्थ ही किसी वस्तु की अपेक्षा करना

ये तीन मानसिक पापकर्म हैं।

श्रीवचनभूषण सू. ३२२



सियाराम ही उपाय
सियाराम ही उपेय